

परम पूज्य तपश्चर्या–चक्रवर्ती पट्टाधीशाचार्यश्री

सुविधिसागर जी महाराज

के

50 वें जन्मदिवस के पावन अवसर पर

सुविधि–परिवार के द्वारा आयोजित

जिनवाणी-महोत्सव

सहस्रग्रन्थसंग्रह

❊ जन्मदिवस 19–03–1971 ❊ मुनिदीक्षा–11–05–1989 ❊ आचार्यपद– 20–06–2004


पट्टाधीशपद– 24–12–2010 (20–06–2004 को की गई उद्घोषणा के अनुसार)

परम पूज्य आचार्यश्री सन्मतिसागर जी महाराज के द्वारा की गई उद्घोषणाः–

हमारी समाधि के पश्चात् आपको इस संघ के संचालकपद पर नियुक्त करते हैं।

(अंकलीकर वाणी–जुलाई 2004) (अक्षयज्योति–अक्तूबर 2004)

बृहद अनुवाद-चन्द्रिका



लेखक
चक्रधर शास्त्री

प्रकाशक
मोतीलाल बनारसीदास

(परम्परानायक)



परम पूज्य चारित्र-चक्रवर्ती,
आचार्यश्री आदिसागर जी महाराज
(अंकलीकर)

(द्वितीय पट्टाधीश)




परम पूज्य तीर्थभक्त-शिरोमणि,
आचार्यश्री महावीरकीर्ति जी महाराज

(तृतीय पट्टाधीश)



परम पूज्य सिद्धान्त-चक्रवर्ती,
आचार्यश्री सन्मतिसागर जी महाराज

(चतुर्थ पट्टाधीश)



परम पूज्य तपश्चर्या-चक्रवर्ती, आचार्यश्री सुविधिसागर जी महाराज

दिगम्बर साधु निरन्तर पगविहार करते रहते हैं। ग्रन्थभण्डार को साथ में रख कर विहार करना अशक्यप्रायः होता है। फलतः उनको ग्रन्थों के सन्दर्भ देखने में असुविधा होती है। उनकी सुविधा के लिये इस कोश का निर्माण किया गया है। इस कोश के निर्माण में किसी भी प्रकार का व्यापारिक हेतु नहीं है।

आर्थिक दृष्टि से सम्पन्न श्रावकबन्धुओं से निवेदन है कि वे ग्रन्थ का विक्रय कर अध्ययन करने की परम्परा को कायम रखें।

मुखपृष्ठ पर हमने ग्रन्थकर्त्ता, अनुवादक, सम्पादक, प्रकाशक आदि के नाम दिये हैं। किसी संस्थान का कर्तृत्व हमने लुप्त नहीं किया है।


इस कोश के लिये आवश्यक ग्रन्थ हमें अनेक स्रोतों से प्राप्त हुये हैं। हम उन सभी का आभार मानते हैं।

सुविधि-परिवार

श्रीः

वृहद्

अनुवाद-चन्द्रिका



Or

An Advance Guide to

SAMSKRIT-TRANSLATION

For

Use in Colleges and Higher Glasses

Chakradhar Nautiyal 'Hans' Shastri,
M. A., L. T. (Allahabad)
M. A., History (Lucknow)
Samskrit Goldmedalist

Published by

Motilal Banarsi Dass

Delhi-Varanasi-Patna

1st Edition] 1962 [Price Rs. 10

श्रीः

पाठशाला-विश्वविद्यालयोपयोगिनी

बृहद्

अनुवाद-चन्द्रिका

(अनुवाद-व्याकरण-निबन्धादिविषयसंवलिता)

गढदेशवास्तव्य-कौटियालोपाह्व-श्रीचक्रधर 'हंस' शास्त्रिणा प्रयागविश्व-
विद्यालयीय-संस्कृत-एम० ए०, लखनऊ-विश्वविद्यालयीय-
इतिहास एम० ए०, एल० टी० विरुद्भाजा
विरचिता

सा च

पुस्तक-यत्नैः

मोतीलाल-बनारसीदास-महोदयैः

दिल्ली-पटना-वाराणसीस्थैः

प्रकाशिता

१९६२ [मूल्यम् १०)

प्रकाशक
सुन्दरलाल जैन
मोतीलाल बनारसीदास
नैपाली खपरा, वाराणसी।

मुद्रक—
महादेव प्रसाद
दीपक प्रेस
१७।२७२ नदेसर, वाराणसी।

(सर्वाधिकार सुरक्षित)

सर्वप्रकार की पुस्तकों के मिलने का पता—
मोतीलाल बनारसीदास
१. बंगलोरोड, जवाहरनगर, पो० बा० १५८६ दिल्ली
२. नैपालीखपरा, पो० बा० ७१, वाराणसी
३. बाँकीपुर, पटना

भी जीवित भाषा है, फिर भी पाश्चात्य दासता का हम पर इतना प्रभाव है कि हम "इङ्गलिश, जर्मन, फ्रेंच और रूसी आदि भाषाओं में अपनायी गयी पद्धति को" ही वैज्ञानिक पद्धति समझते हैं और इन्हीं भाषाओं का नाम लेकर अपनी रचना की विशेषता या महत्त्व दिखलाने का प्रयास करते हैं। यह कितनी विडम्बना है कि पाश्चात्य विद्वान् हमारी संस्कृत शिक्षा-पद्धति की प्रशंसा करें और हम निःसार पाश्चात्य वैज्ञानिक पद्धति का ढोल पीटकर अपनी कृति का प्रचार करें!

संस्कृत भाषा में व्याकरण का जितना सूक्ष्म और विस्तृत अध्ययन है उतना संसार की किसी भी भाषा में नहीं है। ईसा से ८०० वर्ष पूर्व यास्क मुनि ने सर्व-प्रथम शब्द निरुक्ति सम्बन्धी महत्त्वपूर्ण ग्रन्थ निरुक्त का निर्माण किया। उन्होंने ही सर्वप्रथम नाम, आख्यात, उपसर्ग और निपात नाम से शब्दों का चतुर्विध विभाजन स्थापित किया। उसी के आधार पर महर्षि पाणिनि ने अपनी अनूठी पुस्तक अष्टाध्यायी का निर्माण किया।

लगभग ५०० वर्ष ईसा-पूर्व महर्षि पाणिनि ने अतीव सुदृढ़, सुसंयत तथा शृङ्खलाबद्ध व्याकरण की रचना की। इसकी जैसी वैज्ञानिक एवं परिपूर्ण शैली की टक्कर की पुस्तक संसार की किसी भाषा में उपलब्ध नहीं है। पाणिनि की अष्टाध्यायी में ४००० सूत्र हैं और वे आठ अध्यायों में विभाजित हैं, प्रत्येक अध्याय में चार पाद हैं। पाणिनि ने अपने व्याकरण को अत्यन्त संक्षेप में रखा है। इसका कारण सम्भवतः लेखन-सामग्री का अभाव या कठिनाई करना रहा हो। समस्त शब्दजाल को संक्षिप्त करने के लिए महर्षि पाणिनि ने छः साधन अपनाये हैं—(१) प्रत्याहार, (२) अनुबन्ध, (३) गणपाठ, (४) संज्ञाएँ—घ, टि, लुक्, पद्, रलु, धु आदि। (५) अनुवृत्ति, (६) असिद्ध (किसी विशेष नियम के सामने किसी नियम को हुआ न मानना—पूर्वत्रासिद्धम्।)

संस्कृत-व्याकरण के समुचित ज्ञान के लिए हम यहाँ पर कुछ उपयोगी पारिभाषिक शब्द दे रहे हैं।

(१) प्रत्याहार (संक्षिप्त कथन)—इनका आधार ये चौदह माहेश्वर सूत्र हैं—अ इ उ ण्, ऋ ऌ क्, ए ओ ङ्, ऐ औ च्, ह य व र ट्, ल ण्, ञ म ङ ण न म्, झ भ ञ्, घ ढ ध ष्, ज ब ग ड द श्, ख फ छ ठ थ च ट त व्, क प य्, श ष स र्, ह ल्।

अक्, इक्, अच्, हल् आदि प्रत्याहार हैं। उदाहरणार्थ—'अइउण्' से 'अ' को लेकर और 'ऋलृक्' से इत्संज्ञक 'क्' को लेकर अक् (अ इ उ ऋ ऌ) प्रत्याहार बनता है, इसी प्रकार झश् प्रत्याहार से झकारादि (झ भ घ ढ ध ज ब ग ड द) १० वर्णों का बोध होता है।

(२) अनुबन्ध—प्रत्ययों के आदि या अन्त में कुछ स्वर या व्यञ्जन इस कारण जुड़े रहते हैं कि ऐसे प्रत्यय के होने पर गुण, वृद्धि, आगम, आदेश आदि कोई विशेष कार्य हो जाय, ऐसे वर्णों को अनुबन्ध कहते हैं। उदाहरणार्थ—स्त्री प्रत्यय

भूमिका

अनुवाद-चन्द्रिका को विद्वत्समाज ने जो आदर एवं सम्मान प्रदान किया उससे हमारे उत्साह का बढ़ना स्वाभाविक ही है। यह हमारे लिए कितने गौरव की बात है कि अनुवाद-चन्द्रिका का ५००० प्रतियों वाला द्वादश संस्करण एक वर्ष से कम समय में समाप्त हो गया और हमें अगले संस्करण को निकालने के लिए प्रोत्साहन मिला। हमारी पुस्तक में क्या विशेषता है, इसके पारखी सहृदय पठक एवं पाठक हैं, जिन्होंने इसे यह सम्मान प्रदान किया। अब अपने नवीन कलेवर में यह पुस्तक शीघ्र ही उनके समक्ष प्रस्तुत हो जायगी। इस पुस्तक के प्रचार एवं प्रसार का श्रेय स्वनाम-धन्य लाला सुन्दरलालजी जैन को है, जिनकी सतत प्रेरणा द्वारा पुस्तक के विशेष उपयोगी बनने में हमें सहायता मिली है। कई वर्षों से लालाजी का आग्रह था कि हम इस पुस्तक का एक बृहत् संस्करण निकालें, जिसमें सविस्तर संस्कृत व्याकरण, उच्चस्तर के अनुवाद एवं निबन्धों का समावेश हो तथा जो उच्च शिक्षार्थियों की आवश्यकताओं की पूर्ति कर सके। निदान परिस्थितियों के अनुकूल न होते हुए भी हमने लालाजी के आग्रह को आदेश समझा और प्रस्तुत पुस्तक का निर्माण कर डाला। इस पुस्तक के लिखने के ध्येय में हम कहाँ तक सफल हुए हैं, इसका निर्णय भी हमारे विज्ञ पठक-पाठक ही करेंगे, जिन्हें हम पुस्तक के गुणावगुण का सर्वोत्तम पारखी समझते हैं। वस्तुतः पुस्तक के लेखक को अपनी प्रशंसा करने अथवा करवाने का अधिकार है ही नहीं, क्योंकि पुस्तक के गुणावगुण का सच्चा पारखी छात्रवृन्द ही होता है।

आजकल के विद्वान् लेखक अपनी प्रशंसा के पुल बाँधते हुए नहीं हिचकिचाते। वे अपनी प्रशंसा एवं अपनी कृति के गुण बखान करते हुए लिखते हैं—"पुस्तक लिखने का उद्देश्य ..अनुवाद के द्वारा सम्पूर्ण व्याकरण सिखाना। ६ मास में प्रौढ़ संस्कृत लिखने और बोलने का अभ्यास कराना....इत्यादि।" ऐसी बातें लिखकर हम विद्वत्समाज में अपना उपहास कराना नहीं चाहते। संस्कृत व्याकरण जैसे दुरूह और गहन विषय के सम्बन्ध में इस प्रकार की गर्वोक्ति समझते हैं कि लेखक की विद्वत्ता की परिचायिका नहीं है। राष्ट्र के सम्मान्य व्यक्ति से अपनी प्रशंसा करवाना अथवा अपनी पुस्तक में विशिष्ट व्यक्तियों के चित्र छापना लगाना तथा अपनी पुस्तक उन्हें समर्पित करना भी हम उचित नहीं समझते, क्यों जिस पुस्तक में समुचित ज्ञान का अभाव होता है या जिसमें नैसर्गिक ग्राह्य गु की कमी रहती है, लेखक इस प्रकार बाह्य आडम्बर द्वारा उसी पुस्तक के प्रच लिए सतत प्रयत्नशील रहता है।

कौन नहीं जानता कि संस्कृत व्याकरण की अनूठी पद्धति की पाश्चात्य विद्व ने भूरि-भूरि प्रशंसा की है और निःसन्देह उसी पद्धति को अपनाने से संस्कृत अ

के विधान के लिए एक सूत्र है "षिद्गौरादिभ्यश्च"। इस सूत्र के अनुसार ङि प्रत्ययों में प् इत् होता है, उन प्रत्ययों वाले शब्दों में स्त्री प्रत्यय द्योतनार्थ ङी प्रत्यय लगता है, जैसे रजक (रञ्ज् + ष्वुन्) में ष्वुन् प्रत्यय आया है, अतः ङ ङीप् जुड़कर 'रजकी' बनता है। इसी प्रकार 'क्तवतु' प्रत्यय में क् और उ, श में श् और शतृ। 'क्तवतु' को कित् एवं 'शतृ' को शित् कहेंगे।

(३) गणपाठ—जब अनेक शब्दों में एक ही प्रत्यय लगाना होता है तब उ का एक गण बना दिया जाता है और आदि शब्द को लेकर एक सूत्र रच दि जाता है, जैसे—"गर्गादिभ्यो यञ्" अर्थात् गर्ग शब्द से आरम्भ होनेवाले गण में यञ् प्रत्यय लगता है। गर्गादिगण में १०२ शब्द आये हैं। ये समस्त शब्द सूत्र नहीं गिनाये गये और गर्गादि कहकर काम चलाया गया।

(४) संज्ञाएँ एवं परिभाषाएँ—

(१) गुण—(अदेङ् गुणः) अ, ए, ओ, गुण कहलाते हैं।

(२) वृद्धि—(वृद्धिरादैच्) आ, ऐ, औ को वृद्धि कहते हैं।

(३) उपधा—(अलोन्त्यात् पूर्व उपधा) अन्तिम वर्ण के पहले आने व वर्ण को उपधा कहते हैं।

(४) सम्प्रसारण—(इग्यणः सम्प्रसारणम्) य, व, र, ल, के स्थान पर इ, उ ऋ, ऌ का हो जाना सम्प्रसारण कहलाता है।

(५) टि—(अचोन्त्यादि टि) किसी भी शब्द के अन्तिम स्वर से लेकर तक का अक्षर समुदाय टि कहलाता है, जैसे—"मनस्" में अस् तथा "एधस्" में अस् टि हैं।

(६) प्रातिपदिक—(अर्थवदधातुरप्रत्ययः प्रातिपदिकम्) धातु और प्रत्यय के अतिरिक्त जो कोई भी शब्द अर्थयुक्त हो वह प्रातिपदिक कहलाता है। कृदन्त, तद्धितान्त, और समास पदों को प्रातिपदिक कहते हैं; जैसे—राम शब्द व्यक्तिवाचक होने से अर्थवान् है और न यह धातु है और न प्रत्यय। इसलिये यह प्रातिपदिक कहा जायगा। "रघु" शब्द में अण् प्रत्यय लगाकर राघव शब्द बना, यह भी प्रातिपदिक है।

(७) पद—(सुप्तिङन्तं पदम्) सुप् और तिङ् प्रत्यय लगने से पद बनता है। प्रातिपदिक में लगने वाले प्रत्ययों को सुप् तथा धातु में लगने वाले प्रत्ययों को तिङ् कहते हैं, जैसे—राम में सु प्रत्यय लगने से 'रामः' बना यह पद हुआ। इसी प्रकार पठ् धातु में ति, तस् इत्यादि तिङ् प्रत्यय लगने से पठति, पठतः इत्यादि क्रियापद बनते है।

(८) सर्वनामस्थान—(सुडनपुंसकस्य) पुँल्लिङ्ग, और स्त्रीलिङ्ग शब्दों के आगे वाले सुट्—सु, औ, जस्, अम् तथा औट् विभक्ति-प्रत्यय सर्वनामस्थान है।

(९) पद—(स्वादिष्वसवनामस्थाने) सु से लेकर सुप् तक के प्रत्ययों में सर्वनाम स्थान को छोड़कर अन्य प्रत्ययों के आगे जुटने पर पूर्व शब्द की पद संज्ञा होती है।

(१०) भ—(यचिभम्) पद संज्ञा प्राप्त करनेवाले उपर्युक्त प्रत्ययों में यकार अथवा स्वर से आरम्भ होने वाले प्रत्ययों के आगे जुटने पर पूर्व शब्द की भ संज्ञा होती है।

(११) घु—(दाधा घ्वदाप्) दा और धा धातु को घु कहते हैं दाप् को नहीं।

(१२) घ—(तरप्तमपौ घः) तरप् और तमप् प्रत्ययों का सामान्य नाम घ है।

(१३) विभाषा—(न वेति विभाषा) जहाँ पर होने या न होने की सम्भावना रहती है, वहाँ पर विभाषा (विकल्प) है, ऐसा कहा जाता है।

(१४) निष्ठा—(क्तक्तवतू निष्ठा) क्त और क्तवतु प्रत्ययों का नाम निष्ठा है।

(१५) संयोग—(हलोऽनन्तराः संयोगः) स्वरों से अव्यवहित होकर हल् संयुक्त कहे जाते हैं, जैसे भव्य शब्द में व् और य् के बीच में कोई स्वर नहीं आया है, इसलिए ये संयुक्त वर्ण कहे जायेंगे। इसी प्रकार कृत्स्न आदि में।

(१६) संहिता—(परः सन्निकर्षः संहिता) वर्णों की अत्यन्त समीपता ही संहिता कही जाती है।

(१७) प्रगृह्य—(ईदूदेद्द्विवचनं प्रगृह्यम्) ईकारान्त, ऊकारान्त, एकारान्त द्विवचन पद प्रगृह्य कहलाते हैं।

(१८) सार्वधातुक प्रत्यय—(तिङ् शित् सार्वधातुकम्) धातुओं के पश्चात् जुड़ने वाले प्रत्ययों में तिङ् प्रत्यय एवं वे प्रत्यय जिनमें श् इत्संज्ञक हो जाता है सार्वधातुक कहलाते हैं, जैसे—(शतृ) सार्वधातुक प्रत्यय कहलाता है।

(१९) आर्धधातुक प्रत्यय—(आर्धधातुक शेषः) धातुओं में जुड़ने वाले शेष अर्थात् सार्वधातुक के अतिरिक्त प्रत्यय आर्धधातुक कहलाते हैं।

(२०) सत्—(तौ सत्) शतृ और शानच् का नाम सत् है।

(२१) अनुनासिक—(मुखनासिकावचनोऽनुनासिकः) जिन वर्णों का उच्चारण मुख और नासिका दोनों से होता है उन्हें अनुनासिक कहा जाता है, जैसे—अंस एँ, हैं, इत्यादि। "ँ" अनुनासिक चिन्ह द्वारा प्रकट किया जाता है। वर्गों के पंचम् मात्र ङ्, ञ्, ण्, न्, म् अनुनासिक वर्ण हैं, क्योंकि इनमें भी नासिका की सहायता ली जाती है।

(२२) सवर्ण—(तुल्यास्यप्रयत्नं सवर्णम्) जब दो या उनसे अधिक वर्णों के उच्चारण स्थान (मुखविवर में स्थित तालवादि) और आभ्यन्तर प्रयत्न साम्य हो या एक हों तो उन्हें "सवर्ण" कहते हैं।

(२३) अनुवृत्ति—सूत्रों के विस्तार को अधिक से अधिक संकुचित करने के लिये अनुवृत्ति पाँचवी प्रणाली है। पाणिनि ने कुछ ऐसे सूत्र बनाये हैं, जिनका अलग तो कोई अर्थ नहीं होता, लेकिन परवर्ती सूत्रमाला के प्रत्येक सूत्र संस्कृत

होने पर उनका अर्थ निकलता है। ऐसे सूत्र अधिकार सूत्र कहे जाते हैं। अनुवृत्ति का क्षेत्र तब तक बना रहता है जब तक कोई दूसरा अधिकार सूत्र नहीं आता। जैसे—"तस्य विकार.", "तस्यापत्यम्" "अनभिहिते" आदि सूत्र हैं।

(२४) उदात्त—(उच्चैरुदात्तः) जो स्वर उच्च ध्वनि से बोला जाता है, उदात्त कहते हैं।

(२५) अनुदात्त—(नीचैरनुदात्त.) जो स्वर नीची ध्वनि से बोला जाता उसे अनुदात्त स्वर कहते हैं।

(२६) स्वरित—(समाहारः स्वरितः) उदात्त अनुदात्त के बीच की ध्वनि स्वरित कहते हैं।

(२७) अध्याहार—(सूत्रे अश्रूयमाणत्वे सति अर्थप्रत्यायकत्वम्) सूत्र मे शब्द या अर्थ नहीं है और वह शब्द या अर्थ ग्रहण किया जाता है तो अध्याहार कहते हैं।

(२८) अन्वादेश—(किंचित् कार्यं विधातुमुपात्तस्य कार्यान्तर विधातु पुनरुदानमन्वादेशः) पूर्वोक्त व्यक्ति आदि के पुनः किसी काम के लिए उल्लेख करने अन्वादेश कहते हैं, यथा—अनेन व्याकरणमधीतम्, एन छन्दोऽध्यापय।

(२९) आख्यात - (नामाख्यातोपसर्गनिपाताश्च) धातु और क्रिया को कहते हे।

(३०) आगम—शब्द या धातु के बीच मे जो वर्ण या अक्षर जुड़ जाते हैं आगम कहते हैं।

(३१) अपवाद—(विशेष नियम) यह नियम सामान्य नियम का बा होता है।

(३२) अपृक्त—(अपृक्त एकाल् प्रत्ययः) एक अल्—(स्वर या व्यज मात्र शेष प्रत्यय अपृक्त कहलाता है। जैसे—मु का स्, ति का त्, सि का स्

(३३) उणादि—(उणादयो बहुलम्) धातुओं से उण् आदि प्रत्यय होते उण प्रत्यय के ही कारण उणादि गण कहलाता है।

(३४) उपपद विभक्ति—किसी पद या शब्द को मानकर जो विभक्ति होत उसे उ. वि कहते हैं, जैसे—"श्रीगणेशाय नमः" मे नमः के कारण चतुर्थी वि हाती है।

(३५) कर्म. प्रवचनीय—(कर्मप्रवचनीयाः) अनु, प्रति, उप आदि उ कुछ अर्थों मे कर्म प्रवचनीय होते हैं। इनके साथ द्वितीया आदि विभक्ति होती हैं।

(३६) कृदन्त—जिन शब्दों के अन्त मे कृत् प्रत्यय लगे होते हैं, उन्हे कृ कहते हैं।

(३७) गण—धातुओं को १० भागों मे बाँटा गया है, उन्हें गण कहते भ्वादि गण, अदादि गण आदि।

(३८) **निपात** (चादयोऽसत्त्वे, स्वरादि निपातमव्ययम्) च, वा, ह आदि को निपात कहते हैं, सभी निपात अव्यय या अविकारी होते हैं।

(३९) **आत्मनेपद**—(तङानावात्मने पदम्) तङ् (ते, एते, अन्ते आदि) शानच्, कानच्, ये आत्मनेपद होते हैं।

(४०) **परस्मैपद**—(लः परस्मै पदम्) लकारों के स्थान पर होने वाले तिप्, तस्, झि आदि प्रत्ययों को परस्मैपद कहते हैं।

(४१) **मुनित्रय**—पाणिनि, कात्यायन, पतञ्जलि को मुनित्रय कहते हैं। मतभेद होने पर बाद वाले मुनि का मत प्रामाणिक समझा जाता है।

(४२) **यौगिक**—वे शब्द हैं जिनमें प्रकृति और प्रत्यय का अर्थ निकलता है, जैसे—पाचकः (पच् + अकः) पकाने वाला।

(४३) **वीप्सा**—दो बार पढ़ने (द्विरुक्ति) को वीप्सा कहते हैं, जैसे—स्मारं स्मारम्, स्मृत्वा-स्मृत्वा।

(४४) **समानाधिकरण**—एक आधार को समानाधिकरण कहते हैं।

(४५) **स्पर्श**—(कादयो मावसानाः स्पर्शाः) क से लेकर म तक वर्णों को स्पर्श कहते हैं। ये २५ वर्ण हैं।

(४६) **विकल्प**—ऐच्छिक नियम विकल्प कहलाते हैं।

(४७) **वार्तिक**—कात्यायन तथा पतञ्जलि द्वारा बनाये गये व्याकरण के नियमों को वार्तिक कहते हैं।

(४८ **वृत्ति**—(परार्थाभिधानं वृत्तिः) सूत्रों की व्याख्या वृत्ति कहलाती है। सुबन्त, तिङन्त, समास, कृत्, एकशेष, सन् आदि से युक्त धातु रूपों को वृत्ति कहते हैं।

(४९) **लुक्**—(प्रत्ययस्य लुक् श्लु लुपः) प्रत्यय के लोप को ही नाम लुक्, श्लु और लुप् है।

(५०) **अकर्मक**—वे धातुएँ हैं जिनके साथ कर्म नहीं आता। इन अर्थों वाली धातुएँ अकर्मक होती हैं—

"लज्जासत्तास्थितिजागरण वृद्धिक्षयभयजीवितमरणम्।
शयनक्रीडारुचिदीप्त्यर्थं धातुगण तमकर्मकमाहुः॥"

संस्कृत भाषा को पाणिनि ने जीवित भाषा के रूप में लिया, क्योंकि वैदिक भाषा को अपवाद के रूप में उन्होंने लिया। 'ग्रीहिशाल्योर्ढक्' जैसे कृषक-जीवन सम्बन्धी सूत्रों की व्यवस्था तथा नवाकु, गुहकु, वराकु आदि नाम बोलचाल की भाषा के ही द्योतक हैं।

ईसा से ४०० वर्ष पूर्व वररुचि का जन्म हुआ। उन्होंने पाणिनि के १५०० सूत्रों में कमी पाकर ४००० वार्तिकों की रचना की। वररुचि ने अष्टाध्यायी में केवल दोष नहीं निकाले, अपितु उनके निवारण के उपाय भी बतलाये। अतः उनकी आलोचना युक्तियुक्त और उचित है। कहीं-कहीं पर उन्होंने अनुचित आलोचना की है, जिसकी ओर महाभाष्यकार पतञ्जलि ने हमारा ध्यान आकृष्ट किया।

कात्यायन द्वारा पाणिनि पर किये गये आलोचनात्मक वार्तिकों का ने खण्डन किया और पाणिनि के सूत्रों का मण्डन कया। उन्होंने एक और नीरस विषय को वस्तुतः सरस एव सजीव बना डाला है। महाभाष्य शैली अत्यन्त सजीव और सुबोध है। महाभाष्य के जोड़ का कोई ग्रथ साहित्य मे नहीं है।

पाणिनीय व्याकरण को सुगम बनाने की दृष्टि से सन् १६३० के लग प्रख्यात पण्डित भट्टोजि दीक्षित ने 'सिद्धान्त कौमुदी' नामक ग्रन्थ की रचना की इस ग्रन्थ में मुनित्रय के सिद्धान्तों के सागोपाग समन्वय के साथ अन्य तथा अन्य पद्धतियों से भी सार ग्रहण किया गया है। इन्होंने सिद्धान्त कौमु पर स्वय 'प्रौढ मनोरमा' नाम की टीका भी लिखी है।

श्री वरदराजाचार्य ने बालकों की सुविधा के लिए सिद्धान्त कौमुदी का सक्षि रूप 'लघु सिद्धान्त कौमुदी' तथा 'मध्य सिद्धान्त कौमुदी' नामक पुस्तिकाओं किया है।

सस्कृत भाषा के अनुवाद के लिए सस्कृत व्याकरण आवश्यक ही नहीं, अनिवार्य है, इसी कारण हमने ऊपर अत्यन्त सक्षेप में सस्कृत व्याकरण ऐतिहासिक विवेचन किया है।

ओ नम परमात्मने

तद्दिव्यमव्यय धाम सारस्वतमुपास्महे।
यत्प्रसादात्प्रलीयन्ते मोहान्धतमसच्छटा ॥

विषय-प्रवेश

रचना का उद्देश्य—भारतीय सस्कृति का स्रोत एव राष्ट्रभाषा हिन्दी त अन्य भारतीय भाषाओं की जननी, सस्कृत भाषा का अध्ययन उसके नि व्याकरण की दुरूहता क कारण कठिन हा गया है। तथापि इस तथ्य को सभी देश विदेशी भाषा विशारदों ने माना है कि सस्कृत भाषा का व्याकर अत्यन्त वैज्ञानिक एव सुव्यवस्थित है। नि सन्देह उसके प्राचीन ढग के अध्य तथा अध्यापन से आजकल क सुकुमार बालकों का अपक्षित बुद्धिवि नहीं होता और न उन्हे वह रुचिकर ही प्रतीत होता है। इसी कठिनाई ध्यान में रखते हुए हमने सस्कृत भाषा के अध्ययन एव अध्यापन को आजकल वातावरण क अनुकूल सरल तथा सुबोध बनाने का प्रयत्न किया है।

वाक्य-रचना—वाक्य-रचना मे भाषा का प्रयोग होता है। भाषा ही एक ऐ साधन है जिसके द्वारा मानव समाज अपने भाव और विचार दूसरों पर प्रकट कर है। भाषा म वाणी का ही नहीं, अपितु सकेतों का भी समावेश है। लिखने अ बोलने मे हम भाषा का ही प्रयोग करते हैं। भाषाएँ अनेक प्रकार की है, जैसे- सस्कृत भाषा, अग्रेजी भाषा, हिन्दी भाषा आदि।

'सस्कृत भाषा' उस भाषा को कहते हैं, जो सस्कृत अर्थात् शुद्ध एव परिमार्जि हो। भाषा वाक्यों से बनती है, वाक्य मे अनेक शब्द रहते हैं और प्रत्येक शब्द अनेक ध्वनियाँ रहती हैं। उदाहरणार्थ—

"चन्द्रगुप्त एक प्रतापी राजा था।" इस वाक्य में पाँच शब्द हैं और प्रत्ये शब्द म पृथक् पृथक् ध्वनियाँ हैं। 'चन्द्रगुप्त' शब्द मे 'च्+अ+न्+द्+र्+ +ग्+उ+प्+त्+अ' ग्यारह ध्वनियाँ हैं। 'एक' में 'ए+क्+अ' त ध्वनियाँ* हैं।

यह लिपि, जिसमे हम इन अक्षरों को लिख रहे हैं, 'देवनागरी' कहलाती है आजकल सस्कृत तथा हिन्दी भाषाएँ इसी लिपि मे लिखी जा रही है। प्राचीन काल म सस्कृत भाषा ब्राह्मी लिपि मे लिखी जाती थी।

स्वर और व्यञ्जन—ये ध्वनियों के दो भेद हैं। स्वर और व्यञ्जन में ध्व का अन्तर है। स्वर के बोलने में मुख द्वार कम या अधिक खुलता रहता है,

*मानव की वाणी के उस छोटे-से-छोटे अश का ध्वनि कहत है, जिस टुकड न किये जा सकें। ध्वनि के उस छोटे से लिखित अश को वर्ण अथ अक्षर कहते हैं।

बिलकुल बन्द या इतना सकुचित नहीं किया जाता कि हवा रगड़ खा कर बाहर निकल सके। व्यञ्जन के उच्चारण में मुख-द्वार या तो सहसा खुलता है या इतना सकुचित हो जाता है कि हवा रगड़ खाकर बाहर निकलती है। इसी रगड़ या स्पर्श के कारण व्यञ्जन स्वरों से भिन्न हो जाते हैं। स्वर तीन प्रकार के होते हैं—ह्रस्व, दीर्घ और मिश्रित। दीर्घ स्वर के उच्चारण में ह्रस्व स्वर की अपेक्षा दुगुना समय लगता है। व्यञ्जनों को हल् अक्षर कहते हैं, जैसे—क्, ख्, ग्, आदि। संस्कृत एवं हिन्दी भाषाओं में इन्हीं अक्षरों (स्वरों एवं व्यञ्जनों) का प्रयोग होता है।

निम्नलिखित १४ माहेश्वर सूत्र हैं। इनमें पूरी वर्णमाला इस प्रकार है—स्वर, अन्तःस्थ, वर्ग के पञ्चम, चतुर्थ, तृतीय, द्वितीय, प्रथम वर्ण, ऊष्म। १. अ इ उ ण्, २. ऋ ऌ क्, ३. ए ओ ङ्, ४. ऐ औ च्, ५. ह य व र ट्, ६. ल ण्, ७. ञ म ङ ण न म्, ८. झ भ ञ्, ९. घ ढ ध ष्, १०. ज ब ग ड द श्, ११. ख फ छ ठ थ च ट त व्, १२. क प य्, १३. श ष स र्, १४. ह ल्।

स्वर
- अ इ उ ऋ ऌ—ह्रस्व (एक मात्रिक)
- आ ई ऊ ॠ ॡ—दीर्घ (द्वि मात्रिक)
- ए ऐ ओ औ—मिश्रित[1]

व्यञ्जन
- (कु) क ख ग घ ङ—कवर्ग
- (चु) च छ ज झ ञ—चवर्ग
- (टु) ट ठ ड ढ ण—टवर्ग
- (तु) त थ द ध न—तवर्ग
- (पु) प फ ब भ म—पवर्ग
- य र ल व—अन्तःस्थ
- श ष स ह—ऊष्म
- ं अनुस्वार
- ँ अनुनासिक
- ः विसर्ग

२५ वर्ण—क से लेकर म तक—स्पर्श कहलाते हैं। ४ वर्ण—य र ल व—अन्तःस्थ हैं, अर्थात् इनके उच्चारण करने में भीतर से कुछ अधिक बल से साँस नहीं पड़ती है। पाँचों वर्गों के प्रथम और द्वितीय अक्षरों (क ख, च छ आदि)

१—मिश्रित स्वर विकृत और दीर्घ हैं, जैसे—अ + इ = ए।

२—व्यञ्जन के उच्चारण में मुख के किसी न किसी भाग का दूसरे भाग से न कुछ स्पर्श अवश्य होता है; जैसे च् के उच्चारण में जिह्वा का तालु से त के उच्चारण में जिह्वा का दाँतों से स्पर्श होता है।

तथा ऊष्म वर्णों (श, ष, स, ह) को 'परुष व्यञ्जन' और शेष वर्णों (ग घ आदि) को 'कोमल व्यञ्जन' कहते हैं। व्यञ्जनों के दो और प्रकार हैं—अल्पप्राण तथा महाप्राण। पाँचों वर्गों के पहले और तीसरे वर्ण (क ग, च ज आदि) अल्पप्राण हैं तथा दूसरे और चौथे वर्ण (ख घ, छ झ आदि) महाप्राण हैं। वर्णों के पञ्चम वर्ण (ङ् ञ् ण् न् म्) अनुनासिक व्यञ्जन कहलाते हैं। ध्वनि के विचार से वर्णों के कण्ठ आदि स्थान हैं।[1]

अनुवाद—किसी भाषा के शब्दार्थ को दूसरी भाषा के शब्दों में बदलने को अनुवाद कहते हैं।

[अनु = पश्चात्, वद् = वाद = कहना; एक बात को फिर से कहना अर्थात् एक बात को अन्य शब्दों में बदल करके कहना। इस यौगिक अर्थ के अनुसार अनुवाद एक भाषा से उसी भाषा में भी हो सकता है, परन्तु लोक व्यवहार में अनुवाद शब्द का योगरूढ़ अर्थ ही प्रसिद्ध है, अर्थात् 'एक भाषा को दूसरी भाषा में बदलना'।]

अनुवाद-प्रणाली के वर्णन करने से पूर्व वाक्य में जो सुबन्त, तिङन्त आदि शब्द रहते हैं उनका विवेचन करना तथा कारकों का संक्षिप्त वर्णन यहाँ उचित होगा।

कारक (कर्त्ता, कर्म आदि)—"गोपाल पुस्तक पढ़ता है।" इस वाक्य में पढ़नेवाला 'गोपाल' है। "राम ने रावण को मारा।" इस वाक्य में मारने वाला 'राम' है। 'पढ़ना' और 'मारना' ये दो क्रियाएँ हैं। इन क्रियाओं के करने वाले 'गोपाल' और 'राम' हैं। क्रिया के करने वाले को **कर्त्ता** कहते हैं। अतः इन दो वाक्यों में 'गोपाल' और 'राम' कर्त्ता हैं।

प्रथम वाक्य में पढ़ने का विषय 'पुस्तक' है और द्वितीय में मारने का विषय 'रावण' है। 'पुस्तक' और 'रावण' के लिए ही कर्त्ताओं ने क्रियाएँ कीं, अतः मुख्यतः जिस चीज के लिए कर्त्ता क्रिया को करता है, उसको **कर्म** कहते हैं।

'राजा ने अपने हाथ से ब्राह्मणों को दान दिया।' इस वाक्य में दान की पूर्ति हाथ से हुई, अतः हाथ करण हुआ। इसी वाक्य में दान की क्रिया 'ब्राह्मणों' के लिए हुई, अतः 'ब्राह्मण' **सम्प्रदान** हुआ।

१—ध्वनि के विचार से वर्णों का स्थान—अ आ : ह् क् ख् ग् घ् ङ् (कण्ठ)
इ ई य् श् च् ज् झ् ञ् (तालु)
ऋ ॠ र् ष् ट् ठ् ड् ढ् ण् (मूर्धा)
ऌ ॡ स् त् थ् द् ध् न् (दन्त)
उ ऊ प् फ् ब् भ् म् (ओष्ठ)
ए ऐ (कण्ठ तालु), ओ औ (कण्ठ ओ
व् (दन्त ओष्ठ), अनुस्वार (नासिका)
ङ् आदि का स्थान (कण्ठ नासिका आ

"आम के वृक्षों से भूमि पर फल गिरे।" इस वाक्य में वृक्षों से फल पृथक् हुए, अतः 'वृक्ष' अपादान हुआ। फल भूमि पर गिरे, अतः 'भूमि' अधिकरण हुई। आम का सम्बन्ध वृक्षों से है, अतः 'आम' सम्बन्ध हुआ।

उपरिलिखित चार वाक्यों में 'पढ़ना' 'मारना' 'देना' और 'गिरना' क्रियाओं के सम्पादन में जिन कर्त्ता, कर्म आदि शब्दों का उपयोग हुआ है, उन्हें कारक कहते हैं। कारक वह वस्तु है जिसका उपयोग क्रिया की पूर्ति के लिए किया जाता है। अनेक वैयाकरणों ने सम्बन्ध को भी कारक माना है।[1]

कारकों को जोड़ने के लिए हिन्दी में 'ने' 'को' आदि चिह्न काम में आते हैं, ये 'विभक्ति' (कारक-चिह्न) कहलाते हैं। संस्कृत में सात विभक्तियाँ और एक सम्बोधन होता है।

विभक्तियाँ (Case-signs)	कारक (Cases)	अर्थ (Meanings)
प्रथमा	कर्त्ता (Nominative)	(वह वस्तु), ने
द्वितीया	कर्म (Accusative)	को
तृतीया	करण (Instrumental)	से, के द्वारा
चतुर्थी	सम्प्रदान (Dative)	के लिए
पञ्चमी	अपादान (Ablative)	से[2]
षष्ठी	सम्बन्ध (Genitive)	का, के, की
सप्तमी	अधिकरण (Locative)	में, पर, पै
सम्बोधन	सम्बोधन (Vocative)	हे, अये, भोः

हिन्दी में कर्त्ता कर्म आदि सम्बन्ध दिखाने के लिए 'ने' 'को' 'से' आदि शब्द संज्ञा या सर्वनाम के पीछे जोड़ दिये जाते हैं, किन्तु संस्कृत में यह सम्बन्ध दिखाने के लिए संज्ञा या सर्वनाम का रूप ही बदल जाता है, जैसे रामः (राम ने) रामम् (राम को), रामस्य (राम का)।

राम शब्द का सात विभक्तियों में प्रयोग—

रामो राजमणिः सदा विजयते रामं रमेशं भजे
रामेणाभिहता निशाचरचमू रामाय तस्मै नमः।
रामान्नास्ति परायणं परतरं रामस्य दासोऽस्म्यहम्
रामे चित्तलयः सदा भवतु मे हे राम मा पालय॥

इन प्रथमा आदि विभक्तियों से कारकों का ही निर्देश नहीं होता, अपितु ये

१—कर्तृवाच्यप्रयोगे तु प्रथमा कर्तृकारके। द्वितीयान्तं भवेत् कर्म कर्त्रधीनं क्रियापदम्। कर्त्ता कर्म च करणं च संप्रदानं तथैव च। अपादानाधिकरणे इत्याहुः कारकाणि षट्॥

२—जब पृथक् होने या हटने का ज्ञान हो तब अपादान (पञ्चमी) होता है और जब संज्ञा से क्रिया के साधन (जरिया) का ज्ञान हो तब करण (तृतीया) होता है।

विभक्तियाँ वाक्य में प्रति, विना, अन्तरेण, अन्तरा, ऋते, सह, साकम् आदि निपातों के योग से भी 'नाम' से परे प्रयुक्त होती हैं। ये विभक्तियाँ नमः, स्वस्ति, स्वाहा, स्वधा, अलम् आदि अव्ययों के योग से भी व्यवहृत होती हैं। ऐसी दशा में इन्हें "उपपद विभक्तियाँ" कहते हैं।

कारकों के समझने के लिए छात्रों को अन्य भाषाओं का सहारा न लेना चाहिए। उन्हें कारकों के ज्ञान अथवा शुद्ध संस्कृत भाषा के बोध के लिए संस्कृत साहित्य का परिशीलन करना चाहिए। कहाँ कौन सा कारक होना चाहिए, इसका ज्ञान शिष्टों अथवा प्रसिद्ध संस्कृत ग्रन्थकारों के व्यवहार से ही हो सकता है, क्योंकि "विवक्षातः कारकाणि भवन्ति। लौकिकी चेह विवक्षा न प्रायोक्तृकी।"

संस्कृत के व्याकरण में सुबन्त और तिङन्त के रूपों का प्रतिपादन किया गया है। छात्रों को ये कठिन और शुष्क प्रतीत होते हैं। सुबन्त और तिङन्त के समस्त रूपों का याद कर लेना सुगम नहीं है। अतः हमने आचार्य पाणिनि के नियमों के आधार पर छात्रों के लिए वैज्ञानिक एवं सुव्यवस्थित ढङ्ग पर विषय का प्रतिपादन किया है।

नाम या सुबन्त शब्दों के साथ सात विभक्तियों के तीन वचनों में २१ लगते हैं। उन विभक्तियों के साधारण ज्ञान प्राप्त करने के लिए हम यहाँ 'सरित्' शब्द के रूप दे रहे हैं। इनमें प्रायः सब प्रत्यय (सु को छोड़कर) रूपों में स्पष्ट हैं।

सरित् (नदी)

	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
प्रथमा	सरित्	सरितौ	सरितः
द्वितीया	सरितम्	सरितौ	सरितः
तृतीया	सरिता	सरिद्भ्याम्	सरिद्भिः
चतुर्थी	सरिते	सरिद्भ्याम्	सरिद्भ्यः
पञ्चमी	सरितः	सरिद्भ्याम्	सरिद्भ्यः
षष्ठी	सरितः	सरितोः	सरिताम्
सप्तमी	सरिति	सरितोः	सरित्सु
सम्बोधन	हे सरित्	हे सरितौ	हे सरितः

सुबन्त के २१ प्रत्यय

	अर्थ	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
प्र०	(ने)	स् (सु)	औ	अस् (जस्)
द्वि०	(को)	अम्	औ (औट्)	अस् (शस्)
तृ०	(से, के द्वारा)	आ (टा)	भ्याम्	भिस्
च०	(के लिए)	ए (ङे)	भ्याम्	भ्यस्
पं०	(से)	अस् (ङसि)	भ्याम्	भ्यस्
ष०	(का, के, की)	अस् (ङस्)	ओस्	आम्
स०	(में, पर)	इ (ङि)	ओस्	सु (सुप्)

विकारी तथा अविकारी शब्द—ऊपर कहा जा चुका है कि वाक्य में अनेक शब्द रहते हैं, यथा—(१) "छात्रः सदा पुस्तकं पठति (विद्यार्थी हमेशा पुस्तक पढ़ता है।)" इसी वाक्य को इस ढंग से भी कह सकते हैं—


(२) छात्रः सदा पुस्तकानि पठति (विद्यार्थी हमेशा पुस्तकें पढ़ता है।)

(३) छात्राः सदा पुस्तकानि पठन्ति (विद्यार्थी हमेशा पुस्तकें पढ़ते हैं।)

इन वाक्यों को देखने से ज्ञात होता है कि शब्दों में कुछ ऐसे शब्द हैं जिनके रूप हमेशा एक से रहते हैं, जैसे इन वाक्यों में 'सदा' शब्द है। कुछ शब्द ऐसे हैं जिनके रूपों में परिवर्तन हो जाता है, जैसे—छात्रः, पुस्तकम्, पठति के रूपों में परिवर्तन हो गया है। अतः यह निष्कर्ष निकला कि—

जिन शब्दों के रूपों में किसी भी दशा में परिवर्तन या विकार नहीं होता है वे अव्यय कहलाते हैं, जैसे ऊपर के वाक्य में 'सदा' शब्द है। जिन शब्दों के रूपों में परिवर्तन हो जाता है वे विकारी शब्द कहलाते हैं। विकारी शब्द अनेक प्रकार के होते हैं, उदाहरणार्थ—

"राष्ट्रपतिः तुभ्यं सुन्दरं पारितोषिकम् अददात् (राष्ट्रपति ने तुम्हें सुन्दर इनाम दिया)।" इस वाक्य में 'राष्ट्रपतिः' शब्द संज्ञा या नाम है; तुभ्यम् (तुझे) संज्ञा के स्थान पर आया है, अतः सर्वनाम है; सुन्दरम् शब्द पारितोषिक (इनाम) की विशेषता बतलाता है, अतः विशेषण है; अददात् (दिया) शब्द किसी कार्य का करना बतलाता है, अतः क्रिया है।



वाक्य-रचना—"नलः दमयन्तीं परिणिनाय (नल ने दमयन्ती से विवाह किया।)" इस वाक्य में पहले कर्ता (नलः) फिर कर्म (दमयन्तीम्) और अन्त में क्रिया (परिणिनाय) आयी है। अतः संस्कृत के वाक्यों का क्रम भी राष्ट्रपतिः तिलकं, हिन्दी, के समान ही है—पहले कर्ता, फिर कर्म और अन्त में क्रिया, परन्तु हम ऊपर लिख आये हैं कि संस्कृत में विकारी शब्द अधिक हैं और अविकारी कम। अतः हम दोनों वाक्यों को इस प्रकार भी लिख सकते हैं—

दमयन्ती नलः परिणिनाय,
परिणिनाय दमयन्तीं नलः,
अथवा
परिणिनाय नलः दमयन्तीम्।

इन वाक्यों में शब्दों का क्रम चाहे जैसा भी हो, 'नलः' कर्त्ता, 'दमयन्तीम्' और 'परिणिनाय' क्रिया ही रहती है। कारण, इन सब शब्दों मे सुप् विभक्ति और तिङ् विभक्ति रहती है, अतः इनके स्थान परिवर्तन करने से भी ये विभक्ति-चिह्न द्वारा झट पहिचाने जा सकते है। यह क्रम अंग्रेजी आदि अविकारी भाषाओं में नहीं है। हिन्दी मे भी अंग्रेजी के समान क्रिया का स्थान निश्चित रहता है हिन्दी मे क्रिया वाक्य के अन्त में आती है, किन्तु अंग्रेजी में क्रिया कर्त्ता और कर्म के बीच में। संस्कृत में अधिकांश शब्दो के विकारी होने के कारण कर्त्ता, कर्म क्रिया आगे-पीछे भी आ सकते हैं और यह संस्कृत की अपनी विशेषता है।

अब इस वाक्य को देखो—

धर्मज्ञो नलः सर्वगुणालङ्कृता दमयन्तीं विधिना परिणिनाय। (धर्मात्मा नल ने सब गुणों से सम्पन्न दमयन्ती से विधिपूर्वक विवाह किया।)

इस वाक्य मे 'धर्मज्ञ' शब्द 'नल' संज्ञा का विशेषण है और 'विधिना' 'परिणिनाय' क्रिया का विशेषण है, अतः जिन शब्दों की ये विशिष्टता बतलाते हैं उनके पूर्व ही इनका मुख्यतः प्रयोग होता है, अर्थात् संज्ञा शब्द का विशेषण उसके पूर्व और क्रिया विशेषण क्रिया के पूर्व आता है, किन्तु कभी-कभी आगे पीछे भी इनका प्रयोग हो सकता है, जैसे—

नलः सर्वगुणालङ्कृता विधिना परिणिनाय दमयन्तीम्।
नलः सर्वगुणालङ्कृता दमयन्तीं परिणिनाय विधिना।

लिंग और वचन

उपर के वाक्यों में 'नलः' एक ऐसा नाम है जिससे पुरुष जाति का बोध होता है, अतः यह शब्द पुँल्लिङ्ग है।

'दमयन्ती' शब्द से स्त्री जाति का बोध होता है, अतः यह स्त्रीलिङ्ग शब्द है।

छात्रः पुस्तकानि क्रीणाति (विद्यार्थी पुस्तकें खरीदता है।)" इस वाक्य मे 'पुस्तकानि' शब्द से न तो पुरुष जाति का बोध होता है और न स्त्री जाति का, अतः यह शब्द नपुंसक लिङ्ग है।

संस्कृत में लिङ्ग-ज्ञान कोष की सहायता अथवा साहित्य के पारायण से ही होता है। व्याकरण के नियमों का लिङ्ग-निर्धारण में अधिक उपयोग नहीं किया जा सकता।

संस्कृत में एक ही शब्द या वस्तु के वाचक शब्द भिन्न-भिन्न लिङ्गो के है, यथा-तटः, तटी, तटम्—(तीनों का अर्थ किनारा है।) इसी प्रकार—परिग्रहः, भार्या, कलत्रम् (तीनों का अर्थ पत्नी है।) इसी भाँति—समरः, आजिः, युद्धम् (तीनों का अर्थ युद्ध है।)

कभी-कभी एक ही शब्द का कुछ थोड़े से अर्थ भेद के कारण भिन्न-भिन्न लिङ्गों में प्रयोग होता है, यथा—सरस्वत् (पुंल्लिङ्ग) का अर्थ है समुद्र, किन्तु सरस्वती (स्त्रीलिङ्ग) का अर्थ है एक नदी। इसी प्रकार सरस् (नपुं०) का अर्थ है तालाब या छोटी झील, किन्तु सरसी (स्त्री लिङ्ग) का अर्थ है एक बड़ी झील। कृत् प्रत्यय भी लिङ्ग-ज्ञान में सहायक होते हैं, किन्तु पूर्ण ज्ञान तो पाणिनि के लिङ्गानुशासन से ही हो सकता है।

इन्हीं वाक्यों में 'नलः' या 'छात्रः' से एक संख्या का बोध होता है, अतः ये शब्द एक वचन हैं और 'पुस्तकानि' (पुस्तकें) से बहुत सी पुस्तकों का ज्ञान होता है, अतः यह शब्द बहुवचन है। संस्कृत में द्विवचन भी होता है जैसे—छात्रः पुस्तके प्रक्रीणात् (छात्र ने दो पुस्तकें खरीदीं)। इस वाक्य में 'पुस्तकें' द्विवचन है।

संस्कृत भाषा में श्रोत्र, चक्षुस्, बाहु, स्तन, चरण आदि शब्द द्विवचन में ही प्रयुक्त होते है, यथा—'ममाक्षिणी दुःख्यतः (मेरी आँखें दुखती हैं),' श्रान्तायास्तस्याश्चरणौ न प्रसरतः (उस थकी हुई के पाँव आगे नहीं बढ़ते)। संस्कृत में अपने लिए बहुवचन का ही प्रयोग होता है, यथा—'वयमिह परितुष्टाः वल्कलैस्त्वं दुकूलैः' भर्तृहरि) (मुझे छाल पहनकर ही सन्तोष है और तुझे महीन वस्त्र से।)

(संस्कृत में कुछ ऐसे शब्द हैं जिनका बहुवचन में ही प्रयोग होता है, यथा—दार (पत्नी) पुं०, अक्षत (पूजार्ह अटूट चावल) पुं०, लाज (खील) पुं०। इसी प्रकार अप् (जल) सुमनस् (फूल), वर्षा, अप्सरस् (अप्सराएँ), सिकता (रेत) समा (वर्ष), जलौकस् (जोंक) इन स्त्रीलिङ्ग शब्दों का बहुवचन में ही प्रयोग होता है। गृह पुं०), पासु (धूलि) पुं०, धाना (भूने जौ) स्त्री०, सक्तु, असु (प्राण), प्रजा, प्रकृति मन्त्रिगण, या प्रजावर्ग) कश्मीर शब्द बहुवचन में ही प्रयुक्त होते हैं।)

जब क्रिया से कोई वचन सूचित न हो तब एक वचन ही प्रयुक्त होता है, यथा—इदं ते कर्त्तव्यम्।

सर्वनाम शब्द—बात चीत करने में एक व्यक्ति वह होता है जो बातचीत करता है; दूसरा वह होता है जिससे बातचीत की जाती है और तीसरा (चेतन अथवा अचेतन) वह होता है जिसके विषय में बात चीत की जाती है। बोलनेवाला उत्तम पुरुष, जिससे बातचीत की जाती है मध्यम पुरुष, और जिसके विषय में बात-चीत की जाती है वह प्रथम पुरुष या अन्य पुरुष कहलाता है।

	(१) उत्तम पुरुष	(२) मध्यम पुरुष	(३) प्रथम पुरुष
एक वचन	अहम् (मैं)	त्वम् (तू)	सः (वह) सा (वह) तत्
द्वि वचन	आवाम् (हम दो)	युवाम् (तुमदो)	तौ (वे दो) ते (वे दो) ते
बहु वचन	वयम् (हम)	यूयम् (तुम)	ते (वे) ताः (वे) तानि

युष्मद् और अस्मद् को छोड़ कर सर्वनाम शब्द तीनों लिङ्गों में विशेष्य के अनुसार होते हैं।

संख्यावाचक शब्द—एक, द्वि आदि तथा पूरण (प्रथम, द्वितीय आदि) विशेषण होते हैं, किन्तु सामूहिक वाचक द्वय, त्रय आदि संज्ञाएँ हैं। अतः इनका

प्रयोग विशेषण के रूप में न होकर संज्ञा के रूप में होता है, यथा—पुस्तकोर्द्वयम्, पुस्तकाना त्रयम् आदि।

एक शब्द केवल एकवचन में होता है द्वि शब्द केवल द्विवचन में और त्रि से लेकर अष्टादशन् तक शब्दों का केवल बहुवचन में ही प्रयोग होता है। 'एक' से 'चतुर' तक शब्दों का लिङ्ग विशेष्य शब्द के अनुसार होता है, यथा— चत्वारः मानवा, चत्वः स्त्रियः, चत्वारि फलानि आदि। इनमें बाद लिङ्ग का भेद नहीं होता यथा—पञ्च मानवा, पञ्च स्त्रियः, विंशति मानवा, विंशति स्त्रियः।

एकानविंशति से नव विंशति तक समस्त शब्द एकवचनान्त स्त्री लिङ्ग हैं। इनके रूप एक वचन में ही चलते हैं। इकारान्त विंशति, षष्टि, सप्तति, अशीति, नवति तथा जिनके अन्त में ये शब्द हों उनके रूप स्त्रीलिङ्ग में 'मति' शब्द के समान होते हैं। तकारान्त त्रिंशत्, चत्वारिंशत् के रूप 'सरित्' शब्द की भाँति होते हैं। शतम्, सहस्रम्, अयुतम्, लक्षम्, नियुतम् आदि सदैव एकवचनान्त नपुंसक हैं।

संख्या वाचक शब्दों के सम्बन्ध में एक बात स्मरणीय है कि उनका अन्य सुबन्त शब्दों के साथ समास नहीं हो सकता, यथा—'विंशतिनार्यः' शुद्ध है, किन्तु 'विंशतिनार्य.' अशुद्ध है। इसी प्रकार 'शत पुरुषा.' शुद्ध है, किन्तु "शतपुरुषाः' यह समस्त शब्द अशुद्ध है। इसी भाँति 'सप्तसप्ततिनार्यः' शुद्ध है पर 'सप्तसप्तति-नार्यः' अशुद्ध है। 'पञ्चाशत फलानि क्रीणाति,' शुद्ध है, किन्तु 'पञ्चाशत् फलानि' अशुद्ध है। 'शतस्य पुस्तकाना क्रियन्मूल्यम्' प्रयोग शुद्ध है, किन्तु 'शतपुस्त-काना क्रियन्मूल्यम्' यह प्रयोग अशुद्ध है। 'चत्वारिंशता कर्मकरैः परिखा खानयति' शुद्ध है, किन्तु 'चत्वारिंशत् कर्मकरै. परिखा खानयति' यह प्रयोग अशुद्ध है। यदि समास से संज्ञा का बोध होता हो तो संख्या वाचक शब्द के साथ समास हो सकता है, यथा पञ्चाम्रा., सप्तपर्णः आदि।

तिङन्त पद (क्रिया)—'छात्रः पठति, बालकाः क्रीडन्ति" इन दो वाक्यों को देखने से ज्ञात होता है कि संस्कृत में तिङन्त क्रिया का लिङ्ग नहीं होता, चाहे कर्त्ता पुँल्लिङ्ग हो या स्त्रीलिङ्ग या नपुंसक लिङ्ग, किन्तु क्रिया एक-सी रहती है, यथा—बालक. क्रीडति, बालिका क्रीडति (बालक या बालिका खेलता है), बालः अपठत्, बालिका अपठत् (लड़का पढा, लड़की पढी)। हिन्दी भाषा में क्रियाओं के रूप कर्तृवाच्य में कर्त्ता के अनुसार तथा कर्मवाच्य में कर्म के अनुसार पुँल्लिङ्ग एवं स्त्रीलिङ्ग में बदल जाते हैं। जैसे लड़का पढता है, लड़की पढती है आदि।

क्रिया के बिना कोई वाक्य नहीं होता और प्रत्येक वाक्य में एक क्रिया होती है (एकतिङ् वाक्यम्)। संस्कृत भाषा में लगभग २००० धातुएँ हैं और वे १० गणों (समूहों)[1] में बँटी हैं। इनकी जटिलता इस कारण बढ़ गयी है कि इनका

१ दस गण ये हैं—भ्वादयादो जुहोत्यादिः दिवादिः स्वादिरेव च।
तुदादिश्च रुधादिश्च तनादिः क्रयादयः।
(१) भ्वादि, (२) अदादि, (३) जुहोत्यादि, (४) दिवादि, (५) स्वादि, (६) तुदादि, (७) रुधादि, (८) तनादि, (९) क्र्यादि और (१०) चुरादि।

प्रयोग तभी किया जा सकता है जब दस गणों का ठीक-ठीक ज्ञान हो और फिर प्रत्येक गण में ये धातुएँ, परस्मैपद, आत्मनेपद और उभयपद में विभक्त हैं। पचति, पचते भ्वादिगणीय है और हन्ति अदादिगणीय, इनके रूप दोनों पदों में अलग-अलग चलते हैं। इन्हीं धातुओं के मूल रूप—पठति-पठतः-पठन्ति, अपठत्-अपठताम्-अपठन् आदि चलते हैं और इन्हीं के प्रत्ययान्त रूप भी चलते हैं, जैसे णिजन्त में 'पाठयति' (पढ़ाता है) और सन्नन्त में 'पिपठिषति' (पढ़ने की इच्छा करता है)।

कुछ धातुएँ सकर्मक होती हैं और कुछ अकर्मक। सकर्मक धातुओं के रूपों के साथ किसी कर्म की आकाङ्क्षा रहती है, किन्तु अकर्मक धातुओं के रूपों के साथ नहीं रहती है।

संस्कृत भाषा में पद दो होते हैं—परस्मैपद तथा आत्मनेपद। परस्मैपद अर्थात् वह पद जिसका फल दूसरे के लिए होता है, जैसे सः पचति (वह पकाता है) यहाँ पकाने की क्रिया का फल दूसरे के लिए होगा पकाने वाले के लिए नहीं, किन्तु आत्मनेपद में क्रिया का फल अपने लिए होगा।

धातुओं के तीन वाच्य होते हैं—कर्तृवाच्य, कर्मवाच्य तथा भाववाच्य। भाववाच्य तभी होता है जब क्रिया अकर्मक हो। भाववाच्य में कर्त्ता तृतीयान्त होता है और क्रिया केवल प्रथम पुरुष के एकवचन में प्रयुक्त होती है, जैसे—

कर्तृवाच्य—सेवकः ग्रामं गच्छति (नौकर गाँव जाता है।)
कर्मवाच्य—मया पुस्तक पठ्यते (मुझ से पुस्तक पढ़ी जाती है।)
भाववाच्य—मनुष्यैर्म्रियते (मनुष्यों से मरा जाता है।)

संस्कृत भाषा में १० लकार[1] क्रियासूचक तथा आज्ञादि सूचक दोनों प्रकार के हैं। लट् आदि सब 'ल्' से आरम्भ होते हैं अतः इनको दस लकार भी कहते हैं। इन में से लोट् एवं विधिलिट् आज्ञा, अनुज्ञा विधान आदि अर्थों में प्रयुक्त होते हैं, यथा-गोपालः पठतु, पठेत् वा (गोपाल पढ़े)। आशीर्लिङ् आशीर्वाद के अर्थ में प्रयुक्त होता है, यथा-गोपालः पठ्यात् (गोपाल पढ़े।) लोट् भी आशीर्वाद के अर्थ में आता है। लृङ् लकार हेतुहेतुमद्भाव (जहाँ एक क्रिया के होने पर दूसरी क्रिया हो) के अर्थ में आता है, यथा—यदि त्वमपठिष्यः सदावश्यम् परीक्षायाम् उत्तीर्णोऽभविष्यः (यदि तुम पढ़ते तो अवश्य परीक्षा में उत्तीर्ण हो जाते।) इन चार लकारों के अतिरिक्त शेष लकार काल-सूचक हैं। लट् वर्तमान काल में होता

---

१ लट् वर्तमाने लेट् वेदे भूते लुट् लङ् लिटस्तथा।
विध्याशिषोस्तु लिङ्लोटौ लुट् लृट् लृङ् च भविष्यति॥

इस कारिका में १० लकारों के अतिरिक्त लेट् भी है। लेट् का प्रयोग वैदिक संस्कृत में ही पाया जाता है।

है, यथा देव पठति (देव पढ़ता है)। तीन लकार[1] भूतकाल सूचक हैं—लुङ्, (सामान्य भूत), लङ् (अनद्यतन भूत) और लिट् (परोक्ष भूत)। (लेट लकार का प्रयोग केवल वैदिक भाषा में ही होता है। अत लौकिक संस्कृत में उसे छोड दिया गया है।)

संस्कृत भाषा में दस काल अथवा वृत्तियाँ होता है, व इस प्रकार हैं—

(१)	वर्तमानकाल—	लट्	(Present tense)
(२)	अनद्यतनभूत—	लङ्	(Past imperfect tense)
(३)	सामान्यभूत—	लुङ्	(Aorist)
(४)	परोक्षभूत—	लिट्	(Past perfect tense)
(५)	सामान्यभविष्य—	लृट्	(Simple Future)
(६)	अनद्यतनभविष्य—	लुट्	(First Future)
(७)	आज्ञा—	लोट्	(Imperative mood)
(८)	विधि लिङ्	विधिलिङ्	(Potential Mood)
(९)	आशा लिङ्	आशीर्लिङ्	(Benedictive)
(१०)	क्रियातिपत्ति—	लृङ्	(Conditional)

क्रियाओं की क्लिष्टता के कारण छात्र ही नहीं, अपितु कुछ अध्यापक भी तिङन्त क्रिया के स्थान पर कृदन्त शब्द का प्रयोग करते है, यथा 'सेवक ग्राम गत (गतवान्)' का अर्थ होगा—'सेवक गाँव को गया हुआ या जा चुका है।' 'सेवक गाँव को गया' का अनुवाद 'सेवक ग्रामम् अगच्छत्' ही होगा। इसी प्रकार कुछ लोग क्लिष्टतर क्रियाओं से बचने के उद्देश्य से मुख्य क्रिया को कहने वाला धातु से व्युत्पन्न (कृदन्त) द्वितीयान्त शब्द के साथ तिङन्त कृ का प्रयोग करते हैं। उदाहरणार्थ—वे 'लज्जते' के स्थान पर 'लज्जा करोति,' 'बिभेति' के स्थान पर 'भय करोति' लिखते हैं। परन्तु ऐसे प्रयोग अशुद्ध हैं और त्याज्य हैं। कारण, 'लज्जा करोति' का अर्थ 'लज्जा करता है' और 'भय करोति' का अर्थ 'भय पैदा करता है'। इनके शुद्ध प्रयोग हैं 'लज्जामनुभवति' तथा 'भयमनुभवति।

कृदन्तों का क्रिया के रूप में प्रयोग

धातुओं से बने हुए कृदन्त[2] भी क्रिया के स्थान पर प्रयुक्त होते हैं। क्रियाओं

---

१ संस्कृत व्याकरण में इन तीन लकारों में अन्तर किया गया है। लुङ् सामान्य भूत में आता है अर्थात् सब प्रकार के भूतकाल में, लङ् लकार अनद्यतन भूत में, अर्थात् जो बात आज से पहले की हो, प्रयुक्त होता है, अत शुद्ध व्याकरण की दृष्टि से 'अहमद्य पुस्तकमपठम्, (मैंने आज पुस्तक पढ़ी) अशुद्ध है। ऐसे स्थल पर लुङ् (अपाठिषम्) का प्रयोग होना चाहिए। लिट् का प्रयोग परोक्ष (जो आँख के सामने न हो) ऐतिहासिक बात के लिए होता है, यथा—राम रावण जघान (राम ने रावण मारा।)

२ भाववाचक कृदन्त शुद्ध क्रिया के द्योतक हैं, जैसे—हास, पाक, राग आदि, कर्तृवाचक कृदन्त क्रिया के कर्ता के द्योतक हैं, जैसे—पठक पाठक

के १० लकार तीनों कालों को प्रकट करते हैं या आज्ञा, अनुज्ञा आदि को। यही कार्य कृदन्तों से होता है। शत् तथा शानच* वर्तमान क्रिया को प्रकट करते हैं। क्त और क्तवत् भूतकालिक क्रिया को प्रकट करते हैं और तव्य एवं अनीयर् आज्ञा तथा भविष्यत् काल की क्रिया को प्रकट करते हैं।

कृत्य, तव्य, अनीयर्, यत्—ये भाववाच्य या कर्मवाच्य में होते हैं। सकर्मक धातु से कर्मवाच्य में तथा अकर्मक धातु से भाववाच्य में होते हैं। ऐसी दशा में कर्ता तृतीया विभक्ति में होता है और कर्म में प्रथमा तथा तव्य प्रत्ययान्त शब्द के लिङ्ग और वचन कर्म के अनुसार होते हैं, यथा—

सकर्मक धातु (कर्म में)	छात्रैः पुस्तकानि पठितव्यानि।
	मया बालिका दृष्टा।
	त्वया ग्रन्थः पठितव्यः।
अकर्मक धातु (भाव में)	शिशुना शयितव्यम्।
	त्वया न हसितव्यम् (हसनीयं वा)।

अकर्मक धातु से कृदन्त प्रत्यय भाववाच्य में होता है और कृदन्त शब्द सदा नपुंसक लिङ्ग और एकवचन में होता है; जैसे शयितव्यम्, हसनीयम् आदि।

(क्त, क्तवत्) क्त प्रत्यय सकर्मक धातु से कर्मवाच्य में होता है और अकर्मक धातु से कर्तृवाच्य में, यथा—अस्माभिः ग्रन्थः पठितः।

छात्रैः पुस्तकानि पठितानि।

दमयन्त्या लता दृष्टा।

परन्तु देवः आगतः, बालिका सुप्ता आदि में अकर्मक धातुओं के प्रयोग के कारण कृदन्त कर्ता के अनुसार (कर्तृवाच्य) होता है।

क्तवत् प्रत्यय अकर्मक एवं सकर्मक धातुओं से कर्तृवाच्य में ही होता है, यथा—सः पुष्पं दृष्टवान्, सा पुष्पं दृष्टवती, सः हसितवान्, सा हसितवती।

[illegible] नेपद में [illegible], यथा-[illegible])। ये भविष्यत् काल सूचक भी होते हैं, जैसे—पठिष्यन् छात्रः (वह छात्र, जो पढ़ता हुआ होगा), वर्धिष्यमाणः पुरुषः (वह पुरुष, जो बढ़ता हुआ होगा)।

पाचकः आदि; और कर्मवाच्य कृदन्त क्रिया के आधार कर्म को प्रकट करते हैं, जैसे—सुकरः (आसानी से किया जाने वाला कार्य)।

* शत् एवं शानच का प्रयोग प्रायः विशेषण रूप में ही होता है, मुख्य वर्तमान क्रिया के रूप में नहीं।

सन्धि-प्रकरण

ध्यान से देखो ये शब्द कैसे मिलते हैं—

देव + अरिः = देवारिः । वाक् + ईशः = वागीशः । देवः + तिष्ठति = देवस्तिष्ठति ।
देव + इन्द्रः = देवेन्द्रः । तत् + श्रुत्वा = तच्छ्रुत्वा । हरः + अवदत् = हरोऽवदत् ।
यदि + अपि = यद्यपि । हरिम् + वन्दे = हरिं वन्दे । स + गच्छति = स गच्छति ।

ऊपर के उदाहरणों को देखने से ज्ञात हुआ कि संस्कृत के प्रत्येक शब्द के अन्त में कोई स्वर, व्यञ्जन, अनुस्वार अथवा विसर्ग अवश्य रहता है और उस शब्द के आगे जब किसी दूसरे शब्द के होने से उनका मेल होता है तब पूर्व शब्द के अन्तवाले स्वर, व्यञ्जन आदि में कुछ परिवर्तन हो जाता है। उस प्रकार के मेल हो जाने से जो परिवर्तन होता है, उसे सन्धि कहते हैं। सन्धि का अर्थ है मेल। इस परिवर्तन से कहीं पर (१) दो अक्षरों के स्थान पर एक नया अक्षर आता है, जैसे—रमा + ईशः = रमेशः, (२) कहीं पर एक अक्षर का लोप हो जाता है, जैसे छात्राः + गच्छन्ति = छात्रा गच्छन्ति, और कहीं पर दो अक्षरों के बीच में एक नया अक्षर आ जाता है, जैसे धावन् + अश्वः = धावन्नश्वः। यहाँ एक 'न्' और आ गया।

† सन्धियाँ तीन प्रकार की हैं—स्वर सन्धि, व्यञ्जन सन्धि और विसर्गसन्धि।

स्वरसन्धि

एक स्वर के साथ दूसरे स्वर के मेल होने से जो परिवर्तन होता है, उसे स्वर सन्धि कहते हैं। स्वरसन्धि में निम्नलिखित सन्धियाँ मुख्य हैं—

† सन्धि के विषय में कुछ लोगों का भ्रम है। वे समझते हैं कि वाक्य में सन्धि वैकल्पिक है और वे इस कारिका का उद्धरण देते हैं—"सहितैकपदे नित्या नित्या धातूपसर्गयोः। नित्या समासे, वाक्ये तु सा विवक्षामपेक्षते॥" निःसन्देह यह कारिका वाक्य के अन्तर्गत पदों के बीच सन्धि को वैकल्पिक कहती है, किन्तु इसका विकल्प से होना सीमा-बद्ध है। संहिता शब्द का भाव है—स्वरों एवं व्यञ्जनों का एक दूसरे के अनन्तर आना, परन्तु सन्धि के नियम तभी लागू होते हैं जब वाक्यगत शब्दों में संहिता हो या विराम न हो। विराम होने ही पर सन्धि नहीं होती, यथा—'मित्र, एहि, अनुद्धारेण चलम्।' यहाँ मित्र और एहि के बीच में विराम अपेक्षित है, परन्तु 'अनुद्धारेण और चलम्' के बीच में विराम अपेक्षित नहीं है। पद्य में तो यदि सन्धि का अवसर हो और न की जाय तो विसन्धि दोष होता है—"न संहिता विवक्षामीलसन्धान पदेषु मतदिसन्धीति निर्दिष्टम्" (काव्यादर्श)। श्लोक के प्रथम और तृतीय चरणों के पीछे शिष्टों ने विराम नहीं माना, अतः वहाँ अवश्य संधि होती है। बाणभट्ट एवं सुबन्धु आदि के गद्यों में वाक्य के अन्तर्गत पदों में सदैव सन्धि मिलती है।

१—दीर्घ सन्धि

अकः सवर्णे दीर्घः ।६।१।१०१।

जब ह्रस्व या दीर्घ स्वर के बाद ह्रस्व या दीर्घ स्वर आवे तब दोनों के स्थान मे दीर्घ स्वर हो जाता है, जैसे—रत्न + आकरः = रत्नाकरः ।

यहाँ पर 'रत्न' के 'त्न' मे जो ह्रस्व अकार है उसके बाद 'आकरः' का दीर्घ 'आ' आता है, इसलिए ऊपर के नियम के अनुसार दोनों के (ह्रस्व 'अ' और दीर्घ 'आ' के) स्थान में दीर्घ 'आ' हो गया, इसी प्रकार—

सुर + अरिः = सुरारिः ।	गिरि + इन्द्र = गिरीन्द्रः ।
हिम + आलयः = हिमालयः ।	क्षिति + ईशः = क्षितीशः ।
दया + अर्णवः = दयार्णवः ।	सुधी + इन्द्रः = सुधीन्द्रः ।
विद्या + आलय—विद्यालयः ।	श्री + ईशः = श्रीशः ।
गुरु + उपदेशः—गुरूपदेशः ।	वधू + उत्सवः = वधूत्सवः ।
लघु + ऊर्मिः—लघूर्मिः ।	पितृ + ऋणम्=पितॄणम् ।

यदि ऋ या ऌ के बाद ह्रस्व ऋ या ऌ आवें तो दोनों के स्थान में ऋ या ऌ स्वेच्छा से कर सकते हैं जैसे—होतृ + ऋकार=होतॄकार या होतृ ऋकारः । होतृ + ऌकारः=होतॢ ऌकार या होतृ ऌकारः ।

२—गुणसन्धि

अदेङ् गुणः ।१।१।२। आद्गुणः ।६।१।८७।

यदि 'अ' अथवा 'आ' के बाद ह्रस्व 'इ' या दीर्घ 'ई' आवे तो दोनों के स्थान मे 'ए' हो जाता है, और यदि ह्रस्व 'उ' या दीर्घ 'ऊ' आवे तो दोनों के स्थान मे 'ओ' हो जाता है, और यदि ह्रस्व 'ऋ' या दीर्घ 'ॠ' आवे तो दोनों के स्थान में 'अर्' हो जाता है, और यदि ऌ आवे तो दोनों के स्थान में 'अल्' गुण हो जाता है; यथा—देव + इन्द्रः = देवेन्द्रः । यहाँ पर देव के 'व' में 'अ' है, उसके बाद इन्द्र की 'इ' है, इसलिए ऊपर के नियम के अनुसार दोनों (देव के 'अ' और इन्द्र की 'इ' के स्थान में 'ए' हो गया इसी प्रकार—

उप + इन्द्रः = उपेन्द्र ।	गंगा + उदकम् = गंगोदकम् ।
सुर + ईशः = सुरेशः ।	पीन + ऊरुः = पीनोरुः ।
या + इति = यायेति ।	देव + ऋषिः = देवर्षिः ।
रमा + ईशः = रमेशः ।	महा + ऋषिः = महर्षिः ।
हित + उपदेशः + हितोपदेशः ।	तव + ऌकारः = तवल्कारः इत्यादि ।

गुण के अपवाद—

(अक्षादूहिन्यामुपसङ्ख्यानम् वा०) अक्ष + ऊहिनी में गुण न होकर वृद्धि होती है और अक्षौहिणी बनता है ।

(स्वादीरेरिणोः वा०) जब सु शब्द के बाद 'ईर' और 'ईरिन्' आते हैं तो

गुण न होकर वृद्धि होती है,—स्व + ईरः = स्वैरः (स्वेच्छाचारी), स्व + ईरिणी = स्वैरिणी (स्वेच्छाचारिणी स्त्री), स्व + ईरी = स्वैरी।

(प्रादूहोढोढ्येषैष्येषु वा०) जब प्र के बाद ऊहः, ऊढ, ऊढि, एष, एष्य आते हैं तब गुण न होकर वृद्धि होती है, प्र + ऊहः = प्रौहः। प्र + ऊढः = प्रौढः। प्र + ऊढिः = प्रौढिः। ये दो उदाहरण 'आद्गुणः' के अपवाद हैं।

प्र + एषः = प्रैषः। प्र + एष्यः = प्रैष्यः। यह भी 'एङिपररूपम्' का अपवाद है।

उपसर्गादृति धातौ।६।१।९१। यदि अकारान्त उपसर्ग के बाद ऐसी धातु आवे जिसके आदि में ह्रस्व 'ऋ' हो तो 'अ' और ऋ के स्थान में 'आर्' हो जाता है, यथा—उप + ऋच्छति = उपार्च्छति। यदि नामधातु हो तो 'आर्' विकल्प से होगा, यथा—प्र + ऋषभीयति = प्रार्षभीयति, प्रर्षभीयति (बैल की भाँति आचरण करता है)।

(ऋते च तृतीया समासे वा०) जब ऋत के साथ किसी पूर्वगामी शब्द का तृतीया समास हो तब भी पूर्वगामी अकारान्त शब्द के 'अ' और ऋत के ऋ से मिलकर 'आर्' होगा 'अर्' नहीं, यथा—सुखेन ऋतः = सुखार्तः।

ऋत्यकः।६।१।१२८। (ऋति परे पदान्ता अकः प्राग्वत्) अ आ, इ ई, उ ऊ, ऋ ॠ तथा ऌ जब किसी पद के अन्त में रहें और इनके बाद ह्रस्व ऋ आवे तब पदान्त अक विकल्प से ह्रस्व हो जाते हैं, यह नियम गुण सन्धि का विकल्प उपस्थित करता है, यथा—

ब्रह्म + ऋषिः = ब्रह्मर्षिः, ब्रह्म ऋषिः। सप्त ऋषीणाम् = सप्तर्षीणाम्, सप्त ऋषीणाम्।

२—वृद्धि-सन्धि

वृद्धिरेचि।६।१।८८। वृद्धिरादैच्।१।१।१।

यदि 'अ' 'आ' के बाद 'ए' या 'ऐ' आवे तो दोनों के स्थान में 'ऐ' और यदि 'ओ' या 'औ' आवे तो दोनों के स्थान में 'औ' वृद्धि हो जाती है; जैसे—

अद्य + एव = अद्यैव।	तण्डुल + ओदनम् = तण्डुलौदनम्।
देव + ऐश्वर्यम् = देवैश्वर्यम्।	महा + औषधिः = महौषधिः।
तथा + एव = तथैव।	महा + औषधम् = महौषधम्।
विद्या + ऐश्वर्यम् = विद्यैश्वर्यम्।	इत्यादि।

अपवाद-नियम—वृद्धि परूपम्।६।१।९४।

(१) यदि अकारान्त उपसर्ग के बाद एकारादि या ओकारादि धातु आवे तो दोनों के स्थान में 'ए' या 'ओ' हो जाता है, यथा—प्र + एजते = प्रेजते। उप + ओषति = उपोषति; किन्तु यदि नामधातु आवे तो विकल्प से वृद्धि होती है (वा सुपि), यथा—उप = एडकीयति = उपेडकीयति, उपैडकीयति। प्र + ओर्वीयति = प्रौर्वीयति, प्रोर्वीयति।

(२) (एत्वे चानियोगे वा०) एत्व के साथ भी जब अनिश्चय का बोध हो तब

पूर्वगामी अकारान्त शब्द का 'अ' और एव का 'ए' मिलकर 'ए' ही रह जायँगे, जैसे—क्व + एव भोक्ष्यसे = क्वेव भोक्ष्यसे (कहीं खाओगे)। जब अनिश्चय नहीं रहेगा तब 'ए' ही होगा, यथा—तव + एव = तवैव।

(३) (शकन्ध्वादिषु पररूपं वाच्यम् वा०। तत्रटेः वा०) शक + अन्धुः, कुल + टा, मनस् + ईषा इत्यादि उदाहरणों में भी परवर्त्ती शब्द के आदि स्वर का ही अस्तित्व रहता है। पूर्ववर्त्ती शब्द के 'टि' का लोप हो जाता है। इन में दो उदाहरण 'अकः सवर्णे दीर्घः' सूत्र से होने वाली सवर्ण दीर्घ सन्धि के अपवाद हैं, यथा—मार्त + अण्डः = मार्तण्डः, कर्क + अन्धुः = कर्कन्धुः, शक + अन्धुः = शकन्धुः, कुल + अटा = कुलटा। मनस् + ईषा = मनीषा।

(अ) (सीमन्तः केशवेशे) बालों में माँग के अर्थ में सीम + अन्तः = सीमन्तः होगा, अन्यथा सीमान्तः (हद) रूप होगा।

(आ) (ओत्वोष्ठ्योः समासे वा०) समास में ओतु और ओष्ठ के परे रहते हुए विकल्प से पररूप होता है, यथा—स्थूल + ओतुः = स्थूलोतुः, स्थूलौतुः। बिम्ब + ओष्ठः = बिम्बोष्ठः, बिम्बौष्ठः।

(इ) (सारङ्गः पशुपक्षिणोः) पशु-पक्षी के अर्थ में सार + अङ्गः = सारङ्गः, अन्यथा साराङ्गः रूप बनेगा।

४—यणसन्धि

इकोयणचि।६।१।७७।

(१) जब ह्रस्व इ या दीर्घ ई के बाद इ, ई को छोड़कर कोई दूसरा स्वर आवे तब 'इ' 'ई' के स्थान में 'य्' हो जाता है,

(२) जब उ या ऊ के बाद उ, ऊ को छोड़कर कोई दूसरा स्वर आवे तब 'उ, ऊ' के स्थान में 'व्' हो जाता है,

(३) जब ऋ या ॠ के बाद ऋ ॠ को छोड़कर कोई दूसरा स्वर आवे तब 'ऋ-ॠ' के स्थान में 'र्' हो जाता है, जैसे—

(१) यदि = अपि = यद्यपि।
नदी + उदकम् = नद्युदकम्।
इति + आह = इत्याह।
प्रति + एकम् = प्रत्येकम्।
प्रति + उपकारः = प्रत्युपकारः।
मातृ + अनुमतिः = मात्रनुमतिः।

(२)—अनु + अयः = अन्वयः।
गुरु + आदेशः = गुर्वादेशः
शिशु + ऐक्यम् = शिश्वैक्यम्।
वधू + आदेशः = वध्वादेशः।

(३)—पितृ + उपदेशः = पित्रुपदेशः।
लृ + आकृतिः = लाकृतिः।

५—अयादि चतुष्टय

एचोऽयवायावः।६।१।७८।

ए, ऐ, ओ, औ, के बाद जब कोई स्वर आता है तब 'ए' के स्थान में 'अय्', 'ओ' के 'अव्', 'ऐ' के 'आय' और 'औ' के स्थान में 'आव' हो जाता है, जैसे—

शे + अनम् = शयनम् ।
ने + अनम् = नयनम् ।
नै + अक = नायक ।
भो + अति = भवति ।
वटो + ऋक्ष. = वटवृक्षः ।
पौ + अक = पावक. इत्यादि ।

(१) लोपः शाकल्यस्य ।८।३।१९।

पदान्त व् या य् के ठीक पूर्व यदि अ या आ रहे और पश्चात् कोई स्वर आवे तो य् और व् का लोप करना या न करना अपनी इच्छा पर निर्भर रहता है, जैसे—हरे + एहि = हरयेहि या हरे एहि । विष्णो + इह = विष्णविह या विष्ण इह । तस्यै + इमानि = तस्यायिमानि या तस्या इमानि । श्रियै + उल्लुकः = श्रियायुल्लुक. या श्रिया उल्लुक. । गुरौ + उक्त = गुरावुक्त या गुरा उक्त. । रामो + आगतः = रामावागत. या रामा आगत. । ऋतौ + अन्नम् = ऋतावन्नम् या ऋता अन्नम् ।

(२) मध्यस्थ व्यञ्जन अथवा विसर्ग के लोप हो जाने पर जब कोई दो स्वर समीप आ जायँ तब उन की आपस में सन्धि नहीं होती । ('पूर्वत्रासिद्धमिति' लोपशास्त्रस्यासिद्धत्वान्न स्वरसन्धि. ।)

(३) वान्तो यि प्रत्यये ।६।१।७९।

जब ओ या औ के बाद यकारादि प्रत्यय (ऐसा प्रत्यय जिसके आरम्भ में 'य' हो) आवे तो "औ" के स्थान में क्रम से अव् और आव् हो जाते हैं, यथा— (गो + यत्) + गव्यम् । नावा तार्यम् (नौ + यत्) = नाव्यम् ।

(४) (गो यूतौ, अध्वपरिमाणे च वा०) गो शब्द से यूति शब्द परे होने मार्ग की लम्बाई अर्थ में औ को अव् होता है, यथा—गो + यूतिः = गव्यूतिः ।

(५) यकारादि प्रत्यय बाद में होने पर धातु के ओ को अव् और औ को आव् होता है (धातोस्तन्निमित्तस्यैव), किन्तु जब ओ और औ प्रत्यय के कारण ही हुए हों, यथा—लो + यम् = लाव्यम् । भौ + यम् = भाव्यम् ।

६—पूर्वरूप

एङः पदान्तादति ।६।१।१०९।

यदि किसी पद (सुबन्त या तिङन्त) के अन्त में 'ए' आवे और उसके बाद ह्रस्व 'अ' आवे तो उस का पूर्व रूप (ए या ओ जैसा रूप) हो जाता है, और 'अ' के स्थान में केवल पूर्वरूप-सूचक चिह्न (ऽ) लगाया जाता है, जैसे—

हरे + अव = हरेऽव ।
वृत्ते + अस्मिन् = वृत्तेऽस्मिन् ।
बालो + अवदत् = बालोऽवदत् ।
लोको + अयम् = लोकोऽयम् ।
गुरो + अव = गुरोऽव ।
वने + अत्र = वनेऽत्र इत्यादि ।

अपवाद—

(१) सर्वत्र विभाषा गोः ।६।१।१२२।

यदि गो शब्द के आगे अ आवे तो विकल्प से प्रकृति भाव भी हो जाता है यथा—गो + अग्रम् = गोऽग्रम् या गो अग्रम् ।

(२) अवङ् स्फोटायनस्य । ६ । १ ।१२३ ।

यदि गो के बाद अकारादि शब्द हों तो गो के ओ के स्थान में 'अव्' का आदेश विकल्प से हो जाता है, यथा गो + अग्रम् = गवाग्रम्, गोऽग्रम् या गो अग्रम् ।

(३) इन्द्रे च । ६ । १ । १२४ ।

गो + इन्द्रः = गवेन्द्रः, (यहाँ भी गो के ओ के स्थान में अव् आदेश हुआ है) ।

७-प्रकृतिभाव

ईदूदेद् द्विवचनं प्रगृह्यम् ।१ । १ । ११ ।

यदि द्विवचनान्त शब्द के अन्त मे ई ऊ ए आवे और बाद में यदि कोई स्वर (द्विवचन शब्द के आदि में) आवे तो ई ऊ ए ज्यों के त्यों रहते हैं, यथा–मुनी + इमौ = मुनी इमौ, साधू एतौ = साधू एतौ, गंगे + अमू = गंगे अमू (गंगेऽमू नहीं होता) ।

अपवाद–

(१) अदसो मात् ।१।१।१२।

जब अदस् शब्द के मकार के बाद ई या ऊ आते हैं तब प्रगृह्य होते हैं, यथा–अमी ईशाः, अमू आसाते ।

(२) निपात एकाजनाङ् ।१।१।१४।

आङ् के अतिरिक्त अन्य एक स्वरात्मक अव्ययों की भी प्रगृह्य संज्ञा होती है, यथा–इ इन्द्रः, उ उमेशः, आ एवं नु मन्यसे ।

३) ओत् ।१।१।१५।

जब अव्यय ओकारान्त हो तब ओ को प्रगृह्य कहते हैं, यथा–अहो ईशाः ।

(४) सम्बुद्धौ शाकल्यस्येतावनार्षे ।१।१।१६।

संज्ञा शब्दों के सम्बोधन के अन्त के ओकार के बाद 'इति' शब्द आवे तो सम्बुद्धिनिमित्तक ओकार को विकल्प से प्रगृह्य संज्ञा होती है, यथा–विष्णो इति = विष्णो इति, विष्णविति, विष्ण इति ।

५) प्लुतों के साथ भी सन्धि नहीं होती–यथा–एहि कृष्ण ३ अत्र गौश्चरति ।

व्यञ्जन-सन्धि

८–स्तोः श्चुना श्चुः ८।४।४०।

यदि तवर्ग से पहले या बाद में श् या चवर्ग आवे तो स् को श् और तवर्ग को चवर्ग (स् को च्, द् को ज्, न् को ञ् और स् को श्) जैसे—

सत् + चरितम् = सच्चरितम्	सत् + चित् = सच्चित्	सद् + जनः = सज्जनः
रस् + चित् = रश्चित्	एतत् + जलम् = एतज्जलम्	बृहद् + झरः = बृहज्झरः
हरिस् + शेते = हरिश्शेते	उत् + चारणम् = उच्चारणम्	शार्ङ्गिन् + जय = शार्ङ्गिञ्जय

९—शात् ।८।४।४४।

कुछ उदाहरण

१—अस्या श्रेण्या द्वापष्टिश्छात्राः । (इस कक्षा में ६२ विद्यार्थी हैं) ।

२—अष्टाचत्वारिंशता संकलिता द्वात्रिंशदशीतिर्भवति । (अड़तालीस में बत्तीस जोड़ने से अस्सी होते हैं) ।

३—दशशतात् व्यवकलितायां पञ्चाशति षष्टिरवशिष्यते । (एक सौ दस में से पचास निकालने से साठ शेष रहते हैं) ।

४—अत्र षट् त्रिंशदधिकं शतं (षट् त्रिंशदुत्तरं शत वा) वानराणामुपस्थितम् । (यहाँ एक सौ छत्तीस बन्दर हैं) ।

५—मम चत्वारि सहस्राणि पञ्चदश च स्वर्णमुद्राः सन्ति अथवा मम पञ्चदशाधिकानि चत्वारि स्वर्णमुद्रासहस्राणि सन्ति (मेरे पास चार हजार पन्द्रह स्वर्णमुद्राएँ हैं) ।

६—पञ्चविंशत्यधिकत्रिशताधिकसहस्र (त्रिंशताधिकसहस्रं वा) जनानामुपस्थितम् । (एक हजार तीन सौ पच्चीस मनुष्य उपस्थित हैं) ।

७—विभक्तेरूर्ध्वमत्र देशे साम्प्रत पञ्चचत्वारिंशत् कोटयो जनाः । एकषष्युत्तरनवशत्युत्तरसहस्रतमे खिस्ताब्दे जनसंख्यानं जातम् । (विभाजन के बाद इस देश की आबादी इस समय पैंतालिस करोड़ के लगभग है । सन् १९६१ में नयी जनगणना हुई थी ।)

८—मनुष्याणां पञ्चचत्वारिंशदधिकयोः शतयोः (पञ्चचत्वारिंशदुत्तरयोः शतयोः वा) उपरि अर्थदण्डः आदिष्टः, एकोनसप्तत्यधिकानां त्रयाणां शतानामुपरि कायदण्डः (दो सौ पैंतालीस आदमियों के ऊपर जुर्माना किया गया और तीन सौ उनहत्तर को सजा हुई)।

संख्यावाचक शब्द और उनका प्रयोग

(क) संख्यावाचक शब्द विशेषण भी होते हैं और विशेष्य भी। एक से अष्टादशन् तक संख्याएँ विशेषण ही होती हैं। १९ से परार्ध तक संख्याएँ कहीं विशेष्य और कहीं विशेषण होती हैं। "एक" शब्द एकवचनान्त, "द्वि" द्विवचनान्त तथा "त्रि" से "अष्टादशन्" तक बहुवचनान्त होते हैं। एक, द्वि, त्रि, चतुर शब्दों का लिङ्ग अपने विशेष्य के अनुसार होता है और विशेष्य के अनुसार ही उनका लिङ्ग बदलता रहता है, यथा—"एकः बालकः, एका बालिका, एकं फलम्। द्वौ बालकौ, द्वे बालिके, द्वे फले। त्रयः बालकाः, तिस्रः बालिकाः, त्रीणि फलानि। चत्वारः छात्राः, चतस्रः गावः, चत्वारि कलत्राणि"। (अष्टन् और पञ्चन् को छोड़कर) पञ्चन् से अष्टादशन् तक के रूप पञ्चन् शब्द के समान होते हैं। इनके रूप सब लिङ्गों में एक जैसे होते हैं, यथा—"पञ्च मानवाः, सप्त ग्रन्थाः, अष्टादश स्त्रियः, नव पुस्तकानि" इत्यादि।

(ख) ऊनविंशतिः (१९), विंशतिः (२०), त्रिंशत् (३०), चत्वारिंशत् (४०), पञ्चाशत् (५०), षष्टिः (६०), सप्ततिः (७०), अशीतिः (८०), नवतिः (९०), शतम् (१००), सहस्रम् (१०००), अयुतम् (१००००), लक्षम् (१००००), नियुतम् (१०००००), कोटिः (स्त्री. १००००००) इत्यादि * संख्यावाचक शब्द यदि अपनी संख्या को सूचित करें अर्थात् 'विंशति' के द्वारा केवल २० ही का ज्ञान हो तब ये संख्याएँ एकवचनान्त होती हैं, किन्तु यदि उससे दो अथवा तीन विंशति या उससे भी अधिक का ग्रहण हो तो वहाँ द्विवचन अथवा बहुवचन होगा, यथा—'बीस (२०) फल लाओ'। इसमें "बीस" तो एक है पर फल बहुत (अनेक) हैं, इसलिए विंशति आदि शब्द इस अवस्था में एकवचनान्त होंगे, चाहे उनका विशेष्य बहुवचनान्त ही क्यों न हो। इनकी विभक्ति तो विशेष्य के अनुसार होती है पर वचन और लिङ्ग नहीं। इस लिए इसकी संस्कृत हुई.—"विंशतिम् फलानि आनय"। अब एक दूसरा उदाहरण लीजिये—"दो बीस (४०) फल लाओ'। यहाँ दो 'विंशति' होने से "विंशति" शब्द द्विवचनान्त होगा। अतः इस वाक्य की संस्कृत होगी:—"फलानां द्वे विंशती आनय"। इसी प्रकार ६० कहने पर—"फलानां तिस्रः विंशतीः आनय" इत्यादि। इसी प्रकार—

---

* विंशत्यादेरनावृत्तौ। आवृत्ति के न होने पर 'विंशति' आदि संख्यावाचक शब्द सदा एकवचनान्त होते हैं।

"५० बकरियाँ घूम रही हैं"—"पञ्चाशत् अजाः विचरन्ति"—"६० छात्र क्रीडा-क्षेत्र में घूम रहे हैं"—"षष्टिः छात्राः क्रीडा-क्षेत्रे विचरन्ति"—"९० लड़के स्कूल जा रहे हैं"—"नवतिः बालकाः विद्यालयं गच्छन्ति"।

(ग) ऊनविंशति से लेकर नवनवति (९९) तक शब्द स्त्रीलिङ्ग हैं, यथा—तीस घोड़े सुन्दर हैं, "अश्वानां सा त्रिंशत् सुन्दरी"। बीस छात्र आये है, "छात्राणां विंशतिः आगतवती"। यहाँ त्रिंशत् और विंशति शब्द स्त्रीलिङ्ग हैं, इसीलिए "सा" "सुन्दरी" और "आगतवती" इसके स्त्रीलिङ्ग विशेषण है।

विशेष—विंशति, षष्टि, सप्तति, अशीति, नवति, शब्दों के रूप मति शब्द की तरह चलते है। त्रिंशत्, चत्वारिंशत्, और पञ्चाशत् के रूप 'भूभृत्' की तरह।

(घ) सब सख्यावाचक शब्द विशेषण की तरह प्रयुक्त होते है, किन्तु अनेक स्थलों पर इनका विशेष्य की तरह भी व्यवहार होता है। उस समय क्रिया का वचन एकवचन के अनुसार होता है, यथा—२५ बालक आये हैं 'बालकानां पञ्चविंशतिः आगतवती" अथवा "पञ्चविंशतिः बालकाः आगतवन्तः"। हम ३६ यहाँ है—"वयं षट्त्रिंशत् अत्र वर्त्तामहे" अथवा "अस्माकं षट् त्रिंशत् अत्र वर्तते"। ४८ अध्यापक हैं—"अध्यापकानां अष्टचत्वारिंशत् अस्ति" अथवा "अष्टचत्वारिंशत् अध्यापकाः सन्ति"। २० कैंडीडेट्स से साक्षात्कार हुआ-"विंशत्या आवेदकैः सह साक्षात्कारः अभवत्" अथवा "आवेदकाना विंशत्या सह साक्षात्कारः अभवत्" इत्यादि।

(ङ) शत से पहले की, दशन्, विंशति इत्यादि सख्याओं के साथ एक, द्वि, त्रि इत्यादि लघु संख्या लगाने से अनेक सख्याएँ बनती हैं, यथा—"विंशति" बृहत्तर संख्यावाचक है, और 'एक' लघु संख्यावाचक। अब 'एक' इस लघु सख्या-वाचक शब्द को 'विंशति' के पूर्व लगाने से "एकविंशति" (२१) बन जायगा इस प्रकार सख्यावाचक शब्द बनाने के कुछ नियम सुविधा के लिए यहाँ दिये जाते हैं—

(१) "दशन्" शब्द परे रहने पर एक के स्थान मे "एका" (अशीति को छोड़कर) शत से पहिले के संख्यावाचक शब्दों के परे रहने पर 'द्वि' के स्थान मे द्वा, 'त्रि' के स्थान मे त्रयः और अष्टन् के स्थान मे अष्टा आदेश हो जाता है। चत्वारिंशत् आदि शब्द परे होने पर ये आदेश विकल्प से होते हैं, यथा—"एकादशगावः" द्विचत्वारिंशत् (द्वाचत्वारिंशत्) फलानि। त्रिषष्टिः (त्रयःषष्टिर्वा) पठकाः विद्यालयमागच्छन्ति"। "अष्टपञ्चाशत् (अष्टापञ्चाशत्) पुस्तकानि दृश्यन्ते"। "एकत्रिंशत मत्स्यान् आनय"। "त्रयः सप्ततिः (त्रिसप्ततिः) चौराः धृताः"। "द्वात्रिंशतः वानराः गच्छन्ति" इत्यादि। अशीति शब्द परे होने पर "द्व्यशीतिः त्र्यशीतिः" इस प्रकार रूप होंगे।

(२) 'शत' आदि संख्यावाचक शब्दों के साथ लघु संख्या के मिलाने के लिए लघु संख्या के साथ "अधिक" वा "उत्तर" शब्द भी बृहत्तर संख्या के बाद में लगा दिया जाता है, यथा—"एक सौ तेरह बालक खेल रहे हैं" यहाँ तेरह लघु संख्या है, इसका संस्कृत है "त्रयोदश"। इसके आगे अधिक लगाकर इसके बाद "शत" यह बृहत्तर संख्या लगाने से "एक सौ तेरह" की संस्कृत हुई "त्रयोदशाधिक शतम्"। इसलिए इस वाक्य का अनुवाद हुआ "त्रयोदशाधिकशत छात्रा क्रीडन्ति" अथवा पूर्वोक्त नियम के अनुसार 'छात्राणां त्रयोदशाधिकशतं क्रीडति'। इसी तरह—१००००१—"एकाधिक लक्षम्"। २०१२—"द्वादशाधिक द्विसहस्रम्", चाहे संख्या कितनी बड़ी भी क्यों न हो उसका इसी तरह अनुवाद किया जाता है।

(३) शत, सहस्र इत्यादि संख्याओं के साथ यदि उनका आधा (५०, ५०० आदि) और साथ हो तो 'सार्द्ध' चौथाई साथ हो (२५, २५० आदि) तो "सपाद" और चौथाई कम हो तो "पादोन" शब्द का उनके साथ प्रयोग किया जाता है, यथा—"मैंने भागवत के ४५० श्लोक पढ़े हैं", "अहं भागवतस्य श्लोकानां सार्द्धं शतं चतुष्टयमपठम्", "वह १२५ फल लाया", "स सपादशतम् फलानि आनीतवान्"। "इस पुस्तक का मूल्य सवा रुपया है", "अस्य पुस्तकस्य मूल्यं सपादं रौप्यमुद्रा"। "७५० पुस्तकें थीं", "पुस्तकानां पादोन सहस्रद्वयमासीत्"। "१०५ फल का मूल्य ७॥) है", "सपाद शतस्य फलानां मूल्यं सार्धं मुद्रा सप्तकम्"। "श्रीचैतन्य १९८५ ई० में उत्पन्न हुए थे", "श्री चैतन्यः पञ्चदशोन-सार्द्ध सहस्रतमे क्रिस्ताब्दे अजायत"।

विशेष—शत, सहस्र इत्यादि के पहले द्वि, त्रि आदि के आने पर, 'समाहार द्विगु हो जाने से ये विशेषण नहीं रहते, क्योंकि समाहार द्विगु हो जाने पर ये विशेष्य पद हो जाते हैं, यथा—"छात्राणां द्विशती, त्रिशती, पञ्चशती वा याति" "यहाँ ५०० पण्डित हैं", "पण्डितानां पञ्चशती अत्र तिष्ठति"। "राम की दो सहस्र वानरों की सेना थी" "रामस्य वानरसैन्यानां द्विसहस्री आसीत्'। "मेरे पास ३०० पुस्तकें हैं' 'मम पुस्तकानां त्रिशती अस्ति"।

(४) दो या तीन, तीन या चार, चार या पाँच—इस प्रकार अनिश्चित संख्या को व्यक्त करने के लिए प्रयुक्त संख्याओं के संस्कृत शब्दों को मिलाकर पिछले शब्द को अकारान्त कर देना चाहिए। उसके आगे विशेष्य के अनुसार विभक्ति और वचन होते हैं, यथा—"मैं पाँच छः दिन में यह काम करूँगा", "अहं पञ्चषे दिने कार्यमेतत्करिष्यामि"। मैं सात-आठ दिन ठहरकर घर जाऊँगा", "सप्ताष्टानि दिनानि स्थित्वा आलयं गमिष्यामि"। मैंने व्याकरण दो-तीन महीने में पढ़ा है", "अहं द्वित्रे मासे व्याकरणमधीतवान्"। मैंने अपने पुत्र को प्यार से दो-तीन फल दिये", "अहं द्वित्राणि फलानि सस्नेहं पुत्राय दत्तवान्"। "यहाँ तीन चार बन्दर हैं", "अत्र त्रिचतुरा वानरा सन्ति"।

(५) यदि पूरणार्थक संख्यावाचक शब्द का प्रयोग करना हो तो द्वि त्रि शब्दों के आगे "तीय" चतुर् और षष् के आगे "थुक्" पञ्चन् से दशन् तक शब्दों के आगे "म" एकादशन् से अष्टादशन् तक शब्दों के आगे "डट्" और विंशति से आगे की सब संख्याओं के आगे "तमट्" प्रत्यय लगाया जाता है, यथा—इस श्रेणी में वह पाँचवाँ है—"अस्यां श्रेण्यां स पञ्चमः"। वह बालिका श्रेणी में ७ वीं है—"अस्यां श्रेण्यां बालिकेयं सप्तमी"। यह भागवत के १५७ वें अध्याय में कहा गया है—"एतद्धि भागवतस्य सप्तपञ्चाशदधिक-शततमे अध्याये वर्णितम्"। आपका १५ वीं तारीख का पत्र आया है—"तव पञ्चदश-दिवसीयं पत्रं मया प्राप्तम्"। बीते हुए पाचवें वर्ष में मैं यहाँ आया था—"विगते पञ्चमे वर्षे अहमत्र आगतवान्"। आगामी २८ आश्विन को दीपावली होगी—"आगामिनि अष्टाविंशतितमे आश्विने दीपावलिः भविष्यति"।

(६) 'बार' अर्थ में द्वि, त्रि, चतुर् शब्द के आगे "सुच्" प्रत्यय लगाने से "द्विः" "त्रिः" और "चतुः" यह रूप बनते हैं। एक, द्वि, त्रि, चतुर्; और अन्यान्य संख्यावाचक शब्दों से 'प्रकार' अर्थ में "धाच्" प्रत्यय होता है, यथा—"स मासस्य (मासे वा) द्विः त्रिर्वा अधीते"। सहस्रधा विदीर्णं तस्या हृदयम्"।

(७) अवयव दिखाने के लिए द्वय, त्रय, चतुष्टय और पञ्चक, षट्क, सप्तक, अष्टक इत्यादि 'क' प्रत्ययान्त एक वचनान्त नपुंसकलिङ्ग शब्दों का प्रयोग किया जा सकता है, यथा—"बालक द्वयं क्रीडति"। "द्वौ बालकौ क्रीडतः", इसके स्थान पर उसका भी प्रयोग हो सकता है, किन्तु यह ध्यान रखना चाहिए कि इस प्रयोग में क्रिया और विशेषण एकवचनान्त होंगे। पूर्व नियमों के अनुसार निम्न वाक्यों का अनुवाद किया जाता है। भगवान् की तीन मूर्तियाँ सुन्दर हैं—भगवतः मूर्तित्रयं (मूर्तित्रयी वा) सुन्दरं (सुन्दरी वा)। उसका वेतन ४०० सुवर्ण-मुद्रा प्रतिदिन है—"तूनिस्तस्य प्रत्यहं सुवर्ण-शत-चतुष्टयम्"। मैं ६ महीने में आपके पुत्रों को नीतिज्ञ बना दूँगा—"अहं मास षट्केन भवतः पुत्रान् नीतिज्ञान् करिष्यामि"। आज कल साढ़े पाँच रुपये में व्याकरण और ६॥) में वेदान्त दर्शन आ जाते हैं—"साम्प्रतं सार्द्धमुद्रा-पञ्चकेन व्याकरणं सार्द्धमुद्रा-षट्केन च वेदान्तदर्शनं लभ्यते।"

(८) आयु का परिमाण सूचित करने के लिए संख्या-वाचक शब्द के आगे वर्षीय, वार्षिक, वर्षीण और वर्ष प्रयुक्त होता है, यथा—"कृष्ण सोलह वर्ष की अवस्था में वृन्दावन गया था"—"षोडशवर्षीयः (वार्षिकः, वर्षीणः, वर्षः वा) कृष्णः वृन्दावनं गतवान्"। "२ वर्ष की अवस्था में हरि ने पूतना-राक्षसी को मारा था"—"द्विवर्षीयः (वार्षिकः, वर्षीणः, वर्षः वा) हरिः पूतना-राक्षसीं जघान"। "वह ७० वर्ष की उम्र में मरा"—"सप्ततिवार्षिकः स प्राणान् तत्याज"। "मुझ अस्सी वर्ष की उम्र वाले को धन की क्या आवश्यकता"—"अशीतिवर्षस्य मम न किञ्चित् अर्थेन प्रयोजनम्"।

(६) "लगभग दो वर्ष का" "लगभग तीन वर्ष का" इस प्रकार के वाक्यों का अनुवाद करने के लिए "वर्षदेशीय" यह पद संख्या के पीछे लगाया जाता है, यथा—"लगभग ७ वर्ष की उम्र में श्रीकृष्ण ने गोवर्धन पर्वत को उठाया था"—**सप्तवर्षदेशीयः श्रीकृष्णः गोवर्धनं पर्वतं दधार**"। "हरि की आयु लगभग ३ वर्ष की है"—"**त्रिवर्षदेशीयः हरिः**"। वह लगभग ८० वर्ष की आयु में बनारस गया"—"**अशीतिवर्षदेशीयः स वाराणसीं गतः**"।

विशेष—संख्यावाचक शब्द के प्रयोग करने में यदि संशय हो तो अनेक स्थलों में संख्यावाचक शब्द के साथ "संख्यक" शब्द लगाकर, अकारान्त शब्द की तरह रूप करके सरलता से अनुवाद किया जा सकता है। यथा—"**धृतराष्ट्रस्य शतसंख्यकाः सुताः**", "पाण्डो पञ्चसंख्यका पुत्राः", "**विंशतिसंख्यकानि स्वादूनि फलानि**"।

हिन्दी में अनुवाद करो—

१—विक्रमवत्सराणां चतुरुत्तरे सहस्रद्वये (गते) शताब्दीर्विलुप्त भारतवर्षं स्वातन्त्र्यं लब्धवान्। २—दशसहस्राणि पञ्चशतानि द्विषष्टिश्चाष्टाभिः शतैश्चतुष्पञ्चाशता गुणय। ३—अस्माकं श्रेण्यां दशाधिकं शतं छात्राः (११०) सन्ति, दयानन्दविद्यालये तु दशमश्रेण्यां दशशती (दश शतानि वा) (१०००) छात्राः सन्ति। ५—प्रयागविश्वविद्यालये पञ्चसप्ततिः (७५) छात्रेभ्यः पारितोषिकाणि वितीर्णानि।

संस्कृत में अनुवाद करो—

१—हजारों कुलनारियाँ (सहस्राणि कुलाङ्गनाः) भारत की स्वतन्त्रता के लिए हँसती-हँसती जेलों में गयीं। २—दो कोडी बर्तन कलई कराये गये (द्वे विंशती पात्राणां रूपुलेपः लभ्यते)। ३—आठवीं कक्षा का बीसवाँ (विंशतितमः) दशवीं कक्षा का तीसवाँ (त्रिंशत्तमः) छात्र यहाँ आवे। ४—नवीं कक्षा के पैंतीसवें छात्र को गुरु जी बुला रहे हैं। ६—उस पंक्ति का पाँचवाँ छात्र दौड में (धावनप्रतियोगितायाम्) प्रथम आया। ७—शायद वह यहाँ पाँचवें दिन आवेगा। ८—प्यारेलाल अपनी जमात में दूसरा रहा। ९—मनुस्मृति के अनुसार ब्राह्मण का आठवें, क्षत्रिय का ग्यारहवें, और वैश्य का बारवें वर्ष यज्ञोपवीत संस्कार होना चाहिए।

२—विशेषण (आवृत्तिवाचक)

'दुगुना' तिगुना' आदि आवृत्तिसूचक शब्दों के अनुवाद के लिए संस्कृत में संख्या शब्दों के आगे 'गुण' या 'गुणित' शब्दों को जोड़ना चाहिए, परन्तु आवृत्ति वाचक शब्दों पर 'आवृत्त' या 'आवर्तित' भी जोड़ दिया जाता है, जैसे—

(१) सोहनो व्यापारे द्विगुण धन लेभे (सोहन को व्यापार में दूना धन मिला)।

(२) अस्य भवनस्य उच्चता तस्मात् त्रिगुणा। (इस मकान की ऊँचाई उससे तिगुनी है)।

(३) अस्मिन् विद्यालये चत्वारिंशद्गुणा अधिकाः छात्रा जाताः। (इस कालिज में चालीसगुने ज्यादा छात्र हो गये)।

(४) अस्य मार्गस्य दीर्घता शतगुणा (इस रास्ते की लम्बाई सौ गुनी है)।

(५) स धनं तावत् त्वत् सहस्रगुणं, लक्षगुणं, कोटिगुणं वा अधिकम् अर्जयतु पर न कीर्तिम् (वह तुझसे हजारगुना या लाखगुना या करोड़गुना धन कमा ले पर यश नहीं कमा सकता)।

(६) ब्रह्मचारिणः त्रिगुणां मौञ्जीं मेखला धारयन्ति (ब्रह्मचारी तिहरी मूँज की तड़ागी बाँधते हैं)।

(७) इयम् अजा द्विगुणया (द्विरावृत्तया) रज्वा बद्धा (यह बकरी दुहरी रस्सी से बँधी है)।

(८) सा बाला त्रिरावृत्तं (त्रिरावर्तितं, त्रिगुणं, त्रिगुणितं वा) दाम धारयति (वह लड़की तिहरी माला पहने हुई है)।

३—विशेषण (समुदायबोधक)

जहाँ पर 'दोनो, चारों, तीसों, पचासों आदि समुदायवाचक शब्द हों, उनका अनुवाद संख्यावाचक शब्द के आगे 'अपि' जोड़ने से किया जाता है, जैसे—

(१) किं द्वावपि छात्रौ गतौ ? (क्या दोनों छात्र गये ?)

(२) अस्मिन् प्रकोष्ठे पञ्चविंशदपि पठकाः पठनाय शक्नुवन्ति (इस कमरे में पैंतीस विद्यार्थी पढ़ सकते हैं)।

(३) पञ्चाशदपि सैनिका युद्धे हताः (पचासों सिपाही युद्ध में मारे गये)।

(४) किं त्वया षोडशापि आणका व्ययिताः ? (क्या तूने सोलहों आने खर्च कर दिये ?)

(५) अष्टावपि चौराः पलायिताः (आठों चोर भाग गये)।

४—विशेषण (विभागबोधक)

'हर एक' या 'सब' आदि शब्दों का अनुवाद संस्कृत में 'सर्व' या 'सकल' आदि शब्दों द्वारा किया जाता है, जैसे—

(१) अस्याः कक्षायाः सर्वे छात्राः पटवः सन्ति (इस दर्जे के सब छात्र चतुर हैं)।

(२) अस्या वाटिकायाः सर्वाणि आम्राणि मिष्टानि सन्ति (इस बाग के सब आम मीठे हैं)।

(३) सर्वे ब्राह्मणा आहूयन्ताम् (सब ब्राह्मणों को बुलाओ)।

(४) प्रतिबालकं (सर्वेभ्यः बालेभ्यः) पारितोषिकं देहि (हर लड़के को इनाम दो)।

(५) प्रतिदिन (दिने दिने) पठितु पाठशालामागच्छ (हर रोज पढने के लिए स्कूल आया करो)।

(६) प्रतिब्राह्मण पञ्च रूप्यकाणि देहि अथवा सर्वेभ्यः ब्राह्मणेभ्यः पञ्च रूप्यकाणि देहि (हर एक ब्राह्मण को पाँच रुपये दो)।

५—विशेषण (अनिश्चित संख्यावाचक)

एक शब्द द्वारा—एकः सन्यासी न्यवसत्। एका नदी आसीत्।
एकस्मिन् वने एकः सिंहो न्यवसत्।
किम् चित् शब्दों द्वारा—कश्चित् सन्यासी न्यवसत्। काचित् नदी आसीत्।
कस्मिंश्चिद् वने एकः सिंहो न्यवसत्।
एक तथा अपर शब्दों द्वारा—एकः उत्तीर्णः अपरोऽनुत्तीर्णः।
एके मृता अपरे पलायिताः।
एक तथा अन्य शब्दों द्वारा—एकः हसति अन्यो रोदिति।
परस्पर, अन्योन्य शब्दों द्वारा—दुष्टा बालाः परस्पर (अन्योऽन्यम्) कलहायन्ते।
असज्जनाः परस्परं (अन्योऽन्यम्, इतरेतरम्) गालीः ददति।
सर्व, समस्त आदि शब्दों द्वारा—सर्वे बालाः अस्यां श्रेण्यामुत्तीर्णाः।
सर्वाणि पुष्पाणि व्यकसन्। सर्वः स्वार्थं समीहते।
बहु, अनेक आदि शब्दों द्वारा—
बहवः (बह्वयः) बालिकाः सीवन शिक्षन्ते।
एतत् कार्यसाधनाय बहव उपायाः सन्ति।
देशे अनेकशः रोगाः विद्यन्ते।
कतिपय या किम् चित् (चन) शब्दों द्वारा—
कतिपयाः (कतिचित्) छात्रा उत्तीर्णाः।
कतिपयानि (कानिचित्) पुष्पाणि विकसितानि।
कतिपयाः (काश्चन) स्त्रियः विदुष्यः।

६—विशेषण (परिमाणवाचक)

तोल (तुलामान) के शब्द

रक्तिका, गुञ्जा—रत्ती
माषकः—माशा
तोलकः—तोला
षट्टङ्कः—छटाक
पादः—पाव

मूल्यवाचक शब्द—

वराटकः, वराटिका—कौड़ी
पादिका—पाई

माप—

अङ्गुलम्—अंगुल
वितस्तिः—बालिश्त
पादः—फुट
हस्तः—हाथ

समयबोधक—

पलम्—पल
क्षणः—क्षिन

पणः (पणकः)—पैसा
आणः (आणकः)—आना
द्वयाणी (द्वयाणकी)—दुअन्नी
चतुराणी (चतुराणकी)—चवन्नी
अष्टाणी (अष्टाणकी)—अठन्नी
रूप्यकम् (रूपकम्)—रुपया
निष्कः (दीनारः)—सोने की मोहर

प्रहरः—(यामः)—पहर
विकला—सेकण्ड
कला—मिनट
घण्टा (होरा)—घंटा
अहोरात्रः—एक दिन
सप्ताहः—हफ्ता
पक्षः—पाख
मासः—महीना
वर्षम् (वत्सरः, अब्दः, शरत्) बरस

सेर, मन (मण), गज, मील आदि के लिए संस्कृत मे शब्द नहीं मिलते, इसलिए अनुवाद में इन्हीं का प्रयोग किया जाता है, जैसे—

१—चतुर्मणपरिमिता व्रीहयः ।
२—वार्जरस्य त्रीन् सेरान् आनय ।
३—सप्तगजपरिमितं वस्त्रं दीनाय देहि ।
४—शतमीलपरिमितोऽयं पन्थाः ।
५—सुवर्णस्य चत्वारः तोलका अत्र भूषणाय ।
६—सेरः तण्डुलः (तण्डुलाः) ।
७—चत्वारः मापकाः सुवर्णम् ।
८—रूप्यकस्य चत्वारः षट्टङ्काः घृतम् ।
९—त्रीणि औंशानि टिंचर-अयोडीनम् ।

संस्कृत में अनुवाद करो—

१—विधान भवन की ऊँचाई उस मकान से चौगुनी है। २—यह मार्ग उस मार्ग से दुगुना है। ३—दोहरी रस्सी में पुलिस के सिपाहियों (राजपुरुषों) ने चोर को बाँधा। ४—दसवें दर्जे में इस वर्ष कौन छात्र पहला रहा ? ५—मैंने गणित के पर्चे मे सौ मे से साठ नम्बर पाये। ६—हजारों मन गेहूँ विदेश से भारत को आया। ७—ताजमहल के बनाने में शाहजहाँ बादशाह ने करोड़ों रुपये खर्च किये। ८—यह तो उसका सौवाँ हिस्सा भी नहीं है। ९—कुछ लोग स्वभाव से आलसी होते हैं। १०—दयानन्द विद्यालय यहाँ से पाँच मील दूर है। ११—बीमार के लिए तीन औंस दवाई मोल लो। १२—मैं रात को दस बजे सोऊँगा। १३—इस बर्तन में दस सेर घी आ सकता है। १४—इन्स्पेक्टर ने हुक्म दिया कि छोटी कक्षाओं में एक-एक दर्जे में ४० से ज्यादा लड़के न बैठें। १५—आज कल रुपए के कितने सेर चावल मिलते हैं ? १६—पहले रुपये में १५ सेर गेहूँ मिलते थे, अब चार सेर भी नहीं मिलते।

७—सर्वनाम विशेषण

सर्वनामों में से इदम्, एतद्, तद्, अदस्, यद्, किम्, तथा अनिश्चयवाचक और निश्चयवाचक सर्वनाम सभी का प्रयोग विशेषण के रूप में भी होता है, जैसे—अयं अश्वः, एषा नदी, एतद्वनम्, ते जनाः, अमी छात्राः, यो मनुजः, का स्त्री, कस्मिन् वने, तस्मिन् गृहे आदि।

इसका, उसका, मेरा, तेरा, हमारा, तुम्हारा, जिसका आदि सम्बन्ध सूचक भाव बताने के लिए संस्कृत में दो ढंग हैं, एक तो इदम्, तद्, अस्मद् आदि की षष्ठी विभक्ति के रूपों का प्रयोग किया जाता है, जैसे मम गृहम्, तव भ्राता, अस्य महिमा इत्यादि। दूसरे इन शब्दों को प्रत्ययान्त बनाकर इनसे विशेषण बनाकर उनको अन्य विशेषणों के अनुसार प्रयोग में लाया जाता है। इनमें छ, अण्, और खञ् प्रत्यय लगाकर बनाते हैं। युस्मद् में विकल्प से 'खञ्' और 'छ' प्रत्यय भी लगते हैं। छ को ईय् आदेश होता है। 'छ' प्रत्यय के जुड़ने पर अस्मद् के स्थान म, 'मत्' तथा 'अस्मत्' और 'युष्मद्' के स्थान में 'त्वत्' तथा 'युष्मत्' हो जाते हैं। 'छ' तथा 'खञ्' प्रत्यय के अतिरिक्त युष्मद् और अस्मद् में 'अण्' भी लगता है। 'खञ्' और 'अण्' लगने पर युष्मद्, अस्मद् के एक वचन में *'तवक' और 'ममक' और बहुवचन मे †'युष्माक' और 'अस्माक' आदेश होते हैं, 'खञ्' का 'ईन्' हो जाता है।

(क) अस्मद् से बने हुए सर्वनाम विशेषण—

पुँल्लिङ्ग तथा नपुंसकलिङ्ग

१—मदीय	(मेरा)	और अस्मदीय	(हमारा)	छ प्रत्यय
२—ममाक	(")	और आस्माक	(")	अण् प्रत्यय
३—मामकीन	(")	और आस्माकीन	(")	खञ्

स्त्रीलिङ्ग

१—मदीया	(तेरा)	अस्मदीया	(हमारी)	छ प्रत्यय
२—मामिका	(")	आस्माकी	(")	अण् प्रत्यय
३—मामकीना	(")	आस्माकीना	(")	खञ् प्रत्यय

(ख) युष्मद् से बने हुए सर्वनाम विशेषण—

पुँल्लिङ्ग तथा नपुंसकलिङ्ग

१—त्वदीय	(")	युष्मदीय	(तुम्हारा)	छ प्रत्यय
२—तावक	(")	यौष्माक	(")	अण् प्रत्यय
३—तावकीन	(")	यौष्माकीण	(")	खञ् प्रत्यय

स्त्रीलिङ्ग

१—त्वदीया	(तेरी)	युष्मदीया	(तुम्हारी)	छ प्रत्यय
२—तावकी	(")	यौष्माकी	(")	अण् प्रत्यय
३—तावकीना	(")	यौष्माकीण	(")	खञ् प्रत्यय

(ग) तद् शब्द से—

पु० तथा नपु०—तदीय (उसका) स्त्री०—तदीया (उसकी)

---

*तवकममकावेकवचने।

†तस्मिन्नणि च युष्माकास्माकौ।

(घ) एतद् शब्द से—

पुं० तथा नपुं०—एतदीय (इसका) स्त्री०—एतदीया (इसकी)

(ङ) यद् शब्द से—

पुं० तथा नपुं०—यदीय (जिसका) स्त्री०—यदीया (जिसकी)

इनमें जो अकारान्त हैं उनके राम (पुं०) तथा ज्ञान (नपुं०) के समान, और जो आकारान्त व ईकारान्त हैं उनके लता और नदी के समान सब विभक्तियों और वचनों में रूप चलते हैं। उदाहरणार्थ—

त्वदीयानां वंशजानामियं परम्परा।

यदीया बुद्धिः तदीयं बलम्।

अस्मद्, युष्मद् आदि की षष्ठी के रूप विशेष्य के अनुसार नहीं बदलते, यथा—अस्य गृहम्, अस्य पिता, अस्य बुद्धिः इत्यादि।

'ऐसा, जैसा' आदि शब्दों द्वारा बोधित 'प्रकार' के अर्थ के लिए संस्कृत में तद्, अस्मद, युष्मद् आदि शब्दों मे प्रत्यय जोड़ कर तादृश आदि शब्द बनते हैं और विशेषण होते हैं। अन्य विशेषणों की भाँति इनकी विभक्ति, लिङ्ग, वचन आदि विशेष्य के अनुसार होते हैं। ये शब्द नीचे लिखे हैं—

*अस्मद् से

(पुं०)	मादृश्	(मुझ सा)	अस्मादृश्	(हमारा सा) किन् प्रत्यय
(नपुं०)	मादृश	(मुझ सा)	अस्मादृश	(,,) कन् प्रत्यय
(स्त्री०)	मादृशी	(मुझ सी)	अस्मादृशी	(हमारी सी)

युष्मद् से

(पु०)	त्वादृश्	(तुझ सा)	युष्मादृश्	(तुम्हारा सा) किन् प्रत्यय
(नपुं०)	त्वादृश	(,,)	युष्मादृश	(,,) कन् प्रत्यय
(स्त्री०)	त्वादृशी	(तुझ सी)	युष्मादृशी	(तुम्हारी सी)

तद् से

(पु०)	तादृश्	(वैसा, तैसा)	(स्त्री०)तादृशी (वैसी, तैसी)
(नपु०)	तादृश	(,, ,,)	

---

* त्वदादिषु दृशोऽनालोचने कञ्, अर्थात् जब त्वद्, तद्, अस्मद्, यद्, किम् इत्यादि शब्दों के आगे दृश् धातु हो और देखने का अर्थ न हो, तब कञ् प्रत्यय लगता है और उसका तुल्य अथवा समान का अर्थ होता है। इसी अर्थ में 'वसोऽपि वाच्यः' इस वार्तिक के द्वारा दृश् धातु के आगे वसः भी लगता है, यथा—अस्मादृक्ष, तादृक्ष, ईदृक्ष इत्यादि। 'आ सर्वनाम्नः' इस नियम के अनुसार त्वत्, अस्मत्, मत्, तत् इत्यादि को क्रमशः त्वा, अस्मा, मा, ता इत्यादि हो जाते हैं।

इदम् से

(पु०)	ईदृश्	(ऐसा)	(स्त्री०) ईदृशी	(ऐसी)
(नपु०)	ईदृश	(,,)		

एतत् से

(पु०)	एतादृश्	(ऐसा)	(स्त्री०) एतादृशी	(ऐसी)
(नपु०)	एतादृश	(,,)		

यत् से

(पु०)	यादृश्	(जैसा)	(स्त्री०) यादृशी	(जैसी)
(नपु०)	यादृश	(,,)		

किम् से

(पु०)	कीदृश्	(कैसा)	(स्त्री०) कीदृशी	(कैसी)
(नपु०)	कीदृश	(,,)		

भवत् से

(पु०)	भवादृश्	(आप सा)	(स्त्री०) भवादृशी	(आपसी)
(नपु०)	भवादृश	(,,)		

८—विशेषण (गुणवाचक)

"विशेष्य स्यादनिर्णीत निर्णीतोऽर्थो विशेषणम्।" ज्ञाप्य प्रधान होता है और उसे विशेष्य कहते हैं। जो ज्ञापक है वह अप्रधान है और विशेषण कहलाता है। कोई विशेष्य (द्रव्य) अपने सामान्य रूप मे ही हमे ज्ञात होता है, वह अपने अन्तर्गत विशेष के रूप में अज्ञात होता है। अत विशेषण ही निश्चित रूप या गुण के ज्ञापक होते हैं। 'नीलम् उत्पलम्' यहाँ नील विशेषण है और उत्पल को अनील (जो नीला न हो) से जुदा करता है, अत विशेषण है।

इस प्रकार गुणवाचक शब्द को विशेषण कहते हैं। गुण शब्द से अच्छे और बुरे दोनों ही प्रकार के गुणों का ग्रहण होता है। हिन्दी मे कहीं विशेषण का लिङ्ग बदलता है और कहीं नहीं बदलता है, जैसे रमा बुद्धिमती है। यह सरला बालिका है। उस बालक की प्रकृति चचल है, उसकी बुद्धि प्रखर है। पर सस्कृत मे यह नियम है—

जो लिङ्ग, जो वचन और जो विभक्ति विशेष्य की होती है, वही लिङ्ग, वही वचन और वही विभक्ति विशेषण की भी होती है*।

---

*"यल्लिङ्ग यद्वचन या च विभक्तिर्विशेष्यस्य।
तल्लिङ्ग तद्वचन सैव विभक्ति र्विशेषणस्यापि॥

शब्द	अर्थ	पुं०	स्त्री०	नपुं०
श्वेत	(सफेद)	श्वेतः	श्वेता	श्वेतम्
कृष्ण	(काला)	कृष्णः	कृष्णा	कृष्णम्
रक्त	(लाल)	रक्तः	रक्ता	रक्तम्
पीत	(पीला)	पीतः	पीता	पीतम्
हरित	(हरा)	हरितः	हरिता	हरितम्
मधुर	(मिठा)	मधुरः	मधुरा	मधुरम्
कटु	(कटुआ)	कटुः	कट्वी	कटु
अम्ल	(खट्टा)	अम्लः	अम्ला	अम्लम्
शीतल	(ठंडा)	शीतलः	शीतला	शीतलम्
उष्ण	(गर्म)	उष्णः	उष्णा	उष्णम्
लघु	(छोटी)	लघुः	लघ्वी	लघु
विशाल	(चौड़ा)	विशालः	विशाला	विशालम्
शोभन	(सुन्दर)	शोभनः	शोभना	शोभनम्
स्थूल	(मोटा)	स्थूलः	स्थूला	स्थूलम्
कृश	(कोमल)	कृशः	कृशा	कृशम्
मनोहर	(सुन्दर)	मनोहरः	मनोहरा	मनोहरम्
बुद्धिमत्	(होशियार)	बुद्धिमान्	बुद्धिमती	बुद्धिमत्
साधु	(अच्छा)	साधुः	साध्वी	साधु

प्रथमा (गुण में)

पुं०	अयं शोभनः नरः ।	इमौ शोभनौ	नरौ ।	इमे शोभना नराः ।
स्त्री०	इयं शोभना स्त्री ।	इमे शोभने	स्त्रियौ ।	इमाः शोभनाः स्त्रियः ।
नपुं०	इदं शोभनं पुष्पम् ।	इमे शोभने	पुष्पे ।	इमानि शोभनानि पुष्पाणि ।

प्रथमा (दोष में)

पुं०	कश्चिद् दुष्टः नरः ।	कौचिद् दुष्टौ	नरौ ।	केचिद् दुष्टाः नराः ।
स्त्री०	काचित् दुष्टा स्त्री ।	केचिद् दुष्टे	स्त्रियौ ।	काश्चिद् दुष्टाः स्त्रियः ।
नपुं०	किंचिद् दुष्टं जलम् ।	केचिद् दुष्टे	जले ।	कानिचिद् दुष्टानि जलानि ।

द्वितीया

पुं०	इमं शोभनं नरम् ।	इमौ शोभनौ	नरौ ।	इमान् शोभनान् नरान् ।
स्त्री०	इमां शोभनां स्त्रियम् ।	इमे शोभने	स्त्रियौ ।	इमाः शोभनाः स्त्रीः ।
नपुं०	इदं शोभनं पुष्पम् ।	इमे शोभने	पुष्पे ।	इमानि शोभनानि पुष्पाणि ।

तृतीया

पुं० अनेन शोभनेन नरेण । आभ्यां शोभनाभ्याम्, एभिः शोभनैः नरैः । नराभ्यान् ।

स्त्री० अनया शोभनया स्त्रिया। आभ्या शोभनाभ्याम् स्त्रीभ्याम्। आभिः शोभनाभिः स्त्रीभिः।

नपु० अनेन शोभनेन पुष्पेण। आभ्या शोभनाभ्याम् पुष्पाभ्याम्। एभिः शोभनैः पुष्पैः। इसी प्रकार शेष विभक्तियाँ समझनी चाहिएँ।

संस्कृत में अनुवाद करो—

१—विधाता (विधि) की सुन्दर सृष्टि उसकी महत्ता को प्रकट करती है। २—क्या तुम गर्म दूध पीना चाहते हो? ३—ईश्वर की माया क्या ही विचित्र है! ४—किसी निर्धन को वस्त्र दो। ५—खट्टी छाँछ (तक्रम्) न पीओ गर्म दूध पीओ। ६—गोपाल की सायकिल (द्विचक्रिका) अच्छी है। ७—सूर्य सुन्दर कमलों को खिलाता है (उन्मीलयति)। ८—लाल घोड़ा काले घोड़े के आगे दौड़ रहा है। ९—यह चञ्चल नयन बालिका है। १०—तेरा हृदय कोमल नहीं है। ११—यह तालाब (तडाग) अतिसुन्दर है। १२—तपस्वी ब्राह्मणों के लिए वस्त्र का प्रबन्ध करो। १३—किसी पेड़ पर एक बानर और एक कबूतर (कपोत) रहता था। १४—उस गहन जङ्गल की कदरा में एक भासुरक नामक सिंह रहता था। १५—नीले जलवाली यमुना के किनारे श्रीकृष्ण ने विहार किया।

९—विशेषण (तुलनात्मक)

वाक्य में विशेषणों का प्रयोग तीन प्रकार से होता है—विशेषण या तो सामान्य होता है, या अतिशय बोधक। जब विशेषण साधारण रीति से उत्कर्ष या अपकर्ष का बोधक हो तब वह सामान्य विशेषण कहलाता है।

१—सामान्य विशेषण, जैसे—१—अयं बालकः पटुः (उत्कर्ष)। २—अयं नरः दुष्टः (अपकर्ष)।

२—तुलनात्मक विशेषण—जब दो की तुलना करके उनमें से एक की अधिकता या न्यूनता दिखलाई जाती है तब विशेषण 'तुलनात्मक' कहलाता है और विशेषण के आगे 'तर' या 'ईयस्' प्रत्यय लगाया जाता है (द्विवचनविभज्योपपदे तरबीयसुनौ),

(१) गोपालः श्यामात् पटुतरः (उत्कर्ष)।
(१) नरः देवात् निकृष्टतरः (अपकर्ष)।
(२) आचार्यः पितुः महीयान् (महत्तरः) (उत्कर्ष)।

३—अतिशयबोधक विशेषण—जब दो से अधिक पदार्थों की तुलना करके एक को उन सबसे अधिक या न्यून बतलाया जाता है तब विशेषण 'अतिशयबोधक' कहलाता है और विशेषण के आगे 'तम' या 'इष्ठ' प्रत्यय लगाया जाता है (अतिशायने तमबिष्ठनौ), यथा—

(१) हिमालयः सर्वेषा पर्वताना (सर्वेषु पर्वतेषु) उन्नततमः (उत्कर्ष)।
(२) बदरीफल सर्वेषा फलाना (सर्वेषु फलेषु) निकृष्टतमम् (अपकर्ष)।
(३) महेशः सर्वेषा भ्रातृणा (सर्वेषु भ्रातृषु) कनिष्ठः (अपकर्ष)।

सामान्य	तुलनात्मक	अतिशयबोधक
चतुरः	चतुरतरः	चतुरतमः
कुशलः	कुशलतरः	कुशलतमः
विद्वान्	विद्वत्तरः	विद्वत्तमः
साधुः	साधुतरः	साधुतमः
धीरः	धीरतरः	धीरतमः
महान्	महत्तरः	महत्तमः
शुक्लः	शुक्लतरः	शुक्लतमः
पटुः	पटुतरः, पटीयान्	पटुतमः, पटिष्ठः
प्रियः[1]	प्रियतरः, प्रेयान्	प्रियतमः, प्रेष्ठः
गुरुः	गुरुतरः, गरीयान्	गुरुतमः, गरिष्ठः
धनी	धनितरः, धनीयान्	धनितमः, धनिष्ठः
लघुः	लघुतरः, लघीयान्	लघुतमः, लघिष्ठः
दीर्घः	दीर्घतरः, द्राघीयान्	दीर्घतमः, द्राघिष्ठः
दृढः	दृढतरः, द्रढीयान्	दृढतमः, द्रढिष्ठः
मृदुः	मृदुतरः, म्रदीयान्	मृदुतमः, म्रदिष्ठः
कृशः	कृशतरः, क्रशीयान्	कृशतमः, क्रशिष्ठः
वृद्धः	वर्षीयान्, ज्यायान्	वर्षिष्ठः, ज्येष्ठः
अल्पः	अल्पीयान्, कनीयान्	अल्पिष्ठः, कनिष्ठः
बहुः	बहुतरः, भूयान्	बहुतमः, भूयिष्ठः
प्रशस्यः[2]	श्रेयान्, ज्यायान्	श्रेष्ठः, ज्येष्ठः
युवा (कन्)[3]	कनीयान्, यवीनान्	कनिष्ठः, यविष्ठः
उरुः	उरुतरः, वरीयान्	उरुतमः, वरिष्ठः

१—'प्रियस्थिरस्फिरोरुबहुलगुरुवृद्धतृप्रदीर्घबृन्दारकाणा प्रस्थस्फवर्बंहिगर्व-पित्रवद्राघिबृन्दाः' (प्रिय के स्थान में प्र, स्थिर के स्थान में स्थ, स्फिर के स्थान में स्फ, उरु के स्थान में वर, बहुल के स्थान में बंहि, गुरु के स्थान में गर्, वृद्ध के वर्षि, तृप्र के स्थान में त्रप्, दीर्घ के स्थान में द्राघि तथा बृन्दारक के स्थान में बृन्द् हो जाता है।)

२—'प्रशस्य श्रः'। (ईयसुन् और इष्ठन् जुड़ने पर प्रशस्य को 'श्र'—आदेश होता है। इस प्रकार श्रेयस और श्रेष्ठ रूप होते हैं। पुनः—'ज्य च' से प्रशस्य को 'ज्य' आदेश भी होता है। अतएव ज्यायस् और ज्येष्ठ रूप भी बनते हैं।

३—'युवाल्पयोः कनन्यतरस्याम्'। (युवन् तथा अल्प शब्दों के स्थान में विकल्प से कन् आदेश हो जाता है।)

स्थूलः[1]	स्थूलतरः, स्थवीयान्	स्थूलतमः, स्थविष्ठः
दूरः	दूरतर, दवीयान्	दूरतमः, दविष्ठः
क्षुद्रः	क्षुद्रतरः, क्षोदीयान्	क्षुद्रतमः, क्षोदिष्ठः
ह्रस्वः	ह्रसीयान्	ह्रसिष्ठः
बाढः (साध)	साधीयान्	साधिष्ठः
बलवान्	बलीयान	बलिष्ठः
अन्तिक (नेद्)	नेदीयान्	नेदिष्ठः
क्षिप्रः	क्षेपीयान्	क्षेपिष्ठः
बहुलः	बहीयान्	बहिष्ठः
स्थिरः	स्थेयान्	स्थेष्ठः
पृथुः	प्रथीयान्	प्रथिष्ठः
पापी	पापीयान्	पापिष्ठः
स्फिरः	स्फेयान्	स्फेष्ठः

अतिशय के अर्थ में क्रियाओं और अव्ययों के आगे भी 'तर' और 'तम' आम् के साथ (तराम् तमाम्) लगाये जाते हैं। यथा—

क्रिया से— { सीता हसतितराम् (सीता जोर से हँसती है)। / महेशः हसतितमाम् (महेश अत्यन्त हँसता है)।

अव्यय से— { शीला उच्चैस्तरा हसति (शीला अधिक हँसती है)। / गोपाल उच्चैस्तमा हसति (गोपाल बहुत ऊँचे हँसता है)। / केशवः उच्चैस्तमाम् आक्रोशति पर न कोऽपि शृणोति (केशव ऊँचे चिल्ला रहा है पर कोई नहीं सुनता)।

संस्कृत में अनुवाद करो—

१—गोविन्द सब भाइयों में बड़ा है। २—कालिदास भारत में अन्य कवियों में श्रेष्ठ और शेक्सपीयर इङ्गलिश साहित्य में सर्वोत्तम नाटककार और कवि थे। ३—तुम दोनों में कौन बड़ा है? ४—विमला और शीला मे कौन अधिक चतुर है? ५—मोहन और गोपाल में कौन अधिक बुद्धिमान् है? ६—दिल्ली से आगरा की अपेक्षा लखनऊ अधिक दूर है। ७—हिमालय विन्ध्याचल से ऊँचा है। ८—संसार भर मे कौन पहाड़ सब पहाड़ों से ऊँचा है? ९—चौड़ (घातनप्रतियोगिता) में देवेन्द्र सबसे तेज है। १०—वह छोटा शिशु सब बालकों मे प्रिय है।

१—स्थूलदूरयुवह्रस्वक्षिप्रक्षुद्राणा यणादिरः पूर्वस्य च गुणः'।
सूत्रोक्त शब्दों में परवर्ती य, र, ल, व, (यण् प्रत्याहार के वर्णों) का लोप हो जाता है और पूर्व के स्वर को गुण हो जाता है। इस प्रकार क्षिप्र के र् का लोप हो जायगा तथा क्षिप को क्षेप् हो जायगा।

११—श्रेष्ठ मुनिजन कन्द और फलों द्वारा अपने सरल जीवन का निर्वाह करते हैं (वृत्तिं कल्पयन्ति)। १२—दलीप ने जवान पुत्र रघु को राज्य सौंपा (अपत्याभ्यभूय) और स्वयं जंगल को चला गया (प्रतस्थे)। १३—उसने अपनी शारीरिक दुर्बलता का विचार न करते हुए परिश्रम किया। १४—अब तुम्हें समान गुणवाली (गुणैरात्मसदृशीम्) सोलह वर्ष की (षोडशहायनीम्) सुन्दर कन्या से विवाह करना चाहिए। १५—यदि तुम नित्य मृदु व्यायाम करोगे तो हृष्ट-पुष्ट हो जाओगे।

१०—अजहल्लिङ्ग (विशेषण)

पूर्ववर्ती तृतीय अभ्यास में इस विषय का प्रतिपादन किया गया है कि विशेषण विशेष्य के अधीन होता है। जो विभक्ति, लिङ्ग अथवा वचन विशेष्य के होते हैं वे ही प्रायः विशेषण के होते हैं, परन्तु कुछ ऐसे भी विशेषण शब्द हैं जो विशेष्य का अनुसरण नहीं करते, अर्थात् विशेष्य चाहे किसी लिङ्ग का हो, किन्तु वे अपने लिङ्ग का परित्याग नहीं करते। ऐसे शब्दों को अजहल्लिङ्ग विशेषण कहते हैं, यथा—

(१) आपः पवित्रं परमं पृथिव्याम् (पृथ्वी में जल बहुत पवित्र हैं।) यहाँ पर 'पवित्र' शब्द 'आपः' का विशेषण है, किन्तु नपुंसकलिङ्ग के एक वचनमें प्रयुक्त हुआ है, जब कि 'आपः' (विशेष्य) स्त्रीलिङ्ग शब्द है और बहुवचनान्त है। अतः यह विशेषण विशेष्य से भिन्न लिङ्ग ही नहीं है, अपितु भिन्न वचन भी है।

(२) दुहिताश्च कृपणं परम् (मनुस्मृतौ) लड़कियाँ अत्यन्त दया की पात्र हैं)। इस उदाहरण में विशेष्य 'दुहिता' स्त्रीलिङ्ग है और उसका विशेषण 'कृपणम्' नपुंसकलिङ्ग।

(३) अग्निः पवित्रं स मा पुनातु। (अग्नि पवित्र है वह मुझे शुद्ध करे।) यहाँ पर विशेष्य (अग्निः) पुंल्लिङ्ग है और विशेषण (पवित्रम्) नपुंसकलिङ्ग।

(४) वेदाः प्रमाणम् (वेद साक्षी हैं।) यहाँ पर 'प्रमाण' शब्द विशेषण है और नपुंसक लिङ्ग है, यद्यपि विशेष्य 'वेदाः' पुंल्लिङ्ग।

इसी प्रकार

१—पाकिस्तानवासिन आरम्भत एव भारतवासिना शङ्कास्थानम्। (पाकिस्तानी आरम्भ से ही भारतवासियों के लिए शंका का स्थान बन गये।)

२—सता हि सन्देहपदेषु वस्तुषु प्रमाणमन्तः करणप्रवृत्तयः। (सज्जनों के लिए अपने अन्तःकरण की प्रवृत्तियाँ प्रमाण होती हैं।)

३—मरणं प्रकृतिः शरीरिणां विकृतिर्जीवितमुच्यते बुधैः। (विद्वान् लोग कहते हैं कि मृत्यु शरीरधारी जीवों का स्वभाव है और जीवन विकार है।)

४—अभिमन्युः श्रेण्यारत्नं कुलस्यावतंसश्चाभीत्। (अभिमन्यु अपनी श्रेणी का रत्न और अपने कुल का भूषण था।)

५—अविवेकः परमापदा पदम्* (अज्ञान विपत्तियों का सबसे बड़ा कारण है।)

६—गुणाः पूजास्थान गुणिषु न च लिङ्ग न च वयः। (गुणियों के गुण ही पूजा के स्थान हैं, न लिङ्ग और न अवस्था।)

७—उर्वशी सुकुमार प्रहरणं महेन्द्रस्य, प्रत्यादेशो रूपगर्वितायाः श्रियः। (उर्वशी इन्द्र का कोमल शस्त्र और रूप पर इतरानेवाली लक्ष्मी को लज्जित करने वाली थी।)

८—यत्र समाजे मूर्खाः प्रधानमुपसर्जनं च पण्डिताः स चिरं नावतिष्ठते। (जिस समाज में मूर्ख प्रधान होते हैं और पण्डित गौण, वह अधिक समय तक नहीं ठहर सकता।)

९—वरमेको गुणी पुत्रो न च मूर्खशतान्यपि।
एकश्चन्द्रस्तमो हन्ति न च तारासहस्रकम्॥

(एक गुणी पुत्र अच्छा है, सैकड़ों मूर्ख नहीं, अकेला चाँद अंधेरे को दूर कर देता है, हजारों तारे नहीं।)

संस्कृत में अनुवाद करो—

१—दूसरे की निन्दा मत करो, निन्दा पाप है। २—अच्छा शासक प्रजाओं के अनुराग का पात्र हो जाता है। ३—कोरी नीति कायरता है और कोरी वीरता जंगली जानवरों की चेष्टा के समान है। ४—वह अँगूठी शकुन्तला को पति की

---

* जब विधेय के रूप में पात्र, आस्पद, स्थान, पद, प्रमाण, और भाजन इत्यादि शब्द प्रयुक्त होते हैं, तब ये सर्वदा एकवचन और नपुंसक लिङ्ग में होते हैं, चाहे कर्ता (उद्देश्य) किसी भी लिङ्ग या वचन में हो, और क्रिया कर्ता का अनुसरण करती है, न कि विधेयस्थानीय संज्ञा का, चाहे यह विधेयस्थानीय संज्ञा जिस भी स्थान पर हो, जैसे—गुणाः पूजास्थानं गुणिषु (गुणी पुरुषों में गुण ही पूजा का हेतु होता है)। 'आर्यमिश्राः प्रमाणम्' (आप, प्रमाण हैं—अर्थात् आपकी सम्मति मान्य है)। 'सम्पदः पदमापदाम्' (धन विपत्तियों का घर है)। 'त्वमसि महसां भाजनम्' (आप तेज के आधार हैं)। 'विविधमहमभूवं पात्रमालोकितानाम्' (मैं अनेक प्रकार से उस (स्त्री) की दृष्टि का विषय हुआ)। यहाँ पर 'गुणा पूजास्थानमासन्' और 'अहंपात्रमभूत्' कहना अशुद्ध है, यद्यपि 'स्थानम्' और 'पात्रम्' शब्द वाक्य में किसी भी स्थान पर रखे जा सकते हैं। विशेष—पात्र, भाजन, पद, स्थान आदि शब्द कभी कभी बहुवचन में प्रयुक्त होते हैं, यथा—भवादृशा एव भवन्ति भाजनान्युपदेशानाम् (आपके सदृश व्यक्ति ही उपदेश के पात्र होते हैं)। (कादम्बर्याम्)।

३—कातर्यं केवला नीतिः शौर्यं श्वापदचेष्टितम्। ४—अगूठी—अङ्गुलीयकम्, भेंट—प्रतिग्रहः।

ओर से भेंट थी। ५—परमात्मा की महिमा अनन्त है, वह वाणी और मन का विषय नहीं। ६—हम देवताओं की शरण में जाते हैं और नित्य उनका ध्यान करते हैं। ७—पुत्र मेरा शरीरधारी चलता फिरता जीवन है और सर्वस्व है। ८—आप का तो कहना ही क्या, आप तो विद्या के निधि और गुणों की खान हैं। ९—विपत्ति मित्रता की कसौटी है, सम्पत्ति में तो बनावटी मित्र बहुत मिलते हैं। १०—वेद पढ़ी हुई वह तपस्विकन्या अपने आप को बड़भागिन् समझती है, उसका अपने प्रति यह आदर उचित ही है।

क्रियाविशेषण (अव्यय)

कतिपय क्रियाविशेषण स्वः आदि अव्ययों में परिगणित हैं, जैसे—नाना पृथक्, विना, वृथा आदि; कतिपय सर्वनामों से बनते हैं, जैसे—इदानीम्, सदा, यथा, तथा आदि; कतिपय संख्यावाची शब्दों से बनते हैं, जैसे—एकधा, द्विधा, द्विः, त्रिः आदि; और कतिपय संज्ञाओं में तद्धित प्रत्यय लगाकर बनते हैं, जैसे—पुत्रवत्, अग्निसात् आदि। इनके अतिरिक्त संज्ञाओं को द्वितीया के एकवचन में प्रायः क्रियाविशेषण के रूप में व्यवहार में लाते हैं; जैसे सत्यम्, सुखम् आदि।

(क) नीचे अकारादि वर्णक्रमानुसार अधिक प्रचलित क्रियाविशेषण दिये जाते हैं—

अकस्मात्—अचानक		अत्र—यहाँ	
अग्रतः—आगे, सामने		अथ—तब, इसके बाद	
अग्रे—पहले		अथकिम्—हाँ, तो क्या	
अचिरम्—	शीघ्र	अद्य—आज	
अचिरात्—		अधः—	नीचे
अचिरेण—		अधस्तात्—	
अजस्रम्—निरन्तर		अपरम्—और	
अन्तर्—भीतर		अपरेद्युः—दूसरे दिन	
अतः—इसलिए		अधुना—अब	
अतीव—बहुत		अनिशम्—निरन्तर	

५—परमात्मनो महिमा परिच्छेदातीतः, अतो वाङ्मनसयोरगोचरः (वाक् च मनश्चेति वाङ्मनसे—द्वन्द्वसमासः)। ६—देवतानि शरणं यामो नित्यं च तानि ध्यायामः (रक्षितार्थ में 'शरण' नपुं० एकवचन में प्रयुक्त होता है)। ७—पुत्रो मम मूर्तिसञ्चाराः प्राणाः सर्वस्वं च (जीवनार्थक 'प्राण' शब्द नित्य बहुवचनान्त, दे०।)। ८—निधि—निधानम्, खनि—आकरः, ९—कसौटी—निकषः, बनावटी—कृत्रिमाणि। १०—अथैतवंदा सा तपस्विकन्या आत्मानं कृतिनं मन्यते। युक्ता खल्वस्या आत्मनि सम्भावना। यहाँ पर 'आत्मन्' शब्द के नित्य पुंल्लिङ्ग होने पर भी 'कृतिन्' विशेष स्त्रीलिङ्ग में प्रयुक्त हुआ है।

अन्तरेण—बारे में, बिना
अन्तरा—बिना, बीच में
अन्तरे—बीच में
अन्यच्च—और भी
अन्यत्र—दूसरी जगह
अन्यथा—दूसरे प्रकार से
अभितः—चारों ओर, पास
अभीक्ष्णम्—निरन्तर
अर्वाक्—पहले
अलम्—बस, पर्याप्त
असकृत्—कई बार
असम्प्रति—
असाम्प्रतम्— } अनुचित
आरात्—दूर, समीप
इतः—यहाँ से
इतस्ततः—इधर उधर
इति—इस प्रकार, बस
इत्थम्—इस प्रकार
इदानीम्—इस समय
इह—यहाँ
ईषत्—कुछ, थोड़ा
उच्चैः—ऊँचे
उभयतः—दोनों ओर
ऋतम्—सत्य
ऋते—बिना
एकत्र—एक जगह
एकदा—एक बार
एकधा—एक प्रकार
एकपदे—एक साथ
एतर्हि—अब
एव—ही
एवम्—इस तरह
कश्चित्— } क्या
कञ्चन— }
कथम्—कैसे
कथञ्चन— } किसी प्रकार
कथञ्चित्— }
कदा—कब
कदाचित्—कभी, शायद
कदापि—कभी
कदापि न—कभी नहीं
किञ्च—और
किन्तु—लेकिन
किम्—क्या ? क्यों ?
किमुत—और क्या ?
किम्वा—या
किल—सचमुच
कुतः—कहाँ से
कुत्र—कहाँ
कुत्रचित्—कहीं
कृतम्—बस, हो गया
केवलम्—सिर्फ
क्व—कहाँ
क्वचित्—कहीं
खलु—निश्चय पूर्वक
चिरम्—देर तक
जातु—कभी भी
झटिति—शीघ्र
तत्—इसलिए
ततः—तब, फिर
तत्र—वहाँ
तदा—तब
तदानीम्—तब
तथा—उस तरह
तथाहि—जैसे (सविस्तर वर्णन)
तस्मात्—इसलिए
तर्हि—तब, तो
तावत्—तब तक
तिरः— } —तिर्छे
तिर्यक्

तूष्णीम्—मौन, चुप
दिवा—दिन में
दिष्ट्या—सौभाग्य से
दूरम्—दूर
दोषा—रात में
द्राक्—शीघ्र, तुरन्त
ध्रुवम्—निश्चय ही
नक्तम्—रात में
न—नहीं
नु वरम्—किन्तु
नाना—हेर तरह से
नाम—नामक, नाम वाला
निकषा—नजदीक
नीचैः—नीचे
नूनम्—अवश्य
नो—नहीं
परम्—परन्तु, फिर
परश्वः—परसों
परितः—चारों ओर
परेद्युः—दूसरे दिन (कल)
पर्याप्तम्—काफी
पश्चात्—पीछे
पुनः—फिर
पुरतः—
पुरः—
पुरस्तात्—
आगे
पुरा—पहले
पूर्वेद्युः—पहले दिन (कल)
पृथक्—अलग-अलग
प्रकामम्—पर्याप्त, काफी
प्रतिदिनम्—नित्य
प्रत्युत—इसके विपरीत
प्रसह्य—बलात्
प्राक्—पहले
प्रातः—सबेरे
प्रायः—बहुधा
प्रेत्य—मरकर, दूसरे संसार में
बलात्—जबर्दस्ती
बहिः—बाहर
बहुधा—प्रायः, बहुत प्रकार से
भूयः—फिर-फिर, अधिक
भृशम्—बार बार, अधिकाधिक
मनाक्—थोड़ा
मिथः—परस्पर
मिथ्या—झूठ
मुधा—व्यर्थ
मुहुः—बार-बार
मृषा—झूठ, व्यर्थ
यत्—जो, क्योंकि
यतः—क्योंकि
यत्र—जहाँ
यथा—जैसे
यथा तथा—जैसे-तैसे
यथा-यथा—जैसे-जैसे
यदा—जब
यावत्—जब तक
युगपत्—साथ, एकबारगी
विना—बगैर
वृथा—व्यर्थ
वै—निश्चय
शनैः—धीरे-धीरे
श्वः—कल (आनेवाला दिन)
शश्वत्—सदा
सर्वथा—सब प्रकार से
सर्वदा—सब दिन
सह—साथ
सहसा—एकबारगी
सहितम्—साथ
साकम्—साथ
सकृत्—एक बार

सततम्—बराबर, सब दिन
सदा—हमेशा
सद्यः—तुरन्त
सपदि—तुरन्त, शीघ्र
समन्तात्—चारों ओर
समम्—बराबर-बराबर
समया—निकट
समीपे, समीपम्—निकट
समीचीनम्—ठीक
सम्प्रति—इस समय, अभी
सम्मुखम्—सामने
सम्यक्—भली भाँति
सर्वतः—चारों तरफ
सर्वत्र—सब कहीं
साम्प्रतम्—अब, उचित
सायम्—शाम को
सुष्ठु—भली-भाँति
स्वस्ति—आशीर्वाद
स्वयम्—अपने आप
हि—इसलिए
साक्षात्—आँखों के सामने
सार्धम्—साथ
ह्यः—कल (बीता हुआ दिन)

समुच्चयबोधक अव्यय

च (और) शब्द प्रायः हिन्दी में दोनों शब्दों के बीच मे आता है, जैसे—राम और शिव, परन्तु सस्कृत में 'च' शब्द दोनों के उपरान्त आता है, जैसे—रामः शिवश्च अथवा रामश्च शिवश्च। 'च' को प्रायः अन्य समुच्चयबोधक शब्दों के अनन्तर भी जोड़ देते हैं, जैसे—अथच, परञ्च, किञ्च।

अथ, अथो, अथ च—वाक्य के आदि मे आते हैं, और प्रायः 'तब' का अर्थ बतलाते हैं।

तु—तो; यह वाक्य के आदि मे नहीं आता, जैसे—स तु गतः—वह तो गया आदि।

किन्तु, परन्तु, परञ्च—लेकिन।

वा—या के अर्थ मे आता है और च की तरह प्रत्येक के बाद मे अथवा दोनों के उपरान्त आता है; जैसे, रामः शिवो वा अथवा रामो वा शिवो वा (राम या शिव)।

अथवा—इसका भी प्रयोग वा की तरह होता है।
चेत्, यदि—यदि, अगर। चेत् वाक्य के आरम्भ में नहीं आता।

नोचेत्—नहीं तो
यदि-तर्हि—यदि, तो
तत्—इसलिए
हि—क्योंकि
यावत्-तावत्—जब तक-तब तक
यदा-तदा—जब-तब

इति—वाक्य के अन्त में समाप्तिबोधक आता है, जैसे—अहम् गच्छामि इति देवोऽवदत्। इससे हिन्दी की 'कि' का बोध होता है। 'कि' का बोध 'यत्' से भी होता है, परन्तु यह वाक्य के आदि में आता है, यथा—देवोऽवदत् यदहं गच्छामि।

मनोविकारसूचक अव्यय

इन अव्ययों का वाक्य से कोई सम्बन्ध नहीं रहता। मुख्य ये हैं—

बत—दयासूचक, खेदसूचक। हन्त—हर्षसूचक, खेदसूचक।
किम्, धिक्—धिक्कार-सूचक। आः, हुम्, हम्—क्रोधसूचक।
हा, हाहा, हन्त—शोकसूचक।

अङ्ग, अयि, अये, भोः—आदर के साथ बुलाने के अर्थ में आते हैं। अरे, रे, रेरे—निन्दा के साथ बुलाने में। अहो, ही—विस्मयसूचक।

विविध अव्यय

अव्यय में विभक्ति, लिङ्ग और वचन के अनुसार रूप-परिवर्तन नहीं होता। अतः तद्धित-प्रत्ययान्त, कृदन्त तथा कुछ समासान्त शब्द भी अव्यय होते हैं।

तद्धितश्चासर्वविभक्ति।१।१।३८।

तद्धितों में तसिल्-प्रत्ययान्त, त्रल्-प्रत्ययान्त, दा-प्रत्ययान्त, दानीम्-प्रत्ययान्त, अधुना, तर्हि, कर्हि, यर्हि, सद्यः से लेकर उत्तरेद्युः तक शब्द अव्यय हैं, थाल्-प्रत्ययान्त, दिक् और कालवाचक पुरः, पश्चात्, उत्तरा, उत्तरेण आदि, धा-प्रत्ययान्त (एकधा, द्विधा, त्रिधा आदि) शस्-प्रत्ययान्त (बहुशः, अक्षरशः, अल्पशः आदि) च्वि-प्रत्ययान्त (भस्मीभूय, शुक्लीभूय आदि), साति-प्रत्ययान्त (भस्मसात्, ब्रह्मसात् आदि), कृत्वसुच्-प्रत्ययान्त (द्विकृत्वः, त्रिकृत्वः) और इसके अर्थ में प्रयुक्त (द्विः, त्रिः)।

कृन्मेजन्तः।१।१।३९।

कृदन्तों में—मकारान्त शब्द अव्यय हैं, यथा—णमुल्-प्रत्ययान्त (स्मारं स्मारम् आदि), तुमुन्-प्रत्ययान्त (भोक्तुम्) तथा ए, ऐ, ओ, औ में अन्त होने वाले, जैसे—गन्तुम्, जीवसे (तुमर्थ प्रत्यय असे लगा कर), पिबध्यै (तुमर्थ शध्यै प्रत्यय); तथा (क्त्वातोसुन्कसुनः।१।१।४०।) क्त्वा (और क्त्वार्थ ल्यप्), तोसुन् और कसुन् प्रत्ययान्त शब्द; जैसे—गत्वा, उदेतोः, विसृपः।

अव्ययीभावश्च।१।१।४१।

अव्ययीभाव समास वाले शब्द भी अव्यय हैं, जैसे—यथाशक्ति, उपगङ्गम्, अधिहरि, अनुविष्णु इत्यादि।

अव्ययों का वाक्यों में प्रयोग

अव्यय (अर्थ)	प्रयोग
अंग (सबोधन)	अंग विद्वन् माणवकमध्यापय (हे विद्वन् माणवक को पढ़ाइए)।
अकस्मात् (अचानक)	गुरुः अकस्मादागतः (गुरु अचानक आ गये)।
अग्रतः (सामने, आगे)	न जनस्याग्रतो गच्छेत् (लोगों के आगे न जावे)।

अचिरम् अचिरात् अचिरेण	(शीघ्र, जल्दी)	अचिरादेव वृष्टिर्भविष्यति (वर्षा जल्दी होगी)।
अतः अतएव	(इसलिए)	अतएव एव वर्ण्यते (इस लिए इसका ऐसा वर्णन किया है)।
अद्य (आज)		अद्यैव कुरु यत् श्रेयः (जो अच्छा कार्य हो उसे आज ही करो)।
अथ (मगल-चिह्न, आरम्भ सूचक		अथातो ब्रह्मजिज्ञासा (अब इसके आगे ब्रह्म के बारे में विवेचन है)।
अथ किम् (हाँ, ठीक ऐसी ही बात है)		शकार —चेट, प्रवहणमागतम्। चेटः—अथ किम्। (शकार—क्या गाड़ी आ गयी ? चेट—हाँ।)
अधुना, इदानीम् सम्प्रति-साम्प्रतम्	(अब)	अधुना जगत् शून्यमिव प्रतिभाति (अब ससार सना मालूम पडता है।
अधः (नीचे)		अधस्त्यजसि रत्नानि ? (क्या तुम रत्न नीचे फेंक रहे हो) ?
अधिकृत्य (बारे में)		अथ कतम पुनर्ऋतुमधिकृत्य गास्यामि (किस ऋतु के बारे में गाऊँ) ?
अन्तरा (बीच में)		स त्वा माञ्च अन्तरा उपविष्टः (वह तुम्हारे और मेरे बीच मे बैठा है)।
अन्तरेण (बिना)		तमन्तरेणापि न शोभते च सा (वह उसके बिना शोभा नहीं पाती है) ?
अन्येद्युः अपरेद्युः	(किसी दूसरे दिन)	अन्येद्युः चन्द्रापीडः आगमिष्यति (किसी दूसरे दिन चन्द्रापीड आयेगा)।
अपि (शका और सम्भावना, सत्या- वाची शब्दों के साथ सम्पूर्णता)		(१) अपि जानासि देवीं विनोदयितुम् (क्या तुम रानी को प्रसन्न करना जानते हो) ? (२) सर्वैरपि राज्ञा प्रयोजनम् (राजाओं से सभी का मतलब रहता है)।
अपि च (और भी)		अपि च श्रूयताम् (और भी सुनो)।
अयि (कोमल सम्बोधन)		अयि मातर्देवयजनसम्भवे देवि सीते (देवताओं के पूजन से पैदा हुई प्रिय सीते)।
अये (आश्चर्य बोधक)		अये देवपादपद्मोपजीविनोऽवस्थेयम् (खेद है कि महाराज के चरण कमलों के नौकर की यह दशा है) ?
अरे, अरेरे (नीच सम्बोधन)		अरे धूर्त !

अलम् (व्यर्थ, समर्थ)	(क) अलमतिविस्तरेण (बस बस, रहने दो)। (ख) अलं मल्लो मल्लाय।
असि (तुम)	कृतवानसि विप्रियम् (यह अनर्थ तुमने किया है)।
अस्मि (मैं)	तद् दृष्टवानस्मि (मैंने यह देखा है)।
अहह (खेद या विस्मयसूचक)	अहह महतां निःसीमानः चरित्रविभूतयः (ओहो ! महापुरुषों के चरित्र की विभूति अपरिमित होती है)। अहह कष्टमपण्डितता विधेः (हाय रे, ब्रह्मा की मूर्खता)।
अहो (सम्बोधन)	अहो ! मधुरमासां कन्यकाना दर्शनम् (आहा, इन कन्याओं का दर्शन कितना सुखकर है !) अहो ! दारुणो दैवदुर्विपाकः (हाय रे, दुर्भाग्य !)
*आ, आम् (अतीत घटना-स्मरण)	(क) आ एवं किल तदासीत् (अच्छा तो बात ऐसी थी)। (ख) किं नाम दण्डकेयम् ! आम् चिरस्य प्रतिबुद्धोऽस्मि (क्या यह दण्डकारण्य है ? सचमुच, मैं तो बहुत देर में जागा हूँ)।
†आः (पीड़ा या क्रोध सूचक	आः कथममद्यापि राक्षसत्रासः (अरे, क्या अब भी राक्षसों का भय है !)
आहोस्वित् (अथवा)	स आगतः आहोस्वित् पलायितः (वह आ गया या भाग गया)।
इति (क–किसी के कथन को व्यक्त करने के लिए, ख–यह, ग–निम्नलिखित)	(क) इत्युक्त्वा रामः विरराम (यह कह कर राम चुप हो गया)। (ख) तयोर्मुनिकुमारकयोरन्यतरः कथयति अक्षमालामुपयाचितुमागतोऽस्मीति (मुनिकुमारों में से एक कह रहा है कि अक्षमाला माँगने आया हूँ)। (ग) रामाभिधानो हरिरित्युवाच (राम नामक हरि ने निम्नलिखित बात कही)।
इतिह (इतिहास वाचक)	इतिहस्म आह भगवान् आत्रेयः (ऐसा भगवान् आत्रेय ने कहा था)।
इह (यहाँ)	नास्तीह कश्चित् जनपदः (यहाँ कोई गाँव नहीं है)।
*इव (सदृश, सम्मतः)	(१) बृहस्पतिरिव प्रज्ञावान् (वह बृहस्पति की तरह बुद्धिमान् है)।

---

* आ प्रश्नः स्मृतौ वाक्ये (अ०), आ स्मृतौ चावधारणे (वि०)

† आस्तु स्यात् कोपरीडयोः (अ०)।

(२) परायत्तः प्रीतेः कथमिव रसवेत्तु:पुरुष. (सम्भवतः पराधीन पुरुष कैसे प्रीति के सुख का स्वाद जाने)।

इत्थम् (इस प्रकार) इत्थ जनकनन्दिनी पुनरगात् (इस प्रकार सीता फिर चली गयी)।

*उत (अथवा, या तो–या) स्थाणुरयम् उत पुरुषः (यह या तो खूटा हो सकता है या पुरुष)। उत दण्डः पतिष्यति (क्या डडा गिर जायगा)?

उत्तरेण (उत्तर की ओर) नगरमुत्तरेण नदी (नगर के उत्तर में नदी है)। तत्रागार धनपतिगृहानुत्तरेणास्मदीयम्। मेघ०।

उपरि (ऊपर) उपरि उड्डीयमानाऽसौ कपोतः (यह कबूतर ऊपर उड़ रहा है)।

उभयत. (दोनों ओर) ग्राममुभयत. वनानि (गाँव के दोनों ओर वन हैं)।

ऋते (विना) धर्मम् ऋते कुतो मोक्षः (धर्म के विना मोक्ष कहाँ)।

एकदा (एक बार) स एकदा आगमिष्यति (वह एक बार यहाँ आयेगा)।

एव (ही, किसी भाव पर जोर देने के लिए) अर्थोष्मणा विरहितः पुरुषः स एव (धन की गर्मी से रहित वही पुरुष)।

रात्रिरेव व्यरसीत् (रात ही गुजर गयी, किन्तु प्रेमालाप समाप्त न हुआ)। भवितव्यमेव तेन (यह तो होवेगा ही)।

†एवम् (प्रकार, हाँ आदि) एवमुवाच चन्द्रापीडः (चन्द्रापीड ने ऐसा कहा)। एवमेतत् (हाँ, यह ऐसा ही है)। एव कुर्मः (हाँ हम लोग ऐसा करेंगे)।

‡ओम् (अनुमति के अर्थ में) ओमित्युच्यतामामात्यः (मन्त्री से कह दो कि मैं ऐसा ही कहूगा)।

कथ कथमपि (किसी तरह, किसी तरह भी) स कथमपि आगमिष्यति (वह किसी तरह भी अयगा)।

कच्चित् (प्रश्नवाचक, मैं आशा करता हूँ कि) शिवानि वस्तीर्थजलानि कच्चित् (आपके तीर्थ जल विघ्न-रहित तो हैं)?

क (कहाँ) क सूर्यप्रभवो वशः क चाल्पविषयामतिः (कहाँ तो सूर्य से उत्पन्न वश और कहाँ स्वल्प ज्ञान वाला मेरी बुद्धि)।

---

*उत प्रश्ने वितर्के स्यादुतात्यर्थविकल्पयोः। वि०।

†एव प्रकारोपमयोरगीकारेऽवधारणे। वि०।

‡ओमित्यनुमतौ प्रोक्त प्रणवे चाप्युपक्रमे। वि०।

कामम् (स्वेच्छानुसार, माना कि)

तपः क्व वत्से क्व च तावकं वपुः ?

कामं न तिष्ठति मदाननसंमुखी सा भूयिष्ठमन्यविषया न तु दृष्टिरस्याः (माना कि वह मेरे सामने मुँह करके खड़ी नहीं होती तब भी उसकी दृष्टि अधिकांशतः किसी अन्य वस्तु की ओर नहीं है)।

किम् (प्रश्न—क्यों किस कारण से)?

तत्रैव किं न चपले प्रलयं गतासि (ऐ चपल देवि, तू उसी स्थान पर नष्ट क्यों न हो गयी)?

किम् (समस्त शब्द खराब या कुत्सित अर्थ में)

स किंसखा साधु न शास्ति योऽधिपम् (जो स्वामी को उचित राय नहीं देता वह क्या मित्र है— वह बुरा मित्र है)।

किमु, किमुत, किं पुनः (क्या कहना है)

(१) एकैकमप्यनर्थाय किमु यत्र चतुष्टयम् (एक भी अनर्थकारी है, जहाँ चारों हों वहाँ कहना ही क्या है !)

(२) चाणक्येनाहूतस्य निर्दोषस्यापि शंका जायते किमुत सदोषस्य (चाणक्य द्वारा बुलाये जाने पर तो निर्दोष को भी शंका पैदा हो जाती है, तो फिर अपराधी पुरुष का तो कहना ही क्या है)!

(३) स्वयं रोपितेषु तरुषु उत्पद्यते स्नेहः किं पुनरंग-संभवेष्वपत्येषु (अपने लगाये हुए वृक्षों के प्रति स्नेह उत्पन्न हो जाता है, फिर अपनी संतान के प्रति तो कहना ही क्या है)।

किल (कहते हैं, नकली कार्य-घोषित करने के लिए, आशा प्रकट करने के लिए)

(१) बभूव योगी किल कार्तवीर्यः (कहते हैं कि कार्तवीर्य नाम का कोई योगी था)।

(२) प्रसह्य सिंहः किल ता चकर्ष (नकली सिंह ने उस (गाय) को जबर्दस्ती खींच लिया)।

(३) पार्थः किल विजेष्यति कुरून् (आशा है कि पार्थ कुरुओं को जीत लेगा)।

केवलम् (क्रि० वि० सिर्फ, किन्तु कभी कभी विशेषण के रूप में भी)

निषेदुषी स्थण्डिल एव केवले (सिर्फ स्थण्डिल पर बैठती थी—बिना किसी चीज के बिछाये हुए)।

न केवलम् (अपि या किन्तु के साथ)

वसु तस्य विभोर्न केवलं गुणवत्तापि पर प्रयोजना (न सिर्फ उसकी सम्पत्ति ही, बल्कि उसमें अच्छे-अच्छे गुणों का होना भी दूसरों की भलाई के लिए था)।

खलु (क—निश्चय ही,

(क) मार्गे पदानि खलु ते विषमीभवन्ति (सच-मुच तेरे कदम रास्ते में इधर-उधर पड़ते हैं)।

ख–प्रार्थना सूचक, ग–शिष्टतापूर्ण प्रश्न करने में, घ–निषेधार्थक क्त्वा के साथ, ङ–कारण, च–वाक्यालंकार)

(ख) न खलु न खलु बाणः सन्निपातयितव्यो मयीदृशे (इसके ऊपर बाण न छोड़ा जाय)।

(ग) न खलु बाणमिश्रुतो गुरुः (क्या गुरुजी उससे क्रुद्ध नहीं हो गये)?

(घ) निर्धारितेऽर्थे लेखेन कथयित्वा खलु वाचिकम् (जब कोई सन्देश पत्र द्वारा निर्णीत किया जाता है तो मौखिक संदेश मत जोड़ दो)।

(ङ) न विदीर्ये काठिन्याः खलु स्त्रियः (मैं टुकड़े-टुकड़े नहीं हो रही हूँ, क्योंकि स्त्रियों का हृदय कठोर होता है)।

च (क–आगत घटना का मुख्य घटनाओं से योग, और गाय लेने आना)।

(क) भिक्षामट गां चानय (भिक्षा माँगने जाओ और गाय लेते आना)।

ख–सानुद्देश्य ऐक्य, ग–पारस्परिक सम्बन्ध, घ–अनुक्रम-समूह, ङ–दो घटनाओं का एक साथ होना)

(ख) पारी च पादौ च पारिणादन्।

(ग) ब्रह्म स्वयोनिश्च ब्रह्मस्वयोनौ।

(घ) पतति पतति च।

(ङ) ते च प्रापुरुदन्वन्तं बुबुधे चादिपूरुषः (ज्यों ही वे लोग समुद्र पर पहुँचे त्यों ही आदि पुरुष (हरि) जाग पड़े)।

चिरम्, चिरेण (दीर्घ काल से, तक)

चिरं खलु गतः मैत्रेयः (मैत्रेय बहुत पहले जा चुका है)।

जातु (जरा भी, सम्भवतः, कदाचित्)

किं तेन जातु जातेन (सम्भवतः उसके पैदा होने से क्या लाभ)?

न जातु बाला लभते सुखं निर्वृतिम् (वह कुमारी जरा भी सुख नहीं भोग पाती)।

ततः (उसके बाद, तो, उसके परे)

(क) ततः कतिपयदिवसातिक्रमे (इसके बाद कुछ दिनों के बीत जाने पर)।

(ख) यदि दृष्टमिदं ततः किम् (यदि वह पकड़ लिया गया तो क्या होगा)?

(ग) ततः परतो निर्मानुषमरण्यम् (उसके परे एक निर्जन वन है)।

ततस्ततः (इसके आगे, कहने चलिए)

राहुः—उभयोरस्थाने प्रयत्नः। ततस्ततः (राहु-दोनों का प्रयत्न अनुचित था। अच्छा, तो आगे क्या हुआ कहते चलिए)।

तथा (इसी ढंग से, हाँ,

(क) सूत्रधार तथा करोति (सूत्रधार वैसा ही करता है)।

ऐसा ही हो, इतने निश्चय पूर्वक जितने)

(ख) राजा-एनं तत्र भवतः सकाशं प्रापय। प्रतिहारी तथेति निष्क्रान्ता (राजा-इसे श्रीमान् जी के पास ले जाओ। प्रती०-अच्छा ऐसा ही होगा। ऐसा कहती हुई निकल गयी)।

(ग) यथाहमन्यं न चिन्तये तथायं पतता परासुः (जितना यह निश्चय है कि मैं किसी भी दूसरे पुरुष के बारे में नहीं सोचता हूँ उतने ही निश्चयपूर्वक यह घटना भी घटे कि वह मर जाय।)

तावत् (पहले, बल देने के लिए, विषय में)

(क) आह्लादयस्व तावच्चन्द्रकरश्चन्द्रकान्तमिव (पहले तो मुझे प्रसन्न करो जैसे चन्द्रमा की किरण चन्द्रकान्त मणि को प्रसन्न करती है)।

(ख) त्वमेव तावत् प्रथमो राजद्रोही (तू ही पहला राजद्रोही है)।

(ग) एवं कृते तव तावत् प्राणयात्रा बलेशं विना भविष्यति (तुम्हारे विषय में, तो ऐसा हो जाने पर तुम्हारी जीविका बिना किसी कष्ट के हो जाया करेगी)।

*तु (परन्तु, और अथ विभिन्नतासूचक)

(क) सर्वेषां सुखानां प्रायोऽन्तं ययौ। एकं तु सुत-मुखदर्शनसुखं न लेभे (वह सभी सुखों को पूर्णरूप से भोगता था, परन्तु उसने पुत्र मुख दर्शन का सुख कभी नहीं भोगा)।

(ख) अवनिपतिस्तु तामनिमेषलोचनो ददर्श (महा-राज तो उसकी तरफ टकटकी लगाकर देखने लगे)।

(ग) मृष्टं पयो मृष्टतरं तु दुग्धम् (पानी निर्मल होता है, परन्तु दूध और भी निर्मल होता है)।

तूष्णीम् (चुप)

तूष्णीं भव (चुप रहो)।

दिवा (दिन में)

दिवा मा स्वाप्सीः (दिन में मत सोओ)।

दिष्ट्या (हर्षसूचक)

दिष्ट्या प्रतिहतं दुर्जातम् (हर्ष की बात है कि विपत्ति टल गयी)।

दिष्ट्या वृध् (बधाई)

दिष्ट्या महाराजो विजयेन वर्धते (मैं श्रीमान् को आपकी विजय पर बधाई देता हूँ)।

न (नहीं)

नहि, मैतन्मया कर्त्तव्यम् (नहीं, मुझे ऐसा नहीं करना चाहिए)।

नाम (क-नामक,

(क) पुष्पपुरी नाम नगरी (पुष्पपुरी नामक नगरी)।

---

*तु पादपूरणे भेदे समुच्चयेऽवधारणे।

ग–निश्चय ही, ग–सम्भवतः, घ–बहानासूचक, ङ–यदि आप चाहें, च–आश्चर्य सूचक, छ–आश्चर्य अथवा निन्दा)

(क) विनीतवेषेण प्रवेष्टव्यानि तपोवनानि नाम (अवश्य आश्रमों में बहुत सीधा-सादा वस्त्र पहनकर घुसना चाहिए)।

(ग) को नाम पाकाभिमुखस्य जन्तुर्द्वाराणि दैवस्य पिधातुमीष्टे (सम्भवतः जब भाग्य अपनी शक्ति दिखलाने पर तुला हो तो भला उसके दरवाजे को कौन बंद कर सकता है ?)

(घ) कार्तान्तिको नाम भूत्वा (ज्योतिषी का बहाना करके)।

(ङ) एवमस्तु नाम (अच्छा, ऐसा ही हो)।

(च) अन्धो नाम पर्वतमारोहति (आश्चर्य की बात है कि अन्धा आदमी पर्वत पर चढ़ता है)।

(छ) किं नाम विस्फुरन्ति शस्त्राणि (ओहो, क्या अस्त्र-शस्त्र चमक रहे हैं)।

ननु (सन्देह सूचक प्रश्न, सचमुच, अवश्य ही, सम्बोधार्थक, प्रार्थना, सम्बोधनार्थ में)

(क) स्वप्नो नु माया नु मतिभ्रमो नु (क्या वह स्वप्न था, या धोखा या मस्तिष्क का पागलपन)।

(ख) कथ नु गुणवद् विन्देयं कलत्रम् (सचमुच मैं गुणवती स्त्री कैसे पाऊँ)?

(ग) यदाऽमेधाविनी शिष्योपदेशं मलिनयति तदाचार्यस्य दोषो ननु (जब मन्दबुद्धि शिष्या उपदेश को नष्ट कर देती है तो क्या वस्तुतः आचार्य का दोष नहीं)?

(घ) ननु भवान् अग्रतो मे वर्तते (क्यों, आप मेरे सामने हैं—यह सच नहीं है)?

(ङ) ननु मा प्रापयें पत्युरन्तिकम् (कृपया आप मुझे मेरे पति के पास पहुँचा दें)।

(च) ननु मूर्खाः पठितमेव युष्माभिस्तत्काण्डे (हे मूर्खों, तुमने उस अध्याय में यह विषय पहले ही पढ़ लिया है)।

(छ) ननु समाप्तकृत्यो गौतमः (क्या गौतम ने अपना कार्य समाप्त कर लिया)?

नितराम् (अत्यन्त)

नितरामसौ निर्बोधः दरिद्रश्च (यह अत्यन्त दरिद्र और मूर्ख है)।

नूनम् (निश्चय ही, वस्तुतः)

स नून तव पाशांश्छेत्स्यति (वह अवश्य ही तुम्हारे जालों को काट देगा)।

अद्यापि नूनं हरकोपवह्निस्त्वयि ज्वलति (निश्चय ही हर की क्रोधाग्नि तुम में आज भी जल रही है)।

पञ्चधा (पाँच प्रकार) — पञ्चधा यज्ञं कुर्वीत (पाँच प्रकार से यज्ञ करना चाहिए)।

परश्वः (परसों) — परश्वः राष्ट्रपतिरत्रागमिष्यति (परसों राष्ट्रपति यहाँ आयेंगे)।

परितः (चारों ओर) — परितः नगरं राजमार्गं वर्तते (नगर के चारों ओर सड़क है)।

पुनः (फिर) — पुनरपि जननं पुनरपि मरणम् (जन्म और मरण फिर फिर आते हैं)।

पुनः, पुनः, असकृत्, भूयः, भूशम् (बारबार) — विघ्नैः पुनः पुनरपि प्रतिहन्यमानाः प्रारब्धमुत्तमगुणा न परित्यजन्ति (बारबार विघ्न आने पर भी उत्तम पुरुष आरम्भ किये हुए कार्य को नहीं छोड़ते)।

पुरः, पुरस्तात्, पुरतः (सामने) — नीरसतरुरिह विलसति पुरतः (सूखा पेड़ सामने पड़ा है)।

पुरा (पहले) — आसीत् पुरा चन्द्रगुप्तो नाम राजा (प्राचीन समय में चन्द्रगुप्त नाम का एक राजा था)।

पृथक् (भिन्न) — रामं न हरेः पृथक् मन्यस्व (राम को हरि से भिन्न मत समझो)।

प्राक् (पहले, आगे पूर्वदिशा) — प्रागुक्तमेतत् (यह पहले कहा जा चुका है)।

प्रातः (सबेरे) — प्रातराचार्यः स्नातुं नदीं गतः (आचार्य सबेरे नहाने के लिए नदी की ओर गये)।

प्रायः, प्रायेण (साधारणतया) — प्रायो भृत्यास्त्यजन्ति प्रचलितविभवं स्वामिनं सेवमानाः (जब स्वामी की सम्पत्ति नष्ट हो जाती है तब उसकी सेवा करने वाले नौकर साधारणतया उसको त्याग देते हैं)।

प्रेत्य (परलोक, मरकर) — प्रेत्य च दुःखम् (परलोक में भी दुःख है)।

*बत (अफसोस अर्थ में, हर्ष एवं आश्चर्य अर्थ में अहो के साथ) — (क) अहो बत महत्पापं कर्तुं व्यवसिता वयम् (हाय शोक की बात है कि हम लोग कैसा बड़ा पाप करने जा रहे हैं)।

(ख) अहो बतासि स्पृहणीयवीर्यः (अहो, तेरी वीरता कैसी स्पृहणीय है)!

---

*खेदानुकम्पाऽऽनन्दोपविस्मयामर्षणे बत। अ०।

बलवत् (अत्यन्त, खूब) बलवदपि शिक्षितानाम् आत्मन्यप्रत्ययं चेतः (अत्यन्त शिक्षित व्यक्तियों के चित्त अपने में विश्वास नहीं करते)।

मा (मत) मा प्रयच्छेश्वरे धनम् (धनवान् को धन मत दो)।

मिथ्या, मृषा (झूठ) मृषा वदति लोकोऽयं ताम्बूलं मुखभूषणम्। मुखस्य भूषणं पुंसां स्यादेकैव सरस्वती (लोग झूठ कहते हैं कि मुख की शोभा पान है, मुख की शोभा तो एक सरस्वती ही है)।

मुहुः (प्रायः, कभी-कभी के अर्थ में दोहरा दिया जाता है) मुहु र्भ्रश्यद्बीजा मुहुरपि बहुप्रापितफला। अहो चित्राकारा नियतिरिव नीतिर्नयविदः। (एक समय इसके बीज लुप्त हुए मालूम पड़ते है, दूसरे समय वह बहुत से फल देती है। अहो ! भाग्य के समान राजनीतिज्ञ की नीति कितने विचित्र-विचित्र प्रकार की होती है)।

यत् (कि, क्योंकि) किं शेषस्य भरव्यथा न वपुषि क्ष्मा न क्षपत्येष यत् (क्या शेषनाग को अपने शरीर पर भारीपन का बोझ मालूम नहीं पड़ता ? क्योंकि वह अपने सिर से पृथ्वी को फेंक नहीं देते)।

यतः (जिस जगह से, क्योंकि) (क) यतस्त्वया ज्ञानमशेषमाप्तम् (जिससे तुमने पूर्ण ज्ञान प्राप्त किया)।

(ख) किमेवमुच्यते। महदन्तरं यतः कर्पूरद्वीपः स्वर्ग एव (तुम ऐसा क्यों कहते हो ? बहुत अन्तर है, क्योंकि कर्पूर द्वीप साक्षात् स्वर्ग है)।

यत्सत्यम् (निश्चय ही, सच पूछिए तो) अमंगलाशंसयस्य वो वचनस्य यत्सत्यं कम्पितमिव मे हृदयम् (तुम्हारे अमंगल-सूचक वचन से सचमुच मेरा हृदय काँपता है)।

यथा (जैसे, समान, ताकि) (क) यथाज्ञापयति देवः (जिस प्रकार महाराज आज्ञा देते हैं)।

(ख) विदितं खलु ते यथा स्मरः क्षणमप्युत्सहते न मां विना (आपको मालूम है कि कामदेव मेरे बिना एक क्षण के लिए भी चैन नहीं पाता)।

(ग) तं दर्शयत चौरसिंहं यथा व्यापादयामि (तुम मुझे उस बदमाश सिंह को दिखलाओ, ताकि मैं उसे मार डालूँ)।

यथा–तथा (जैसा-वैसा, इस प्रकार–कि, चूँकि–इसलिए, यदि-तर्हि, जितना-उतना)

(क) यथा वृक्षस्तथा फलम् (जैसा पेड़ वैसा फल)।

(ख) अहं स्वामिनं विज्ञाप्य तथा करिष्ये यथा स वधं करिष्यति (मैं श्रीमान् जी से निवेदन करके इस प्रकार व्यवस्था करूँगा कि वह उसे मार डालेगा)।

(ग) यथायं चलितमलयाचलशिलासञ्चयः प्रचंडो नभस्वास्तथा तर्कयामि आसन्नीभूतः पक्षिराजः (चूँकि मलय पर्वत पर स्थित प्रस्तर समूह को हिला देने वाली यह हवा बड़ी प्रचण्ड है, इसलिए मैं समझता हूँ कि पक्षिराज आ गये हैं)।

(घ) वाङ् मनः कर्मभिः पत्यौ व्यभिचारो यथा न मे। तथा विश्वम्भरे देवि मामन्तर्धातुमर्हसि ॥ (यदि अपने पति के प्रति मेरे आचरण में मनसा, वाचा, कर्मणा कोई भी बुराई न हो, तो ऐ विश्वव्यापिनी पृथ्वी देवि, कृपा कर मुझे अपने अन्दर ले लो)।

(ङ) न तथा बाधते शीतं यथा बाधति बाधते (जाड़ा मुझको उतना नहीं सता रहा है जितना 'बाधति' शब्द)।

यथा यथा–तथा तथा (जितना-जितना उतना उतना)

यथा यथा यौवनमतिचक्राम तथा तथा अनपत्यता-जन्मा महानवर्धतास्य सन्तापः (ज्यों ज्यों वह जवान होता गया त्यों त्यों सन्तानहीनताजनित उसका सन्ताप बढ़ता ही गया)।

यावत् (तो, अभी)

तद् यावद् गृहिणीमाहूय संगीतकमनुतिष्ठामि (तो स्त्री को बुलाकर मैं संगीत आरम्भ करता हूँ)।

यावत् तावत् (उतना ही जितना, सब, जब तक–तब तक, ज्यों ही त्यों ही)

(क) पुरे तावन्तमेवास्य तनोति रविरातपम्। दीर्घिकाकमलोन्मेषो यावन्मात्रेण साध्यते (उसके नगर में सूर्यदेव उतना ही घाम करते हैं जितने से तालाबों में के कमलों की कलियाँ खिल जायँ)।

(ख) यावद् दत्तं तावद् भुक्तम् (जितना मुझे दिया गया उतना सब मैंने खा डाला)।

(ग) यावद्वित्तोपार्जनसक्तस्तावन्निजपरिवारो रक्तः (जब तक मनुष्य धन कमाने के योग्य रहता है तब तक उसका परिवार उससे अनुरक्त रहता है)।

(घ) एकस्य दुःखस्य न यावदन्तं गच्छामि तावद् द्वितीयं समुपस्थितं मे—(ज्योंही मैंने एक विपत्ति से पार पाया त्यों ही मेरे ऊपर दूसरी आ पड़ी)।

यावः (पहले हो)

यावदेते सरसो नोत्पतन्ते तावदेतेभ्यः प्रवृत्तिरवगमयितव्या (सरोवर से इनके उड़ने से पूर्व ही मुझे इनसे समाचार प्राप्त कर लेना चाहिए)।

युगपत् (एक साथ)

युगपदेव सुखमोहौ समुपस्थितौ (सुख और मोह एक साथ आ गये)।

वरम् न (च, तु, पुनः के साथ—अच्छा है, न कि, अच्छा है... परन्तु नहीं)

(क) वरं कन्या जाता न चाविद्वास्तनयः (अच्छा है कि कन्या पैदा हो, परन्तु मूर्ख पुत्र नहीं)।

(ख) याच्ञा मोघा वरमधिगुणे नाधमे लब्धकामा (श्रेष्ठ पुरुष से की हुई याचना चाहे विफल भी हो जाय तो भी अच्छा है, परन्तु अधम पुरुष से की हुई याचना चाहे सफल भी हो जाय तो भी अच्छा नहीं)।

वा (या भी, समान, सम्भवतः)

(क) रामो गोविन्दो वा अथवा रामो वा गोविन्दो वा (राम या गोविन्द)।

(ख) पत्रलेखे कथय महाश्वेतायाः कादम्बर्याश्च कुशलं कुशली वा सकलः परिजन इति (पत्रलेखा, मुझसे बताओ कि महाश्वेता और कादम्बरी कुशल तो हैं, और यह भी बताओ कि सारा भृत्यवर्ग सकुशल तो है)?

(ग) जाता मन्ये तुहिनमथिता पद्मिनीं वान्यरूपाम् (मैं उसे पाले से मारी हुई कमलिनी के समान विकृत आकार वाली समझता हूँ)।

(घ) मृतः को वा न जायते (सम्भवतः कौन मरा हुआ व्यक्ति फिर से पैदा नहीं होता)।

वा....वा (या तो... या)

उभे एव क्षमे वोढुमुभयोर्वीजमाहितम्। सा वा शम्भोस्तदीया वा मूर्तिर्जलमयी मम ॥ (हम दोनों के वीर्य को केवल दो ही धारण करने में समर्थ हैं, या तो शम्भुजी के वीर्य को पार्वती या मेरे वीर्य को उनकी जलमयी मूर्ति)।

शनैः शनैः (धीरे-धीरे)

शनैःशनैरुपगच्छन् स महापङ्के निमग्नः (धीरे-धीरे जाता हुआ वह गहरे कीचड़ में डूब गया)।

शान्तम् (बस बस, निवृत्ति

शान्तं पापम् प्रतिहतममङ्गलम्। (ईश्वर न करें, बस बस)

श्वः (कल)

पण्डितनेहरुः श्वो ऽत्रागन्ता (पं० नेहरु कल यहाँ आयेंगे)।

सद्यः (तत्क्षण)

सद्य एव ममार सः (वह तत्क्षण मर गया)।

सह, सम, सार्द्धम् (साथ)

स तेन सहागतः (वह उसके साथ आया)।

सम्यक् (ठीक तरह)	सम्यक् विचार्य कर्त्तव्यम् (ठीक तरह विचार करके करना चाहिए)।
सहसा (हठात्–एक दम)	सहसा विदधीत न क्रियाम् (कोई कार्य एक दम नहीं करना चाहिए)।
साम्प्रतम् (अब)	साम्प्रतम् अपराह्णोजातः (अब शाम हो गयी है)।
स्थाने (न्यायतः, यह सर्वथा उचित ही है)	स्थाने तपो दुश्चरमेतदर्थमपर्णया पेलवयापि तप्तम् (यह सर्वथा उचित ही है कि कोमलांगी होते हुए भी अपर्णा ने उन (शीव जी) के लिए बहुत ही कठिन तपस्या की)।
अस्थाने (अनुपयुक्त, अनवसर)	अस्थाने द्वयोरपि प्रयत्नः (दोनों का प्रयत्न अनवसर अथवा अनुपयुक्त था)।
*हंत (क–हर्ष, आश्चर्य ख–अनुकम्पा, देख, ग–विषाद सूचक, घ–वाक्यारम्भ)	(क) हंत प्रवृत्तं संगीतकम् (अरे, संगीत आरम्भ हो गया)।
	(ख) हंत ते धानाकाः (हे पुत्र खेद है कि तुम्हारे पास केवल धानाक है)।
	(ग) हंत धिङ् मामधन्यम् (हाय मुझ अभागे को धिक्कार है)।
	(घ) हत ते कथयिष्यामि (अच्छा, अब मैं आप से कहूंगा)।
†हा (शोक, विषाद, आश्चर्य, विस्मय)	हा हादेवि स्फुटति हृदयम् (हाय देवी, मेरा हृदय विदीर्ण हो रहा है)।
	हाकथं महाराजदशरथस्य धर्मदाराः प्रिय सखी मे कौसल्या (ओहो, यह तो वस्तुतः महाराज दशरथ की धर्मपत्नी मेरी प्रिय सखी कौसल्या है)।
हि (क–क्योंकि ख–वस्तुतः, सत्यतः, ग–स्फुटार्थ, च–केवल, अकेला, ङ–अलंकार के रूप में)	(क) अग्निरिहास्ति धूमो हि दृश्यते (यहाँ आग है, क्योंकि धुआँ दिखाई पड़ता है)।
	(ख) देव, प्रयोगप्रधान हि नाट्यशास्त्रं किमत्र वाग्व्यवहारेण (महाराज, नाट्यशास्त्र में वस्तुतः प्रयोग ही प्रधान वस्तु होता है, इस विषय में मौखिक वाद-विवाद से क्या लाभ)!

*हन्त हर्षेऽनुकम्पाया वाक्यारम्भविषादयोः (अ०)
†हा इति विस्मयविषादजुगुप्सार्तिषु। (ग० म०)

(ग) प्रजानामिव भूत्यर्थं स ताभ्यो बलिमग्रहीत्। सहस्रगुणमुत्स्रष्टुमादत्ते हि रसं रविः ॥ (वह केवल प्रजाओं का हित करने के लिए उनसे कर लेता था, जैसे सूर्यदेव जल को हजार गुना बढ़ा कर लौटालने के लिए ही जल को पीते हैं)।

(घ) मूढा हि मदनेनाभास्यते (केवल मूर्ख पुरुष कामदेव से सताया जाता है)।

हिन्दी मे अनुवाद करो—

१—हा कथ सीतादेव्या ईदृश जनापवाद देवस्य कथयिष्यामि। अथवा नियोगः खल्वीदृशो मन्दभाग्यस्य (उत्तर०)

२—अपि ज्ञायते कतमेन दिग्भागेन गतः स जाल्मः। (वक्रो०)

३—अप्यग्रणीर्मन्त्रकृताम् ऋषीणा कुशाग्रबुद्धे कुशली गुरुस्ते। (रघु०)

४—भर्तृदारिके आर्यायाः पण्डितकौशिक्या इव स्वरसयोगः श्रूयते। (मालविका०)

५—सखे करटक किमित्ययमुदकार्थी स्वामी पानीयमपीत्वा सचकितो मन्द मन्द-मवतिष्ठते। (हितो०)

६—सीता—एते चत्वारो भ्रातरो विवाहदीक्षिता यूयम्। अहो जाने तस्मिन्नेव प्रदेशे तस्मिन्नेव काले वर्तें इति। रामः—एवम्।

७—लिंपतीव तमोऽङ्गानि वर्षतीवाजन नभः।
असत्पुरुषसेवेव दृष्टिर्विफलता गता ॥ मृच्छ०।

८—का कथा बाणसन्धाने ज्याशब्देनैव दूरतः।
हुंकारेणैव धनुषः स हि विघ्नानपोहति ॥ शा०।

९—सर्वोपमाद्रव्यसमुच्चयेन यथा प्रदेशं विनिवेशितेन।
सा निर्मिता विश्वसृजा प्रयत्नादेकस्थसौन्दर्यदिदृक्षयेव ॥

१०—विकार खलु परमार्थतोऽज्ञात्वाऽनारम्भः प्रतीकारस्य। शा०।

११—कच्चिदेतच्छ्रुतं पार्थ त्वयैकाग्रेण चेतसा।
कच्चिदज्ञानसम्मोहः प्रनष्टस्ते धनजय ॥ श्रीमद्गी०।

१२—न केवल तद्गुरुरेकपार्थिवः क्षितावभूदेकधनुर्धरोऽपि सः ॥ रघु०।

१३—रघुमेव निवृत्तयौवन तममन्यन्त नवेश्वर प्रजाः।
स हि तस्य न केवला श्रिय प्रतिपेदे सकलान्गुणानपि ॥ रघु०।

१४—तद्यदि नातिखेदकरमिव ततः कथनेनात्मानमनुग्राह्यमिच्छामि। काद०।

१५—तात लतामगिनीं वनज्योत्स्ना तावदामन्त्रयिष्ये। शा०।

१६—न जातु कामः कामानामुपभोगेन शाम्यति।
हविषा कृष्णवर्त्मेव भूय एवाभिवर्द्धते ॥ मनु०।

१७—अनियन्त्रणानुयोगो नाम तपस्विजनः। शा०।

१८—इमं ललनाजनं सृजता विधात्रा नूनमेषा गुणान्तरन्यायेन निर्मिता, नोचेदब्जभूरेवंविधनिर्माणनिपुणो यदि स्यात्तर्हि....।
१९—यदि गर्जति वारिधरो गर्जतु तन्नाम निष्ठुराः पुरुषाः। अयि विद्युत्प्रमदाना त्वमपि च दुःखं न जानासि ॥ मृच्छ०।
२०—पुण्यभाजः खल्वमी मुनयो यदहर्निशमेनं भगवन्तं पुण्याः कथाः शृण्वन्तः समुपासते। काद०।
२१—यथा यथेयं चपला दीप्यते तथा तथा दीपशिखेव कज्जलमलिनमेव कर्म केवलमुद्गमति। काद०।
२२—बहुवल्लभा राजानः श्रूयन्ते। तत्र यथा नौ प्रियसखी बन्धुजनशोचनीया न भवति तथा निर्वाहय। शाकु०।
२३—चन्द्रापीडः प्रातरेव किंवदन्तीं शुश्राव। यथा किल दण्डपुरीं यावत् परागतः स्कन्धावार इति। काद०।
२४—हन्त भोः शकुतला पतिकुलं विसृज्य लब्धमिदानीं स्वास्थ्यम्। शा०।
२५—स्थाने खलु प्रत्यादेशविमानिताप्यस्य कृते शकुतला क्लाम्यति। शा०।
२६—तदेषा भवतः कान्ता त्वजैना वा गृहाण वा। उपपन्ना हि दारेषु प्रभुता सर्वतोमुखी ॥ शा०।
२७—सेवा लाघवकारिणीं कृतधियः स्थाने श्ववृत्तिं विदुः। मुद्रा०।
२८—शिशुत्वं स्त्रैणं वा भवतु ननु वद्यासि जगतां गुणाः पूजास्थानं गुणिषु न च लिंगं न च वयः। उत्तर०।
२९—स्थाने भवानेकनराधिपः सन्किंचनत्वं मखजं बिभर्ति। पर्यायपीतस्य सुरैर्हिमांशोः कलाक्षयः श्लाघ्यतरो हि वृद्धेः ॥ रघु०।
३०—कुसुमान्यपि गात्रसंगमात्प्रभवंत्यायुरपोहितुं यदि। न भविष्यति हन्त साधनं किमिवान्यत्प्रहरिष्यतो विधेः ॥ रघु०।
३१—स्वसुखनिरभिलाषः खिद्यते लोकहेतोः प्रतिदिनमथवा ते वृत्तिरेव विधैय। अनुभवति हि मूर्ध्ना पादपस्तीव्रमुष्णं शमयति परितापं छायया संश्रितानाम् ॥
३२—व्यतिषजति पदार्थानान्तरः कोऽपि हेतुर्न खलु बहिरुपाधीन्प्रीतयः संश्रयन्ते। विकसति हि पतंगस्योदये पुण्डरीकं द्रवति च हिमरश्मावुद्गते चन्द्रकान्तः।

संस्कृत में अनुवाद करो

१—आहा इस रमणीक उद्यान की क्या सुन्दर शोभा है।
२—जिस छात्र के विषय में मैं कह रहा हूँ वह बड़ा कुशाग्रबुद्धि है।
३—क्या यह सम्भव है कि उसकी आकांक्षाएँ पूर्ण हों।
४—मूर्ख का भी अपमान न किया जाना चाहिए, विद्वान् की तो बात ही क्या!
५—अभीष्ट मनोरथ की सिद्धि में अनेक विघ्न पड़ते हैं।

६—मैं नहीं जानता कि अब मुझे क्या करना चाहिए—मुझे यहाँ रहना चाहिए या यहाँ से चला जाना चाहिए।

७—चालिस दिनों से अनशन करने के कारण वह मरणासन्न हो गया।

८—समस्त संसार मुझे निर्बल समझता है, क्योंकि मैं किसी का अहित नहीं करता।

९—कहा जाता है कि हम लोगों की अनवधानता के कारण राजा हम लोगों से रुष्ट हो गये हैं।

१०—मैं आशा करता हूँ कि आप लोगों की तपस्याएँ निर्विघ्न चल रही हैं।

११—वस्तुतः मुझे ज्ञात नहीं कि मैंने इससे विवाह किया था, किन्तु इसे देखकर मेरे हृदय पर बड़ा प्रभाव पड़ा है।

१२—यही नहीं कि लोग मुझे घृणा नहीं करते, अपितु लोग मुझे भोजन भी कराते हैं।

१३—केवल एक बार देखे हुए व्यक्ति को मैं कभी भूल नहीं सकता, फिर पुराने मित्र को कैसे भूल सकता हूँ।

१४—कहाँ तो प्रकृत्या अपरिमेय राजाओं के कार्य और कहाँ स्वल्प ज्ञान वाले मुझ जैसे व्यक्ति।

१५—माना कि आप में सभी उत्तम गुण विद्यमान हैं, तथापि आपको उपदेश देना मैं अपना कर्त्तव्य समझता हूँ।

१६—अपने मधुर वचनों से इस प्रकार ठगकर क्या अब मुझे त्याग कर तुम लजाते नहीं हो?

१७—सोमेश्वर शर्मा के पास जाओ और उससे पूछो कि तुम इतनी देर क्यों रुक गये, तब तक मैं दूसरे ब्राह्मणों को बुला लाता हूँ।

१८—यदि यह हो जाय तो आप स्वयं ही निर्विघ्न अपना कार्य करते चलेंगे और हम लोग भी अपना-अपना कार्य कर सकेंगे।

१९—जो लोग धर्मानुकूल आचरण करते हैं और परोपकार में लगे रहते हैं वे ही परमात्मा की कृपा के पात्र होते हैं।

२०—मैं वाराणसी से छः रेशमी वस्त्र, दो चाँदी के पात्र और अनेक उपयोगी वस्तुएँ लाया हूँ।

२१—ज्योंही मैंने घर की देहरी पर पाँव रखा त्योंही तीन आदमी मुझ पर झपट पड़े और मुझे बन्दी बनाकर ले गये।

२२—मणिपुर नामक नगर में धनमित्र नामक वणिक् रहता था।

२३—क्या यह सचा बाघ हो सकता है या बाघ का चमड़ा पहने हुए कोई दूसरा जानवर है?

२४—कौन ऐसा होगा जो अपने ही हाथों अपने सिर पर विपत्ति लाने की चेष्टा करेगा?

२५—तुम कहते हो कि रुपया खर्च करने में देवदत्त बहुत ही अपव्ययी है। क्यों, तुम स्वयं ही उससे इस बात में तथा अन्य बहुत-सी बातों में मिलते जुलते हो।

२६—अभीष्ट मनोरथ की सिद्धि पर आप सब लोगों को बधाई देता हूँ।

२७—भगवान् को धन्यवाद है कि दीर्घकालिक वियोग के बाद तू फिर मुझसे देखा जाता है।

२८—मित्र बहुत जल्द मेरे जालों को काट कर मुझे बचाओ, क्योंकि यह सच ही कहा गया है कि विपत्ति मित्रता की कसौटी है।

२९—जिस जगह से तुम आये हो क्या वह जगह प्रचुर अन्न से युक्त है?

३०—कन्या सम्बन्धी मामलों में गृहस्थ लोग प्रायः अपनी पत्नियों के नेत्रों से देखते हैं।

३१—मैं स्वामी की आज्ञा पालन करने के लिए जा रहा हूँ, पर तुम कहाँ जा रहे हो?

३२—मैं इस विषय में कुछ भी बोलना उचित नहीं समझता, क्योंकि मैं इसके विवरण से परिचित नहीं हूँ।

३३—इस प्रकार लकड़हारे ने अपना प्राण और धन बचाया, पर पिशाच पूरे बारह वर्ष काम में लगा रहा।

३४—मैं जितना ही अधिक इस संसार के बारे में सोचता हूँ उतना ही मेरा मन इससे विरक्त हो जाता है।

३५—मैं आशा करता हूँ कि आप यहाँ तब तक ठहरे रहेंगे जब तक सोहन अपनी तीर्थ यात्रा से लौट नहीं आयेगा।

३६—रावण ने अपनी तपस्या द्वारा शंकर जी को ऐसा प्रसन्न कर लिया कि उन्होंने उसे कई वरदान दिये।

३७—क्या तुम नहीं जानते कि सभी मांसाहारी पशुओं के पंजे होते हैं (यावत् तावत्)।

३८—शूरता में वह भीम के समान है पर हृदय की दुष्टता में वह निर्दय से निर्दय राक्षस को भी मात करता है।

३९—या तो वह या उसके दोनों भाई इसे करने में समर्थ हैं, परन्तु अन्य कोई भी व्यक्ति नहीं।

४०—सचमुच दूसरों का प्राण बचाने के लिए इस उदारचित्त पुरुष के अतिरिक्त और कौन अपने प्राणों को संकट में डालेगा।

४१—ओ हो, इस पुरुष की आकृति कैसी प्रसन्न है।

४२—मैं सभी देवताओं को समान श्रद्धा से पूजता हूँ, चाहे वे हिन्दुओं के हों चाहे मुसलमानों के।

क्रिया विशेषण—भिन्नता करनेवाला या भेदक विशेषण होता है। क्रिया में भिन्नता लानेवाले को ही क्रिया विशेषण कहते हैं। क्रिया विशेषण नपुंसक लिङ्ग की द्वितीया विभक्ति के एक वचन में प्रयुक्त होते हैं, यथा—

(१) तदा नेहरूमहोदयः सभाया देशभक्तिविषयं सविस्तरं *विशद च व्याख्यात् (उस दिन सभा में पण्डित नेहरू ने देशभक्ति के विषय पर विस्तार और स्पष्टता से भाषण किया)।

(२) सुखमास्ताम्, तपोवन ह्यतिथिजनस्य स्व गेहम् (आप आराम से बैठिए, तपोवन तो अतिथियों का अपना घर होता है)।

(३) साधु †पुत्र साधु रक्षित त्वया कालुष्यात्कुलयशः (शाबास, पुत्र शाबास तूने अपने कुल को बट्टा नहीं लगने दिया)।

(४) इतो हस्तदक्षिणोऽवक्र गच्छ क्षिप्र विधानभवनमासादयिष्यसि (आप यहाँ से सीधे दाहिने हाथ जायँ, आप थोड़ी देर में काउन्सिल हाउस मे पहुँच जायँगे)।

(५) साग्रह, सप्रश्रय चात्रभवन्त प्रार्थयेऽत्रभवानत्ययेऽस्मिन्ममाभ्युपपत्तिं सम्पादयतु (मैं आप से आग्रह पूर्वक और नम्रता से प्रार्थना करता हू कि आप इस संकट मे मेरी सहायता करें)।

संस्कृत में अनुवाद करो

१—पहले हम दोनों एक दूसरे से समान रूप से मिलते थे, अब आप अफसर हैं और मैं आपके अधीन कर्मचारी। २—शिशु बहुत ही डर गया है, अभीतक होश में नहीं आया है। ३—हे मित्र यह बात हसी में कही गयी है, इसे सच करके न जानिए। ४—दूर तक देखो, निकट में ही दृष्टि मत रखो, परलोक को देखो, इस लोक को ही नहीं। ५—उसने यह पाप इच्छा से किया था, अतः आचार्य ने उसे त्याग दिया। ६—उसने मुझे जबर्दस्ती खींचा और पीछे धकेल दिया। ७—मैं बड़ी चाह से अपने भाई के घर लौटने की प्रतीक्षा कर रहा हूँ। ८—नारद इच्छा से त्रिलोकी में घूमता था और सभी वृत्तान्त जानता था। ९—वह अटक अटक कर बोलता है, उसकी वाणी में यह स्वाभाविक दोष है। १०—तपोवन में स्थान विशेष के कारण विश्वास में आये हुए हिरन निर्भय होकर घूमते फिरते हैं।

---

*'सविस्तारम्' अशुद्ध है। विस्तार (पुं०) वस्तुओं की चौड़ाई को कहते हैं।

†साधु कृतम् से वाक्य की पूर्ति होती है।

१—अब आप अफसर·····ईश्वरो भवान्, अहं चाधिष्ठितो नियोज्यः। २—बहुत ही—बलवत्। ३—परिहासविजल्पितं सखे परमार्थेन न गृह्यता वचः। ४—दीर्घं पश्यत मा ह्रस्वं, परं पश्यत माऽपरम्। ५—इच्छा से—कामेन। ६—जबर्दस्ती—हठात्, पीछे धकेल दिया—पृष्ठतः प्राणुदत्। ७—बड़ी चाह से—सोत्कण्ठम्, भाई के घर····प्रतीक्षा कर रहा हूँ—गृहं प्रति भ्रातुः प्रत्यावृत्तिं सोत्कण्ठं प्रतीक्षे। ८—अपनी इच्छा से—स्वैरम्। ९—अटक—अटक कर—स्खलिताक्षरम् (सगद्गदम्)। १०—विस्रब्धं हरिणाश्चरन्त्यचकिता देशागतप्रत्ययाः।

कारक-प्रकरण

प्रथमा

कर्त्ता—ने

पिछले पृष्ठों में हम लिख चुके हैं कि संज्ञाओं की सात विभक्तियाँ होती हैं। पीछे सर्वनामों एवं विशेषणों पर विचार करते समय हम लिख आये कि संज्ञा की भाँति विशेषण तथा सर्वनाम की भी सात विभक्तियाँ होती हैं।

इस प्रकरण में यह बताया जा रहा है कि क्रिया के सम्पादन में जिन शब्दों का उपयोग होता है उन्हें कारक कहते हैं। उदाहरणार्थ—'प्रयाग में महाराज हर्ष ने अपने हाथ से हजारों रुपये ब्राह्मणों को दान दिये।' इस वाक्य में दान क्रिया के सम्पादन के लिए जिन-जिन वस्तुओं का (शब्दों का) उपयोग हुआ है वे 'कारक' कहलायेंगी। दान की क्रिया किसी स्थान पर हो सकती है, यहाँ प्रयाग में हुई, अतः 'प्रयाग' कारक हुआ। इस क्रिया के करने वाले हर्ष थे, अतः हर्ष कारक हुए। यह क्रिया हाथ से सम्पादित हुई, अतः 'हाथ' कारक हुआ। रुपये दिये गये, अतः रुपये कारक हुए और ब्राह्मणों को दिये गये, अतः 'ब्राह्मण' कारक हुए। इस प्रकार क्रिया के सम्पादन के लिए छः सम्बन्ध स्थापित हुए—

क्रिया का करने वाला (सम्पादक)—कर्त्ता
क्रिया का कर्म—कर्म
क्रिया का सम्पादन जिसके द्वारा हो—करण
क्रिया जिसके लिए हो—सम्प्रदान
क्रिया जिससे दूर हो—अपादान
क्रिया जिस स्थान पर हो—अधिकरण

इस प्रकार कर्त्ता, कर्म, करण, सम्प्रदान, अपादान, और अधिकरण ये छः कारक* हैं। इन्हीं कारकों के चिह्न विभक्तियाँ कहलाती हैं।

'कारक' वही कहलाता है जिसका क्रिया के साथ सीधा सम्बन्ध हो। 'राम के पुत्र लव ने अश्वमेध के घोड़े को पकड़ा।' इस वाक्य में 'पकड़ने' की क्रिया लव और घोड़े से है, क्योंकि पकड़ने वाला 'लव' और पकड़ा जानेवाला 'घोड़ा' है; राम और अश्वमेध का 'पकड़ने' की क्रिया से कोई सम्बन्ध नहीं, अतः राम को और अश्वमेध को कारक नहीं कहेंगे। राम का सम्बन्ध लव से है और अश्वमेध का घोड़े से, किन्तु क्रिया के सम्पादन में इनका (राम का तथा अश्वमेध का) कोई उपयोग नहीं होता।

---

* कर्त्ता कर्म च करणं च सम्प्रदानं तथैव च।
अपादानाधिकरणे इत्याहुः कारकाणि षट्॥

प्रथमा

प्रातिपदिकार्थलिङ्गपरिमाणवचनमात्रे च प्रथमा ।२।३।४६। प्रथमा विभक्ति का उपयोग केवल शब्द का अर्थ बतलाने के लिए अथवा केवल लिङ्ग बतलाने के लिए अथवा परिमाण या वचन बतलाने के लिए होता है।

प्रातिपदिक का अर्थ है 'शब्द' और प्रत्येक शब्द का कुछ नियत अर्थ होता है, किन्तु संस्कृत वैयाकरण जब तक किसी शब्द में कोई प्रत्यय जोड़कर (सुप्तिङन्त पदम्) न बना लें तब तक उसका कुछ अर्थ नहीं समझते। अतः जब किसी शब्द का कोई अर्थ निकालना हो तो उस शब्द में प्रथमा विभक्ति लगाते हैं। 'गोविन्द' का उच्चारण निरर्थक होगा, किन्तु यदि 'गोविन्दः' कहें तो 'गोविन्द' शब्द का अर्थ होगा। इसी कारण संज्ञा, विशेषण, सर्वनाम में ही नहीं, अपितु अव्यय शब्दों तक में भी संस्कृत के विद्वान् प्रथमा लगाते हैं, जैसे—उच्चैः नीचैः आदि। यदि न लगावें तो उन अव्ययों का अर्थ न समझा जाय।

लिङ्ग का अर्थ ऐसे शब्दों से है जिनमें लिङ्ग नहीं होता (जैसे—उच्चैः, नीचैः आदि अव्यय) और ऐसे शब्द जिनका लिङ्ग नियत है (जैसे वृक्षः पुल्लिङ्ग, फलम् नपुंसकलिङ्ग, या लता स्त्रीलिङ्ग) इनको छोड़कर शेष शब्दों के अर्थ और लिङ्ग दोनों प्रथमा विभक्ति के द्वारा ही जाने जाते हैं। उदाहरणार्थ—तटः, तटी, तटम्—इन शब्दों में 'तट' से ज्ञात होता है कि यह शब्द पुँल्लिङ्ग में है और इसका अर्थ 'किनारा' है।

केवल परिमाण, जैसे सेरों गोधूमः (एक सेर गेहूँ) यहाँ प्रथमा विभक्ति से सेर का नाप विदित होता है।

केवल वचन (संख्या) जैसे एकः, द्वौ, बहवः।

सम्बोधने च ।२।३।४७।

सम्बोधन में भी प्रथमा विभक्ति का उपयोग होता है, जैसे—छात्राः (हे विद्यार्थियो), बालिके (हे लड़कियो) आदि।

कर्त्ता और क्रिया का समन्वय

जिस व्यक्ति या वस्तु के विषय में कुछ कहा जाता है उसे वाक्य का कर्त्ता कहते हैं और वह प्रथमा विभक्ति में रखा जाता है। क्रिया का पुरुष तथा वचन कर्त्ता के अनुसार होता है, अर्थात् जिस पुरुष और वचन का कर्त्ता होगा उसी पुरुष और वचन की क्रिया भी होगी, जैसे—'अस्ति भारतवर्षे राष्ट्रपतिः श्रीराजेन्द्रप्रसादः' (भारतवर्ष में राष्ट्रपति श्री राजेन्द्रप्रसाद हैं)। 'साधयामो वयम्' (हम लोग जाते हैं)।

वाक्य में जब दो या दो से अधिक कर्ता हों और वे 'च' (और) से जोड़ दिये जाते हैं तब क्रिया कर्त्ताओं के समुच्चय वचन के अनुसार होती है, यथा—तयोर्जग्रिहतुः पादान् राजा राज्ञी च मागधी। (राजा और मागधी रानी ने उनके पाँव पकड़े।)

जब अनेक संज्ञाएँ पृथक् पृथक् समझी जाती हैं या वे सब एक साथ मिलकर एक विचार विशेष की द्योतक होती हैं तब क्रिया एक वचन की होती है, यथा—न मा त्रातुं तातः प्रभवति न चाम्बा न भवती। (मुझे न तो मेरे पिता बचा सकते हैं और न मेरी माता और न आप ही)। पटुत्वं सत्यवादित्वं कथायोगेन बुध्यते (पटुता और सत्यवादिता वार्तालाप से ज्ञात होती है।)

कभी कभी क्रिया समीपतम कर्ता के अनुसार होती है और शेष कर्ताओं के साथ समझ लिये जाने के लिए छोड़ दी जाती है, यथा—अहश्च रात्रिश्च उभे च सन्ध्ये धर्मोऽपि जानाति नरस्य वृत्तम्)। (दिन और रात, दोनों गोधूलियाँ और धर्म भी मनुष्य के कार्य को जानते हैं।)

जब वाक्य में कर्तृपद अथवा या वा द्वारा जुड़े होते हैं तो एक वचन की क्रिया आती, यथा—गोपालः कृष्णः जगदीशो वा गच्छतु। (गोपाल या कृष्ण या जगदीश जायें)। (शिशुत्वं स्त्रैणं वा भवतु ननु वन्द्यासि जगतः) (तुम चाहे शिशु हो और स्त्री हो, किन्तु जगत् की वन्दनीय हो।)

जब कर्त्ता भिन्न भिन्न वचन के कर्तृपदों से युक्त होता है तब क्रिया निकटतम कर्तृपद के अनुसार होती है, जैसे—ते वा अयं वा पारितोषिकं गृह्णातु (चाहे वे लोग चाहे यह व्यक्ति इनाम ले)।

जब भिन्न भिन्न पुरुषों के दो या दो से अधिक कर्तृपद 'च' (और) द्वारा जुड़े होते हैं तब क्रिया उनके संयुक्त वचन के अनुसार होती है, तथा उत्तम, मध्यम तथा प्रथम पुरुष के योग में उत्तमपुरुष की क्रिया होती है और मध्यम तथा प्रथम पुरुष के योग में मध्यम पुरुष की क्रिया होती है, यथा—

ते किङ्कराः अहञ्च श्वो ग्रामं प्रतिष्ठेमहि) (वे नौकर और मैं कल गाव को चल दूँगा।) (त्वञ्चाहञ्च पचावः—तू और मैं पकाता हूँ।) त्वञ्चैव सोमदत्तिश्च कर्णश्चैव तिष्ठत (तू और सोमदत्ति और कर्ण रहें)।

जब भिन्न २ पुरुषों के दो या दो से अधिक कर्तृपद 'वा' या 'अथवा' द्वारा जुड़े हों तब क्रिया का पुरुष और वचन निकटतम पद के अनुसार होता है यथा—स वा यूयं वा इदमकर्म अकुरुत (उसने अथवा तुम लोगों ने यह काम किया है)।

ते वा वयं वा इदं दुष्कर्म कार्यं सम्पादयितुं शक्नुमः।

(या तो वे लोग या हम लोग इस कठिन कार्य को कर सकते हैं)

जब दो या दो से अधिक कर्तृपद किसी संज्ञा या सर्वनाम के समानाधिकरण होते हैं तब क्रिया संख्या अथवा उपपद के अनुसार होती है, यथा—माता मित्रं पिता चेति स्वभावात् त्रितयं हितम् (माता, मित्र और पिता ये तीनों स्वभाव से ही हितैषी होते हैं)।

प्रथम अभ्यास

वर्तमानकाल (लट्)*

	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
प्र०पु०	पठति (वह पढता है)	पठतः (वे दो पढ़ते हैं)	पठन्ति (वे पढते हैं)
म०पु०	पठसि (तू पढ़ता है)	पठथः (तुम दो पढ़ते हो)	पठथ (तुम पढ़ते हो)
उ०पु०	पठामि (मैं पढ़ता हूँ)	पठावः (हम दो पढ़ते हैं)	पठामः (हम पढ़ते हैं)

संक्षिप्तरूप

प्र० पु०	(सः) अति	(तौ) अतः	(ते) अन्ति
म० पु०	(त्वम्) असि	(युवाम्) अथः	(यूयम्) अथ
उ० पु०	(अहम्) आमि	(आवाम्) आवः	(वयम्) आमः

इसी प्रकार कुछ भ्वादिगणीय धातुएँ

धातु	एकव०	द्वि०	बहुव०
भू (भव्)—होना	भवति	भवतः	भवन्ति
लिख्—लिखना	लिखति	लिखतः	लिखन्ति
वद्—बोलना	वदति	वदतः	वदन्ति
हस्—हँसना	हसति	हसतः	हसन्ति
धाव्—दौड़ना	धावति	धावतः	धावन्ति
रक्ष्—रक्षा करना	रक्षति	रक्षतः	रक्षन्ति
क्रीड्—खेलना	क्रीडति	क्रीडतः	क्रीडन्ति
गम्—जाना	गच्छति	गच्छतः	गच्छन्ति
आगम्—आना	आगच्छति	आगच्छतः	आगच्छन्ति
पत्—गिरना	पतति	पततः	पतन्ति
†नृत्—नाचना	नृत्यति	नृत्यतः	नृत्यन्ति

---

* (१) 'ति' 'सि' 'मि' और 'अन्ति' इनमें ह्रस्व 'इ' है, दीर्घ 'ई' कभी मत लिखो। इन चारों ह्रस्व इकारों के आगे कभी विसर्ग (:) भी मत रक्खो। (२) तीनों पुरुषों के द्विवचन मे 'तः' 'थः' 'वः' और 'मः के आगे विसर्ग अवश्य रक्खो, अन्यत्र नहीं। साराश यह है कि इन नौ वचनों मे चार के आगे विसर्ग है और चार ही ह्रस्व 'इ' विसर्ग (:) के बिना हैं।

† नृत् (नृत्त नाचना) दिवादिगणीय धातु है, तथापि क्योंकि इसके रूप भ्वादिगणीय धातुओं की भाँति चलते है, अतः इसे भ्वादिगणीय धातुओं के साथ रखा गया है।

संस्कृत-अनुवाद

इन वाक्यों को ध्यान से देखो—

(१) बालकः हसति (लड़का हँसता है।)
(२) यूयं कुत्र गच्छथ ? (तुम कहाँ जाते हो)
(३) आवाम् अत्र क्रीडावः (हम दो यहाँ खेलते हैं।)
(४) भवन्तः कथं न पठन्ति ? (आप क्यों नहीं पढ़ते हैं ?)

प्रथम वाक्य में 'हसति', क्रिया का कार्य 'बालकः' करता है, द्वितीय में 'गच्छथ' क्रिया का कार्य 'यूयम्' करता है, तृतीय में 'क्रीडावः' क्रिया का कार्य 'आवाम्' करता है और चतुर्थ वाक्य में 'पठन्ति' क्रिया का कार्य 'भवन्तः' करता है। ये चारों 'बालकः' यूयम्' 'आवाम्' और 'भवन्तः' कर्त्ता हैं, क्योंकि क्रिया के करनेवाले को कर्त्ता कहते हैं।

प्रथम वाक्य में 'हसति' क्रिया प्रथम पुरुष के एकवचन में है और उसका कर्त्ता 'बालकः' भी प्रथम पुरुष के एवचन में, द्वितीय वाक्य में 'गच्छथ' क्रिया मध्यम पुरुष के बहुवचन में है और उसका कर्त्ता 'यूयम्' भी मध्यम पुरुष के बहुवचन में है, तृतीय वाक्य में 'क्रीडावः' क्रिया उत्तम पुरुष के द्विवचन में है और उसका कर्त्ता 'आवाम्' भी उत्तम पुरुष के द्विवचनमें है, तथा चतुर्थ वाक्य में 'पठन्ति' क्रिया प्रथम पुरुष के बहुवचन में है और उसका कर्त्ता 'भवन्तः' भी प्रथम पुरुष के बहुवचन में है।

इसका निष्कर्ष यह निकला कि संस्कृत भाषा के अनुवाद करने में यदि कर्त्ता प्रथम पुरुष का हो तो क्रिया भी प्रथम पुरुष की और यदि कर्त्ता मध्यम पुरुष का हो तो क्रिया भी मध्यम पुरुष की और कर्त्ता उत्तम पुरुष का हो तो क्रिया भी उत्तम पुरुष की होती है। इसके अतिरिक्त यदि कर्त्ता एकवचन में होता है तो क्रिया भी एक वचन में और कर्त्ता द्विवचन में होता है तो क्रिया भी द्विवचन में और कर्त्ता बहुवचन में होता है तो क्रिया भी बहुवचन में होती है। परन्तु भवान् (आप), भवन्तौ (आप दो), भवन्तः (आप सब) के साथ क्रिया मध्यम पुरुष की नहीं लगती, जैसे कि त्वम्-युवाम् यूयम् के साथ लगती है। अतः 'भवान् गच्छसि' अशुद्ध है, 'भवान् गच्छति' ही शुद्ध वाक्य है। इसी प्रकार 'भवन्तौ गच्छतः भवन्तः गच्छन्ति' शुद्ध हैं।

"बालकः हसति" इसी वाक्य को हम 'हसति बालकः' भी लिख या बोल सकते हैं। यह प्रणाली संस्कृत भाषा की अपनी विशेषता है, क्योंकि इसमें विकारी शब्दों का बाहुल्य है। अँगरेजी भाषा के वाक्य में पहले कर्त्ता फिर क्रिया और अन्त में कर्म आता है और हिन्दी में पहले कर्त्ता, फिर कर्म और अन्त में क्रिया आती है, किन्तु संस्कृत में कर्त्ता, कर्म और क्रिया आगे पीछे भी रखे जा सकते हैं, यथा—

भवान् कुत्र गच्छति ? (आप कहाँ जाते हैं), अथवा कुत्र गच्छति भवान् ?

इन वाक्यों मे क्रिया कर्त्ता का अनुसरण करती है, अर्थात् कर्त्ता के अनुसार है, अतः इन वाक्यों को कर्तृवाच्य कहते हैं।

कर्तृवाच्य में कर्त्ता (व्यक्ति का नाम या किसी वस्तु का नाम) में प्रथमा विभक्ति होती है और कर्म वाच्य में कर्म में प्रथमा विभक्ति होती है, जैसे ऊपर के उदाहरणों में है, यथा—बालकः हसति। भगान् गच्छति। देवेन पाठः पठ्यते।

संस्कृत में अनुवाद करो।

(क) १—गोपाल खेलता है। २—शकुन्तला हँसती है। ३—केशव धीरे-धीरे लिखता है। ४—बन्दर (वानराः) दौड़ते हैं। ५—हाथी (गजाः) यहाँ आते हैं। ६—घोड़े (अश्वाः) कहाँ जाते हैं? ७—पत्ते (पत्राणि) और फल गिरते हैं। ८—सुशीला क्या पढ़ती है? ९—रमेश और सुरेश खेलते हैं। १०—लड़के आते हैं और लड़कियाँ जाती हैं।

(ख) ११—वह जोर से (उच्चैः) हँसता है। १२—वे कहाँ जाते हैं? १३—तू कहाँ जाता है? १४—आप (भवन्तः) क्यों हँसते हैं? १५—तुम कहाँ जाते हो? १६—हम यहाँ नहीं खेल रहे हैं। १७—तुम इस प्रकार क्यों दौड़ते हो? १८—तुम दो क्यों नहीं खेलते हो? १९—वे अब क्यों नहीं पढते हैं? २०—मैं इस समय नहीं खेलता हूँ। २१—वे अवश्य पढते हैं। २२—हम सब अलग-अलग (पृथक्) पढते हैं। २३—वह वैसे ही नाचती है। २४—आप यहाँ क्यों नहीं आते हैं? २५—तुम सब पढ़कर (पठित्वा) खेलते हो।

द्वितीय अभ्यास

अनद्यतन भूतकाल (लङ्) *

	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
प्र०पु०	अपठत् (उसने पढ़ा)	अपठताम् (उन दोने पढ़ा)	अपठन् (उन्होंने पढ़ा)
म०पु०	अपठः (तूने पढा)	अपठतम् (तुम दोने पढ़ा)	अपठत (तुमने पढ़ा)
उ०पु०	अपठम् (मैंने पढ़ा)	अपठाव (हम दोने पढ़ा)	अपठाम (हमने पढ़ा)

संक्षिप्त रूप

	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
प्र० पु०	(सः) अत्	(तौ) अताम्	(ते) अन्
म० पु०	(त्वम्) अः	(युवाम्) अतम्	(यूयम्) अत
उ० पु०	(अहम्) अम्	(आवाम्) आव	(वयम्) आम

---

* अनद्यतन भूत (लङ्) में केवल मध्यम पुरुष के एक वचन में विसर्ग (:) होता है, और कहीं नहीं। हल् अक्षरों का पाँच स्थानों पर ध्यान रखो, जैसे—'अपठत्' में त् हलन्त अक्षर है।

इसी प्रकार

धातु	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
लिख्—लिखना	अलिखत्	अलिखताम्	अलिखन्
वद्—कहना	अवदत्	अवदताम्	अवदन्
हस्—हँसना	अहसत्	अहसताम्	अहसन्
धाव्—दौड़ना	अधावत्	अधावताम्	अधावन्
रक्ष्-रक्षा करना	अरक्षत्	अरक्षताम्	अरक्षन्
क्रीड्—खेलना	अक्रीडत्	अक्रीडताम्	अक्रीडन्
गम्—जाना	अगच्छत्	अगच्छताम्	अगच्छन्
आगम्—आना	आगच्छत्	आगच्छताम्	आगच्छन्
पत्—गिरना	अपतत्	अपतताम्	अपतन्
नृत्—नाचना	अनृत्यत्	अनृत्यताम्	अनृत्यन्
भू (भव्)—होना	अभवत्	अभवताम्	अभवन्

भूतकाल—संस्कृत भाषा में भूतकाल सूचक तीन लकार हैं—लिट् (परोक्षभूत), लङ् (अनद्यतन भूत) और लुङ् (सामान्य भूत)। संस्कृत व्याकरण में इन तीनों में अन्तर माना गया है। परोक्षभूत अर्थात् वह बात जो आँख के सामने की न हो, एक प्रकार से ऐतिहासिक हो उसमें लिट् होता है, जैसे—'रामो राजा बभूव' (राम राजा हुए)। अनद्यतन भूत जो बात आज की न हो, पिछले दिन की हो, उसमें लङ् होता है, जैसे—'देवदत्तः ह्यः काशीमगच्छत्' (देवदत्त कल काशी गया)। इस प्रकार व्याकरण की दृष्टि से 'रमा अद्य प्रातः पुस्तकमपठत्' (रमा ने आज सुबह पुस्तक पढ़ी) अशुद्ध वाक्य होता और इस वाक्य के स्थान में शुद्ध वाक्य 'रमा अद्य प्रातः पुस्तकमपाठीत्' होना चाहिए था, किन्तु व्यवहार में यह भेद नहीं रह गया है और लङ् एवं लुङ् का किसी भेद के बिना प्रयोग किया जा रहा है, बल्कि लङ् का भूतकाल में प्रायः प्रयोग होता है।

भूतकाल के लिए 'लङ्' का प्रयोग करते समय छात्र प्रायः भूल करते हैं। वे 'उसने पढ़ा' का अनुवाद 'तेन अपठत्' कर देते हैं। यहाँ पर 'उसने' का अनुवाद 'सः' होगा, क्योंकि प्रथमा विभक्ति का अर्थ भी 'ने' है, अतः इस वाक्य का अनुवाद 'सः अपठत्' होगा। उदाहरणार्थ—

१—शीला अपठत् (शीला ने पढ़ा) २—तौ अवदताम् (उन दोनों ने कहा) ३—ते अहसन् (वे हँसे)। ४—अहम् अधावम् (मैं दौड़ा)। ५—युवाम् अक्रीडतम् (तुम दो खेले)।

संस्कृत में अनुवाद करो।

(क) १—बन्दर आया। २—लड़के दौड़े। ३—रमेश ने आज नहीं पढ़ा। ४—सोहन और श्याम वहाँ खेले। ५—गोपाल यहाँ क्यों नहीं आया? ६—

देवेन्द्र कहा खेला ? ७—पिताजी कल आये। ८—तुम नहीं हँसे। ९—इस समय सोहन कहाँ गया ? १०—कमला ने कल क्यों नहीं पढ़ा ? ११—हाथी और घोड़े दौड़े। १२—छात्रों ने क्यों नहीं पढ़ा ? १३—ईश्वर ने रक्षा की। १४—गुरु जी क्यों हँसे ? १५—साधु ने क्या कहा ?

(ख) १६—वह क्यों नहीं खेले ? १७—तुम क्यों हँसे ? १८—तूने क्या क्या कहा ? १९—हमने कुछ नहीं (किमपि न) पढ़ा। २०—तूने ऐसा क्यों लिखा ? २१—शीला नहीं नाची। २२—वे दो कहाँ गये ? २३—वे क्यों हँसे ? २४—तुमने क्या पढ़ा ? २५—क्या वह हँसी थी ?

तृतीय अभ्यास

सामान्य भविष्यत् (लृट्)

	एकव०	द्विव०	बहुव०
प्र० पु०	पठिष्यति (वह पढ़ेगा)	पठिष्यतः (वे दो पढ़ेंगे)	पठिष्यन्ति (वे पढ़ेंगे)
म० पु०	पठिष्यसि (तू पढ़ेगा)	पठिष्यथः (तुम दो पढ़ोगे)	पठिष्यथ (तुम पढ़ोगे)
उ० पु०	पठिष्यामि (मैं पढ़ूगा)	पठिष्यावः (हम दो पढ़ेंगे)	पठिष्यामः (हम पढ़ेंगे)

संक्षिप्त रूप

प्र० पु०	(सः)	इष्यति	(तौ)	इष्यतः	(ते) इष्यन्ति
म० पु०	(त्वम्)	इष्यसि	(युवाम्)	इष्यथः	(यूयम्) इष्यथ
उ० पु०	(अहम्)	इष्यामि	(आवाम्)	इष्यावः	(वयम्) इष्यामः

इसी प्रकार—

धातु	एकव०	द्विव०	बहुव०
लिख्—लिखना	लेखिष्यति	लेखिष्यतः	लेखिष्यन्ति
वद्—कहना	वदिष्यति	वदिष्यतः	वदिष्यन्ति
हस्—हँसना	हसिष्यति	हसिष्यतः	हसिष्यन्ति
धाव्—दौड़ना	धाविष्यति	धाविष्यतः	धाविष्यन्ति
रक्ष्—रक्षा करना	रक्षिष्यति	रक्षिष्यतः	रक्षिष्यन्ति
क्रीड्—खेलना	क्रीडिष्यति	क्रीडिष्यतः	क्रीडिष्यन्ति
गम्—जाना	गमिष्यति	गमिष्यतः	गमिष्यन्ति
आगम्—आना	आगमिष्यति	आगमिष्यतः	आगमिष्यन्ति
पत्—गिरना	पतिष्यति	पतिष्यतः	पतिष्यन्ति
नृत्—नाचना	नर्तिष्यति	नर्तिष्यतः	नर्तिष्यन्ति
भू [भव्]—होना	भविष्यति	भविष्यतः	भविष्यन्ति

भविष्यत् काल—भविष्यत् काल के सूचक दो लकार हैं—लृट् (सामान्य भविष्य) और लुट् (अनद्यतन भविष्य)। परन्तु यह अन्तर भी व्यवहार में नहीं रह

गया है। लुट् का प्रयोग बहुत कम देखने में आता है, केवल लुट् का ही प्रयोग होता है।

लृट् बनाने का सरल ढंग यह है कि शुद्ध धातु पर 'इ'* लगाकर आगे 'ष्य' रखो और फिर वर्तमान काल की भाँति 'ति' 'तः' 'न्ति' आदि प्रत्यय जोड़ दो।

उदाहरणार्थ—

१. देवः पठिष्यति (देव पढ़ेगा)। २. वानरा धाविष्यन्ति (वानर दौड़ेंगे)। ३. पत्राणि पतिष्यन्ति (पत्ते गिरेंगे)। ४. त्वं कदा गमिष्यसि ? (तू कब जाएगा ?) ५. वयं क्रीडिष्यामः (हम खेलेंगे।) ६. के लेखिष्यतः (कौन दो लिखेंगी) ?

संस्कृत में अनुवाद करो

(४) १—गोविन्द कल आयेगा। २—श्यामा यहाँ नाचेगी। ३—हरि कल वहाँ दौड़ेगा। ४—घोड़े नहीं दौड़ेंगे। ५—लड़कियाँ जरूर नाचेंगी। ६—रमेश सुबह पढ़ेगा। ७—ईश्वर रक्षा करेगा। ८—पके हुए (पक्वानि) फल गिरेंगे। ९—कमला नहीं हँसेगी। १०—छात्र शाम को खेलेंगे। ११—हाथी यहाँ आवेंगे। १२—दो छात्र यहाँ पढ़ेंगे। १३—रजनी कब नाचेगी ? १४—दो ब्राह्मण यहाँ आवेंगे। १५—मेहमान (अतिथयः) कल जावेंगे।

(क) १६—तुम कब जाओगे ? १७—मैं नहीं दौड़ूंगा। १८—तुम दो कब आओगे ? १९—वे क्यों हँसेंगे ? २०—मैं यहीं पढ़ूंगा। २१—हम नहीं जावेंगे। २२—वे कब नाचेंगी ? २३—तुम सब वहाँ खेलोगे। २४—क्या आप वहाँ नहीं आवेंगे ? २५—राजा (नृप) रक्षा करेगा।

चतुर्थ अभ्यास

आज्ञार्थक लोट

	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
प्र० पु०	पठतु (वह पढ़े)	पठताम् (वे दो पढ़ें)	पठन्तु (वे पढ़ें)
म० पु०	पठ (तू पढ़)	पठतम् (तुम दो पढ़ो)	पठत (तुम पढ़ो)
उ० पु०	पठानि (मैं पढ़ूं)	पठाव (हम दो पढ़ें)	पठाम (हम पढ़ें)

संक्षिप्त रूप

प्र० पु०	(सः)	अत	(तौ) अताम्	(ते)	अन्तु
म० पु०	(त्वम्)	अ	(युवाम्) अतम्	(यूयम्)	अत
उ० पु०	(अहम्)	आनि	(आवाम्) आव	(वयम्)	आम

*कुछ ऐसी भी धातुएँ हैं जिनमें 'इ' नहीं लगता, ऐसी दशा में शुद्ध धातु के आगे 'स्यति' 'स्यतः' 'स्यन्ति' लगेंगे, यथा—पास्यति (पीवेगा), वत्स्यति (वास करेगा), दास्यति (देगा) आदि।

इसी प्रकार

लिख्–लिखना	लिखतु	लिखताम्	लिखन्तु
वद्–कहना	वदतु	वदताम्	वदन्तु
हस्–हसना	हसतु	हसताम्	हसन्तु
धाव्–दौड़ना	धावतु	धावताम्	धावन्तु
रक्ष्–रक्षा करना	रक्षतु	रक्षताम्	रक्षन्तु
क्रीड्–खेलना	क्रीडतु	क्रीडताम्	क्रीडन्तु
गम्–जाना	गच्छतु	गच्छताम्	गच्छन्तु
आगम्–आना	आगच्छतु	आगच्छताम्	आगच्छन्तु
पत्–गिरना	पततु	पतताम्	पतन्तु
नृत्–नाचना	नृत्यतु	नृत्यताम्	नृत्यन्तु
भू (भव्) होना	भवतु	भवताम्	भवन्तु

आज्ञार्थक लोट—विधिलिङ् और लोट् लकार आज्ञा, अनुज्ञा तथा प्रार्थना आदि के अर्थों के सूचक हैं। आशीर्वाद के अथ में भी लोट् का प्रयोग होता है।

उदाहरणार्थ

१—सुशीला गच्छतु (सुशीला जावे) २—छात्राः क्रीडन्तु (विद्यार्थी खेलें) ३—परमात्मा रक्षतु (ईश्वर रक्षा करे।) ४—यूयम् गच्छत (तुम जाओ) ५—बालिका. नृत्यन्तु (लडकियाँ नाचें।) ६—गच्छाम किम्? (क्या हम जावें?) ७—इदानीं छात्राः पठन्तु (इस समय छात्र पढें।)

(विशेष अध्ययन के लिए आगे क्रिया प्रकरण देखिए)।

संस्कृत मे अनुवाद करो

१—गोपाल और कृष्ण पढें। २—नौकर (सेवकः) जावे। ३—लड़के दौड़ें। ४—भगवान् रक्षा करे। ५—मैं जाऊँ? ६—हम खेलें? ७—वे न हँसें। ८—अब आप खेलें। ९—तुम लोग पढ़ो। १०—हम दो पढे? ११—तुम दो मत हँसो। १२—तुम सब दौड़ो। १३—नर्तक्यिाँ (नर्तक्यः) नाचें। १४—क्यों हँसते हो? १५—यहाँ आओ। १६—वहाँ न जाओ। १७—दौड़ो मत। १८—हँसो मत। १९—पढो। २०—जाओ, नाचो। २१—अब खेलो मत, पढ़ो। २२—सब छात्र पढ़ें। २३—हम क्या पढें। २४—तुम वहाँ जाओ। २५—दो छात्र दौड़ें।

*प्रकीर्ण

१—ससार में धन विपत्तियों का कारण है। २—जब वह घोडे से गिरा, उस समय हम वहाँ उपस्थित थे। ३—वे लोग वहाँ सन्देह के पात्र हो गये।

---

* ओदरिकस्य (पेटूका), अभ्यवहार्यं (भोजन), अभिमवास्पदम् (अपमानपात्र)

४—बंग के राजा ने युद्ध में प्राण (प्राणान्) दे दिये। ५—अच्छी पत्नियाँ धार्मिक कृत्यों की मूल कारण होती हैं। ६—देवदत्त अपनी कक्षा का रत्न तथा अपने कुल का दीपक है। ७—क्या वह कार्य बहुत कठिन है? ८—संसार में विद्या के समान कोई धन नहीं है। ९—ऐ गोविन्द! तुम मेरे प्राण और मेरे सारे संसार हो! १०—कल मैंने तीन सुन्दर बगीचे और दो तालाब देखे।

हिन्दी में अनुवाद करो

१—अदेयमासीत् त्रयमेव भूपतेः शशिप्रभं छत्रमुभे च चामरे।
२—बलवानपि निस्तेजाः कस्य नाभिभवास्पदम्।
३—तीर्थोदकं च वह्निश्च नान्यतः शुद्धिमर्हतः।
४—ममापि दुर्योधनस्य शंकास्थानं पाण्डवाः।
५—सर्वत्रोदरिकस्यान्यवहार्यमेव विषयः।
६—त्वं जीवितं त्वमसि मे हृदयं द्वितीयम्। त्वं कौमुदी नयनयोरमृतं त्वमंगे।
७—जनकानां रघूणाञ्च सम्बन्धः कस्य न प्रियः।
८—वयमपि भवत्योः सखीगत किमपि पृच्छामः।

पञ्चम अभ्यास

कर्मकारक (द्वितीया) 'को'

आशार्थक विधिलिङ्

	एकव०	द्विव०	बहुव०
प्र० पु०	पठेत्	पठेताम्	पठेयुः
म० पु०	पठेः	पठेतम्	पठेत
उ० पु०	पठेयम्	पठेव	पठेम

संक्षिप्त रूप

प्र० पु०	(सः)	एत्	(तौ)	एताम्	(ते)	एयुः
म० पु०	(त्वम्)	एः	(युवाम्)	एतम्	(यूयम्)	एत
उ० पु०	(अहम्)	एयम्	(आवाम्)	एव	(वयम्)	एम

इसी प्रकार

भू (भव्)—होना	भवेत्	भवेताम्	भवेयुः
लिख्—लिखना	लिखेत्	लिखेताम्	लिखेयुः
वद्—कहना	वदेत्	वदेताम्	वदेयुः
हस्—हँसना	हसेत्	हसेताम्	हसेयुः
धाव्—दौड़ना	धावेत्	धावेताम्	धावेयुः
रक्ष्—रक्षा करना	रक्षेत्	रक्षेताम्	रक्षेयुः
क्रीड्—खेलना	क्रीडेत्	क्रीडेताम्	क्रीडेयुः

गम्—जाना	गच्छेत्	गच्छेताम्	गच्छेयुः
आगम्—आना	आगच्छेत्	आगच्छेताम्	आगच्छेयुः
पत्—गिरना	पतेत्	पतेताम्	पतेयुः
नृत्—नाचना	नृत्येत्	नृत्येताम्	नृत्येयुः

इन वाक्यों को ध्यान से देखो—

(१) छात्राः गुरु नमेयुः (छात्र गुरु को प्रणाम करें)।

(२) शिशुः दुग्धं पिबेत् (बच्चा दूध पीवे)।

(३) सुधाकरः सुधा वर्षेत् (चन्द्रमा अमृत की वर्षा करे।)

(४) नृपः शत्रून् जयेत् (राजा शत्रु को जीते)।

(५) गुरुः शिष्य प्रश्न पृच्छेत् (गुरु शिष्य से प्रश्न पूछे)।

कर्मणि द्वितीया ।२।३।२।

जिस वस्तु या पुरुष के ऊपर क्रिया का फल (प्रभाव) पड़ता है उसे कर्म कारक कहते हैं। और कर्म कारक में द्वितीया विभक्ति होती है।

"नृपः शत्रुं जयेत् (राजा शत्रु को जीते।)" इस-वाक्य मे 'जीतना' क्रिया का फल 'नृपः (राजा)' कर्त्ता पर समाप्त न होकर 'शत्रु' पर समाप्त हुआ, क्योंकि शत्रु ही जीता जायेगा। अतः 'शत्रु' कर्म कारक हुआ और उसमें द्वितीया विभक्ति (शत्रुम्) हुई। जब क्रिया का व्यापार कर्त्ता पर ही समाप्त होता है, तब क्रिया अकर्मक होती है, जैसे 'बालकः हसति' इस वाक्य मे 'हँसने' का व्यापार कर्त्ता तक ही समाप्त हो जाता है' अतः 'हसति' अकर्मक क्रिया का रूप है।

कर्म का उपर्युक्त लक्षण ठीक नहीं, क्योंकि साहित्य मे ऐसे अनेक उदाहरण हैं जिन पर क्रिया का फल तो समाप्त होता है, पर वे कर्म कारक नहीं माने जाते। "वह घर जाता है" यहाँ यद्यपि जाने का कार्य 'घर' पर समाप्त होता है, तथापि 'घर' प्रायः कर्म नहीं माना जाता और न 'जाना' ही सकर्मक क्रिया है। घर को कर्म मानने के लिए विशेष नियम है। पाणिनि के अनुसार कर्म की यह परिभाषा है—"कर्त्ता सब से अधिक जिस पदार्थ को चाहता है वह कर्म है।" (कर्तुरीप्सिततमं कर्म) यथा—पयसा ओदन भुङ्क्ते (दूध से भात खाता है) यहाँ दूध की अपेक्षा भात कर्त्ता को अधिक पसन्द है।

मुनेः शिष्यं मार्गं पृच्छति (मुनि के शिष्य से रास्ता पूछता है) इस वाक्य में यद्यपि पूछने वाला कर्त्ता शिष्य की अपेक्षा मुनि से ही रास्ता पूछना अधिक पसन्द करता तथापि मुनि की कर्म संज्ञा नहीं हो सकती, क्योंकि मुनि का 'पृच्छति' क्रिया के साथ कोई सीधा सम्बन्ध न होकर शिष्य के साथ विशेष सम्बन्ध है।

तथायुक्तं चानीप्सितम् ।१।४।५०।

कुछ पदार्थ ऐसे भी हैं जो कि कर्त्ता द्वारा अनीप्सित होते हुए भी ईप्सित की तरह क्रिया से सम्बद्ध रहते हैं। उनकी भी कर्म संज्ञा होती है, यथा—ओदनं

भुञ्जानो विषं भुंक्ते। इस वाक्य में विष कर्ता को अनभिप्सित है, परन्तु ओदन (जो भोजन क्रिया के द्वारा ईप्सिततम है) की 'ही' तरह वह भी उस क्रिया से सटा है और ओदन-भोजन के साथ उसके भोजन का रहना भी अनिवार्य है। इसलिए विष भी कर्म संज्ञक हो जायगा। इसी प्रकार 'ग्राम गच्छन् तृणं स्पृशति' इस वाक्य में तृण भी कर्म संज्ञक होगा।

(अकर्मक धातुभियोंगे देशः कालो भावो गन्तव्योऽध्वा च कर्मसंज्ञक इति वाच्यम् वा०) अकर्मक धातुओं के योग में देश, काल, भाव तथा गन्तव्य मार्ग भी कर्म समझे जाते हैं, जैसे—पाञ्चालान् स्वपिति (पाञ्चाल देश में सोता है) (पाञ्चाल देश व्याप्तक है)।

वर्षमास्ते (वर्ष भर रहता है)। (वर्षम् काल व्याप्तक है)। गोदोहमास्ते (गाय दुहने की वेला तक रहता है)। क्रोशमास्ते (कोस भर में रहता है) (क्रोश मार्ग व्याप्तक है)।

अभिनिविशश्च ।१।४।४७।

'अभि' तथा 'नि' उपसर्ग जब एक साथ 'विश्' धातु के पहले आते हैं तब 'विश्' का आधार कर्म कारक होता है, जैसे—सन्मार्गम् अभिनिविशते (वह अच्छे मार्ग का अनुसरण करता है)। यदि अभि+नि एक साथ न आकर इनमें से केवल एक ही आवे तो द्वितीया नहीं होती है, जैसे—निविशते यदि शुकशिलापदे।

उपान्वध्याङ्वसः ।१।४।४८।

यदि 'वस्' धातु के पूर्व उप, अनु, अधि, आ में से कोई उपसर्ग लगा हो तो क्रिया का आधार कर्म होता है, यथा—

विष्णुः वैकुण्ठम् अधिवसति	(विष्णु वैकुण्ठ में वास करते हैं)।
विष्णुः वैकुण्ठम् उपवसति	किन्तु विष्णुः वैकुण्ठे वसति—यहाँ पर द्वितीया विभक्ति नहीं हुई।
विष्णुः वैकुण्ठम् आवसति	
विष्णुः वैकुण्ठम् अनुवसति	

(अभुक्त्यर्थस्य न वा) जब 'उपवस्' का अर्थ उपवास करना, न खाना होता है तब 'उपवस्' का आधार कर्म नहीं होता अधिकरण ही रहता है। जैसे—वने उपवसति (वन में उपवास करता है)।

धातोरर्थान्तरे वृत्तेर्धात्वर्थेनोपसंग्रहात्।
प्रसिद्धेरविवक्षातः कर्मणोऽकर्मिका क्रिया॥

सकर्मक धातुएँ भी अकर्मक हो जाती हैं, यदि—

(क) धातु का अर्थ बदल जाय, यथा—वह् 'धातु' का अर्थ है ढोना, ले जाना। नदी वहति इस प्रयोग में 'वह्' का अर्थ स्रन्दन करना है।

(ख) धातु के ही अर्थ में कर्म समाविष्ट हो, जैसे—'जीवति' इस प्रयोग में 'जीवनं जीवति' इस प्रकार का अर्थ गम्य होने के कारण इसमें जीवन की कर्मता छिपी हुई है।

(ग) जब 'धातु' का कर्म अत्यन्त प्रख्यात हो, जैसे—'मेघो वर्षति' का कर्म 'जलम्' अत्यत लोक विख्यात है।

(घ) जब कर्म का कथन अभीष्ट न हो, जैसे—'हितान्न यः शृणुते स किं प्रभुः' इस प्रयोग में 'हित' कर्म है पर उसे कर्म बतलाना वक्ता को अभीष्ट नहीं है।

(ङ) अकर्मक धातुएँ सोपसर्ग होने पर प्राय. सकर्मक हो जाती हैं, यथा—ऋषीणा पुनराद्याना वाचमार्थोऽनुधावति (धाव् क्रिया पर अनु उपसर्ग)। प्रभुचित्त मेव जनोऽनुवर्तते (वृत् धातु पर अनु उपसर्ग)। अचलतुङ्गशिखरमारुरोह (रुह् धातु पर आ उपसर्ग)। ऊपर के प्रथम उदाहरण में धाव् धातु अकर्मक है, किन्तु अनु उपसर्ग लगने से वह सकर्मक हो गयी और वाचम् अनुधाव् क्रिया का कर्म हुआ।

७—दूरान्तिकार्थैभ्यो द्वितीया च ।२।३।३५।

दूर, अन्तिक (निकट) तथा इनके समानार्थक शब्दों में द्वितीया, तृतीया, पचमी तथा सप्तमी विभक्तियाँ होती है, यथा—गृहस्य, गृहात् वा अन्तिकम्, अन्तिकेन, अन्तिकात्, अन्तिके वा। (गृहस्य निकटम् उद्यान वर्तते।)

८—अनुर्लक्षणे ।१।४।८४। तृतीयार्थे ।१।४।८५। हीने।१।४।८६।

विशेष हेतु को लक्षित करने के लिए जब 'अनु' का प्रयोग होता है तब यह प्रवचनीय बन जाता है, यथा—'जपमनु प्रावर्षत्' अर्थात् जप समाप्त होते ही वृष्टि हो गयी। यहाँ जप ही वृष्टि का कारण हुआ।

'अनु' से तृतीया होने पर उसकी प्रवचनीय सज्ञा होती है, यथा—'नदीम् अन्वसिता सेना' (नदी सह सम्बद्धा)।

'अनु' से हीन अर्थ लक्षित होने पर वह प्रवचनीय कहलाता है, यथा—'अनु हरिं सुराः' देवता हरि के बाद ही आते हैं अर्थात् हरि से कुछ नीचे ही हैं।

उपोऽधिके च ।१।४।८७।

'अधिक' तथा 'हीन' अर्थ का वाचक होने पर 'उप' भी प्रवचनीय कहलाता है, किन्तु हीन का अर्थ लक्षित होने पर द्वितीया होती है, अन्यथा सप्तमी होती है, यथा—'उप हरिं सुराः' अर्थात् देवता हरि से कुछ नीचे पड़ते हैं, अधिक अर्थ में "उपपरार्धे हरेर्गुणाः' अर्थात् परार्ध से अधिक (ऊपर) ही हरि के गुण होंगे।' 'उप परार्धम्' ऐसा प्रयोग नहीं होगा।

लक्षणेत्थंभूताख्यानभागवीप्सासु प्रतिपर्यनवः ।१।४।९०।

जब किसी ओर सकेत करना हो, या जब 'ये इस प्रकार के हैं' ऐसा बतलाना हो या 'यह उनके हिस्से में पड़ता है' या पुनरुक्ति बतलानी हो तब प्रति, परि और अनु प्रवचनीय कहलाते हैं और इनके योग में द्वितीया विभक्ति होती है, यथा—

प्रासाद प्रति विद्योतते विद्युत् (बिजली महल पर चमक रही है)
भक्तो हरिं प्रति पर्यनु वा (हरि के ये भक्त हैं)।
लक्ष्मीः हरिं प्रति (लक्ष्मी विष्णु के हिस्से पड़ी)।
लता लता प्रति सिंचति (प्रत्येक लता को सींचता है)।

अभिरभागे ।१।४।९१।

भाग को छोड़कर अन्य समस्त ऊपर के अर्थों में 'अभि' कर्मप्रवचनीय कहलाता है, यथा—हरिम् अभिवर्तते ।

भक्तो हरिमभि ।
देवं देवमभिषिञ्चति ।

उपपद विभक्तियाँ—

कारकों से सदैव विभक्तियों का ही निर्देश नहीं होता, अपितु ये विभक्तियाँ वाक्य में अनु, अन्तरा, विना, प्रति, सह आदि निपातों तथा नमः, स्वाहा, अलम् आदि अव्ययों के योग से भी व्यवहृत होती हैं और 'उपपद विभक्तियाँ' कहलाती हैं, जैसे—

अन्तरान्तरेण युक्ते ।२।३।४।

अन्तरा (बीच में), अन्तरेण (विना, विषयमें, छोड़कर) शब्दों को जिससे सन्निकटता प्रतीतत होती है उसमें द्वितीया होती है, यथा—

(अन्तरा) गङ्गा यमुना चान्तरा प्रयागराजः अस्ति (गंगा और यमुना के बीच में प्रयाग राज है), अन्तरा त्वा मां हरिः ।

(अन्तरेण) ज्ञानमन्तरेण (ज्ञानं विना वा) नैव सुखम् (ज्ञान के विना सुख नहीं है ।) राममन्तरेण न किञ्चिद् जानामि (राम के विषय में कुछ नहीं जानता हूँ ।)

(अभितः परितः समयानिकषा हा प्रतियोगेऽपि वा०) अभितः (चारों ओर) परितः (सब ओर) समया, निकषा (समीप) हा, प्रति (ओर तरफ) के साथ द्वितीया विभक्ति होती है । यथा—

(अभितः) परिजनः राजानम् अभितः तस्थौ (नौकर राजा के चारों ओर खड़े थे ।)

(निकषा, समया) वनं निकषा (समया वा) सरसी वर्तते (वन के समीप एक तालाब है ।)

(प्रति) दीनं प्रति दया कुरु (दीन पर दया करो) ।

(हा) हा नास्तिकं य ईश्वरं न मन्यते (नास्तिक पर अफसोस है कि वह ईश्वर को नहीं मानता ।)

गत्यर्थकर्मणि द्वितीयचतुर्थ्यौ चेष्टायामध्वनि ।२।३।१२।

गत्यर्थक धातुओं (गम्, चल्, या इण्) का कर्म जब मार्ग नहीं रहता है तब चतुर्थी और द्वितीया होती है, यथा—यहं गृहाय वा गच्छति—यहाँ जाने में हाथ, पैर आदि अंगों का हिलना-डुलना रहा और यह मार्ग नहीं है । मार्ग में द्वितीया होती है—पन्थानं गच्छति । शरीर के व्यापार न करने पर—चेतसा हरिं व्रजति (केवल द्वितीया) ।

अधिशीङ्स्थासां कर्म ।१।४।४६।

शीङ्, स्था, तथा आस् धातुओं के पूर्व यदि 'अधि' उपसर्ग लगा हो, तो इन क्रियाओं का आधार कर्म कहलाता है, यथा—भूपतिः सिंहासनम् अध्यास्ते (राजा सिंहासन पर बैठा है)।

शिष्यः आसनम् अधितिष्ठति (शिष्य आसन पर बैठता है)। चन्द्रापीडः मुक्ता-शिला पट्टम् अधिशिश्ये (चन्द्रापीड मुक्तशिला पर लेट गया।)

उभसर्वतसोः कार्या *धिगुपर्यादिषु त्रिषु।
द्वितीया मेड्रितान्तेषु† ततोऽन्यत्रापि दृश्यते ॥

उभयतः, सर्वतः, धिक्, उपर्युपरि, अधोऽध. तथा अध्यधि शब्दों की जिससे सन्निकटता पायी जाती है उसमें द्वितीया होती है, यथा—

(उभयतः) उभयतः नदीं वृक्षाः (नदी के दोनों ओर पेड़ हैं,)

(सर्वतः) सर्वतः कृष्ण गोपाः (कृष्ण के सभी ओर ग्वाले हैं)।

(धिक्) धिक् पिशुनम् (चुगुलखोर को धिक्कार है)।

(उपर्युपरि) उपर्युपरि लोक हरिः (हरि लोक के ठीक ऊपर है)।

(अधोऽधः) अधोऽधः लोक पातालः (ठीक नीचे पाताल लोक है)।

(अध्यधि) अध्यधि लोकम् (ससार के ठीक नीचे)।

(ऋते) न कृष्णम् ऋते कोऽपि कस हन्तु समर्थः (कृष्ण के बिना कोई कस को नहीं मार सकता)।

कालाध्वनोरत्यन्तसंयोगे ।२।३।५।

समय और मार्गवाची शब्दों मे द्वितीया होती है, यदि अन्त तक पूरे काल या मार्ग का ज्ञान हो, यथा—रमेशः पञ्च वर्षाणि अधिजगे (रमेश ने पूरे पाँच वर्षों तक पढ़ा)। क्रोश गोमती कुटिला (गोमती नदी परे एक कोस तक टेढ़ी है।)

एनपा द्वितीया ।२।३।३१।

एनप् प्रत्ययान्त शब्द को जिससे निकटता प्रतीत होती है, उस में द्वितीया या षष्ठी होती है, जैसे—नगर नगरस्य वा दक्षिणेन (नगर के दक्षिण की ओर)। उत्तरेण यमुनाम् (यमुना के उत्तर)। तत्रागार धनपतिगृहानुत्तरेणास्मदीयम् (वहा पर कुबेर के महल के उत्तर में मेरा घर है)।

‡द्विकर्मक धातुएँ—"गोपः गा पयः दोग्धि" (ग्वाला गौ से दूध दुहता है।)

---

* धिक् के साथ कभी कभी प्रथमा और सम्बोधन भी होते हैं, यथा—

धिग् इय दरिद्रता, धिग् अर्याः कष्ट सश्रयाः, धिङ् मूढ !

† उपर्यध्यधसः सामीप्ये ।८।१।७। सामीप्य के अर्थ में उपरि, अधि, तथा अधः आम्रेडित (द्विरुक्त) होते हैं, किन्तु सामीप्य अर्थ न होने पर षष्ठी ही होती है यथा—उपर्युपरि सर्वेषाम् आदित्य इव तेजसा।

‡दुह्याच् पच् दण्ड् रुधि प्रच्छि चि ब्रू शासु जिमन्थमुषाम्।
कर्मयुक् स्यादकथित तथा स्यान्नीहृकृष्वहाम् ॥

'गौ से' का अनुवाद पञ्चमी विभक्ति (गोः) से होना चाहिए था, किन्तु दुह् धातु के प्रयोग होने से पञ्चमी न हो कर द्वितीया (गाम्) हो जाती है। इसी प्रकार निम्न १६ धातुएँ तथा इनके अर्थ वाली धातुएँ द्विकर्म हैं—

१—दुह्—"गोपः गां दोग्धि पयः" (ग्वाला गाय से दूध दुहता है।) इस अर्थ में साधारणतया अपादान कारक होता है, अतः इस में पञ्चमी विभक्ति (गोः) होनी चाहिए; परन्तु यहाँ पर 'गाय' दूध के निमित्त मात्र के लिए गृहीत है, अवधिरूप में नहीं। इस लिए उपर्युक्त नियमानुसार गाय की कर्म संज्ञा हुई। अभिप्राय यह निकला कि पयः कर्मक गोसम्बन्धी दोहन व्यापार हुआ। यदि अपादान की विशेष विवक्षा होगी तो 'गोपालः गोर्दोग्धि पयः' ऐसा ही प्रयोग होगा। इसी भाँति याच् आदि क्रियाओं के साथ द्विकर्मक का सम्बन्ध जानना चाहिए।

२—याच् (माँगना) दरिद्रः राजानं वस्त्रं याचते (दरिद्र राजा से कपड़ा माँगता है)।

३—पच् (पकाना) सः तण्डुलान् ओदनं पचति (वह चावलों से भात पकाता है)।

४—दण्ड् (सजा देना) राजा चौरं शतं दण्डयति (राजा चोर को सौ रुपये जुर्माना करता है)।

५—रुध् (घेरना) व्रजमवरुणद्धि गाम् (गाय को व्रज में घेरता है)।

६—प्रच्छ् (पूछना) मुनिं मार्गं पृच्छति (मुनि से राह पूछता है।)

७—चि (बटोरना) लतां चिनोति पुष्पाणि (बेल से फूल चुनता है।)

८—ब्रू (बोलना) शिष्यं धर्मं ब्रूते (शिष्य से धर्म की बात कहता है।)

९—शास् (शासन करना) (गुरुः शिष्यं धर्मं शास्ति (गुरु शिष्य को धर्म की बात बताता है।)

इस कारिका में गिनाई गयी धातुएँ तथा इनकी पर्यायवाची धातुएँ भी सम्मिलित समझनी चाहिएँ।

१०—जि (जीतना) शत्रुं शतं जयति (दुश्मन से सौ जीतता है)।

११—मन्थ् (मथना) क्षीरसागरममृतं मथ्नन्ति (क्षीरसागर से अमृत मथते हैं)।

१२—मुष् (चोरना) चौरः राजानं सहस्रं मुष्णाति (चोर राजा के हजार रुपये चुराता है)।

१३-१४—नी, वह् (ले जाना) सः ग्राममजा नयति वहति वा (वह गाँव को बकरी ले जाता है)।

१५—हृ (चुराना) चौरः कृपणं धनमहरत् (चोर कंजूस का धन ले गया)।

१६—कृष् (खोदना) नराः वसुधा रत्नानि कर्षन्ति (लोग जमीन से रत्न निकालते हैं)।

द्विकर्मक धातुओं के कर्मवाच्य बनाने में दुह् धातु से मुष् तक के गौण कर्म में और नी, हृ, कृष, वह् के प्रधान कर्म मे प्रथमा लगाते हैं, शेष कर्मों में अर्थात् दुह् से मुष् तक के प्रधान कर्म में और नी, हृ, कृष्, वह् के गौण कर्म में द्वितीया विभक्ति होती है, यथा—

कर्तृवाच्य	कर्मवाच्य
गोपः धेनुं पयो दोग्धि,	गोपेन धेनुः पयो दुह्यते
देवाः समुद्रं सुधां मन्थुः	देवैः समुद्रः सुधा मन्थ्ये
सोऽजा ग्रामं नयति	तेन अजा ग्रामं नीयते।

विशेष—शेष प्रेरणार्थक क्रियाओं के प्रकरण मे देखिए।

संस्कृत में अनुवाद करो—

१—अलकनन्दा तथा भागीरथी के बीच में देवप्रयाग है। २—ग्राम के दोनों ओर वन हैं। ३—ज्ञान के बिना सुख नहीं होता है। ४—सदा सच बोलना चाहिए। ५—छात्र दस वर्षों तक अध्ययन करता है (अधीते।) ६—सीता कोस भर चलती है। ७—नगर के नीचे-नीचे जल है। ८—नगर और विद्यालय के बीच मे (अन्तरा) तालाब है। ९—राजा चोर को दण्ड देता है। १०—दुर्जन सज्जन को दुःख देता है। ११—विद्या धर्म की ओर जाती है। १२—परिश्रम के बिना विद्या नहीं होती है। १३—सिपाही (राजपुरुषः) वन तक [यावत्] चोर का पीछा करता है। १४—मेरा गाँव काशी के समीप है। १५—हम ईश्वर को नमस्कार करते हैं [नमस्कुर्मः]। १६—अवन्ती के चारों ओर दो कोश तक सुन्दर बगीचे हैं। १७—राम चित्रकूट पर्वत पर बहुत दिन रहे (अधि-वस्)। १८—जो स्वार्थ के बिना ही दूसरों को सताते हैं उन्हें धिक्कार है। १९—हाय मेरा दुर्भाग्य कि मेरा इकलौता पुत्र भी मर गया। २०—जो कृष्ण का भक्त नहीं है उसके ऊपर विपत्ति पड़े।

हिन्दी में अनुवाद करो—

१—सागरं वर्जयित्वा कुत्र वा महानद्यवतरति।
२—धिगिमां असारतां देहभृताम्।
३—खलः सर्षपमात्राणि परच्छिद्राणि पश्यति।
आत्मनो बिल्वमात्राणि पश्यन्नपि न पश्यति।
४—अस्यां बेलायां किन्नु खलु मामन्तरेण चिन्तयति वैशम्पायनः।
५—स राजर्षिरिमानि दिवसानि प्रजागरकृशो लक्ष्यते।
६—मन्दौत्सुक्योऽस्मि नगरगमनं प्रति।
७—कथय कथमियन्तङ्कालमवस्थिता मया विना भवती!
८—अर्थानामर्जने दुःखमर्जितानाञ्च रक्षणे।
आये दुःखं व्यये दुःखं धिगर्थाः कष्टसंश्रयाः॥

९—विग्विधातारम् असदृशसंयोगकारिणम् ।
१०—नरपतिहितकर्ता द्वेष्यता याति लोके ।
११—कोऽन्यस्त्वामन्तरेण शक्तः प्रतिकर्तुम् ! (प्रति + कृ = बदला लेना)

अदादिगणीय अस् (होना) परस्मैपद

वर्तमान काल [लट्]

	एकव०	द्विव०	बहुव०
प्र० पु०	अस्ति (वह है)	स्तः (वे दो हैं)	सन्ति (वे हैं)
म० पु०	असि (तू है)	स्थः (तुम दो हो)	स्थ (तुम हो)
उ० पु०	अस्मि (मैं हूँ)	स्वः (हम दो हैं)	स्मः (हम हैं)

अनद्यतन भूत [लङ्]

प्र० पु०	आसीत् (वह था)	आस्ताम् (वे दो थे)	आसन् (वे थे)
म० पु०	आसीः (तू था)	आस्तम् (तुम दो थे)	आस्त (तुम थे)
उ० पु०	आसम् (मैं था)	आस्व (हम दो थे)	आस्म (हम थे)

आज्ञार्थक लोट्

प्र० पु०	अस्तु	स्ताम्	सन्तु
म० पु०	एधि	स्तम्	स्त
उ० पु०	असानि	असाव	असाम

भविष्यत् काल (लृट्) भविष्यति भविष्यतः भविष्यन्ति आदि ।

विधि-लिङ्

प्र० पु०	स्यात्	स्याताम्	स्युः
म० पु०	स्याः	स्यातम्	स्यात
उ० पु०	स्याम्	स्याव	स्याम

हन् (मारना) लट्

प्र० पु०	हन्ति	हतः	घ्नन्ति
म० पु०	हन्सि	हथः	हथ
उ० पु०	हन्मि	हन्वः	हन्मः

अनद्यतन भूत (लङ्)

प्र० पु०	अहन्	अहताम्	अघ्नन्
म० पु०	अहन्	अहतम्	अहत
उ० पु०	अहनम्	अहन्व	अहन्म

	आज्ञार्थक लोट्			विधिलिङ्		
हन्तु	हताम्	घ्नन्तु	प्र० पु०	हन्यात्	हन्याताम्	हन्युः
जहि	हतम्	हत	म० पु०	हन्याः	हन्यातम्	हन्यात
हनानि	हनाव	हनाम	उ० पु०	हन्याम्	हन्याव	हन्याम

भविष्यत् काल (लृट्) हनिष्यति हनिष्यतः हनिष्यन्ति आदि।

अदादिगणीय कुछ धातुएँ

	लट्	लङ्	लृट्	लोट्	विधिलिङ्
अद्–खाना	अत्ति	आदत्	अत्स्यति	अत्तु	अद्यात्
या–जाना	याति	अयात्	यास्यति	यातु	यायात्
स्ना–नहाना	स्नाति	अस्नात्	स्नास्यति	स्नातु	स्नायात्
भा–चमकना	भाति	अभात्	भास्यति	भातु	भायात्
रुद्–रोना	रोदिति	अरोदीत्	रोदिष्यति	रोदितु	रुद्यात्
दुह्–दोहना	दोग्धि	अधोक्	धोक्ष्यति	दोग्धु	दुह्यात्

इन वाक्यों को ध्यान से देखो—

(१) गोपालः जलेन मुखं प्रक्षालयति (गोपाल पानी से मुँह धोता है)।
(२) सेवकः स्कन्धेन भारं वहति (नौकर कन्धे पर भार ले जाता है)।
(३) शशिना सह याति कौमुदी (चाँदनी चाँद के साथ जाती है)।
(४) कुम्भकारः दण्डेन चक्रं चालयति (कुम्हार डंडे से चक्र चलाता है)।
(५) स्वर्णकारः स्वर्णेन अलङ्कारान् निर्माति (सुनार सोने से जेवर बनाता है)।
(६) अस्या मुखं सीतायाः मुखचन्द्रेण सदृशति (इसका मुख सीताजी के चन्द्रतुल्य मुख से मिलता जुलता है)।
(७) तृणेन कार्यं भवतीश्वराणाम् (धनी लोगों का कोई-कोई काम तिनके से भी सध जाता है)।

करण कारक—तृतीया

साधकतमं करणम् ।१।४।४२।

क्रिया की सिद्धि में जो अत्यन्त सहायक होता है उसे करण कहते हैं।

कर्तृकरणयोस्तृतीया ।२।३।१८।

करण में तृतीया विभक्ति होती है और कर्मवाच्य या भाववाच्य के कर्त्ता में भी तृतीया होती है। ऊपर के उदाहरण (जलेन प्रक्षालयति) में धोने में जल अत्यन्त सहायक है। अतः उसमें तृतीया विभक्ति हुई है। साधारण रूप से तो मुँह धोने में गोपाल अपने हाथ तथा जलपात्र दोनों की सहायता लेता है, हाथ न लगायेगा तो मुँह किस प्रकार धो सकेगा तथा जलपात्र न होगा तो जल किस में रखेगा। अतः यह मानी हुई बात है कि गोपाल मुँह धोने में हाथ और जलपात्र की

सहायता लेता है, किन्तु मुँह धोने मे सबसे अधिक आवश्यकता पानी की है अतः वही अधिक सहायक हुआ। इनमें भी तृतीया होती है—

कर्मवाच्य—मया गृहं गम्यते।

भाववाच्य—तेन हस्यते। इनका विस्तृत वर्णन आगे दिया गया है।

करण या क्रिया-विशेषण के कारण यहाँ तृतीया होती है, यथा—राष्ट्रपतिः विमानेन याति। जीवितेन शपामि। विधिना पूजयति। भर्तुराज्ञा मूर्ध्ना आदाय....। द्रव्येण हीनः जनः।

इत्थंभूतलक्षणे।२।३।२१।

जिस लक्षण (चिह्न) से किसी व्यक्ति या वस्तु का ज्ञान होता है उस लक्षण-बोधक शब्द मे तृतीया विभक्ति होती है, यथा—जटाभिस्तापसः (जटाओं से तपस्वी ज्ञात होता है।) स्वरेण रामभद्रमनुहरति (स्वर मे राम के समान है।)

किम्, कार्यम्, अर्थः, प्रयोजनम्, गुणः तथा इसी प्रकार अन्य प्रयोजन प्रकट करने वाले शब्दों के योग में भी आवश्यक वस्तु तृतीया मे रखी जाती है, यथा—मूर्खेण पुत्रेण किम्, तृणेन कार्यं भवतीश्वराणाम्, कोऽर्थः मूर्खेण भृत्येन, देव-पादाना सेवकैर्न प्रयोजनम्, सानुरागेणापि मूर्खेण मित्रेण को गुणः।

येनाङ्गविकारः।२।३।२०।

यदि शरीर के किसी अङ्ग मे विकृति दिखाई पड़े तो विकृत अङ्ग के वाचक शब्द मे तृतीया विभक्ति हो जाती है, यथा—नेत्रेण काणः (आँख से काना), कर्णेन बधिरः (कान का बहरा), देवदत्तः शिरसा खल्वाटोऽस्ति (देवदत्त शिर का गंजा है।)

हेतौ।२।३।२३।

कारण (हेतु) बोधक शब्दों में तृतीया होती है, यथा—सः अध्ययनेन वसति (वह पढ़ने के लिए रहता है)। विद्यया यशः भवति (विद्या से यश होता है।) वास का हेतु 'अध्ययन' और यश का हेतु 'विद्या' है। गुणैः आत्मसदृशं, कन्यामुद्वहेत् (गुणों में अपने समान कन्या से विवाह करे।) सीता वीणावादनेन शीलामतिशेते (सीता वीणा बजाने में शीला से बढ़ गयी है।) सा श्रियमपि रूपेणातिक्रामति (वह सुन्दरता में लक्ष्मी से बढ़ चढ़कर है।)

(गम्यमानापि क्रिया कारक विभक्तौ प्रयोजिका)

वाक्य में प्रयुक्त न होने पर भी यदि अर्थ से ही क्रिया समझ ली जाय तो भी वह कारक-व्यवस्था में प्रयोजिका हो जाती है, यथा—"अलं महीपाल तव श्रमेण" (हे राजन् श्रम मत करो।) अर्थात् "हे महीपाल श्रमेण साध्यं नास्ति" यहाँ साधन क्रिया गम्यमान है, श्रूयमाण नहीं। अतः श्रम में तृतीया हुई, क्योंकि साधन क्रिया के प्रति श्रम कारक है। "शतेन शतेन साधून् खादयति" अर्थात् सौ-सौ करके साधुओं को खिलाता है। परिच्छिद्य (करके) गम्यमान क्रिया है।

दिवः कर्म च ।१।४।४३।

दिव् धातु के साधकतम कारक की विकल्प से कर्म संज्ञा भी होती है, जैसे—अक्षैः (अक्षान् वा) दीव्यति। इसी प्रकार समुपूर्वक 'ज्ञा' धातु के कर्म की विकल्प से करण संज्ञा होती है, जैसे—पित्रा (पितर वा) सञ्जानीते (पिता के मेल में रहता है।)

पृथग्विनानानाभिस्तृतीयाऽन्यतरस्याम् ।२।३।३२।

पृथक् (अलग), विना, नाना शब्दों के साथ द्वितीया, तृतीया, पञ्चमी विभक्तियों में से कोई एक विभक्ति हो सकती है, जैसे —दशरथो रामेण रामात् राम विना नाजीवत् (राम के बिना दशरथ न जिये)।

जल, जलेन, जलात् विना नरो न जीवति (जल के बिना मनुष्य जाता नहीं रहता है)।

कौरवाः पाण्डवेभ्यः पृथगवसन् (कौरव पाण्डवों से अलग रहते थे)।

विना या वर्जन अर्थ का वाचक होने पर ही 'नाना' के योग में द्वितीया, तृतीया या पञ्चमी होती हैं, जैसे—नाना नारीं निष्फला लोकयात्रा (स्त्री के बिना लोकयात्रा या जीवन निष्फल है।)

(प्रकृत्यादिभ्य उपसंख्यानम् वा०)

प्रकृति (स्वभाव) आदि क्रिया विशेषण शब्दों मे तृतीया विभक्ति होती है, यथा—मोहनः सुखेन जीवति (मोहन सुख से रहता है।) प्रकृत्या गवा पयः मधुरम् (स्वभावतः गौओं का दूध मीठा होता है।) सः स्वभावेन कोमलः (वह स्वभाव से प्रिय है)।

जैसा कि 'कर्म कारक' मे बताया गया है 'सह, साकम्' आदि निपातों तथा अव्ययों के योग से भी ये विभक्तियाँ व्यवहृत होती हैं। अतः ये उपपद विभक्तियाँ कहलाती हैं। इनके कुछ उदाहरण यहाँ दिये जाते हैं,—

सहयुक्तेऽप्रधानम् ।२।३।१९।

सह, साकम्, सार्धम्, समम् के साथ वाले शब्दों में तृतीया विभक्ति होती है, यथा—शिष्यः गुरुणा सह विद्यालय गच्छति। रामः जानक्या साक गच्छति। हनुमान् वानरैः सार्धं जानकीं मार्गयामास।

अपवर्गे तृतीया ।२।३।६। कालाध्वनोरत्यन्तसंयोगे ।२।३।५।

अपवर्ग या फल प्राप्ति म काल-सातत्यवाची तथा मार्ग-सातत्यवाची शब्दों मे तृतीया होती है। जितने समय या मार्ग चलते-चलते कार्य सिद्ध होता है उसमें तृतीया होती है, यथा—दशभिः वर्षैः अध्ययन समाप्तम् (दस वर्षों में अध्ययन समाप्त हो गया) अर्थात् दस वर्षों में अध्ययन का फल मिल गया।

द्वादशभिः दिनैः नीरोगः जातः (बारह दिनों में नीरोग हो गया)।
मासेनायम् इमं ग्रन्थं लिखितवान् (एक महीने में इसने यह ग्रन्थ लिख डाला)।
क्रोशेन पुस्तकं पठितवान् (एक कोस चलते-चलते पुस्तक पढ़ डाली)।

तुल्यार्थैरतुलोपमाभ्यां तृतीयाऽन्यतरस्याम् ।२।३।७२।

'तुला' तथा 'उपमा' इन दो शब्दों को छोड़कर शेष सब तुल्य (समान बराबर) का अर्थ बताने वाले शब्दों के साथ तृतीया अथवा षष्ठी होती है, यथा—स देवेन देवस्य वा समानः (वह देव के समान है)। धर्मेण धर्मस्य वा सदृशः (धर्म के समान)। न त्वं मया मम वा समं पराक्रमं बिभर्षि (तू मेरे समान पराक्रम नहीं रखता है)।

तुला और उपमा के साथ षष्ठी होती है, यथा—तुला उपमा वा रामस्य नास्ति।

(यजेः कर्मणः करणसंज्ञा सम्प्रदानस्य च कर्म संज्ञा वा०)यज् धातु के कर्म की करण संज्ञा होती है और सम्प्रदान की कर्म संज्ञा, यथा—पशुना रुद्रं यजते (भगवान् रुद्र को पशु चढ़ाता है)।

संस्कृत में अनुवाद करो

१—श्यामा जल से मुख धो रही है (प्रक्षालयति)।
२—श्रीराम सीता और लक्ष्मण के साथ वन को गये।
३—इन्स्पेक्टर (निरीक्षक) मोटर से (मोटरयानेन) मुरादाबाद जायगा।
४—नाई (नापितः) उस्तरे से (क्षुरेण) हजामत बनाता है (मस्तकं मुण्डयति)।
५—धन से हीन मनुष्य दुःखी रहता है (दुःख्यति)।
६—मनोरथों से कार्य सिद्ध नहीं होते हैं (सिध्यन्ति)।
७—पुत्र के बिना माता दुःख से समय बिताती है (यापयति)।
८—वह साबुन से (फेनिलेन) मुँह धोता है।
९—विद्यार्थी दोस्तों के साथ गेंद (कन्दुक) खेलते हैं।
१०—वीरेन्द्र ने तलवार (खड्ग) से चीते को (द्वीपिनम्) मारा।
११—जटा से वह तपस्वी प्रतीत होता है (प्रतीयते)।
१२—राष्ट्रपति के साथ सेनापति यहाँ आया।
१३—यात्रियों (यात्रिकाः) ने साधुओं के साथ स्नान किया।
१४—सर्व सम्मति से प्रस्ताव स्वीकृत हो गया।
१५—सिपाहियों ने लाठी से (यष्टिकया) चोरों को पीटा (अताडयन्)।
१६—गोविन्द दाहिने पाँव का लँगड़ा है अतः जल्दी नहीं चलता।
१७—क्या तुम अज्ञान से लजाते नहीं हो!
१८—प्राण को संकट में डालकर भी मित्र की रक्षा करनी चाहिए।
१९—श्रीमान् को (देवपादानाम्) नौकरों की आवश्यकता नहीं है।

हिन्दी में अनुवाद करो

१—अलमल बहु विकत्थ्य। २—अप्राज्ञेन सानुरागेण भृत्येन को गुणः। ३—कोऽर्थः पुत्रेण जातेन यो न विद्वान् न धार्मिकः ४—धनदेन समस्त्यागे सत्ये धर्म इवापरः। ५—मामूदेव क्षणमपि च ते विद्युता विप्रयोगः। ६—तामेव दिव्य-योषित चक्षुषा पुनर्निरूपयामास। ७—स्वहृदयेनापि विदितवृत्तान्तेनामुना जिह्मेमि। ८—मा लोकवादश्रवणादहासीः, श्रुतस्य किं तत् सदृश कुलस्य। ९—विना-प्यर्थैर्वीरः स्पृशति बहुमानोन्नतिपदम्। १०—सौजन्य यदि किं गुणैः स्वमहिमा यद्यस्ति किं मण्डनै.। ११—जानन्नपि हि मेधावी जडवल्लोक आचरेत्। १२—अनुचरति शशाङ्के राहुदोषेऽपि तारा।

सप्तम अभ्यास

सम्प्रदान कारक (चतुर्थी) (को, के लिये)

(३) जुहोत्यादिगणीय दा (देना) परस्मैपद

वर्तमान काल (लट्)

	एकव०	द्विव०	बहुव०
प्र० पु०	ददाति	दत्तः	ददति
म० पु०	ददासि	दत्थ.	दत्थ
उ० पु०	ददामि	दद्वः	दद्मः

भूतकाल (लङ्)

प्र० पु०	अददात्	अदत्ताम्	अददुः
म० पु०	अददाः	अदत्तम्	अदत्त
उ० पु०	अददाम्	अदद्व	अदद्म

भविष्यत् काल (लृट्)

प्र० पु०	दास्यति	दास्यतः	दास्यन्ति
म० पु०	दास्यसि	दास्यथः	दास्यथ
उ० पु०	दास्यामि	दास्यावः	दास्यामः

आज्ञार्थक (लोट्)

प्र० पु०	ददातु	दत्ताम्	ददतु
म० पु०	देहि	दत्तम्	दत्त
उ० पु०	ददानि	ददाव	ददाम

विधि लिङ्

प्र० पु०	दद्यात्	दद्याताम्	दद्युः
म० पु०	दद्याः	दद्यातम्	दद्यात
उ० प्र०	दद्याम्	दद्याव	दद्याम

जुहोत्यादिगणीय कुछ अन्य धातुएँ

	लट्	लङ्	लृट्	लोट्	विधि लिङ्
धा–धारण करना	दधाति	अदधात्	धास्यति	दधातु	दध्यात्
अभि + धा–कहना	अभिदधाति	अभ्यदधात्	अभिधास्यति	अभिदधातु	अभिदध्यात्
वि + धा–करना	विदधाति	व्यदधात्	विधास्यति	विदधातु	विदध्यात्
भी–डरना	बिभेति	अबिभेत्	भेष्यति	बिभेतु	बिभीयात्
हा–छोड़ना	जहाति	अजहात्	हास्यति	जहातु	जह्यात्

इन वाक्यों को ध्यान से पढ़ो—

(१) उपदेशो हि मूर्खाणां प्रकोपाय न शान्तये (मूर्खों को उपदेश देना केवल उनका क्रोध बढ़ाना है, वह उनकी शान्ति के लिए नहीं होता)।

(२) कृषकेभ्यः कर्मकरेभ्यश्च कुशलं भूयात् (किसानों तथा मजदूरों का भला हो।)

(३) अलमिदम् उत्साहभ्रंशाय भविष्यति (यह उत्साह भंग करने के लिए काफी है।)

(४) गामानामा प्रख्यातमल्लः जविस्कोनाम्ने मल्लायालम् (गामा नामक प्रसिद्ध पहलवान जविस्को पहलवान के जोड़ के लिए काफी है।)

(५) आर्तत्राणाय वः शस्त्रं न प्रहर्तुमनागसि (तुम्हारा हथियार पीड़ितों की रक्षा के लिये है, न कि निर्दोषों को मारने के लिए।)

(६) परोपकारः पुण्याय पापाय परपीडनम्।

(७) इन्द्राय वज्रं प्राहरत् (इन्द्र पर वज्र फेंका।) जिस पर शस्त्र फेंका जाता है (प्र + हृ) उसमें चतुर्थी होती है।

सम्प्रदान कारक—चतुर्थी

कर्मणा यमभिप्रैति स सम्प्रदानम् ।१।४।३२।

दान के कर्म के द्वारा कर्त्ता जिसे सन्तुष्ट करना चाहता है, वह पदार्थ सम्प्रदान कहलाता है।

चतुर्थी सम्प्रदाने ।२।३।१३।

सम्प्रदान में चतुर्थी होती है, यथा—ब्राह्मणाय गां ददाति (ब्राह्मण को गाय देता है)। यहाँ गोदान कर्मद्वारा ब्राह्मण को सन्तुष्ट करना ही ब्राह्मण को इष्ट है। 'सम्प्रदान' का अर्थ है 'अच्छा दान', अर्थात् जिसमें दी हुई वस्तु सर्वथा दी जाती है और दान-कर्त्ता के पास वापस नहीं आती।

स रजकस्य वस्त्रं ददाति (वह धोबी को कपड़ा देता है)। इसमें कर्त्ता धोबी

को कपड़ा सर्वथा नहीं देता, पुनः वापस ले लेता है, अतः 'रजकस्य' में चतुर्थी* नहीं हुई।

(क्रियया यमभिप्रैति सोऽपि सम्प्रदानम् वा०)

न केवल दान कर्म द्वारा अपितु किसी विशेष क्रिया द्वारा जो इष्ट (अभिप्रेत) हो वह भी सम्प्रदान कहलायगा, यथा—'पत्ये शेते'। यहाँ पति को अनुकूल बनाने की क्रिया का इष्ट पति ही है, अतः 'पति' सम्प्रदान हुआ।

(अशिष्टव्यवहारे दाणः प्रयोगे चतुर्थ्यर्थे तृतीया वा०)

अशिष्ट व्यवहार मे दान का पात्र सम्प्रदान नहीं होगा, उसमें चतुर्थी का अर्थ होने पर भी तृतीया होगी, यथा—दास्या संयच्छते कामुकः, किन्तु शिष्ट व्यवहार में "भार्यायै संयच्छति" ही होगा।

(तादर्थ्ये चतुर्थी वाच्या वा०)

(क) जिस प्रयोजन के लिए कोई कार्य किया जाता है, उस प्रयोजन में चतुर्थी होती है, यथा—भक्तः मुक्तये हरिं भजति (भक्त मुक्ति के लिए हरि का स्मरण करता है)।

बालः दुग्धाय क्रन्दति (लड़का दूध के लिए रोता है)।
त्वं धनाय प्रयतसे (तू धन के लिए प्रयत्न करता है)।

(ख) जब कोई काम किसी दूसरे फल की प्राप्ति के लिए किया जाता है तब उस फल में चतुर्थी होती है, यथा—भक्तिः ज्ञानाय जायते, सम्पद्यते, कल्पते वा (भक्ति ज्ञान के लिए होती है)।

(ग) जिस वस्तु के बनाने के लिए किसी दूसरी वस्तु का अस्तित्व रहता है, उसमें चतुर्थी होती है, यथा—आभूषणाय सुवर्णम् (जेवरों के लिए सोना), शकटाय दारु (गाड़ी बनाने के लिए लकड़ी)।

(उत्पातेन ज्ञापिते च वा०)

कोई उत्पात किसी अशुभ घटना का सूचक हो तो उसमें चतुर्थी होती है, यथा—वाताय कपिला विद्युत् (लाल बिजली आँधी की सूचना देती है)।

---

*'के लिए' देखकर झट से चतुर्थी का प्रयोग नहीं करना चाहिए। 'तादर्थ्य, (एक वस्तु दूसरी वस्तु के लिए) में ही चतुर्थी होती है। इन उदाहरणों को देखो (१) 'नैष भारो मम' (यह मेरे लिए भार नहीं है)। (२) अप्युपहासस्य समयोऽयम्! (क्या यह समय हँसी करने के लिए है!) (३) प्राणेभ्योऽपि प्रिया सीता रामस्याक्लीन्महात्मनः (महात्मा राम के लिए सीता प्राणों से भी प्यारी थी।) इन उदाहरणों में 'के लिए' है, किन्तु 'तादर्थ्य' नहीं है अतः चतुर्थी नहीं हुई।

(हितयोगे च वा०)

हित तथा सुख के साथ भी चतुर्थी होती है, यथा—ब्राह्मणाय हितं सुखं वा भवेत् ।

गत्यर्थकर्मणि द्वितीया चतुर्थ्यौ चेष्टायामध्वनि ।२।३।१२।

गत्यर्थक धातु के साथ यदि चेष्टा हो तो द्वितीया और चतुर्थी होती है, यथा—ग्रामं ग्रामाय वा गच्छति ।

चेष्टा न होने पर—मनसा हरिं भजति ।

मार्ग कर्म होने पर—पन्थानं गच्छति । शेष द्वितीया में देखिए ।

रुच्यर्थानां प्रीयमाणः ।१।४।३३।

रुच् तथा रुच् के अर्थवाली धातुओं के योग में प्रसन्न होनेवाला संप्रदान कहलाता है, उसमें चतुर्थी होती है, यथा—शिशवे क्रीडनकं रोचते (बच्चे को खिलौना अच्छा लगता है) । गीतायै रामायणपठनं रोचते (गीता को रामायण का पाठ अच्छा लगता है) ।

कथन अर्थवाली कथ्, शंस्, चक्ष्, ख्या धातुओं के अकथित कारक तथा निपूर्वक प्रेरणार्थक (निवेद्) धातु के प्रकृत दशा के कर्ता का कर्म में प्रयोग न होकर संप्रदान में प्रयोग होता है, यथा—यस्मै ब्रह्मपारायणं जगौ (जिसे वेद पढ़ाया) । आर्ये कथयामि ते भूतार्थम् (देवि, तुमसे सत्य कहता हूँ) । एतत् गुरवे निवेदयामहे (यह गुरुजी से निवेदन कर दें) ।

भेजना अर्थवाली धातुओं के प्रयोग में जिस व्यक्ति के पास कोई भेजा जाता है वह चतुर्थी में तथा जिस स्थान पर भेजा जाता है, वह द्वितीया में रखा जाता है, यथा—भोजेन दूतो रघवे विसृष्टः (भोज ने रघु के पास दूत भेजा) ।

धारेरुत्तमर्णः ।१।४।३५।

णिजन्त धृञ् (धारि) (कर्ज लेना या उधार लेना) धातु के अर्थ में धनक (कर्ज देने वाले) की सम्प्रदान संज्ञा होती है और उससे चतुर्थी होती है, यथा—सोमः देवानन्दाय शतं धारयति (सोम ने देवानन्द से सौ रुपये ऋण लिये हैं) ।

गोपालः मह्यम् सहस्रं धारयति (गोपाल ने मुझसे एक हजार कर्ज लिया है ।)

स्पृहेरीप्सितः ।१।४।३६।

स्पृह् (चाहना) धातु के योग में जिसे चाहा जाय वह संप्रदान संज्ञक होता है और उसमें चतुर्थी होती है, यथा—युवती शिशवे स्पृहयति (युवती बच्चे को चाहना करती है) ।

स्पृह् से बने हुए शब्दों के साथ भी कभी-कभी सम्प्रदान देखा गया है, यथा—भोगेभ्यः स्पृहयालवः (भोगों के इच्छुक), किन्तु प्रायः सप्तमी होती है—स्पृहावती वस्तुषु केषु मागधी (मागधी किन वस्तुओं की इच्छा रखती है) ।

मन्यकर्मण्यनादरे विभाषाऽप्राणिषु ।१।४।१७।

जब अनादर दिखाया जाय तब मन् (समझना) धातु के कर्म में, यदि वह प्राणी न हो, तो विकल्प से चतुर्थी भी होती है, यथा—धनवन्त तृण तृणाय वा मन्ये (मैं धनी को तृणवत् समझता हूँ)।

राधीक्ष्योर्यस्य विप्रश्नः ।१।४।३६।

शुभाशुभ अर्थ मे राध् और ईक्ष् धातुओं के प्रयोग मे जिनके विषय मे प्रश्न किया जाता है उनकी सम्प्रदान सज्ञा होती है, यथा—कृष्णाय राध्यति ईक्षते वा भरत.।

क्रुधद्रुहेर्ष्यार्थानां यं प्रति कोपः ।१।४।३७।

क्रुध्, द्रुह्, ईर्ष्य्, असूय् धातुओं के योग में तथा इन धातुओं के समान अर्थ वाले धातुओं के योग मे जिस पर क्रोध किया जाता है, उसमें चतुर्थी होती है, यथा—पिता पुत्राय क्रुध्यति (पिता पुत्र पर क्रोध करता है)।

दुष्टाः सज्जनेभ्यो द्रुह्यन्ति (दुष्ट सज्जनों से द्रोह करते हैं)।

गोविन्दः मह्यम् ईर्ष्यति (गोविन्द मुझसे ईर्ष्या करता है)।

खलः सज्जनाय असूयति (दुष्ट सज्जन मे ऐब निकालता है)।

सीता रावणाय अक्रुध्यत्।

क्रुधद्रुहोरुपसृष्टयोः कर्म ।१।४।३८।

जब क्रुध् तथा द्रुह् उपसर्ग सहित होती हैं तब जिसके प्रति क्रोध या द्रोह किया जाता है वह कर्म सज्ञक होता है सम्प्रदान नहीं, यथा—गुरुः शिष्यं सक्रुध्यति। साधुः क्रूरमभिक्रुध्यति सद्रुह्यति वा।

प्रत्याङ्भ्यां श्रुवः पूर्वस्य कर्त्ता ।१।४।४०।

प्रति और आ पूर्वक श्रु धातु के साथ प्रतिज्ञा करनेवाले कर्त्ता में चतुर्थी होती है, यथा—राजा विप्राय गा प्रतिश्रृणोति, आश्रृणोति वा (राजा ब्राह्मण को गाय देने की प्रतिज्ञा करता है)। इस में ऐसा अर्थ भासित होता है कि ब्राह्मण ने ही पहले 'मुझे गाय दो' ऐसा कहा होगा, तब राजा ने प्रतिज्ञा की होगी।)

परिक्रयणे सम्प्रदानमन्यतरस्याम् ।१।४।४४।

परिक्रयण में जो करण होता है वह विकल्प से सम्प्रदान होता है, 'परिक्रयण' का अर्थ है निश्चित काल के लिए किसी को वेतन पर रखना, यथा—शतेन शताय वा परिक्रीतः।

तुमर्थाच्च भाववचनात् ।२।३।१५।

तुमुन् (तुम्) प्रत्यय जोड़ने से किसी धातु मे जो अर्थ निकलता है (यथा—गन्तुम्, पठितुम् आदि) उसको प्रकट करने के लिए उसी धातु से बनी हुई भाववाचक सज्ञा का प्रयोग करने पर उसमे चतुर्थी होती है, यथा—दानाय (दातुम्) धनमर्जयति (दान के लिए धन कमाता है)।

यहाँ पर 'दान' 'दा' धातु से बना भाववाचक शब्द है 'दा' धातु में 'तुम्' जोड़ने से 'दातुम्' बनता है जिसका अर्थ 'देने के लिए' होता है, इसी अर्थ को प्रकट करने के लिए 'दान' भाववाचक शब्द में चतुर्थी हुई है। इसी प्रकार—

उत्थानाय (उत्थातुं) यतते।

देवदत्तः यागाय (यष्टुम्) याति।

स्नानाय गङ्गातटं याति अथवा स्नातुं गङ्गातटं याति।

क्रियार्थोपपदस्य च कर्मणि स्थानिनः।२।३।१४।

यदि तुमुन् (तुम्) प्रत्ययान्त धातु का प्रयोग परोक्ष रहे तो उसके कर्म में चतुर्थी होती है, यथा—सेवकः फलेभ्यो याति (सेवकः फलानि आनेतुं याति) नौकर फल लाने को जाता है। इस वाक्य में 'आनेतुम्' का प्रयोग परोक्ष है, अतः 'फल' में चतुर्थी हुई।

वनाय गा मुमोच (वनं गन्तुं गा मुमोच)।

गणपतये नमस्कृत्य (गणपतिं प्रीणयितुं नमस्कृत्य) गणेशजी को प्रसन्न करने के लिए नमस्कार करके।

नमः स्वस्तिस्वाहास्वधाऽलंवषड्योगाच्च।२।३।१६।

नमः, स्वस्ति, स्वाहा, स्वधा, अलम्, वषट् शब्दों के योग में चतुर्थी हो जाती है, यथा—ईश्वराय नमः (ईश्वर के लिए नमस्कार) श्रीगुरवे नमः, तुभ्यं नमः।

नृपाय स्वस्ति (राजा का कल्याण हो)।

अग्नये स्वाहा (अग्नि को यह आहुति है)।

पितृभ्यः स्वधा। इन्द्राय वषट्।

मधुकैटभाय दुर्गा अलम्।

अलं मल्लो मल्लाय। (यहा अलम् का अर्थ पर्याप्त है, निषेध नहीं।) 'अलम्' पर्याप्त अर्थ के वाचक शब्द प्रभु, समर्थ, शक्त आदि पदों का भी ग्रहण होता है, अतः इनके योग में भी चतुर्थी होती है, यथा—

दैत्येभ्यो विष्णुः प्रभुः, समर्थः, शक्तः वा।

प्रभुर्बभूवुर्भुवनत्रयस्य। विधिरपि न येभ्यः प्रभवति।

उपपदविभक्तेः कारकविभक्तिर्बलीयसी (प०)

अर्थात्—पद सम्बन्धी विभक्ति से क्रिया सम्बन्धी विभक्ति बलवती होती है—इस नियम के अनुसार 'नमस्करोति' इत्यादि क्रिया पदों के योग में चतुर्थी विभक्ति न होकर द्वितीया विभक्ति होती है—लक्ष्मीं नमस्करोति। ब्रह्मणे नमस्कुर्मः। परन्तु नमस्कार अर्थवाली प्रणिपत् प्रणम् इत्यादि धातुओं के साथ नमस्कार किये जाने वाले को द्वितीया या चतुर्थी दोनों में ही रखते हैं, यथा—तस्मै प्रणिपत्य नन्दी।

प्रणम्य त्रिलोचनाय। धातारं प्रणिपत्य। इत्यादि।

इन धातुओं से बने हुए प्रणाम आदि शब्दों के साथ चतुर्थी का ही प्रयोग होता है, यथा—गुरवे प्रणाममकरवम्।

चतुर्थी के अर्थ मे 'कृते' तथा 'अर्थम्' अव्ययों का प्रयोग होता है, यथा—भोजनस्य कृते। 'अर्थम्' के साथ समास होता है, यथा—पठनार्थम् पाठशाला गच्छामि।

संस्कृत मे अनुवाद करो

१—मैं धन की इच्छा नहीं करता हूँ (स्पृहयामि)। २—सज्जन सदैव परोपकार की चेष्टा करता है (चेष्ट्)। ३—गुरु शिष्यों को उपदेश करता है। ४—बालक को लड्डू (मोदकः) अच्छा लगता है। ५—वह मूर्ख तुम से ईर्ष्या करता है। ६—वह दुर्जन उस सज्जन से द्रोह करता है। ७—पिता पुत्र पर क्रोध करता है। ८—सोहन मेरा सौ रुपये का ऋणी है। ९—मुनि मोक्ष के लिए ईश्वर को भजता है। १०—राजा ने ब्राह्मणों को धन दिया। ११—शिक्षा-इन्स्पेक्टर ने मोहन को इनाम (पारितोषिक) दिया। १२—तुम मुझसे क्यों ईर्ष्या करते हो? १३—यह दवाई (अगदम्) रोगी (रुग्ण) को दे दो। १४—उन प्राचीन मुनियों के लिए नमस्कार हो। १५—ब्राह्मणों और गौओं का कल्याण हो। १६—उस रोगी को पतली-सी खिचड़ी (तरल कृशरम्) दे दो। १७—उसे दस्त आते हैं (सः अतिसारकी), उसके लिए लघन ही अच्छा (लङ्घन हितम्) है। १८—पहले गुरु को प्रणाम करो, फिर पाठ आरभ करो। १९—ससार मे विषयों का उपभोग केवल खेद पैदा करता है। २०—ऐ मूर्ख, क्या तुझे चाण्डाल के घर मे नौकरी पसन्द है? २१—मैं धन नहीं चाहता (स्पृह्) बल्कि अमर यश। २२—मैं अपने अभीष्ट मनोरथ की सिद्धि के लिए उनकी सेवा करूँगा।

हिन्दी मे अनुवाद करो

१—चापलोऽय बटु. कदाचिदस्मत्प्रार्थनामन्तःपुरेभ्यः कथयेत्।
२—मूर्ख, नैष तव दोषः। साधो. शिक्षा गुणाय सम्पद्यते नासाधो*।
३—प्रतिशुश्राव कार्तस्थस्तेभ्यो विघ्नप्रतिक्रियाम्।
४—स स्थाणुः स्थिरभक्तियोगसुलभो निःश्रेयसायास्तु वः।
५—सखि, वासन्ति दुःखायेदानीं रामस्य दर्शन सुहृदाम्।
६—पयः पान भुजङ्गाना केवल विषवर्द्धनम्।
उपदेशो हि मूर्खाणा प्रकोपाय न शान्तये॥
७—सर्वज्ञस्याप्येकाकिनो निर्णयाभ्युपगमो (उत्तरदायित्व) दोषाय।
८—प्रसीद भगवति वसुन्धरे शरीरमसि सस्यारस्य, तत्किमसविदानेव जामात्रे कुप्यसि।

---

* इसके रूप "पठति पठतः पठन्ति" आदि की भाँति चलेंगे—क्रुध्यति, कुप्यति, द्रुह्यति, ईर्ष्यति, असूयति, कथयति, उपदिशति धारयति, क्रन्दति। 'रोचते' के रूप आठवें अभ्यास मे 'जायते' की भाँति चलेंगे।

९—किमित्यपास्याभरणानि यौवने धृतं त्वया वार्द्धकशोभि वल्कलम्।
१०—दुदोह गां स यज्ञाय सस्याय मघवा दिवम्।
संपद्विनिमयेनोभौ दधतुर्भुवनद्वयम्॥

अष्टम अभ्यास

अपादान कारक (पञ्चमी) से

(४) दिवादिगणीय जन् (पैदा होना) आत्मनेपद

वर्तमानकाल (लट्)

प्र० पु०	जायते	जायेते	जायन्ते
म० पु०	जायसे	जायेथे	जायध्वे
उ० पु०	जाये	जायावहे	जायामहे

भूतकाल (लङ्)

प्र० पु०	अजायत	अजायेताम्	अजायन्त
म० पु०	अजायथाः	अजायेथाम्	अजायध्वम्
उ० पु०	अजाये	अजायावहि	अजायामहि

भविष्यत्काल (लृट्)

प्र० पु० जनिष्यते जनिष्येते जनिष्यन्ते इत्यादि।

आज्ञार्थक लोट्			विधिलिङ्		
जायताम्	जायेताम्	जायन्ताम्	प्र० पु० जायेत	जायेयाताम्	जायेरन्
जायस्व	जायेथाम्	जायध्वम्	म० पु० जायेथाः	जायेयायाम्	जायेध्वम्
जायै	जायावहै	जायामहै	उ० पु० जायेय	जायेवहि	जायेमहि

दिवादिगणीय कुछ धातुएँ

	लट्	लङ्	लृट्	लोट्	विधिलिङ्
विद्-होना	विद्यते	अविद्यत	वेत्स्यते	विद्यताम्	विद्येत
युध्-लड़ना	युध्यते	अयुध्यत	योत्स्यते	युध्यताम्	युध्येत
सिव्-सीना	सीव्यति	असीव्यत्	सेविष्यति	सीव्यतु	सीव्येत्
नश्-नाश होना	नश्यति	अनश्यत्	नशिष्यति	नश्यतु	नश्येत्
नृत्-नाचना	नृत्यति	अनृत्यत्	नर्तिष्यति	नृत्यतु	नृत्येत्

इन वाक्यों को ध्यान से देखो—

(१) धीरा मनस्विनः न धनाय्प्रतियच्छन्ति मानम् (धीर मनस्वी लोग धन के बदले मान को नहीं छोड़ते)।

(२) स्वार्थात् सतां गुरुतरा प्रणयक्रियैव (सत्पुरुषों के लिए अपने प्रयोजन से मित्रों का प्रयोजन ही बड़ा है।)

(३) नास्ति सत्यात्परो धर्मो नानृतात् पातकं महत् (सत्य से बढ़कर कोई धर्म नहीं और झूठ से बढ़कर कोई पाप नहीं।)

(४) असज्जनात् कस्य भय न जायते (दुष्ट से किस को डर नहीं लगता।)
(५) आमूलात् रहस्यमिद श्रोतुमिच्छामि (आरम्भ से लेकर इस रहस्य को सुनना चाहता हूँ।)
(६) हिमालयात् गङ्गा प्रभवति (गङ्गा हिमालय से निकलती है।)

अपादान कारक—पञ्चमी

ध्रुवमपायेऽपादानम् ।१।४।२४। अपादाने पञ्चमी ।२।३।२८।

जिससे कोई वस्तु पृथक् (अलग) हो, उसे अपादान कहते हैं। अपादान मे पञ्चमी होती है, यथा—वृक्षात् पत्राणि पतन्ति (पेड़ से पत्ते गिरते हैं।) यहाँ पर पत्ते पेड़ से अलग हो रहे हैं। इसी प्रकार 'ग्रामाद् आयाति' यहाँ पर ग्राम से वियोग या पृथक्त्व पाया जाता है, क्योंकि आने वाला पुरुष गाँव से अलग हो रहा है। अतः 'पेड' और 'ग्राम' अपादान हुए और अपादान मे पञ्चमी होती है। यदि अपादान में (पृथक् करण) का भाव न हो तो पञ्चमी नहीं होती, जैसे—"का वेला त्वामन्वेष्यामि" (कितने समय से मैं तुम्हें ढूँढ रहा हूँ।) यहाँ पर 'वेला' अवधि नहा है, अन्वेषण क्रिया से व्याप्तकाल है, अतः 'अत्यन्त संयोग' मे द्वितीया हुई है। इसी प्रकार "वृक्षशाखासु अवलम्बन्ते मुनीना वासासि" (मुनियों के वस्त्र वृक्ष की शाखाओं से लटक रहे हैं।) यहाँ पर वृक्षशाखा अपादान कारक नहीं, अपितु 'अधिकरण कारक' (वस्त्रों की अवलम्बन क्रिया का आधार) है।

भीत्रार्थानां भयहेतुः ।१।४।२५।

भय और रक्षा के अर्थवाली धातुओं के साथ भय के कारण मे पञ्चमी होती है, यथा—असज्जनात् कस्य भय न जायते। बालक. सिंहात् बिभेति।

(जुगुप्साविरामप्रमादार्थानामुपसंख्यानम् वा०)

जुगुप्सा (घृणा), विराम (बन्द होना, हटना), प्रमाद (भूल, असावधानी) अथवा इनके समानार्थक शब्दों के साथ पञ्चमी होती है, यथा—

पापात् जुगुप्सते, विरमति वा।
न निश्चयार्थात् विरमन्ति धीराः।
न नवः प्रभुराफलोदयात् स्थिरकर्मा विरराम कर्मणः (वह नया राजा तब तक कर्म करने से न हटा जब तक उसे फलप्राप्ति न हो गयी।)
धर्मात् प्रमाद्यति (धर्म कार्य में भूल करता है।)

विशेष—जिसके विषय में भूल या असावधानी होती है, उसमें सप्तमी का प्रयोग भी होता है, यथा—न प्रमाद्यन्ति प्रमदासु विपश्चितः।

वारणार्थानामीप्सितः ।१।४।२७।

जिस वस्तु से किसी को हटाया जाय, उसमे पञ्चमी होती है, यथा—यवेभ्यो गा वारयति क्षेत्रे (खेत में जौ से गौ को हटाना है।)

गुरुः शिष्यं पापात् वारयति। इन दो उदाहरणों में रोकनेवाले की इच्छा जो बचाने की और पाप से हटाने की है, अतः जो और पाप अपादान कारक हुए।

आख्यातोपयोगे ।१।४।२९।

जिससे विद्या नियमपूर्वक पढ़ी जाय या मालूम की जाय वह गुरु या अध्यापक आदि अपादान होता है, यथा—

उपाध्यायात् अधीते (उपाध्याय से पढ़ता है)।

कौशिकात् विदितशापया (विश्वामित्र से आप जान कर उसने)।

तेभ्योऽधिगन्तुं निगमान्तविद्या वाल्मीकिपार्श्वादिह पर्यटामि (उत्तरे) (उन लोगों से वेद पढ़ने के लिए मैं वाल्मीकि के यहाँ से इस स्थान पर चली आयी हूँ।) नियम न होने पर षष्ठी, यथा—नटस्य गाथा शृणोति।

पराजेरसोढः ।१।४।२६।

परापूर्वक जि धातु के प्रयोग में जो असह्य होता है उस की अपदान संज्ञा होती है, यथा—अध्ययनात् पराजयते (वह अध्ययन से भागता है।) उसके लिए अध्ययन असह्य या कष्टप्रद है। परन्तु हराने के अर्थ में द्वितीया होती है, यथा—शत्रून् पराजयते।

अन्तर्धौ येनादर्शनमिच्छति ।१।४।२८।

जब कोई अपने को छिपाता है तब जिससे छिपाता है वह अपादान होता है, यथा—मातुर्निलीयते कृष्णः (कृष्ण माता से छिपाता है)। कृष्ण अपने को माता से छिपाता है, अतः माता अपादान कारक हुआ।

जनिकर्तुः प्रकृतिः ।१।४।३०।

जन् धातु के कर्ता का मूल कारण अपादान होता है, यथा—ब्रह्मणः प्रजाः प्रजायन्ते (ब्रह्माजी से समस्त प्रजा उत्पन्न होती है)।

यहाँ 'प्रजायन्ते' का कर्ता 'प्रजाः' है और उस कर्त्ता (प्रजाः) का मूल कारण 'ब्रह्मा' है, अतः 'ब्रह्मा' अपादान हुआ। इसी प्रकार—कामात् क्रोधोऽभिजायते। परन्तु जिससे कोई उत्पन्न होता है, उसमें प्रायः सप्तमी होती है, यथा—शुक्रनास-स्यापि रेणुकाया तनयो जातः।

स स्वमार्यायां कन्यारत्नमजीजनत्।

परदारेषु जायेते द्वौ सुतौ कुण्डगोलकौ (मनुस्मृतौ)

भुवः प्रभवश्च ।१।४।३१।

प्रभव का अर्थ है—उत्पत्तिस्थान। उत्पन्न होने वाले का प्रभव अपादान होता है, यथा—हिमवतः गङ्गा प्रभवति।

(ल्यप् लोपे कर्मण्यधिकरणे च वा०)

जब क्त्वा प्रत्ययान्त अथवा ल्यप् प्रत्ययान्त क्रिया वाक्य में प्रकट नहीं की जाती, परन्तु छिपी रहती है तब उस क्रिया के कर्म और आधार पञ्चमी में होते हैं, यथा—

श्वशुराज् जिह्रेति (श्वशुर वीक्ष्य दृष्ट्वा वा जिह्रेति।) ससुर को देखकर लजाती है।

आसनात् प्रेक्षते (आसने उपविश्य स्थित्वा वा प्रेक्षते।) आसन पर बैठकर देखता है।

ऊपर के उदाहरणों में दृष्ट्वा का कर्म 'श्वसुर' में तथा उपविश्य के आधार 'आसन' में सप्तमी न होकर पञ्चमी हुई है।

(यतश्चाध्वकालनिर्माण तत्र पञ्चमी। तद्युक्तादध्वनः प्रथमासप्तम्यौ। कालात् सप्तमी च वक्तव्या। वा०)

जिस स्थान या काल (समय) से किसी दूसरे स्थान या काल की दूरी दिखायी जाती है, वह स्थान या काल पञ्चमी में रखा जाता है और उस स्थान का वाचक शब्द प्रथमा या सप्तमी मे रखा जाता है, यथा—देवप्रयागात् रुद्रप्रयागः पञ्चदशयोजनानि पञ्चदशयोजनेषु वा।

यहाँ जिस स्थान से दूरी दिखायी गयी है वह 'देवप्रयाग' है, अतः वह पञ्चमी में रखा गया है और जितनी दूरी दिखायी गयी है वह 'पञ्चदश योजन' है, अतः 'पञ्चदश योजन' प्रथमा में अथवा 'सप्तमी' में रखा गया है।

काल (समय) की दूरी के वाचक शब्द में सप्तमी होती है, यथा—राष्ट्रिय-पर्वात् महावीरजन्मदिवस· द्वादशदिवसेषु।

कार्तिक्या मासे आग्रहायणी (कार्तिकी पूर्णिमा से अगहन की पूर्णिमा एक महीने में आती है।)

यहाँ 'कार्तिक्या.' की दूरी दिखायी गयी है, अतः उसमें पञ्चमी हुई, महीने से दूरी दिखाई गयी है, अत· उसमें सप्तमी हुई।

पञ्चमी विभक्ते ।२।३।४२।

विभक्त का अर्थ है—भेद। तरप् या ईयसुन् प्रत्ययान्त विशेषण शब्दों द्वारा या साधारण विशेषण या क्रिया के द्वारा जिससे किसी वस्तु का तुलनात्मक भेद दिखाया जाता है, उसमें पञ्चमी होती है, यथा—

धनात् ज्ञान गुरुतरम् (धन से ज्ञान अच्छा है।)
देवात् रमेशः पटुतरः (देव से रमेश अधिक चतुर है।)
मौनात् सत्य विशिष्यते (मौन से सत्य श्रेष्ठ है)।
वर्धनाद्रक्षण श्रेयः तदभावे तदप्यसत् (बढ़ाने से रक्षा करना अच्छा है)।
श्रेयान् स्वधर्मो विगुणः परधर्मात्स्वनुष्ठितात् (दूसरे के धर्म से अपना धर्म अच्छा है।)

पञ्चम्यपाङ्परिभि ।२।३।१०। आङ् मर्यादावचने ।१।४।८८। अपपरी वर्जने ।१।४।८८।

अप, आङ् और परि के योग में चतुर्थी होती है। तक, जहाँ तक, मर्यादा अर्थ

में 'आ' के योग में पञ्चमी विभक्ति होती है, यथा—आमूलाच्छ्रोतुमिच्छामि (आरम्भ से सुनना चाहता हूँ।) आकैलासात् (जहाँ तक कैलास है।)

अव्ययी भाव समास बतलाने के लिए भी कभी-कभी 'आ' को संज्ञा-शब्दों के साथ जोड़ते हैं, यथा—

आमेखलं सञ्चरता घनानाम् (मध्य भाग तक घूमते फिरते हुए बादलों के)।

अप परि वा विष्णोः संसारः (भगवान् को छोड़कर अन्यत्र संसार रहता है)

प्रतिनिधिप्रतिदाने च यस्मात् ।२।३।११।

प्रतिनिधि तथा प्रतिदान (विनिमय) के अर्थ में प्रति के योग में पञ्चमी होती है।

कृष्णः पाण्डवेभ्यः प्रति (कृष्ण पाण्डवों के प्रतिनिधि हैं।)

तिलेभ्यः प्रतियच्छति माषान् (तिलों के बदले उड़द देता है)।

विभाषागुणेऽस्त्रियाम् ।२।३।२५।

कारण या हेतु प्रकट करनेवाले गुणवाचक अस्त्रीलिङ्ग शब्द तृतीया या पञ्चमी में रखे जाते हैं, यथा—

जाड्येन जाड्यात् वा बद्धः (वह अपनी मूर्खता के कारण पकड़ा गया)।

गुण वाचक न होने पर तृतीया होती है—धनेन कुलम्।

स्त्रीलिङ्ग में भी तृतीया ही होती है यथा—स बुध्या मुक्तः (वह अपनी बुद्धि के कारण छोड़ दिया गया)।

अन्यारादितरर्ते दिक्शब्दाञ्चूत्तरपदाजाहियुक्ते ।२।३।२९।

अन्य, इतर, आरात्, ऋते तथा दिग्वाचक प्रत्यक्, उदीच्, प्रभृति शब्दों तथा दक्षिणा, उत्तरा आदि शब्दों तथा दक्षिणाहि, उत्तराहि प्रभृति शब्दों के योग में पञ्चमी होती है, यथा—

हरेः अन्यः, भिन्नः इतरः वा।

आराद् वनात्।

ज्ञानात् ऋते न सुखम्।

नगरात् प्राक् प्रत्यग्वा।

भाद्रपदात् पूर्वः भाद्रपदः।

दक्षिणा नगरात्। दक्षिणाहि नगरात्।

प्रभृति तथा इसके अर्थ में प्रयुक्त होनेवाले 'आरभ्य' आदि शब्दों के योग में भी पञ्चमी होती है, यथा—शैशवात् प्रभृति पोषिता प्रियाम् (बचपन से ही पाली पोसी हुई)। भवात् प्रभृति आरभ्य वा सेव्यो हरिः। अद्य प्रभृति तवास्मि दासः।

इसी प्रकार 'बहिः' के योग में भी पञ्चमी होती है—नगराद् बहिः (नगर के बाहर)।

ऊर्ध्वम्, परम्, अनन्तरम् के योग में भी पञ्चमी होती है, यथा—अस्मात् परम् अनन्तर वा। मुहूर्त्तादूर्ध्वं तिष्ठ। पाणिग्राहनविधेरनन्तरम्।

पृथग्विनानानाभिस्तृतीयान्यतरस्याम् ।२।३।३२।

पृथक्, विना और नाना के साथ पचमी, तृतीया और द्वितीया तीनों होती हैं, यथा—श्रमात्, श्रम, श्रमेण वा विना विद्या न भवति (परिश्रम के बिना विद्या नहीं आती।) स भ्रातु, भ्रातर, भ्रात्रा वा पृथक् निवसति।

दूरान्तिकार्थैर्योगे द्वितीया च ।२।३।३५।

दूर और अन्तिक (निकटवाचा) शब्दों में सप्तमी, पञ्चमी, द्वितीया और तृतीया होती है, यथा—नगरात् नगरस्य वा दूर दूरेण दूरात् दूरे वा।

वनस्य वनाद् वा अन्तिकम्, अन्तिकेन, अन्तिकात् अन्तिके वा ग्रामस्य निकट, निकटेन, निकटात्, निकटे वा।

सस्कृत मे अनुवाद करो—

१—बालक ऊँचे महल से गिर पड़ा। २—धर्म से सुख और अधर्म से दु ख होता है। ३—पेड से पके हुए (पक्वानि) फल गिर रहे हैं। ४—मैं सिंह से नहीं डरता हूँ, दुर्जन से डरता हूँ। ५—गङ्गा और यमुना हिमालय से निकलती हैं। ६—गाँव से पश्चिम की ओर हरिजन रहते हैं। ७—बनिया (वणिक्) चावलों (तण्डुल) से उदड नहीं बदलता है। ८—गुरु शिष्य को पाप से हटाता है। ९—ब्रह्मा से (ब्रह्मण) लोक पैदा होते हैं। १०—सज्जन पाप से घृणा करता है। ११—बालक माता से छिपाता है। १२—उस नाटककार से वह कवि बहुत चतुर है। १३—घुड़सवार (सादी) घोडे से गिर पड़ा। १४—गोविन्द श्याम से अधिक बुद्धिमान् (बुद्धिमत्तर.) है। १५—श्वशुर से वधू लज्जा करती है। १६—ज्ञान के बिना सुख नहीं है। १७—चार सेंध लगा कर (सन्धि छित्वा) चौकीदारों से (प्रहरिभ्य) छिप गये (तिरोऽभवन्)। १८—गृहणी के बिना गृह जगल में जङ्गल को मात कर देता है। १९—पाँच वर्ष पूर्व मैंने इसी रमणीय वन को देखा था। २०—सच्चा मित्र मित्र के मन को पाप से हटाकर सत्कर्म में लगाता है। २१—अध्ययन प्रारम्भ करने से पहले व्याकरण की पुस्तक पास रखनी चाहिए। २२—दुष्टों के पद चिन्हों पर चलने से नाना प्रकार के दु ख पैदा होते हैं।

हिन्दी मे अनुवाद करो—

१—अश्वमेधसहस्रेभ्य सत्यमेवातिरिच्यते।
२—स्वार्थात् सतां गुरुतरा प्रवर्त्तयितुरेव हि।
३—नास्ति जीवितात् अन्यदधिकतरमिह जगति सर्वजन्तूनाम्।
४—वत्से मालति, जन्मन प्रभृति वत्सला ते लवङ्गिका।
५—यद्यस्मत्तो वरमान् राज्यमाऽवगम्यते तदिद शस्त्र तस्मै दीयताम्।

६—नैव जानासि तं देवमैक्ष्वाकं यद्येवं वदसि। तद्विरम्यतामतिप्रसङ्गात्।

७—तं नृपं वसुरक्षितो नाम मन्त्रिवृद्ध एकदाऽभाषत बुद्धिश्च निसर्गपटवी तवेतरेभ्यः प्रतिविशिष्यते।

८—सङ्गात्सञ्जायते कामः कामात्क्रोधोऽभिजायते।
क्रोधाद्भवति सम्मोहः सम्मोहात्स्मृतिविभ्रमः।
स्मृतिभ्रंशाद् बुद्धिनाशो बुद्धिनाशात् प्रणश्यति॥

९—सर्वद्रव्येषु विद्यैव द्रव्यमाहुरनुत्तमम्।
अहार्यत्वादनर्घ्यत्वादक्षयत्वाच्च सर्वदा॥

१०—प्रजाना विनयाधानाद्रक्षणाद्भरणादपि।
स पिता पितरस्तासा केवलं जन्महेतवः।

नवम अभ्यास

सम्बन्ध (षष्ठी) का, के, की, रा, रे, री

विशेष—हम पहले बता चुके हैं कि षष्ठी कारक नहीं है, अपितु यह विभक्ति है जो एक संज्ञा शब्द का दूसरे संज्ञा शब्द के साथ सम्बन्ध बतलाती है, परन्तु हमने पञ्चमी, षष्ठी, सप्तमी इसी क्रम से इन विभक्तियों को रखा है।

(५) स्वादिगणीय श्रु (सुनना) परस्मैपद

वर्तमानकाल (लट्)

प्र० पु०	शृणोति	शृणुतः	शृण्वन्ति
म० पु०	शृणोषि	शृणुथः	शृणुथ
उ० पु०	शृणोमि	शृणुवः, शृण्वः	शृणुमः, शृण्मः

अनद्यतनभूतकाल (लङ्)

प्र० पु०	अशृणोत्	अशृणुताम्	अशृण्वन्
म० पु०	अशृणोः	अशृणुतम्	अशृणुत
उ० पु०	अशृण्वम्	अशृणुव, अशृण्व	अशृणुम, अशृण्म

भविष्यकाल (लृट्)

प्र० पु०	श्रोष्यति	श्रोष्यतः	श्रोष्यन्ति आदि

आज्ञार्थक लोट्

शृणोतु	शृणुताम्	शृण्वन्तु
शृणु	शृणुतम्	शृणुत
शृणवानि	शृणवाव	शृणवाम

विधि लिङ्

प्र० पु० शृणुयात्	शृणुयाताम्	शृणुयुः
म० पु० शृणुयाः	शृणुयातम्	शृणुयात
उ० पु० शृणुयाम्	शृणुयाव	शृणुयाम

स्वादिगणीय कुछ धातुएँ

	लट्	लङ्	लृट्	लोट्	विधिलिङ्
शक्—सकना	शक्नोति	अशक्नोत्	शक्ष्यति	शक्नोतु	शक्नुयात्
चिञ्—चुनना	चिनोति	अचिनोत्	चेष्यति	चिनोतु	चिनुयात्

आप्—पाना	आप्नोति	आप्नोत्	आप्स्यति	आप्नोतु	आप्नुयात्
धुन्—काँपना	धुनोति	अधुनोत्	धविष्यति	धुनोतु	धुनुयात्
क्षि—कम होना	क्षिणोति	अक्षिणोत्	क्षेष्यति	क्षिणोतु	क्षिणुयात्

इन वाक्यों को ध्यान से देखो—

(१) न हि परगुणानां विज्ञातारो बहवो भवन्ति (दूसरे के गुणों को जाननेवाले बहुत नहीं होते ।)

(२) पुत्र, लोकव्यवहाराणाम् अनभिज्ञोऽसि (बेटा, तुम लोक व्यवहार को नहीं जानते) ।

(३) गन्तव्या ते वसतिरलका नाम यक्षेश्वराणाम् (तुम्हे यक्षेश्वरों की नगरी अलका को जाना है ।

(४) विचित्रा हि सूत्राणां कृतिः पाणिनेः (पाणिनि के सूत्रों की कृति विचित्र है !)

(५) अलसस्य कुतो विद्या, अविद्यस्य कुतो धनम् । अधनस्य कुतो मित्रम्, अमित्रस्य कुतः सुखम् (आलसी की विद्या कहाँ और विद्या के बिना धन कहाँ, धन के बिना मित्र कहाँ और मित्र के बिना सुख कहाँ !)

सम्बन्ध में षष्ठी

षष्ठी शेषे ।२।३।५०।

जो बात और विभक्तियों से नहीं बतलायी जा सकती, उसको बतलाने के लिए षष्ठी का प्रयोग होता है ।

स्वामी तथा भृत्य, जन्य तथा जनक, कार्य तथा कारण इत्यादि सम्बन्ध दिखाने के लिए षष्ठी काम में लायी जाती है । उसका क्रिया से साक्षात् सम्बन्ध नहीं होता जैसा कि प्रथमा, द्वितीया आदि विभक्तियों का होता है; जैसे—यस्य नास्ति स्वयं प्रज्ञा (जिसके स्वयं बुद्धि नहीं है ।) स्खलनं मनुष्याणां धर्मः (गलती करना मनुष्य का धर्म है) । इमे नो गृहाः (ये हमारे घर हैं ।)

विशेष—ध्यान रहे कि संस्कृत में षष्ठी उन सभी सम्बन्धों और अर्थों का बोध नहीं करा सकती जिन्हें दिखाने के लिये हिन्दी में "का, की, के," प्रयुक्त किये जाते हैं, जैसे—'एक सोने का बर्तन' का अनुवाद प्रायः समस्त पद 'हेमभाजनम्' अथवा प्रत्यय निष्पन्न पद 'हैम' द्वारा 'हैमभाजनम्' होता है, परन्तु 'हेम्नः पात्रम्' कभी नहीं होता । इसी प्रकार (२) मिट्टी का बर्तन, 'मृद्भाण्डम्' अथवा 'मृण्मयभाण्डम्' होता है, परन्तु 'मृदःभाण्डम्' नहीं होता । (३) बड़े मूल्य की मुक्ता । 'महार्घं मुक्ताफलम्' (४) शक्ति वाला पुरुष 'सबलो नरः' न कि 'बलस्य नरः' होता है । (५) इसी प्रकार वैशाख के महिने में 'वैशाखेमासे' न कि 'वैशाखस्य मासे' होता है । (६) बम्बई का शहर 'मोहमयी पुरी' अथवा 'मोहमयीनामपुरी' 'मोहमय्याः पुरी' नहीं होता, क्योंकि मोहमयी और पुरी में समानाधिकरण सम्बन्ध है ।

षष्ठी हेतुप्रयोगे।२।३।२६।

हेतु (प्रयोजन) शब्द के साथ षष्ठी होती है, यथा—अन्नस्य हेतोः वसति (अन्न के लिए रहता है)। यहाँ रहने का हेतु या प्रयोजन 'अन्न' है, अतः अन्न और हेतु में षष्ठी हुई।

अध्ययनस्य हेतोः वाराणस्यां तिष्ठति (अध्ययन के लिए बनारस में ठहरा है।) यहाँ ठहरने का प्रयोजन या कारण 'अध्ययन' है, अतः 'अध्ययन' और 'हेतु' में षष्ठी हुई।

सर्वनाम्नस्तृतीया च।२।३।२७।

यदि हेतु शब्द के साथ सर्वनाम का प्रयोग हो तो सर्वनाम और हेतु शब्द, दोनों में तृतीया, पंचमी या षष्ठी होती है, यथा—केन हेतुना अत्र वसति, कस्मात् हेतोः अत्र वसति अथवा कस्य हेतोः अत्र वसति।

इसी प्रकार—तेन हेतुना, तस्मात् हेतोः, तस्य हेतोः आदि।

निमित्तपर्यायप्रयोगे सर्वासां प्रायदर्शनम् (वा०)

निमित्त अथवा उसके अर्थवाचक शब्दों (कारण, प्रयोजन, हेतु आदि) के प्रयोग होने पर सर्वनाम एवं निमित्तवाचक शब्दों में प्रायः समस्त विभक्तियाँ होती हैं, यथा—

को हेतुः	इसी प्रकार	यत् प्रयोजनम्
कं हेतुम्	किं निमित्तम्	येन प्रयोजनेन
केन हेतुना	केन निमित्तेन	यस्मै प्रयोजनाय
कस्मै हेतवे	कस्मै निमित्ताय	आदि
कस्मात् हेतोः	आदि।	
कस्य हेतोः		
कस्मिन् हेतौ		

वार्तिक में प्राय से तात्पर्य यह है कि सर्वनाम शब्द के प्रयोग न रहने पर भी प्रथमा द्वितीया को छोड़ कर अन्य विभक्तियाँ होती हैं, यथा—

अध्ययेन	निमित्तेन	(अध्ययन के लिए)
अध्ययनाय	निमित्ताय	,,
अध्ययनात्	निमित्तात्	,,
अध्ययनस्य	निमित्तस्य	,,
अध्ययने	निमित्ते	,,

षष्ठ्यतसर्थप्रत्ययेन।२।३।३०।

अतसुच् (तस्) प्रत्ययान्त शब्दों (उत्तरतः, दक्षिणतः आदि) तथा इस प्रत्यय का अर्थ रखनेवाले प्रत्ययान्त (उपरि, अधः, अग्रे, आदौ, पुरः आदि) की जिससे समीपता पायी जाती है, उसमें षष्ठी होती है, यथा—

ग्रामस्य दक्षिणतः उत्तरत. वा ।
गृहस्योपरि, अग्रे, पुरः, पश्चाद् वा ।
पतिव्रतानाम् अग्रे कीर्तनीया सावित्री ।
तस्य स्थित्वा कथमपि पुरः कौतुकाधानहेतोः (मेघदूते)

दूरान्तिकार्थैः षष्ठ्यन्यतरस्याम् ।२।३।३४।

दूर, अन्तिक (समीप) तथा इनके अर्थवाची शब्दों का प्रयोग होने पर षष्ठी तथा पञ्चमी होती है, यथा—

ग्रामस्य ग्रामाद् वा दूरं वनम् । (वन ग्रामसे दूर है ।)
सारनाथः वाराणस्याः समीपम् (सारनाथ बनारस के समीप है ।)
प्रत्यासन्नः माधवीमण्डपस्य (माधवी लतागृह के पास) ।

अधीगर्थदयेशां कर्मणि ।२।३।५२।

अधि + इ धातु (स्मरण करना), दय् (दया करना), ईश् (समर्थ होना) तथा इन धातुओं की अर्थवाची धातुओं के कर्म में षष्ठी होती है, यथा—

मातुः स्मरति (माता को याद करता है) ।
रामस्य दयमानः (रामके ऊपर दया करता हुआ) ।
गात्राणाम् अनीशोऽस्मि सवृत्तः (मैं अपने अंगों का स्वामी न रहा) ।

प्रभवति निजस्य कन्यकाजनस्य महाराजः (महाराज अपनी पुत्री के ऊपर समर्थ हैं ।)

विशेष—जब स्मृ धातु अपने साधारण अर्थ (याद करना) में प्रयुक्त होती है तब उसके कर्म में द्वितीया ही आती है, यथा—स्मरसि तान्यहानि स्मरसि गोदावरीं वा । यहाँ कर्म का व्यक्त किया जाना अभीष्ट है (यदा कर्म विवक्षितं भवति तदा षष्ठी न भवति) ।

"जाननेवाला", या 'परिचित' या 'सावधान' इन अर्थों का बोध करनेवाले विशेषणों तथा इनके उलटे अर्थों का बोध करानेवाले विशेषणों के योग में कर्म में षष्ठी होती है, यथा—अनभिज्ञो गुणानां यः स भृत्यैर्नानुगम्यते (जो गुणों को नहीं जानता उसका नौकर अनुसरण नहीं करते ।)

अनभ्यन्तरे आवां मदनगतस्य वृत्तान्तस्य ।

कभी-कभी सप्तमी का भी प्रयोग होता है, यथा—यदि त्वमीदृशः कथायामभिज्ञः । तत्राप्यभिज्ञो जनः ।

कर्तृकर्मणोः कृति ।२।३।६५।

कृदन्त शब्दों के कर्ता और कर्म में षष्ठी होती है । कृदन्त शब्द अर्थात् जिनके अन्त में कृत् प्रत्यय—तृच् (तृ), अच् (अ), घञ् (अ), ल्युट् (अन), क्तिन (ति), ण्वुल् (अक) आदि रहते हैं ।

शिशोः रोदनम्	(बच्चे का रोना)	शास्त्राणां परिचयः
कालस्य गतिः	(समय की चाल)	(शास्त्रों का ज्ञान)
पुस्तकस्य पाठः	(पुस्तक का पढ़ना)	क्रियामिमां कालिदासस्य
राक्षसानां घातः	(राक्षसों का वध)	(कालिदास की इस
राज्यस्य प्राप्तिः	(राज्य की प्राप्ति),	क्रिया को)।

यतश्च निर्धारणम् ।२।३।४१।

एक समुदाय में से एक वस्तु जब विशिष्टता दिखलाकर छांट दी जाती है तब जिससे छांटा जाय उसमें षष्ठी या सप्तमी होती है, यथा—

कवीनां कविषु वा कालिदासः श्रेष्ठः (कवियों में कालिदास श्रेष्ठ हैं।) छात्राणां छात्रेषु वा गोपालः पटुतमः।

चतुर्थी चाशिष्यायुष्यमद्रभद्रकुशलसुखार्थहितैः ।२।३।७३।

आशीर्वाद देने की इच्छा होने पर आयुष्य, मद्र, भद्र, कुशल, सुख, अर्थ, हित तथा इनके पर्यायवाची शब्दों के साथ चतुर्थी या षष्ठी होती है, यथा—आयुष्यं चिरंजीवितं वा रामस्य रामाय वा स्यात् (राम चिरंजीवी हों)।

नृपस्य नृपाय वा भद्रं, भद्रं, कुशलं वा भूयात्।

कृते (के लिए), समक्षम् (सामने), मध्ये, अन्तरे, अन्तः के साथ षष्ठी होती है, यथा—अमीषां प्राणिनां कृते (इन जीवों के लिए)। राज्ञः समक्षमेव (राजा के ही सामने)। बालाना मध्ये, गृहस्य अन्तः अन्तरे वा।

षष्ठी चानादरे ।२।३।३८।

जिसका अनादर (तिरस्कार) करके कोई कार्य किया जाता है उसमें षष्ठी या सप्तमी होती है, यथा—

रुदतः शिशोः, रुदति वा शिशौ माता बहिरगच्छत् (रोते हुए बच्चे के माता बाहर चली गयी)।

निवारयतोऽपि पितुः निवारयत्यपि पितरि वा सः अध्ययनं त्यक्तवान् (पिता के मना करने पर भी उसने पढ़ना छोड़ दिया।)

तुल्यार्थैरतुलोपमाभ्यां तृतीयान्यतरस्याम् ।२।३।७२।

बराबर, समान या "की तरह" अर्थवाची तुल्य, सदृश, सम, सकाश, आदि शब्दों के योग में वह शब्द तृतीया या षष्ठी में रखा जाता है जिससे किसी की तुलना की जाती है, यथा—

कृष्णस्य कृष्णेन वा समः तुल्यः सदृशः। नायं मया मम वा समं पराक्रमं बिभर्ति।

योग्य, उचित, अनुरूप, उपयुक्त अर्थवाची विशेषणों के साथ प्रायः षष्ठी होती है, यथा—असौ पुण्डरीकः, चैतदनुरूपं भवतः (सिंह पुंडरीक यह तुम्हारे योग्य नहीं है)।

अनु + कृ का अर्थ जब नकल करना या मिलना जुलना होता है, तब इसके कर्म में प्रायः षष्ठी होती है, यथा—ततोऽनुकुर्यात् तस्याः रिमतस्य। (तब कदाचित् यह

उसकी मुस्कराहट से मिल जुल जाय।) सर्वाभिरन्याभिः कलाभिरनुचकार तं वैशम्पायनः (अन्य सभी कलाओं में वैशम्पायन उससे मिलता जुलता था)।

क्तस्य च वर्तमाने।२।३।६७।

(क) जब क्तप्रत्ययान्त शब्द (जो भूतकाल का वाचक है) वर्तमान के अर्थ में प्रयुक्त होता है तब षष्ठी होती है, यथा—

अहमेव मतो महीपतेः (राजा मुझे ही मानते हैं।)

राज्ञः पूजितः, मतः वा (राजा पूजते हैं, मानते हैं)।

यहाँ वर्तमान के अर्थ में क्त प्रत्यय है, इसका अर्थ हुआ—राजा पूजयति मन्यते वा।

परन्तु जब भूतकाल विवक्षित होता है तब केवल तृतीया आती है, यथा—न खलु विदितास्ते चाणक्यहतकेन (क्या दुष्ट चाणक्य द्वारा उन लोगों का पता नहीं लगा दिया गया?)

(ख) नपुंसके भावेक्तः।३।३।१४। सूत्र के अनुसार भाव अर्थ में क्तप्रत्ययान्त नपुंसक लिङ्ग शब्दों के साथ 'कर्तृकर्मणोः कृति' के अनुसार षष्ठी होती है, यथा—मयूरस्य नृत्यम् (मोर का नाच)। छात्रस्य हसितम् (छात्र का हँसना)। कोकिलस्य व्याहृतम् (कोयल का कूकना)।

कृत्यानां कर्तरि वा।२।३।७१।

कृत्य प्रत्ययान्त शब्दों के योग में कर्ता में तृतीया या षष्ठी होती है, यथा—पिता मम पूज्यः, पिता मया पूज्यः (पिताजी मेरे पूज्य हैं)।

न वञ्चनीयाः प्रभवोऽनुजीविभिः (नौकरों को अपने स्वामियों को न ठगना चाहिए)। कृत्य प्रत्ययान्त क्रियाएँ तिङन्त क्रियाओं में यों बदलेंगी—

पिता मम पूज्यः—अहं पितरं पूजयेयम्।

प्रभवोऽनुजीविभिः न वञ्चनीयाः—प्रभून् अनुजीविनः न वञ्चयेयुः।

कृत्वोऽर्थप्रयोगे कालेऽधिकरणे।२।३।६४।

बार-बार या अनेक बार अर्थ प्रकट करने वाले "द्विः, त्रिः" शब्दों अथवा 'अष्टकृत्वः' 'शतकृत्वः' अर्थ बोधक संज्ञा विशेषण अव्यय शब्दों के साथ समयवाची शब्द में सप्तमी का भाव प्रकट होने पर भी षष्ठी होती है, यथा—द्विरह्नो भोजनम् (दिन में दो बार भोजन), शतकृत्वस्तवैकस्याः स्मरत्यह्नो रघूत्तमः (रघुश्रेष्ठ श्रीरामचन्द्र जी तुम्हें दिन में सौ बार याद करते हैं।)

जासिनिप्रहणनाटक्राथपिषां हिंसायाम्।२।३।५६।

हिंसार्थक जस् (णिजन्त), नि तथा प्र पूर्वक हन्, क्रथ् (णिजन्त), नट् (णिजन्त) तथा पिष् धातुओं के कर्म में षष्ठी होती है, यथा—

निजौजसोज्जासयितुं जगद् द्रुहाम् (संसार के द्रोहियों को अपने बल से मारने के लिए।)

अपराधिनः निहन्तुं, प्रहन्तुं, प्रणिहन्तुं वा (अपराधी के मारने के लिए)।
वधिकस्य नाटयितुं कथयितुं वा (वधिक के वध करने के लिए)।
क्रमेण पेष्टुं भुवनद्विषामपि (क्रमशः जगद् द्रोहियों के नाश के लिए)।

व्यवहृपणोः समर्थयोः ।२।३।५७।

'सौदा का लेन-देन करना', 'जुआ में लगा देना' इन अर्थों की वाचक व्यवह और पण् धातुओं के योग में इनके कर्म में षष्ठी होती है, यथा—शतस्य व्यवहरणं पणम् (सैकड़ों का लेन-देन करना)।

प्राणानामपणिष्टासौ (उसने प्राणों की बाजी लगा दी)।
परन्तु द्वितीया का प्रयोग प्रायः मिलता है, यथा—
कृष्णां पणस्व पाञ्चालीम् (पाञ्चालराज की कन्या द्रौपदी को दाँव पर लगा दो)।

दिवस्तदर्थस्य ।२।३।५८।

दिव् धातु का जब उपर्युक्त अर्थ में प्रयोग होता है तब उसके योग में जो कर्म में षष्ठी होती है, यथा—शतस्य दीव्यति (सौ का जुआ खेलता है)।
परन्तु दिव् का उपर्युक्त अर्थ न होने पर कर्म में द्वितीया ही होती है, यथा—हरिं दीव्यति (हरि की स्तुति करता है)।

जब किसी घटना के हुए कुछ समय बीता हुआ बतलाया जाता है तब बीती घटना के वाचक शब्द षष्ठी में प्रयुक्त होते हैं, यथा—

कतिपये संवत्सरास्तस्य तप्यमानस्य (तप करते हुए उन्हें कई वर्ष हो गये हैं)।
अद्य दशमो मासस्तातस्योपरतस्य (मुद्राराक्षस)।

अंशांशिभाव या अवयवावयविभाव होने पर अंशी तथा अवयवी में षष्ठी होती है, यथा—जलस्य बिन्दुः, अयुतं शरदां ययौ (दस हजार वर्ष बीत गये) रात्रेः पूर्वम्, दिनस्य उत्तरम्।

प्रिय, वल्लभ तथा इसी अर्थ के वाचक शब्दों के योग में षष्ठी होती है, यथा—कायः कस्य न वल्लभः। प्रकृत्यैव प्रिया सीता रामस्यासीत्।

विशेष, अन्तर आदि शब्दों के योग में जिनमें विशेष या अन्तर दिखाया जाता है वे षष्ठी में होते हैं, यथा—तव मम च समुद्रपल्वलयोरिवान्तरम्। एतावानेवानुष्मतः शतक्रतोश्च विशेषः (आप और इन्द्र में इतना ही अन्तर है)।

संस्कृत में अनुवाद करो

१—सीता को राम प्राणों से भी अधिक प्रिय थे। २—यदि मनुष्य सभी कार्यों में पशुओं की नकल करे (अनु+कृ) तो दोनों में क्या अन्तर है। ३—हे मित्र पुण्डरीक यह तुम्हारे योग्य नहीं है। ४—श्रीरामचन्द्रजी को मित्रों के देखने से केवल दुःख ही होगा। ५—गलती करना मनुष्य का धर्म है। ६—मित्र,

निराश मत होओ, जिसके लिए (कृते) इतने दुःखी हो वह स्वय तुम्हारे पास आवेगी। ७—प्राचीन काल में आर्य लोग सारा काम पुत्रों को सौंप कर वन को गमन करते थे। ८—तुम्हारा यह कार्य अपने उच्च कुल के उपयुक्त है। ९—अनेक कवियों ने हिमालय की भूरि-भूरि प्रशसा की है। १०—धार्मिक पुस्तकों मे वेद सब से प्राचीन तथा श्रेष्ठ हैं। ११—विद्यार्थियों को उत्तम पुस्तकें सुन्दर सुन्दर वस्त्रों की अपेक्षा अधिक प्रिय लगती हैं। १२—श्रीमान् अपने शिष्यों के ऊपर प्रभाव रखते हैं (प्र+भू)। १३—जिसके स्वय बुद्धि नहीं है, उसको कैसे ज्ञान दें? १४—श्रीमान् तथा मुझमें उतना ही अन्तर है जितना समुद्र और गड्ढे में। १५—पिताजी को मरे हुए आज दस महीने हो गये।

हिन्दी मे अनुवाद करो

१—अयि, भागीरथीप्रसादात् वनदेवतानामप्यदृश्यासि सवृत्ता। २—न खलु स उपरतः यस्य वल्लभो जनः स्मरति। ३—कापि महती वेला वर्तते तवादृष्टस्य। ४—धिङ् मा दुष्कृतकारिणीं यस्याः कृते तवेयमीदृशी दशा वर्तते। ५—देव्याः शून्यस्य जगतो द्वादशः परिवत्सरः। ६—शरीरस्य गुणाना च दूरमत्यन्तमन्तरम्। शरीर क्षणविध्वसि कल्पान्तस्थायिनो गुणाः। ७—अपीप्सित क्षत्रकुलागनाना न वीरसूशब्दमकामयेताम्। ८—तस्मै कोपिष्यामि यदि त प्रेक्षमाणा आत्मनः प्रभविष्यामि। ९—अह पुनर्युष्माक प्रेक्षणानागेन स्मर्तव्यशेष नयामि। १०—कच्चिद्भर्तुः स्मरसि सुभगे त्व हि तस्य प्रियेति। ११—मया तस्य किमपराद्ध य मा परुषमवादीत्। १२—कोऽतिभारः समर्थाना किं दूर व्यवसायिनाम्। को विदेशः सविद्याना कः परः प्रियवादिनाम्।

दशम अभ्यास

अधिकरण कारक (सप्तमी) मे, पर

(६) तुदादिगणीय कुछ धातुएँ

	लट्	लङ्	लृट्	लोट	विधिलिङ्
तुद्—दुःखदेना	तुदति	अतुदत्	तोत्स्यति	तुदतु	तुदेत्
मिल्—मिलना	मिलति	अमिलत्	मेलिष्यति	मिलतु	मिलेत्
मुच्—छोड़ना	मुञ्चति	अमुञ्चत्	मोक्ष्यति	मुञ्चतु	मुञ्चेत्
सिञ्च्—सींचना	सिञ्चति	असिञ्चत्	सेक्ष्यति	सिञ्चतु	सिञ्चेत्
तृप्—तृप्त होना	तृपति	अतृपत्	तर्पिष्यति	तृपतु	तृपेत्
विश्—प्रवेश करना	विशति	अविशत्	वेक्ष्यति	विशतु	विशेत्
प्रच्छ्—पूछना	पृच्छति	अपृच्छत्	प्रक्ष्यति	पृच्छतु	पृच्छेत्

१४—अनभवतः मम च समुद्रपल्वलयोरिवान्तरम्। १५—पिताजी को मरे हुए—तातस्योपरतस्य।

विशेष—तुदादिगण की धातुएँ भ्वादिगण की धातुओं के समान हैं। अन्तर इतना ही है कि भ्वादिगण में धातु की उपधा को अथवा अन्त के स्वर को गुण होता है, तुदादि में नहीं होता। तुदादिगणीय धातुओं के रूप परस्मैपद में 'पठति—पठतः' की भांति और आत्मनेपद में 'सेवते' या 'जायते' की भांति होते हैं।

(७) रुधादिगणीय भुज् (भोजन करना) आत्मनेपद

वर्तमान काल (लट्)

	एकव०	द्विव०	बहुव०
प्र० पु०	भुङ्क्ते	भुञ्जाते	भुञ्जते
म० पु०	भुङ्क्षे	भुञ्जाथे	भुङ्ध्वे
उ० पु०	भुञ्जे	भुञ्ज्वहे	भुञ्ज्महे

अनद्यतन भूतकाल (लङ्)

प्र० पु०	अभुङ्क्त	अभुञ्जाताम्	अभुञ्जत
म० पु०	अभुङ्क्थाः	अभुञ्जाथाम्	अभुङ्ध्वम्
उ० पु०	अभुञ्जि	अभुञ्ज्वहि	अभुञ्ज्महि

भविष्यत्काल (लृट्)

प्र० पु०	भोक्ष्यते	भोक्ष्येते	भोक्ष्यन्ते
म० पु०	भोक्ष्यसे	भोक्ष्येथे	भोक्ष्यध्वे
उ० पु०	भोक्ष्ये	भोक्ष्यावहे	भोक्ष्यामहे

आशीर्लिङ्

भुङ्क्ताम्	भुञ्जाताम्	भुञ्जताम्
भुङ्क्ष्व	भुञ्जाथाम्	भुञ्जध्वम्
भुञ्जै	भुञ्जावहै	भुञ्जामहै

विधिलिङ्

प्र० पु० भुञ्जीत	भुञ्जीयाताम्	भुञ्जीरन्
म० पु० भुञ्जीथाः	भुञ्जीयाथाम्	भुञ्जीध्वम्
उ० पु० भुञ्जीय	भुञ्जीवहि	भुञ्जीमहि

रुधादिगणीय कुछ धातुएँ

	लट्	लङ्	लृट्	लोट्	विधिलिङ्
रुध्—रोकना	रुणद्धि	अरुणत्	रोत्स्यति	रुणद्धु	रुन्ध्यात्
भिद्—फाड़ना	भिनत्ति	अभिनत्	भेत्स्यति	भिनत्तु	भिन्द्यात्
छिद्—काटना	छिनत्ति	अच्छिनत्	छेत्स्यति	छिनत्तु	छिन्द्यात्

सप्तमी

इन वाक्यों को ध्यान से पढ़ो—

(१) करिमन्नपि पूजार्हेऽपराद्धा शकुन्तला (शकुन्तला ने किसी गुरुजन के प्रति अपराध किया है।)

(२) योग्यसचिवे न्यस्तः समस्तो भरः (समस्त राज्यभार योग्य मन्त्री पर छोड़ दिया गया है।)

(३) न खलु न खलु बाणः सन्निपात्योऽयमस्मिन् (इस सुकुमार हरिण-शरीर पर कदापि बाण नहीं छोड़ना चाहिए।)

(४) पुरोचनो जतुगृहे अग्निमदात् पाण्डवास्तु प्रागेव ततो निरक्रामन् (पुरोचन ने लाख के घर को आग लगा दी, किन्तु पाण्डव पहले ही वहाँ से निकल चुके थे।)

(५) यतीना वल्कलानि वृक्षशाखास्ववलम्बन्ते, अतस्तपोवनेनानेन भवितव्यम् (मुनियों के वल्कल वृक्षों की शाखाओं से लटक रहे हैं, अतः यह तपोवन ही होगा।)

अधिकरण कारक-सप्तमी

आधारोऽधिकरणम् ।१।४।४५। सप्तम्यधिकरणे च ।२।३।३६।

जिस स्थान पर कोई कार्य होता है उसे अधिकरण कहते हैं और वह सप्तमी विभक्ति में रखा जाता है, यथा—स्थाल्यामोदन पचति (बटली में खाना पकाता है)। आसने उपविशति (आसन पर बैठता है)।

आधार तीन प्रकार का होता है—(१) औपश्लेषिक, (२) वैषयिक तथा (३) अभिव्यापक।

(१) औपश्लेषिक आधार—जिसके साथ आधेय का भौतिक सश्लेष हो, यथा—कटे आस्ते (चटाई पर है), यहाँ बैठने वाले का भौतिक सश्लेष स्पष्ट दिखाई देता है।

(२) वैषयिक आधार—जिसके साथ आधेय का व्याप्य-व्यापक सश्लेष हो, यथा—मोक्षे इच्छास्ति। यहाँ इच्छा का 'मोक्ष' में अधिष्ठित होना पाया जाता है।

(३) अभिव्यापक आधार—जिसके साथ आधेय का व्याप्य-व्यापक सम्बन्ध हो, यथा—तिलेषु तैलम्। यहाँ तेल सभी तिलों में व्याप्त है।

(सप्तम्येन्विषयस्य कर्मण्युपसंख्यानम् वा०)

सप्तम्यन्त शब्द में इन् प्रत्यय लगकर बने हुए शब्द के योग में उसके कर्म में सप्तमी होती है, यथा—अधीती चतुर्ष्वाम्नायेषु (चारों वेदों को पढ चुकने वाला)। गृहीती षट्स्वङ्गेषु (छहों अंगों का प्रकाण्ड विद्वान्)।

(साध्वसाधु प्रयोगे च वा०)

साधु और असाधु के प्रयोग में सप्तमी विभक्ति होती है, यथा—मातरि साधुरसाधुर्वा (अपनी माता के प्रति सद्व्यवहार अथवा असद् व्यवहार करता है।)

(निमित्तात्कर्मयोगे वा०)

जिस फल की प्राप्ति के लिए कोई क्रिया की जाती है, वह फल यदि उस क्रिया के कर्म से युक्त हो तो उसमें सप्तमी होती है, यथा—

चर्मणि द्वीपिनं हन्ति, दन्तयोर्हन्ति कुञ्जरम्।
केशेषु चमरीं हन्ति, सीम्नि पुष्कलको हतः॥

यहाँ 'द्वीपी' कर्म के साथ उसका चर्म फल प्राप्ति है, उसीके लिए हत्या की जाती है। इसी प्रकार दन्तयोः, केशेषु तथा सीम्नि में भी सप्तमी हुई।

यतश्च निर्धारणम् ।२।३।४१।

जब किसी वस्तु की अपने समुदाय से किसी विशेषण द्वारा कोई विशिष्टता दिखलायी जाती है तब समुदाय वाचक शब्द षष्ठी अथवा सप्तमी में रखा जाता है, यथा—

कवीनां कविषु वा कालिदासः श्रेष्ठः।
छात्राणां छात्रेषु वा गोविन्दः पटुतमः।
जीवेषु जीवाना वा मानवाः श्रेष्ठाः।

यस्य च भावेन भावलक्षणम् ।२।३।३७।

जब किसी कार्य के हो जाने पर दूसरे कार्य का होना प्रतीत होता है तब जो कार्य हो चुकता है उसमें सप्तमी होती है, यथा—रामे वनं गते दशरथः प्राणान् तत्याज (राम के वन चले जाने पर दशरथ ने प्राण त्याग दिये।)

सूर्ये उदिते कमलं प्रकाशते (सूर्य के उदय होने पर कमल खिलता है)। सर्वेषु शयानेषु कमला रोदिति (सब के सो जाने पर कमला रोती है)।

सप्तमीपञ्चम्यौ कारकमध्ये ।२।३।७।

समय और मार्ग का अन्तर बतलाने वाले शब्दों में पञ्चमी और सप्तमी होती है, यथा—अयं क्रोशे क्रोशाद्वा लक्ष्यं विध्येत् (यह एक कोस पर लक्ष्य वेध देगा)। अद्य भुक्त्वायं श्वोहे श्वोहाद्वा भोक्ता।

आयुक्तकुशलाभ्यां चासेवायाम् ।२।३।४०। साधुनिपुणाभ्यामर्चायां सप्तम्यप्रतेः ।२।३।४३।

संलग्नार्थक शब्दों तथा (युक्तः, व्यापृतः, तत्परः आदि) चतुरार्थक शब्दों (कुशलः, निपुणः, पटुः आदि) के साथ सप्तमी होती है, यथा—कार्ये लग्नः, तत्परः। शास्त्रे निपुणः दक्षः प्रवीणः आदि।

षष्ठी चानादरे ।२।३।३८।

जिसका अनादर करके कोई कार्य किया जाता है, उसमें षष्ठी या सप्तमी होती है, यथा—निवारयतोऽपि पितुः निवारयत्यपि पितरि वा रमेशः अध्ययनं त्यक्तवान्-पिता के मना करने पर भी रमेश ने पढ़ना छोड़ दिया।)

वैषयिकाधार में सप्तमी—स्निह्, अभिलष्, अनुरंज् आदि स्नेह, आसक्ति तथा सम्मानवाचक शब्दों के साथ जिसके लिए स्नेह, आसक्ति तथा सम्मान प्रदर्शित किया जाता है, वह सप्तमी में रखा जाता है, यथा—किन्नु खलु बालेऽस्मिन् स्निह्यति मे मनः (मेरा मन इस बालक को क्यों प्यार करता है!) न तापसकन्यायां शकुन्तलायां ममाभिलाषः (मुनिकन्या शकुन्तला से मेरा स्नेह नहीं है)। देवे चन्द्रगुप्ते इदमनुरक्ताः प्रकृतयः (चन्द्रगुप्त के प्रति प्रजा का बहुत बड़ा अनुराग है)।

युज् धातु के साथ तथा युज् से प्रत्यय द्वारा निष्पन्न शब्दों के साथ सप्तमी होती है, यथा—असावुदर्शी भगवान् काश्यपो य इमामाश्रमधर्मे नियुङ्क्ते (पूज्यपाद काश्यपजी महाराज बुद्धिमान् नहीं हैं, जिन्होंने इसे आश्रम के कार्यों में लगा रखा है)।

'योग्यता' अथवा 'उपयुक्तता' आदि अर्थों का बोध कराने वाले शब्दों के योग में उस व्यक्ति का वाचक शब्द सप्तमी में रखा जाता है, जिसके विषय में योग्यता अथवा उपयुक्तता प्रकट की जाती है, यथा—युक्तरूपमिदं त्वयि (यह तुम्हारे लिए योग्य है)। त्रैलोक्यस्यापि प्रभुत्व तस्मिन् युज्यते (तीनों लोकों का भी राज्य उसके लिए उपयुक्त है)। ते गुणाः परस्मिन् ब्रह्मणि उपपद्यन्ते (वे गुण परब्रह्म के लिए उपयुक्त हैं)।

जब कारणवाची शब्द का प्रयोग होता है तब कार्य सप्तमी में रखा जाता है, यथा—दैवमेव हि नृणा वृद्धौ क्षये कारणम् (भाग्य ही मनुष्य की उन्नति तथा अवनति का कारण है)।

सप्तमी विभक्ति स्थान का बोध कराती है, परन्तु अनेक स्थलों पर सप्तमी उस वस्तु या पात्र में भी प्रयुक्त होती है, जिसको कोई चीज दी जाती है या सुपुर्द की जाती है, यथा—योग्यसचिवे न्यस्तः समस्तो भरः (योग्य मन्त्री के ऊपर समस्त भार सौंप दिया)। शुक्रनासनाम्नि मन्त्रिणि राज्यमारमारोप्य स यौवनसुखमनुबभूव (राज्य का भार योग्यमन्त्री शुक्रनास को सौंपकर वह यौवन का सुख भोगने लगा)। वितरति गुरुः प्राज्ञे विद्या यथैव तथा जडे (गुरु जिस प्रकार से चतुर शिष्य को विद्या प्रदान करता है, उसी प्रकार मूढ़ को भी)।

'फेंकना' या 'किसी पर झपटना' अर्थ का बोध कराने वाली क्षिप्, मुच्, अस् धातुओं के योग में जिस पर कोई चीज फेंकी जाती है या झपटती है वह सप्तमी में रखा जाता है, यथा—मृगेषु शरान् मुमुक्षोः (हरिणों पर बाण छोड़ने की इच्छा रखने वाला)। न खलु बाणः सन्निपात्योऽस्मिन् मृगशरीरे।

संस्कृत में अनुवाद करो

१—इस विद्यालय में बालक और बालिकाएँ पढ़ती हैं। २—राम ने बाल्यकाल में समस्त विद्याएँ सीखीं। ३—गेंद के खेल (कन्दुकप्रतियोगिता) में हमारा विद्यालय प्रथम रहा। ४—सड़क (राजमार्ग) पर घोड़े दौड़ रहे हैं। ५—शरद् काल में (शरदि) वन में मयूर नाचते हैं। ६—क्या वह तुम्हें मार्ग में नहीं मिला? ७—विधान-भवन में विधान-सभा की बैठकें (उपनिवेशन) होती हैं। ८—मनुष्यों में ब्राह्मण श्रेष्ठ हैं और पशुओं में सिंह। ९—पशुओं में शृगाल बहुत चतुर है। १०—इस तालाब में कमल के फूल खिले (फुल्लित) हैं। ११—जिसने जवानी (यौवन) में नहीं पढ़ा वह बुढ़ापे (वार्द्धक) में क्या पढ़ेगा? १२—यौवन के मद में सभी अन्धे हो जाते हैं। १३—फलों में आम (आम्र) उत्तम है।

१४—जिस देश में तुम उत्पन्न हुए हो, उसमें हाथी नहीं मारे जाते (न हन्यन्ते)। १५—इस राजा की सारी प्रजा इसमें अनुरक्त है (अनु + रंज्)। १६—इस बगीचे मे सब वृक्षों से यह वृक्ष लम्बा है। १७—भारतीय कवियों में कालिदास और भवभूति सबसे अधिक प्रसिद्ध हैं। १८—कैकेयी राम के चौदह वर्ष के बनवास का प्रधान कारण थी। १९—जो द्यूतकला मे निपुण हैं वे अपना सारा समय जुआ खेलने मे बिताते हैं। २०—इस लड़के की शिक्षा के विषय में चिन्ता न कीजिए।

हिन्दी मे अनुवाद करो

१—दृढं त्वयि बद्धभावोर्वशी। न सा इतोगतमनुरागं शिथिलयति। २—अशुद्धप्रकृतौ राज्ञि जनता नानुरज्यते। ३—न जानामि केनापि कारणेन त्वयि विश्वसिति मे हृदयम्। ४—क्षमा शत्रौ च मित्रे च यतीनामेव भूषणम्। ५—न मातरि न दारेषु न सोदर्ये न चात्मनि। विश्वासस्तादृशः पुंसा यादृग्मित्रे स्वभावजे। ६—उपकारिणि यः साधुः साधुत्वे तस्य को गुणः। अपकारिणि यः साधुः स साधुः सद्भिरुच्यते। ७—भूतानां प्राणिनः श्रेष्ठाः प्राणिनां बुद्धिजीविनः। बुद्धिमत्सु नराः श्रेष्ठा नरेषु ब्राह्मणाः स्मृताः। ८—लताया पूर्वलूनाया प्ररूहस्यागमः कुतः। ९—हृदमवस्थान्तरं गते तादृशेऽनुरागे किं वा स्मारितेन। १०—जीवत्सु तातपादेषु नवे दारपरिग्रहे। मातृभिश्चिन्त्यमानानां ते हि नो दिवसा गताः॥

एकादश अभ्यास

सम्बोधन (प्रथमा), हे, भोः

(८) तनादिगणीय कृ (करना) परस्मैपद

लट्			लङ्		
करोति	कुरुतः	कुर्वन्ति	प्र० पु० अकरोत्	अकुरुताम्	अकुर्वन्
करोषि	कुरुथः	कुरुथ	म० पु० अकरोः	अकुरुतम्	अकुरुत
करोमि	कुर्वः	कुर्मः	उ० पु० अकरवम्	अकुर्व	अकुर्म

लृट्— करिष्यति करिष्यतः करिष्यन्ति आदि।

लोट्			विधिलिङ्		
करोतु	कुरुताम्	कुर्वन्तु	प्र० पु० कुर्यात्	कुर्याताम्	कुर्युः
कुरु	कुरुतम्	कुरुत	म० पु० कुर्याः	कुर्यातम्	कुर्यात
करवाणि	करवाव	करवाम	उ० पु० कुर्याम्	कुर्याव	कुर्याम

(९) क्र्यादिगणीय ग्रह् (पकड़ना) परस्मैपद

लट्			लङ्		
गृह्णाति	गृह्णीतः	गृह्णन्ति	प्र० पु० अगृह्णात्	अगृह्णीताम्	अगृह्णन्
गृह्णासि	गृह्णीथः	गृह्णीथ	म० पु० अगृह्णाः	अगृह्णीतम्	अगृह्णीत
गृह्णामि	गृह्णीवः	गृह्णीमः	उ० पु० अगृह्णाम्	अगृह्णीव	अगृह्णीम

लृट्—ग्रहीष्यति ग्रहीष्यतः ग्रहीष्यन्ति आदि।

लोट्				विधिलिङ्	
गृह्णातु	गृह्णीताम्	गृह्णन्तु	प्र० पु० गृह्णीयात्	गृह्णीयाताम्	गृह्णीयुः
गृहाण	गृह्णीतम्	गृह्णीत	म० पु० गृह्णीयाः	गृह्णीयातम्	गृह्णीयात
गृह्णानि	गृह्णाव	गृह्णाम	उ० पु० गृह्णीयाम्	गृह्णीयाव	गृह्णीयाम

क्र्यादिगणीय कुछ धातुएँ

	लट्	लङ्	लृट्	लोट्
क्री—खरीदना	क्रीणाति	अक्रीणात्	क्रेष्यति	क्रीणातु
प्री—खुश करना	प्रीणाति	अप्रीणात्	प्रेष्यति	प्रीणातु
पू—पवित्र करना	पुनाति	अपुनात्	पविष्यति	पुनातु
वृ—वर छाटना	वृणाति	अवृणात्	वरिष्यति	वृणातु
धू—कांपना	धुनाति	अधुनात्	धविष्यति	धुनातु
अश्—खाना	अश्नाति	आश्नात्	अशिष्यति	अश्नातु
मुष्—चुराना	मुष्णाति	अमुष्णात्	मोषिष्यति	मुष्णातु
बध्—बाँधना	बध्नाति	अबध्नात्	भन्त्स्यति	बध्नातु
ज्ञा—जानना	जानाति	अजानात्	ज्ञास्यति	जानातु

विधिलिङ्—(क्री) क्रीणीयात्, (प्री) प्रीणीयात्, (पू) पुनीयात् (वृ) वृणीयात् इत्यादि।

(१०) चुरादिगणीय कुछ धातुएँ

	लृट्	लङ्	लृट्	लोट्
चुर्—चुराना	चोरयति ते	अचोरयत्-त	चोरयिष्यति-ते	चोरयतु-ताम्
गण्—गिनना	गणयति	अगणयत्	गणयिष्यति	गणयतु
कथ्—कहना	कथयति	अकथयत्	कथयिष्यति	कथयतु
भक्ष्—खाना	भक्षयति	अभक्षयत्	भक्षयिष्यति	भक्षयतु
ताड—पीटना	ताडयति	अताडयत्	ताडयिष्यति	ताडयतु
रच्—बनाना	रचयति	अरचयत्	रचयिष्यति	रचयतु
तुल्—तोलना	तोलयति	अतोलयत्	तोलयिष्यति	तोलयतु
पूज्—पूजा करना	पूजयति	अपूजयत्	पूजयिष्यति	पूजयतु
अर्च्—पूजा करना	अर्चयति	आर्चयत्	अर्चयिष्यति	अर्चयतु
आह्लाद्—खुश करना	आह्लादयति	आह्लादयत्	आह्लादयिष्यति	आह्लादयतु
चिन्त्—सोचना	चिन्तयति	अचिन्तयत्	चिन्तयिष्यति	चिन्तयतु
क्षाल्—धोना	क्षालयति	अक्षालयत्	क्षालयिष्यति	क्षालयतु
वण्ट्—बाँटना	वण्टयति	अवण्टयत्	वण्टयिष्यति	वण्टयतु
घुष्—ढिंढोरा पीटना	घोषयति	अघोषयत्	घोषयिष्यति	घोषयतु

प्री—खुश करना	प्रीणयति	अप्रीणयत्	प्रीणयिष्यति	प्रीणयतु
स्पृह्—इच्छा करना	स्पृहयति	अस्पृहयत्	स्पृहयिष्यति	स्पृहयतु
मृग्—ढूँढना	मार्गयति	अमार्गयत्	मार्गयिष्यति	मार्गयतु
भूष्—सजाना	भूषयति	अभूषयत्	भूषयिष्यति	भूषयतु
वर्ण्—वर्णनकरना	वर्णयति	अवर्णयत्	वर्णयिष्यति	वर्णयतु
लोक्—देखना	लोकयति	अलोकयत्	लोकयिष्यति	लोकयतु
सान्त्व्—शान्तकरना	सान्त्वयति	असान्त्वयत्	सान्त्वयिष्यति	सान्त्वयतु
बुक्—कुत्तेका भौंकना	बुक्कयति	अबुक्कयत्	बुक्कयिष्यति	बुक्कयतु

विधि लिङ्—(चुर्) चोरयेत्, (गण्) गणयेत्, (कथ्) कथयेत् आदि। इन वाक्यों को ध्यान से पढ़ो—

(१) हे ईश्वर! देहि मे मुक्तिम् (हे ईश्वर, मुझे मुक्ति दो।)

(२) भो मित्र, क्षमस्व अज्ञानता मया एवं भाषितम् (हे मित्र, क्षमा करो, अज्ञानवश मैंने ऐसा कहा।)

(३) हे बाले, क्व गन्तुमिच्छसि (हे बाला, कहाँ जाना चाहती हो?)

(४) भो महात्मन्, किं भवता भोजनं कृतम्? (हे महात्मन्, क्या आपने भोजन कर लिया?)

(५) हे पुत्र, सदा सत्यं वद धर्मं चर (हे पुत्र, सदा सच बोल और धर्म कर)।

सम्बोधन (प्रथमा)—किसी को पुकार कर अपनी ओर आकृष्ट करने को सम्बोधन कहते हैं। सम्बोधन में प्रथमा विभक्ति होती है और सम्बोधनवाचक शब्द के पूर्व भोः, अये, हे आदि चिह्न लगते हैं। सर्वनाम शब्दों का सम्बोधन नहीं होता और अकारान्त शब्दों के एकवचन में विसर्ग नहीं होता। आकारान्त और इकारान्त शब्दों के प्रथमा के एकवचन में ए (हे लते, हे हरे) और ईकारान्त शब्द के प्रथमा के एकवचन में 'इ' (हे नदि) और उकारान्त शब्द के 'ओ' (हे साधो) हो जाता है।

संस्कृत में अनुवाद करो

१—महाराज, आपके राज्य में प्रजा को सुख है। २—मित्र, कल तुम हमारे घर आओगे? ३—छात्रो, अपना पाठ ध्यान से पढ़ो। ४—बालको, गुरु की सेवा करो, फल मिलेगा। ५—लड़को, परिश्रम करो अवश्य परीक्षा में उत्तीर्ण हो जाओगे। ६—प्रातः उठो, हाथ-पैर धोओ और पढ़ो। ७—विद्यार्थियो, अध्यापकों का उपदेश ग्रहण करो और उस पर चलो। ८—मित्र, आपके पिता कुशल से तो हैं? (अपि कुशली..... ?) ९—पुत्र कभी झूठ न बोल, सत्य पर चल। १०—लड़कियो! तुम आज स्कूल क्यों नहीं गयीं? ११—महाशय, क्या आप कल मुझे दर्शन देंगे? १२—बच्चो, समय पर उठो और व्यायाम करो। १३—पिता जी,

मैं मेहनत करूँगा और परीक्षा में सफल होऊँगा। १४—भरत, तुम्हारे जैसा (त्वादृशः) भाई संसार में अन्य नहीं है। १५—हे सीता, जंगल में अनेक कष्ट हैं, तुम घर पर ही रहो।

उपपद विभक्तियों की पुनरावृत्ति

कारण बताओ कि मोटे टाइप में मुद्रित शब्दों में उल्लिखित विभक्तियाँ क्यों हुई हैं—

(क) द्वितीया

१—दिवं च पृथ्वीं चान्तराऽन्तरिक्षम् (आकाश और पृथ्वी के बीच में अन्तरिक्ष है।) २—मामन्तरेण किं नु चिन्तयत्याचार्य इति चिन्ता मां बाधते (आचार्य मेरे विषय में क्या विचार करेंगे यह चिन्ता मुझे दुःख दे रही है।) ३—धिक् त्वां यः कार्यानुबन्धविचारमन्तरेण कार्यं करोषि (तुम्हें धिक्कार है जो कार्य के फल पर विचार किये बिना कार्य करते हो।) ४—परितः नगरं विद्यते एका परिखा या सदैव जलपूर्णा (नगर के चारों ओर एक खाई है जो सदैव पानी से भरी रहती है।)। ५—मां प्रति त्वं हि नासि वीरः, त्वं हि कातरान्नातिभिद्यसे (मेरे विचार से तुम वीर नहीं हो, तुम तो एक कायर से अधिक भिन्न नहीं हो।)

६—विना वातं विना वर्षं विद्युदुत्पतनं विना।
विना हस्तिकृतान्दोषान्केनेमौ पातितौ द्रुमौ॥

(आँधी, वर्षा और बिजली के गिरने के बिना तथा हाथियों के उत्पात के बिना किसने इन दो वृक्षों को गिराया है?)

(ख) तृतीया

७—शशिना सह याति कौमुदी सह मेघेन तडित् प्रलीयते (चाँदनी चन्द्रमा के साथ जाती है और मेघ के साथ बिजली)। ८—कष्टं व्याकरणम्, इदं हि द्वादशभिर्वर्षैः श्रूयते (व्याकरण कठिन है, यह बारह वर्षों में पढ़ा जाता है।) ९—सहस्रैरपि मूर्खाणामेकं क्रीणीत पण्डितम् (हजारों मूर्खों के बदले में एक पण्डित खरीदना अच्छा है।) १०—स स्वरेण रामभद्रमनुहरति (वह स्वर में प्यारे राम से मिलता-जुलता है।) ११—हिरण्येनार्थिनो भवन्ति राजानः, न च ते प्रत्येकं दण्डयन्ति (राजाओं को सुवर्ण की आवश्यकता रहती है, किन्तु वे सभी से तो जुर्माना नहीं लेते।)

(ग) चतुर्थी

१२—गामानामकः प्रख्यातमल्लः जविस्कोनाम्ने प्रसिद्ध-मल्लायालम् (गामा नामक विख्यात पहलवान जविस्को नामक पहलवान के लिए काफी है।) १३—उपदेशो हि मूर्खाणां प्रकोपाय न शान्तये (मूर्खों को उपदेश देना केवल उनके क्रोध को बढ़ाना है, न कि उनकी शान्ति के लिए।) १४—नमस्तेभ्यः पुराणमुनिभ्यो ये मानवमात्रस्य कृते आचारपद्धतिं प्रायच्छन् (उन प्राचीन मुनियों को

प्रणाम है, जिन्होंने मनुष्य मात्र के सदाचार के लिए नियम बनाये।) १५—**गोभ्यो ब्राह्मणेभ्यश्च स्वस्ति** (गौओं का और ब्राह्मणों का कल्याण हो।) १६—अलमिदम् **उत्साहध्वंशाय** भविष्यति (यह उत्साह को गिराने के लिए काफी है।) १७—**कृषकेभ्यः कर्मकरेभ्यश्च कुशलम्भूयात्** (किसानों और मजदूरों का भला हो।) १८—प्रभवति स एकेनैव हायनेन **साहित्यमध्यमपरीक्षोत्तरणाय** (वह एक वर्ष में साहित्य मध्यम परीक्षा में उत्तीर्ण होने के योग्य है।) १९—**भवबन्धच्छिदे तस्यै स्पृहयामि न मुक्तये। भवान् प्रभुरहं दास इति यत्र विलुप्यते॥** (श्री हनूमतः) जिस मुक्ति में आप प्रभु हैं और मैं दास हूँ, यह भावना विलुप्त हो जाती है, भवबन्धन के नाश के लिए मैं उस मुक्ति की इच्छा नहीं करता।)

(घ) पञ्चमी

२०—धीरा मनस्विनो न **धनात्प्रतियच्छन्ति मानम्** (धीर मनस्वी लोग धन के बदले में मान को नहीं छोड़ते।) २१—**स्वार्थात् सतां गुरुतरा प्रणयिक्रियैव** (सत्पुरुषों के लिए अपने प्रयोजन से मित्रों का प्रयोजन ही बड़ा है।) २२—**नास्ति सत्यात्परो धर्मो नानृतात् पातकं महत्** (सत्य से बढ़कर कोई धर्म नहीं और झूठ से बढ़कर कोई पाप नहीं।) २३—**ग्रामादारादारामः यत्र व्यवसायान्निवृत्ता ग्रामीणा आरमन्ति** (गाव के पास एक बाग है, जहाँ काम धंधे से छुट्टी पाकर ग्रामवासी आनन्द मनाते हैं।) २४—**ऋते वसन्तान्नापरः ऋतुराजः** (वसन्त को छोड़कर अन्य ऋतु को ऋतुराज नहीं कहते।) २५—**मूर्खो हि चापलेन भिद्यते पण्डितात्** (मूर्ख का चपलता के कारण पण्डित से भेद समझा जाता है।)

(ङ) षष्ठी

२६—**तस्मै कोपिष्यामि यदि तं प्रेक्षमाणाऽऽत्मनः प्रभविष्यामि** (उसपर मैं क्रोध करूँगी, यदि मैं उसे देखती हुई अपने आपको वश में रख सकी।) २७—**मया तस्य किमपराद्धं यः मा परुषमवादीत्** (मैंने उसका क्या अपराध किया जो वह मुझे खोटी-खरी सुनाने लगा?) २८—**तस्य दर्शनस्योत्कण्ठे, चिरं दृष्टस्य तस्य** (मुझे उसके दर्शनों की उत्कण्ठा है, उसे मिले हुए चिर हो गया है।) २९—**कोऽतिभारः समर्थानां किं दूरं व्यवसायिनाम्। को विदेशः सविद्यानां कः परः प्रियवादिनाम्?** (समर्थ लोगों के लिए क्या कठिन कार्य है? व्यवसायवाले लोगों के लिये दूर क्या है? विद्वानों के लिए कौन-सा विदेश है? प्रियवादियों के लिए कौन पराया है?) ३०—**कच्चिद्भर्तुः स्मरसि सुभगे, त्वं हि तस्य प्रियेति** (हे सुन्दरि, क्या तुम्हें अपने स्वामी की याद है, क्योंकि तुम उसको प्यारी हो)। ३१—**त्वं लोकस्य वाल्मीकिः, मम पुनस्तात एव** (तुम संसार के लिए वाल्मीकि हो, किन्तु मेरे तो तुम पिता हो।)

३२—**दवदहनज्वालाजालावलीढा-**
परिगलितलतानां म्लायतां भूरुहाणाम्।
अयि जलधर! शैलश्रेणिशृङ्गेषु तोयं,
वितरसि बहु कोऽर्थो मादृशस्तावकीनः॥

(हे मेघ, तेरा यह कैसा गर्व है कि जंगल की आग की ज्वालाओं से जले हुए गलित लताओं वाले, मुरझाये हुए वृक्षों का अनादर करके तू पर्वतों के शिखरों पर तमाम पानी देता है।)

३३—पुरुषेषूत्तमो रामो भुवि **कस्य** न वन्द्यः (मानवों में श्रेष्ठ राम संसार में किसके नमस्कार के योग्य नहीं?) ३४—अह पुनर्युष्माक **प्रेक्षमाणानामेनं** स्मर्तव्यशेष नयामि (मैं तो तुम्हारे देखते ही देखते इस (कुमार वृषभसेन) को मार डालता हूँ।) ३५—पौरवे वसुमतीं **शासति** कोऽविनयमाचरति प्रजासु (पौरव के पृथ्वी पर राज्य करते हुए कौन प्रजाओं के प्रति अनाचार करेगा?) ३६—**लतायां पूर्वलूनायां** प्रसूनस्यागमः कुतः (बेल के पहले ही कट चुकने पर उसमें फूल कहाँ से आ सकते हैं?) ३७—**अभिव्यक्तायां चन्द्रिकायां किं** दीपिका पौनरुक्त्येन (शुभ्रज्योत्स्ना में व्यर्थ दीपक जलाने से क्या लाभ?) ३८—विपदि हन्त सुधापि विषायते (विपत्ति में मित्र भी शत्रु हो जाते हैं।) ३९—**जीवत्सु तातपादेषु** नवे दारपरिग्रहे। मातृभिश्चिन्त्यमानाना ते हि नो दिवसा गताः (पिताजी के जीते जी जब हमारा नया नया विवाह हुआ था। निश्चय ही हमारे वे दिन बीत गये जब हमारी माताएँ हमारी देखभाल करती थीं।) ४०—**इदमवस्थान्तरं गते तादृशेऽनुरागे** किंवा स्मरितेन (उस प्रकार के प्रेम के इस अवस्था में पहुँच जाने पर याद करने से क्या?) ४१—**चर्मणि** द्वीपिनं हन्ति व्याधः (शिकारी चीते को चाम के लिए मारता है।)

४२—हते **भीष्मे** हते **द्रोणे कर्णे** च विनिपातिते।
आशा बलवती राजन् शल्यो जेष्यति पाण्डवान्॥

(भीष्म के मारे जाने पर, द्रोण के मारे जाने और कर्ण के मार गिराये जाने पर, हे राजन् आशा ही बलवती है कि शल्य पाण्डवों को जीतेगा।)

कारक एवं विभक्तियाँ
(एक दृष्टि में)

प्रथमा—१—कर्त्ता में—शिशुः रोदिति। अहं पुष्पं पश्यामि।
२—कर्मवाच्य के कर्म में—छात्रैः पठ्यते वेदः, पशुभिः पीयते जलम्।
३—सम्बोधन में—भो गुरो! क्षमस्व।
४—अव्यय के साथ—अशोक इति विख्यातः राजा सर्वजनप्रियः।
५—नाम मात्र में—आसीद् राजा विक्रमादित्यो नाम।

द्वितीया—१—कर्म में—प्रजा रक्षति नृपः सा वर्द्धयति पार्थिवम्।
२—ऋते, अन्तरेण, विना के साथ—धनमन्तरेण, विना, ऋते वा नैव सुखम्।
३—एनप् के साथ—तत्रागार धनपतिगृहानुत्तरेणास्मदीयम्।
४—अभितः के साथ—अभितो भुवन वाटिका।

५—परितः, सर्वतः के साथ—सन्ति परितः (सर्वतः) ग्रामं वृक्षाः।
६—उभयतः के साथ—गोमतीमुभयतस्तरवः सन्ति।
७—अन्तरा (बीच में) के साथ—राम कृष्णं चान्तरा गोपालः।
८—समया, निकषा (समीप) के साथ—ग्रामं समया निकषा वा नदी।
९—कालवाची अर्थ में—स चत्वारि वर्षाणि न्यायमध्येष्ट।
१०—अध्ववाची शब्दों के साथ—क्रोशं कुटिला नदी।
११—अनु के साथ—गुरुमनु शिष्यो गच्छेत्।
१२—प्रति के साथ—दीनं प्रति दयां कुरु।
१३—धिक् के साथ—धिक् त्वा पापिनम् (पिशुनं वा)।
१४—अधिशीङ् के साथ—चन्द्रापीडः मुक्ताशिलापट्टमधिशिश्ये।
१५—अधिस्था के साथ—रमेशः गृहमधितिष्ठति (अथवा रमेशः गृहे तिष्ठति)।
१६—अधि आस् के साथ—नृपः सिंहासनमध्यास्ते (नृपः सिंहासने आस्ते)।
१७—अनु, उप पूर्वक वस् के साथ—हरिः वैकुण्ठमुपवसति, अनुवसति वा।
१८—आवस् एवं अधिवस् के साथ—अधिवसति कार्यां विश्वनाथः। मक्तःदेवमन्दिरम् आवसति।
१९—अभि-निपूर्वक विश् के साथ—मनो धर्मम् अभिनिविशते।
२०—क्रिया विशेषण में—सत्वरं धावति मृगः।

तृतीया—१—करण में—सः जलेन मुखं प्रक्षालयति।
२—कर्मवाच्य कर्त्ता में—रामेण रावणो हतः।
३—स्वभाव आदि अर्थों में—रामः प्रकृत्या साधुः। नाम्ना गोपालोऽयम्।
४—सह के साथ—शशिना सह याति कौमुदी।
५—सदृश के अर्थ में—धर्मेण सदृशो नास्ति बन्धुरन्यो महीतले।
६—हेतु के अर्थ में—केन हेतुना अत्र वससि?
७—हीन के साथ—विद्यया हि विहीनस्य किं वृथा जीवितेन ते।
८—विना के साथ—श्रमेण हि विना विद्या लभ्यते न कथंचन।
९—अलं के साथ—अलं महीपाल तव श्रमेण।
१०—प्रयोजन के अर्थ में—धनेन किं यो न ददाति नार्थते।
११—लक्षण बोध में—जटाभिस्तापसोऽयं प्रतीयते।
१२—फलप्राप्ति में—पञ्चभिर्वर्षैर्न्यायमधीतम्। पञ्चभिर्दिनैः स नीरोगो जातः।
१३—विकृत अङ्ग में—मानवश्चक्षुषा काणः कर्णेन बधिरश्च सः।
पादेन खञ्जः वृद्धोऽयं कुब्जा पृष्ठेन मन्थरा।

चतुर्थी—१—सप्रदान मे—राजा ब्राह्मणाय धन ददाति।
२—निमित्त के अर्थ में—धन सुखाय, विद्या ज्ञानाय भवति।
३—रुचि के अर्थ मे—शिशवे क्रीडनक रोचते।
४—धारय् (ऋणी होना) के अर्थ मे—स मह्य शत धारयति।
५—स्पृह् के साथ—अह यशसे स्पृहयामि।
६—नम., स्वस्ति के साथ—गुरवे नम., नृपाय स्वस्ति भवतु।
७—समर्थ अर्थवाली धातुओं के साथ—प्रभवति मल्लो मल्लाय।
८—कल्प् (होना) के साथ—ज्ञान सुखाय कल्पते।
९—तुम् के अर्थ में—ब्राह्मणः स्नानाय (स्नातु) याति।
१०—क्रुध् अर्थवाली धातुओं के साथ—गुरुः शिष्याय क्रुध्यति।
११—द्रुह् अर्थवाली धातुओं के साथ—मूर्खः पण्डिताय द्रुह्यति।
१२—असूय् (निन्दा) अर्थवाली धातुओं के साथ—दुर्जनः सज्जनाय असूयति।

पञ्चमी—१—पृथक् अर्थ में—वृक्षात् फलानि पतन्ति। स ग्रामाद् आगच्छति।
२—भय के अर्थ में—असज्जनात् कस्य भय न जायते?
३—ग्रहण करने के अर्थ में—कूपात् जल गृह्णाति।
४—पूर्वादि के योग में—स्नानात् पूर्वं न खादेत्, न धावेत् भोजनात् परम्।
५—अन्यार्थ के योग में—ईश्वरादन्यः कः रक्षितु समर्थः?
६—उत्कर्ष बोध में—जननी जन्मभूमिश्च स्वर्गादपि गरीयसी।
७—विना, ऋते के योग में—परिश्रमाद् विना (ऋते) विद्या न भवति।
८—आरात् (दूर या समीप) के योग मे—ग्रामाद् आरात् सुन्दरमुपवनम्।
९—प्रभृति के योग में—शैशवात्प्रभृति सोऽतीव चतुरः।
१०—आङ् के साथ—आमूलात् रहस्यमिद श्रोतुमिच्छामि।
११—विरामार्थक शब्दों के साथ—न नवः प्रभुराफलोदयात् स्थिरकर्मा विरराम कर्मणः।
१२—काल की अवधि मे—विवाहात् नवमे दिने।
१३—मार्ग की दूरी प्रदर्शन में—वाराणस्याः पञ्चाशत् क्रोशा.।
१४—जायते आदि के अर्थ में—बीजेभ्यः अङ्कुरा जायन्ते।
१५—उद्भवति, प्रभवति, निलीयते, प्रतियच्छति के साथ—हिमालयात् गङ्गा प्रभवति, उद्गच्छति वा। नृपात् चोर निलीयते। तिलेभ्य. मायान् प्रतियच्छति।
१६—जुगुप्सते, प्रमाद्यति के साथ—पापात् जुगुप्सते,। त्वं धर्मात् प्रमाद्यसि।

१७—निवारण अर्थ में—मित्रं पापात् निवारयति।

१८—जिससे कोई विद्या सीखी जाय उसमें—छात्रोऽध्यापकात् अधीते।

षष्ठी—१—सम्बन्ध में—मूर्खस्य बहवो दोषाः, सतां च बहवो गुणाः।

२—कृदन्त कर्ता में—शिशोः शयनम्, फलस्य पतनम्।

३—कृदन्त कर्म में—अन्नस्य पाकः, धनस्य दानम्।

४—स्मरणार्थक धातुओं के साथ—स मातुः स्मरति।

५—दूर एवं समीप वाची शब्दों के साथ—नगरस्य दूरं, (नगराद् वा दूरम्) समीपम् सकाशम् वा।

६—कृते, मध्ये, समक्षम्, अन्तरे, अन्तः के साथ—पठनस्य कृते, आचार्यस्य समक्षम्, बालानां मध्ये, गृहस्य अन्तरे अन्तः वा।

७—अतस् प्रत्यय वाले शब्दों के साथ—नगरस्य दक्षिणतः, उत्तरतः आदि।

८—अनादर में—रुदतः शिशोः माता ययौ।

९—हेतु शब्द के प्रयोग में—अन्नस्य हेतोर्वसति।

१०—निर्धारण में—कवीनां (कविषु वा) कालिदासः श्रेष्ठः।

सप्तमी—१—अधिकरण में—गृहे तिष्ठति बालः। आसने शोभते गुरुः।

२—भाव में—यत्ने कृते यदि न सिद्ध्यति कोऽत्र दोषः?

३—अनादर में—रुदति शिशौ (रुदतः शिशोः वा) गता माता।

४—निर्धारण में—जीवेषु मानवाः श्रेष्ठाः, मानवेषु न पण्डिताः।

५—एक क्रिया के पश्चात् दूसरी क्रिया होने पर—सूर्ये उदिते कमलं प्रकाशते।

६—विषय के (बारे में) अर्थ में तथा समय बोधक शब्दों में—मोक्षे इच्छाऽस्ति। दिने, प्रातः काले, मध्याह्ने, सायंकाले वा कार्यं करोति।

७—सलग्नार्थक शब्दों और चतुरार्थक शब्दों के साथ—कार्ये लग्नः, तत्परः। शास्त्रे निपुणः, प्रवीणः दक्षः आदि।

समास-प्रकरण

कारक प्रकरण मे विभक्तियों का प्रयोग बताया गया है, पर कभी-कभी शब्दों की विभक्तियों को हटा कर वे छोटे कर दिये जाते हैं या दो से अधिक विभक्तिरहित शब्द मिला दिये जाते हैं। इस एक साथ जोडने को ही समास कहते हैं।

समास शब्द का अर्थ है 'सक्षेप' या 'घटाना' अर्थात् दो या अधिक शब्दों को इस प्रकार मिला देना कि उनके आकार में कुछ कमी भी हो जाय और अर्थ पूरा पूरा निकल जाय, यथा—नराणा पति॰ = नरपति.।

यहाँ 'नरपतिः' का वही अर्थ है जो 'नराणा पति.' का है, परन्तु दोनों शब्दों को मिला देने से 'नराणाम्' शब्द के विभक्ति-सूचक प्रत्यय (आणाम्) का लोप हो गया और 'नरपति.' शब्द 'नराणा पति.' से छोटा हो गया।

जब समास वाले शब्द को तोड़कर उसको पूर्वकाल का रूप दिया जाता है तब उसके विग्रह का अर्थ है 'टुकडे-टुकड़े' करना, यथा—'समापतिः' का विग्रह है—'समाया पति.'।

समास के लिए सस्कृत वैयाकरणों ने नियम बना दिये हैं। ऐसा नहीं कि जिस शब्द को चाहा उसे दूसरे शब्द के साथ मिला दिया। समास के छः भेद*—

१—अव्ययीभाव,	४—द्विगु (तत्पुरुष का भेद),
२—तत्पुरुष,	५—बहुव्रीहि, और
३—कर्मधारय (तत्पुरुष का भेद),	६—द्वन्द्व।

अव्ययीभाव समास में समास का प्रथम शब्द प्रायः प्रधान रहता है, तत्पुरुष समास मे प्रायः दूसरा शब्द प्रधान रहता है, द्वन्द्व समास में प्रायः दोनों ही समस्त शब्द प्रधान रहते हैं और बहुव्रीहि समास मे दोनों ही समस्त शब्द अप्रधान रहते हैं और एक तीसरा ही शब्द प्रधान रहता है, जिसके दोनों समस्त शब्द मिलकर विशेषण होते हैं।

अव्ययीभाव समास

अव्ययीभाव समास मे पहला शब्द अव्यय (उपसर्ग या निपात) रहता है और दूसरा शब्द सज्ञा, दोनों मिलाकर अव्यय हो जाते हैं। अव्ययीभाव समास वाले शब्द के रूप नहीं चलते। अव्ययीभाव समास वाले शब्द का नपुंसकलिङ्ग

---

*समास के छः भेदों के नाम—

द्वन्द्वो द्विगुरपि चाह मद्गेहे नित्यमव्ययीभावः।
तत्पुरुष कर्मधारय येनाहं स्या बहुव्रीहिः॥

के एकवचन में जैसा रूप रहता है (अव्ययीभावश्च ।२।४।१८।) इस समास में प्रायः पूर्व पदार्थ प्रधान रहता है, यथा—

यथाकामम् = कामम् अनतिक्रम्य इति (जितनी इच्छा हो उतना)।

अव्ययं विभक्तिसमीपसमृद्धिव्यृद्ध्यर्थाभावात्ययासम्प्रतिशब्दप्रादुर्भावपश्चाद्यथाऽऽनुपूर्व्ययौगपद्यसादृश्यसम्पत्तिसाकल्यान्तवचनेषु ।२।१।६।

अव्ययीभाव समास में अव्यय प्रायः इन अर्थों में आते हैं—

(१) विभक्ति (सप्तमी) अर्थ में—अधिहरि (हरौ इति-हरि के विषय में)।

(२) समीप अर्थ में—उपगङ्गम् (गङ्गायाः समीपम्—गङ्गा के पास)।
इसी प्रकार उपयमुनम्, उपकृष्णम् आदि।

(३) समृद्धि के अर्थ में—सुमद्रम् (मद्राणां समृद्धिः—मद्रास की समृद्धि)।

(४) व्यृद्धि (दरिद्रता, नाश) के अर्थ में—दुर्यवनम् (यवनानां व्यृद्धिः—यवनों का नाश)।

(५) अभाव अर्थ में—निर्मक्षिकम् (मक्षिकाणामभावः—मक्खियों से विमुक्ति)।
इसी प्रकार निर्द्वन्द्वम्, निर्विघ्नम्, निर्जनम्, आदि।

(६) अत्यय (नाश) अर्थ में—अतिहिमम् (हिमस्यात्ययः—जाड़े की समाप्ति पर)।

(७) असम्प्रति (अनुचित) अर्थ में—अतिनिद्रम् (निद्रा सम्प्रति न युज्यते—निद्रा के अनुपयुक्त समय में)।

(८) शब्द-प्रादुर्भाव (प्रकाश) अर्थ में—इति हरि (हरिशब्दस्य प्रकाशः—हरि शब्द का उच्चारण)।

(९) पश्चात् अर्थ में—अनुहरि, अनुविष्णु (विष्णोः पश्चात्—विष्णु के पीछे)।

(१०) *यथा के भाव (योग्यता) अर्थ में—अनुरूपम् (रूपस्य योग्यम्—उचित)
(वीप्सा) अर्थ में प्रतिग्रामम् ग्रामं ग्रामं प्रति (प्रत्येक ग्राम में)
(अनतिक्रम) अर्थ में—यथाशक्ति (शक्तिमनतिक्रम्य—शक्त्यनुसार)

(११) आनुपूर्व्य (क्रम) अर्थ में—अनुज्येष्ठम् (ज्येष्ठस्यानुपूर्व्येण—ज्येष्ठ के अनुसार)

(१२) यौगपद्य (एक साथ होना) अर्थ में—सचक्रम् (चक्रेण युगपत्—चक्र के साथ ही)

(१३) सादृश्य अर्थ में सहरि (हरेः सादृश्यम्—हरि के सदृश)।

(१४) सम्पत्ति के अर्थ में—सक्षत्रम् (क्षत्राणा सम्पत्तिः—क्षत्रिय)
[योग्यतानुसार जो प्राप्त हो वह 'सम्पत्ति' है और जो देवता के प्रसाद से प्राप्त हो वह समृद्धि या ऋद्धि है।]

---

*योग्यतावीप्सापदार्थानतिवृत्तिसादृश्यानि यथार्थाः (सिद्धान्तकौमुद्याम्)।

(१५) साकल्य सहित अर्थ में—सतृणम् (तृणमपि अपरित्यज्य—सब कुछ)
(१६) अन्त (तक) के अर्थ में—साग्नि (अग्निग्रन्थपर्यन्तम्—अग्निकाण्ड पर्यन्त)
[काल के अतिरिक्त अर्थ में अव्ययीभाव समास में सह के स्थान में स हो जाता है, कालवाचक शब्द के साथ समास में 'सह' ही रहता है, यथा—सह पूर्वाह्णम् ।]
(१७) बहिः (बाहर) अर्थ में—बहिर्वनम् (वनात् बहिः—गाँव से बाहर)

(१८) यावदवधारणे ।२।१।१८।

यावत् के साथ अवधारण अर्थ में भी अव्ययीभाव समास होता है, यथा—यावच्छ्लोकम्, अर्थात् "यावन्तः श्लोकास्तावन्तोऽभ्युत्तमर्णामाः" ।

(१९) आङ् मर्यादाभिविध्योः ।२।१।१३।

मर्यादा और अभिविधि के अर्थ में आङ् के साथ विकल्प से अव्ययीभाव समास होता है और समास न करने पर पञ्चमी विभक्ति होती है, यथा—आमुक्तेः इति (मुक्ति पर्यन्त) । आमुक्तेः, आमुक्ति वा संसारः । इसी भाँति आबालेभ्यः, आबालम् वा हरिभक्तिः । आसमुद्रम् ।

(२०) लक्षणेनाभिप्रती आभिमुख्ये ।२।१।१४ ।

आभिमुख्यद्योतक 'अभि' तथा 'प्रति' चिह्नवाची पद के साथ अव्ययीभाव समास होता है, यथा—अग्निमभि इति अभ्यग्नि, अग्निं प्रति इति प्रत्यग्नि । अभ्यग्नि प्रत्यग्नि शलभाः पतन्ति (अग्नि की ओर पतंगे गिरते हैं ।)

(२१) अनुर्यत्समया ।२।१।१५।

जिस वस्तु से किसी की समीपता दिखायी जाती है, उस लक्षणभूत वस्तु के साथ समीपता सूचक "अनु" अव्ययीभाव बनाता है, यथा—अनुवनमशनिर्गतः (वनस्य समीपं गतः) ।

(२२) पारे मध्ये षष्ठ्या वा ।२।१।१०।

पार और मध्य षष्ठ्यन्त पद के साथ अव्ययीभाव समास तथा विकल्प से षष्ठी-तत्पुरुष भी होता है, यथा—गङ्गायाः पारम्, गङ्गापारम्, अथवा गङ्गापारम् । इसी तरह मध्येगङ्गम्, अथवा गङ्गामध्यम् (गङ्गा के बीच) ।

अव्ययी भाव समास के विशेष ज्ञान के लिए निम्नलिखित नियमों पर ध्यान देना चाहिए—

(१) ह्रस्वो नपुंसके प्रातिपादिकस्य ।१।२।४७।

दूसरे समस्त शब्द का अन्तिम अक्षर दीर्घ रहे तो वह ह्रस्व कर दिया जाता है । यदि अन्त में 'ए, ऐ' हो तो उसके स्थान में 'इ' और 'ओ, औ' हो तो उसके स्थान में 'उ' हो जाता है, यथा—

उप + गङ्गा (गङ्गायाः समीपे) = उपगङ्गम् ।
उप + वधू (वध्वाः समीपे) = उपवधु ।

"प्रायेण उत्तरपदार्थप्रधानस्तत्पुरुषः"। उदाहरण—

राज्ञः पुरुषः = राजपुरुषः—यहाँ राज्ञः शब्द पुरुष शब्द का प्रायः विशेषण है। इसी प्रकार कृष्णः सर्पः = कृष्णसर्पः, यहाँ 'कृष्ण' शब्द 'सर्प' शब्द का विशेषण है।

तत्पुरुष शब्द के दो अर्थ हैं—तस्य पुरुषः = तत्पुरुषः और सः पुरुषः = तत्पुरुषः अर्थात् एक मे विभिन्न विभक्तियाँ है और दूसरे में समान विभक्तियाँ। इन्हीं अर्थों के अनुसार तत्पुरुष के मुख्य दो भेद हैं। ऊपर के उदाहरणों मे राज्ञः पुरुषः = राजपुरुषः 'व्यधिकरण' तत्पुरुष का उदाहरण है और कृष्णः सर्पः = कृष्णसर्पः समानाधिकरण तत्पुरुष का उदाहरण।

व्यधिकरण तत्पुरुष समास

इसके ६ भेद हैं—

१—द्वितीया तत्पुरुष,	४—पञ्चमी तत्पुरुष,
२—तृतीया तत्पुरुष,	५—षष्ठी तत्पुरुष,
३—चतुर्थी तत्पुरुष,	६—सप्तमी तत्पुरुष।

प्रथमा विभक्ति मे व्यधिकरण समास नहीं होता, समानाधिकरण हो जाता है।

द्वितीया तत्पुरुष—जब समास का प्रथम शब्द द्वितीया मे होता है तब उसे द्वितीया तत्पुरुष समास कहते हैं।

द्वितीया श्रितातीतपतितगतात्यस्तप्राप्तापन्नैः।२।१।२४।

द्वितीया तत्पुरुष समास श्रित, अतीत, पतित, गत, अत्यस्त, प्राप्त और आपन्न शब्दों के सयोग में होता है, यथा—

(श्रित) कृष्णं श्रितः = कृष्णश्रितः (कृष्ण के सहारे)।
(अतीत) दुःखमतीतः = दुःखातीतः (दुःखके पार गया हुआ)।
(पतित) शोकं पतितः = शोकपतितः (शोक में पड़ा हुआ)।
(गत) प्रलयं गतः = प्रलयगतः (नाश को प्राप्त)।
(अत्यस्त) मेघम् अत्यस्तः = मेघात्यस्तः (मेघ के पार पहुँचा हुआ)
(प्राप्त) सुखं प्राप्तः = सुखप्राप्तः (सुख पाया हुआ)।
(आपन्न) भयम् आपन्नः = भयापन्नः (भय पाया हुआ।)

प्राप्तापन्ने च द्वितीयया।२।२।४।

आपन्न और प्राप्त शब्द द्वितीयान्त के साथ समास बनाने पर प्रथम भी प्रयुक्त होते हैं, यथा—प्राप्तजीवनः, आपन्नकष्टः।

गम्यादीनामुपसंख्यानम्। वा०।

गमी आदि शब्दों के साथ भी द्वितीया तत्पुरुष होता है, यथा—ग्रामं गमी इति ग्रामगमी, अन्नं बुभुक्षुः इति अन्नबुभुक्षुः (अन्न का भूखा)।

चतुर्थी तदर्थार्थबलिहितसुखरक्षितैः ।२।१।३६।

चतुर्थ्यन्त शब्दों का अर्थ, बलि, हित, सुख तथा रक्षित के साथ भी चतुर्थी तत्पुरुष समास होता है, यथा—द्विजाय अयम् इति = द्विजार्थः, ब्राह्मणायहितम् = ब्राह्मणहितम्, भूतेभ्यो बलिः = भूतबलिः, गोहितम्, गोरक्षितम्, गोसुखम् आदि।

पञ्चमी तत्पुरुष—

जब तत्पुरुष समास का प्रथम शब्द पञ्चमी विभक्ति में हो तब वह पञ्चमी तत्पुरुष समास कहलाता है।

पञ्चमी भयेन ।२।१।३७। भयभीतभीतिभीभिरिति वाच्यम् । वा० ।

मुख्यतः पञ्चमी तत्पुरुष समास भय, भीत, भीति और भी के साथ होता है, यथा—चौराद् भयम् = चौरभयम् । सिंहाद् भीतः = सिंहभीतः । व्याघ्राद् भीतिः = व्याघ्रभीतिः । अयशसः भीः = अयशोभीः ।

स्तोकान्तिकदूरार्थकृच्छ्राणिक्तेन ।२।१।३६।

स्तोक, अन्तिक, दूर तथा इनके वाचक शब्द पञ्चम्यन्त शब्द के साथ समस्त होते हैं, किन्तु पञ्चमी का लोप नहीं होता, यथा—स्तोकात् मुक्तः = स्तोकान्मुक्तः, अन्तिकात् आगतः = अन्तिकादागतः, दूरादागतः, कृच्छ्रादागतः।

षष्ठी तत्पुरुष समास—

षष्ठी ।२।२।८।

षष्ठी तत्पुरुष समास में प्रथम शब्द षष्ठी में होता है। यह समास प्रायः सभी षष्ठ्यन्त शब्दों के साथ होता है, यथा—राज्ञः पुरुषः = राजपुरुषः।

इसके कुछ अपवाद हैं, जिनमें मुख्य ये हैं—

तृजकाभ्यां कर्तरि ।२।२।१५।

(क) यदि षष्ठी तृच् प्रत्ययान्त कर्त्ता, भर्त्ता (धारण करने वाला) स्रष्टा आदि अथवा अक प्रत्यान्त पाचक, याचक, सेवक आदि कर्तृवाचक शब्दों के साथ आती है तो षष्ठी तत्पुरुष समास नहीं होता, यथा—

अन्नस्य पाचकः, धनस्य हर्ता, जगतः स्रष्टा, घटस्यकर्ता।

याजकादिभिश्च ।२।२।१६।

परन्तु याजक आदि शब्दों के साथ षष्ठी समास होता है, यथा—ब्राह्मणयाजकः। "आदि" शब्द से पूजक, परिचारक, परिषेवक, स्नातक, अध्यापक, उत्पादक, होतृ, पोतृ, भर्तृ (पति), रथगणक, पत्तिगणक आ जाते हैं। इनके साथ षष्ठी समास होता है।

न निर्धारणे ।२।२।१०।

निर्धारण के अर्थ में प्रयुक्त षष्ठी का समास नहीं होता। (निर्धारण का अर्थ है किसी वस्तु से दूसरी वस्तु की विशिष्टता दिखाना) यथा—

उप+गो (गोः समीपे)=उपगु।
उप+नौ (नावः समीपे)=उपनु।

(२) अनश्च ।५।४।१०८।

अन् अन्तवाली संज्ञाओं में समासान्त टच् (तद्धित) प्रत्यय (पुंल्लिङ्ग, स्त्रीलिङ्ग में नित्य और नपुंसक में विकल्प से) लगता है नपुंसकादन्यतरस्याम् ।५।४।१०९। और टच् लगने पर "नस्तद्धिते" के अनुसार अन् का लोप हो जायगा और टच् का अ जुड़ जाता है, यथा—उपचर्मन् और फिर 'न लोपः प्रातिपदिकस्य' से न् का लोप होकर उपचर्म बना।

उप+राजन् (राज्ञः समीपे)=उपराजम्।
अधि+आत्मन्=अध्यात्मम्।
उप+सीमन् (सीम्नः समीपे)=उपसीमम्।

(३) अयः ।५।४।१११।

जब अव्ययीभाव समास के अन्त में झय् प्रत्याहार का कोई अक्षर आता है तब विकल्प से समासान्त टच् प्रत्यय जुड़ता है, यथा—

उप+सरित् (सरितः समीपे)+टच्=उपसरितम्।
टच् के न होने पर=उपसरित्।

(४) अव्ययीभावे शरत्प्रभृतिभ्यः ।५।४।१०७। (जरायाजरश्च। वा०)

शरद्, विपाश्, अनस्, मनस्, उपानह्, अनडुह्, दिव्, हिमवत्, दिश्, विश्, चेतस्, चतुर्, तद्, यद्, कियत्, जरस्—इनमें अकार जोड़ दिया जाता है, यथा—

उपशरदम्, अधिमनसम्, उपदिशम् आदि।

(५) नदीपौर्णमास्याग्रहायणीभ्यः ।५।४।११०।

नदी, पौर्णमासी, और आग्रहायणी शब्दों के अव्ययीभाव समास के अन्त में आने पर विकल्प से टच् (अ) प्रत्यय लगता है, अतः इनके दो-दो रूप होंगे, यथा—

उप+नदी=उपनदि, उपनदम्।
उप+पौर्णमासी=उपपौर्णमासि, उपपौर्णमासम्।
उप+आग्रहायणी=उपाग्रहायणि, उपाग्रहायणम्।

(६) गिरेश्च सेनकस्य ।५।४।११२।

अव्ययीभाव समास के अन्त में गिरि शब्द के आने पर विकल्प से टच् (अ) लगता है, यथा—उप+गिरिः=उपगिरि, उपगिरम्।

तत्पुरुष समास

तत्पुरुष समास में प्रथम शब्द विशेषण का कार्य करता है, द्वितीय शब्द विशेष्य होता है और वह प्रधान होता है।

"प्रायेण उत्तरपदार्थप्रधानस्तत्पुरुषः"। उदाहरण—

राज्ञः पुरुषः = राजपुरुषः—यहाँ राज्ञः शब्द पुरुष शब्द का प्रायः विशेषण है। इसी प्रकार कृष्णः सर्पः = कृष्णसर्पः, यहाँ 'कृष्ण' शब्द 'सर्प' शब्द का विशेषण है।

तत्पुरुष शब्द के दो अर्थ हैं—तस्य पुरुषः = तत्पुरुषः और सः पुरुषः = तत्पुरुषः अर्थात् एक में विभिन्न विभक्तियाँ हैं और दूसरे में समान विभक्तियाँ। इन्हीं अर्थों के अनुसार तत्पुरुष के मुख्य दो भेद हैं। ऊपर के उदाहरणों में राज्ञः पुरुषः = राजपुरुषः 'व्यधिकरण' तत्पुरुष का उदाहरण है और कृष्णः सर्पः = कृष्णसर्पः समानाधिकरण तत्पुरुष का उदाहरण।

व्यधिकरण तत्पुरुष समास

इसके ६ भेद हैं—

१—द्वितीया तत्पुरुष,	४—पञ्चमी तत्पुरुष,
२—तृतीया तत्पुरुष,	५—षष्ठी तत्पुरुष,
३—चतुर्थी तत्पुरुष,	६—सप्तमी तत्पुरुष।

प्रथमा विभक्ति में व्यधिकरण समास नहीं होता, समानाधिकरण हो जाता है।

द्वितीया तत्पुरुष—जब समास का प्रथम शब्द द्वितीया में होता है तब उसे द्वितीया तत्पुरुष समास कहते हैं।

द्वितीया श्रितातीतपतितगतात्यस्तप्राप्तापन्नैः।२।१।२४।

द्वितीया तत्पुरुष समास श्रित, अतीत, पतित, गत, अत्यस्त, प्राप्त और आपन्न शब्दों के सयोग में होता है, यथा—

(श्रित) कृष्ण श्रितः = कृष्णश्रितः (कृष्ण के सहारे)।
(अतीत) दुःखमतीतः = दुःखातीतः (दुःख के पार गया हुआ)।
(पतित) शोक पतितः = शोकपतितः (शोक मे पड़ा हुआ)।
(गत) प्रलय गतः = प्रलयगतः (नाश को प्राप्त)।
(अत्यस्त) मेघम् अत्यस्तः = मेघात्यस्तः (मेघ के पार पहुँचा हुआ)
(प्राप्त) सुख प्राप्तः = सुखप्राप्तः (सुख पाया हुआ)।
(आपन्न) भयम् आपन्नः = भयापन्नः (भय पाया हुआ।)

प्राप्तापन्ने च द्वितीयया।२।१।४।

आपन्न और प्राप्त शब्द द्वितीयान्त के साथ समास बनाने पर प्रथम भी प्रयुक्त होते हैं, यथा—प्राप्तजीवनः, आपन्नकष्टः।

गम्यादीनामुपसंख्यानम्।वा०।

गमी आदि शब्दों के साथ भी द्वितीया तत्पुरुष होता है, यथा—ग्रामं गमी इति ग्रामगमी, अन्न बुभुक्षुः इति अन्नबुभुक्षुः (अन्न का भूखा)।

कालाः ।२।१।२८। अत्यन्तसंयोगे च ।२।१।२९।

समयवाची द्वितीयान्त शब्दों का क्तान्त कृदन्त शब्दों के साथ द्वितीया तत्पुरुष समास होता है, यथा—मासं प्रमितः (परिच्छेतुमारब्धवान् इति) मासप्रमितः प्रतिपच्चन्द्रः ।

अत्यन्त संयोग या सातत्य सूचक समयवाची द्वितीयान्त शब्दों में भी द्वितीय तत्पुरुष समास होता है, यथा—मुहूर्तं सुखम् इति मुहूर्तसुखम्, क्षणस्थायी, मुहूर्तव्यापी ।

तृतीया तत्पुरुष समास—

जब तत्पुरुष समास का प्रथम शब्द तृतीया विभक्ति में हो तब वह तृतीया तत्पुरुष समास कहलाता है ।

कर्तृकरणे कृता बहुलम् ।२।१।३२।

तृतीया तत्पुरुष समास होता है (१) यदि तृतीयान्त कर्त्ता या करण कारक हो और साथ वाला शब्द कृदन्त हो, यथा—

हरिणात्रातः = हरित्रातः, यहाँ पर हरिण तृतीयान्त है और कर्त्ता है और दूसरा शब्द त्रातः क्त प्रत्ययान्त कृदन्त है ।

नखैर्भिन्नः = नखभिन्नः, खड्गेन हतः = खड्गहतः ।

(२) पूर्वसदृशसमोनार्थकलहनिपुणमिश्रश्लक्ष्णैः ।२।१।३१।

यदि तृतीयान्त शब्द के साथ पूर्व, सदृश, सम शब्दों में से कोई आवे या ऊन (कम) कलह (झगड़ा), निपुण (चतुर), मिश्र, (मिला हुआ), श्लक्ष्ण (चिकना) शब्दों में से कोई या इनका समानार्थक कोई शब्द आवे, यथा—मासेन पूर्वः = मासपूर्वः, पित्रा समः = पितृसमः, मात्रासदृशः = मातृसदृशः, धान्येन ऊनम् = धान्योनम्, धान्येन विकलम् = धान्यविकलम्, वाचा कलहः = वाक्कलहः, आचारेण निपुणः = आचारनिपुणः, आचारेण कुशलः = आचारकुशलः । शर्करया मिश्रम् = शर्करामिश्रम्, गुडेन युक्तम् = गुडयुक्तम्, कुट्टनेन श्लक्ष्णम् = कुट्टनश्लक्ष्णम् (कूटने से चिकना) ।

अवरस्योपसंख्यानम् । वा० ।

अवर की भी गणना ऊपर के शब्दों के साथ करनी चाहिए, यथा—मासेन अवरः = मासावरः (एक मास छोटा) ।

अन्नेन व्यञ्जनम् ।२।१।३४।

संस्कार करने वाले द्रव्य का वाचक तृतीयान्त शब्द का अन्नवाचक शब्द के साथ तृतीया तत्पुरुष समास होता है, यथा—दध्ना ओदनः इति दध्योदनः ।

चतुर्थी तत्पुरुष समास—

जब तत्पुरुष समास का प्रथम शब्द चतुर्थी में रहता है तब उसे चतुर्थी तत्पुरुष समास कहते हैं, यथा—यूपाय दारु = यूपदारु, कुम्भाय मृत्तिका = कुम्भमृत्तिका ।

चतुर्थी तदर्थार्थबलिहितसुखरक्षितै ।२।१।३६।

चतुर्थ्यन्त शब्दों का अर्थ, बलि, हित, सुख तथा रक्षित के साथ भी चतुर्थी तत्पुरुष समास होता है, यथा—द्विजाय अयम् इति = द्विजार्थं, ब्राह्मणायहितम् = ब्राह्मणहितम्, भूतेभ्यो बलि = भूतबलि, गोहितम्, गोरक्षितम्, गोसुखम् आदि।

पञ्चमी तत्पुरुष—

जब तत्पुरुष समास का प्रथम शब्द पञ्चमी विभक्ति में हो तब वह पञ्चमी तत्पुरुष समास कहलाता है।

पञ्चमी भयेन ।२।१।३७। भयभीतभीतिभीभिरिति वाच्यम । वा०।

मुख्यत पञ्चमी तत्पुरुष समास भय, भीत, भीति और भी के साथ होता है, यथा—चौराद् भयम् = चौरभयम्। सिंहाद् भीत = सिंहभीत। व्याघ्राद् भीति = व्याघ्रभीति। अयशस भी = अयशोभी।

स्तोकान्तिकदूरार्थकृच्छ्राणिक्तेन ।२।१।३६।

स्तोक, अन्तिक, दूर तथा इनके वाचक शब्द पञ्चम्यन्त शब्द के साथ समस्त होते हैं, किन्तु पञ्चमी का लोप नहीं होता, यथा—स्तोकात् मुक्त = स्तोकान्मुक्त, अन्तिकात् आगत = अन्तिकादागत, दूरादागत, कृच्छ्रादागत।

षष्ठी तत्पुरुष समास—

षष्ठी ।२।२।८।

षष्ठी तत्पुरुष समास मे प्रथम शब्द षष्ठी में होता है। यह समास प्राय सभी षष्ठ्यन्त शब्दों के साथ होता है, यथा—राज पुरुष = राजपुरुष।

इसके कुछ अपवाद हैं, जिनमे मुख्य ये हैं—

तृजकाभ्या कर्तरि ।२।२।१५।

(क) यदि षष्ठी तृच् प्रत्ययान्त कर्त्ता, भर्त्ता (धारण करने वाला) स्रष्टा आदि अथवा अक प्रत्यान्त पाचक, याचक, सेवक आदि कर्तृवाचक शब्दों के साथ आती है तो षष्ठी तत्पुरुष समास नहीं होता, यथा—

अन्नस्य पाचक, धनस्य हर्ता, जगत स्रष्टा, घटस्यकर्ता।

याजकादिभिश्च ।२।२।१६।

परन्तु याजक आदि शब्दों के साथ षष्ठी समास होता है, यथा—ब्राह्मण याजक। "आदि' शब्द मे पूजक, परिचारक, परिषेवक, स्नातक, अध्यापक, उत्पादक, होतृ, पोतृ, भर्तृ (पति), रथगणक, पत्तिगणक आ जात हैं। इनके साथ षष्ठी समास होता है।

न निर्धारणे ।२। ।१०।

निधारण के अर्थ में प्रयुक्त षष्ठी का समास नहीं होता। (निर्धारण का अर्थ है किसी वस्तु से दूसरी वस्तु की विशिष्टता दिखाना) यथा—

नृणां द्विजः श्रेष्ठः, गवां कृष्णा बहुक्षीरा इत्यादि में समास नहीं होता।

गुणान्तरेण तरलोपश्चेति वक्तव्यम्। वा०।

तरप् प्रत्ययान्त गुणवाची शब्द के साथ षष्ठी आने पर समास हो जाता है और तर का लोप भी होता है, यथा—

सर्वेषां महत्तरः = सर्वमहान्। सर्वेषां श्वेततरः = सर्वश्वेतः।

पूरणगुणसुहितार्थसदव्ययतव्यसमानाधिकरणेन।२।२।११।

पूरणार्थक प्रत्ययों से बने हुए शब्दों के साथ, गुणवाचक शब्दों के साथ, सुहित (तृप्ति) अर्थवाले शब्दों के साथ, शतृ एवं शानच् प्रत्ययों के साथ, कृदन्त अव्ययों के साथ, तव्यप्रत्ययान्त शब्दों के साथ, तथा समानाधिकरण शब्दों के साथ षष्ठी तत्पुरुष नहीं होता, यथा—सता षष्ठः, काक्स्य कार्ष्ण्यम्, फलानां सुहितः, द्विजस्य कुर्वन् कुर्वाणः वा, किंकरः, ब्राह्मणस्य कृत्वा, ब्राह्मणस्य कर्त्तव्यम्, तक्षकस्य सपस्य।

क्तेन च पूजायाम्।२।२।१२।

पूजार्थवाची क्त प्रत्ययान्त शब्दों के साथ भी षष्ठी तत्पुरुष समास नहीं होता, यथा—राज्ञा पूजितः बुद्धः मतो वा। 'राजपूजितः' आदि शब्द अशुद्ध हैं।

सप्तमी तत्पुरुष

जिसका प्रथम शब्द सप्तमी विभक्ति में रहता है, वह सप्तमी तत्पुरुष समास कहलाता है। यह समास विशेष दशाओं में होता है।

(१) सप्तमी शौण्डैः।२।१।४०। सिद्ध शुष्कपक्वबन्धैश्च।२।१।४१।

जब सप्तम्यन्त शब्द शौण्ड (चतुर), धूर्त, कितव (शठ) प्रवीण, संवीत (भूषित), अन्तर, अधि, पटु, पण्डित, कुशल, चपल, निपुण, सिद्ध, शुष्क, पक्व और बन्ध इन शब्दों में से किसी के साथ आता है तब सप्तमी तत्पुरुष समास होता है, यथा—अक्षेषु शौण्डः = अक्ष-शौण्डः, प्रेम्णि धूर्तः = प्रेमधूर्तः, द्यूते कितवः = द्यूतकितवः, सभाया पण्डितः = सभा-पण्डितः, आतपे शुष्कः = आतपशुष्कः, चक्रे बन्धः = चक्रबन्धः। स्थाल्यां पक्वः = स्थालीपक्वः।

ध्वाङ्क्षेण क्षेपे।२।१।४२। ध्वाङ्क्षेणेत्यर्थग्रहणम्। वा०।

जब ध्वाङ्क्ष (कौवा) शब्द अथवा उसके समानार्थक शब्दों के साथ निन्दा का अर्थ आवे तब सप्तमी तत्पुरुष समास होता है, यथा—श्राद्धे काकः = श्राद्धकाकः, तीर्थे ध्वाङ्क्षः = तीर्थध्वाङ्क्षः (तीर्थ का कौवा अर्थात् लालची)।

समानाधिकरण तत्पुरुष समास

ऐसी वस्तुएँ जिनका अधिकरण एक हो, यदि देवदत्त और गोविन्द एक ही आसन पर बैठे हों तो वह आसन उन दोनों का समानाधिकरण हुआ, अलग-

अलग आसन हो तो व्यधिकरण होगा, यथा—"कृष्णः सर्पः" में कालापन साप के साथ है, अतः यह समानाधिकरण है।

तत्पुरुषः समानाधिकरणः कर्मधारयः ।१।२।४२।

ऐसा तत्पुरुष समास जिसमे प्रथम शब्द दूसरे शब्द का विशेषण हो, दोनों शब्दों का समानाधिकरण हो वह समानाधिकरण अथवा कर्मधारय तत्पुरुष कहलाता है। कर्मधारय की क्रिया दोनों शब्दों को धारण करती है। उदाहरण—"कृष्णसर्पः अपसर्पति" में सर्प जब क्रिया करता है तब कृष्णत्व उसके साथ रहता है, किन्तु 'राजपुरुषः' में राजा पुरुष के साथ क्रिया नहीं करता।

समानाधिकरण या कर्मधारय समास में दोनों शब्द प्रथमा विभक्ति में रहते हैं, किन्तु व्यधिकरण म प्रथम शब्द प्रथमा को छोड़ कर किसी और विभक्ति में रहता है।

समानाधिकरण या कर्मधारय समास में प्रथम शब्द या तो दूसरे का विशेषण होना चाहिए और द्वितीय शब्द सज्ञा होनी चाहिए अथवा दोनों सज्ञाएँ हों अथवा दोनों विशेषण हों जिसमें समय पड़ने पर सयुक्त शब्द किसी तीसरे शब्द का विशेषण रहे।

विशेषणं विशेष्येण बहुलम् ।२।१।५७।

यदि प्रथम शब्द विशेषण हो और दूसरा विशेष्य तो उस कर्मधारय समास को 'विशेषणपूर्वपदकर्मधारय' कहते हैं, यथा—नीलम् उत्पलम् = नीलोत्पलम्, रक्तोत्पलम्, कृष्णसर्पः।

किं क्षेपे ।२।१।६४।

जब 'खराब या बुरे' अर्थ मे 'कु' शब्द का प्रयोग हो और उस पद का समास किसी सज्ञा से हो तब वह पूरा कर्मधारय समास होता है, यथा—कुत्सितः पुरुष = कुपुरुष., कुत्सितः पुत्रः = कुपुत्रः, कुत्सितः देशः = कुदेशः।

कभी-कभी 'कु' का रूपान्तर 'कद्' और कभी 'का' हो जाता है, यथा—कुत्सितम् अन्नम् = कदन्नम्, कुत्सितः पुरुषः = कापुरुषः।

उपमानपूर्वपद कर्मधारय

उपमानानि सामान्यवचनैः ।२।१।५५।

उपमान और उपमेय का समास 'उपमानपूर्वपद कर्मधारय' समास कहलाता है, यथा—घन इव श्यामः = घनश्यामः, चन्द्रः इव आह्लादकः = चन्द्राह्लादकः।

इन उदाहरणों में प्रथम में 'घन' उपमान और 'श्याम' उपमेय (सामान्य गुण) है, दूसरे में 'चन्द्र' उपमान और 'आह्लाद' उपमेय (सामान्य गुण) है।

उपमानोत्तरपद कर्मधारय

उपमितं व्याघ्रादिभिः सामान्याप्रयोगे ।२।१।५६।

यदि उपमित (जिसको उपमा दी जाय) और उपमान (जिससे उपमा दी जाय) दोनों साथ-साथ आवें तो उस समास को उपमानोत्तरपद कर्मधारय कहते

हैं। यहाँ उपमान प्रथम शब्द न होकर द्वितीय शब्द होता है, यथा—मुखं कमलमिव = मुखकमलम्। पुरुषः व्याघ्रः इव = पुरुषव्याघ्रः। इनका विग्रह इस प्रकार भी होगा—मुखमेव कमलम् = मुखकमलम्। पुरुषः एव व्याघ्रः = पुरुषव्याघ्रः। पहले को उपमित समास कहते हैं और दूसरे को रूपक समास।

विशेषणोभयपद कर्मधारय

दो समानाधिकरण विशेषणों के समास को 'विशेषणोभयपद कर्मधारय' समास कहते हैं, यथा—कृष्णश्च श्वेतश्च = कृष्णश्वेतः (कुक्कुरः)।

इसी तरह दो क्तप्रत्ययान्त शब्द जो दोनों वस्तुतः विशेषण होते हैं, इसी भाँति समास बनाते हैं, यथा—स्नातश्च अनुलिप्तश्च = स्नातानुलिप्तः।

दो विशेषणों में से एक दूसरे का प्रतिवादी भी हो सकता है, यथा—चरश्च अचरश्च = चराचरम् (जगत्), कृतश्च अकृतश्च = कृताकृतम् (कर्म

द्विगु समास

संख्यापूर्वो द्विगुः।२।१।३२।

यदि कर्मधारय समास में प्रथम शब्द संख्यावाची हो और दूसरा शब्द संज्ञा तो उसे द्विगु समास कहते हैं। द्विगु समास में (१) या तो उसके अनन्तर कोई तद्धित प्रत्यय लगता है या (२) वह किसी और शब्द के साथ समास में आता है, यथा—

(१) पष्+मातृ = पष्मातृ+अ (तद्धित प्रत्यय) = पाष्मातुरः (षण्णां मातृणाम् अपत्यं पुमान्)।

(२) पञ्चगावः धनं यस्य सः = पञ्चगवधनः। यहाँ 'पञ्चगव' में द्विगु समास न होता यदि वह धन शब्द के साथ फिर समास में न आया होता।

द्विगुरेकवचनम्।२।४।१। स नपुंसकम्।२।४।१७।

किसी समाहार (समूह) का द्योतक भी द्विगु समास होता है और वह सदा नपुंसकलिङ्ग एकवचन में रहता है, यथा—

चतुर्णां युगानां समाहारः = चतुर्युगम्।
त्रयाणां भुवनानां समाहारः = त्रिभुवनम्।
पञ्चानां गवां समाहारः = पञ्चगवम्।
पञ्चानां पात्राणां समाहारः = पञ्चपात्रम् इत्यादि।

अकारान्तोत्तरपदो द्विगुःस्त्रियामिष्टः। पात्राद्यन्तस्य न। वा०।

वट, लोक, मूल इत्यादि अकारान्त शब्दों के साथ समाहार द्विगु में समस्त पद ईकारान्त स्त्रीलिङ्ग होता है, किन्तु पात्र, भुवन, युग में अन्त होने वाले द्विगु समास नहीं होते, यथा—

त्रयाणां लोकानां समाहारः = त्रिलोकी।
पञ्चानां मूलानां समाहारः = पञ्चमूली।
पञ्चानां वटानां समाहारः = पञ्चवटी।
(पञ्चपात्रम्, त्रिभुवनम्, चतुर्युगम्।)

आवन्तो वा । वा० ।

जब समाहार द्विगु का उत्तरपद आकारान्त हो तब समस्त पद विकल्प से स्त्रीलिङ्ग होता है, यथा—पञ्चाना खट्वाना समाहारः = पञ्चखट्वी, पञ्चखट्वम् ।

अन्य तत्पुरुष समास

ये तत्पुरुष समास तो हैं ही, किन्तु इनमें अपनी विशेषता भी है ।

नञ् तत्पुरुष समास

यदि तत्पुरुष में प्रथम शब्द 'न' रहे और दूसरा सज्ञा या विशेषण तो वह नञ् तत्पुरुष समास कहलाता है । यह 'न' व्यजन के पूर्व 'अ' में और स्वर के पूर्व 'अन्' में बदल जाता हैं, यथा—

न ब्राह्मणः = अब्राह्मणः (जो ब्राह्मण न हो) ।
न सत्यम् = असत्यम् ।
न अश्वः = अनश्वः (जो घोड़ा न हो) ।
न कृतम् = अकृतम् ।
न आगतम् = अनागतम् ।

प्रादि तत्पुरुष समास

यदि तत्पुरुष में प्रथम शब्द प्र आदि उपसर्गों में से कोई हो, तो वह प्रादि तत्पुरुष समास कहलाता है, यथा—

प्रगतः (अत्यन्त विद्वान्) आचार्यः = प्राचार्यः ।
प्रगतः (बडे) पितामहः = प्रपितामहः (परदादा)
अतिक्रान्तः मर्यादम् = अतिमर्यादः (जिसने सीमा पार कर दी हो)
प्रतिगतः (सामने आया हुआ) अक्षम् (इन्द्रियम्) = प्रत्यक्षः ।
उद्गतः (ऊपर उठा हुआ) वेलाम् (किनारा) = उद्वेलः ।
अतिक्रान्तः रथम्=अतिरथः (बहुत बलशाली योद्धा) ।
अवकृष्टः कोकिलया=अवकोकिलः (कोकिला से उच्चारित-सुन्ध)
निर्गतः गृहात्=निर्गृहः (घर से निकाला हुआ) ।
परिम्लानोऽध्ययनाय=पर्यध्ययनः (पढ़ने से थका हुआ) ।

गतितत्पुरुष समास

कृदन्त कृत्प्रत्ययान्त शब्दों के साथ कुछ विशेष शब्दों (ऊरी आदि) का जो समास होता है उसे गतितत्पुरुष समास कहते हैं ।

ऊर्यादिच्विडाचश्च ।१।४।६१।

ऊरी आदि निपात क्रिया के योग मे गति कहलाते हैं, अत एव यह समास गति समास कहा जाता है । च्वि तथा डाच् प्रत्ययान्त शब्द भी गति कहे जाते हैं,

यथा—ऊरी कृत्वा=ऊरीकृत्य। नीलीकृत्य (नीला करके), शुक्लीभूय (सफेद होकर), स्वीकृत्य, पटपटाकृत्य।

भूषणेऽलम् ।१।४।६४। भूषणार्थवाची अलम् की भी गति संज्ञा होती है, यथा—अलं (भूषितं) कृत्वा=अलंकृत्य (सजाकर)।

आदरानादरयोः सदसती ।१।४।६३। आदर एवं अनादर अर्थ में सत् तथा असम् गति संज्ञक हैं, यथा—सत्कृत्य (आदर करके), असत्कृत्य।

अन्तरपरिग्रहे ।२।४।६५। परिग्रह से भिन्न (मध्य) अर्थ में 'अन्तर्' भी गति सज्ञक है, यथा—अन्तर्हृत्य (मध्ये हृत्वा)। अपरिग्रहे किम्—अन्तर्हृत्वा गतः (हृतं परिगृह्य गतः)।

साक्षात्प्रभृतीनि च ।१।४।७४। साक्षात् आदि भी कृ धातु के साथ विकल्प से गति कहलाते हैं, यथा—साक्षात्कृत्य अथवा साक्षात् कृत्वा।

पुरोऽव्ययम् ।१।४।६७। पुरः नित्य गति सज्ञक है, अतः 'पुरस्कृत्य' समस्त शब्द बनेगा।

अस्तं च ।१।४।६८। अस्तम् मान्त अव्यय है और गति संज्ञक है, अतः समस्त शब्द 'अस्तंगत्य' होता है।

तिरोऽन्तर्धौ ।१।४।७१। 'तिरः' शब्द अन्तर्धान के अर्थ में नित्य गति संज्ञक होता है, अतः समस्त शब्द 'तिरोभूय' होता है।

विभाषा कृञि ।१।४।७६। तिरः कृ के साथ विकल्प से गति संज्ञक है, अतः तिरस्कृत्य, तिरः कृत्य, तिरः कृत्वा रूप बनते हैं।

अनत्याधान उरसिमनसी ।१।४।७५। अत्याधान (उपश्लेषण) भिन्न उरस् और मनस् की गति संज्ञा होती है, अतः उरसिकृत्य, उरसिकृत्वा। मनसिकृत्य, मनसिकृत्वा रूप बनते हैं।

उपपद तत्पुरुष समास

तत्रोपपदं सप्तमीस्थम् ।३।१।९२। यदि तत्पुरुष का कोई शब्द ऐसी संज्ञा या अव्यय हो जिसके अभाव में द्वितीय शब्द का वह रूप नहीं रह सकता जो उसका है तो वह उपपद तत्पुरुष समास कहलाता है। द्वितीय शब्द का रूप कृदन्त का होना चाहिए न कि क्रिया का। प्रथम शब्द को उपपद कहते हैं, जिससे इस समास का ऐसा नाम पड़ा, यथा—कुम्भं करोति इति = कुम्भकारः।

कुम्भ और कार दो शब्द इसमें हैं, कुम्भ उपपद है। कारः क्रिया का रूप नहीं कृदन्त का है। यदि पूर्व में उपपद (कुम्भ) न हो तो कारः नहीं रह सकता वह कुम्भ या किसी अन्य उपपद के साथ ही रह सकता है, यथा—स्वर्णकारः, चर्मकारः। इसी तरह धन ददाति इति धनदः। यहाँ उपपद (धन) के रहने के ही कारण 'दः' शब्द है, 'दः' का प्रयोग अकेले नहीं हो सकता। इसी प्रकार—कम्बल ददाति इति कम्बलदः। साम गायति इति सामगः, गां ददाति इति गादः।

त्वा च ।२।२।२२। तृतीयान्त उपपद त्वा के साथ विकल्प से समास होते हैं, यथा—एकधामूय, उच्चैः कृत्य। समास न होने पर उच्चैः कृत्वा होता है।

मध्यमपदलोपी तत्पुरुष समास

शाकप्रियः पार्थिवः = शाकपार्थिव, देवपूजकः ब्राह्मणः = देवब्राह्मणः। इन शब्दों में 'प्रिय' तथा 'पूजक' शब्दों का लोप हो गया है, इसी से इस समास को मध्यमपद लोपी तत्पुरुष समास कहते हैं।

मयूरव्यंसकादि तत्पुरुष समास

ऐसे तत्पुरुष समासों को जिनमें प्रत्यक्ष नियमों का उल्लंघन किया गया है, मयूर व्यंसकादि तत्पुरुष समास कहा गया है, यथा—व्यंसकः मयूरः = मयूर व्यंसकः (चतुर मोर)। यहाँ व्यंसक शब्द पहले आना चाहिए था और मयूर बाद में।

अन्यो राज = राजान्तरम्। अन्यो ग्रामः ग्रामान्तरम्। उदक् च अवाक् चेति उच्चावचम्। निश्चित च प्रचित चेति = निश्चप्रचम्।

राजान्तरम्, चिदेव नित्य समास हैं, क्योंकि इनका अपने पदों से विग्रह नहीं होता। इसी प्रकार जिनका विग्रह होता ही नहीं वे भी नित्य समास हैं, यथा—जीमूतस्येव।

अलुक् तत्पुरुष समास

समास में प्राय. प्रथम शब्द की विभक्ति का लोप हो जाता है, यथा—राजः पुरुषः = राजपुरुषः, किन्तु कुछ ऐसे समास हैं जिनमें विभक्ति के प्रत्यय का लोप नहीं होता, वे अलुक् समास कहलाते हैं। अलुक् समास में केवल ऐसे ही उदाहरण हैं जो साहित्य में ग्रन्थकारों के ग्रन्थों में मिलते हैं, इसमें नवीन शब्दों का निर्माण नहीं किया जा सकता। कुछ उदाहरण ये हैं—

जनुषान्धः (जन्मान्ध), मनसा गुप्ता (किसी स्त्री का नाम), आत्मने पदम्, परस्मैपदम्, दूरादागतः, देवना प्रियः (मूर्ख), पश्यतो हरः (चोर), अन्तेवासी (शिष्य), युधिष्ठिरः, खेचरः (सिद्ध, देव, पक्षी आकाश में चलने वाला), सरसिजम् (कमल) इत्यादि।

बहुव्रीहि समास

अनेकमन्यपदार्थे ।२।२।२४।

जब दोनों या दो से अधिक सभी समस्त शब्द किसी अन्य शब्द के विशेषण होकर रहते हैं तब उसे बहुव्रीहि समास कहते हैं। बहुव्रीहि का अर्थ है—बहु-व्रीहिः (धान्यम्) यस्य अस्ति सः बहुव्रीहि (जिसके पास बहुत धान्य हों)। यहाँ प्रथम शब्द (बहु) दूसरे शब्द (व्रीहि) का विशेषण है और दोनों ही शब्द किसी तीसरे शब्द के विशेषण हो गये। अतएव इसका नाम 'बहुव्रीहि' पड़ा।

तत्पुरुष और बहुव्रीहि में भेद—तत्पुरुष में प्रथम शब्द दूसरे शब्द का विशेषण होता है, यथा—पीतम् अम्बरम् = पीताम्बरम् (पीला वस्त्र)—कर्मधारय समास। बहुव्रीहि में दोनों शब्द मिलकर किसी तीसरे शब्द के विशेषण होते हैं, यथा—पीताम्बरः—पीतम् अम्बरम् यस्य सः (जिसका पीला वस्त्र हो अर्थात् श्रीकृष्ण)।

अन्यपदार्थप्रधानो बहुव्रीहिः (बहुव्रीहि समास में समास के दोनों शब्दों में से किसी में प्रधानत्व नहीं रहता, दोनों मिलकर किसी तीसरे का प्रधानत्व सूचित करते हैं, यथा—पीताम्बर में बहुव्रीहि समास के दो भेद—

(क) समानाधिकरण बहुव्रीहि,

(ख) व्यधिकरण बहुव्रीहि,

(क) समानाधिकरण बहुव्रीहि वह है जिसके दोनों या सभी शब्दों का समान अधिकरण हो, अर्थात् वे प्रथमान्त हों, यथा—पीताम्बरः।

(ख) व्यधिकरण बहुव्रीहि वह है जिसके दोनों शब्द प्रथमान्त न हों, एक प्रथमान्त हो, और दूसरा षष्ठी या सप्तमी में हो, यथा—

चक्रपाणिः—चक्रं पाणौ यस्य सः (विष्णुः)

चन्द्रशेखरः—चन्द्र शेखरे यस्य सः (शिवः)

बहुव्रीहि समास के विग्रह करने के लिए यह आवश्यक है कि उसके विग्रह में 'यत्' का प्रयोग हो। 'यत्' से ही ज्ञात होता है कि समस्त शब्दों का किसी अन्य शब्द से सम्बन्ध है।

व्यधिकरण बहुव्रीहि के दोनों शब्द प्रथमा विभक्ति में नहीं रहते, एक ही प्रथमा में रहता है और दूसरा षष्ठी या सप्तमी में।

यथा—चक्रपाणिः—चक्रंपाणौ यस्य सः।

चन्द्रशेखरः—चन्द्रःशेखरे यस्य सः।

चन्द्रकान्तिः—चन्द्रस्य कान्तिः इव कान्तिः यस्य सः।

समानाधिकरण बहुव्रीहि के ६ भेद हैं—

द्वितीया समानाधिकरण बहुव्रीहि	पञ्चमी समानाधिकरण बहुव्रीहि
तृतीया समानाधिकरण बहुव्रीहि	षष्ठी समानाधिकरण बहुव्रीहि
चतुर्थी समानाधिकरण बहुव्रीहि	सप्तमी समानाधिकरण बहुव्रीहि

द्वितीया समानाधिकरण बहुव्रीहि—आरूढः वानरः यं सः = आरूढवानरः (वृक्षः)।

प्रातम् उदकं यं सः = प्रस्तोदकः (ग्रामः)।

तृतीया समा० बहु०—दत्तं चित्तं येन सः = दत्तचित्तः (शिष्यः)। जितानि इन्द्रियाणि येन सः = जितेन्द्रियः (पुरुषः)। उढः रथः येन सः = ऊढरथः (अनड्वान्) ऐसा बैल जिसने रथ खींचा हो।

चतुर्थी समा० बहु०—दत्तम् धनम् यस्मै सः = दत्तधनः (ब्राह्मणः),

उपहृतः पशुः यस्मै सः = उपहृतपशुः (रुद्रः)।

पञ्चमी समा० बहु०—निर्गत बल यस्मात् सः निर्गतबलः (पुरुषः)।
उत्धृतम् ओदनम् यस्याः सा = उद्धृतौदना (स्थाली)॥
निर्गत धन यस्मात् सः निर्धनः (पुरुषः)
षष्ठी समा० बहु०—लम्बौ कर्णौ यस्य सः = लम्बकर्णः (गर्दभः)।
सप्तमी समा० बहु०—वीरा पुरुषाः यस्मिन् सः = वीरपुरुषः (ग्रामः)।

नञोऽस्त्यर्थानां वाच्यो वा चोत्तरपदलोपः। वा०। प्रादिभ्यो धातुजस्य वाच्यो वा चोत्तरपदलोपः। वा०।

नञ् अथवा कोई उपसर्ग सञ्ज्ञा के साथ रहे तो इस प्रकार बहुव्रीहि समास होता है—अविद्यमानः पुत्रः यस्य सः = अपुत्रः, अविद्यमानपुत्रो वा।
विजीवितः, विगतजीवितो वा।
उत्कन्धरः, उद्गतकन्धरो वा।
प्रपतितपर्णः प्रपर्णः।

तेन सहेति तुल्ययोगे।२।२।२८।

सह तथा तृतीयान्त सञ्ज्ञा के साथ बहुव्रीहि समास होता है, यथा—राधिकया सह इति = सराधिकः (कृष्णः), ससीतः (रामः)।

बहुव्रीहि समास के लिए निम्नलिखित नियमों पर ध्यान देना चाहिए—

(क) आपोऽन्यतरस्याम् ।७।४।१०।

यदि अन्तिम शब्द आकारान्त हो और कप् बाद में हो तो इच्छानुसार आकार को अकार कर सकते हैं, यथा—पुष्पमालाकः, पुष्पमालकः, (कप् के अभाव में) पुष्पमालः।

(ख) शेषाद्विभाषा ।५।४।१५४।

यदि बहुव्रीहि समास के अन्तिम शब्द में अन्य नियमों के अनुसार कोई विकार न हुआ हो तो उसमें इच्छानुसार कप् (क) जोड़ दिया जाता है, यथा—
महत् यशः यस्य सः=महायशस्कः, महायशाः वा।
उदात्त मनः यस्य सः=उदात्तमनस्कः, उदात्तमनाः वा।

अपवाद—व्याघ्रपात् (व्याघ्रस्य इव पादौ यस्य सः) यहाँ व्याघ्रपात्कः नहीं हुआ, कारण—समास के अन्तिम शब्द 'पाद' को दूसरे नियम से 'पाद्' हो गया और इस तरह अन्तिम शब्द में विकार हो गया।

(ग) उरस्, सर्पिस् इत्यादि शब्दों के अन्त में आने पर अवश्य ही कप् प्रत्यय लगता है, यथा—
प्रिय सर्पिः यस्य सः प्रियसर्पिष्कः (जिसे घी प्रिय हो)।
व्यूढ उरो यस्य सः व्यूढोरस्कः (चौड़ी छाती वाला)।

(घ) इनः स्त्रियाम् ।५।४।१५२।

यदि समास के अन्त में इन्नन्त शब्द आवे और समस्त शब्द स्त्री लिङ्ग बनाना हो तो अवश्य ही कप् प्रत्यय लगता है, यथा—
बहवः दण्डिनः यस्या साः बहुदण्डिका (नगरी)।

परन्तु यदि पुँल्लिङ्ग बनाना हो तो कप् इच्छा पर निर्भर रहता है, यथा—बहुदण्डिको ग्रामः, बहुदण्डी ग्रामो वा।

(ङ) स्त्रियाः पुंवद्भाषितपुंस्कादनूङ् समानाधिकरणे स्त्रियामपूरणीप्रियादिषु। ६।३।३४।

समानाधिकरण बहुव्रीहि में यदि प्रथम शब्द पुँल्लिङ्ग शब्द (सुन्दर-सुन्दरी, रूपवद्–रूपवती) हो किन्तु ऊकारान्त न हो और दूसरा शब्द स्त्री लिङ्ग हो तो शब्द का आदि रूप (पुँल्लिङ्ग) रखा जाता है, यथा—रूपवती भार्या यस्य सः रूपवद्भार्यः।

इस उदाहरण में प्रथम शब्द रूपवती था और दूसरा भार्या, प्रथम शब्द रूपवद् (पुँ०) था और ऊकारान्त नहीं था ईकारान्त था, अतः प्रथम शब्द पुँ० में हो गया।

चित्राः गावः यस्य सः चित्रगुः (न कि चित्रागुः)।
किन्तु गंगा भार्या यस्य सः गंगाभार्यः (गंगभार्यः नहीं)

क्योंकि गंगा शब्द किसी पुँल्लिग का स्त्री लिंग रूप नहीं है।

वामोरूः भार्या यस्य सः वामोरूभार्यः, क्योंकि यहाँ पर प्रथम शब्द ऊकारान्त है, आकारान्त या ईकारान्त नहीं।

यदि प्रथम शब्द किसी का नाम हो, पूरणी संख्या हो, उसमें अङ्ग का नाम आता हो और वह ईकारान्त हो, जाति का नाम हो आदि या यदि द्वितीय शब्द प्रियादि गण में पठित या क्रम संख्या हो तो पूर्वपद पुँल्लिग में नहीं होता, यथा—

दत्ताभार्यः (जिसकी दत्ता नाम की स्त्री है।)
पञ्चमीभार्यः (जिसकी पाँचवीं स्त्री है)
सुकेशीभार्यः (सुकेशी भार्या यस्य सः)
शूद्राभार्यः (शूद्रा भार्या यस्य सः)
कल्याणीप्रियः (कल्याणी प्रिया यस्य सः)
कल्याणीपञ्चमाः (कल्याणीपञ्चमी यासां ताः)

(च) यदि बहुव्रीहि समास का अन्तिम शब्द ऋकारान्त (किसी भी लिङ्ग का) हो, अथवा स्त्री लिङ्ग का ईकारान्त या ऊकारान्त हो तो कप् प्रत्यय निश्चय रूप से लगता है, यथा—

ईश्वरः कर्ता यस्य सः ईश्वर कर्तृकः (संसारः)।
सुशीला माता यस्य सः सुशीलमातृकः (बालः)।
अन्नं धातृ यस्य सः अन्नधातृकः (नरः)।
सुन्दरी वधूः यस्य सः सुन्दरवधूकः (पुरुषः)।
रूपवती स्त्री यस्य सः रूपवत्स्त्रीकः (नरः)।

द्वन्द्व समास

चार्थे द्वन्द्वः ।२।२।२९।

यदि दो या दो से अधिक सज्ञाएँ 'च' शब्द से जोड़ दी जायें तो वह द्वन्द्व-समास कहलाता है। "उभयपदार्थप्रधानोद्वन्द्व." द्वन्द्व समास में दोनों ही सज्ञाएँ प्रधान रहती हैं अथवा उनके समूह का प्रधानत्व रहता है। द्वन्द्वसमास ३ प्रकार का है—

१—इतरेतर द्वन्द्व,
२—समाहार द्वन्द्व, और
३—एकशेष द्वन्द्व।

१—इतरेतर द्वन्द्व

इतरेतर द्वन्द्वसमास में दोनों सज्ञाएँ अपना व्यक्तित्व अथवा प्रधानत्व रखती हैं, यथा—रामश्च लक्ष्मणश्च = रामलक्ष्मणौ। रामश्च लक्ष्मणश्च भरतश्च = राम-लक्ष्मणभरताः। रामश्च लक्ष्मणश्च भरतश्च शत्रुघ्नश्च = रामलक्ष्मणभरतशत्रुघ्नाः।

जब दो शब्द हों तो द्विवचन में और दो से अधिक शब्द हों तो बहुवचन में समस्त शब्द होगा।

आनङ् ऋतो द्वन्द्वे ।६।३।२५।

ऋकारान्त (विद्या सम्बन्ध या योनि सम्बन्ध के वाचक) पद या पदों के साथ द्वन्द्वसमास में अन्तिम पद के पूर्व स्थित ऋकारान्त पद के ऋ के स्थान में आ हो जाता है, यथा—

माता च पिता च = मातापितरौ।
होता च पोता चेति = होतापोतारौ।
होता च पोता च उद्गाता च = होतृपोतोद्गातारः।

परवल्लिङ्गं द्वन्द्वतत्पुरुषयोः ।२।४।२६।

द्वन्द्व समास में अन्तिम पद के अनुसार ही समस्त समास का लिङ्ग होता है, यथा—कुक्कुटश्च मयूरीच = कुक्कुटमयूर्यौ।
मयूरीच कुक्कुटश्च = मयूरीकुक्कुटौ।

२—समाहार द्वन्द्व

यदि द्वन्द्व समास में 'च' से जुड़ी ऐसी सज्ञाएँ आवें जो प्रधानतया एक समाहार (समूह) का बोध करावें तो उसे समाहार द्वन्द्व कहते हैं। यह समास सदा नपुंसक के एक वचन में रखा जाता है,—यथा—

आहारश्च निद्रा च भयञ्च=आहारनिद्राभयम्।
पाणीच पादौ च = पाणिपादम्।
अहिश्च नकुलश्च = अहिनकुलम्।

प्राणियों में खाना, पीना, सोना, भय ये जीवों के खास लक्षण हैं। इसी प्रकार हाथ और पैर के अतिरिक्त प्रधानतया अंगमात्र का ज्ञान होता है। साप और नेवले का भी जन्म वैर बोध होता है।

द्वन्द्वश्च प्राणितूर्यसेनांगानाम् ।२।४।३। प्रायः द्वन्द्व समास होता है यदि

(क) मनुष्य अथवा पशु के शरीर के अंग के वाचक हों, यथा—

पाणी च पादौ च = पाणिपादम् (हाथ पैर)।

(ख) गानेबजाने वाले अंगों के वाचक हों यथा—

मार्दङ्गिकाश्च पाणविकाश्च = मार्दङ्गिकपाणविकम् (मृदंग और पणव बजाने वाले)

(ग) सेना के अंग के वाचक हों, यथा—

अश्वारोहाश्च पदातयश्च = अश्वारोहपदाति (घुड़ सवार और पैदल)।

जातिरप्राणिनाम् ।२।४।६। यदि समस्तशब्द अचेतन पदार्थ के वाचक हो यथा—

गोधूमश्च चणकश्च = गोधूमचणकम्, धानाश्च कुलिः।

विशिष्टलिङ्गो नदीदेशोऽग्रामाः ।२।४।७।

यदि समस्त शब्द नदियों के भिन्नलिङ्ग वाले नाम हों, यथा—गंगा च शोणश्च = गंगाशोणम् (किन्तु गङ्गायमुने होगा क्योंकि भिन्नलिङ्ग के नहीं हैं।)

देशों के भिन्नलिङ्ग वाले नाम हों, यथा—कुरवश्च कुरुक्षेत्रं च = कुरुकुरुक्षेत्रम्।

यदि दोनों ग्राम के नाम न हों तो समाहार द्वन्द्व नहीं होगा, यथा—

जाम्बवं (नगर) शालूकिनी (ग्राम) = जाम्बवतीशालूकिन्यौ।

दोनों नगर के नाम हों तो समाहार द्वन्द्व ही होता है, यथा—

मथुरा च पाटलिपुत्रं च = मथुरापाटलिपुत्रम्।

क्षुद्रजन्तवः २।४।८। येषां च विरोधः शाश्वतिकः ।२।४।९।

(क) क्षुद्र जीवों के नाम में समास होता है, यथा—

यूका च लिक्षा च = यूकालिक्षम् (जूएं और लीखें)।

(ख) जन्मवैरी जीवों के नाम के साथ समास होता है, यथा—

सर्पश्च नकुलश्च = सर्पनकुलम्।

मूषकश्च मार्जारश्च = मूषकमार्जारम्।

विभाषा वृक्षमृगतृणधान्यव्यञ्जनपशुशकुन्यश्ववडवपूर्वापराधरोत्तराणाम् ।२।४।१२। (वृक्षादौ विशेषाणामेव ग्रहणम्।)

वृक्ष, मृग, तृण, धान्य, व्यञ्जन, पशु, शकुनि (वृक्ष से वृक्ष विशेष) वाचक शब्दों के समास तथा अश्ववडवे, पूर्वापरे, तथा अधरोत्तरे समास भी विकल्प से समाहार द्वन्द्व होवे हैं, यथा—

प्लक्षन्यग्रोधम्, प्लक्षन्यग्रोधाः।	शुकवकम्, शुकवकाः।
रुरुपृषतम्, रुरुपृषताः।	गोमहिषम्, गोमहिषाः।
१. कर्तृवाच्य में कर्त्ता मुख्य होता है और क्रिया कर्त्ता के अनुसार चलती है, कर्त्ता मे प्रथमा और कर्म में द्वितीया होती है, जैसा कि पीछे बतलाया जा चुका है।

२ (क) कर्मवाच्य मे कर्म मुख्य होता है और कर्म के अनुसार ही क्रिया का पुरुष, वचन और लिंग होता है। कर्मवाच्य मे कर्त्ता में तृतीया, कर्म में प्रथमा और क्रिया कर्म के अनुसार होती है।

(ख) भाववाच्य में कर्त्ता में तृतीया (कर्म नहीं होता) और क्रिया में प्रथम पुरुष का एक वचन ही होता है।

कर्मवाच्य एवं भाववाच्य के रूप बनाते समय निम्नलिखित नियमों पर ध्यान देना चाहिए—

१—कर्मवाच्य और भाववाच्य में सार्वधातुक लकारों (लट्, लोट्, लङ् और विधिलिङ् में) (धातु और प्रत्यय के बीच में) 'य' लगा दिया जाता है (सार्वधातुके यक्) और धातु का रूप सदा आत्मनेपद ही में चलता है। लृट् मे 'य' नहीं लगाया जाता। लट्मे धातु में 'य' लगाकर उसके रूप 'जायते' की भाँति चलेंगे। लृट् में 'स्यते' या 'इष्यते' लगेगा।

२—धातु में यक् (य) के पूर्व कोई परिवर्तन नहीं होता, यथा—भिद्+य+ते = भिद्यते कर्मवाच्य मे सार्वधातुक लकारों (लट्, लोट् आदि) में धातुओं के स्थान में धात्वादेश (जैसे गम् का गच्छ) नहीं होता तथा गुण और वृद्धि नहीं होती।

३—दा, दे, दो, धा, धे, मा, पा, हा, गै, सो धातुओं का अन्तिम स्वर ई में बदल जाता है, यथा—दीयते, धीयते, मीयते, पीयते, हीयते, गीयते, सीयते और अन्य धातुओं में नहीं बदलता है, यथा—भूयते, गायते, स्नायते, ध्यायते। अनेक धातुओं के बीच का अनुस्वार कर्मवाच्य में निकाल दिया जाता है, यथा—बन्ध्+बध्यते, इन्ध्—इध्यते, शस—शस्यते।

४—स्वरान्त धातुओं के तथा ग्रह्, दृश्, हन् धातुओं के दोनों भविष्य (लुट्, लृट्) क्रियातिपत्ति (लृङ्) तथा आशीर्लिङ् में धातु के स्वर का वृद्धि करके तथा प्रत्ययों के पूर्व इ जोड़कर वैकल्पिक रूप बनते हैं, यथा—दा से दाता—दायिता, दास्यते—दायिष्यते। अदास्यत—अदायिष्यत। दासीष्ट—दायिषीष्ट।

५—अन्य छः लकारों में कर्मवाच्य एवं भाववाच्य में कर्तृवाच्य के ही समान रूप होते हैं, यथा परोक्ष भूत में—जज्ञे, बभूवे, निन्ये, अथवा अस् या कृ धातु के रूप जोड़कर कथयामासे, ईक्षाञ्चक्रे आदि।

मुख्य धातुओं के कर्मवाच्य एवं भाववाच्य के रूप—

पठ् (पढ़ना) कर्मवाच्य

	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
लट्	पठ्यते	पठ्येते	पठ्यन्ते
लृट्	पठिष्यते	पठिष्येते	पठिष्यन्ते
लङ्	अपठ्यत	अपठ्येताम्	अपठ्यन्त
लोट्	पठ्यताम्	पठ्येताम्	पठ्यन्ताम्
विधिलिङ्	पठ्येत	पठ्येयाताम्	पठ्येरन्
आशीर्लिङ्	पठिषीष्ट	पठिषीयास्ताम्	पठिषीरन्
लिट्	पेठे	पेठाते	पेठिरे
लुट्	पठिता	पठितारौ	पठितारः
	पठितासे	पठितासाथे	पठिताध्वे
	पठिताहे	पठितास्वहे	पठितास्महे
लुङ्	अपाठि	अपाठिषाताम्	अपाठिषत
लृङ्	अपठिष्यत	अपठिष्येताम्	अपठिष्यन्त

मुच् (छोड़ना)

लट्	मुच्यते	मुच्येते	मुच्यन्ते
लृट्	मोक्ष्यते	मोक्ष्येते	मोक्ष्यन्ते
लङ्	अमुच्यत	अमुच्येताम्	अमुच्यन्त
लोट्	मुच्यताम्	मुच्येताम्	मुच्यन्ताम्
विधिलिङ्	मुच्येत	मुच्येयाताम्	मुच्येरन्
आशीर्लिङ्	मुक्षीष्ट	मुक्षीयास्ताम्	मुक्षीरन्
लिट्	मुमुचे	मुमुचाते	मुमुचिरे
	मुमुचिषे	मुमुचाथे	मुमुचिध्वे
	मुमुचे	मुमुचिवहे	मुमुचिमहे
लुट्	मोक्ता	मोक्तारौ	मोक्तारः

लुङ्	अमोचि	अमुक्षाताम्	अमुक्षत
	अमुक्थाः	अमुक्षाथाम्	अमुग्ध्वम्
	अमुचि	अमुक्ष्वहि	अमुक्ष्महि
लृङ्	अमोक्ष्यत	अमोक्ष्येताम्	अमोक्ष्यन्त

पा (पीना) कर्मवाच्य

लट	पीयते	पीयेते	पीयन्ते
	पीयसे	पीयेथे	पीयध्वे
	पीये	पीयावहे	पीयामहे
लृट्	पास्यते	पास्येते	पास्यन्ते
लङ्	अपीयत	अपीयेताम्	अपीयन्त
	अपीयथाः	अपीयेथाम्	अपीयध्वम्
	अपीये	अपीयावहि	अपीयामहि
लोट्	पीयताम्	पायेताम्	पीयन्ताम्
	पीयस्व	पीयेथाम्	पीयध्वम्
	पीयै	पीयावहै	पीयामहै
विधिलिङ्	पीयेत	पीयेयाताम्	पीयेरन्
	पीयेथाः	पीयेयाथाम्	पीयेध्वम्
	पीयेय	पीयेवहि	पीयेमहि
आशीर्लिङ्	पासीष्ट	पासीयास्ताम्	पासीरन्
लिट्	पपे	पपाते	पपिरे
	पपिषे	पपाथे	पपिध्वे
	पपे	पपिवहे	पपिमहे
लुट्	पाता	पातारौ	पातारः
लुङ्	अपायि	अपायिषाताम्	अपायिषत
	अपायिष्ठाः	अपायिषाथाम्	अपायिध्वम्
	अपायिषि	अपायिष्वहि	अपायिष्महि
लृङ्	अपास्यत	अपास्येताम्	अपास्यन्त
	अपास्यथाः	अपास्येथाम्	अपास्यध्वम्
	अपास्ये	अपास्यावहि	अपास्यामहि

दा (देना) कर्मवाच्य

लट्	दीयते	दीयेते	दीयन्ते
	दीयसे	दीयेथे	दीयध्वे
	दीये	दीयावहे	दीयामहे

लृट्	दास्यते	दास्येते	दास्यन्ते
	दास्यसे	दास्येथे	दास्यध्वे
	दास्ये	दास्यावहे	दास्यामहे

अथवा

	दायिष्यते	दायिष्येते	दायिष्यन्ते
	दायिष्यसे	दायिष्येथे	दायिष्यध्वे
	दायिष्ये	दायिष्यावहे	दायिष्यामहे
लङ्	अदीयत	अदीयेताम्	अदीयन्त
	अदीयथाः	अदीयेथाम्	अदीयध्वम्
	अदीये	अदीयावहि	अदीयामहि
लोट्	दीयताम्	दीयेताम्	दीयन्ताम्
	दीयस्व	दीयेथाम्	दीयध्वम्
	दीयै	दीयावहै	दीयामहै
विधिलिङ्	दीयेत	दीयेयाताम्	दीयेरन्
	दीयेथाः	दीयेयाथाम्	दीयेध्वम्
	दीयेय	दीयेवहि	दीयेमहि
आशीर्लिङ्	दासीष्ट	दासीयास्ताम्	दासीरन्
	दासीष्ठाः	दासीयास्थाम्	दासीध्वम्
	दासीय	दासीवहि	दासीमहि

अथवा

	दायिषीष्ट	दायिषीयास्ताम्	दायिषीरन्
	दायिषीष्ठाः	दायिषीयास्थाम्	दायिषीध्वम्
	दायिषीय	दायिषीवहि	दायिषीमहि
लिट	ददे	ददाते	ददिरे
	ददिषे	ददाथे	ददिध्वे
	ददे	ददिवहे	ददिमहे
लुट्	दाता	दातारौ	दातारः
	दातासे	दातासाथे	दाताध्वे
	दाताहे	दातास्वहे	दातास्महे

अथवा

लुट्	दायिता	दायितारौ	दायितारः
	दायितासे	दायितासाथे	दायिताध्वे
	दायिताहे	दायितास्वहे	दायितास्महे

लुङ्	अदायि	अदायिषाताम् अदिषाताम्	अदायिषत अदिषत
	अदायिष्ठाः अदिथाः	अदायिषाथाम् अदिषाथाम्	अदायिध्वम् अदिध्वम्
	अदायिषि अदिषि	अदायिष्वहि अदिष्वहि	अदायिष्महि अदिष्महि
लृङ्	अदास्यत अदास्यथाः अदास्ये	अदास्येस्ताम् अदास्येथाम् अदास्यावहि	अदास्यन्त अदास्यध्वम् अदास्यामहि

अथवा

	अदायिष्यत अदायिष्यथाः अदायिष्ये	अदायिष्येताम् अदायिष्येथाम् अदायिष्यावहि	अदायिष्यन्त अदायिष्यध्वम् अदायिष्यामहि

स्था (ठहरना) भाववाच्य-अकर्मक

लट्	स्थीयते	स्थीयेते	स्थीयन्ते
लृट्	स्थास्यते	स्थास्येते	स्थास्यन्ते
लङ्	अस्थीयत	अस्थीयेताम्	अस्थीयन्त
लोट्	स्थीयताम्	स्थीयेताम्	स्थीयन्ताम्
विधिलिङ्	स्थीयेत	स्थीयेयाताम्	स्थीयेरन्
आशीर्लिङ्	स्थासीष्ट	स्थासीयास्ताम्	स्थासीरन्
लिट्	तस्थे तस्थिषे तस्थे	तस्थाते तस्थाथे तस्थिवहे	तस्थिरे तस्थिध्वे तस्थिमहे
लुट्	स्थाता	स्थातारौ	स्थातारः
लुङ्	अस्थायि अस्थायिष्ठाः अस्थायिषि	अस्थायिषाताम् अस्थायिषाथाम् अस्थायिष्वहि	अस्थायिषत अस्थायिध्वम् अस्थायिष्महि
लृङ्	अस्थास्यत	अस्थास्येताम्	अस्थास्यन्त

ध्यै (ध्या , ध्यान करना

लट्	ध्यायते	ध्यायेते	ध्यायन्ते
लृट्	ध्यास्यते	ध्यास्येते	ध्यास्यन्ते
लङ्	अध्यायत	अध्यायेताम्	अध्यायन्त

लोट्	ध्यायताम्	ध्यायेताम्	ध्यायन्ताम्
विधिलिङ्	ध्यायेत	ध्यायेयाताम्	ध्यायेरन्
आशीर्लिङ्	ध्यासीष्ट	ध्यासीयास्ताम्	ध्यासीरन्
लिट्	दध्ये	दध्याते	दध्यिरे
लुट्	ध्याता	ध्यातारौ	ध्यातारः
लुङ्	अध्यायि	अध्यायिषाताम् अध्यासाताम्	अध्यायिषत अध्यासत
लृङ्	अध्यास्यत	अध्यास्येताम्	अध्यास्यन्त

नी (लेजाना) कर्मवाच्य

लट्	नीयते नीयसे नीये	नीयेते नीयेथे नीयावहे	नीयन्ते नीयध्वे नीयामहे
लृट्	नेष्यते नेष्यसे नेष्ये	नेष्येते नेष्येथे नेष्यावहे	नेष्यन्ते नेष्यध्वे नेष्यामहे
		अथवा	
	नायिष्यते नायिष्यसे नायिष्ये	नायिष्येते नायिष्येथे नायिष्यावहे	नायिष्यन्ते नायिष्यध्वे नायिष्यामहे
लङ्	अनीयत अनीयथाः अनीये	अनीयेताम् अनीयेथाम् अनीयावहि	अनीयन्त अनीयध्वम् अनीयामहि
लोट्	नीयताम् नीयस्व नीयै	नीयेताम् नीयेथाम् नीयावहै	नीयन्ताम् नीयध्वम् नीयामहै
विधिलिङ्	नीयेत नीयेथाः नीयेय	नीयेयाताम् नीयेयाथाम् नीयेवहि	नीयेरन् नीयेध्वम् नीयेमहि
आशीर्लिङ्	नेषीष्ट नेषीष्ठाः नेषीय	नेषीयास्ताम् नेषीयास्थाम् नेषीवहि	नेषीरन् नेषीध्वम् नेषीमहि
		अथवा	
	नायिषीष्ट नायिषीष्ठाः नायिषीय	नायिषीयास्ताम् नायिषीयास्थाम् नायिषीवहि	नायिषीरन् नायिषीध्वम् नायिषीमहि

लिट्	निन्ये	निन्याते	निन्यिरे
	निन्यिषे	निन्यायै	निन्यिध्वे
	निन्ये	निन्यिवहे	निन्यिमहे
लुट्	नेता	नेतारौ	नेतारः
	नेतासे	नेतासाथे	नेताध्वे
	नेताहे	नेतास्वहे	नेतास्महे
		अथवा	
	नायिता	नायितारौ	नायितारः
	नायितासे	नायितासाथे	नायिताध्वे
	नायिताहे	नायितास्वहे	नायितास्महे
लुङ्	अनायि	अनायिषाताम् / अनेषाताम्	अनायिषत / अनेषत
	अनायिष्ठाः / अनेष्ठाः	अनायिषाथाम् / अनेषाथाम्	अनायिढ्वम् / अनेढ्वम्
	अनायिषि / अनेषि	अनायिष्वहि / अनेष्वहि	अनायिष्महि / अनेष्महि
लृट्	अनेष्यत	अनेष्येताम्	अनेष्यन्त
	अनेष्यथाः	अनेष्येथाम्	अनेष्यध्वम्
	अनेष्ये	अनेष्यावहि	अनेष्यामहि
		अथवा	
	अनायिष्यत	अनायिष्येताम्	अनायिष्यन्त
	अनायिष्यथाः	अनायिष्येथाम्	अनायिष्यध्वम्
	अनायिष्ये	अनायिष्यावहि	अनायिष्यामहि

जि (जीना) अकर्मक भाववाच्य

लट्	जीयते	जीयेते	जीयन्ते
लृट्	जेष्यते / जायिष्यते	जेष्येते / जायिष्येते	जेष्यन्ते / जायिष्यन्ते
लङ्	अजीयत	अजीयेताम्	अजीयन्त
लोट्	जीयताम्	जीयेताम्	जीयन्ताम्
विधिलिङ्	जीयेत	जीयेयाताम्	जीयेरन्
आशीर्लिङ्	जेषीष्ट / जायिषीष्ट	जेषीयास्ताम् / जायिषीयास्ताम्	जेषीरन् / जायिषीरन्

लिट्	जिग्ये	जिग्याते	जिग्यिरे
	जिग्यिषे	जिग्याथे	जिग्यिध्वे
	जिग्ये	जिग्यिवहे	जिग्यिमहे
लुट्	जेता / जायिता	जेतारौ / जायितारौ	जेतारः / जायितारः
लुङ्	अजायि	अजायिषाताम् / अजेषाताम्	अजायिषत / अजेषत
	अजायिष्ठाः / अजेष्ठाः	अजायिषाथाम् / अजेषाथाम्	अजायिध्वम् / अजेध्वम्
	अजायिषि / अजेषि	अजायिष्वहि / अजेष्वहि	अजायिष्महि / अजेष्महि
लृङ्	अजेष्यत / अजायिष्यत	अजेष्येताम् / अजायिष्येताम्	अजेष्यन्त / अजायिष्यन्त

चि (चुनना) कर्मवाच्य

लट्	चीयते	चीयेते	चीयन्ते
	चीयषे	चीयेथे	चीयध्वे
	चीये	चीयावहे	चीयामहे
लृट्	चेष्यते / चायिष्यते	चेष्येते / चायिष्येते	चेष्यन्ते / चायिष्यन्ते
	चेष्यसे / चायिष्यसे	चेष्येथे / चायिष्येथे	चेष्यध्वे / चायिष्यध्वे
	चेष्ये / चायिष्ये	चेष्यावहे / चायिष्यावहे	चेष्यामहे / चायिष्यामहे
लङ्	अचीयत	अचीयेताम्	अचीयन्त
	अचीयथाः	अचीयेथाम्	अचीयध्वम्
	अचीये	अचीयावहि	अचीयामहि
लोट्	चीयताम्	चीयेताम्	चीयन्ताम्
	चीयस्व	चीयेथाम्	चीयध्वम्
	चीयै	चीयावहै	चीयामहै
विधिलिङ्	चीयेत	चीयेयाताम्	चीयेरन्
	चीयेथाः	चीयेयाथाम्	चीयेध्वम्
	चीयेय	चीयेवहि	चीयेमहि

आशीर्लिङ्	चेषीष्ट चायिषीष्ट	चेषीयास्ताम् चायिषीयास्ताम्	चेषीरन् चायिषीरन्
	चेषीष्ठाः चायिषीष्ठाः	चेषीयास्थाम् चायिषीयास्थाम्	चेषीध्वम् चायिषीध्वम्
	चेषीय चायिषीय	चेषीवहि चायिषीवहि	चेषीमहि चायिषीमहि
लिट्	चिक्ये	चिक्याते	चिक्यिरे
	चिक्यिषे	चिक्याथे	चिक्यिध्वे
	चिक्ये	चिक्यिवहे	चिक्यिमहे
लुट्	चेता चायिता	चेतारौ चायितारौ	चेतारः चायितारः
	चेतासे चायितासे	चेतासाथे चायितासाथे	चेताध्वे चायिताध्वे
	चेताहे चायिताहे	चेतास्वहे चायितास्वहे	चेतास्महे चायितास्महे
लुङ्	अचायि	अचायिषाताम् अचेषाताम्	अचायिषत अचेषत
	अचायिष्ठाः अचेष्ठाः	अचायिषाथाम् अचेषाथाम्	अचायिध्वम् अचेध्वम्
	अचायिषि अचेषि	अचायिष्वहि अचेष्वहि	अचायिष्महि अचेष्महि
लृङ्	अचेष्यत अचायिष्यत	अचेष्येताम् अचायिष्येताम्	अचेष्यन्त अचायिष्यन्त
	अचेष्यथाः अचायिष्यथाः	अचेष्येथाम् अचायिष्येथाम्	अचेष्यध्वम् अचायिष्यध्वम्
	अचेष्ये अचायिष्ये	अचेष्यावहि अचायिष्यावहि	अचेष्यामहि अचायिष्यामहि

ज्ञा (जानना) कर्मवाच्य

लट्	ज्ञायते	ज्ञायेते	ज्ञायन्ते
	ज्ञायसे	ज्ञायेथे	ज्ञायध्वे
	ज्ञाये	ज्ञायावहे	ज्ञायामहे
लृट्	ज्ञास्यते ज्ञायिष्यते	ज्ञास्येते ज्ञायिष्येते	ज्ञास्यन्ते ज्ञायिष्यन्ते
	ज्ञास्यसे ज्ञायिष्यसे	ज्ञास्येथे ज्ञायिष्येथे	ज्ञास्यध्वे ज्ञायिष्यध्वे

	शास्ये शायिष्ये	शास्यावहे शायिष्यावहे	शास्यामहे शायिष्यामहे
लङ्	अशायत	अशायेताम्	अशायन्त
	अशायथाः	अशायेथाम्	अशायध्वम्
	अशाये	अशायावहि	अशायामहि
लोट्	शायताम्	शायेताम्	शायन्ताम्
	शायस्व	शायेथाम्	शायध्वम्
	शायै	शायावहै	शायामहै
विधिलिङ्	शायेत	शायेयाताम्	शायेरन्
	शायेथाः	शायेयाथाम्	शायेध्वम्
	शायेय	शायेवहि	शायेमहि
आशीर्लिङ्	शासीष्ट शायिषीष्ट	शासीयास्ताम् शायिषीयास्ताम्	शासीरन् शायिषीरन्
	शासीष्ठाः शायिषीष्ठाः	शासीयास्थाम् शायिषीयास्थाम्	शासीध्वम् शायिषीध्वम्
	शासीय शायिषीय	शासीवहि शायिषीवहि	शासीमहि शायिषीमहि
लिट	जज्ञे	जज्ञाते	जज्ञिरे
	जज्ञिषे	जज्ञाथे	जज्ञिध्वे
	जज्ञे	जज्ञिवहे	जज्ञिमहे
लुट्	शाता शायिता	शातारौ शायितारौ	शातारः शायितारः
	शातासे शायितासे	शातासाथे शायितासाथे	शाताध्वे शायिताध्वे
	शाताहे शायिताहे	शातास्वहे शायितास्वहे	शातास्महे शायितास्महे
लुङ्	अशायि	अशायिषाताम् अशासाताम्	अशायिषत अशासत
	अशायिष्ठाः अशास्थाः	अशायिषाथाम् अशासाथाम्	अशायिध्वम् अशाध्वम्
	अशायिषि अशासि	अशायिष्वहि अशास्वहि	अशायिष्महि अशास्महि

लृट्	{ अशास्यत अशायिष्यत	अशास्येताम् अशायिष्येताम्	अशास्यन्त अशायिष्यन्त
	{ अशास्यथाः अशायिष्यथाः	अशास्येथाम् अशायिष्येथाम्	अशास्यध्वम् अशायिष्यध्वम्
	{ अशास्ये अशायिष्ये	अशास्यावहि अशायिष्यावहि	अशास्यामहि अशायिष्यामहि

श्रि (आश्रय लेना)

लट्	श्रीयते	श्रीयेते	श्रीयन्ते
लृट्	{ श्रयिष्यते श्रायिष्यते	{ श्रयिष्येते श्रायिष्येते	{ श्रयिष्यन्ते श्रायिष्यन्ते
लङ्	अश्रीयत	अश्रीयेताम्	अश्रीयन्त
लोट्	श्रीयताम्	श्रीयेताम्	श्रीयन्ताम्
विधिलिङ्	श्रीयेत	श्रीयेयाताम्	श्रीयेरन्
आशीर्लिङ्	{ श्रयिषीष्ट श्रायिषीष्ट	{ श्रयिषीयास्ताम् श्रायिषीयास्ताम्	{ श्रयिषीरन् श्रायिषीरन्
लिट्	शिश्रिये शिश्रियिषे शिश्रिये	शिश्रियाते शिश्रियाथे शिश्रियिवहे	शिश्रियिरे शिश्रियिध्वे शिश्रियिमहे
लुट्	{ श्रयिता श्रायिता	{ श्रयितारौ श्रायितारौ	{ श्रयितारः श्रायितारः
लुङ्	अश्रायि	{ अश्रायिषाताम् अश्रयिषाताम्	{ अश्रायिषत अश्रयिषत
	{ अश्रायिष्ठाः अश्रयिष्ठाः	{ अश्रायिषाथाम् अश्रयिषाथाम्	{ अश्रायिध्वम् अश्रयिध्वम्
	{ अश्रायिषि अश्रयिषि	{ अश्रायिष्वहि अश्रयिष्वहि	{ अश्रायिष्महि अश्रयिष्महि
लृङ्	{ अश्रायिष्यत अश्रयिष्यत	अश्रायिष्येताम् अश्रयिष्येताम्	अश्रायिष्यन्त अश्रयिष्यन्त

कृ (करना) सकर्मक-कर्मवाच्य

लट्	क्रियते	क्रियेते	क्रियन्ते
	क्रियसे	क्रियेथे	क्रियध्वे
	क्रिये	क्रियावहे	क्रियामहे

लृट्	करिष्यते	करिष्येते	करिष्यन्ते
	करिष्यसे	करिष्येथे	करिष्यध्वे
	करिष्ये	करिष्यावहे	करिष्यामहे
		अथवा	
	कारिष्यते	कारिष्येते	कारिष्यन्ते
	कारिष्यसे	कारिष्येथे	कारिष्यध्वे
	कारिष्ये	कारिष्यावहे	कारिष्यामहे
लोट्	क्रियताम्	क्रियेताम्	क्रियन्ताम्
	क्रियस्व	क्रियेथाम्	क्रियध्वम्
	क्रिये	क्रियावहै	क्रियामहै
विधिलिङ्	क्रियेत	क्रियेयाताम्	क्रियेरन्
	क्रियेथाः	क्रियेयाथाम्	क्रियेध्वम्
	क्रियेय	क्रियेवहि	क्रियेमहि
आशीर्लिङ्	कृषीष्ट / कारिषीष्ट	कृषीयास्ताम् / कारिषीयास्ताम्	कृषीरन् / कारिषीरन्
	कृषीष्ठाः / कारिषीष्ठाः	कृषीयास्थाम् / कारिषीयास्थाम्	कृषीध्वम् / कारिषीध्वम्
	कृषीय / कारिषीय	कृषीवहि / कारिषीवहि	कृषीमहि / कारिषीमहि
लिट्	चक्रे	चक्राते	चक्रिरे
	चकृषे	चक्राथे	चक्रिढ्वे
	चक्रे	चकृवहे	चक्रिमहे
लुट्	कर्ता / करिता	कर्तारौ / कारितारौ	कर्तारः / कारितारः
	कर्तासे / कारितासे	कर्तासाथे / कारितासाथे	कर्ताध्वे / कारिताध्वे
	कर्ताहे / कारिताहे	कर्तास्वहे / कारितास्वहे	कर्तास्महे / कारितास्महे
लुङ्	अकारि	अकारिषाताम् / अकृषाताम्	अकारिषत / अकृषत
	अकारिष्ठाः / अकृथाः	अकारिषाथाम् / अकृषाथाम्	अकारिढ्वम् / अकृढ्वम्
	अकारिषि / अकृषि	अकारिष्वहि / अकृष्वहि	अकारिष्महि / अकृष्महि

लृट्	अकरिष्यत अकारिष्यत	अकरिष्येताम् अकारिष्येताम्	अकरिष्यन्त अकारिष्यन्त
	अकरिष्यथाः अकारिष्यथाः	अकरिष्येथाम् अकारिष्येथाम्	अकरिष्यध्वम् अकारिष्यध्वम्
	अकरिष्ये अकारिष्ये	अकरिष्यावहि अकारिष्यावहि	अकरिष्यामहि अकारिष्यामहि

धृ (धारण करना)

लट्	ध्रियते	ध्रियेते	ध्रियन्ते
लृट्	धरिष्यते धारिष्यते	धरिष्येते धारिष्येते	धरिष्यन्ते धारिष्यन्ते
लङ्	अध्रियत	अध्रियेताम्	अध्रियन्त
लोट्	ध्रियताम्	ध्रियेताम्	ध्रियन्ताम्
विधिलिङ्	ध्रियेत	ध्रियेयाताम्	ध्रियेरन्
आशीर्लिङ्	धृषीष्ट धारिषीष्ट	धृषीयास्ताम् धरिषीयास्ताम	धृषीरन् धरिषीरन्
लिट्	दध्रे	दध्राते	दध्रिरे
लुट्	धर्ता धरिता	धर्तारौ धरितारौ	धर्तारः धरितारः
लुङ्	अधारि	अधारिषाताम् अधृषाताम्	अधारिषत अधृषत
लृङ्	अधरिष्यत् अधारिष्यत्	अधरिष्येताम् अधारिष्येताम्	अधरिष्यन्त अधारिष्यन्त

भृ (भरण करना)

लट्	भ्रियते	भ्रियेते	भ्रियन्ते
लिट्	बभ्रे बभृषे बभ्रे	बभ्राते बभ्राथे बभृवहे	बभ्रिरे बभृध्वे बभृमहे
लुङ्	अभारि	अभारिषाताम् अभृषाताम्	अभारिषत अभृषत

इसी प्रकार—अस्—भूयते, जागृ—जागर्य्यते, ग्रह्—गृह्यते, प्रच्छ्—पृच्छ्यते, वृ—व्रियते, स्मृ—स्मर्यते, हृ—ह्रियते, मस्ज्—मज्ज्यते।

(वच्) लट्—उच्यते	लङ्—औच्यत
(वद्) लट्—उद्यते	लङ्—औद्यत

(वप्) लट्—उप्यते	लङ्—औप्यत
(वस्) लट्—उप्यते	लङ्—औप्यत
(वह्) लट्—उह्यते	लङ्—औह्यत

चुरादिगणीय धातुओं मे कर्तृवाच्य मे लट्, लोट्, लङ् और विधिलिङ् में प्रायः गुण या वृद्धि होती है, वह कर्मवाच्य में भी होती है। चुरादिगणीय 'अय्' लट्, लोट्, लङ्, विधिलिङ् तथा लुङ् के प्रथम पुरुष के एक वचन में हटा दिया जाता है तथा लिट् मे बना रहता है और शेष लकारों में विकल्प से हटा दिया जाता है, यथा—

चुर् (चुराना) कर्मवाच्य

लट्	चोर्यते	चोर्येते	चोर्यन्ते
लृट्	चोरिष्यते चोरयिष्यते	चोरिष्येते चोरयिष्येते	चोरिष्यन्ते चोरयिष्यन्ते
लङ्	अचोर्यत	अचोर्येताम्	अचोर्यन्त
लोट्	चोर्यताम्	चोर्येताम्	चोर्यन्ताम्
विधिलिङ्	चोर्येत	चोर्येयाताम्	चोर्येरन्
आशीर्लिङ्	चोरिषीष्ट चोरयिषीष्ट	चोरिषीयास्ताम् चोरयिषीयास्ताम्	चोरिषीरन् चोरयिषीरन्
लिट्	चोरयामासे चोरयाञ्चक्रे चोरयाम्बभूवे	चोरयामासाते चोरयाञ्चक्राते चोरयाम्बभूवाते	चोरयामासिरे चोरयाञ्चक्रिरे चोरयाम्बभूविरे
लुट्	चोरिता चोरयिता	चोरितारौ चोरयितारौ	चोरितारः चोरयितारः
लुङ्	अचोरि	अचोरिषाताम् अचोरयिषाताम्	अचोरिषत अचोरयिषत
	अचोरिष्ठाः अचोरयिष्ठाः	अचोरिषाथाम् अचोरयिषाथाम्	अचोरिढ्वम् अचोरयिढ्वम्
	अचोरिषि अचोरयिषि	अचोरिष्वहि अचोरयिष्वहि	अचोरिष्महि अचोरयिष्महि
लृङ्	अचोरिष्यत अचोरयिष्यत	अचोरिष्येताम् अचोरयिष्येताम्	अचोरिष्यन्त अचोरयिष्यन्त

कर्मवाच्य एवं भाववाच्य में क्रिया रखकर संस्कृत में अनुवाद करो—

१—मैंने उसको देखा—मुझसे वह देखा गया। २—रमेश क्यों नहीं पढ़ता है? रमेश से क्यों नहीं पढ़ा जाता है? ३—तुम गुरु की आज्ञा क्यों नहीं मानते?

४—क्या तुम से यह पुस्तक नहीं पढी जाती ? ५—बिल्ली चूहे का पीछा करती है। ६—सज्जन सबसे आदर पाते हैं। ७—काम किस से किया जाता है ? ८—मुझ से नहीं ठहरा जाता। ९—तुम क्यों रोते हो ? १०—वह क्या जानता है ? ११—ऐसा सुना जाता है। १२—लोभ से कोध पैदा होता है। १३—उनसे पुस्तकें क्यों नहीं पढी जातीं ? १४—क्या शिशु सो गया ? १५—साधु अपने से बड़ों की सेवा करते हैं। १६—उस सभा में किसके द्वारा भाषण किया गया ? १७—उस वीर द्वारा सैकड़ों सैनिक युद्ध में मारे गये। १८—माली द्वारा उस बाग में फूलों के पौधे लगाये गये। १९—चरतन्तु द्वारा कौत्स को चौदह विद्याएँ पढ़ायी गयीं। २०—कैदियों द्वारा उस नदी पर पुल बनाया गया।

प्रेरणार्थक (णिजन्त) क्रियाएँ

जब किसी धातु में प्रेरणा का अर्थ लाना हो तब धातु में णिच् प्रत्यय जोड देते हैं (करना से कराना, पढना से पढाना, पकाना से पकवाना आदि प्रेरणा के अर्थ हैं), यथा—देवदत्त ओदन पचति (देवदत्त चावल पकाता है।) "यज्ञदत्तः पचन्तं देवदत्तं प्रेरयति—यज्ञदत्त. देवदत्तेन ओदन पाचयति" (यज्ञदत्त देवदत्त से चावल पकवाता है।) णिच् में प्रेरणा अति आवश्यक है। यदि प्रेरणा का विषय न हो तो लोट् या लिट् का प्रयोग होता है।

हमें कभी-कभी अकर्मक धातुओं से सकर्मक बनाने के लिए णिजन्त का प्रयोग करना पड़ता है, यथा—पार्वती अहर्निश तपोभिर्ग्लपयति गात्रम् (पार्वती रात दिन तप द्वारा अपने शरीर को क्षीण कर रही है।) यहाँ पर 'ग्लपयति' अकर्मक क्रिया 'ग्लायति' का णिजन्त प्रयोग है।

प्रेरणार्थक धातुओं के साथ मूल धातु के कर्ता में तृतीया होती है और कर्म में पूर्ववत् द्वितीया ही रहती है, क्रिया कर्त्ता के अनुसार होती है, यथा—(मूल) भृत्यः कार्यं करोति। (णिजन्त) देवदत्तः भृत्येन कार्यं कारयति।

प्रेरणार्थक धातु में शुद्ध धातु के अन्त में णिच् (अय्) जोड दिया जाता है। धातु के अन्त में अय् लगाकर परस्मैपद में "पठति" के समान रूप तथा आत्मनेपद में "जायते" के समान चलते हैं। णिजन्त धातुओं के रूप चुरादिगणीय धातुओं के समान होते हैं। धातु और तिङ् प्रत्ययों के बीच में 'अय्' जोड़ दिया जाता है। णिजन्त धातुएँ प्रायः उभयपदी होती हैं। चुरादिगणीय धातुओं के रूप प्रेरणार्थक में भी वैसे ही रहते हैं जैसे बिना प्रेरणा के।

साधारण एवं प्रेरणार्थक रूप—

(१) भू	(भवति) से	प्रेरणार्थक	भावयति—ते।
(२) अद्	(अत्ति) से	,,	आदयति—ते।
(३) हु	(जुहोति) से	,,	हावयति—ते।
(४) दिव्	(दीव्यति) से	,,	देवयति—ते।
(५) सु	(सुनोति) से	,,	सावयति—ते।
(६) तुद्	(तुदति) से	,,	तोदयति—ते।
(७) रुध्	(रुणद्धि) से	,,	रोधयति—ते।
(८) तन्	(तनोति) से	,,	तानयति—ते।
(९) क्री	(क्रीणाति) से	,,	क्रापयति—ते।
(१०) चुर्	(चोरयति) से	,,	चोरयति—ते।

अम्, कम्, चम्, शम्, यम् को छोड़ कर अम् में अन्त होने वाली धातुओं की उपधा के अकार को वृद्धि नहीं होती, यथा—गम् से—गमयति, परन्तु कम् से कामयति।

आकारान्त (तथा ऐसी ए, ऐ, ओं में अन्त होने वाली धातुएँ जो आकारान्त हो जाती हैं) धातुओं के बाद अय् के पहले प् जोड़ दिया जाता है, यथा—'दा' से दापयति, 'गै' से गापयति, 'स्ना' से स्नापयति। जि, मि, मी, दी, क्री में भी प् जोड़ दिया जाता है और इकार का आकार हो जाता है, यथा—जापयति, मापयति, दापयति, क्रापयति।

निम्नलिखित के प्रेरणार्थक रूप इस प्रकार हैं—

इण् (जाना) गमयति। प्रति+इ=प्रत्यागयति। अधि+इ=अध्यापयति। चि (इकट्ठा करना) चाययति—चापयति। जागृ—जागरयति। दुप् (दोषी होना) दूषयति—दोषयति। रुह् (उगना) रोहयति—रोपयति। वा (डोलना) वापयति—वाजयति। हन् (मारना) घातयति। हा (छोड़ना) हापयति। ह्री (लजाना) ह्रेषयति। ह्वे (बुलाना) ह्वापयति। आरभ् (शुरू करना) आरम्भयति।

अणिजन्त क्रिया का कर्त्ता णिजन्त क्रिया के साथ प्रायः तृतीया विभक्ति में होता है, यथा—

१—(रमेशः दोषं त्यजति) गुरुः रमेशेन दोषं त्याजयति।

२—(रामः मारीचं हन्ति) सीता रामेण मारीचं घातयति।

३—(नृपः धनं ददाति) मन्त्री नृपेण धनं दापयति।

४—(पिता क्रीडनकं क्रीणाति) बालः पित्रा क्रीडनकं क्रापयति।

५—(सुमन्त्रः रामं वनं नयति) राजा सुमन्त्रेण रामं वनं नाययति।

निम्नलिखित १२ धातुओं के प्रयोग में अणिजन्त क्रिया के कर्त्ता में द्वितीया विभक्ति ही होती है और हृ तथा कृ के साथ तृतीया अथवा द्वितीया विभक्ति होती है, यथा—

(१) गमन—(पाण्डवा. वन गच्छन्ति) कौरवाः पाण्डवान् वनं गमयन्ति ।
(२) दर्शन—(बालः चन्द्र पश्यति) माता बाल चन्द्र दर्शयति ।
(३) श्रवण—(नृप. गान शृणोति) सा नृप गान श्रावयति ।
(४) प्रवेश—(ब्रह्मचारी गृह प्रविशति) आचार्यः ब्रह्मचारिण गृहं प्रवेशयति ।
(५) आरोहण—(स. वृक्षम् आरोहति) कृष्ण. त वृक्षम् आरोहयति ।
(६) तरण—(नाविकः गङ्गामुत्तरति) स नाविक गङ्गामुत्तारयति ।
(७) ग्रहण—(निर्धन. भोजन गृह्णाति) भक्तः निर्धन भोजन ग्राहयति ।
(८) प्राप्ति—(बाल' नगर प्राप्नोति) पिता बाल नगर प्रापयति ।
(९) ज्ञान—(स. शास्त्र जानाति) गुरु त शास्त्र ज्ञापयति ।
(१०) पठ् आदि—(छात्र. शास्त्रम् अधीते) गुरुः छात्र शास्त्रमध्यापयति ।
(११) पान—(शिशुः दुग्ध पिबति) माता शिशु दुग्ध पाययति ।
(१२) भोजन—†अद्, खाद्, भक्ष् को छोड़कर (कृष्ण. अन्न भुङ्क्ते) यशोदा कृष्णमन्न भाजयति ।
(क) ‡हृ (भृत्यः भार ग्राम हरति) स भृत्य (भृत्येन) भार ग्राम हारयति ।
(ख) कृ (सेवकः कार्य करोति) स्वामी सेवकेन (सेवक) कार्य कारयति ।

विभिन्न अर्थों मे—

{ सिंहः शिशु भीषयते (शेर बच्चे को डराता है) ।
यदुः दण्डेन शिशु भाययति (यदु दण्ड से बच्चे को डराता है) ।
विष्णुः बाणेन मधु विस्माययति (विष्णु तीर से मधु को विस्मित करता है)।
सीता जनान् विस्मापयते स्म (सीता लोगों को विस्मित करती थी) ।

{ व्याधः मृगान् रजयति (शिकारी मृगों को मारता है ।
तपस्वी तृणेन मृगान् रञ्जयति (तपस्वी तृण से मृगों को तृप्त करता है) ।
यदु. खगान् रञ्जयति (यदु चिड़ियों को तृप्त करता है) ।

प्रेरणार्थक धातुओं के रूप चुरादिगणीय धातुओं के दसों लकारों के समान चलते हैं, यथा—बुध् (जानना)—

---

* जल्प्, भाष्, विलप्, आलप् और दृश् के प्रयोज्य कर्त्ता में द्वितीया होती है, यथा—देवो राम सत्य जल्पयति ।

† 'अद्' और 'खाद्' के प्रयोज्य कर्त्ता मे भी तृतीया ही होती है, यथा—माता शिशुना मिष्टान्न खादयति, आदयति वा ।

‡ नी और वह् धातु के प्रयोज्य कर्त्ता में द्वितीया न होकर तृतीया ही होती है, यथा—भृत्यो भार वहति (स भृत्येन भार नाययति वाहयति वा) ।

लट्—बोधयति, बोधयते।
लृट्—बोधयिष्यति, बोधयिष्यते।
लङ्—अबोधयत्, अबोधयत।
लोट्—बोधयतु, बोधयताम्।
विधिलिङ्—बोधयेत्, बोधयेत।
आशीर्लिङ्—बोध्यात्, बोधयिषीष्ट।
लिट्—बोधयामास, बोधयामासे / बोधयाञ्चकार, बोधयाञ्चक्रे / बोधयाम्बभूव, बोधयाम्बभूवे।
लुट्—बोधयिता।
लुङ्—अबूबुधत्, अबूबुधत।
लृङ्—अबोधयिष्यत्, अबोधयिष्यत।

संस्कृत में अनुवाद करो—

१—सूर्य कमलों को विकसित करता है और कमलिनियों को बन्द कर देता है। २—पद्मा का दर्शन मुझ दुःखी को भी सुख का अनुभव कराता है। ३—विश्वामित्र ने राम का जनक की पुत्री सीता से विवाह कराया। ४—मैं दर्जी से एक चोला सिलाऊँगा। ५—आप अपने भाषण को समाप्त कीजिए, श्रोतृगण ऊब गये। ६—नौकर धूप से पीड़ित स्वामी को ठंडे जल से स्नान कराता है (स्नपयति)। ७—भक्त ग्रामवासियों को कथा सुनाता है। ८—गुरु शिष्यों को वेद पढ़ाता है। ९—मन्त्री राजा से प्रजा पर शासन करवाता है। १०—राष्ट्रपति ने राष्ट्र के नव-युवकों को आनेवाले संकटों से सचेत किया। ११—मुनिजन कन्द, मूल और फलों द्वारा जीवन निर्वाह करते हैं। १२—माँ बच्चे को दूध पिलाती है और चाँद दिखाती है। १३—चपरासी मेरी डाक मेरे मकान पर प्रतिदिन सायंकाल पहुँचाता रहेगा (हारयिष्यति)। १४—पुरोहित अग्नि को साक्षी करके वर से वधू का मेल कराता है। १५—गायनाचार्य ने लड़कियों का गान शुरू कराया।

सन्नन्त धातुएँ

धातोः कर्मणः समानकर्तृकादिच्छायां वा ।३।१।७।

किसी कार्य के करने की इच्छा का अर्थ बतलाने के लिए उस कार्य का अर्थ बतलाने वाली धातु के आगे सन् प्रत्यय लगाया जाता है, यदि दोनों (जैसे—मैं पढ़ना चाहता हूँ—अहं पिपठिष्यामि—में 'पढ़ना' और 'चाहना') क्रियाओं का कर्त्ता एक ही है। इसी नियम के अनुसार 'गोपालः रामस्य पठनमिच्छति' में पिपठिषति नहीं होता, क्योंकि 'पढ़नेवाला' और 'चाहनेवाला' एक ही कर्त्ता नहीं हैं, भिन्न-भिन्न कर्त्ता हैं।

१—पङ्कजान्युन्मीलयति—कुमुदानि निमीलयति। २—सुखयति। ३—कौशिको रामेण सीता पर्यणाययत्। ४—चोलक सेवयिष्यामि। ५—अवसाययं वक्तृदि स्वा गिरः, उद्विजते श्रोतारः। १०—राष्ट्रपतिः राष्ट्रयुवजनमेष्यन्तीभ्यः प्राबोधयत्। १२—स्तन्य पाययति। १४—अग्निं साक्षिणं कृत्वा। १५—संगीताचार्यो दारिकाभिर्गानमारम्भयत्।

'सन्' प्रत्यय लगने पर धातु को द्वित्व हो जाता है और धातु के स्वरूप में कुछ अन्तर भी हो जाता है—सन् प्रत्यय का स् कहीं-कहीं ष् हो जाता है। सन्नन्त धातु का रूप इस तरह बनता है, यथा—पठ्+सन्=पठ्+पठ्+सन्=प+पठ्+स्=पिपठ्+स्=पिपठिषति। इनमें सेट् (इट् वाली) तथा अनिट् (बिना इट् वाली) धातुओं का ध्यान रखना चाहिए। सन् प्रत्यय लगने पर परस्मैपदी धातु के रूप 'पठति' के समान और आत्मनेपदी के 'जायते' के समान चलते हैं। सन्नन्त धातु के आगे 'आ' लगाने से सज्ञा शब्द बन जाता है, जैसे—शास्त्र जिज्ञासुः, जल पिपासुः। सन्नन्त क्रियाओं के रूप—

(भू) बुभूषते—होने की इच्छा करता है (बुध्) बुभुत्सते—जानने की इच्छा करता है
(श्रु) शुश्रूषते—सुनने की ,, (लिख्) लिलेखिषति—लिखने की ,,
(ज्ञा) जिज्ञासते—जानने की ,, (पठ्) पिपठिषति—पढ़ने की ,,
(ग्रह्) जिघृक्षति—ग्रहण करने की ,, (अधि+इ) अधिजिगासते—अध्ययन की
(लभ्) लिप्सते—पाने की ,, (पा) पिपासति—पीने की इच्छा करता है
(ब्रू, वच्) बिवक्षति—बोलने की ,, (वि+जि) विजिगीषते—जीतने की ,,
(हन्) जिघांसति—मारने की इच्छा ,, (रुद्) रुरुदिषति—रोने की ,,
(धा) धित्सति—धारण करने की ,, (प्रच्छ्) पिपृच्छिषति—पूछने की ,,
(दृश्) दिदृक्षते—देखने की ,, (पच्) पिपक्षति—पकाने की ,,
(कृ) चिकरिषति—बिखेरने की ,, (गम्) जिगमिषति—जाने की इच्छा ,,
(गृ) जिगरिषति / जिगलिषति } निगलने की ,, (इण्) { जिगमिषति— / प्रतिपिपति—बोध अर्थ में ,,
(आप्) ईप्सति—पाने की इच्छा ,, (अद्) जिघत्सति—खाने की इच्छा

सन्नन्त धातु के रूप दसों लकारों मे इस प्रकार होंगे—

(कर्तृवाच्य में)	लट्—पिपठिषति-ते	(कर्मवाच्य मे)—पिपठिष्यते
	लृट्—पिपठिषिष्यति-ते	,, पिपठिषिष्यते
	लङ्—अपिपठिषत्-त	,, अपिपठिष्यत
	लोट्—पिपठिषतु-ताम्	,, पिपठिष्यताम्
	विधिलिङ्—पिपठिषेत्-त	,, पिपठिष्येत
	आशीर्लिङ्—पिपठिषिष्यात्-पिपीष्ट	,, पिपठिषिषीष्ट
	लिट्—पिपठिषामास-से	,, पिपठिषामासे
	पिपठिषाञ्चकार-के	,, पिपठिषाञ्चक्रे
	पिपठिषाम्बभूव-वे	,, पिपठिषाम्बभूवे
	लुट्—पिपठिषिता-ता	,, पिपठिषिता
	लुङ्—अपिपठिषीत्-पिपीष्ट	,, अपिपठिषिषीष्ट
	लृङ्—अपिपठिषिष्यत्-त	,, अपिपठिषिष्यत

संस्कृत में अनुवाद करो—

१—तुम्हारा अधर फड़क रहा है (स्फुरति), तुम कुछ पूछना चाहते हो (पिपृच्छिषसि)। २—यदि तुम बोलना चाहते हो (विवक्षसि) तो मैं तुम्हें समय दूँगा। ३—यदि तू राजाओं की कृपादृष्टि चाहता है (अनुग्रहं लिप्ससे) तो उनकी इच्छा के अनुकूल काम कर (तच्छन्दमनुवर्तस्व)। ४—उन्होंने युद्ध को टालना चाहा (पर्यजिहीर्षन्) तो भी शान्ति प्राप्त न कर सके (शम लब्धुं नाशक्नुवन्)। ५—तुझ दुष्टात्मा ने शिवजी के दोष बताने की इच्छा करते हुए भी एक बात अच्छी कह दी। ६—विधाता ने मानो सौन्दर्य को एक स्थान पर देखने की इच्छा रखते हुए उसका निर्माण किया। ७—मनुष्य कर्म करता हुआ भी सौ वर्ष जीने की इच्छा करे। ८—दूसरे दिन अपने अनुचर के भाव को जानने की इच्छा से मुनि (वसिष्ठ) की धेनु ने हिमालय की गुफा में प्रवेश किया। ९—सभी प्राणी जीने की इच्छा करते हैं! मरने की इच्छा कौन करता है! १०—जो दुर्जन को वश में करने की इच्छा करता है वह निश्चय पूर्वक कौतुक से विष का पान करना चाहता है, कालानल को इच्छा से चूमना चाहता है और साँपों के राजा को आलिङ्गन करनेका का यत्न करता है।

यङन्त धातुएँ

धातोरेकाचो हलादेः क्रियासमभिहारे यङ् ।३।१।२२।
(पौनःपुन्यं भृशार्थश्च क्रियासमभिहारः – भट्टोजी०)

क्रिया को बार-बार करने अथवा अतिशय अर्थ को दिखाने के लिए धातु के आगे 'यङ्' प्रत्यय लगाया जाता है। यह प्रत्यय प्रथम नौ गणों की धातुओं पर तथा दसवें गण की केवल सूच्, सूत्र् और मूत्र् आदि धातुओं पर ही लगता है। यङ् प्रत्यय लगने से धातु को द्वित्व हो जाता है और धातु के रूप में भी कुछ परिवर्तन हो जाता है, यथा—पुनः-पुनः पिबति पेपीयते। यङन्त धातुओं के लट्, लोट् आदि लकारों में 'जायते' की भाँति रूप होते हैं।

धातु में यङ् प्रत्यय दो प्रकार से जोड़ा जाता है। एक को जोड़ने से परस्मैपद में रूप चलते हैं और दूसरे को जोड़ने से आत्मनेपद में। परस्मैपद वाले रूप प्रायः

५—विवक्षता दोषमपि च्युतात्मना त्वयैकमीश प्रति साधु भाषितम्। ६—सा निर्मिता विश्वसृजा प्रयत्नादेकस्थसौन्दर्यदिदृक्षयेव। ७—कुर्वन्नेवेह कर्माणि जिजीविषेच्छतं समाः (यजुर्वेद)। ८—अन्येद्युरात्मानुचरस्य भावं जिज्ञासमाना मुनिहोमधेनुः....गौरीगुरोर्गह्वरमाविवेश (रघुवंशे)। १०—हालाहलं खलु पिपासति कौतुकेन, कालानलं परिचुचुम्बिषति प्रकामम्। व्यालाधिपं च यतते परिरब्धुमद्धा यो दुर्जनं वशयितुं कुरुते मनीषाम्॥

वैदिक संस्कृत में मिलते हैं, आत्मनेपद के ही रूप लौकिक संस्कृत में मिलते हैं। यङन्त धातु के दसों लकारों में रूप चलते हैं, जैसे बुध् धातु के रूप—(लट्) बोबुध्यते। (लिट्) बोधाञ्चक्रे। (लुट्) बोबुधिता। (लृट्) बोबुधिष्यते। (लोट्) बोबुध्यताम्। (लङ्) अबोबुध्यत। (विधिलिङ्) बोबुध्येत। (आशीर्लिङ्) बोबुधिषीष्ट। (लुङ्) अबोबुधिष्ट। (लृङ्) अबोबुधिष्यत।

(नी) नेनीयते—बार-बार ले जाता है	(जि) जेजीयते—बार-बार जीतता है
(तप) तातप्यते—अत्यन्त तपता है	(दंश) दन्दश्यते—अत्यन्त डसता है
(श्रु) शेश्रूयते—बार बार सुनता है	(गै) जेगीयते—बार-बार गाता है
(दह) दन्दह्यते—अत्यन्त जलता है	(स्मृ) सास्मर्यते— ,, याद करता है
(पच) पापच्यते—बार बार पकाता है	(शी) शाशय्यते— ,, सोता है
(कृ) चेक्रीयते—बार-बार करता है	(चल्) चञ्चल्यते—इधर उधर चलता है।
(रुद) रोरुद्यते—बार-बार रोता है	(कृष्) चरीकृष्यते—बार-बार खेती करता है
(नृत्) नरीनृत्यते—बार बार नाचता है	(वृध्) वरीवृध्यते—बार-बार बढता है
(दृश) दरीदृश्यते—बार-बार देखता है	(हन्) जङ्घन्यते—फिर फिर मारता है
(दा) देदीयते—बार-बार देता है	(जप्) जञ्जप्यते—बार-बार जपता है
(सिच्) सेसिच्यते—बार-बार सींचता है	(गम्) जङ्गम्यते—टेढा-मेढा चलता है

ऊपर बताया गया है कि क्रिया-समभिहार में ही यङ् प्रत्यय लगता है, किन्तु कहीं कहीं भिन्न अर्थों में भी लगता है, यथा—

(क) नित्यं कौटिल्ये गतौ ।३।१।२३।

गत्यर्थक धातुओं से कौटिल्य अर्थ में यङ् प्रत्यय जुड़ता है (बार-बार या अधिक अर्थ में नहीं) यथा—कुटिलं व्रजति इति वाव्रज्यते।

(ख) लुपसदचरजपजभदहदशगृभ्यो भावगर्हायाम् ।३।१।२४।

लुप आदि धातुओं के आगे गर्हित अर्थ में यङ् प्रत्यय लगता है, यथा—गर्हितं लुम्पति इति लोलुप्यते।

(ग) जपजभदहदशभञ्जपशां च ।७।४।८६।

जप आदि धातुओं में यङ् जुड़ने पर अभ्यास अर्थ में न् का आगम हो जाता है, यथा—गर्हितं जपति इति जञ्जप्यते। दन्दह्यते। दन्दश्यते।

(घ) ऋो यङि ।८।२।२०।

ऋ धातु में यङ् जुड़ने पर रेफ के स्थान में लकार हो जाता है, यथा—गर्हितं गिरति इति जेगिल्यते।

नाम-धातुएँ

किसी सुबन्त (संज्ञा आदि) के अनन्तर जब कोई प्रत्यय जोड़ कर धातु बना लेते हैं तब उसे नामधातु कहते हैं। नाम धातुओं के विशेष विशेष अर्थ होते हैं, यथा—

पुत्रीयति (पुत्र+क्यच्) पुत्र की इच्छा करता है।
कृष्णति (कृष्ण इव आचरति—क्विप्) कृष्ण की तरह आचरण करता है।
लोहितायते (लोहित+क्यच्) लाल हो जाता है।
मुण्डयति (मुण्ड—णिच्) मूँड़ता है।

नाम धातु का प्रयोग प्रायः लट् में ही होता है। नामधातुओं के मुख्य दो प्रत्यय यहाँ दिये जाते हैं—

(१) क्यच् प्रत्यय

सुप आत्मनः क्यच् ।३।१।८।

जिस चीज की इच्छा करे उस चीज के सूचक शब्द के बाद क्यच् प्रत्यय जोड़ा जाता है।

(मान्तप्रकृतिकसुबन्तादव्ययाच्च क्यच् न ।वा०।)

क्यच् (य) जुड़ने के पहले शब्द के अन्तिम स्वर में परिवर्तन हो जाता है, आ तथा इ का ई, अ, आ तथा इ का ई, उ का ऊ, ऋ का री, ओ का अव् और औ का आव् और अन्तिम ङ्, ञ्, ण्, तथा न् का लोप हो जाता है। मकारान्त शब्द के बाद तथा अव्यय के बाद क्यच् जुड़ता ही नहीं।

पुत्रीयति (पुत्र + क्यच्) पुत्रम् आत्मनः इच्छति (अपने लिए पुत्र की इच्छा करता है।)
गङ्गीयति (गङ्गा+क्यच्) (गङ्गाम् आत्मनः इच्छति) अपने लिए गङ्गा की इच्छा करता है।

इसी प्रकार—राजीयति (राजन्+क्यच्), कवीयति (कवि + क्यच्)
नदीयति (नदी + क्यच्), विष्णूयति (विष्णु + क्यच्)
वधूयति (वधू + क्यच्), गव्यति (गो + क्यच्)

उपमानादाचारे ।३।१।१०। अधिकरणाच्चेति वक्तव्यम् ।

'आचार्यः छात्रं प्रजीयति' तथा 'विष्णूयति द्विजम्' में किसी चीज को समान मानकर उसके सम्बन्ध में तद्वत् आचरण करने के अर्थ में क्यच् प्रत्यय हुआ है—यहाँ जो उपमान होता है उसके आगे क्यच् जुड़ता है। यथा—छात्रं पुत्रीयति गुरुः। उपमान के अधिकरण होने पर भी क्यच् जुड़ता है, यथा—प्रासादयति कुट्यां भिक्षुः, कुटीयति प्रासादे राजा (राजा महल को कुटी समझता है।)

क्यच् प्रत्ययान्त धातु के रूप परस्मैपद के सब लकारों में चलते हैं, यदि प्रत्यय के पूर्व में व्यञ्जन हो तो लट्, लोट्, लङ् और विधिलिङ् को छोड़कर शेष में यकार का लोप होता है, यथा—समिध्यति, समिध्यति आदि।

(२) क्यङ् प्रत्यय

कर्तुः क्यङ् सलोपश्च ।३।१।११। ओजसोऽप्सरसो नित्यमितरेषां विभाषया ।वा०।

किसी सुबन्त के अनन्तर 'जैसा वह करता है वैसा ही यह करता है' इस अर्थ का बोध कराने के लिए क्यङ् (य) प्रत्यय जोड़कर नाम धातु बनती है, यथा—

कृष्णायते (कृष्ण + क्यङ्) कृष्ण इवाचरति (कृष्ण का सा आचरण करता है।)

गर्दभी अप्सरायते (गदही अप्सरा के समान आचरण करती है)।

यशायते, यशस्यते। विद्वायते, विद्वस्यते। (विद्वान के समान आचरण करता है।)

क्यङ् प्रत्ययान्त नामधातु के रूप आत्मनेपद में चलते हैं। इस प्रत्यय के य के पूर्व सुबन्त का अ दीर्घ कर दिया जाता है। शब्द के अन्तिम स् का विकल्प से लोप हो जाता है, परन्तु ओजस् और अप्सरस् के स् का नित्य लोप होता है, यथा—ओजायते, अप्सरायते।

क्यङ् मानिनोश्च ।६।४।३६।

'कुमारीव आचरति कुमारायते', 'युवतीव आचरति युवायते' में स्त्री प्रत्यय का लोप होकर क्यङ् जुड़ता है।

न कोपधाया. ।६।३।३७।

'पाचकेव आचरति पाचकायते' में क के म अन्त होने पर स्त्री प्रत्यय का लोप नहीं होता।

कमणो रोमन्थतपोभ्यां वर्तिचरोः ।३।१।१५।

'रोमन्थ वर्तयति इति रोमन्थायते, तपश्चरति इति तपस्यति' कर्मभूत रोमन्थ एवं तपस् शब्दों के बाद वर्तन एवं चरण अर्थ में क्यङ् हुआ।

वाष्पोष्मभ्यामुद्वमने ।३।१।१६। फेनाच्चेति वाच्यम्। वा०।

'वाष्पमुद्वमतीति वाष्पायते', 'ऊष्माणमुद्वमतीति ऊष्मायते', 'फेनमुद्वमतीति फेनायते'—में कर्मभूत वाष्प, ऊष्मा तथा फेन के बाद उद्वमन अर्थ में क्यङ् जुड़ा है।

शब्दवैरकलहाभ्रकण्वमेघेभ्यः करणे ।३।१।१७।

शब्द करोति शब्दायते, वैरायते, कलहायते आदि में वैर, कलह आदि के बाद क्यङ् जुड़ता है।

सुखादिभ्य. कर्तृवेदनायाम् ।३।१।१८।

"सुख वेदयते सुखायते" में कर्मभूत सुख आदि के बाद वेदना या अनुभव अर्थ में क्यङ् जुड़ता है यदि वेदना के कर्ता को ही सुख प्राप्त हो, अन्यथा परस्य सुख वेदयते ही होगा।

वाच्यपरिवर्तन

कर्तृवाच्य की क्रिया यदि सकर्मक हो तो कर्मवाच्य में और यदि अकर्मक हो तो वह भाववाच्य में बदल जाती है, तथा कर्म अथवा भाववाच्य की क्रियाएँ कर्तृवाच्य में बदली जा सकती हैं, यथा—स ग्राम गच्छति (कर्तृ०) तेन ग्राम गम्यते

(कर्म०)। स रोदिति (कर्तृ०) तेन रुद्यते (भाव०)। इसी प्रकार कर्मवाच्य या भाववाच्य उलटने से कर्तृवाच्य में हो जायेंगे।

वाच्यपरिवर्तन करते समय क्रिया, उसका कर्त्ता, कर्त्ता के विशेषण, कर्म और कर्म के विशेषण, इन सभी मे परिवर्तन होता है, यथा—(कर्तृवाच्य) सुशीलः बालः स्वकीयं पाठं पठति। (कर्मवाच्य) सुशीलेन बालेन स्वकीयः पाठः पठ्यते (सुशील) बालक अपना पाठ पढ़ता है)। इस वाक्य में कर्त्ता, कर्म, उनके विशेषण और क्रिया मे परिवर्तन हुआ है।

वाच्यपरिवर्तन करते समय इन बातों पर ध्यान देना चाहिए—

१—पहले कर्त्ता, कर्म और क्रिया ढूँढ़ो।

२—फिर कर्त्ता और कर्म के विशेषणों को देखो।

३—फिर देखो कि क्रिया किस वाच्य की है।

४—क्रिया देखकर वाच्य स्थिर करो। [कृत्य प्रत्ययान्त (तव्य, अनीय, यत्) की क्रिया कर्तृवाच्य मे कभी नहीं होती।]

जब कर्तृवाच्य और कर्मवाच्य में क्रिया का एक ही प्रकार का रूप हो जैसे, 'स ग्रामं गतः' (कर्तृ०) तेन ग्रामः गतः (कर्म०) तब कर्त्ता और कर्म को देखकर वाच्य स्थिर करो।

५—यदि कर्त्ता में तृतीया और कर्म मे प्रथमा हो तो वाक्य कर्मवाच्य या भाववाच्य मे है और यदि कर्त्ता मे प्रथमा और कर्म मे द्वितीया हो तो वाक्य कर्तृवाच्य में है।

६—क्रिया जिस काल या जिस लकार की होगी वाच्यान्तर मे भी वह उसी काल और उसी लकार की होगी, जैसे—स उक्तवान् (कर्तृ०) तेन उक्तम् (कर्म०)। सा गच्छति (कर्तृ०) तया गम्यते (कर्म०)।

७—कर्ता या कर्म मे जो विशेषण होगा उसमें वही विभक्ति और वचन होंगे जो कर्ता और कर्म के होंगे, यथा—शयानाः भुञ्जते मूर्खाः (कर्तृ०) शयानैः मूर्खैः भुज्यते (मूर्ख सोये-सोये खाते हैं)।

वाच्यान्तररचना

कर्मवाच्य बनाने में प्रथमान्त कर्त्ता को तृतीयान्त और द्वितीयान्त कर्म को प्रथमान्त कर देना पड़ता है। कर्तृवाच्य में जो क्रिया कर्त्ता के अनुसार होती है वह कर्म के अनुसार बना देनी पड़ती है, यथा—अहं शिशुं पश्यामि (कर्तृ०) मया शिशुः दृश्यते (कर्म०)—मैं बच्चे को देखता हूँ।

कर्तृवाच्य से कर्मवाच्य क्त प्रत्यय द्वारा भी बनाया जाता है, यथा—अहं सिंहम् अपश्यम् (कर्तृ०)। मया सिंहो दृष्टः (कर्म०)।

कृत् प्रत्ययान्त क्रियापद विशेषण के समान व्यवहृत होते हैं। उनके कर्त्ता और कर्म में जो लिङ्ग, वचन और कारक होते हैं वे ही उनमें भी होते हैं, जैसे—सा कथितवती। त्वया ग्रन्थः पठितः। तेन ग्रामो गन्तव्यः इत्यादि।

कर्तृवाच्य 'क्तवतु' प्रत्ययान्त क्रिया को कर्मवाच्य या भाववाच्य में क्त प्रत्ययान्त कर देते हैं, यथा—पाण्डवा वन गतवन्तः (कर्तृ०), पाण्डवैः वन गतम् (कर्म०) (पाण्डव वन में गये)। अहं प्रस्थितवान् (कर्तृ०), मया प्रस्थितम् (भाव०) (मैंने यात्रा की)।

कर्तृवाच्य को क्त प्रत्ययान्त क्रिया को कर्मवाच्य, या भाववाच्य बनाने में केवल विभक्ति बदलनी पड़ती है, अर्थात् कर्त्ता में प्रथमा के स्थान पर तृतीया और कर्म में द्वितीया के स्थान पर कर्म के अनुसार प्रथमा और क्रिया कर्म के अनुसार होती है, यथा—स काशीं गतः (कर्तृ०)। तेन काशी गता (कर्म०)।

द्विकर्मक धातु का वाच्यान्तर

(गौणे कर्मणि दुह्यादे.) द्विकर्मक धातु से कर्मवाच्य बनाने में दुह्, याच्, पच्, दण्ड्, चि, ब्रू, शास्, जि, मन्थ, मुष् धातुओं के अकथित अर्थात् अप्रधान या गौण कर्म (Indirect object) में प्रथमा विभक्ति होती है और क्रिया उसी कर्म के अनुसार होती है, प्रधान कर्म (Direct object) में कोई परिवर्तन नहीं होता, यथा—गोपः गां दुग्धं दोग्धि (कर्तृ०) गोपेन गौः दुग्धं दुह्यते (कर्म०)। छात्रः गुरुं धर्मं पृच्छति (कर्तृ०), छात्रेण गुरुः धर्मं पृच्छ्यते (कर्म०)। यहाँ पर 'गाम्' तथा 'गुरुम्' गौण कर्म हैं।

(प्रधाने नीवहकृष्पहाम्) द्विकर्मक नी, वह, कृष् और वह् धातुओं के प्रधान कर्म (Direct object) में प्रथमा विभक्ति होती है, गौण कर्म (Indirect object) ज्यों का त्यों रहता है, यथा—कर्मकरः भारान् गृहं वहति (कर्तृ०)। कर्मकरेण भाराः गृहं वह्यन्ते (कर्म०) (मजदूर बोझ घर ले जायगा)।

णिजन्त द्विकर्मक धातु का वाच्यान्तर

(बुद्धिभक्षार्थयोः शब्दकर्मकाणां निजेच्छया) बुद्ध्यर्थक, भक्षार्थक और शब्दकर्मक धातुओं के दोनों कर्मों में से जिसमें इच्छा हो उसमें प्रथमा विभक्ति होती है, यथा—गुरुः छात्रं धर्मं बोधयति (कर्तृ०)। गुरुणा छात्रः धर्मं बोध्यते (अथवा) गुरुणा छात्रं धर्मः बोध्यते (कर्मवाच्य)।

अन्य णिजन्त द्विकर्मक धातुओं के कर्मवाच्य बनाने में प्रयोज्य कर्म में प्रथमा विभक्ति होती है, यथा—गोविन्दो भृत्यं ग्रामं गमयति (कर्तृ०)। गोविन्देन भृत्यः ग्रामं गम्यते (कर्म०) (गोविन्द नौकर को गाँव भेज रहा है)।

कर्तृवाच्य में जिन धातुओं के प्रयोज्य कर्त्ता में तृतीया विभक्ति होती है कर्मवाच्य में उनके णिजन्त अवस्था के कर्म में प्रथमा विभक्ति होती है, यथा—श्रीकृष्णः पार्थेन जयद्रथं घातयति (कर्तृ०) (श्रीकृष्ण अर्जुन से जयद्रथ को मरवाता है)। श्रीकृष्णेन पार्थेन जयद्रथः घात्यते (कर्म०) श्रीकृष्ण द्वारा अर्जुन से जयद्रथ मरवाया जाता है।

हिन्दी में अनुवाद और वाच्य परिवर्तन करो—

१—सहैव दशभिः पुत्रैर्भारं वहति गर्दभीः २—जलानि सा तीरनिखातयूपा वहत्ययोध्यामनुराजधानीम्। ३—अपा हि तृप्ताय न वारिधारा स्वादुः सुगन्धिः स्वदते तुषारा। ४—मृत्योर्बिभेषि किं मूढ न स भीतं विमुञ्चति। ५—न्याय्यात्पथः प्रविचलन्ति पदं न धीराः। ६—तौ दम्पती स्वां प्रति राजधानीं प्रस्थापयामास वशी वसिष्ठः। ७—किं तया क्रियते धेन्वा या न सूते न दुग्धदा। ८—न पादपोन्मूलनशक्तिरंहः शिलोच्चये मूर्च्छति मारुतस्य। ९—भूषणाद्युपचारेण प्रभुर्भवति न प्रभुः। १०—स बालः आसीद्रूपेण चतुर्भुजः। ११—प्रजा सरक्षति नृपः सा वर्द्धयति पार्थिवम्। १२—पूर्वस्मादन्यवद्भाति भावादाशरथिं स्तुवन्। १३—परायत्तः प्रीतेः कथमिव रसं वेत्तु पुरुषः। १४—सा सीतामङ्कमारोप्य भर्तुः प्रणिहितेक्षणाम्। मामेति व्याहरत्येव तस्मिन् पातालमन्वगात्॥ १५—नोलूकोऽप्यवलोकते यदि दिवा सूर्यस्य किं दूषणम्।

सोपसर्ग धातुएँ

क्रिया के साथ भिन्न-भिन्न उपसर्गों के लगाने से वाक्य में सौष्ठव और चमत्कार आ जाता है और साधारण धातुओं के प्रयोग की अपेक्षा* सोपसर्ग धातुओं के प्रयोग से भाषा सजी हुई और परिष्कृत लगती है। साथ ही साथ छात्र धातुओं के अर्थ और रूपावली को कण्ठस्थ करने के परिश्रम से बच जाते हैं। उपसर्ग लगने से धातु का अर्थ बदल जाता है, जैसे—'हृ' का अर्थ 'हरण करना' है, उस पर "प्र" उपसर्ग लगने से उसका अर्थ 'प्रहार करना' हो जाता है "आ" उपसर्ग लगने से "भोजन करना", 'सम्' उपसर्ग लगने से 'नाश' अर्थ हो जाता है। अतः कहा गया है—

---

*प्रादि उपसर्ग और उनके मुख्य अर्थ—प्र (अधिक), परा (उल्टा, पीछे), अप (दूर), सम् (अच्छी तरह), अनु (पीछे), अव (नीचे, दूर), निस् (बिना, बाहर), निर् (बाहर), दुस् (कठिन), दुर् (बुरा), वि (बिना, अलग), आङ् (तक, कम) नि (नीचे), अधि (ऊपर), अपि (निकट), अति (बहुत), सु (सुन्दर), उद् (ऊपर), अभि (ओर), प्रति (ओर, उल्टा), परि (चारों ओर), उप (निकट)।

"उपसर्गेण धात्वर्थो बलादन्यत्र नीयते ।
प्रहाराहार-संहार-विहार-परिहारवत् ॥"

उपसर्गों के लगाने से धातुओं के अर्थों में एक और विलक्षणता यह आ जाती है कि कहीं कहीं अकर्मक धातुएं भी सकर्मक हो जाता हैं, यथा—अकर्मक 'भू' का अर्थ (होना) है, किन्तु 'अनु' उपसर्ग लगाने से इसका अर्थ 'अनुभव करना' सकर्मक हो जाता है, जैसे—पापी दुःखमनुभवति (पापी दुःख भोगता है)।

*धातु के साथ उपसर्ग लगाने से तीन परिवर्तन होते हैं—

(१) क्रिया का अर्थ बिलकुल बदल जाता है, जैसे—विजयः—पराजयः, उपकारः-अपकारः, आहारः-प्रहारः, (२) क्रिया के अर्थ में विशिष्टता आ जाती है, जैसे—गमनम्-अनुगमनम्, वचनम्-निर्वचनम्, तथा (३) क्रिया के ही अर्थ का अनुवर्तन हो जाता है, जैसे—वसति-अधिवसति, उच्यते प्रोच्यते।

(अय्) जाना—

परा + अय् (भागना) अश्वारोहः पलायते ।

अर्थ (माँगना)—

प्र + अर्थ (प्रार्थना करना) स्वर्गतिं प्रार्थयन्ते (भगवद् गीतायाम्)
अभि + अर्थ (इच्छा करना) यदि सा तापसकन्यका अभ्यर्थनीया (शाकुन्तले)।
अभि + अर्थ (प्रार्थना करना) माम् अनभ्यर्थनीयमभ्यर्थयते (मालविका०

अस् (फेंकना)—

अभि + अस् (रटना) छात्रः पाठमभ्यस्यति ।
निर् + अस् (हटाना) सः धूर्तं निरस्यति ।

आप् (पाना)—

वि + आप् (फैलना) रजः आकाशं व्याप्नोति ।
सम् + आप् (पूरा होना) यावत्तेषां समाप्येरन् यज्ञाः पर्याप्तदक्षिणाः (रघुवंशे)

आस् (बैठना)—

अधि + आस् (बैठना) स राजसिंहासनमध्यास्ते ।
उप + आस् (पूजा करना) भक्ताः शिवमुपासते ।
अनु + आस् (सेवा करना) सखीभ्यामन्वास्यते । (शाकुन्तले)।

इ (जाना)—

अव + इ (जानना) अवेहि मां किङ्करमष्टमूर्तेः (रघुवंशे)।
प्रति + इ (विश्वास करना) सः मयि न प्रत्येति ।
उत् + इ (उगना) उदेति सविता ताम्रस्ताम्र एवास्तमेति च ।

---

*धात्वर्थं बाधते कश्चित् कश्चित् तमनुवर्तते ।
तमेव विशिनष्टयन्य उपसर्गगतिस्त्रिधा ॥

उप + इ (प्राप्त करना) उद्योगिनं पुरुषसिंहमुपैति लक्ष्मीः । (पञ्चतन्त्रे) ।
अभि + इ (सामने आना) सा स्वामिनमभ्येति ।
अनु + इ (पीछे जाना) सेवकः शब्दार्थ इव स्वामिनमन्वेति ।
अप + इ (दूर होना) सूर्योदये अन्धकारः अपैति ।
अभि + उप + इ (प्राप्त होना) व्यतीतकालस्त्वहमभ्युपेतस्त्वामर्थिभावादिति मे विषादः (रघुवंशे) ।

ईक्ष (देखना)—

अप + ईक्ष् (खयाल करना) किमपेक्ष्य फलं पयोधरान्वनतः प्रार्थयते मृगाधिपः ।
उप + ईक्ष (खयाल न करना) अलसः कर्तव्यमुपेक्षते ।
परि + ईक्ष् (परीक्षा लेना) अग्नौ परीक्ष्यते स्वर्णं काव्यं सदसि तद्विदाम् ।
प्रति + ईक्ष् (इन्तजार करना) क्षणं प्रतीक्षस्व यावदागच्छामि ।
निः + ईक्ष् (देखना) स साग्रह त्वा निरैक्षत ।
अव + ईक्ष् (रक्षा करना) रताघ्या दुहितरमवेक्षस्व जानकीम् । (उत्तर०) ।
अव + ईक्ष् (आदर करना) त्रिदिवोत्सुकयाप्यवेक्ष्य माम् (रघुवंशे) ।
अव + ईक्ष् (जाँच करना) स कदाचिदवेक्षितप्रजः (रघुवंशे) ।

कृ (करना)—

अनु + कृ (नकल करना) सर्वाभिरन्याभिः कलाभिरनुचकार तं वैशंपायनः ।
अधि + कृ (अधिकार करना) ते नाम जयिनो ये शरीरस्थान् रिपूनधिकुर्वते ।
अप + कृ (बुराई करना) अथवा सैनिकाः केचिदपकुर्युर्युधिष्ठिरम् (महा०) ।
प्र + कृ (बलात्कार करना) परदारान् प्रकुरुते ।
प्र + कृ (कहना) गाथाः प्रकुरुते ।
उत् + आ + कृ (डराना) श्येनो वर्तिकामुदाकुरुते । (बाज बटेर को डराता है) ।
तिरस् + कृ (अनादर करना) किमर्थं तिरस्करोषि माम् ?
नमस् + कृ (नमस्कार करना) देवदेवं नमस्कुरु ।
प्रति + कृ (उपाय करना) आगत तु भयं वीक्ष्य प्रतिकुर्याद् यथोचितम् ।
उप + कृ (सेवा करना) भक्तः शिवमुपकुरुते ।
उप + कृ (उपकार करना) किं ते भूयः प्रियमुपकरोतु पाकशासनः ! (विक्रमो०)
उपस् + कृ (गरमी पहुँचाना) एधः उदकस्य उपस्कुरुते (ईंधन पानी में गरमी०)
वि + कृ (विकार पैदा होना या करना) चित्तं विकरोति कामः ।
मरणं प्रकृतिः शरीरिणां विकृतिर्जीवितमुच्यते बुधैः (रघु०) ।
परि + स्कृ (सजाना) रथो हेमपरिष्कृतः (महाभारते) ।
अलम् + कृ (शोभा बढ़ाना) रामचन्द्रः वनमिद पुनरलङ्करिष्यति ।
आविः + कृ (ढूँढना) वायुयानमिदं केन धीमताऽऽविष्कृतं भुवि ।
निर् + आ + कृ (हटाना) स निराकरोति दोषान् ।

च्विप्रत्ययान्त कृ—

१—अङ्गीकृत सुकृतिनः परिपालयन्ति ।
२—वीरवरः देव्यै स्वपुत्रमुपहारीकरोति ।
३—सफलीकृत भवता मम जीवन शुभागमनेन ।
४—स्थिरीकरोमि ते वासस्यानम् ।
५—कदा रामभद्रा वनमिद सनाथाकरिष्यति ?
६—विरहव्यथा आकुलीकरोति मे हृदयम् ।

क्रम् (चलना)—

अति + क्रम् (गुजरना) यथा यथा यौवनमतिचक्राम (कादम्बरीम्) ।
,, (उल्लङ्घन करना) कथमतिक्रान्तमगस्त्याश्रमपदम् (महावीरचरिते) ।
अप + क्रम् (दूर हटना) नगरादपक्रान्ता (मुद्राराक्षसे) ।
आ + क्रम् (आक्रमण करना) पौरस्त्यानेवमाक्रामत्यन्ताञ्जनवदाञ्जनी (रघु०)
आ + क्रम् (नक्षत्र का उदित होना) आक्रमते सूर्यः (महाभारते) ।
किन्तु—आक्रमति धूमो हर्म्यतलात् (महल के ऊपर से धुँआ निकलता है ।)
निस् + क्रम् (निकलना) इति निष्क्रान्ताः सर्वे ।
उप + क्रम् (आरम्भ करना) राजलक्ष्मीरुपक्रमते देवी वसिष्ठमुपचक्रमे (भट्टि०)
वक्तुं मिथः प्राक्रमतैवमेनम् (कुमारसम्भवे) ।
परि + क्रम् (परिक्रमा करना) स परिक्रामति ।
वि + क्रम् (चलना अथवा कदम रखना) विष्णुत्रेता विचक्रमे ।
किन्तु—विक्रामति सन्धिः (जाड़ टूट रहा है ।)
सम् + क्रम् (सङ्क्रमण करना) काला ह्यं सङ्क्रमितुं द्वितीय सर्वोपकारक्षममाश्रमं ते ।
(रघुवंशे) ।

क्षिप् (फेंकना)—

किं कूर्मस्य मरुत्पथा न वपुषि क्ष्मा न क्षिप्येव यत् (मुद्राराक्षसे) ।
अव + क्षिप् (निन्दा करना) मदलेखानमवक्षिप्य (कादम्बरीम्) ।
आ + क्षिप् (अपमान करना) अरे रे गर्भागर्भसूत ! किमेवमाक्षिपसि (वेणी०)
उत् + क्षिप् (ऊपर फेंकना) बलिमाकाश उत्क्षिपेत् (मनुस्मृतौ) ।
सम् + क्षिप् (सङ्क्षिप्तकरना) सङ्क्षिप्यते हरत्व कथ दीर्घयाना त्रियामा (मेघ०)

गम् (जाना)—

गम् (जाना)—काव्यशास्त्रविनोदेन कालो गच्छति धीमताम् (द्वितीयदेशे) ।
अनु + गम् (पीछा करना) वत्स मामनुगच्छ ।

अव + गम् (जानना) नावगच्छामि ते मतिम् ।
अधि + गम् (प्राप्त करना) अधिगच्छति महिमानं चन्द्रोऽपि निशाधरि-
गृहीतः (मालवि०)
तेभ्योऽधिगन्तुं निगमान्तविद्या वाल्मीकिपार्श्वादिह पर्यटामि । (उत्तर०)
अभि + उप + गम् (स्वीकार होना) अयीमं प्रस्तावमभ्युपगच्छसि ?
अभि + आ + गम् (आना) अस्मद् गृहानुद्यैकोऽभ्यागतोऽभ्यागमत् ।
आ + गम् (आना) स्नानार्थं स नदीमागच्छत् ।
प्रति + गम् (लौटना) माणवकः कुटीर प्रत्यागच्छति ।
निर् + गम् (बाहर जाना) स गृहान्निर्गतः ।
सम् + गम् (मिलना) (क) समेत्य कल कूजन्ति पक्षिणः ।
(ख) शकुन्तला सखिभिः सङ्गच्छते ।
उत् + गम् (उड़ना) पक्षी आकाशमुदगच्छत् ।
प्रति + उद् + गम् (अगवानी के लिए जाना) लङ्कातो निवर्तमान श्रीरामं भरतः
प्रत्युज्जगाम ।

ग्रह् (लेना)—

नि + ग्रह् (दंड देना) शीघ्रमय दुष्टवणिक् निगृह्यताम् ।
अनु + ग्रह् (कृपा करना) गुरो मामनुगृहाण ।
वि + ग्रह् (लड़ाई करना) विगृह्य चक्रे नमुचिद्विषा बली य इत्थमस्वास्थ्यमद-
र्दिवं दिवः । (शिशुपालवधे) ।
प्रति + ग्रह् (स्वीकार करना) तथेति प्रतिजग्राह प्रीतिमान्सपरिग्रहः ।
आदेशं देशकालज्ञः शिष्यः शासितुरानतः ॥ (रघुवंशे) ।

चर् (चलना)—

अति + चर् (विरुद्ध आचरण करना) पुत्राः पितृनत्यचरन् नार्यश्चात्यचरन् पतीन्।
आ + चर् (व्यवहार करना) प्राप्ते तु षोडशे वर्षे पुत्र मित्रवदाचरेत् ।
अनु + चर् (पीछा करना) सत्यमार्गमनुचरेत् ।
उत् + चर् (उल्लंघन करना) धर्ममुच्चरते ।
परन्तु—वाष्पमुच्चरति (भाप ऊपर उठती है) ।
परि + चर् (सेवा करना) भृत्याः स्वामिनं परिचरन्ति ।
सम् + चर् (आना-जाना) भूयांसो जना मार्गेणानेन संचरन्ते ।
प्र + चर् (प्रचार होना) यावत्स्थास्यन्ति गिरयः सरितश्च महीतले ।
तावद्रामायणकथा लोकेषु प्रचरिष्यति ॥
उप + चर् (सेवा करना) पार्वती अहोरात्रं शिवमुपचचार ।

चि (चुनना)—

उप + चि (बढ़ाना) अधोऽधः पश्यत. कस्य महिमा नोपचीयते (हितोपदेशे)।
अप + चि (घटना) राजहंस तव सैव शुभ्रता चीयते न च न चापचीयते।
अव + चि (चुनना) सा उद्याने प्रतानिनीभ्यो बहूनि कुसुमान्यवचिनोत्।
निस् + चि (निश्चय करना) वयं निश्चिनुमः न वय विश्रमिष्यामो यावन्न स्वातन्त्र्य प्रतिलभामह इति।
अभि + उद् + चि (इकट्ठा होना) अभ्युच्चितास्तर्का. प्रभावका भवन्ति।
आ + चि (बिछाना) भृत्य· शय्या प्रच्छदेनाचिनोति।
उप + चि (बढ़ाना) मांसाशिनो माममेवोपचिन्वन्ति न प्रशाम्।
विनि + चि (निश्चय करना) विनिश्चेतु शक्यो न सुखमिति वा दुःखमिति वा।
सम् + चि (इकट्ठा करना) रक्षायोगादयमपि तप. प्रत्यह सचिनोति। (शाकु०)
प्र + चि (पुष्ट होना) स पुष्टिप्रदमन्न भुङ्क्ते तस्मात्प्रचीयन्ते तस्य गात्राणि।

ज्ञा (जानना)—

अनु + ज्ञा (आज्ञा देना) तत् अनुजानीहि मा गमनाय (उत्तररामचरिते)।
प्रति + ज्ञा (प्रतिज्ञा करना) हरचापारोपणेन कन्यादान प्रतिजानीते।
अव + ज्ञा (अनादर करना) अवजानासि मा यस्मादतस्ते न भविष्यति। मत्प्रसूतिमनाराध्य प्रजेति त्वा शशाप सा॥ (रघु०)।
अप + ज्ञा (इनकार करना) शतमपजानीते।
सम् + ज्ञा (सोचना) मातर मातुर्वा सजानाति।
सम् + ज्ञा (खोजना) शत सज्ञानीते।

तप् (तपना)—

(अकर्मक) तमस्तपति घर्मांशौ कथमाविर्भविष्यति। (शा०)
(झुलसना) तीव्रमुत्तप्तमानोयमशक्य· सोढुमातपः। (भट्टि०)
(तपाना) उत्तपति सुवर्णं सुवर्णकारः। (म० भा)
(सेंकना) उत्तपते वितपते पाणी (वह अपने हाथों को सेंकता है) (म० भा०)

तृ (तैरना)—

अव + तृ (उतरना) अवतरति आकाशात् वायुयानम्।
उत् + तृ (तैरना) स अनायास गङ्गामुदतरत्।
वि + तृ (देना) वितरति गुरुः प्राज्ञे विद्याम् (उत्तररामचरिते)।
सम् + तृ (तैरना) स हि घटिकाशय नद्या सन्तरेत्।

दिश् (देना)—

आ + दिश् (आज्ञा देना) गुरुः शिष्यान् आदिशति।
उप + दिश् (उपदेश देना) उपदिशतु मह्य धर्मशास्त्रम्।
सम् + दिश् (सदेश देना) कि सदिशतु स्वामी?
निर् + दिश (बताना) यथाभिलषित स्थान निर्दिशेत्

दा (देना—

आ + दा (ग्रहण करना) नृपतिः प्रकृतीरवेक्षितुं व्यवहारासनमाददे युवा (रघु०)
नादत्ते प्रियमण्डनाऽपि भवता स्नेहेन या पल्लवम् (अभि० शाकुन्तले)
आ + दा (कहना शुरू करना) अथ्यानमर्थपतिर्वाचमाददे वदतावरः । (रघु०)
वि + आ + दा (मुख खोलना—परस्मै०) व्याघ्रः मुखं व्याददाति ।

द्रु (पिघलना)

द्रवति च हिमरश्मावुद्गते चन्द्रकान्तः (मालतीमाधवे) ।
वि + द्रु (भागना) जलसङ्घात इवाशि विद्रुतः (कुमारसम्भवे) ।

धा (धारण करना)—

अभि + धा (कहना) पयोऽपि शौण्डिकीहस्ते वारुणीत्यभिधीयते (हितोपदेशे) ।
अपि + धा (बंद करना) द्वारः पिधेहि अतिकालमागतास्ते मा प्रविक्षन्निति ।
अव + धा (ध्यान देना) गोपालः पठने नावधत्ते ।
सम् + धा (सन्धि करना) बलीयसा शत्रुणा सदध्यात् विगृह्यानो हि ध्रुवमुत्सीदेत् ।
वि + धा (करना) सहसा विदधीत न क्रियाम् (किराते) ।
वि + परि + धा (बदलना) विपरिधेहि वासांसि मलिनानि तानि जातानि ।
आ + धा (गिरवी रखना) धनमिच्छामि, तन्मया साधवे स्वं गृहमाधातव्यम्भविष्यति ।
परि + धा (पहनना) उत्सवे नरः नव वस्त्र परिदधाति ।
नि + धा (विश्वास रखना) निदधे विजयाशसा चापे सीता च लक्ष्मणे (रघु०)
नि + धा (नीचे बैठना) सलिलैर्निहित रजः शितौ (घटकारिकाव्ये) ।
नि + धा (अमानत रखना) काशीं गच्छामि, अवशिष्ट धन विश्वास्ये ग्रामवणिजि निधास्यामि ।

नी (ले जाना)—

अनु + नी (मनाना) अनुनय मित्रं कुपितम् ।
अभि + नी (अभिनय करना) गोपालः सीतायाः पाटमभिनयेत् ।
आ + नी (लाना) आनय जल पूजार्थम् ।
उप + नी (लाना) उपनयति मुनिकुमारकेभ्यः फलानि (कादम्बर्याम्) ।
उप + नी (उपनयन करना) माणवकमुपनयते ।
उप + नी (किराये पर रखना) कर्मकरानुपनयते (मजदूरों को किराये पर रखता है) ।
उप + नी (समर्पण करना) स न्यस्तशस्त्रो हरये स्वदेहमुपानयत्सिण्डमिवामिषस्य ।
परि + नी (व्याह करना) नलो दमयन्तीं परिणिनाय ।
प्र + नी (बनाना) वाल्मीकिः रामायण प्रणिनाय ।
व्यप + नी (दूर करना) सन्मार्गालोकनाय व्यपनयतु स वस्तामसीं वृत्तिमीशः ।

अप + नी (हटाना) अपनेष्यामि ते दर्पम् ।
उद् + नी (उठाना) दण्डमुन्नयते (डडा उठाता है) ।
उद् + नी (ऊँचा उठाना) अवदातेनानेन चरितेन कुलमुन्नेष्यसि ।
निर् + नी (निर्णय करना) कनकस्य मूल निर्णयति ।
वि + नी (कर चुकाना) कर विनयते ।
वि + नी (दान पर खर्च करना) शत विनयते ।
वि + नी (क्रोध दूर करना) विनेष्ये क्रोधमथवा (भट्टि०) ।

पत् (गिरना)—

आ + पत् (आ पड़ना) अहो कष्टमापतितम् !
उत् + पत् (उडना) प्रभाते पक्षिणः उत्पतन्ति ।
प्र + नि + पत् (प्रणाम करना) उपाध्यायचरणयोः प्रणिपतति शिष्यः ।
नि + पत् (गिरना) क्षते प्रहारा निपतन्त्यभीक्ष्णम् ।
सम् + नि + पत् (इकट्ठा होना) नानादेशस्था नयज्ञा इह सन्निपतिष्यन्ति ।
सम् + नि + पत् (टूट पडना) अभिमन्यु. शत्रुसैन्ये सन्यपतत्, शतधा च तद् व्यदलयत्
वि + नि + पत् (पतन होना) विवेकभ्रष्टाना भवति विनिपातः शतमुखः ।

पद् (जाना)—

प्र + पद् (भजना) ये यथा मा प्रपद्यन्ते तास्तथैव भजाम्यहम् (गीतायाम्) ।
उत् + पद् (उत्पन्न होना) दुग्धात् नवनीतम् उत्पद्यते ।
वि + पद् (विपद् मे पड़ना) स विपद्यते (विपन्नो भवति) ।
उप + पद् (योग्य होना) नैतत् त्वय्युपपद्यते (गीतायाम्) ।

भू (होना)—

अनु + भू (अनुभव करना) सन्तः सुखमनुभवन्ति ।
आविर् + भू (निकलना) आविर्भूते शशिनि तमो विलीयते ।
अभि + भू (तिरस्कार करना) कस्त्रामभिभवितुमिच्छति बलात् ?
परा + भू (हराना) बलवान् दुर्बलान् पराभवति ।
प्रादुः + भू (पैदा होना) प्रादुर्भवति भगवान् विपदि ।
परि + भू (तिरस्कार करना) राक्षस. विभीषण परिवभूव ।
प्र + भू (समर्थ होना) प्रभवति शुचिर्विम्बोद्ग्राहे मणिः (उत्तररामचरिते)
कुसुमान्यपि गात्रसंगमात् प्रभवन्त्यायुरपोहितु यदि ।
न भविष्यति हन्त साधन किमिवान्यत्प्रहरिष्यतो विधेः ॥ (रघुवंशे)
प्र + भू (निकलना) हिमवतो गङ्गा प्रभवति ।
सम् + भू (पैदा करना) सम्भवामि युगे युगे (गीतायाम्) ।
सम् + भू (मिलना) सम्भूयाम्भोधिमभ्येति महानद्या नगानगा । (शिशु०)

अनु + भू (मालूम करना) अनुभवामि एतत् ।
वि + भावि (देखना) नाहं ते तर्कं दोषं विभावयामि ।
परि + भावि (विचार करना) गुरोर्भाषितं मुहुर्मुहुः परिभावय ।

च्विप्रत्ययान्त भू के प्रयोग—

१—भस्मीभूतस्य देहस्य पुनरागमनं कुतः ?
२—दृढीभवति शरीरं व्यायामेन ।
३—भवता शुभागमनेन पवित्रीभूतं मे गृहम् ।
४—तपसा भगवान् प्रत्यक्षीभवति ।

मन् (सोचना)—

अव + मन् (अनादर करना) नावमन्येन निर्धनम् ।
अनु + मन् (आज्ञा या सलाह देना) राजन्यान्स्वपुरनिवृत्तयेऽनुमेने (रघुवंशे)।
सम् + मन् (आदर करना) क्वचिदग्निमिवानाद्य काले संमन्यसेऽतिथिम् (भट्टि०)।

मन्त्र् (सलाह करना)—

अभि + मन्त्र् (सत्कार करना) जलम् अभिमन्त्र्य ददौ ।
आ + मन्त्र् (विदा होना) तात, लताभगिनीं वनज्योत्स्ना तावदामन्त्र्ये (शाकु०)।
आ + मन्त्र् (बुलाना) आमन्त्रयध्वं राष्ट्रेषु ब्राह्मणान् (महाभा०)
नि + मन्त्र् (न्यौता देना) ब्राह्मणान् निमन्त्रस्व ।

यम् (देना, विग्रह करना)—

आ + यम् (फैलाना) वस्त्रमायच्छते (कपड़ा फैलाता है)।
उप + यम् (विवाह करना) सीता हित्वा दशमुखरिपुर्नोपयेमे यदन्याम् ।
उत् + यम् (उठाना) भारमुद्यच्छते (बोझा उठाता है)।
परन्तु—उद्यच्छति वेदम् (वेद पढ़ने के लिए श्रीर परिश्रम करता है)।
सम् + यम् (इकट्ठा करना) व्रीहीन् संयच्छते (चावल इकट्ठा करता है)।

रञ्ज् + (खुश होना)—
अनु + रञ्ज् (अनुराग होना) देवे चन्द्रगुप्ते दृढमनुरक्ताः प्रकृतयः (मुद्रा०)।

रम् + (क्रीड़ा करना)—

वि + रम् (रुकना) विरम विरम पापात् ।
मील्(१प०,आँखमींचना)		मीलति	मिमील	मीलिता	मीलिष्यति	मीलतु
मुच् (६ उ०, छोड़ना)	प०-मुञ्चति		मुमोच	मोक्ता	मोक्ष्यति	मुञ्चतु
	आ०—मुञ्चते		मुमुचे	मोक्ता	मोक्ष्यते	मुञ्चताम्
मुच् (१०उ०,मुक्तकरना)		मोचयति-ते	मोचयांचकार	मोचयिता	मोचयिष्यति	मोचयतु
मुद्(१आ०,प्रसन्नहोना)		मोदते	मुमुदे	मोदिता	मोदिष्यते	मोदताम्
मुर्च्छ् (१प०,मूर्छितहोना)		मूर्च्छति	मुमूर्च्छ	मूर्च्छिता	मूर्च्छिष्यति	मूर्च्छतु
मुष् (९ प०, चुराना)		मुष्णाति	मुमोष	मोषिता	मोषिष्यति	मुष्णातु
मुह् (४प०,मोहमेंपड़ना)		मुह्यति	मुमोह	मोहिता	मोहिष्यति	मुह्यतु
मृ (६ आ०, मरना)		म्रियते	ममार	मर्ता	मरिष्यति	म्रियताम्
मृग (१० आ० ढूँढ़ना)		मृगयते	मृगयाञ्चक्रे	मृगयिता	मृगयिष्यते	मृगयताम्
मृज् (२ प०,साफकरना)		मार्ष्टि	ममार्ज	मर्जिता	मर्जिष्यति	मार्ष्टु

लङ्	विधिलिङ्	आशीर्लिङ्	लुङ्	लृङ्	णिच्	कर्मवाच्य
अमृज्यत	मृज्येत	मृज्यात	अमार्क्षीत्	अमार्क्ष्यत	मार्जयति	मृज्यते
अभ्राजत	भ्राजेत	भ्राजिषीष्ट	अभ्राजिष्ट	अभ्राजिष्यत	भ्राजयति	भ्राज्यते
अमण्डयत्	मण्डयेत्	मण्ड्यात्	अममण्डत्	अमण्डयिष्यत्	मण्डयति	मण्ड्यते
अमथ्यत	मथ्येत	मथ्यात्	अमथीत्	अमथिष्यत	माथयति	मथ्यते
अमाद्यत	माद्येत	मद्यात्	अमदीत्	अमदिष्यत	मादयति	मद्यते
अमन्यत	मन्येत	मसीष्ट	अमस्त	अमस्यत	मानयति	मन्यते
अमनुत	मन्वीत	मनिषीष्ट	अमत	अमनिष्यत	मानयति	मन्यते
अमन्त्रयत	मन्त्रयेत	मन्त्रयिषीष्ट	अममन्त्रत	अमन्त्रयिष्यत	मन्त्रयति	मन्त्र्यते
अमथ्नात्	मथ्नीयात्	मथ्यात्	अमन्थीत्	अमन्थिष्यत्	मन्थयति	मथ्यते
अमज्जत्	मज्जेत्	मज्ज्यात्	अमाङ्क्षीत्	अमङ्क्ष्यत्	मज्जयति	मज्ज्यते
अमह्यत	मह्येत	मह्यात	अमहीत	अमहिष्यत	माहयति	मह्यते
अमात	मायात	मेयात	अमासीत	अमास्यत	मापयति	मीयते
अमिमीत	मिमीत	मासीष्ट	अमास्त	अमास्यत	मापयति	मीयते
अमीमासत	मीमासेत	मीमासिषीष्ट	अमीमासिष्ट	अमीमासिष्यत	मीमासयति	मीमास्यते
अमानयत्	मानयेत्	मान्यात्	अमीमनत्	अमानयिष्यत	मानयति	मान्यते
अमार्गयत्	मार्गयेत्	मार्ग्यात्	अममार्गत्	अमार्गयिष्यत	मार्गयति	मार्ग्यते
अमार्जयत्	मार्जयेत	मार्ज्यात्	अममार्जत्	अमार्जयिष्यत	मार्जयति	मार्ज्यते
अमिलत्	मिलेत्	मिल्यात्	अमेलीत्	अमेलिष्यत	मेलयति	मिल्यते
अमिश्रयत्	मिश्रयेत्	मिश्र्यात्	अमिमिश्रत्	अमिश्रयिष्यत्	मिश्रयति	मिश्र्यते
अमेहत्	मेहेत्	मिह्यात्	अमिक्षत्	अमेक्ष्यत	मेहयति	मिह्यते
अमीलत्	मीलेत्	मील्यात्	अमीलीत्	अमेलिष्यत्	मीलयति	मील्यते
अमुञ्चत्	मुञ्चेत्	मुच्यात्	अमुचत्	अमोक्ष्यत	मोचयति	मुच्यते
अमुञ्चत	मुञ्चेत	मुक्षीष्ट	अमुक्त	अमोक्ष्यत	मोचयति	मुच्यते
अमोचयत	मोचयेत	मोच्यात	अमूमुचत	अमोचयिष्यत	मोचयति	मोच्यते
अमोदत	मोदेत	मोदिषीष्ट	अमोदिष्ट	अमोदिष्यत	मोदयति	मुद्यते
अमूर्च्छत	मूर्च्छेत	मूर्च्छ्यात	अमूर्च्छीत	अमूर्च्छिष्यत	मूर्च्छयति	मूर्च्छ्यते
अमुष्णात	मुष्णीयात	मुष्यात	अमोषीत	अमोषिष्यत	मोषयति	मुष्यते
अमुह्यत	मुह्येत	मुह्यात	अमुहत	अमोहिष्यत	मोहयति	मुह्यते
अम्रियत	म्रियेत	मृषीष्ट	अमृत	अमरिष्यत	मारयति	म्रियते
अमृगयत	मृगयेत	मृगयिषीष्ट	अममृगत	अमृगयिष्यत	मृगयति	मृग्यते
अमार्ट	मृज्यात्	मृज्यात्	अमार्जीत्	अमार्जिष्यत	मार्जयति	मृज्यते

धातु	अर्थ	लट्	लिट्	लुट्	लृट्	लोट्
मृज्	(१०उ०,साफ करना)	मार्जयति,ते	मार्जयाचकार	मार्जयिता	मार्जयिष्यति	मार्जयतु
मृष्	(१० उ०, क्षमा करना)	मर्षयति-ते	मर्षयाचकार	मर्षयिता	मर्षयिष्यति	मर्षयतु
म्ना	(१ प०, मानना)	आ + मनति	मम्नौ	म्नाता	म्नास्यति	मनतु
म्ले	(१ प०, मुरझाना)	म्लायति	मम्लौ	म्लाता	म्लास्यति	म्लायतु
यज्	(१ उ०, यज्ञ करना)	यजति-ते	इयाज	यष्टा	यक्ष्यति	यजतु
यत्	(१आ०,यत्न करना)	यतते	येते	यतिता	यतिष्यते	यतताम्
यन्त्र्	(१० उ०, नियमित०)	यन्त्रयति	यन्त्रयाचकार	यन्त्रयिता	यन्त्रयिष्यति	यन्त्रयतु
यम्	(१प०, संभोग करना)	यमति	ययाम	यन्था	यंस्यति	यमतु
यम्	(१ प०,रोकना)	नि + यच्छति	ययाम	यन्ता	यंस्यति	यच्छतु
यस्	(४प०,यत्न करना)	प्र + यस्यति	ययास	यसिता	यसिष्यति	यस्यतु
या	(२ प०, जाना)	याति	ययौ	याता	यास्यति	यातु
याच्	(१ उ०, माँगना)	प०-याचति	ययाच	याचिता	याचिष्यति	याचतु
		आ०—याचते	ययाचे	याचिता	याचिष्यते	याचताम्
यापि	(या + णिच्,वितानाना)	यापयति	यापयाचकार	यापयिता	यापयिष्यति	यापयतु
युज्	(४आ०,ध्यान लगाना)	युज्यते	युयुजे	योक्ता	योक्ष्यते	युज्यताम्
युज्	(७ उ०, मिलाना)	युनक्ति	युयोज	योक्ता	योक्ष्यति	युनक्तु
युज्	(१० उ०, लगाना)	योजयति-ते	योजयाञ्चकार	योजयिता	योजयिष्यति	योजयतु
युध्	(४ आ०, लड़ना)	युध्यते	युयुधे	योद्धा	योत्स्यते	युध्यताम्
रक्ष्	(१ प०, पालन करना)	रक्षति	ररक्ष	रक्षिता	रक्षिष्यति	रक्षतु
रच्	(१० उ०, बनाना)	रचयति-ते	रचयाञ्चकार	रचयिता	रचयिष्यति	रचयतु
रञ्ज्	(४ उ०, प्रसन्न होना)	रज्यति-ते	ररञ्ज	रङ्क्ता	रङ्क्ष्यति	रज्यतु
रट्	(१ प०, रटना)	रटति	रराट	रटिता	रटिष्यति	रटतु
रम्	(१ आ०, रमना)	रमते	रेमे	रन्ता	रंस्यते	रमताम्
	(वि+रम्, पर०)	विरमति	विरराम	विरन्ता	विरंस्यति	विरमतु
रस्	(१० उ०, स्वाद लेना)	रसयति-ते	रसयाञ्चकार	रसयिता	रसयिष्यति	रसयतु
राज्	(१ उ०, चमकना)	प०-राजति	रराज	राजिता	राजिष्यति	राजतु
		आ०—राजते	रेजे	राजिता	राजिष्यते	राजताम्
राध्	(५प०,पूरा करना)	आ + राध्नोति	रराध	राद्धा	रात्स्यति	राध्नोतु
रु	(२ प०, शब्द करना)	रौति	रुराव	रविता	रविष्यति	रौतु
रुच्	(१ आ०,अच्छा लगना)	रोचते	रुरुचे	रोचिता	रोचिष्यते	रोचताम्
रुद्	(२ प०, रोना	रोदिति	रुरोद	रोदिता	रोदिष्यति	रोदितु

लङ्	विधिलिङ्	आशीर्लिङ्	लुङ्	लृङ्	णिच्	कर्मवाच्य
अमार्जयत्	मार्जयेत्	मार्ज्यात्	अममार्जत्	अमार्जयिष्यत्	मार्जयति	मार्ज्यते
अमर्षयत्	मर्षयेत्	मर्ष्यात्	अममर्षत्	अमर्षयिष्यत्	मर्षयति	मर्ष्यते
अमनत्	मनेत्	म्नायात्	अम्नासीत्	अम्नास्यत्	म्नापयति	म्नायते
अम्लायत्	म्लायेत्	म्लायात्	अम्लासीत्	अम्लास्यत्	म्लापयति	म्लायते
अयजत्	यजेत्	इज्यात्	अयाक्षीत्	अयक्ष्यत्	याजयति	इज्यते
अयतत	यतेत	यतिषीष्ट	अयतिष्ट	अयतिष्यत	यातयति	यत्यते
अयन्त्रयत्	यन्त्रयेत्	यन्त्र्यात्	अययन्त्रत्	अयन्त्रयिष्यत्	यन्त्रयति	यन्त्र्यते
अयभत्	यभेत्	यभ्यात्	अयाप्सीत्	अयप्स्यत्	याभयति	यभ्यते
अयच्छत्	यच्छेत्	यम्यात्	अयसीत्	अयस्यत्	नि + यमयति	नि + यम्यते
अयस्यत्	यस्येत्	यस्यात्	अयसत्	अयसिष्यत्	आयासयते	यस्यते
अयात्	यायात्	यायात्	अयासीत्	अयास्यत्	यापयति	यायते
अयाचत्	याचेत्	याच्यात्	अयाचीत्	अयाचिष्यत्	याचयति	याच्यते
अयाचत	याचेत	याचिषीष्ट	अयाचिष्ट	अयाचिष्यत	याचयति	याच्यते
अयापयत्	यापयेत्	याप्यात्	अयीयपत्	अयापयिष्यत्	यापयति	याप्यते
अयुज्यत	युज्येत	युक्षीष्ट	अयुक्त	अयोक्ष्यत	योजयति	युज्यते
अयुनक्	युञ्ज्यात्	युज्यात्	अयुजत्	अयोक्ष्यत्	योजयति	युज्यते
अयोजयत्	योजयेत्	योज्यात्	अयूयुजत्	अयोजयिष्यत्	योजयति	योज्यते
अयुध्यत	युध्येत	युत्सीष्ट	अयुद्ध	अयोत्स्यत	योधयति	युध्यते
अरक्षत्	रक्षेत्	रक्ष्यात्	अरक्षीत्	अरक्षिष्यत्	रक्षयति	रक्ष्यते
अरचयत्	रचयेत्	रच्यात्	अररचत्	अरचयिष्यत्	रचयति	रच्यते
अरज्यत	रज्येत्	रज्यात्	अराङ्क्षीत्	अरङ्क्ष्यत्	रञ्जयति	रज्यते
अरटत्	रटेत्	रट्यात्	अरटीत्	अरटिष्यत्	राटयति	रट्यते
अरमत	रमेत	रसीष्ट	अरस्त	अरस्यत	रमयति	रम्यते
व्यरमत्	विरमेत्	विरम्यात्	व्यरसीत्	व्यरस्यत्	विरमयति	विरम्यते
अरसयत्	रसयेत्	रस्यात्	अररसत्	अरसयिष्यत्	रसयति	रस्यते
अराजत्	राजेत्	राज्यात्	अराजीत्	अराजिष्यत्	राजयति	राज्यते
अराजत	राजेत	राजिषीष्ट	अराजिष्ट	अराजिष्यत	राजयति	राज्यते
अराध्नोत्	राध्नुयात्	राध्यात्	अरात्सीत्	अरात्स्यत्	राधयति	राध्यते
अरौत्	रुयात्	रूयात्	अरावीत्	अरविष्यत्	रावयति	रूयते
अरोचत	रोचेत	रोचिषीष्ट	अरोचिष्ट	अरोचिष्यत	रोचयते	रुच्यते
अरोदीत्	रुद्यात्	रुद्यात्	अरुदत्	अरोदिष्यत	रोदयति	रुद्यते

धातु	अर्थ	लट्	लिट्	लुट्	लृट्	लोट्
रुध् (७उ०,रोकना)	प०–	रुणद्धि	रुरोध	रोद्धा	रोत्स्यति	रुणद्धु
	आ०–	रुन्धे	रुरुधे	रोद्धा	रोत्स्यते	रुन्धाम्
रुष् (४प०,हिंसाकरना)		रुष्यति	रुरोष	रोषिता(ष्टा)	रोषिष्यति	रुष्यतु
रुह् (१ प०, उगना)		रोहति	रुरोह	रोढा	रोक्ष्यति	रोहतु
रूप् (१०उ०,रूपबनाना)		रूपयति-ते	रूपयाचकार	रूपयिता	रूपयिष्यति	रूपयतु
लक्ष् (१० उ०, देखना)		लक्षयति-ते	लक्षयांचकार	लक्षयिता	लक्षयिष्यति	लक्षयतु
लग् (१ प०, लगना)		लगति	ललाग	लगिता	लगिष्यति	लगतु
लङ्घ् (१आ०,लाँघना)	उत्+	लङ्घते	ललङ्घे	लङ्घिता	लङ्घिष्यते	लङ्घताम्
लङ्घ् (१०उ०,लाँघना)		लङ्घयति-ते	लङ्घयाचकार	लङ्घयिता	लङ्घयिष्यति	लङ्घयतु
लड् (१०उ०,प्यारकरना)		लाडयति-ते	लाड-यांचकार	लाडयिता	लाडयिष्यति	लाडयतु
लप् (१ प०, बोलना)		लपति	ललाप	लपिता	लपिष्यति	लपतु
लभ् (१ आ०, पाना)		लभते	लेभे	लब्धा	लप्स्यते	लभताम्
लम्ब् (१आ०,लटकना)		लम्बते	ललम्बे	लम्बिता	लम्बिष्यते	लम्बताम्
लष् (१ उ०, चाहना)		लषति-ते	ललाष	लषिता	लषिष्यति	लषतु
लस् (१प०,शोभितहोना)	वि+	लसति	ललास	लसिता	लसिष्यति	लसतु
लज्ज् (लज्ज्,६आ०,लज्जित०)		लज्जते	ललज्जे	लज्जिता	लज्जिष्यते	लज्जताम्
लिख् (६ प०, लिखना)		लिखति	लिलेख	लेखिता	लेखिष्यति	लिखतु
लिङ्ग (आ+, १ प०, आलिंगन०)		आलिंगति	आलिलिंग	आलिंगिता	आलिंगिष्यति	आलिंगतु
लिप् (६ उ०, लीपना)		लिम्पति-ते	लिलेप	लेप्ता	लेप्स्यति	लिम्पतु
लिह् (२ उ०, चाटना)		लेढि	लिलेह	लेढा	लेक्ष्यति	लेढु
ली (४आ०,लीनहोना)		लीयते	लिल्ये	लेता	लेष्यति	लीयताम्
लुट् (१ प०, लोटना)		लोटति	लुलोट	लोटिता	लोटिष्यति	लोटतु
लुड् (१प०,विलोना)	आ+	लोडति	लुलोड	लोडिता	लोडिष्यति	लोडतु
लुप् (४ प०, लुप्त होना)		लुप्यति	लुलोप	लोपिता	लोपिष्यति	लुप्यतु
लुप् (६ उ०,नष्ट करना)		लुम्पति-ते	लुलोप	लोप्ता	लोप्स्यति	लुम्पतु
लुभ् (४प०,लोभ करना)		लुभ्यति	लुलोभ	लोभिता	लोभिष्यति	लुभ्यतु
लू (९ उ० काटना)		लुनाति	लुलाव	लविता	लविष्यति	लुनातु
लोक् (१ आ०, देखना)		लोकते	लुलोके	लोकिता	लोकिष्यते	लोकताम्
लोक् (१० उ०, देखना)	आ+	लोकयति-ते	लोकयाञ्चकार	लोकयिता	लोकयिष्यति	लोकयतु
लोच् (१०उ०,देखना)	आ+	लोकयति	लोकयाञ्चकार	लोकयिता	लोकयिष्यति	लोकयतु
वच् (१० उ०, बाँचना)		वाचयति	वाचयाचकार	वाचयिता	वाचयिष्यति	वाचयतु
वञ्च् (१० आ०, ठगना)		वञ्चयते	वञ्चयाचके	वञ्चयिता	वञ्चयिष्यते	वञ्चयताम्

लङ्	विधिलिङ्	आशीर्लिङ्	लुङ्	लृङ्	णिच्	कर्मवाच्य
अरुणत्	रुन्ध्यात्	रुध्यात्	अरुधत्	अरोत्स्यत्	रोधयति	रुध्यते
अरुन्ध	रुन्धीत्	रुत्सीष्ट	अरुद्ध	अरोत्स्यत	रोधयति	रुध्यते
अरुष्यत्	रुष्यत्	रुषात्	अरुषत्	अरोषिष्यत्	रोषयति	रुष्यते
अरोहत्	रोहेत्	रुह्यात्	अरुक्षत्	अरोक्ष्यत्	रोहयति	रुह्यते
अरूपयत्	रूपयेत्	रूप्यात्	अरुरूपत्	अरूपयिष्यत्	रूपयति	रूप्यते
अलक्षयत्	लक्षयेत्	लक्ष्यात्	अललक्षत्	अलक्षयिष्यत्	लक्षयति	लक्ष्यते
अलगत्	लगेत्	लग्यात्	अलगीत्	अलगिष्यत्	लगयति	लग्यते
अलघत	लघेत	लघिषीष्ट	अलघिष्ट	अलघिष्यत	लघयति	लघ्यते
अलघयत्	लघयेत्	लघ्यात्	अललघत्	अलघयिष्यत्	लघयति	लघ्यते
अलाडयत्	लाडयेत्	लाड्यात्	अलीलडत्	अलाडयिष्यत्	लाडयति	लाड्यते
अलपत्	लपेत्	लप्यात्	अलपीत्	अलपिष्यत	लापयति	लप्यते
अलभत	लभेत	लप्सीष्ट	अलब्ध	अलप्स्यत	लम्भयति	लभ्यते
अलम्बत	लम्बेत	लम्बिषीष्ट	अलम्बिष्ट	अलम्बिष्यत	लम्बयति	लम्ब्यते
अलषत्	लषेत्	लष्यात्	अलषीत्	अलषिष्यत्	लाषयति	लष्यते
अलसत्	लसेत्	लस्यात्	अलसीत्	अलसिष्यत	लासयति	लस्यते
अलजत	लजेत	लजिषीष्ट	अलजिष्ट	अलजिष्यत	लजयति	लज्ज्यते
अलिखत्	लिखेत्	लिख्यात्	अलेखीत्	अलेखिष्यत्	लेखयति	लिख्यते
आलिंगत्	आलिंगेत्	आलिंग्यात्	आलिंगीत्	आलिंगिष्यत्	आलिंगयति	आलिंग्यते
अलिम्पत्	लिम्पेत्	लिप्यात्	अलिपत्	अलेप्स्यत्	लेपयति	लिप्यते
अलेट्	लिह्यात्	लिह्यात्	अलिक्षत्	अलेक्ष्यत्	लेहयति	लिह्यते
अलीयत	लीयेत	लेषीष्ट	अलेष्ट	अलेष्यत्	लाययति	लीयते
अलोटत्	लोटेत्	लुट्यात्	अलोटीत्	अलोटिष्यत	लोटयति	लुट्यते
अलोडत	लोडेत	लुड्यात्	अलोडीत्	अलोडिष्यत्	लोडयति	लुड्यते
अलुपत्	लुपेत्	लुप्यात्	अलुपत्	अलोपिष्यत	लोपयति	लुप्यते
अलुम्पत्	लुम्पेत्	लुप्यात्	अलुपत्	अलोप्स्यत	लोपयति	लुप्यते
अलुभ्यत	लुभ्येत	लुभ्यात्	अलोभीत्	अलोभिष्यत	लोभयति	लुभ्यते
अलुनात	लुनीयात	लूयात्	अलावीत्	अलविष्यत	लावयति	लूयते
अलोकत	लोकेत	लोकिषीष्ट	अलोकिष्ट	अलोकिष्यत	लोकयति	लोक्यते
अलोकयत्	लोकयेत्	लोक्यात्	अलुलोकत्	अलोकयिष्यत्	लोकयति	लोक्यते
अलोचयत्	लोचयेत्	लोच्यात्	अलुलोचत	अलोचयिष्यत्	लोचयति	लोच्यते
अवाचयत्	वाचयेत्	वाच्यात्	अवीवचत	अवाचयिष्यत	वाचयति	वाच्यते
अवञ्चयत	वञ्चयेत	वञ्चयिषीष्ट	अववञ्चत	अवञ्चयिष्यत	वञ्चयति	वञ्च्यते

धातु	अर्थ	लट्	लिट्	लुट्	लृट्	लोट्
वद्	(१ प०, बोलना)	वदति	उवाद	वदिता	वदिष्यति	वदतु
वन्द्	(१ आ०, प्रणाम०)	वन्दते	ववन्दे	वन्दिता	वन्दिष्यते	वन्दताम्
वप्	(१ उ०, बोना)	वपति-ते	उवाप	वप्ता	वप्स्यति	वपतु
वम्	(१ प०, उगलना)	वमति	ववाम	वमिता	वमिष्यति	वमतु
वस्	(१ प०, रहना)	वसति	उवास	वस्ता	वत्स्यति	वसतु
वह्	(१ उ०, ढोना)	वहति-ते	उवाह	वोढा	वक्ष्यति	वहतु
वा	(२ प०, हवा चलना)	वाति	ववौ	वाता	वास्यति	वातु
वाञ्छ्	(१ प०, चाहना)	वाञ्छति	ववाञ्छ	वाञ्छिता	वाञ्छिष्यति	वाञ्छतु
विद्	(२ प०, जानना)	वेत्ति	विवेद	वेदिता	वेदिष्यति	वेत्तु
विद्	(४ आ०, होना)	विद्यते	विविदे	वेत्ता	वेत्स्यते	विद्यताम्
विद्	(६ उ०, पाना)	विन्दति-ते	विवेद	वेदिता	वेदिष्यति	विन्दतु
विद्	(१० आ०, कहना)	नि + वेदयते	वेदयाञ्चक्रे	वेदयिता	वेदयिष्यते	वेदयताम्
विश्	(६ प०, घुसना)	प्र + विशति	विवेश	वेष्टा	वेक्ष्यति	विशतु
विष्ल्	(५ उ०, व्याप्त होना)	वेवेष्टि	विवेष	वेष्टा	वेक्ष्यति	वेवेष्टु
वीज्	(१० उ०, पंखा हिलाना)	वीजयति-ते	वीजयाञ्चकार	वीजयिता	वीजयिष्यति	वीजयतु
वृ	(५ उ० चुनना)	वृणोति	ववार	वरिता	वरिष्यति	वृणातु
वृ	(९ आ०, छाँटना)	वृणीते	वव्रे	वरिता	वरिष्यते	वृणीताम्
वृ	(१० उ०, हटाना, ढकना)	वारयति-ते	वारयाञ्चकार	वारयिता	वारयिष्यति	वारयतु
वृज्	१० उ०, छोड़ना)	वर्जयति-ते	वर्जयाञ्चकार	वर्जयिता	वर्जयिष्यति	वर्जयतु
वृत्	(१ आ०, होना)	वर्तते	ववृते	वर्तिता	वर्तिष्यते	वर्तताम्
वृध्	(१ आ०, बढ़ना)	वर्धते	ववृधे	वर्धिता	वर्धिष्यते	वर्धताम्
वृष्	(१ प०, बरसना)	वर्षति	ववर्ष	वर्षिता	वर्षिष्यति	वर्षतु
वे	(१ उ०, बुनना)	वयति-ते	ववौ	वाता	वास्यति	वयतु
वेप्	(१ आ०, काँपना)	वेपते	विवेपे	वेपिता	वेपिष्यते	वेपताम्
वेष्ट्	(१ आ० घेरना)	वेष्टते	विवेष्टे	वेष्टिता	वेष्टिष्यते	वेष्टताम्
व्यथ्	(१ आ०, दुःखित होना)	व्यथते	विव्यथे	व्यथिता	व्यथिष्यते	व्यथताम्
व्यध्	(४ प०, बींधना)	विध्यति	विव्याध	व्यद्धा	व्यत्स्यति	विध्यतु
व्रज्	(१ प०, जाना)	परि + व्रजति	वव्राज	व्रजिता	व्रजिष्यति	व्रजतु
शक्	(५ प०, सकना)	शक्नोति	शशाक	शक्ता	शक्ष्यति	शक्नोतु
शङ्क्	(१ आ०, शका करना)	शङ्कते	शशङ्के	शङ्किता	शङ्किष्यते	शङ्कताम्
शप्	(१ उ०, शाप देना)	शपति-ते	शशाप	शप्ता	शप्स्यति	शपतु
शम्	(४ प०, शान्त होना)	शाम्यति	शशाम	शमिता	शमिष्यति	शाम्यतु
शंस्	(१ प०, प्रशंसा करना)	प्र + शंसति	शशंस	शंसिता	शंसिष्यति	शंसतु
शान्	(१ उ०, तेज करना)	शोशांसति	शोशासाञ्चकार	शोशासिता	शोशासिष्यति	शोशासतु

लङ्	विधिलिङ्	आशीर्लिङ्	लुङ्	लृङ्	णिच्	कर्मवाच्य
अवदत्	वदेत्	उद्यात्	अवादीत्	अवदिष्यत्	वादयति	उद्यते
अवन्दत	वन्देत	वन्दिषीष्ट	अवन्दिष्ट	अवन्दिष्यत	वन्दयति	वन्द्यते
अवपत्	वपेत्	उप्यात्	अवाप्सीत्	अवप्स्यत्	वापयति	उप्यते
अवमत्	वमेत्	वम्यात्	अवमीत्	अवमिष्यत्	वमयति	वम्यते
अवसत्	वसेत्	उष्यात्	अवात्सीत्	अवत्स्यत्	वासयति	उष्यते
अवहत्	वहेत्	उह्यात्	अवाक्षीत्	अवक्ष्यत्	वहयति	उह्यते
अवात्	वायात्	वायात्	अवासीत्	अवास्यत्	वायति	वायते
अवान्छत्	वान्छेत्	वान्छ्यात्	अवान्छीत्	अवान्छिष्यत्	वान्छयति	वान्छ्यते
अवेत्	विद्यात्	विद्यात्	अवेदीत्	अवेदिष्यत्	वेदयति	विद्यते
अविद्यत	विद्येत	वित्सीष्ट	अवित्त	अवेत्स्यत	वेदयति	विद्यते
अविन्दत्	विन्देत्	विद्यात्	अविदत्	अवेदिष्यत्	वेदयति	विद्यते
अवेदयत	वेदयेत	वेदिषीष्ट	अवीविदत	अवेदयिष्यत	वेदयति	वेद्यते
अविशत्	विशेत्	विश्यात्	अविक्षत्	अवेक्ष्यत्	वेशयति	विश्यते
अवेवेट्	वेविष्यात्	विष्यात्	अविषत्	अवक्ष्यत	वेषयति	विष्यते
अवीजयत	वीजयेत्	वीज्यात्	अवीविजत्	अवीजयिष्यत	वीजयति	वीज्यते
अवृणीत	वृणुयात्	व्रियात्	अवारीत्	अवरिष्यत्	वारयति	व्रियते
अवृणीत	वृणीत	वृषीष्ट	अवरिष्ट	अवरिष्यत	वारयति	व्रियते
अवारयत	वारयेत्	वार्यात्	अवीवरत्	अवारयिष्यत	वारयति	वार्यते
अवर्जयत	वर्जयेत्	वर्ज्यात्	अवीवृजत्	अवर्जयिष्यत	वर्जयति	वर्ज्यते
अवर्तत	वर्तेत	वर्तिषीष्ट	अवर्तिष्ट	अवर्तिष्यत	वर्तयति	वृत्यते
अवर्धत	वर्धेत	वर्धिषीष्ट	अवर्धिष्ट	अवर्धिष्यत	वर्धयति	वृध्यते
अवर्षत्	वर्षेत्	वृष्यात्	अवर्षीत्	अवर्षिष्यत्	वर्षयति	वृष्यते
अवयत्	वयेत्	ऊयात्	अवासीत्	अवास्यत्	वायति	ऊयते
अवेषत	वेषेत	वेषिषीष्ट	अवेषिष्ट	अवेषिष्यत	वेषयति	वेष्यते
अवेष्टत	वेष्टेत	वेष्टिषीष्ट	अवेष्टिष्ट	अवेष्टिष्यत	वेष्टयति	वेष्ट्यते
अव्यथत	व्यथेत	व्यथिषीष्ट	अव्यथिष्ट	अव्यथिष्यत	व्यथयति	व्यथ्यते
अविध्यत्	विध्येत्	विध्यात्	अव्यात्सीत्	अव्यत्स्यत्	व्यावयति	विध्यते
अव्रजत्	व्रजेत्	व्रज्यात्	अव्राजीत्	अव्रजिष्यत्	व्राजयति	व्रज्यते
अशक्नोत्	शक्नुयात्	शक्यात्	अशकत्	अशक्ष्यत्	शाकयति	शक्यते
अशकत	शकेत	शकिषीष्ट	अशकिष्ट	अशकिष्यत	शकयति	शक्यते
अशपत्	शपेत्	शप्यात्	अशाप्सीत्	अशप्स्यत्	शपयति	शप्यते
अशाम्यत्	शाम्येत्	शम्यात्	अशमत्	अशमिष्यत्	शमयति	शम्यते
अशसत्	शसेत्	शस्यात्	अशसीत्	अशंसिष्यत्	शंसयति	शस्यते
अशीशसत्	शीशसेत्	शीशस्यात्	अशीशंसीत्	अशीशंसिष्यत्	शीशंसयिषीशंस्यते	

धातु	अर्थ	लट्	लिट्	लुट्	लृट्	लोट्
शास्	(२ प०, शिक्षा देना)	शास्ति	शशास	शास्ता	शास्यिष्यति	शास्तु
शिक्ष्	(१ आ०, सीखना)	शिक्षते	शिशिक्षे	शिक्षिता	शिक्षिष्यते	शिक्षताम्
शी	(२ आ०, सोना)	शेते	शिश्ये	शयिता	शयिष्यते	शेताम्
शुच्	(१ प०, शोक करना)	शोचति	शुशोच	शोचिता	शोचिष्यति	शोचतु
शुध्	(४ प०, शुद्ध होना)	शुध्यति	शुशोध	शोद्धा	शोत्स्यति	शुध्यतु
शुभ्	(१ आ०, चमकना)	शोभते	शुशुभे	शोभिता	शोभिष्यते	शोभताम्
शुष्	(४ प०, सूखना)	शुष्यति	शुशोष	शोष्टा	शोक्ष्यति	शुष्यतु
शॄ	(६ प०, नष्ट करना)	शृणाति	शशार	शरिता	शरिष्यति	शृणातु
शो	(४ प०, छीलना)	श्यति	शशौ	शाता	शास्यति	श्यतु
श्चुत्	(१ प०, चूना)	श्चोतति	चुश्चोत	श्चोतिता	श्चोतिष्यति	श्चोततु
श्रम्	(४ प०, श्रम करना)	श्राम्यति	शश्राम	श्रमिता	श्रमिष्यति	श्राम्यतु
श्रि	(१ उ०, आश्रय लेना)	आश्रयति-ते	शिश्राय	श्रयिता	श्रयिष्यति	श्रयतु
श्रु	(१ प०, सुनना)	शृणोति	शुश्राव	श्रोता	श्रोष्यति	शृणोतु
श्लाघ्	(१ आ०,प्रशंसा करना)	श्लाघते	शश्लाघे	श्लाघिता	श्लाघिष्यते	श्लाघताम्
श्लिष्	(४ प०, आलिंगन०)	श्लिष्यति	शिश्लेष	श्लेष्टा	श्लेक्ष्यति	श्लिष्यतु
श्वस्	(२ प०, साँस लेना)	श्वसिति	शश्वास	श्वसिता	श्वसिष्यति	श्वसितु
ष्ठीव्	(१ प०, थूकना) नि +	ष्ठीवति	तिष्ठेव	ष्ठेविता	ष्ठेविष्यति	ष्ठीवतु
सञ्ज्	(१ प०, मिलना)	सजति	ससञ्ज	सङ्क्ता	सङ्क्ष्यति	सजतु
सद्	(१ प०, बैठना) नि +	सीदति	ससाद	सत्ता	सत्स्यति	सीदतु
सह्	(१ आ०, सहना)	सहते	सेहे	सहिता	सहिष्यते	सहताम्
साध्	(५ प०, पूरा करना)	साध्नोति	ससाध	साद्धा	सात्स्यति	साध्नोतु
सान्त्व्	(१०उ०,धैर्यबँधाना)	सान्त्वयति	सान्त्वयांचकार	सान्त्वयिता	सान्त्वयिष्यति	सान्त्वयतु
सि	(५ उ०, बाँधना)	सिनोति	सिषाय	सेता	सेष्यति	सिनोतु
सिच्	(६ उ०, सींचना)	सिञ्चति-ते	सिषेच	सेक्ता	सेक्ष्यति	सिञ्चतु
सिध्	(४ प०, पूरा होना)	सिध्यति	सिषेध	सेद्धा	सेत्स्यति	सिध्यतु
सिव्	(४ प०, सीना)	सीव्यति	सिषेव	सेविता	सेविष्यति	सीव्यतु
सु	(५ उ०, निचोड़ना)	सुनोति	सुषाव	सोता	सोष्यति	सुनोतु
सू	(२ आ०, जन्म देना)	सूते	सुषुवे	सविता	सविष्यते	सूताम्
सूच्	(१० उ०,सूचना देना)	सूचयति	सूचयांचकार	सूचयिता	सूचयिष्यति	सूचयतु
सूद्	(१०उ०,संचित करना)	सूदयति	सूदयांचकार	सूदयिता	सूदयिष्यति	सूदयतु
सृ	(१ प०, सरकना)	सरति	ससार	सर्ता	सरिष्यति	सरतु
सृज्	(६ प०, बनाना)	सृजति	ससर्ज	स्रष्टा	स्रक्ष्यति	सृजतु

लङ्	विधिलिङ्	आशीर्लिङ्	लुङ्	लृङ्	णिच्	कर्मवाच्य
अशात्	शिष्यात्	शिष्यात्	अशिषत्	अशासिष्यत्	शासयति	शिष्यते
अशिक्षित	शिक्षेत	शिक्षिषीष्ट	अशिक्षिष्ट	अशिक्षिष्यत	शिक्षयति	शिक्ष्यते
अशेत	शयीत	शयिषीष्ट	अशयिष्ट	अशयिष्यत	शाययति	शय्यते
अशोचत्	शोचेत्	शुच्यात्	अशोचीत्	अशोचिष्यत्	शोचयति	शुच्यते
अशुध्यत्	शुध्येत्	शुध्यात्	अशुधत्	अशोत्स्यत्	शोधयति	शुध्यते
अशोभत	शोभेत	शोभिषीष्ट	अशोभिष्ट	अशोभिष्यत	शोभयति	शुभ्यते
अशुष्यत्	शुष्येत्	शुष्यात्	अशुषत्	अशोक्ष्यत्	शोषयति	शुष्यते
अशृणात्	शृणीयात्	शीर्यात्	अशारात्	अशरिष्यत्	शारयति	शीर्यते
अश्यत्	श्येत्	शायात्	अशासीत्	अशास्यत्	शाययति	शायते
अश्नोतत्	श्नोतेत्	श्नुत्यात्	अश्नोतीत्	अश्नातिष्यत्	श्नोतयति	श्नुत्यते
अश्राम्यत	श्राम्येत	श्रम्यात्	अश्रमत	अश्रमिष्यत	श्रमयति	श्रम्यते
अश्रयत	श्रयेत	श्रीयात्	अशिश्रियत	अश्रयिष्यत	श्रापयति	श्रीयते
अश्रृणोत	श्रृणुयात	श्रूयात्	अश्रौषीत	अश्रोष्यत	श्रावयति	श्रूयते
अश्लाघत	श्लाघेत	श्लाघिषीष्ट	अश्लाघिष्ट	अश्लाघिष्यत	श्लाघयति	श्लाघ्यते
अश्लिष्यत	श्लिष्येत	श्लिष्यात	अश्लिक्षत	अश्लेक्ष्यत	श्लेषयति	श्लिष्यते
अश्वसीत	श्वस्यात	श्वस्यात	अश्वसीत	अश्वसिष्यत	श्वासयति	श्वस्यते
अष्ठीवत	ष्ठीवेत	ष्ठीव्यात	अष्ठेवीत	अष्ठेविष्यत	ष्ठेवयति	ष्ठीव्यते
असजत	सजेत	सज्यात	असाङ्क्षीत	असङ्क्ष्यत	सञ्जयति	सज्यते
असीदत	सीदेत	सद्यात	असदत	असत्स्यत	सादयति	सद्यते
असहत	सहेत	सहिषीष्ट	असहिष्ट	असहिष्यत	साहयति	सह्यते
असाध्नोत	साध्नुयात	साध्यात	असात्सीत	असात्स्यत	साधयति	साध्यते
असान्त्वयत	सान्त्वयेत	सान्त्व्यात	अससान्त्वत	असान्त्वयिष्यत	सान्त्वयति	सान्त्व्यते
असिनोत	सिनुयात	सीयात	असैषीत	असेष्यत	सापयति	सीयते
असिचत्	सिंचेत	सिच्यात	असिचत	असेक्ष्यत	सेचयति	सिच्यते
असिध्यत	सिध्येत	सिध्यात	असिधत	असेत्स्यत	साधयति	सिध्यते
असीव्यत	सीव्येत	सीव्यात	असेवीत	असेविष्यत	सेवयति	सीव्यते
असुनोत	सुनुयात	सूयात	असावीत	असोष्यत	सावयति	सूयते
असूत	सुवीत	सविषीष्ट	असविष्ट	असविष्यत	सावयति	सूयते
असूचयत	सूचयेत	सूच्यात	असूसूचत	असूचयिष्यत	सूचयति	सूच्यते
असूत्रयत	सूत्रयेत	सूत्र्यात	असुसूत्रत	असूत्रयिष्यत	सूत्रयति	सूत्र्यते
असरत	सरेत	स्रियात	असार्षीत	असरिष्यत	सारयति	स्रियते
असृजत	सृजेत	सृज्यात	असाक्षीत	असक्ष्यत	स्रष्टयति	सृज्यते

धातु	अर्थ	लट्	लिट्	लुट्	लृट्	लोट्
सेव्	(१ आ०, सेवा करना)	सेवते	सिषेवे	सेविता	सेविष्यते	सेवताम्
सो	(४ प०, नष्ट होना) अव +	स्यति	सस्यौ	सात्ता	सास्यति	स्यतु
स्खल्	(१ प०, गिरना)	स्खलति	चस्खाल	स्खलिता	स्खलिष्यति	स्खलतु
स्तु	(२ उ०, स्तुति करना)	स्तौति	तुष्टाव	स्तोता	स्तोष्यति	स्तौतु
स्तृ	(९ उ०, ढकना, फैलाना)	स्तृणाति	तस्तार	स्तरिता	स्तरिष्यति	स्तृणातु
स्था	(१ प०, रुकना)	तिष्ठति	तस्थौ	स्थाता	स्थास्यति	तिष्ठतु
स्ना	(२ प०, नहाना)	स्नाति	सस्नौ	स्नाता	स्नास्यति	स्नातु
स्निह्	(४ प०, स्नेह करना)	स्निह्यति	सिष्णेह	स्नेहिता	स्नेहिष्यति	स्निह्यतु
स्पन्द्	(१ आ०, फड़कना)	स्पन्दते	पस्पन्दे	स्पन्दिता	स्पन्दिष्यते	स्पन्दताम्
स्पर्ध्	(१ आ०, स्पर्धा करना)	स्पर्धते	पस्पर्धे	स्पर्धिता	स्पर्धिष्यते	स्पर्धताम्
स्पृश्	(६ प०, छूना)	स्पृशति	पस्पर्श	स्प्रष्टा	स्प्रक्ष्यति	स्पृशतु
स्पृह्	(१० उ०, चाहना)	स्पृहयति	स्पृहयांचकार	स्पृहयिता	स्पृहयिष्यति	स्पृहयतु
स्फुट्	(६ प०, खिलना)	स्फुटति	पुस्फोट	स्फुटिता	स्फुटिष्यति	स्फुटतु
स्फुर्	(६ प०, फड़कना)	स्फुरति	पुस्फोर	स्फुरिता	स्फुरिष्यति	स्फुरतु
स्मि	(१ आ०, मुस्कराना)	स्मयते	सिस्मिये	स्मेता	स्मेष्यते	स्मयताम्
स्मृ	(१ प०, सोचना)	स्मरति	सस्मार	स्मर्ता	स्मरिष्यति	स्मरतु
स्यन्द्	(१ आ०, बहना)	स्यन्दते	सस्यन्दे	स्यन्दिता	स्यन्दिष्यते	स्यन्दताम्
स्रंस्	(१ आ०, सरकाना)	स्रसते	सस्रंसे	स्रंसिता	स्रंसिष्यते	स्रसताम्
स्रु	(१ प०, चूना, निकलना)	स्रवति	सुस्राव	स्रोता	स्रोष्यति	स्रवतु
स्वद्	(१ उ०, स्वाद लेना)	आस्वादयति	स्वादयाचकार	स्वादयिता	स्वादयिष्यति	स्वादयतु
स्वप्	(२ प०, सोना)	स्वपिति	सुष्वाप	स्वप्ता	स्वप्स्यति	स्वपितु
हन्	(२ प०, मारना)	हन्ति	जघान	हन्ता	हनिष्यति	हन्तु
हस्	(१ प०, हँसना)	हसति	जहास	हसिता	हसिष्यति	हसतु
हा	(३ प०, छोड़ना)	जहाति	जहौ	हाता	हास्यति	जहातु
हिंस्	(७ प०, हिंसा करना)	हिनस्ति	जिहिंस	हिंसिता	हिंसिष्यति	हिनस्तु
हु	(३ प०, यज्ञ करना)	जुहोति	जुहाव	होता	होष्यति	जुहोतु
हृ	(१ उ०, लेजाना, चुराना)	हरति-ते	जहार	हर्ता	हरिष्यति	हरतु
हृष्	(४ प०, खुश होना)	हृष्यति	जहर्ष	हर्षिता	हर्षिष्यति	हृष्यतु
हु	(२ आ०, छिपाना) अप +	हुते	जुहुवे	होता	होष्यते	हुताम्
ह्रस्	(१ प०, कम होना)	ह्रसति	जह्रास	ह्रसिता	ह्रसिष्यति	ह्रसतु
ह्री	(३ प०, लजाना)	जिह्रेति	जिह्राय	ह्रेता	ह्रेष्यति	जिह्रेतु
ह्वे	(१ उ०, आ + बुलाना)	आह्वयति	आजुहाव	आह्वाता	आह्वास्यति	आह्वयतु

लङ्	विधिलिङ्	आशीर्लिङ्	लुङ्	लृङ्	णिच्	कर्मवाच्य
असेवत	सेवेत	सेविषीष्ट	असेविष्ट	असेविष्यत	सेवयति	सेव्यते
अस्यत	स्येत	सेयात	असासीत्	असास्यत	साययति	सीयते
अस्खलत	स्खलेत	स्खल्यात	अस्खालीत	अस्खलिष्यत	स्खलति	स्खल्यते
अस्तौत	स्तुयात	स्तूयात	अस्तावीत	अस्तोष्यत	स्तावयति	स्तूयते
अस्तृणात	स्तृणीयात	स्तीर्यात	अस्तारीत	अस्तरिष्यत	स्तारयति	स्तीर्यते
अतिष्ठत	तिष्ठेत	स्थेयात	अस्थात	अस्थास्यत	स्थापयति	स्थीयते
अस्नात	स्नायात	स्नायात	अस्नासीत	अस्नास्यत	स्नपयति	स्नायते
अस्निह्यत	स्निह्येत	स्निह्यात	अस्निहत	अस्नेहिष्यत	स्नेहयति	स्निह्यते
अस्पन्दत	स्पन्देत	स्पन्दिषीष्ट	अस्पन्दिष्ट	अस्पन्दिष्यत	स्पन्दयति	स्पन्द्यते
अस्पर्धत	स्पर्धेत	स्पर्धिषीष्ट	अस्पर्धिष्ट	अस्पर्धिष्यत	स्पर्धयति	स्पर्ध्यते
अस्पृशत	स्पृशेत	स्पृश्यात	अस्प्राक्षीत	अस्प्रक्ष्यत	स्पर्शयति	स्पृश्यते
अस्पृहयत	स्पृहयेत	स्पृह्यात	अपस्पृहत	अस्पृहयिष्यत	स्पृहयति	स्पृह्यते
अस्फुटत	स्फुटेत	स्फुट्यात	अस्फुटीत	अस्फुटिष्यत	स्फोटयति	स्फुट्यते
अस्फुरत	स्फुरेत	स्फूर्यात	अस्फुरीत	अस्फुरिष्यत	स्फारयति	स्फूर्यते
अस्मयत	स्मयेत	स्मेषीष्ट	अस्मेष्ट	अस्मेष्यत	स्मापयति	स्मीयते
अस्मरत	स्मरेत	स्मर्यात	अस्मार्षीत	अस्मरिष्यत	स्मारयति	स्मर्यते
अस्यन्दत	स्यन्देत	स्यन्दिषीष्ट	अस्यन्दिष्ट	अस्यन्दिष्यत	स्यन्दयति	स्यद्यते
अस्वसत	स्वसेत	स्वसिषीष्ट	अस्वसिष्ट	अस्वसिष्यत	स्वसयति	स्वस्यते
अस्वनत	स्वनेत	स्वन्यात	असुस्वनत	अस्वनिष्यत	स्वानयति	स्वन्यते
अस्वादयत	स्वादयेत	स्वाद्यात	अस्वादिष्यदत	अस्वादयिष्यत	स्वादयति	स्वाद्यते
अस्वपीत	स्वप्यात	सुप्यात	अस्वाप्सीत	अस्वप्स्यत	स्वापयति	सुप्यते
अहन	हन्यात	वध्यात	अवधीत	अहनिष्यत	घातयति	हन्यते
अहसत	हसेत	हस्यात	अहसीत	अहसिष्यत	हासयति	हस्यते
अजहात	जह्यात	हेयात	अहासीत	अहास्यत	हापयति	हीयते
अहिनत	हिंस्यात	हिंस्यात	अहिंसीत	अहिंसिष्यत	हिंसयति	हिंस्यते
अजुहोत	जुहुयात	हूयात	अहौषीत	अहोष्यत	हावयति	हूयते
अहरत	हरेत	ह्रियात	अहार्षीत	अहरिष्यत	हारयति	ह्रियते
अहृष्यत	हृष्येत	हृष्यात	अहृषत	अहर्षिष्यत	हर्षयति	हृष्यते
अहुत	हुवीत	होषीष्ट	अहोष्ट	अहोष्यत	ह्वावयति	हूयते
अहसत	हसेत	हस्यात	अहासीत	अहसिष्यत	हासयति	हस्यते
अजिहेत	जिहीयात	हीयात	अहैषीत	अहेष्यत	हेपयति	हीयते
आह्वयत	आह्वयेत	आहूयात	आह्वत	आह्वास्यत	आह्वाययति	आहूयते

कृदन्त-प्रकरण

धातोः ।१।२।९१

धातु में जिस प्रत्यय को जोड़कर संज्ञा, विशेषण या अव्यय बनता है, उसको कृत प्रत्यय कहते हैं और उसके द्वारा जो शब्द सिद्ध होता है उसको कृदन्त (जिसके अन्त में कृत् हो) कहते हैं, यथा—कृधातु से तृच् प्रत्यय जोड़कर 'कर्तृ' शब्द बना। यहाँ पर तृच् (कृत्) प्रत्यय है और कर्तृ कृदन्त शब्द है।

कृदतिङ् ।३।१।९३।

कृत् प्रत्ययान्त अतिङ् होते हैं। दोनों में अन्तर यह है कि तिङन्त सदा क्रिया ही होते हैं, कृत् प्रत्ययान्त (जो कि अतिङन्त है) संज्ञा, विशेषण या अव्यय होते हैं। तद्धित तथा कृत् में भेद यह है कि कृत् धातुओं में ही जोड़ा जाता है, किन्तु तद्धित किसी संज्ञा, विशेषण, अव्यय अथवा क्रिया के बाद जोड़कर उनसे अन्य संज्ञा, विशेषण, अव्यय तथा क्रिया बनायी जाती है।

कृदन्त जब संज्ञा या विशेषण होते हैं तब उनके रूप चलते हैं, यथा—कृ + तृच् = कर्ता, कर्तारौ, कर्तारः आदि, किन्तु अव्यय एक रूप रहते हैं, जैसे—कृ + क्त्वा = कृत्वा, यह सदा एक रूप रहेगा।

कभी-कभी कृदन्त भी क्रिया का काम देते हैं, यथा—स गतः (वह गया) में 'गत' शब्द क्रिया का काम देता है। कृत् प्रत्ययों के मुख्य तीन भेद होते हैं—(१) कृत्य, (२) कृत् और (३) उणादि।

(१) कृत्य प्रत्यय

(तव्यत्, तव्य, अनीयर, यत्)

कृत्याः ।३।१।९५।

कृत्य प्रत्यय सात हैं—तव्यत्, तव्य, अनीयर, केलिमर, यत्, क्यप्, और ण्यत्। ये कर्मवाच्य तथा भाववाच्य में ही प्रयुक्त होते हैं, कर्तृवाच्य में नहीं। ये संज्ञाओं के विशेषण स्वरूप भी प्रयोग में आते हैं, यथा—

दानीयो ब्राह्मणः—वह ब्राह्मण जिसे दान दिया जाना चाहिए।
गन्तव्या नगरी—वह नगरी जहाँ जाना चाहिए।
कर्तव्यं कर्म—वह कार्य जो किया जाना चाहिए।

स्नानीयं चूर्णम्—वह चूर्ण जिससे स्नान किया जाय।
पक्तव्याः माषाः—वे उड़द जो पकाये जाने चाहिएँ।

इन उदाहरणों से स्पष्ट है कि जो अर्थ हिन्दी में 'चाहिए' 'योग्य' आदि शब्दों से प्रकट किया जाता है वही अर्थ संस्कृत में कृत्य प्रत्ययान्त शब्दों से प्रकट होता है। यही भाव विधिलिङ् से भी प्रकट होता है, यथा—शिष्यः गुरुं सेवेत (चेला गुरु की सेवा करे), पुत्रः पितरम् अनुकुर्यात् (पुत्र पिता का अनुकरण करे) अर्थात् पुत्र को पिता का अनुकरण करना चाहिए। कृत्यान्त शब्दों के रूप संज्ञा शब्दों की भाँति तीनों लिङ्गों में चलते हैं—पुँल्लिङ्ग और नपुंसक लिङ्ग में अकारान्त और स्त्रीलिङ्ग में आकारान्त।

तव्यत्तव्यानीयरः ।३।१।९६। केलिमर उपसंख्यानम्। वा०।

तव्यत् (तव्य), तव्य, अनीयर (अनीय) और केलिमर (एलिम) ये प्रायः समस्त धातुओं में लगाये जा सकते हैं। त् और र् के हल् होने से वैदिक संस्कृत में स्वरों में अन्तर पड़ता है।

जो धातुएँ सेट् हैं उनमें प्रत्यय और धातु के बीच में 'इ' लगाया जाता है और अनिट् में नहीं। उदाहरणार्थ कुछ रूप—

धातु	तव्य	अनीय
पठ्	पठितव्य	पठनीय
भू	भवितव्य	भवनीय
गम्	गन्तव्य	गमनीय
नी	नेतव्य	नयनीय
चि	चेतव्य	चयनीय
चर	चरितव्य	चरणीय
दा	दातव्य	दानीय
भुज	भोक्तव्य	भोजनीय
अद्	अत्तव्य	अदनीय
भक्ष्	भक्षितव्य	भक्षणीय

धातु	तव्य	अनीय	एलिम
छिद्	छेत्तव्य	छेदनीय	छिदेलिम
भिद्	भेत्तव्य	भेदनीय	भिदेलिम
पच्	पक्तव्य	पचनीय	पचेलिम
शंस्	शंसितव्य	शंसनीय	
सृज्	स्रष्टव्य	सर्जनीय	
कथ्	कथितव्य	कथनीय	
चुर्	चोरितव्य	चोरणीय	
पूज्	पूजितव्य	पूजनीय	
जिगमिष्	जिगमिष्टव्य	जिगमिषणीय	
बुबोधिष्	बुबोधिष्टव्य	बुबोधिषणीय	

अचोयत् ।३।१।९७। पोरदुपधात् ।३।१।९८।

कृत्य प्रत्यय केवल ऐसी धातुओं में जोड़ा जाता है जिनके अन्त में कोई स्वर हो या जिनके अन्त में पवर्ग का कोई अक्षर हो और उपधा में अकार हो। यत् के पूर्व स्वर को गुण होता है।

ईद्यति ।६।४।६५।

यदि यत् के पूर्व आ हो तो उसके स्थान पर पहले 'ई' होती है और फिर गुण (ए) हो जाता है। यत् के पूर्व यदि धातु का अन्तिम स्वर ए ऐ, ओ औ, हो तो उनके स्थान पर ई हो जाता है और फिर गुण (ए) हो जाता है, यथा—

दा + यत् = द् + ई + य = देय
धा + यत् = ध् + ई + य = धेय
गै + यत् = गी + य = गेय
छो + यत् = छी + य = छेय
चि + यत् = चे + य = चेय
नी + यत् = ने + य = नेय

शप् + यत् = शप् + य = शप्य
जप् + यत् = जप् + य = जप्य
लप् + यत् = लप् + य = लप्य
लभ् + यत् = लभ् + य = लभ्य
आ + लभ् + यत् = आलभ्य
उप + लभ् + यत् = उपलभ्य

आडो यि ।७।१।६५। उपात्प्रशंसायाम् ।७।१।६६।

लभ् धातु के पूर्व यदि 'आ' उपसर्ग हो या प्रशंसार्थक 'उप' उपसर्ग हो और आगे यकारादि प्रत्यय हो तो मध्य में नुम् (न् = म्) हो जाता है, यथा—उपलम्भ्यः साधुः (साधु प्रशंसनीय होता है।) प्रशंसा न होने पर—उपलभ्य (उलहना देने योग्य) रूप बनेगा।

कुछ और व्यञ्जनान्त धातुएँ जिनमें यत् लगता है—

तकिशसिचतियतिजनिभ्यो यद्वाच्यः । वा० ।

तक (हसने) = तक्य । शस् (हिंसायाम्) शस्य ।
चते (याचने) = चत्य । यत् = यत्य, जन् = जन्य ।

हनो वा यद्वधश्च वक्तव्यः । वा० ।

हन् + यत् = वध्य, हन् + ण्यत् = घात्य ।
(शकिसहोश्च ।३।१।९९।) शक् + यत् = शक्य । सह् + यत् = सह्य ।
गदमदचरयमश्चानुपसर्गे ।३।१।१००। } गद् + यत् = गद्य । मद् + यत् = मद्य । चर् + यत् = चर्य । यम् + यत् = यम्य ।
वहां करणम् ।३।१।१०२। वह् + यत् = वह्य (वह्य शकटम्) ।

अर्यः स्वामिवैश्ययोः ।३।१।१०३।

ऋ + यत् = अर्य (स्वामी या वैश्य)। ब्राह्मण के अर्थ में आर्यः (प्राप्तव्यः) यह अर्थ होगा।

अजर्यं संगतम् ।३।१।१०५।

ज के पूर्व नञ् होने पर यत् प्रत्यय होता है और वह सगत का विशेषण होता है, यथा अजर्यम् (अविनाशि, स्थायि) सङ्गतम्।

क्यप्-प्रत्यय

कतिपय धातुओं में ही क्यप् (य) लगता है। क्यप् के पूर्व धातु का अन्तिम स्वर यदि ह्रस्व हो तो उसके बाद अर्थात् धातु और प्रत्यय के मध्य में त् आ जाता है, यथा—स्तु + क्यप् = स्तु + त् + य = स्तुत्य। यहाँ गुण नहीं होता।

पतिस्तुशास्वृदृजुषः क्यप् ।३।१।१०६। मृजे विभाषा ।३।१।११३। मृजोऽसंज्ञायाम् ।३।१।११२। विभाषाकृवृषोः ।३।१।१२०।

इ (जाना) + क्यप् = इत्य (गमनीय)
स्तु + क्यप् = स्तुत्य । शास् + क्यप् = शिष्य ।
वृ + क्यप् = वृत्य (वरणीय) । इ + क्यप् = (आ) इत्य = (आदरणीय) ।
जुष् + क्यप् = जुष्य (सेव्य) । मृज् + क्यप् = मृज्य (पवित्र करने लायक) ।
भृ + क्यप् = भृत्य (सेवक) । कृ + क्यप् = कृत्य ।
वृष् + क्यप् = वृष्य (सींचने लायक) ।

कृ, भृ, मृज् और वृष् में क्यप् विकल्प से ही लगता है। क्यप् न लगने पर ण्यत् प्रत्यय लगेगा और इनके रूप कार्य, भार्य, मार्ज्य और वर्ष्य बनेंगे।

ण्यत्-प्रत्यय

ऋहलोर्ण्यत् ।३।१।१२४।

जिन धातुओं का अन्तिम अक्षर ऋ अथवा कोई व्यञ्जन हो, उनके उपरान्त ण्यत् (य) प्रत्यय लगता है। इसके पूर्व धातु के स्वर को वृद्धि हो जाती है, यदि उपधा में अ हो तो उसे आ हो जाता है और कोई अन्य स्वर हो तो उसे गुण हो जाता है।

चजोःकुघिण्यतोः ।७।३।५२। न क्यादेः ।७।३।५६।

ण्यत् तथा घित् (घ-इत्) प्रत्यय लगने पर पूर्व के च् और ज् के स्थान में क् और ग् क्रमशः हो जाते हैं, किन्तु यदि धातु क्यच् से आरम्भ होती हो (जैसे गर्ज्) तो यह परिवर्तन न होगा।

ऋकारान्त धातुओं में ण्यत् प्रत्यय लगता है और अन्य स्वरान्त धातुओं में यत्। क्यप् और यत् प्रत्ययवाली व्यंजनान्त धातुओं को छोड़कर शेष धातुओं में ण्यत् प्रत्यय लगता है। उदाहरण—

कृ + ण्यत् = क् + आर् + य = कार्य ।
मृज् + ण्यत् = म् + आर् + ग् + य = मार्ग्य (पवित्र करने लायक)
(उपधा के ऋ को वृद्धि और ज के स्थान में ग)
पठ् + ण्यत् = प् + आ + ठ् + य = पाठ्य (उपधा के अ को वृद्धि)
पच् + ण्यत् = प + आ + क् + य = पाक्य (पकाने लायक)
(उपधा के अ को वृद्धि और च् को क्)
वृष् + ण्यत् = व् + अर् + ष् + य = वर्ष्य (उपधा के ऋ को गुण)।

यजयाचरुचप्रवचर्चश्च ।७।३।६६। त्यजेश्च ।वा०।

यज्, याच्, रुच्, प्रवच्, ऋच् और त्यज् धातुओं के च् और ज् को क् और ग् नहीं होता, इनके रूप इस प्रकार होंगे—

याज्य (यज्ञ में देने योग्य पूज्य)।
याच्य (माँगने योग्य), रोच्य (प्रकाश करने योग्य)।
अर्च्य (पूज्य), त्याज्य, प्रवाच्य (ग्रन्थ विशेष)।

भोज्यं भक्ष्ये ।७।३।६६। भोग्यमन्यत्।
भोज्यम् (खाने योग्य), भोग्यम् (भोग करने योग्य)।

वचोऽशब्दसंज्ञायाम् ।७।३।६७।
वाच्यम् (कथन योग्य), वाक्य (पद समूह)।

ओरावश्यके ।३।१।१२५।
आवश्यकता के बोध कराने पर ऊकारान्त या ऊकारान्त धातुओं में भी ण्यत् प्रत्यय लगता है, यथा—

श्रु + ण्यत् = श्राव्य (अवश्य सुनने लायक)।
पू + ण्यत् = पाव्य (अवश्य पवित्र करने लायक)।
यू + ण्यत् = याव्य (अवश्य मिलाने लायक)।
लू + ण्यत् = लाव्य (अवश्य काटने लायक)।

वसेस्तव्यत्कर्तरि णिच्च ।वा०। भव्यगेयप्रवचनीयोपस्थानीयजन्याप्लाव्यापात्या वा ।३।४।६८।
कृत्य प्रत्ययान्त शब्द प्रायः भाववाच्य और कर्मवाच्य में ही प्रयुक्त होते हैं, किन्तु कुछ कृत्यान्त शब्द कर्तृवाच्य में भी प्रयुक्त होते हैं, यथा—

वस् + तव्य = वास्तव्यः (बसने वाला)।
भू + यत् = भव्यः (होने वाला)।
गै + यत् = गेयः (गानेवाला)।
प्रवच् + आनीयर् = प्रवचनीयः (वक्ता)।
उपस्था + अनीयर् = उपस्थानीयः (निकट खड़ा होनेवाला)।
जन् + यत् = जन्यः (जनक)।
आप्लु + ण्यत् = आप्लाव्यः (तैरनेवाला)।
आपत् + ण्यत् = आपात्यः (गिरने वाला)।

उपर्युक्त शब्द विकल्प से ही कर्तृवाच्य हैं। कृत्यान्त होने से भाववाच्य तथा कर्मवाच्य में तो होते ही हैं, यथा—

भव्योऽयं, भव्यमनेन वा। गेयः साम्नामयम् (यह सामका गायक है)। गेयं सामानेन (कर्मवाच्य)।

संस्कृत में अनुवाद करो—

१—पाठशाला में देर से न पहुँचना चाहिए। २—छात्रों को सदाचार से रहना चाहिए। ३—परिश्रम करके निर्वाह करना चाहिए, भीख माँगना अनुचित

है। ४—सैनिकों को देश के लिए प्राण दे देने चाहिएँ। ५—स्वार्थ के लिए दूसरों की हानि न करनी चाहिए। ६—छात्रों को प्रात काल उठकर ईश्वर से प्रार्थना करना चाहिए। ७—स्वच्छ भोजन करना और स्वच्छ जल पीना चाहिए। ८—प्रत्येक नागरिक को अपना इतिहास और भूगोल जानना चाहिए। ९—हमें अपना कर्त्तव्य पालन करना चाहिए। १०—योग्य पुरुष को ही उपदेश देना चाहिए। ११—दुष्ट के साथ न ठहरना और न जाना ही चाहिए। १२—छात्रों को अपने अपने गुरुओं से सन्देह निवृत्त करना चाहिए। १३—सदा वही काम करना चाहिए जो करने के योग्य हो। १४—नीच पुरुष से भी उपदेश ग्रहण करना चाहिए। १५—मेरी बात पर आपको थोड़ा भी सन्देह नहीं करना चाहिए। १६—निर्धन और असहाय मनुष्यों को देखकर नहीं हँसना चाहिए। १७—मृत्यु को देखकर हमें जरा भी नहीं डरना चाहिए। १८—हमें अब जल्दी अपना अध्ययन समाप्त करना चाहिए। १९—हमें सदैव दुष्टों का संग छोड़ना चाहिए। २०—हमें अपने गुरुजनों की सेवा करनी चाहिए।

(२) कृत् प्रत्यय

भूतकालिक कृदन्त

भूते ।३।२।८४। क्तक्तवतू निष्ठा ।१।२।२६।

भूतकाल के कृत् प्रत्यय मुख्यत दो हैं—क्त (त), क्तवतु (तवत्)। इन दोनों प्रत्ययों का नाम 'निष्ठा' भी है। निष्ठा का अर्थ है 'समाप्ति'। अत क्त और क्तवतु किसी कार्य की समाप्ति के सूचक हैं। 'तेन हसितम्' का अर्थ हुआ कि हँसने का कार्य समाप्त हुआ, इसी प्रकार 'स पुस्तक पठितवान्' का अर्थ हुआ कि उसने पुस्तक पढ़ डाली—पढ़ने का कार्य समाप्त हुआ।

क्त और क्तवतु में 'क्' और 'उ' का लोप हो जाता है और "त" और "तवत्" शेष रह जाते हैं। क्त और क्तवतु प्रत्ययान्त शब्दों के रूप तीनों लिंगों और सातों विभक्तियों में विशेष्य के अनुसार चलते हैं। क्त प्रत्ययान्त शब्द पुंल्लिङ्ग और नपुसक लिङ्ग में अकारान्त और स्त्रीलिङ्ग में आकारान्त होते हैं। क्तवतु प्रत्ययान्त शब्द पुंल्लिङ्ग और नपुसकलिंग में तकारान्त (धीमत् के समान) और स्त्रीलिङ्ग में ईकारान्त (नदी की भाँति) चलते हैं, यथा—

क्त (त) प्रत्ययान्त

	पु०	नपु०	स्त्री०
पठ्	पठित	पठितम्	पठिता
गम्	गत	गतम्	गता

धातु	पुं०	नपुं०	स्त्री०
त्यज्	त्यक्तः	त्यक्तम्	त्यक्ता
ग्रह्	गृहीतः	गृहीतम्	गृहीता
भू	भूतः	भूतम्	भूता
पा	पातः	पातम्	पाता
स्ना	स्नातः	स्नातम्	स्नाता
प्रच्छ्	पृष्टः	पृष्टम्	पृष्टा
भिद्	भिन्नः	भिन्नम्	भिन्ना
कृ	कृतः	कृतम्	कृता
शक्	शक्तः	शक्तम्	शक्ता
सिच्	सिक्तः	सिक्तम्	सिक्ता
शीङ्	शयितः	शयितम्	शयिता
मन्	मतः	मतम्	मता
शम्	शान्तः	शान्तम्	शान्ता

क्तवतु (तवत्) प्रत्ययान्त

पठ्	पठितवान्	पठितवत्	पठितवती
गम्	गतवान्	गतवत्	गतवती
त्यज्	त्यक्तवान्	त्यक्तवत्	त्यक्तवती
ग्रह्	गृहीतवान्	गृहीतवत्	गृहीतवती
भू	भूतवान्	भूतवत्	भूतवती
पा	पातवान्	पातवत्	पातवती
स्ना	स्नातवान्	स्नातवत्	स्नातवती
प्रच्छ्	पृष्टवान्	पृष्टवत्	पृष्टवती
भिद्	भिन्नवान्	भिन्नवत्	भिन्नवती
कृ	कृतवान्	कृतवत्	कृतवती
शक्	शक्तवान्	शक्तवत्	शक्तवती
सिच्	सिक्तवान्	सिक्तवत्	सिक्तवती
शीङ्	शयितवान्	शयितवत्	शयितवती
मन्	मतवान्	मतवत्	मतवती
शम्	शान्तवान्	शान्तवत्	शान्तवती

रदाभ्यां निष्ठातो नः पूर्वस्य च दः ।८।२।४२।

यदि निष्ठा प्रत्यय (क्त या क्तवतु) इसी धातु के पश्चात् आवे जिसके अन्त में र या द् हो (धातु तथा निष्ठा के बीच में 'इ' न आवे) तो निष्ठा के त् के स्थान में न् हो जाता है और उसके पूर्व के द् को भी न् हो जाता है, यथा—

शॄ + क्त = शीर्ण, शॄ + क्तवतु = शीर्णवत् ।
जॄ + क्त = जीर्ण, जॄ + क्तवतु = जीर्णवत् ।
भिद् + क्त = भिन्न, भिद् + क्तवतु = भिन्नवत् ।
छिद् + क्त = छिन्न, छिद् + क्तवतु = छिन्नवत् ।

संयोगादेरातोधातोर्यण्वतः ।८।२।४३।

संयुक्ताक्षर से आरम्भ होने वाली तथा आकार में अन्त होने वाली और य् र् ल् व् में से कोई वर्ण रखने वाली धातु के निष्ठा के त् को भी न् हो जाता है, यथा—

ग्लान, म्लान, ध्यान, म्यान, गान आदि ।
अपवाद—ख्यात, ध्यात में नहीं होता ।

इग्यणः सम्प्रसारणम् ।१।१।४५।

निष्ठा प्रत्ययों के लगने से पूर्व जिन धातुओं में सम्प्रसारण होता है, उनमें निष्ठा प्रत्यय जुड़ने पर भी सम्प्रसारण होता है (अर्थात् यदि प्रथम अक्षर य् र् ल् व् हों तो उनके स्थान में क्रमशः इ ऋ ऌ उ हो जाते हैं), यथा—

वस् + क्त = उषित, वस् + क्तवतु = उषितवत् ।
वद् + क्त = उक्त, वद् + क्तवतु = उक्तवत् ।

कर्तरिकृत् ।३।४।६७। तयोरेव कृत्यक्तखलर्थाः ।३।४।७०।

क्तवतुप्रत्ययान्त शब्द सदैव कर्तृवाच्य में प्रयुक्त होते हैं, अर्थात् कर्ता के विशेषण होते हैं, यथा—

स पठितवान्, पठितवतस्तस्य, पठितवत्सु तेषु ।

खल् तथा कृत्य प्रत्ययों की ही तरह क्त प्रत्यय भी कर्मवाच्य और भाववाच्य में प्रयुक्त होता है, अर्थात् कर्म का विशेषण होता है, यथा—नलेन दमयन्ती त्यक्ता, तेन गतम्, पठित पुस्तकम् (पढ़ी हुई पुस्तक)। परन्तु—

गत्यर्थाकर्मकश्लिषशीङ्स्थासवसजनरुहजीर्यतिभ्यश्च ।३।४।७२।

गत्यर्थक धातुओं का तथा अकर्मक धातुओं का 'क्त' कर्तृवाच्य के अर्थ में भी प्रयुक्त होता है, यथा—स चलितः, गतः, ग्लानः ।

इसी भाँति श्लिष्, शीङ्, स्था, आस्, वस्, जन्, रुह् तथा जॄ धातुओं के क्तान्त शब्द भी कर्तृवाच्य का बोध कराते हैं, यथा—

विष्णुःशेषमधिशयितः (विष्णु शेषनाग पर सोये)।
उमामाश्लिष्टो महेशः (शिव ने पार्वती का आलिंगन किया)।
हरिःवैकुण्ठमधिष्ठितः (हरि वैकुण्ठ में बैठे हैं)।
भक्तः रामनवमीमुपोषितः (भक्त ने रामनवमी को उपवास किया)।
इसी भाँति—गरुडमारूढः, राममनुजातः आदि ।

नपुंसके भावे क्तः ।३।३।११४।

नपुंसक लिंग में क्तान्त शब्द कभी-कभी उस क्रिया के बताये हुए कार्य को भी सूचित करता है, यथा—तस्य गतं वरम् (उसका चला जाना अच्छा है)। यहाँ गतम् का अर्थ गमन है। इसी तरह पठितम् = पठनम्, सुप्तम् = स्वापः आदि।

लिटः कानज्वा ।३।२।१०६। क्वसुश्च ।३।२।१०७।

लिट् (परोक्षभूत) के अर्थ का बोध कराने के लिए कानच् (आन) और क्वसु (वस्) प्रत्यय प्रयुक्त होते हैं। कानच् प्रत्यय आत्मनेपदी धातुओं के अनन्तर और क्वसु परस्मैपदी धातुओं के अन्तर लगता है। ये प्रत्यय प्रायः वैदिक संस्कृत में मिलते हैं, किन्तु कभी-कभी लौकिक संस्कृत में भी, यथा—

	क्वसु	कानच्
गम्	जग्मिवस्	
दा	ददिवस्	ददान
वच्	ऊचिवस्	ऊचान
ना	निनीवस्	निन्यान
दृश्	ददृश्वस् ददर्शिवस्	
कृ	चकृवस्	चक्राण

इनके रूप तीनों लिङ्गों में पृथक्-पृथक् संज्ञाओं के समान चलते हैं, यथा—देवो जग्मिवान् (देव गया)।

श्रेयांसि सर्वाण्यधिजग्मिवांस्त्वम् (तुमने समस्त अच्छी बातें ग्रहण की थीं।)

तं तस्थिवांसं नगरोपकण्ठे (नगर के समीप खड़े हुए उसको)।

इच्छार्थक, पूजार्थक, बुद्ध्यर्थक धातुओं से वर्तमान अर्थ में भी 'क्त' प्रत्यय होता है, उसमें कर्त्ता षष्ठी विभक्ति में और कर्म प्रथमा में होता है, यथा—प्रजानां रामः इष्टः, मतः, पूजितः (प्रजा के लोग राम को चाहते हैं, मानते हैं, पूजते हैं)।

द्विकर्मक धातुओं से 'क्त' प्रत्यय गौण कर्म में, नी, हृ, कृष् और वह से मुख्य कर्म में और णिजन्त धातुओं से 'क्त' प्रत्यय प्रयोज्य कर्त्ता के अनुसार होता है, यथा—

शिष्यैः गुरुः शब्दार्थः पृष्टः (शिष्यों ने गुरु से शब्द का अर्थ पूछा)।

देवेन छागः ग्रामं नीतः (देव बकरे को गाँव ले गया)।

अध्यापकेन छात्रः शास्त्रम् बोधितः—(गुरुने छात्र को शास्त्र समझाया)।

अकर्मक या सकर्मक धातुओं से कर्म की विवक्षा न रहने पर 'क्त' प्रत्यय भाव में होता है, यथा—शिशुना शयितम् (बच्चा सोया), तेन कथितम् (उसने कहा)। कुछ मुख्य धातुओं के रूप—

धातु	क्त	क्तवतु	धातु	क्त	क्तवतु
अर्च्	अर्चितः	अर्चितवान्	जन्	जातः	जातवान्
अधि+इ	अधीतः	अधीतवान्	इष्	इष्टः	इष्टवान्
छिद्	छिन्नः	छिन्नवान्	कथ्	कथितः	कथितवान्
कृ	कृतः	कृतवान्	धा	हितः	हितवान्
कॄ	कीर्णः	कीर्णवान्	विधा	विहितः	विहितवान्
क्षि	क्षीणः	क्षीणवान्	निधा	निहितः	निहितवान्
क्षिप्	क्षिप्तः	क्षिप्तवान्	आह्वे	आहूतः	आहूतवान्
क्रम्	क्रान्तः	क्रान्तवान्	लिह्	लीढः	लीढवान्
क्री	क्रीतः	क्रीतवान्	शम्	शान्तः	शान्तवान्
खन्	खातः	खातवान्	निन्द्	निन्दितः	निन्दितवान्
गम्	गतः	गतवान्	नी	नीतः	नीतवान्
गॄ	गीर्णः	गीर्णवान्	पत्	पतितः	पतितवान्
गै	गीतः	गीतवान्	पी	पीतः	पीतवान्
ग्रह्	गृहीतः	गृहीतवान्	शास्	शिष्टः	शिष्टवान्
घ्रा	घ्राणः, घ्रातः	घ्रातवान्	चेष्ट्	चेष्टितः	चेष्टतवान्
चि	चितः	चितवान्	श्रु	श्रुतः	श्रुतवान्
पूज्	पूजितः	पूजितवान्	सह्	सोढः	सोढवान्
प्रच्छ्	पृष्टः	पृष्टवान्	स्पृश्	स्पृष्टः	स्पृष्टवान्
बन्ध्	बद्धः	बद्धवान्	सृज्	सृष्टः	सृष्टवान्
बुध्	बुद्धः	बुद्धवान्	स्मि	स्मितः	स्मितवान्
वद्	उदितः	उदितवान्	स्मृ	स्मृतः	स्मृतवान्
वच्	उक्तः	उक्तवान्	मन्	मतः	मतवान्
विद्	विदितः	विदितवान्	रभ्	रब्धः	रब्धवान्
भिद्	भिन्नः	भिन्नवान्	वस्	उषितः	उषितवान्
जि	जितः	जितवान्	लभ्	लब्धः	लब्धवान्
जॄ	जीर्णः	जीर्णवान्	शी	शयितः	शयितवान्
तॄ	तीर्णः	तीर्णवान्	हन्	हतः	हतवान्
त्यज्	त्यक्तः	त्यक्तवान्	हा	हीनः	हीनवान्
त्रै	त्रातः	त्रातवान्	हृ	हृतः	हृतवान्
दंश्	दष्टः	दष्टवान्	वह्	ऊढः	ऊढवान्
दा	दत्तः	दत्तवान्	क्रम्	क्रान्तः	क्रान्तवान्

संस्कृत में अनुवाद करो—

१—अर्जुन ने जयद्रथ का वध किया। २—जज ने अपराधियों को दण्ड दिया। ३—राम ने रावण को बाण से मारा। ४—हाथी गहन बन में छोड़ा

गया। ५—बिल्ली ने चूहे को पकड़ा। ६—कल रात मैं जल्दी सो गया। ७—अङ्गद और वाली का युद्ध हुआ। ८—मैंने जंगल में एक सिंह देखा। ९—आज मोहन पाठिका में नहीं आया। १०—व्याघ्र को देखकर बालक बहुत डरा। ११—बालक बिस्तर पर सो गया। १२—वाल्मीकि जी ने बड़े मधुर छन्दों में रामायण लिखी। १३—सबने हृदय से सुरेश की प्रशंसा की। १४—प्रजापति से संसार उत्पन्न हुआ। १५—रामचन्द्र जी ने लंका का राज्य बिभीषण को दिया। १६—आज उस बालक ने बहुत सुन्दर गाया। १७—जोर की हवा ने पेड़ों को कँपा दिया। १८—मृग पानी पीने के लिए तालाब में गया। १९—रात पड़ते ही चोर महल में घुसा और बहुत-सा धन चुरा ले गया। २०—बोपदेव ने गुरु की सेवा की और सेवा का फल प्राप्त किया।

वर्तमानकालिक कृदन्त

लटः शतृशानचावप्रथमासमानाधिकरणे ।३।२।१२४। तौसत् ।३।२।१२७।

पढ़ता हुआ (पढ़ती हुई), लिखता हुआ (लिखती हुई) आदि अर्थ को प्रकट करने के लिए संस्कृत में अनुवाद वर्तमान कालिक कृदन्त—शतृ और शानच् प्रत्ययान्त शब्दों से किया जाता है। इन्हें सत् भी कहते हैं। सत् का अर्थ है वर्तमान या विद्यमान। परस्मैपदी धातुओं में शतृ (अत्) और आत्मनेपदी धातुओं में शानच् (आन, मान) प्रत्यय जोड़ते हैं। शतृ-शानच् प्रत्ययान्त शब्द कर्त्ता के विशेषण होते हैं, यथा—

१—कदापि नरः खादन् न पठेत् (मनुष्य खाता हुआ कभी न पढ़े)।
२—सः हसन् अवदत्।
३—रुदन्ती बाला प्राह।
४—शयानं शिशुं मा प्रबोधय।
५—जलं पिबन् न हसेत्।
६—लज्जमाना वधूः आगच्छति।
७—विलपन्तीं सीतां दृष्ट्वा लक्ष्मणः विषण्णः सञ्जातः।

धातुओं के वर्तमानकाल के प्रथम पुरुष के बहुवचन में प्रत्यय लगने से पहले जो रूप होता है (जैसे—पठन्ति-पठ्, ददति-दद् आदि) उसी में शतृ तथा शानच् जोड़े जाते हैं। यदि धातु के रूप के अन्त में अ हो तो शतृ (अत्) के पूर्व उसका लोप हो जाता है, यदि शानच् के अकारान्त धातु रूप आवे तो शानच् (आन) के स्थान पर 'मान' जुड़ता है (आनेमुक् ।७।२।८२।), यथा—

धातु	परस्मै०	आत्मने०	कर्मवाच्य
गम्	गच्छत्	×	गम्यमानः
पठ्	पठन्	×	पठ्यमानः
दा	ददत्	ददानः	दीयमानः
कृ	कुर्वत्	कुर्वाणः	क्रियमाणः

नी	नयत्	नयमानः	नीयमानः
चुर्	चोरयत्	चोरयमाणः	चोर्यमाणः
पिपठिष् (सन्नन्त)	पिपठिषत्	पिपठिषमाणः	पिपठिष्यमाणः

क्रुध परस्मैपदी धातुओं के शतृप्रत्ययान्त* रूप

धातु	अर्थ	नपुंसकलिङ्ग	पुँल्लिङ्ग	स्त्रीलिङ्ग
भू	(होना)	भवत्	भवन्	भवन्ती
श्रु	(सुनना)	शृण्वत्	शृण्वन्	शृण्वती
क्री	(खरीदना)	क्रीणत्	क्रीणन्	क्रीणती
चिन्त्	(सोचना)	चिन्तयत्	चिन्तयन्	चिन्तयन्ती
अस्	(होना)	सत्	सन्	सती
आप्	(प्राप्त करना)	आप्नुवत्	आप्नुवन्	आप्नुवती
इष्	(इच्छा करना)	इच्छत्	इच्छन्	इच्छती,इच्छन्ती
अनु + इष्	(ढूँढ़ना)	अन्विष्यत्	अन्विष्यन्	अन्विष्यन्ती
कथ्	(कहना)	कथयत्	कथयन्	कथयन्ती
कूज्	(कूजना)	कूजत्	कूजन्	कूजन्ती
क्रुध्	(नाराज होना)	क्रुध्यत्	क्रुध्यन्	क्रुध्यन्ती
क्रीड्	(खेलना)	क्रीडत्	क्रीडन्	क्रीडन्ती
गर्ज्	(गर्जना)	गर्जत्	गर्जन्	गर्जन्ती
गुञ्ज्	(गूँजना)	गुञ्जत्	गुञ्जन्	गुञ्जन्ती
गै	(गाना)	गायत्	गायन्	गायन्ती

---

*शतृ (अत्) प्रत्ययान्त शब्दों के स्त्रीलिङ्ग के रूप बनाने के लिए भ्वादि, दिवादि, चुरादि और तुदादि के लट् प्रथम पुरुष के बहुवचन में प्रत्यय लगाने से जो रूप बनता है, उसके आगे 'ई' जोड़ देते हैं, यथा—'गच्छति, गच्छतः, गच्छन्ति' इत्यादि रूपों में गच्छन्ति + ई = गच्छन्ती। इसी प्रकार—कूजन्ति + ई = कूजन्ती, पूजयन्ति + ई = पूजयन्ती, जिगमिषन्ति + ई = जिगमिषन्ती, हसन्ति + ई = हसन्ती, वदन्ति + ई = वदन्ती।

अदादिगणीय (अदती, रुदती आदि), स्वादिगणीय (चिन्वती, शृण्वती आदि), क्र्यादिगणीय (क्रीणती, प्रीणती आदि), तनादिगणीय (कुर्वती, तन्वती आदि) और जुहोत्यादिगणीय धातुओं में (ददती, जहती आदि) 'ई' जोड़कर 'न्' हटाने से स्त्रीलिङ्ग रूप बनते हैं।

अदादिगणीय आकारान्त (भान्ती, भाती आदि) और तुदादिगणीय (तुदती, तुदन्ती आदि) में विकल्प से न् का लोप होता है। ये स्त्रीलिङ्ग शब्द नदी की भाँति चलते हैं। (विशेष नियम स्त्रीप्रत्यय प्रकरण में देखिए।)

घ्रा	(सूँघना)	जिघ्रत्	जिघ्रन्	जिघ्रन्ती
चल्	(चलना)	चलत्	चलन्	चलन्ती
जागृ	(उठना)	जाग्रत्	जाग्रत्	जाग्रती
तॄ	(तैरना)	तरत्	तरन्	तरन्ती
दंश	(डसना)	दशत्	दशन्	दशन्ती
दृश्(पश्य्)	(देखना)	पश्यत्	पश्यन्	पश्यन्ती
निन्द्	(निन्दा करना)	निन्दत्	निन्दन्	निन्दन्ती
नृत्	(नाचना)	नृत्यत्	नृत्यन्	नृत्यन्ती
पा	(पीना)	पिबत्	पिबन्	पिबन्ती
पूज्	(पूजा करना)	पूजयत्	पूजयन्	पूजयन्ती
प्रच्छ्	(पूछना)	पृच्छत्	पृच्छन्	पृच्छती, पृच्छन्ती
मस्ज्	(डूबना)	मज्जत्	मज्जन्	मज्जती, मज्जन्ती
रच्	(बनाना)	रचयत्	रचयन्	रचयन्ती
आ-रुह्	(चढ़ना)	आरोहत्	आरोहन्	आरोहन्ती
लिख्	(लिखना)	लिखत्	लिखन्	लिखती, लिखन्ती
शक्	(सकना)	शक्नुवत्	शक्नुवन्	शक्नुवती
सृज्	(पैदा करना)	सृजत्	सृजन्	सृजती, सृजन्ती
स्था (तिष्ठ्)	(ठहरना)	तिष्ठत्	तिष्ठन्	तिष्ठन्ती
स्पृश्	(छूना)	स्पृशत्	स्पृशन्	स्पृशती-न्ती
स्वप	(सोना)	स्वपत्	स्वपन्	स्वपती
आ-ह्वे	(बुलाना)	आह्वयत्	आह्वयन्	आह्वयन्ती

आत्मनेपदी धातुओं के शानच् प्रत्ययान्त शब्द

ईश्	(देखना)	ईक्षमाणम्	ईक्षमाणः	ईक्षमाणा
कम्प्	(काँपना)	कम्पमानम्	कम्पमानः	कम्पमाना
जन्	(पैदा करना)	जायमानम्	जायमानः	जायमाना
दय्	(दया करना)	दयमानम्	दयमानः	दयमाना
वन्द्	(प्रशंसा करना)	वन्दमानम्	वन्दमानः	वन्दमाना
वृत्	(होना)	वर्तमानम्	वर्तमानः	वर्तमाना
वृध्	(बढ़ना)	वर्धमानम्	वर्धमानः	वर्धमाना
व्यथ्	(दुःखित होना)	व्यथमानम्	व्यथमानः	व्यथमाना
मन्	(मानना)	मन्यमानम्	मन्यमानः	मन्यमाना
यत्	(यत्न करना)	यतमानम्	यतमानः	यतमाना
लभ्	(पाना)	लभमानम्	लभमानः	लभमाना
सेव्	(सेवा करना)	सेवमानम्	सेवमानः	सेवमाना

उभयपदी धातुओं के शतृ और शानच् प्रत्ययान्त शब्द

धातु	नपुंसकलिङ्ग	पुँल्लिङ्ग	स्त्रीलिङ्ग	शानच्
छिद् (काटना)	छिदत्	छिन्दन्	छिन्दती	(छिन्दानः)
ज्ञा (जानना)	जानत्	जानन्	जानती	(जानानः)
नी (ले जाना)	नयत्	नयन्	नयन्ती	(नयमानः)
ब्रू (कहना)	ब्रुवत्	ब्रुवन्	ब्रुवती	(ब्रुवाणः)
लिह् (चाटना)	लिहत्	लिहन्	लिहती	(लिहानः)
धा (रखना)	दधत्	दधन्	दधती	(दधानः)

ईदासः ।७।२।८२।

आस् धातु के अनन्तर शानच् के 'आन' को 'ईन' हो जाता है, यथा—आस् + शानच् = आसीन ।

विदेःशतुर्वसुः ।७।१।३६।

विद् धातु से शतृ प्रत्यय होता है और उसी अर्थ में विकल्प से 'वसु' आदेश हो जाता है, यथा—विद् + शतृ = विदत्, विद् + वसु = विद्वस् । स्त्री लिङ्ग में विदुषी होगा ।

पूङ्यजोः शानन् ।३।२।१२८।

पू तथा यज धातुओं के बाद वर्तमान का अर्थ प्रकट करने के लिए शानन् प्रत्यय लगता है, यथा—पू + शानन् = पवमान. । यज् + शानन् = यजमान. ।

ताच्छील्यवयोवचनशक्तिषु चानश् ।३।२।१२९।

परस्मैपदी तथा आत्मनेपदी धातुओं से किसी के स्वभाव, उम्र, सामर्थ्य का बोध कराने के लिए यह प्रत्यय जोड़ा जाता है, यथा—भोग भुञ्जानः (भोग भोगने के स्वभाव वाला ।) कवच बिभ्राणः (कवच धारण करने का उम्र वाला—तरुण) । शत्रु निघ्नान' (शत्रु को मारने की शक्ति वाला) ।

संस्कृत मे अनुवाद करो—

१—मोहन दौड़ता हुआ गिर पड़ा । २—दुष्ट जानता हुआ भी बुरा काम करता है । ३—लड़ते हुए सिपाही ने युद्ध में वीरतापूर्वक प्राण दे दिये । ४—श्याम प्रयत्न करता हुआ भी इम्तिहान में फेल हो गया । ५—सिंह की डर से काँपता हुआ बच्चा माँ की गोद में चिपक गया । ६—यह कहते-कहते दमयन्ती का गला भर आया । ७—दयालु राजा ने एक काँपती हुई रमणी को देखा । ८—कुत्ते को भौंकते हुए सुनकर चोर भाग गये । ९—परस्पर झगड़ते हुए किसान राजा के पास गये । १०—वह दौड़ता हुआ पत्र पढ़ रहा है । ११—जल पीते हुए मेढ़िये को गोविन्द ने लाठी से मारा । ११—राम भागता हुआ गया । १२—वह हँसता हुआ

काम करता है। १३—वे बालक पढ़ते हुए कहीं जा रहे हैं। १४—सत्य जानता हुआ भी असत्य बोलता है। १५—चोर अन्धेरे को देखता हुआ चोरी करता है। १६—पापी धर्म को देखते हुए भी पाप करते हैं। १७—रावण ने रामचन्द्र जी को ईश्वर जानते हुऐ भी उन्हे सीता नहीं दी। १८—गोपाल हँसता हुआ आचार्य से क्या पूछता है? १९—गाँव को जाते हुए किसान ने एक साँप को मार डाला।

भविष्यत्कालिक कृदन्त

लृटः सद्वा।३।३।१४।

"वाला" का अनुवाद संस्कृत में भविष्यत्कालवाचक सत् (शत् एवं शानच्) प्रत्ययान्त शब्दों से किया जाता है। भविष्य (लृट्) के प्रथम पुरुष के बहुवचन में जो रूप होता है उसके अनन्तर ये प्रत्यय जोड़े जाते हैं, यथा—भविष्यन्ति के भविष्य में 'अत' और 'मान' जोड़ कर भविष्यत् और भविष्यमाण रूप हो जाते हैं। इसी कारण इन प्रत्ययों को ष्यत् और ष्यमाण भी कहते हैं।

१—हिमालयशिखरमारोक्ष्यन् साहसी वीरः तेनसिंहोऽस्ति।
(हिमालय की चोटी पर चढ़ने वाला साहसी वीर तेनसिंह है।)

२—मासिकवेतन प्राप्स्यन् सेवकः अतीव प्रसन्नः दृश्यते।
(मासिक तनख्वाह पाने वाला नौकर बहुत खुश दीखता है)।

३—विदेश गमिष्यन् गोपालः पितरौ प्रणमत्।
(विदेश जाने वाले गोपाल ने अपने माता-पिता को प्रणाम किया)।

४—पादकन्दुकेन क्रीडिष्यन्तः छात्राः क्रीडाक्षेत्रं गच्छन्ति।
(फुटबाल खेलने वाले छात्र खेल के मैदान में जा रहे हैं)।

५—युद्धक्षेत्रे योत्स्यमानाः सैनिकाः सम्बन्धिन आपृच्छन्ति।
(लड़ाई के मैदान में लड़नेवाले सिपाही अपने सम्बन्धियों से विदा लेते हैं)।

परस्मैपदी (स्यतृ)	आत्मनेपदी (स्यमान)	उभयपदी (स्यतृ, स्यमान)
भू—भविष्यत्	जनु—जनिष्यमाणः	कृ—करिष्यत्-करिष्यमाणः
गम्—गमिष्यत्	सह्—सहिष्यमाणः	दा—दास्यत्—दास्यमानः
स्था—स्थास्यत्	व्यध्—व्यधिष्यमाणः	ग्रह-ग्रहीष्यत्-ग्रहीष्यमाणः
दर्शि—दर्शयिष्यत्	प्र+स्था—प्रस्थास्यमानः	नी—नेष्यत्—नेष्यमाणः
मृ—मरिष्यत्	युध्—योत्स्यमानः	शा—शास्यत्—शास्यमानः
हन्—हनिष्यत्	लभ्—लप्स्यमानः	छिद्—छेत्स्यत्—छेत्स्यमानः

कर्मवाच्य में भविष्यत् अर्थ में धातुओं से 'स्यमान' प्रत्यय होता है और 'स्यमान' प्रत्ययान्त पद कर्म के विशेषण हो जाते हैं, यथा—रामेण सेविष्यमाणः विश्वामित्रः। सीतया सेविष्यमाणा अरुन्धती। अस्माभिः भोक्ष्यमाणानि फलानि।

'स्यतृ' और 'स्यमान' प्रत्ययों से बने हुए शब्द विशेषण होते हैं, इसलिए विशेष्य के अनुसार उनमें लिङ्ग, विभक्ति और वचन होते हैं, यथा—वक्ष्यमाणं वचनम्, वक्ष्यमाणेन वचनेन, वक्ष्यमाणे वचने इत्यादि।

पूर्वकालिक क्रिया (क्त्वा और ल्यप्)

समानकर्तृकयोः पूर्वकाले।३।४।२१।

'पढ़कर', 'लिखकर', 'खाकर', 'पीकर' आदि पूर्वकालिक कृदन्तों का अनुवाद संस्कृत में 'क्त्वा' (त्वा) प्रत्ययान्त शब्दों से किया जाता है। ऐसे स्थलों पर एक क्रिया के आरम्भ होने पर दूसरी क्रिया आरम्भ हो जाती है। अतः इसे पूर्वकालिक क्रिया कहते हैं, परन्तु पूर्वकालिक क्रिया और उसके साथ वाली क्रिया का एक ही कर्ता होना चाहिए, यथा—रामो रावणं हत्वा अयोध्यामाजगाम।

समासेऽनञ्पूर्वेक्त्वो ल्यप्।७।१।३७।

यदि धातु के पूर्व कोई उपसर्ग लगा हो तो 'क्त्वा' के स्थान में 'ल्यप्' (य) प्रत्यय होता है, परन्तु नञ् के पूर्व होने पर नहीं होता।

ह्रस्वस्य पिति कृति तुक्।६।१।७१।

यदि यह 'य' ह्रस्व स्वर के बाद आता है तो इसके पूर्व 'त्' लगाकर इसका रूप 'त्य' हो जाता है, यथा—(स + चि + य =) सञ्चित्य, निश्चित्य।

पूर्वकालिक क्रिया के रूप नहीं चलते, क्योंकि वह अव्यय है, यथा—

१—वैशम्पायनो मुहूर्तमिव ध्यात्वा सादरमब्रवीत् (कादम्बर्याम्)।
(वैशम्पायन ने क्षण भर सोचकर विनयपूर्वक कहा)।

२—तत् ते कर्म प्रवक्ष्यामि यज्ज्ञात्वा मोक्ष्यसेऽशुभात्।
(मैं तुम्हें ऐसा कर्म बताऊँगा जिसे जानकर तुम मुक्त हो जाओगे)।

३—यद् गत्वा न निवर्तन्ते तद्धाम परमं मम। (गीतायाम्)
(जहाँ से लौटते नहीं हैं वही मेरा उत्तम स्थान है)।

४—प्रातः आरभ्य सायं यावत् त्वमत्रैव तिष्ठ।
(सुबह से शाम तक तुम यहीं ठहरो)।

५—उत्थाय हृदि लीयन्ते दरिद्राणां मनोरथाः।
(निर्धनों की इच्छाएँ चित्त में उठकर लीन हो जाती हैं)।

६—देवदत्तो वेदानधीत्य विद्वान् अभवत् (वेदों को पढ़कर देवदत्त विद्वान् हो गया)।

उपसर्ग और च्वि प्रत्यय-युक्त धातु से पूर्वकालिक कृदन्त के 'त्वा' के स्थान पर ल्यप् (य) होता है (नञ् समास में नहीं, यथा—अकृत्वा, अगत्वा।)

ल्यप् प्रत्यय होने पर ये परिवर्तन होते हैं—

अ, ई, ऊ + ल्यप् = य । इ, उ, ऋ + ल्यप् + त्य । ऋ + ल्यप् = इर्य, यथा—

(आकारान्त) उत्—स्था + यप् = उत्थाय, आ—दा + यप् = आदाय (ईकारान्त) आ—नी + यप् = आनीय, वि—क्री + यप् = विक्रीय । (ऊकारान्त) अनु—भू + यप् = अनुभूय, प्र—सू + यप् = प्रसूय । (च्विप्रत्ययान्त) मलिनी + भू + यप् = मलिनी भूय । स्थिरी + भू + यप् = स्थिरीभूय । (इकारान्त) वि + जि + यप् = विजित्य, अधि—इ + यप् = अधीत्य । (उकारान्त) प्र—स्तु + यप् = प्रस्तुत्य, प्रतिश्रु + यप् = प्रति-श्रुत्य । (ऋकारान्त) अधि—कृ + यप् = अधि-कृत्य, अनु—सृ + यप् = अनुसृत्य । (ॠकारान्त) अव—तॄ + यप् = अवतीर्य, वि—कॄ + यप् = विकीर्य ।

वच्, वद्, वस्, वह्, स्वप् धातुओं के 'य' के स्थान में 'उ' हो जाता है । शी के स्थान में शय्, हे = हू, ग्रह् = गृह्, प्रच्छ = पृच्छ्, जैसे—प्र—वच् + यप् + प्रोच्य, अनु—वद् + यप् = अनूद्य । अधि—वस् + यप् = अधुष्य, सम्—ग्रह् + यप् = संगृह्य, सम्—शी + यप् = संशय्य ।

जान्तनशां विभाषा ।३।४।३२।

जान्त धातुओं और नश् धातु के बाद क्त्वा जुड़ने से विकल्प से 'न्' का लोप हो जाता है, यथा—रञ्ज् + क्त्वा = रक्त्वा, रङ्क्त्वा, भुज् + क्त्वा = भुक्त्वा, भुङ्क्त्वा । नश् + क्त्वा = नष्ट्वा, नष्ट्वा तथा नशित्त्वा ।

ल्यपि लघुपूर्वात् ।६।४।५६।

णिजन्त तथा चुरादिगणीय धातुओं की उपधा में यदि ह्रस्व स्वर हो तो उनमें ल्यप् के पूर्व अय् जोड़ दिया जाता है, यथा—प्रणम् (णिजन्त) + अय् + ल्यप् य = प्रणमय्य, परन्तु प्रचोर् + य = प्रचोर्य (प्रचोरय्य नहीं बनता) ।

विभाषापः ।६।१।५७।

आप् धातु के अनन्तर जुड़ने पर विकल्प से 'अय्' आदेश होता है, यथा—प्र + आप् + ल्यप् = प्रापय्य, प्राप्य ।

अलं खल्वोः प्रतिषेधयोः प्राचां क्त्वा ।३।४।१८।

क्त्वान्त तथा ल्यबन्त क्रिया जब 'अलम्' तथा 'खलु' शब्द के साथ आती है तब पूर्वकाल का बोध नहीं कराती, अपितु प्रतिषेध का भाव सूचित करती है, यथा—अलं कृत्वा (मत करो, बस), पीत्वा खलु (मत पीओ), विजित्य खलु (मत जीतो, बस), अवमत्यालम् (अपमान मत करो, बस) ।

मुख्य धातुओं के क्त्वा और ल्यप के रूप—

धातु	क्त्वा	ल्यप्	धातु	क्त्वा	ल्यप्
आप्	आप्त्वा	प्राप्य समाप्य	कृ	कृत्वा	अनुकृत्य
			क्री	क्रीत्वा	विक्रीय
इ	इत्वा	अधीत्य	क्षिप्	क्षिप्त्वा	निक्षिप्य
ईक्ष्	ईक्षित्वा	निरीक्ष्य परीक्ष्य	गण्	गणयित्वा	विगण्य
			कॄ	कीर्त्वा	विकीर्य
दृश्	दृष्ट्वा	सदृश्य	हा	हित्वा	विहाय
धा	हित्वा	विधाय	हे	हूत्वा	आहूय
नम्	नत्वा	प्रणत्य प्रणम्य	चिन्ति	चिन्तयित्वा	सचिन्त्य
			छिद्	छित्वा	विच्छिद्य
नी	नीत्वा	आनीय	ज्ञा	ज्ञात्वा	विज्ञाय प्रतिज्ञाय
गम्	गत्वा	आगत्य आगम्य	तॄ	तीर्त्वा	सतीर्य
			त्यज्	त्यक्त्वा	परित्यज्य
ग्रन्थ्	ग्रन्थित्वा	सग्रथ्य	दृश्	दृष्ट्वा	सदृश्य
ग्रह्	गृहीत्वा	सगृह्य अनुगृह्य	रुह्	रुढ्वा	आरुह्य
			भू	भूत्वा	सभूय
घ्रा	घ्रात्वा	समाघ्राय	भ्रम्	भ्रमित्वा भ्रान्त्वा	विभ्रम्य
ची	चित्वा	सचित्य			
पत्	पतित्वा	निपत्य	मन्	मत्वा	अवमत्य
लभ्	लब्ध्वा	उपलभ्य	मन्थ्	मथित्वा	समथ्य
लिख्	लिखित्वा	विलिख्य	रुध्	रुद्ध्वा	अवरुद्ध्य
वस्	उषित्वा	अध्युष्य	सिच्	सिक्त्वा	निषिच्य
शम्	शमित्वा	निशम्य	सृज्	सृष्ट्वा	विसृज्य
श्वस्	श्वसित्वा	विश्वस्य	स्था	स्थित्वा	उत्थाय
शी	शयित्वा	अभिशय्य	स्पृश्	स्पृष्ट्वा	उपस्पृश्य
लप्	लप्त्वा	विलप्य	स्मृ	स्मृत्वा	विस्मृत्य
पा	पीत्वा	निपाय	हन्	हत्वा	निहत्य
प्रच्छ्	पृष्ट्वा	सपृच्छ्य	हस्	हसित्वा	विहस्य
बुध्	बुद्ध्वा	प्रबुद्धय	हृ	हृत्वा	सहृत्य
वद्	उदित्वा	अनूद्य	विश्	विष्ट्वा	प्रविश्य
भञ्ज्	भङ्क्त्वा	प्रभज्य	श्रि	श्रित्वा	आश्रित्य

संस्कृत में अनुवाद करो—

१—व्याध तरकश से बाण निकाल कर मोर को मारता है। २—हे बालक! तू सिंह को देखकर क्यों डरता है! ३—माता पिता को प्रणाम कर पुत्र विदेश चला गया। ४—काश्मीर जाकर हम बहुत सुन्दर दृश्य देखते हैं। ५—मैं कपड़े पहन कर अभी आपके साथ चलूँगा। ६—व्याध चावलों को बिखेर कर कबूतरों को मारेगा। ७—प्रतिज्ञा करके कहो कि मैं सत्य बोलूँगा। ८—महाराज दशरथ राम के लिए विलाप करके मर गये। ९—ईश्वरचन्द्र विद्यासागर पढ़कर स्कूलों के इन्स्पेक्टर हो गये। १०—कौत्सने अपने अध्ययन को समाप्त कर गुरु से दक्षिणा लेने का आग्रह किया। ११—रावण को मार कर श्रीराम ने लंका का राज्य विभीषण को दिया। १२—चोर घर में घुस कर माल के साथ भाग गये। १३—श्रीराम राक्षसों को जीत कर सीता के साथ अयोध्या लौटे। १४—वह धन इकट्ठा करके उसे दूसरों के लिए छोड़कर सन्यासी हुआ। १५—छात्रो, पुस्तक खोलकर पढ़ो।

णमुल् प्रत्यय

आभीक्ष्ण्ये णमुल् च ।६।४।२२। नित्यवीप्सयोः ।८।१।४।

किसी क्रिया के बार-बार करने के भाव को प्रकट करने के लिए क्त्वा प्रत्ययान्त शब्द अथवा णमुल्-प्रत्ययान्त शब्द प्रयुक्त होता है और वह शब्द दो बार रखा जाता है, यथा—

भक्तः स्मारं स्मारं प्रणमति शिवम् (भक्त बार-बार याद करके शिव को प्रणाम करता है)। यहाँ याद करने की क्रिया बार-बार हुई है। इसी प्रकार—

भक्तः स्मृत्वा स्मृत्वा प्रणमति शिवम्। याद करने की क्रिया प्रणाम करने की क्रिया से पूर्व होती है। इसी प्रकार—

गम्—	गामं	गामम्	अथवा	गत्वा	गत्वा	बार-बार	जाकर
लभ्—	लाभं	लाभम्	,,	लब्ध्वा	लब्ध्वा	,,	पाकर
पा—	पायं	पायम्	,,	पीत्वा	पीत्वा	,,	पीकर
भुज्—	भोजं	भोजम्	,,	भुक्त्वा	भुक्त्वा	,,	खाकर
श्रु—	श्रावं	श्रावम्	,,	श्रुत्वा	श्रुत्वा	,,	सुनकर
जागृ—	जागरं	जागरम्	,,	जागरित्वा	जागरित्वा	,,	जगकर

धातु में णमुल् का अम् जोड़ दिया जाता है। अकारान्त धातु में अ और णमुल् के अम् के बीच में 'य' आ जाता है, यथा—पा + अम् = पायम् इसी प्रकार दायं दायम्, स्नायं स्नायम्। णमुल् में ण् होने के कारण पूर्व स्वर को वृद्धि भी होती है, यथा—श्रु + अम् = श्रौ + अम् = श्रावम्, स्मृ + अम् = स्मारम्।

णमुल् प्रत्ययान्त शब्द अव्यय हैं, इनके रूप नहीं चलते।

अन्यथैवङ्कथमित्थंसुसिद्धाप्रयोगश्चेत् ।३।४।२७।

यदि कृ धातु के पूर्व अन्यथा, एवम्, कथम्, इत्थम् शब्द आवें और कृधातु का अर्थ वाक्य में अपेक्षित न हो और केवल अव्ययों का अर्थ अपेक्षित हो तो भी णमुल् का प्रयोग होता है, यथा—अन्यथाकार ब्रूते (वह दूसरी ही तरह बोलता है), एव कारम्, कथकारम्, इत्थ कारम् (इस तरह)। यहाँ कृ का कुछ भी अर्थ इष्ट नहीं है।

कर्मणि दृशिविदोः साकल्ये ।३।४।२८।

जब दृश् और विद् धातुएँ ऐसे उभयपदों के साथ आती हैं जो उनके कर्म होते हैं तब उनके आगे णमुल् प्रत्यय लगता है और समस्त प्रत्ययान्त शब्द साकल्य (सब) अर्थ का बोधक होता है और प्रयोग एक ही बार होगा पुन पुन. नहीं, यथा—कन्यादर्शं वरयति (जिस जिस कन्या को देखता है, उसी से विवाह कर लेता है, अर्थात् सभी कन्याओं से विवाह कर लेता है।)

यावति विन्दजीवोः ।३।४।२०।

यावत् के साथ विन्द् और जीव् धातुओं में भी णमुल् लगता है, यथा—यावत् + विन्द् + णमुल् = यावद्वेदम्। स यावद्वेद भुङ्क्ते (वह जब तक पाता है तब तक खाता रहता है)। इसी तरह यावज्जीवमधीते (जीवन भर अध्ययन करता रहेगा)।

स्वादुमि णमुल् ।३।४।२६।

स्वादु के अर्थ मे कृ धातु मे णमुल् प्रत्यय जुड़ता है, यथा—स्वादुङ्कार भुङ्क्ते (अर्थात् अस्वादु स्वादु कृत्वा भुङ्क्ते)। इसी तरह सम्पन्नङ्कारम्, लवणङ्कारम्। सम्पन्न तथा लवण शब्द स्वादु के पर्याय शब्द हैं।

निमूलसमूलयो. कषः ।३।४।३४।

यदि निमूल और समूल कष् के कर्म हों तो कष् में णमुल् लगता है, यथा—निमूलकाष कषति, समूलकाष कषति (निमूल समूल कषति—समूल यानी जड़ से गिरा देता है।)

समूलाकृतजीवेषु हन्कृञ्ग्रहः ।३।४।३६।

यदि समूल, अकृत और जीव शब्द हन्, कृ और ग्रह् धातुओं के कर्म हों तो इनके आगे णमुल् जुड़ता है, यथा—समूलघात हन्ति (जड़ सहित उखाड़ रहा है), जीवग्राहं गृह्णाति (जीवित ही पकड़ता है), इसी तरह अकृतकार करोति।

समासत्तौ ।३।४।५०।

जब धातु के पूर्व आनेवाले उपपद शब्द तृतीया या सप्तमी विभक्ति का अर्थ व्यक्त करते हों तब धातु के बाद णमुल् प्रत्यय लगता है और समस्त पद सामीप्य अर्थ को प्रकट करता है, यथा—केशग्राह युध्यन्ते (केशेषु गृहीत्वा युध्यन्ते), बहुत समीप से लड़ रहे हैं—यह अर्थ प्रकट होता है। इसी तरह हस्तग्राह (हस्तेन गृहीत्वा) युध्यन्ते।

समास के अन्त में आने पर णमुलन्त शब्द प्रायः पुनः-पुनः के भाव को प्रकट नहीं करता, यथा—सा चन्द्रमाहं गृहीता (वह कैद कर ली गयी), समूलघात-मघ्नन्तः परान्नोद्यन्ति मानिनः (मानी लोग दुश्मनों को जड़ से उखाड़े बिना उन्नति नहीं करते)।

तुमुन् (तुम्) प्रत्यय

तुमन्ण्वुलौ क्रियायां क्रियार्थायाम् ।३।३।१०।

जिस क्रिया के लिए कोई क्रिया की जाती है, उसकी धातु में भविष्यत् अर्थ प्रकट करने के लिए तुमन् (तुम्) और ण्वुल् (अक) प्रत्यय लगते हैं, यथा—"रामं द्रष्टुं दर्शको वा याति।"

इस वाक्य में दो क्रियाएँ हैं—देखना और जाना—जाने की क्रिया देखने की क्रिया के हेतु होती है, अतः दृश् (देखना) धातु में तुमन् (तुम्) जोड़ दिया गया है। तुमुनन्त क्रिया जिस क्रिया के साथ आती है उसकी अपेक्षा सदा बाद को होती है, जैसे ऊपर के उदाहरण में देखने की क्रिया जाने की क्रिया के बाद ही सम्भव है, अतः तुमुनन्त क्रिया दूसरी क्रिया की अपेक्षा भविष्य में होती है।

समानकर्तृकेषु तुमुन् ।३।३।१५८।

जिस क्रिया के साथ तुमुनन्त शब्द आता है उस क्रिया का और तुमुनन्त क्रिया का कर्ता एक ही होना चाहिए, भिन्न भिन्न कर्ता होने पर तुमुनन्त क्रिया का प्रयोग नहीं हो सकता, यथा—छात्रः पठितुं पाठशाला गच्छति। इस वाक्य में 'पठितुम्' और 'गच्छति' का कर्ता छात्र ही है, भिन्न-भिन्न होने पर तुमुन्त शब्द प्रयोग में नहीं आता।

कालसमयवेलासु तुमुन् ।३।३।१६७।

कालवाची शब्दों (काल, समय, वेला) के साथ एक कर्ता न होने पर भी तुमुनन्त शब्द प्रयोग में आता है, यथा—गन्तुं समयोऽयमस्ति (यह समय जाने के लिए है, यहाँ दो शब्द क्रियावाचक हैं—'है' और 'जाने के लिए'। 'है' का कर्ता है 'समयः' और 'जाने के लिए' का कर्ता और ही है, किन्तु फिर भी तुमुनन्त शब्द का प्रयोग हुआ। इसी भाँति अध्येतुं कालः, भोक्तुं वेला आदि। तुमुनन्त शब्द के रूप नहीं चलते, क्योंकि यह अव्यय है।

१—स्वेदसलिलस्नातोऽपि पुनः स्नातुम् (स्नानाय) अवातरत्।
(पसीने से नहाई हुई भी नहाने के लिए उतरी—कादम्बर्याम्)।

२—इच्छार्थक क्रिया के निमित्त में—
पिनाकपाणिं पतिमाप्तुमिच्छसि ? (तू शिवजी को वरना चाहती है!)
(कुमारसम्भवे)

३—समय शब्द के योग में—

समयः खलु स्नानभोजन सेवितुम् (स्नान और भोजन का यह वक्त है)।

४—शक्, ज्ञा, क्रम् आदि धातुओं के साथ—

न शक्नोति शिरोधरा धारयितुम् (यह गरदन नहीं उठा सकता।)

(कादम्बर्याम्)

५—समर्थद्योतक 'अल' के योग में—

प्रासादास्त्वा तुलयितुमलम्। (महल तुम्हारे मुकाबले के लिए समर्थ हैं)।

६—काम और मनस् के आगे म् का लोप हो जाता है (तुकाममनसोरपि)

द्रष्टुमना जननी मेऽत्र समागता। (मेरी माता मुझे देखने के लिए यहाँ आयी)।

७—पुनरपि वक्तुकाम इव आर्यो लक्ष्यते (स्यात् आर्य और कुछ कहना चाहते हैं—अभि० शाकुन्तले)।

अर्च् (पूजा करना) अर्चितुम्।
अर्ज् (कमाना) अर्जितुम्।
अधि+इ (पढ़ना) अध्येतुम्।
ईक्ष् (देखना) ईक्षितुम्।
कथ् (कहना) कथयितुम्।
कृ (करना) कर्तुम्।
क्री (खरीदना) क्रेतुम्।
गै (गाना) गातुम्।
त्यज् (छोड़ना) त्यक्तुम्।
त्रै (रक्षा करना) त्रातुम्।
दंश् (दशना) दष्टुम्।
दृश् (देखना) द्रष्टुम्।
धाव् (दौड़ना) धावितुम्।
प्र+णम् (झुकना) प्रणन्तुम्।
नी (ले जाना) नेतुम्।
नृत् (नाचना) नर्तितुम्।
पच् (पकाना) पक्तुम्।
प्रच्छ् (पूछना) प्रष्टम्।
पूजि (पूजा करना) पूजयितुम्।
वच् (कहना) वक्तुम्।
भक्ष् (खाना) भक्षयितुम्।
भिद् (तोड़ना) भेत्तुम्।
स्तु (स्तुति करना) स्तोतुम्।
स्था (ठहरना) स्थातुम्।
स्ना (नहाना) स्नातुम्।
स्पृश् (छूना) स्प्रष्टुम्।
हृ (चुराना) हर्तुम्।
मृ (मरना) मर्तुम्।
यज् (यज्ञ करना) यष्टुम्।
रम् (रमना) रन्तुम्।
ग्रह् (पकड़ना) ग्रहीतुम्।
चि (चुनना) चेतुम्।
चिन्ती (सोचना) चिन्तयितुम्।
छिद् (काटना) छेत्तुम्।
जि (जीतना) जेतुम्।
ज्ञा (जानना) ज्ञातुम्।
ज्ञापि (सूचित करना) ज्ञापयितुम्।
तॄ (तैरना) तरितुम्, तरीतुम्।
रुद् (रोना) रोदितुम्।
आ+रुह् (चढ़ना) आरोढुम्।
रूपि (स्थिर करना) रूपयितुम्।
लभ् (पाना) लब्धुम्।
लिह् (चाटना) लेढुम्।
वह् (ले जाना) वोढुम्।

भ्रस्ज् (भूनना) भ्रष्टुम् ।
मुच् (छोड़ना) मोक्तुम् ।
शी (सोना) शयितुम् ।
शुच् (पछताना) शोचितुम् ।
श्रु (सुनना) श्रोतुम् ।
सह् (सहना) सहितुम्, सोढुम् ।
सृज् (पैदा करना) स्रष्टुम् ।

वप् (बोना) वप्तुम् ।
शम् (शांत करना) शमितुम् ।
स्वप् (सोना) स्वप्तुम् ।
सेव् (सेवा करना) सेवितुम् ।
स्मृ (याद करना) स्मर्तुम् ।
हन् (मारना) हन्तुम् ।
हस् (हँसना) हसितुम् ।

संस्कृत में अनुवाद करो—

१—ब्रह्मचारी यज्ञ करने के लिए यज्ञशाला में जाता है। २—व्याध जानवरों का शिकार करने के लिए वन-वन मे घूम रहा है। ३—मैं श्रीनेहरू का भाषण सुनने के लिए जा रहा हूँ। ४—पिता जी कुम्भ-स्नान के लिए प्रयाग गये। ५—माली फूल लेने के लिए जाता है। ६—क्या तुम पुराण पढ़ना चाहते हो? ७—क्या स्नान का यह समय है? ८—वह अपने शत्रुओं को मारना चाहता है। ९—गुरु आज काशी जाना चाहते हैं। १०—भरत जी श्रीरामजी को देखने के लिए चित्रकूट गये थे। ११—वीर अर्जुन शत्रुओं से लड़ने को उद्यत हुआ। १२—कल तुम्हारा नौकर काम करने नहीं आया। १३—श्री राम रावण को दण्ड देने के लिए लंका गये थे। १४—तुम गाने के लिए कहाँ जाओगे? १५—इस भार को उठाने के लिए मजदूर कब आवेगा? १६—आज मैं पुस्तकें खरीदने को जाऊँगा। १७—सोहन ने हमें यहाँ पर भोजन करने के लिए निमन्त्रण दिया। १८—उपदेश देने में सभी समर्थ होते हैं, किन्तु उपदेश ग्रहण करने के लिए कोई नहीं होता। १९—अध्यापक छात्रों को उपदेश देना चाहते हैं। २०—दुर्वासा का तप समग्र लोकों को भस्म करने के लिए पर्याप्त था।

भावार्थ कृत् प्रत्यय

घञ् (अ)—भावे ।३।३।१८। अकर्तरि च कारके संज्ञायाम् ।३।३।१९।

धातु का अर्थ बतलाने के लिए तथा कर्ता को छोड़कर अन्य कारक का अर्थ बतलाने के लिए घञ् (अ) प्रत्यय लगता है, यथा—पच् + घञ् (अ) = पाकः, हासः, लाभः, कामः। पाकः का अर्थ है पक जाना। घञन्त शब्द पुंल्लिङ्ग होते हैं। घञन्त के साथ कर्म में षष्ठी होती है, यथा—भोजनस्य पाकः, गोविन्दस्य हासः (हँसी)।

घञन्त शब्दों को बनाने के लिए आवश्यक नियम—

अत उपधायाः ।७।२।११६।

धातु के अन्तिम इ ई, उ ऊ और ऋ ॠ को वृद्धि होकर क्रमशः ऐ, औ और आर् हो जाता है। धातु की उपधा के अ को आ, इ को ए, उ को ओ और ऋ को अर् होता है।

चजोः कु घिण्यतोः ।७।३।५२।

च् और ज् को क्रमशः क् और ग् हो जाता है, यथा—

चि + घञ् (अ) = कायः, नि + घञ् (अ) = नायः ।
प्रस्तु + घञ् = प्रस्तावः, भू + घञ् = भावः ।
पठ् + घञ् = पाठः, लिख् + घञ् = लेखः ।
रुध् + घञ् = रोधः, विरोधः, अवतृ + घञ् = अवतारः ।
कृ + घञ् = कारः, उपकारः, विकारः, प्रकारः, संस्कारः ।
पच् + घञ् = पाकः, त्यज् + घञ् = त्यागः ।
शुच् + घञ् = शोकः, सिच् + घञ् = सेकः ।
भज् + घञ् = भागः, भुज् + घञ् = भोगः ।
यज् + घञ् = यागः, युज् + घञ् = योगः ।
रुज् + घञ् = रोगः, मृज् + घञ् = मार्गः, अपामार्गः ।

चिवि च भावकरणयोः ।६।४।२७।

भाव और करण में रञ्ज् के न् का लोप हो जाता है, यथा—रञ्ज् + घञ् = रागः, अन्यत्र रङ्गः (रज्यतेऽस्मिन्निति) ।

निवासचितिशरीरोपसमाधानेष्वादेश्च कः ।३।३।४१।

निवास, समूह, शरीर और ढेर अर्थ में चि के च को क होता है, यथा—चि + घञ् = कायः, निकायः, गोमयनिकायः ।

उपसर्गस्य घञ्यमनुष्ये बहुलम् ।६।३।१२२।

उपसर्ग को विकल्प से दीर्घ होता है, यथा—परिपाकः, परीपाकः, प्रतीहारः, परीहारः, । अमनुष्ये किम्—निषादः ।

नोदात्तोपदेशस्य मान्तस्यानाचमेः ।७।३।३४।

म् अन्तवाली धातुओं को जित्, णित्, और कृत् में प्रायः वृद्धि नहीं होती, यथा—दमः, श्रमः, विश्रमः, । (विश्राम शब्द पाणिनि के अनुसार अशुद्ध है) ।

अनाचमिकमिवमीनामिति वक्तव्यम् ।वा०।

आचम्, क्रम्, वम् को वृद्धि होती है, यथा—आचामः, कामः, वामः, रम् से रामः ।

इङश्च ।३।३।२१।

इ धातु से घञ् होता है, यथा—उप + अधि + इ = उपाध्यायः ।

उपसर्गे रुवः ।३।३।२२।

उपसर्ग पूर्वक रु धातु से घञ् होता है, यथा—संरावः (अन्यत्र रवः) ।

श्रिणीभुवोऽनुपसर्गे ।३।३।२४।

उपसर्ग रहित श्रि, नी और भू धातु से घञ् प्रत्यय होता है, यथा—श्रायः, नायः, भावः । अनुपसर्गे किम्—प्रश्रयः, प्रणयः, प्रभवः । कथं प्रभावः—प्रकृष्टोभाव इति प्रभावः (अत्र प्रादिसमासः) ।

प्रेद्रुस्तुस्रुवः ।३।३।८७।

प्र पूर्वक द्रु, स्रु, स्तु धातु से घञ् होता है—प्रद्रावः, प्रस्तावः, प्रस्रावः। प्रे किम्—द्रवः, स्तवः, स्रवः।

उन्न्योर्गः ।३।३।८९।

उत् और नि पूर्वक गृ धातु से घञ् होता है, यथा—उद्गारः, निगारः। उन्न्योः किम्—गरः।

परिन्योर्नीणोद्यूताभ्रेषयोः ।३।३।९७।

द्यूत तथा उचित अर्थ में परिणी और नि + इ से घञ् होता है, यथा—परिणायः, (ममन्तान्नयनम्), न्यायः (उचितम्), द्यूताभ्रेषयोः किम्—परिणयो विवाहः, न्ययो नाशः।

(अच् प्रत्यय) परेर्च् ।३।३।५६। भयादीनामुपसंख्यानम् ।वा०।

इकारान्त धातुओं में अच् (अ) जोड़ा जाता है, यथा—जि + अच् = जयः, नी + अच् = नयः। भी + अच् = भयम्, वर्षम्।

(अप् प्रत्यय) ऋदो रप् ।३।३।५७।

ऋकारान्त और उकारान्त धातुओं में अप् प्रत्यय लगता है, यथा—कॄ + अप् = करः (बखेरना), गॄ + अप् = गरः (विष)। यु + अप् = यवः (जोड़ना), लू (ञ्) + अप् = लवः (काटना)। स्तु + अप् = स्तवः (स्तुति), पू (ञ्) + अप् = पवः (पवित्र करना), भू + अप् = भवः।

अर्हवृदनिश्चिगमश्च ।३।३।५८। वशिरण्योरुपसंख्यानम् ।वा०।

अर्ह, वृ, द, निश्चि, गम्, वश्, रण् में भी अप् लगता है, यथा—अर्हः, वरः, दरः, निश्चयः, गमः, वशः, रणः।

[नङ् (अ) प्रत्यय] यजयाचयतविच्छप्रच्छरक्षो नङ् ।३।३।९०।

यज्, याच्, यत्, विच्छ्, (चमकना) प्रच्छ, रक्ष् में धातुओं से भावार्थक नङ् (अ) प्रत्यय जुड़ता है, यथा—यज्ञः, याच्ञा, यत्नः, विश्नः, प्रश्नः, रक्षणः।

[कि (इ) प्रत्यय] उपसर्गे घो किः ।३।३।९२। कर्मण्यधिकरणे च ।३।३।९३।

उपसर्ग सहित घुसंज्ञक धातुओं—डुदाञ् (दा)—देना, दाण्—देना, दो-खंडन करना, दे—प्रत्यर्पण करना, धा—धारण करना, धे—पीना के बाद भावार्थ में कि (इ) प्रत्यय लगता है, यथा—प्र + धा + किः = प्रधिः (आतो लोप इटि च ।६।४।६४। से आ का लोप हुआ), अन्तर्धिः, जलधिः (जलानि धीयन्तेऽस्मिन् इति), नीरधिः, वारिधिः। 'कि' प्रत्ययान्त शब्द पुंलिंग होते हैं।

[क्तिन् (ति) प्रत्यय] स्त्रियां क्तिन् ।३।३।९४।

धातुओं में क्तिन् (ति) प्रत्यय जोड़कर स्त्रीलिङ्ग भाववाचक शब्द बनाये जाते हैं, यथा—कृतिः, मतिः, धृतिः, चितिः, स्तुतिः।

[क्तिन् (ति) प्रत्यय] ऋल्वादिभ्यः क्तिन्निष्ठावद्वाच्यः । वा० ।

ऋकारान्त तथा लू आदि धातुओं में ति जोड़ने पर वही परिवर्तन होता है जो निष्ठा प्रत्यय जोड़ने में होता है, यथा—कृ + ति (क्तिन्) = कीर्णि, गीर्णि, लूनि, धूनि आदि ।

(क्तिन् प्रत्यय) स्थागापापचो भावे ।३।३।९५।

स्था आदि से भाव में क्तिन् (ति) प्रत्यय होता है उपस्थिति, गीति, प्रस्थिति, सपीति, पक्ति, सक्ति ।

ऊतियूतिजूतिसातिहेतिकीर्तयश्च ।३।३।९७। ऊति, हेति, कीर्ति ।

विशेष—क प्रत्ययान्त शब्दों में साधारणतया त क स्थान पर ति प्रत्यय लगाने से भाववाचक क्तिन् प्रत्ययान्त रूप बनते हैं, यथा—गा-गीत-गीति, गम्-गत-गति, वच्-उक्त-उक्ति, कृति, हृति, धृति, गीति, प्रीति, स्थिति, उपमिति, गति, यति, नति, जाति, ख्याति, दृष्टि, सुति, ग्लानि, म्लानि ।

(क्विप् तथा क्तिन् प्रत्यय) सम्पदादिभ्यः क्विप् । वा० । क्तिन्नपीष्यते । वा० ।

सम्पद्, विपद्, आपद्, प्रतिपद्, परिषद् में क्विप् और क्तिन् दोनों भावार्थ प्रत्यय लगाये जाते हैं, यथा—सम्पत्, विपत्, आपत्, प्रतिपद्, परिषद्—विपत्ति, सम्पत्ति, आपत्ति, प्रतिपत्ति, परिषत्ति ।

(अङ् प्रत्यय) चिन्तिपूजिकथिकुम्बिचर्चश्च ।३।३।१०५। आतश्चोपसर्गे।३।३।१०६।

चिन्त्, पूज्, कथ्, कुम्ब्, चर्च्, धातुओं में तथा सोपसर्ग आकारान्त धातुओं में अङ् प्रत्यय लगता है और वे शब्द स्त्री लिङ्ग भाववाचक होते हैं, यथा—चिन्ता, पूजा, कथा, कुम्बा, चर्चा, प्रदा, उपदा, श्रद्धा, अन्तर्धा ।

(अ प्रत्यय) अ प्रत्ययात् ।३।३।१०२। गुरोश्च हलः ।३।३।१०३।

जिन धातुओं में (सन्, यङ् आदि) कोई प्रत्यय पहले से ही लगा हो, उनमें स्त्रीलिङ्ग भाववाचक शब्द बनाने के लिए 'अ' प्रत्यय लगता है, यथा—कृ धातु से सन्नन्त चिकीर्ष् बना उसमें 'अ' प्रत्यय जोड़कर (चिकीर्ष) टाप् (आ) प्रत्यय लगा—इस प्रकार चिकीर्षा (करने की इच्छा) बना । इसी तरह पिपासा, बुभुक्षा, जिगमिषा, पुत्रकाम्या आदि शब्द बनते हैं ।

यदि हलन्त धातु हो और उसमें कोई गुरु वर्ण (दीर्घ स्वर या संयुक्त व्यंजन) हो तो 'क्तिन्' नहीं लगता 'अ' प्रत्यय लगता है, यथा—ईह + अ + आ = ईहा, ऊह् से ऊहा ।

[युच् (अन) प्रत्यय] ण्यासश्रन्थो युच् ।३।३।१०७। यट्टिवन्दिविदिभ्यश्चेति वाच्यम् ।वा०।

णिजन्त (प्रेरणार्थक) धातुओं में तथा आस्, श्रन्थ्, यट्, वन्द्, विद् में भावार्थ स्त्री लिङ्ग प्रत्यय युच् (अन) जुड़ता है, यथा—

कृ + णिच् + युच् (अन) + टाप् (आ) = कारणा, इसी प्रकार—हारणा, धारणा । आस् + युच् (अन) + टाप् (आ) = आसना, ग्रन्थना, घट्टना, वन्दना, वेदना ।

(घ प्रत्यय) पुंसि संज्ञायां घः प्रायेण ।३।३।११८। गोचरसंचरवहव्रजव्यजापणनिगमाश्च ।३।३।११९।

पुल्लिङ्ग नाम शब्द बनाने के लिए प्रायः धातुओं में घ प्रत्यय लगता है, यथा—आकृ + घः = आकरः (खान), आपणः (बाजार), आवनः (फावड़ा), निकषः (कसौटी), गोचरः (चरागाह), सञ्चरः (रास्ता), वहः (स्कन्ध), निगमः (वेद), व्रजः (बाड़ा), व्यजः (पंखा) आदि ।

(घञ् प्रत्यय) हलश्च ।३।३।१२१।

हलन्त धातुओं में घञ् लगता है, यथा—रम् + घञ् = रामः (रमन्ते योगिनोऽस्मिन् इति), इसी प्रकार अपामार्गः (एक ओषधि का नाम) ।

[क्त तथा ल्युट् (अन) प्रत्यय] नपुंसके भावेक्तः ।३।३।११४। ल्युट् च ।३।३।११५

धातुओं में नपुंसक भाववाचक शब्द बनाने के लिए क्त (निष्ठा) अथवा ल्युट् (अन) प्रत्यय लगाया जाता है, यथा—

हसितम्-हसनम्, गतम्-गमनम्, हृतम्-हरणम्, कृतम्-करणम् आदि ।

[खल् (अ) प्रत्यय] ईषद्दुःसुषुकृच्छ्राकृच्छ्रार्थेषु खल् ।३।३।१२६।

सु एवं ईषत् (सुखार्थ) तथा दुर् (दुःखार्थ) शब्द धातु के पूर्व जुड़े रहने पर धातुओं के परे खल् (अ) प्रत्यय लगता है, यथा—सुकृ + खल् = सुकरः (सुखेन कर्तुं योग्यः) कटो मया (मेरे द्वारा चटाई आसानी से बन सकती है), ईषत्करः कटो मया (मेरे द्वारा चटाई थोड़े प्रयत्न से ही बन सकती है) । दुष्कृ + खल् = दुष्करः (दुःखेन कर्तुं योग्यः) कटो मया (मुझसे चटाई कठिनाई से (दुःख से) बन सकती है ।) ईषत्करः, सुवहः, दुर्लभः, दुःशासनः ।

(युच् प्रत्यय) आतो युच् ।३।३।१२८।

आकारान्त धातुओं में खल् के स्थान में युच् प्रत्यय लगता है, यथा—सुपा + युच् = सुपानः (सुखेन पातुं योग्यः), ईषत्पानः, दुष्पानः ।

(युच् प्रत्यय) भावायांशासियुधिदृशिधृषिमृषिपिभ्यो युज्वाच्यः ।वा०।

इसी तरह युच् प्रत्यय लगाकर दुःशासनः, दुर्योधनः, दुर्दृहः, ईषद्दहः (पुंलिङ्ग), तथा दुष्करा, दुर्वहा आदि (स्त्रीलिङ्ग) तथा दुष्करम्, दुर्वहम् आदि (नपुंसकलिङ्ग) शब्द बनते हैं ।

कर्तृवाचक कृदन्त शब्द

ण्वुल् (अक्) और तृच् (तृ) प्रत्यय

ण्वुल्तृचौ ।३।१।१३३। तुमुन्ण्वुलौ क्रियायां क्रियार्थायाम् ।३।३।१०।

वाला (कर्ता) अर्थ मे धातु से ण्वुल् (अक) और तृच् (तृ) प्रत्यय लगाये जाते हैं, यथा—कृ + ण्वुल (अक) = कारकः (करनेवाला)।

कृ + तृच् (तृ) = कर्तृ (कर्ता, कर्तारौ, कर्तारः) करनेवाला।

इसी तरह—पाठकः, पठितृ (पठिता), दायकः, दातृ (दाता)।

पाचकः—पक्तृ, हारकः—हर्तृ, धारकः—धर्तृ।

ण्वुल् के पूर्व धातु में वृद्धि तथा तृच् के पूर्व धातु में गुण होता है। कर्तृ, हर्तृ आदि के रूप कर्ता के अनुसार पुँल्लिङ्ग, स्त्रीलिङ्ग और नपुंसक लिङ्ग में चलते हैं। पुलिङ्ग मे कर्ता-कर्तारौ-कर्तारः आदि, स्त्री लीङ्ग मे ई (कर्त्री) लगाकर नदी की भाँति और नपुंसक लिङ्ग में कर्तृ-कर्तृणी-कर्तृणि आदि चलेंगे। तृच् प्रत्ययान्त के साथ कर्म में षष्ठी होती है, यथा—पुस्तकस्य कर्ता, धर्ता, हर्ता वा।

ण्वुल् प्रत्यय तुमुन् की भाँति क्रिया के रूप में भी प्रयुक्त होता है, यथा—कृष्णं दर्शको याति (कृष्ण को देखने के लिए जाता है)।

[ल्यु (अन) प्रत्यय] नन्दिग्रहिपचादिभ्यो ल्युणिन्यचः ।३।१।१३४।

नन्दि आदि (नन्दि, वाशि, मदि, दूषि, साधि, वर्धि, शोभि, रोचि के णिजन्त रूप) धातुओ में कर्तृ वाचक शब्द बनाने के लिए ल्यु (अन) प्रत्यय लगता है; ग्रहि आदि (ग्राहि, उत्साही स्थायी, मन्त्री, अयाची, अवादी, विषयी, अपराधी आदि) के बाद णिनि (इन्) लगता है, पच् आदि (पचः, वदः, चलः, पतः, जरः, मरः, क्षमः, सेवः, व्रणः, सर्पः आदि) के बाद अच् (अ) प्रत्यय लगता है, यथा—

नन्द् + ल्यु = नन्दनः (नन्दयतीति नन्दनः), जनार्दनः, मधुसूदनः। वाशनः, मदनः, दूषणः, साधनः, वर्धनः, शोभनः, रोचनः।

ग्रह् + इन् = ग्राहिन् (गृह्णातीति), उत्साही, स्थायी आदि।

पच् + अच् (अ) = पचः (पचतीति), वदः, चलः आदि।

[क (अ) प्रत्यय] इगुपधज्ञाप्रीकिरः कः ।३।१।१३५।

जिन धातुओं की उपधा में इ उ ऋ लृ में से कोई स्वर हो उनके बाद तथा ज्ञा, प्री (प्रसन्न करना) और कृ (बखेरना) के बाद कर्तृवाचक क (अ) प्रत्यय लगता है, यथा—

क्षिप् + क (अ) = क्षिपः (क्षिपतीति) फेंकनेवाला ।
लिख् + क (अ) = लिखः (लिखतीति) लिखनेवाला ।

बुधः (समझने वाला), कृशः (दुबला), ज्ञः (जानने वाला), किरः (बखेरने वाला), प्रियः (प्रीणातीति) प्रसन्न करने वाला ।

(क प्रत्यय) आतश्चोपसर्गे ।३।१।१३६।

आकारान्त धातु के तथा ए ऐ, ओ औ में अन्त होनेवाली जो धातु आकारान्त हो जाती है उसके पूर्व यदि उपसर्ग हो तो भी क प्रत्यय लगता है, यथा—प्रज्ञा + क = प्रज्ञः (प्रजानातीति), विज्ञः, सुज्ञः, अभिज्ञः, आह्वे + क = आह्वः (आह्वयतीति), प्रह्वः ।

[क (अ) प्रत्यय] आतोऽनुपसर्गे कः ।३।२।३।

यदि आकारान्त धातु के पूर्व कोई उपसर्ग न हो तो कर्म के योग में धातु के बाद क (अ) प्रत्यय लगता है, यथा—गो + दा + क = गोदः (गां ददाति इति), सुखदः दुःखदः, गोत्रम्, आतपत्रम्, पुत्रः, छत्रः । द्विपः गोपः, महीपः, पादपः, किन्तु—गो + सम् + दा + अण् + गोसन्दायः । उपसर्ग होने से अण् प्रत्यय हुआ, क नहीं ।

(क) सुपि स्थः ।३।२।४।

कोई शब्द पूर्व में रहने पर आकारान्त धातु से क प्रत्यय होता है, यथा—
द्वि + पा + क = द्विपः, स्था-समस्थः, विषमस्थः ।

(क) गेहे कः ।३।१।१४४।

गृह अर्थ में ग्रह् से क प्रत्यय होता है, यथा—ग्रह् + क = गृहम् (गृह्णाति धान्यादिकमिति) । तात्स्थ्याद् गृहा दाराः ।

(क प्रत्यय) कप्रकरणे मूलविभुजादिभ्य उपसंख्यानम् ।वा०।

मूलविभुज, नखभुच, काकग्रह, कुमुद, महीध्र, कुध्र, गिरिध्र आदि के बाद भी क प्रत्यय लगता है ।

[अण् (अ) प्रत्यय] कर्मण्यण् ।३।२।१। अण् कर्मणि च ।३।३।१२।

जब कर्म के योग में धातु आवे तब कर्तृवाचक अण् (अ) प्रत्यय होता है, यथा—कुम्भ + कृ + अण् = कुम्भकारः (कुम्भं करोति इति), मार + हृ + अण् = मारहारः (मारं हरति इति) । अण् के पूर्व वृद्धि होती है ।

कर्म के योग में अण् प्रत्यय तुमुन् की भाँति क्रिया के रूप में प्रयुक्त होता है, यथा—कम्बलदायी याति (कम्बल देने के लिए जाता है) ।

[अच् (अ) प्रत्यय] अर्हः ।३।२।१६।

कर्म के योग में अर्ह धातु के बाद अच् (अ) प्रत्यय लगता है, यथा—पूजा + अर्ह + अच् = पूजार्हः (पूजामर्हति इति) ब्राह्मणः ।

[ट प्रत्यय] चरेष्टः ।३।२।१६।

चर् धातु के पूर्व अधिकरण होने पर धातु से परे कर्तृवाचक ट प्रत्यय होता है, यथा—कुरु + चर् + ट (अ) = कुरुचरः (कुरुषु चरतीति) ।

(ट प्रत्यय) भिक्षासेनादायेषु च ।३।२।१७।

भिक्षा, सेना, आदाय शब्दों में से कोई एक चर् के पूर्व रहे तो ट प्रत्यय लगता है, यथा—भिक्षा + चर् + ट = भिक्षाचरः (भिक्षां चरतीति) । इसी प्रकार—सेनाचरः (सेनां प्रविशतीति), आदायचरः (गृहीत्वा गच्छतीति) ।

(ट प्रत्यय) पुरोऽग्रतोऽग्रेषु सर्तेः ।३।२।१८।

पुर् पूर्व में रहे तो सृ धातु से ट प्रत्यय होता है, यथा—पुरस्सरः, अग्रसरः, अग्रतस्सरः, अग्रेसर ।

(ट प्रत्यय) कृञो हेतुताच्छील्यानुलोम्येषु ।३।२।२०।

कृ धातु से कर्म के योग में हेतु, स्वभाव और अनुकूल अर्थ में ट प्रत्यय लगता है (कर्मण्यण् से अण् प्रत्यय नहीं लगता), यथा—यशस्करी विद्या, श्राद्धकरः, वचनकरः ।

(ट प्रत्यय) दिवाविभानिशाप्रभाभास्करान्तानन्तादिवहुनान्दोकिंलिपिलिविलि-भक्तिकर्तृचित्रक्षेत्रसंख्याजङ्घावाह्यर्यत्तद्धनुररुष्षु ।३।२।२१।

यदि कृ धातु के पूर्व दिवा, विभा, निशा, प्रभा आदि शब्द कर्म रूप में आवें तो ट (अ) प्रत्यय लगता है (अण् नहीं), यथा—दिवाकरः, विभाकरः, निशाकरः, प्रभाकरः, भास्करः, किंकरः, बहुकरः, एककरः, धनुष्करः, अरुष्करः, लिपिकरः, चित्रकरः, यत्करः, तत्करः ।

(ट प्रत्यय) कर्मणि भृतौ ।३।२।२२।

कृ के पूर्व कर्म शब्द रहे तो ट प्रत्यय होता है, यथा—कर्मकरः (नौकर) ।

[खश् (अ) प्रत्यय] एजेः खश् ।३।२।२८। अरुर्द्विषदजन्तस्य मुम् ।६।३।६७।

णिजन्त एज् धातु के पूर्व यदि कर्म हो तो खश् (अ) प्रत्यय लगता है, यथा—जन् + एज् + खश् (अ) = जनमेजयः (जनमेजयतीति) ।

विशेष—अरुष्, द्विषत् तथा अजन्त शब्दों (अव्यय न होने पर) के बाद यदि खित् (ख इत्) प्रत्ययान्त शब्द आवे तो बीच में एक 'म्' आ जाता है, यथा—जनमेजयः में 'जन + एजयः' है जन शब्द अकारान्त है और एजयः में खश् प्रत्यय है जो खित् है, अतः बीच में 'म्' आ गया है ।

[खश् प्रत्यय] नासिकास्तनयोर्ध्माधेटोः ।३।२।२९।

ध्मा और धेट् के पूर्व यदि नासिका और स्तन कर्म रूप में आवें तो इनके अनन्तर खश् प्रत्यय लगता है, यथा—स्तनन्धयः (स्तनं धयतीति), नासिकन्धमः (नासिकाध्मायतीति) ।

विशेष—खित्यनव्ययस्य ।६।३।३६। खिदन्त शब्दों के आगे आने पर पूर्व शब्द का दीर्घस्वर ह्रस्व हो जाता है और फिर मुम् आगम होता है। अतः नाम्निका का आकार अकार में बदल गया।

[खश् प्रत्यय] आत्ममाने खश्च ।३।२।८३।

अपने आप को समझने के अर्थ में खश् प्रत्यय होता है, यथा—पण्डितंमन्यः (पण्डितमात्मानं मन्यते), नरंमन्यः, स्त्रियंमन्यः, कालिमन्या।

(खश् प्रत्यय) अक्षूर्ललाटयोर्दृशितपोः ।३।२।३६।

दृश् के पहले अक्षूर्, और तप के पहले ललाट शब्द आने पर खश् प्रत्यय होता है, यथा—सूर्यं नपश्यन्तीति अक्षूर्पश्याः (राजदाराः), ललाटं तपतीति ललाट-तपः (सूर्यः)।

(खश् प्रत्यय) विध्वरुषोस्तुदः ।३।२।३५।

यदि विधु और अरुष् तुद् धातु के पूर्व कर्म होकर आवें तो खश् प्रत्यय लगता है, यथा—विधुंतुदः (विधुं तुदतीति), अरुन्तुदः आदि।

(खश् प्रत्यय) वहाभ्रे लिहः ।३।२।३४।

यदि वह (स्कन्ध) और अभ्र, लिह् धातु के पूर्व कर्म होकर आवें तो खश् प्रत्यय होता है, यथा—अभ्रं लेढीति अभ्रंलिहो वायुः। वहं (स्कन्धं) लेढीति वहंलिहो गौः।

(खश् प्रत्यय) उदिकूले रुजिवहोः ।३।२।३१।

यदि कूल शब्द उत्पूर्वक रुज् और वह् धातुओं के पूर्व कर्म होकर आवे तो खश् प्रत्यय लगता है, यथा—कूल + उत् + रुज् + खश् = कूलमुद्रुजः, इसी तरह कूलमुद्वहः।

[खच् (अ) प्रत्यय] प्रियवशे वदः खच् ।३।२।३८।

यदि प्रिय और वश शब्द वद् धातु के पूर्व कर्मरूप में आवें तो वद् धातु में खच् (अ) प्रत्यय लगता है, यथा—प्रिय + म् + वद् + खच् = प्रियंवदः (प्रियं वदतीति), वश् + म् + वद् + खच् = वशंवदः।

(खच् प्रत्यय) संज्ञायां भृतृवृजिधारिसहितपिदमः ।३।२।४५। गमश्च ।३।२।४७।

यदि कोई संज्ञा शब्द भृ, तृ, वृ, जि, धृ, सह्, तप्, दम् तथा गम् धातु के पूर्व कर्मरूप में आवे तो खच् (अ) प्रत्यय लगता है, यथा—

विश्व + म् + भृ + खच् + टाप् = विश्वम्भरा (पृथ्वी) विश्वं बिभर्तीति।
पति + म् + वृ + खच् + टाप् = पतिंवरा (कन्या) पतिं वरतीति।
रथ + म् + तृ + खच् = रथन्तरं (साम) रथं तरतीति।
शत्रु + म् + जि + खच् = शत्रुञ्जयः (गजः) एक हाथी का नाम।
युग + म् + धृ + खच् = युगन्धरः (एक पर्वत का नाम)।

अरि + म् + दम् + खच् = अरिन्दमः (एक राजा का नाम)।
शत्रु + म् + सह् + खच् = शत्रुंसहः (एक राजा का नाम)।
सुत + म् + गम् + खच् = सुतगमः।

(खच् प्रत्यय) द्विषत्परयोस्तापे ।३।२।३६।

यदि द्विषत् और पर शब्द ताप् (तप का णिजन्त रूप) के कर्म रूप में आवें तो ताप् के आगे खच् प्रत्यय लगेगा, यथा—द्विषन्तपः, परन्तपः (द्विषन्तं परं वा तापयतीति)।

(खच् प्रत्यय) वाचि यमो व्रते ।३।२।४०।

वाक् शब्द के उपपद होने पर यम् धातु के आगे व्रत का अर्थ प्रकट करने में खच् प्रत्यय लगता है, यथा—वाच यमः (वाच यच्छतीति) मौनव्रती, व्रत का अर्थ अभीष्ट न होने पर वाग्यामः (वाचं यच्छतीति) रूप बनेगा।

(खच् और अण् प्रत्यय) क्षेमप्रियमद्रे ऽण् च ।३।२।४४।

यदि क्षेम, प्रिय और भद्र शब्द कृ धातु के उपपद रहें तो खच् प्रत्यय और अण् प्रत्यय लगते हैं, यथा—क्षेमङ्करः—क्षेमकारः, प्रियङ्करः—प्रियकारः, भद्रंकरः—भद्रकारः।

क्षेमं करोति इति क्षेमङ्करः में 'क्षेम' 'कृ' का कर्म था। जब कर्म की विवक्षा न हो तो 'शेषे षष्ठी' से षष्ठी विभक्ति में होगा और क्षेमकरः शब्द बनेगा—करोतीतिः करः (कृ + अच्) क्षेमस्य करः क्षेमकरः, यथा—अल्पारम्भाः क्षेमकराः।

[कञ् (अ) और किन् प्रत्यय] त्यदादिषु दृशोऽनालोचने कञ्च ।३।२।६०।
समानान्ययोश्चेति वाच्यम् ।वा०। क्सोऽपि वाच्यः ।वा०।

यदि त्यद्, तद्, यद्, एतद्, इदम्, अदस्, एक, द्वि, युष्मद्, अस्मद्, भवत्, किम्, अन्य तथा समान शब्दों में से कोई दृश् धातु के पूर्व रहे और दृश् धातु का देखना अर्थ न हो तो कञ् (अ) प्रत्यय लगता है और विकल्प से किन् प्रत्यय भी लगता है, यथा—तद् + दृश् + कञ् = तादृशः, इसी तरह—त्यादृशः, यादृशः, एतादृशः, सदृशः, अन्यादृशः, यादृशः आदि।

इसी अर्थ में क्स प्रत्यय भी लगता है, उसका स शेष रहता है, क्विन् का लोप हो जाता है, तद् + दृश् + क्विन् = तादृश्, तद् + दृश् + क्स = तादृक्षः, अन्य + दृश् + क्विन् = अन्यादृश्, अन्य + दृश् + क्स = अन्यादृक्षः आदि।

इसी प्रकार—भवादृक्, भवादृशः, भवादृक्षः। कीदृक्, कीदृशः, कीदृक्षः। युष्मादृक्, युष्मादृशः, युष्मादृक्षः। अस्मादृक्, अस्मादृशः, अस्मादृक्षः आदि।

(क्विप् प्रत्यय) सत्सूद्विषद्रुहदुहयुजविदभिदछिदजिनीराजामुपसर्गेऽपिक्विप् ।३।२।६१।

सद् (बैठना), सू (उत्पन्न करना), दुष् (बैर करना), द्रुह् (द्रोह करना), दुह् (दुहना), युज् (मिलाना), विद् (होना या जानना), भिद् (काटना),

छिद् (काटना), जि (जीतना), नी (ले जाना) और राज् (शोभित होना) के पूर्व कोई उपसर्ग रहे या न रहे इनके बाद क्विप् प्रत्यय लगता है और क्विप् का लोप हो जाता है, यथा—

द्युसत् (देवता—स्वर्ग में बैठने वाला), प्रसः (जननी), द्विट् (शत्रु), मित्रध्रुक् (मित्र द्रोही), गोधुक् (ग्वाला), अश्वयुक् (सईस), वेदवित् (वेद ज्ञाता), गोत्रभित् (इन्द्र), पक्षच्छित् (इन्द्र), इन्द्रजित् (मेघनाद), सेनानी (सेनापति), सम्राट् (महाराज)।

(क्विप्) सुकर्मपापमन्त्रपुण्येषु कृञः ।३।२।८९।

सुकर्म आदि पूर्व में हों तो कृ धातु में क्विप् प्रत्यय होता है, यथा—सुकृत्, कर्मकृत्, पापकृत्, मन्त्रकृत्, पुण्यकृत्।

कतिपय अन्य धातुओं पर भी क्विप् प्रत्यय लगता है, यथा—दृश्—सर्वदृश्, चि—अग्निचित्, कृ—टीकाकृत्, स्तु—देवस्तुत्, सृज्—विश्वसृज्, स्पृश्—मर्मस्पृश् आदि।

(क्विप् प्रत्यय) ब्रह्मभ्रूणवृत्रेषु क्विप् ।३।२।८८।

यदि हन् धातु के पूर्व ब्रह्म, भ्रूण तथा वृत्र शब्द कर्म के रूप में आवें तो क्विप् प्रत्यय लगता है, यथा—ब्रह्म + हन् + क्विप् = ब्रह्महा, भ्रूणहा, वृत्रहा आदि।

(क्विप् प्रत्यय) भ्राजभासधुर्विद्युतोर्जिपृजुग्रावस्तुवः क्विप् ।३।२।१७७।

भ्राज्, भास्, धुर्, विद्युत, ऊर्ज, पृ, जु, ग्रावस्तु से क्विप् प्रत्यय होता है, तथा अन्यों में भी, यथा—बिभ्रार्, भाः, धूः, विद्युत्, अर्क्, पूः, जूः, ग्रावस्तुत्, क्षित् श्रीः, धीः, प्रतिभूः आदि।

[णिनि (इन्) प्रत्यय] कुमारशीर्षयोर्णिनिः ।३।२।५१।

कुमार और शीर्ष शब्द यदि हन् धातु के पूर्व उपपद रहें तो णिनि प्रत्यय लगता है, यथा—कुमारघाती (कुमार हन्तीति), शिरस् का 'शीर्ष' हो जाता है, अतः शीर्षघाती रूप बनेगा।

(णिनि प्रत्यय) सुप्यजातौ णिनिस्ताच्छील्ये ।३।२।७८।
साधुकारिण्युपसंख्यानम् ।वा०। ब्रह्मणि वदः ।वा०।

जातिवाचक सञ्ज्ञा (गो, अश्व, ब्राह्मण आदि) से भिन्न कोई सुबन्त (सञ्ज्ञा, सर्वनाम, विशेषण) किसी धातु के पूर्व आय तो स्वभाव के अर्थ में णिनि (इन्) प्रत्यय लगता है, यथा—उष्ण + भुज् + णिनि = उष्णभोजी (उष्णं भोक्तुं शीलमस्येति), शीतभोजी, आमिषभोजी, शाकाहारी, मांसाहारी, मिथ्यावादी, मित्रद्रोही, मनोहारी।

यदि साधु तथा ब्रह्मन् शब्द कृ तथा वद् के पूर्व आवें तो स्वभाव न होने पर भी णिनि प्रत्यय लगता है, यथा—साधुकारी, ब्रह्मवादी।

(णिनि) कर्तर्युपमाने ।३।२।७९।

उपमान पूर्व में होने पर णिनि प्रत्यय होता है, यथा—उष्ट्र इव क्रोशति उष्ट्र-क्रोशी, ध्वाङ्क्षरावी।

(णिनि) व्रते ।३।२।८०।

व्रत में णिनि प्रत्यय होता है, यथा—स्थण्डिलशायी।

(णिनि प्रत्यय) मनः ।३।२।८३। आत्ममाने खश्च ।३।२।

मन् के पहले यदि कोई सुबन्त रहे तो स्वभाव रहे या न रहे णिनि प्रत्यय होता है, यथा—पण्डित + मन् + णिनि = पण्डितमानी (पण्डितमात्मानं मन्यते)। इसी तरह दर्शनीयमानी।

अपने आप को कुछ मानने के अर्थ में खश् प्रत्यय भी होता है, यथा—पण्डित + मन् + पण्डितम्मन्यः (क्विदन्त शब्द के पहले म् लगता है।)

(ड प्रत्यय) अन्तात्यन्ताध्वदूरपारसर्वानन्तेषु डः ।३।२।४८। सर्वत्रपन्नयोरुप-संख्यानम् ।वा०। उरसो लोपश्च ।वा०। सुदुरोधिकरणे ।वा०।

सु तथा दुः के बाद गम् धातु में ड प्रत्यय लगता है यदि अन्त, अत्यन्त, अध्व, दूर, पार, सर्व, अनन्त, सर्वत्र, पन्न, उरस् और अधिकरण अर्थ हो, यथा—अन्तगः, अत्यन्तगः, अध्वगः, दूरग, पारगः, सर्वगः, अनन्तगः, सर्वत्रगः, पन्नगः, उरगः, (स् का लोप हो गया), सुगः, (सुखेन गच्छतीति), दुर्गः (किला) दुःखेन गच्छत्यत्रेति।

(ड प्रत्यय) सप्तम्यां जनेर्डः ।३।२।९७। पञ्चम्यामजातौ ।३।२।९८। उपसर्गे च संज्ञायाम् ।३।२।९९। अनौ कर्मणि ।३।२।१००। अन्येष्वपि दृश्यते ।३।२।१०१।

सप्तम्यन्त पद पहले रहने पर जन् धातु में ड (अ) प्रत्यय लगता है, यथा—

लवपुरे जातः = लवपुरजः। सरसिजम् = सरोजम्।

मन्दुराया जातः = मन्दुरजः।

जातिभिन्न पञ्चम्यन्त शब्द उपपद होने पर भी ड प्रत्यय लगता है, यथा—संस्काराज्जातः संस्कारजः।

उपसर्ग पूर्वक जन् धातु में भी ड लगता है, यदि निष्पन्न शब्द किसी का नाम विशेष हो, यथा—प्रजन् + ड + टाप् = प्रजा।

अनु + जन् के पूर्व कर्म उपपद होने पर भी ड लगता है, यथा—पुमनुजा = पुमांसमनुरुध्य जाता।

अन्य उपपदों के पूर्व होने पर भी जन् में ड लगता है, यथा—अजः, द्विजः आदि।

[तृन् (तृ) प्रत्यय] आक्वेस्तच्छीलतद्धर्मतत्साधुकारिषु ।३।२।१३४। तृन् ।३।२।१३५।

शील, धर्म तथा अच्छी तरह बनाना के भाव बतलाने के लिए धातु में तृन् (तृ) प्रत्यय लगाया जाता है, यथा—कृ + तृ = कर्तृ ।

कर्ता कटम् { जो चटाई बनाया करता है, जिसका धर्म चटाई बनाना है, जो अच्छी तरह चटाई बनाता है ।

[वुञ् (अक) प्रत्यय] निन्दहिंसक्लिशखादविनाशपरिक्षिपपरिरटपरिवादिव्याभापासूयो वुञ् ।३।२।१४६।

शील, धर्म तथा अच्छी तरह करने के अर्थ में निन्द्, हिंस, क्लिश्, खाद्, विनाश्, परिक्षिप्, परिरट्, परिवाद्, व्ये, भाष्, असूय् धातुओं में वुञ् (अक) प्रत्यय लगता है, यथा—

निंदकः, हिंसकः, क्लेशकः, खादकः, विनाशकः, परिक्षेपकः, परिरटकः, परिवादकः व्यायकः, भाषकः, असूयकः ।

[युच् (अन) प्रत्यय] चलनशब्दार्थादकर्मकाद्युच् ।३।२।१४८। क्रुधमण्डार्थेभ्यश्च ।३।२।१५१।

शील आदि अर्थों में चलना, शब्द करना अर्थवाली अकर्मक धातुओं में तथा क्रोध करना, आभूषित करना अर्थों वाली धातुओं में युच् (अन) प्रत्यय लगता है, यथा—

चल् + युच् (अन) = चलनः (चलितुं शीलमस्य स चलनः) ।
कम्प् + युच् (अन) = कम्पनः (कम्पितुं शीलमस्य स कम्पनः) ।
शब्द् + युच् (अन) = शब्दनः (शब्दं कर्तुं शीलमस्य सः) ।

इसी तरह—क्रोधनः, रोषणः, मण्डनः, भूषणः आदि शब्द मनुष्य वाचक हैं ।

शुकः पठिता विद्याम्—यहाँ पठ् सकर्मक धातु होने के कारण युच् प्रत्यय नहीं हुआ, अपितु तृन् प्रत्यय लगा ।

[पाकन् (आक) प्रत्यय] जल्पभिक्षकुट्टलुण्टवृङः पाकन् ।३।२।१५५।

शील, धर्म, साधुकारिता अर्थ में जल्प्, भिक्ष्, कुट्, (काटना), लुण्ट् (लूटना) तथा वृ (चाहना) धातुओं में पाकन् (आक) प्रत्यय लगता है, यथा—जल्प् + पाकन् (आक) = जल्पाकः (बहुत बोलने वाला), भिक्षाकः (मंगता), कुट्टाकः (काटने वाला), लुण्टाकः (लूटने वाला), वराकः (बिचारा) ।

[इष्णुच् (इष्णु) प्रत्यय] अलङ्कृञ् निराकृञ्प्रजनोत्पचोत्पतोन्मदरुच्यपत्रपवृतुवृधुसहचर इष्णुच् ।३।२।१३६।

अलंकृ, निराकृ, प्रजन्, उत्पच्, उत्पत्, उन्मद्, रुच्, अप-त्रप्, वृत्, वृध्, चर् इन धातुओं में इसी अर्थ में इष्णुच् (इष्णु) प्रत्यय लगता है, यथा—

अलङ्कृ + इष्णुच् (इष्णु) = अलंकरिष्णु (अलंकृत करनेवाला)।
निराकरिष्णु (निरादर करने वाला), प्रजनिष्णु (उत्पादक)।
उत्पचिष्णु (पाचक), उत्पतिष्णु (ऊपर उठाने वाला)।
उन्मदिष्णु (उन्मत्त होनेवाला), रोचिष्णु (रोचक)।
अपनपिष्णु (लज्जाशील), वर्तिष्णु (वर्तमान)।
वर्धिष्णु (वर्धनशील), सहिष्णु (सहनशील)।
चरिष्णु (भ्रमण करने वाला)।

(आलुच् प्रत्यय) स्पृहिगृहिपतिदयिनिद्रातन्द्राश्रद्धाभ्य आलुच् ।३।२।१५८।
शीङो वाच्य ।वा०।

स्पृह्, गृह्, पत्, दय्, शीङ् धातुओं में तथा निद्रा, तन्द्रा और श्रद्धा के बाद आलुच् (आलु) प्रत्यय होता है, यथा—स्पृहयालु, गृहयालु, पतयालु, दयालु, शयालु, निद्रालु, तन्द्रालु, श्रद्धालु ।

(उ प्रत्यय) सनाशंसभिक्ष उ ।३।२।१६८।

सन्नन्त धातुओं तथा आशंस् और भिक्ष् में उ प्रत्यय लगता है, यथा—चिकीर्षु (कर्तुमिच्छति), आशंसु, भिक्षु, लिप्सु, पिपासु इत्यादि।

(३) उणादि प्रत्यय

कृत्य और कृत प्रत्यय ऊपर दिये जा चुके हैं। अब उणादि प्रत्यय दिये जा रहे हैं। उणादि का अर्थ है उण् आदि। ये प्रत्यय सरल नहीं हैं और बुद्धिमत्ता के साथ इनका प्रयोग किया जाता है।

(उण् आदि) उणादयो बहुलम् ।३।३।१।

उणादि बहुत से हैं, और विभिन्न अर्थों में प्रयुक्त होते हैं। महर्षि पाणिनि ने उणादि प्रत्ययों द्वारा ऐसे शब्दों को सिद्ध किया, जो अन्यथा सिद्ध नहीं हो सकते थे।

कृवापाजिमिस्वदिसाध्यशूभ्य उण । उणादि १।

कृ + उण् = कारु (करोतीति, शिल्पी तथा कारक)।
वा + उण् = वायु (वातीति), पा + उण् = पायु (गुदम्) (पिबत्यनेन इति)।
जि + उण् = जायु (औषधम्) जयति रोगान् अनेनेति।
मा + उण = मायु (पित्तम्) मिनोति प्रक्षिपति देहे ऊष्माणमिति।
स्वादु स्वदते रोचते इति। साधु साध्नोति परं कार्यम्। अश्नुते इति आशु (शीघ्रम्)।

(उपच् प्रत्यय) पृनहिकलिभ्य उपच्।

पृ + उपच् = पर्पम्। नह् + उपच् = नहुष। कल् + उपच् = कलुषम् इत्यादि।

संस्कृत में अनुवाद करो—

१—खेलना तथा पढ़ना समय पर होना चाहिए। २—भले आदमी अपकार का बदला उपकार से चुकाते हैं। ३—यह बहुत आनन्द देने वाला वृत्त है। ४—झूठ बोलने वाले मित्र मित्रघाती होते हैं। ५—काम करनेवाला मानव है, पर कर्म का फल देने वाला भगवान् है। ६—यह उपदेश शोक को नाश करने वाला है। ७—झूठ बोलने वाले का कोई विश्वास नहीं करता। ८—इस गाँव के कुम्हार बहुत चतुर हैं। ९—नाश होने वाले शरीर का क्या विश्वास? १०—क्या इस घर में सभी खाने वाले हैं, कमाने वाला कोई नहीं? ११—यह पकाने वाला बहुत निपुण है। १२—क्या इस नगर मे कोई बड़ा गवैया नहीं? १३—वेद का पढ़ना पापों का नाश करने वाला है। १४—इस नगर के प्रायः सभी बनिये लुटेरे हैं। १५—कल विमला ने एक मनोहर राग अलापा। १६—तुम्हारे जैसे आदमी को धिक्कार है! १७—वीरों का निश्चय कठोर कर्मों वाला होता है, वह प्रेम पथ को त्याग देता है। १८—वह साहसियों मे धुरीण और विद्वानों में अग्रणी है। १९—मधुर आकृतिवालों के लिए क्या मण्डन नहीं है? २०—संसार में सुन्दरता सुलभ है, गुणार्जन कठिन है। २१—सर्वनाश प्राप्त होने पर विद्वान् आधा छोड़ देता है। २२—प्रिय प्रवास से उत्पन्न दुःख स्त्रियों के लिए दुःसह होते हैं। २३—सम्पत्तियाँ अच्छे आचरण वालों को भी विचलित कर देती हैं। २४—ऐश्वर्य से उन्मत्तों में प्रायः विकार बढ़ते हैं। २५—यदि एक ही काम से संसार को वश में करना चाहते हो तो परनिन्दा से वाणी को रोको।

तद्धित-प्रकरण

तद्धित शब्द का अर्थ है "तेभ्यः प्रयोगेभ्यः हिताः इति तद्धिताः" अर्थात् ऐसे प्रत्यय जो विभिन्न प्रयोगों के काम में आ सकें।

संज्ञा, सर्वनाम, विशेषण आदि में जिन प्रत्ययों को जोड़ कर कुछ और अर्थ भी निकल आता है, उन प्रत्ययों को तद्धित प्रत्यय कहते हैं, यथा—दिते. अपत्य दैत्यः (दिति + एय), दिति शब्द में एय (तद्धित प्रत्यय) जोड कर दिति के पुत्र (दैत्य) का ज्ञान कराया गया है। कषायेण रक्त काषाय (वस्त्रम्) (कषाय रंग में रंगा हुआ), यहाँ कषाय शब्द में अण् प्रत्यय लगाकर "कषाय से रंगे हुए" का बोध कराया गया है।

तद्धित प्रत्ययों के लिए ये नियम आवश्यक हैं—

(१) तद्धितेष्वचामादेः ।७।२।११७।

यदि तद्धित प्रत्यय में ञ् तथा ण् इत हों तो जिस शब्द में ऐसा प्रत्यय लगेगा उसके प्रथम स्वर को वृद्धि होगी, यथा—दिति + एय (य) = दैत्यः—यहाँ दिति के 'दि' में 'इ' के स्थान में वृद्धि 'ऐ' हो गयी।

(२) किति च ।७।३।११८।

यदि तद्धित प्रत्यय में क् इत् हो तो उस में भी प्रत्येक आदि शब्द के स्वर को वृद्धि होगी, यथा—वर्षा + ठक् (इक) = वार्षिकः, आदि स्वर को वृद्धि हो गयी और वर्षा के 'आ' का लोप हो गया।

(३) यदि तद्धित प्रत्यय किसी व्यञ्जन से आरम्भ है तो शब्द के अन्तिम 'न्' का प्राय. लोप हो जाता है, यथा—राजन् + वुञ् (अक) = राजकम्। जब प्रत्यय स्वर से या य से आरम्भ होते हों तो न् के साथ पूर्ववर्ती स्वर का भी कभी-कभी लोप हो जाता है, यथा—आत्मन् + ईय = आत्न् + ईय = आत्मीय।

(४) युवोरनाकौ ।७।१।१।

प्रत्यय के यु, वु के स्थान में अन तथा अक हो जाते हैं, यथा—ल्युट् + यु (अन), वुञ् = अक।

(५) टस्येकः ।७।३।५०।

प्रत्यय में आये हुए ठ् के स्थान में इक हो जाता है, यथा—ठक = इक।

(६) प्रत्यय के अन्त में आया हुआ हल् अक्षर केवल वृद्धि, गुण आदि का सूचक होता है, शब्द के साथ नहीं जुडता, यथा—अण् प्रत्यय का ण् केवल वृद्धि का सूचक है, शब्द में केवल अ जुड़ता है।

(७) आयनेयीनीयियः फढखछघां प्रत्ययादीनाम् ।७।१।२।

प्रत्यय के आदि में आये हुए फ, ढ, ख, छ, घ के स्थान में क्रमशः आयन्, एय्, ईन, ईय्, इय् हो जाते हैं।

[अपत्यार्थ] तस्यापत्यम् ।४।१।९२।

अपत्य का अर्थ है सन्तान—अतः अपत्यार्थक वर्ग में ऐसे प्रत्यय दिये गये हैं जिनको संज्ञाओं में जोड़ने से किसी पुरुष या स्त्री की सन्तान (पुत्र या पुत्री) का बोध होता है।

अपत्यं पौत्रप्रभृतिगोत्रम् ।४।१।१६२।

इन प्रत्ययों में गोत्र शब्द का प्रयोग पौत्र आदि अपत्य के अर्थ में आया है। मुख्य नियम ये हैं—

(इञ् प्रत्यय) अत इञ् ।४।१।९५।

अपत्य का अर्थ सूचित करने के लिए अकारान्त प्रातिपादिक में इञ् प्रत्यय लगता है यथा—

दशरथ + इञ् = दाशरथिः (राम), दक्ष + इञ् = दाक्षिः (दक्षस्य अपत्यम्)
वसुदेव + इञ् = वासुदेवः (वसुदेवस्य अपत्यं पुमान्)।
सुमित्रा + इञ् = सौमित्रिः, (लक्ष्मणः), द्रोण + इञ् = द्रौणिः (अश्वत्थामा)

(इञ्) बाह्वादिभ्यश्च ४।१।९६।

बाहु आदि शब्दों से अपत्यार्थ में इञ् प्रत्यय होता है, यथा—
बाहु + इञ् = बाहविः, औडुलोमिः।

(ढक् प्रत्यय) स्त्रीभ्योढक् ।४।१।१२०।

जिन प्रातिपदिकों में स्त्री प्रत्यय लगा हो, उनमें अपत्यार्थ सूचक ढक् (एय्) प्रत्यय लगता है, यथा—

विनता + ढक् (एय्) = वैनतेयः (विनता का पुत्र)।
भगिनी + ढक् (एय्) = भागिनेयः (भानजा)।

(ढक् प्रत्यय) द्व्यचः ।४।१।१२१।

जिन प्रतिपादिकों में दो स्वर हों और स्त्रीप्रत्ययान्त हों तथा जो प्रातिपदिक दो स्वर वाले तथा इकारान्त हों (इन् में अन्त न होते हों), उनमें अपत्यार्थ सूचक ढक् प्रत्यय लगता है, यथा—

कुन्ती + ढक् = कौन्तेयः (कुन्त्याः अपत्यं पुमान् ।) माद्रेयः, राधेयः।
दत्ता + ढक् = दात्तेयः (दत्तायाः अपत्यं पुमान्)।
अत्रि + ढक् = आत्रेयः (अत्रेरपत्यं पुमान्)।

(यत् प्रत्यय) राजश्वशुराद्यत् ।४।१।१३८। राज्ञोजातावेवेति वाच्यम्। वा०।

राजन् और श्वसुर शब्दों में अपत्यार्थ सूचक यत् (य) प्रत्यय लगता है, यथा—
राजन् + यत = राजन्यः (राजवंश वाले क्षत्रिय)।

श्वशुर + यत् = श्वशुर्यः (साला) ।
राजन् में यत् प्रत्यय जाति के ही अर्थ में लगता है ।

(अण् प्रत्यय) अश्वपत्यादिभ्यश्च ।४।१।८४।

अश्वपति आदि प्रातिपदिकों में अपत्यार्थ सूचक अण् (अ) प्रत्यय लगता है, यथा—

अश्वपति + अण् = आश्वपतम् ।
गणपति + अण् = गाणपतम् ।

(अश्वपति आदि—अश्वपति, शतपति, धनपति, गणपति, राष्ट्रपति, कुलपति, गृहपति, पशुपति, धान्यपति, धन्वपति, सभापति, प्राणपति और क्षेत्रपति ।)

(अण् प्रत्यय) शिवादिभ्योऽण् ।४।१।११२।

शिव आदि से अपत्यार्थ सूचक अण् प्रत्यय होता है, यथा—

शिव + अण् = शैवः (शिवस्यापत्यम्) ।
गङ्गा + अण् = गाङ्गः (गङ्गायाः अपत्य पुमान्) ।

(अण् प्रत्यय) ऋष्यन्धकवृष्णिकुरुभ्यश्च ।४।१।११४।

ऋषि (ऋषयो मन्त्रद्रष्टारः) अन्धकवंशी, वृष्णिवंशी और कुरुवंशी से अपत्यार्थ सूचक अण् प्रत्यय होता है, यथा—

(ऋषिभ्यः) वसिष्ठ + अण् = वासिष्ठः (वसिष्ठस्य अपत्य पुमान्) ।
विश्वामित्र + अण् = वैश्वामित्रः (विश्वामित्रस्य अपत्य पुमान् ।)
(वृष्णिभ्यः) वसुदेव + अण् = वासुदेवः (वसुदेवस्य अपत्य पुमान् ।)
अनिरुद्ध + अण् = आनिरुद्धः (अनिरुद्धस्य अपत्यं पुमान् ।)
(कुरुभ्यः) नकुल + अण् = नाकुलः (नकुलस्य अपत्य पुमान्) ।
सहदेव + अण् = साहदेवः (सहदेवस्य अपत्य पुमान् ।)

(अण् प्रत्यय) मातुरुत्संख्यासंभद्रपूर्वायाः ।४।१।११५।

यदि कोई संख्या, सम् या भद्र पूर्व हो तो मातृ शब्द से अपत्यार्थ सूचक अण् प्रत्यय होता है, यथा—

द्विमातृ + अण् = द्वैमातुरः, षट् + मातृ + अण् = षाण्मातुरः, सम् + मातृ + अण् = सामातृकः । भद्र + मातृ + अण् = भाद्रमातुरः ।

[एय (य) प्रत्यय] दित्यदित्यादित्यपत्युत्तरपदाण्ण्यः ।४।१।८५।

दिति, अदिति, आदित्य, पति अन्तवाले शब्दों से अपत्यार्थ में एय (य) प्रत्यय लगता है और शब्द के प्रथम स्वर को वृद्धि होती है, यथा—दिति-दैत्यः, अदिति-आदित्यः, प्रजापति-प्राजापत्यः ।

(एय प्रत्यय) कुरुनादिभ्यो एयः ।४।१।१७२।

कुरुवंशी और नकारादि शब्दों से अपत्य अर्थों में एय प्रत्यय होता है, यथा—कुरु—कौरव्यः, निषध—नैषध्यः ।

रक्तार्थक अण् प्रत्यय

(अण् प्रत्यय) तेन रक्तं रागात् ।४।२।१। लाक्षारोचनात् ठक् ।४।२।२।

जिससे रंगा जाय उस रंग वाची शब्द मे अण् प्रत्यय लगता है और उसके प्रथम स्वर को वृद्धि हो जाती है, यथा—

कषाय + अण् = काषायम् (वस्त्रम्) गेरु से रगा हुआ वस्त्र ।

मञ्जिष्ठा + अण् = माञ्जिष्ठम् (मजीठ से रंगा हुआ) ।

किन्तु लाक्षा, रोचन, शकल, कर्दमसे ठक् प्रत्यय होता है = लाक्षिक, रौचनिक, शाकलिक, कार्दमिक ।

(अन् प्रत्यय) नील्या अन् ।वा०।

नीली शब्द मे अन् (अ) प्रत्यय होता है, यथा—नीली + अन् = नीलम् (नील से रगा हुआ) ।

(कन् प्रत्यय) पीतात्कन् ।वा०।

पीत से कन् (क) प्रत्यय होता है, यथा—पीत—पीतकम् ।

[अन् (अ) प्रत्यय] हरिद्रामहारजनाभ्यामञ् ।वा०।

हरिद्रा से अन् (अ) प्रत्यय होता है, हारिद्रा—हारिद्रम् (हल्दी से रंगा हुआ) महारजनम् ।

कालार्थक अण् प्रत्यय

(अण् प्रत्यय) नक्षत्रेण युक्तः कालः ।४।२।३। पूर्णमासादण् वक्तव्यः । वा० ।

नक्षत्र से युक्त समयवाची शब्द बनाने के लिए नक्षत्रवाची शब्द में अण् (अ) प्रत्यय लगता है, यथा—

पुष्य + अण् = पौषम् अहः ।

= पौषी (पुष्येण युक्ता रात्रिः) ।

पूर्णोमासोऽस्यावर्तते इति पौर्णमासी तिथिः ।

(अण् प्रत्यय) सास्मिन् पौर्णमासीति ।४।१।२१।

नक्षत्र से युक्त पूर्णिमा रात्रि होने पर जब मास का नाम पड़ता है तब अण् (अ) प्रत्यय होता है, यथा—

पुष्य + अण् = पौषः (पौषी पूर्णमासी अस्मिन् इति पौषः मासः) ।

चित्रा + अण् = चैत्रः (चित्रया युक्तः मासः) ।

विशाखा—वैशाखः, अषाढा—आषाढः ।

मतुप् (मत्) प्रत्यय

तदस्यास्त्यस्मिन्निति मतुप् ।५।२।९४। भूमनिन्दाप्रशंसासु नित्ययोगेऽतिशायने । सम्बन्धेऽस्ति विवक्षायां भवन्ति मतुवादयः । वा० ।

इसके पास है या इसमें है, इन अर्थों में मतुप् प्रत्यय होता है, 'वान्' 'वाला' (कौचवान्, मिठाईवाला) से जो अर्थ सूचित किया जाता है, उसी अर्थ का बोध करने

के लिए संस्कृत मे 'मतुप्' प्रत्यय प्रयुक्त होता है, यथा—गो + मतुप् (मत्) = गोमान् (गावः अस्य सन्ति इति)।

किसी वस्तु के बाहुल्य, निन्दा, प्रशंसा, नित्ययोग, अधिकता अथवा सम्बन्ध का बोध करने के लिए मत्वर्थीय प्रत्यय लगाते हैं। यथा—

बाहुल्य—गोमान् (बहुत गायों वाला)।
निन्दा—कक्षुदावर्तिनी कन्या (कुबड़ी लड़की) (मत्वर्थीय इनिः)।
प्रशंसा—रूपवान् (अच्छे रूप वाला)।
नित्ययोग—क्षीरी वृक्षः (जिसमें नित्य दूध रहता है) (मत्वर्थीय इनिः)।
अधिकता—उदरिणी कन्या (बड़े पेट वाली लड़की) ,,
सम्बन्ध—दण्डी (दण्ड के साथ रहने वाला साधु) ,,

(मतुप्) रसादिभ्यश्च ।५।२।९५।

मतुप् प्रत्यय प्रायः गुणवाची शब्दों (रूप, रस, गन्ध, स्पर्श आदि) के पश्चात् लगता है, यथा—रसवान्, रूपवान् आदि।

मादुपधायाश्च मतोर्वोऽयवादिभ्यः ।८।२।९। भयः ।८।२।१०।

यदि मतुप प्रत्यय के पहले ऐसे शब्द हों जो म् या अ, आ, या पाचों वर्गों के प्रथम चार वर्णों मे अन्त होते हों या जिनकी उपधा (अन्तिम वर्ण के पूर्ववाला वर्ण) में, म, अ या आ हो तो मतुप् के म् के स्थान मे व् हो जाता है, यथा—किंवान्, विद्यावान्, लक्ष्मीवान्, यशस्वान्, भास्वान्, तडित्वान् आदि। यव आदि के बाद म् को व् नहीं होता, यथा—यवमान्, भूमिमान्।

(इनि और ठन् प्रत्यय) अत इनिठनौ ।५।२।११५।

आकारान्त शब्दों के पश्चात् इनि (इन्) और ठन् (इक) प्रत्यय भी लगते हैं, यथा—

दण्ड + इनि = दण्डी, दण्ड + ठन् = दाण्डिकः।
धन + इनि = धनी, धन + ठन् = धनिकः।

(इतच् प्रत्यय) तदस्य संजातं तारकादिभ्य इतच् ।५।२।३६।

युक्त अर्थ मे तारकादि शब्दों के अनन्तर इतच् (इत्) प्रत्यय लगता है, यथा—

तारका + इतच् (इत्) = तारकित नभः (तारे निकल आये हैं जिसमें)।
पिपासा + इतच् (इत्) = पिपासितः (प्यासा)।

(तारकादि गण के मुख्य शब्द—तारका, पुष्प, कर्णक, मंजरी, शृङ्गीय, व्रण, सूत्र, सूत, मूत्र, निष्क्रमण, पुरीष, उच्चार, प्रचार, विचार, कुड्मल, कण्टक, मुसल, मुकुल, कुसुम, कुतूहल, स्तबक, किसलय, पल्लव, खंडवेग, निद्रा, मुद्रा, बुभुक्षा, धेनुष्या, पिपासा, श्रद्धा, अभ्र, पुलक, अंगारक, वर्णक, द्रोह, दोह, सुख, दुःख, उत्कण्ठा, मद, व्याधि, वर्मन्, व्रण, गौरव, शाल्व, तरङ्ग, तिलक, चन्द्रक, अन्धकार,

गर्व, मुकुर, हर्ष, उत्कर्ष, रण, कुवलय, गर्ध, क्षुध्, सीमन्त, ज्वर, गर, रोग, रोमाञ्च, पण्डा, कज्जल, तृण, कोरक, कल्लोल, स्थपुट, फल, कञ्चुक, शृंगार, अंकुर, शैवल, श्वभ्र, अराल, बकुल, कलंक, कर्दम, कन्दल, मूर्च्छा, अङ्गार, प्रतिबिम्ब, हस्तक, विग्रतन्त्र, प्रत्यय, दीक्षा, गर्ज, गर्मादप्राणिनि ।)

[विनि (विन्) प्रत्यय] अस्मायामेधास्रजो विनिः ।५।२।१२१।

अस् अन्तवाले शब्दों तथा माया, मेधा, स्रज् शब्दों से विनि (विन्) प्रत्यय होता है, यथा—यशस्वी, यशस्वान्, मायावी, स्रग्वी, मेधावी ।

व्रीह्यादि पाठादिनिठनौ—मायी, मायिकः ।

(ग्मिनि प्रत्यय) वाचोग्मिनिः ।५।२।१२४।

वाच् शब्द से ग्मिनि प्रत्यय होता है, यथा—वाग्मी (सुन्दर वक्ता) ।

(अच् प्रत्यय) अर्शआदिभ्योऽच् ।५।२।१२७।

अर्शस् आदि से अच् (अ) प्रत्यय होता है, अर्शसः (बवासीर युक्त) ।

(उरच् प्रत्यय) दन्त उन्नत-उरच् ।५।२।१०६।

दन्त शब्द से उरच् प्रत्यय होता है, यथा—दन्तुरः ।

(व प्रत्यय) केशाद् वोन्यतरस्याम् ।५।२।१०९।

केश शब्द से व प्रत्यय होता है, यथा—केश + व = केशवः, केशी, केशिकः, केशवान् ।

(श प्रत्यय) लोमादिपामादिपिच्छादिभ्यः शनेलचः ।५।२।१००।

लोमन् आदि से श प्रत्यय होता है, लोमन् + श = लोमशः, लोमवान् रोमशः, रोमवान् ।

पामादिभ्यो नः—पामन् से न प्रत्यय होता है, पामन् + न = पामनः (खाजवाला) ।

अङ्गात्कल्याणे—अंग + न = अगना (स्त्री) । लक्ष्म्या अच—लक्ष्मी + न = लक्ष्मणः (लक्ष्मीयुक्त) ।

पिच्छादिभ्य इलच्—पिच्छ आदि से इलच् (इल) प्रत्यय होता है, यथा—पिच्छ + इलच् = पिच्छिलः । उरस् + इलच् = उरसिलः ।

भावार्थ एवं कर्मवाच्य

तस्य भावस्त्वतलौ ।५।१।११९।

भाववाचक संज्ञा बनाने के लिए किसी शब्द में त्व अथवा तल् (ता) प्रत्यय लगाते हैं, यथा—

गुरु + त्व = गुरुत्वम्, गुरु + तल् (ता) = गुरुता ।
शिशु + त्व = शिशुत्वम्, शिशु + तल् (ता) = शिशुता ।
लघुत्वम्—लघुता, ब्राह्मणत्वम्—ब्राह्मणता ।
विद्वत्वम्—विद्वत्ता, महत्त्वम्—महत्ता आदि ।

(इमनिच् प्रत्यय)पृथ्वादिभ्य इमनिज्वा ।५।१।१२२। र ऋतो हलादेर्लघोः।६।४।१६१।

पृथु आदि शब्दों से भावार्थ सूचक इमनिच् प्रत्यय विकल्प से लगाते हैं, यथा—

पृथु + इमनिच् = प्रथिमन्, पृथुत्वम्, पृथुता ।

मृदु + इमनिच् = म्रदिमन्, मृदुत्वम्, मृदुता ।

महिमन्, अणिमन्, गरिमन्, पटिमन्, तनिमन्, बहिमन्, लघिमन् आदि । प्रथिमन् आदि शब्द महिमन् की भाँति पुंल्लिङ्ग होते हैं ।

यदि इमनिच् प्रत्ययान्त शब्द व्यंजन से आरम्भ हो और उसके बाद ऋकार (मृदु, पृथु आदि) आवें तो ऋकार के स्थान में र हो जाता है ।

(पृथु आदि शब्द—पृथु, मृदु, महत्, पटु, तनु, लघु, बहु, साधु, आशु, उरु, गुरु, बहुल, खण्ड, दण्ड, चण्ड, अकिंचन, बाल, होड, पाक, वत्स, मन्द, स्वादु, ह्रस्व, दीर्घ, प्रिय, वृद्ध, ऋजु, क्षिप्र, क्षुद्र और अणु ।)

(इमनिच् अथवा ष्यञ्)

वर्णदृढादिभ्यः ष्यञ् च ।५।१।१२३।

वर्णवाची शब्दों (नील, शुक्ल आदि) तथा दृढ आदि के पश्चात् इमनिच् अथवा ष्यञ् (य) भावार्थ प्रकट करने के लिए लगाते हैं, यथा—

शुक्लस्य भावः शुक्लिमा, शौक्ल्यम् (अथवा शुक्लता, शुक्लत्वम्)

दृढस्य भावः द्रढिमा, दार्ढ्यम् (दृढत्वम्, दृढता)

मधुरिमा, माधुर्यम् । (ष्यञन्त शब्द नपुंसकलिङ्ग होते हैं) ।

(दृढादि शब्द—दृढ, वृढ, परिवृढ, भृश, कृश, वक्र, शुक्र, चुक्र, आम्र, कष्ट, लवण, ताम्र, शीत, उष्ण, जड, बधिर, पण्डित, मधुर, मूर्ख, मूक और स्थिर) ।

[ष्यञ् (य) प्रत्यय] गुणवचनब्राह्मणादिभ्यः कर्मणि च ।५।१।१२४।

गुणवाचक और ब्राह्मणादि शब्दों मे कर्म या भाव के अर्थ को सूचित करने के लिए ष्यञ् प्रत्यय लगता है, यथा—

शौर्यम्, सौन्दर्यम्, ब्राह्मण्यम् (ब्राह्मणस्य भावः कर्म वा) । इसी तरह चौर्यम्, धौर्त्यम्, आपराध्यम्, ऐकभाव्यम्, नैपुण्यम्, कौशल्यम्, चापल्यम्, कौतूहल्यम्, बालिश्यम्, जाड्यम् आदि ।

(ब्राह्मणादि गण के मुख्य शब्द—ब्राह्मण, चोर, धूर्त, आराधय, विराधय, अपराधय, उपराधय, एकभाव, द्विभाव, त्रिभाव, अन्यभाव, संवादिन्, संवेशिन्, समाधिन्, बहुभाविन्, शीर्षघातिन्, विघातिन्, समस्थ, विषमस्थ, परमस्थ, मध्यस्थ, अनीश्वर, कुशल, चपल, निपुण, पिशुन, कुतूहल, बालिश, अलस, दुष्पुरुष, कापुरुष, राजन्, गणपति, अधिपति, दायाद, विषम, विपात और निपात ।)

[ष्यञ् (य) प्रत्यय] चतुर्वर्णादीनां स्वार्थे उपसंख्यानम् ।वा०।

चतुर्वर्ण आदि से स्वार्थ में ष्यञ् (य) प्रत्यय होता है, यथा—चातुर्वर्ण्यम्, चातुराश्रम्यम्, षाड्गुण्यम्, सैन्यम्, सामीप्यम्, सान्निध्यम्, त्रैलोक्यम्।

(अण् प्रत्यय) इगन्ताच्च लघुपूर्वात् ।५।१।१२१।

शब्द के अन्त में इ, उ, ऋ या ऌ हो और उससे पहले ह्रस्व स्वर हो तो भाव अथवा कर्म का अर्थ दिखाने के लिए अण् (अ) प्रत्यय लगता है, यथा—

मुनेर्भावः कर्म वा मौनम् (मौन)।

शुचेर्भावः कर्म वा शौचम् (स्वच्छता)।

पृथोर्भावः कर्म वा पार्थम् (मोटापा)।

कथं काव्यम्—कविशब्दस्य ब्राह्मणादित्वात् ष्यञ्।

(य प्रत्यय) सख्युर्यः ।५।१।१२६।

सखि शब्द से भाव में य प्रत्यय होता है, यथा—सखि + य = सख्यम्।

[यक् (य) प्रत्यय] पत्यन्तपुरोहितादिभ्यो यक् ।५।१।१२८।

पति अन्तवाले शब्दों, पुरोहित आदि और राजन् से यक् (य) प्रत्यय होता है, यथा—सेनापति—सैनापत्यम्, पौरोहित्यम्, राजन् से राज्यम्।

[अञ् (अ) प्रत्यय] प्राणभृज्जातिवयोवचनोद्गात्रादिभ्योऽञ् ।५।१।१२९।

प्राणी, जातिवाचक, और आयुवाचक से अञ् (अ) प्रत्यय होता है, यथा—(प्राणभृज्जातिः) अश्व–आश्वम्, शौट्रम् (वयोवचने) कुमार–कौमारम्, किशोर–कैशोरम्, (उद्गात्रादिः) औद्गात्रम्, औन्नेत्रम्, औष्ठवम्, दौष्ठवम्।

[अण् (अ) प्रत्यय] द्व्यायनान्तयुवादिभ्योऽण् ।५।१।१३०।

द्व्यायन् अन्त वाले और युवन् आदि से अण् (अ) प्रत्यय होता है, यथा—द्व्यायन् (दो साल का), त्र्यायनम्, युवन्—यौवनम्, स्थाविरम्।

[वति (वत्) प्रत्यय) तेन तुल्यं क्रिया चेद्वति ।५।१।११५।

जब किसी के तुल्य क्रिया करने का अर्थ हो तो जिसके समान क्रिया की जाती है उसमें वति (वत्) प्रत्यय लगाते हैं, यथा—

ब्राह्मणेन तुल्यम् = ब्राह्मणवत् अधीते।

(वति प्रत्यय) तत्र तस्येव ।५।१।११६।

यदि किसी के तुल्य कोई वस्तु हो तो वति प्रत्यय जोड़ते हैं, यथा—

इन्द्रप्रस्थे इव = इन्द्रप्रस्थवत् प्रयागे दुर्गः।

चैत्रस्य इव = चैत्रवन्मैत्रस्य भावः। मथुरायामिव मथुरावत्।

(कन् (क) प्रत्यय) इवे प्रतिकृतौ ।५।३।९६।

तत्सदृश मूर्ति या चित्र अर्थ में कन् (क) प्रत्यय होता है, यथा—

अश्वकः (अश्व इव प्रतिकृतिः) अश्व के समान है मूर्ति या चित्र जिसका।

पुत्रकः (पुत्र इव प्रतिकृतिः) पुत्र के समान जब किसी बच्चे या पक्षी को मानें।

समूहार्थक अण् प्रत्यय

तस्य समूहः ।४।२।३७। भिक्षादिभ्योऽण् ।४।२।३८।

किसी वस्तु के समूह के अर्थ का बतलाने के लिए उस वस्तु से अण् (अ) प्रत्यय लगाया जाता है, यथा—

काकाना समूहः = काकम्।

वकाना समूहः = बाकम्।

वृकाना समूहः = वार्कम् (भेड़िए)।

इसी प्रकार—(अनुदात्तादेरञ्) कापोतम्, मायूरम्। भैक्षम्, गार्भिणम्। (गर्भिणीना समूहः)।

(तल् (ता) प्रत्यय) ग्रामजनबन्धुभ्यस्तल् ।४।२।४२। गजसहायाभ्यां चेति वक्तव्यम्। वा०।

ग्राम, जन, बन्धु, गज, सहाय शब्दों से समूह अर्थ में तल् (ता) प्रत्यय लगाया है, यथा—ग्राम+तल (ता)=ग्रामता (गाँवों का समूह), बन्धुता, जनता, गजता, सहायता आदि।

सम्बन्ध एवं विकार अर्थ में अण्

(अण् प्रत्यय) तस्येदम् ।४।३।१२०।

'यह इसका है' इस अर्थ में जिसका सम्बन्ध बताना हो उसमें अण् प्रत्यय लगता है, यथा—देवस्य अयम्=दैवः।

उपगोरिदम्=औपगवम् (उपगु+अण्)।

निशा+अण्=नैशम्, ग्रीष्म+अण्=ग्रैष्मम्।

[ठक् (इक) प्रत्यय] हलसीराट्ठक् ।४।३।१२४।

हल और सीर शब्द से सम्बन्ध अर्थ में ठक् (इक) प्रत्यय लगता है, यथा—

हल+ठक् (इक)=हालिकम्, सैरिकम्।

(अण् प्रत्यय) तस्य विकारः ।४।३।१३४।

जिस वस्तु से बनी हुई (विकार रूप में) कोई अन्य वस्तु प्रतीत हो, उसमें अण् प्रत्यय होता है, यथा—

मृत्तिका+अण्=मार्तिकः (मिट्टी से बना हुआ)।

भस्म+अण्=भास्मनः (भस्मनो विकार—भस्म से बना हुआ)।

(अण् प्रत्यय) अवयवे च प्राण्योषधिवृक्षेभ्यः ।४।३।१३५।

प्राणिवाचक, ओषधिवाचक तथा वृक्षवाचक शब्दों में यही (अण्) प्रत्यय लगने से विकार के अतिरिक्त अवयव अर्थ भी बतलाता है, यथा—

मयूर+अण्=मायूरः (मयूरस्य विकारः अवयवो वा)।

मर्कट+अण्=मार्कटः (मर्कटस्य विकारः अवयवो वा)।

पिप्पल + अण् + पैप्पलः (पिप्पलस्य विकारः अवयवो वा)।
मूर्वा + अण् = मौर्वं काण्डम् भस्म वा।

(मयट् प्रत्यय) मयड् वैतयोर्भोपायाममत्र्याच्छादनयोः ।४।३।१४३।

खाने पहनने की वस्तुओं को छोड़कर अन्य वस्तुओं से विकार तथा अवयव अर्थ में मयट् प्रत्यय विकल्प से होता है, यथा—

सुवर्णस्य विकारो अवयवो वा = सौवर्णम्, सुवर्णमयम्।
अश्मनः विकारो अवयवो वा = आश्मनम्, अश्ममयम्।
भस्मनः विकारो अवयवो वा = भास्मनम्, भस्ममयम्।

अपवाद— { मौद्गः सूपः (मूँग की दाल), 'मुद्गमयः सूपः' अशुद्ध है।
कार्पासमाच्छादनम् (कार्पासमयमाच्छादनम् अशुद्ध है)।

[अञ् (अ)] ओरञ् ।४।३।१३९।

उ ऊ में अन्त होनेवाले शब्दों में अवयव का अर्थ बतलाने के लिए अञ् (अ) प्रत्यय लगाया जाता है, यथा—

देवदारु + अञ् (अ) = दैवदारवम्, भाद्रदारवम्।

हितार्थक छ (ईय) प्रत्यय

[छ (ईय) प्रत्यय] तस्मै हितम् ।५।१।५

जिसके हित की कोई वस्तु हो उसमें छ (ईय) प्रत्यय लगता है, यथा—

वत्स + छ (ईय) = वत्सीयं दुग्धम् (वत्सेभ्यः हितम्)।

(यत् प्रत्यय) शरीरावयवाच्च ।५।१।६।

हित के अर्थ में शरीर के अवयव वाची शब्दों से, उकारान्त शब्दों से तथा गो आदि (गो, हविष्, अक्षर, विष्, बर्हिस् अष्टका, युग, मेधा, नाभि, श्वन् (श्वन् शून वा शुन हो जाता है), कूप, दर, खर, असुर, वेद, बीज आदि) शब्दों से यत् प्रत्यय लगता है, यथा—

दन्त + यत् = दन्त्या (दन्तेभ्यः हिता) ओषधिः, कर्ण्या।
गो + यत् = गव्यम् (गोभ्यः हितम्)।
शर + यत् = शरव्यम् (शरवे हितम्)।
इसी प्रकार—शून्यम्, शुन्यम्, असुर्यम्, वेद्यम्, बीज्यम् आदि।

परिमाणार्थक एवं संख्यार्थक

(वतुप् प्रत्यय) यत्तदेतेभ्यः परिमाणे वतुप् ।७।२।३९। किमिदंभ्यां वोः घः ।५।२।४०।

यत्, तत्, एतत् में वतुप् प्रत्यय लगता है और वतुप् का व 'घ' (य) में बदल जाता है, यथा—कियत्, इयत्।

(मात्रच्) प्रमाणपरिमाणाभ्यां संख्यायाश्चापि संशये मात्रच्चकञ्च: ।वा०।

प्रमाण, परिमाण तथा संख्या की अनिश्चितता मात्रच् प्रत्यय लगाकर दूर की जाती है, यथा—सेरमात्रम् (सेर भर ही), प्रस्थमात्रम् ।

शमः प्रमाणम् = शममात्रम् (निश्चय ही शम् प्रमाण है) । पञ्चमात्रम् (केवल पाँच)।

(अण्) पुरुषहस्तिभ्यामण् च ।५।२।९८।

प्रमाण बतलाने के लिए पुरुष और हस्तिन् में अण् प्रत्यय लगाया जाता है, यथा—पुरुष + अण् = पौरुषम् जलम् (आदमी डूबने भर पानी) अस्यां नद्याम् । हास्तिनं जलमस्यां सरिति ।

(डति) किमः संख्यापरिमाणे डति च ।५।२।४१।

किम् शब्द में डति (अति) लगा कर संख्या तथा परिमाण का बोध कराते हैं, यथा—किम् + डति (अति) = कति ।

(तयप्, तयच्) संख्याया अवयवे तयप् ।५।२।४२। द्वित्रिभ्यां तयस्यायज्वा ।५।२।४३।

संख्या शब्द में तयप् लगाकर संख्या समूह का बोध होता है, यथा—द्वितयम्, त्रितयम् ।

द्वि और त्रि से इसी अर्थ में तयच् प्रत्यय भी लगता है, यथा—द्वयम्, त्रयम् ।

(प्रकरण आदि) प्रमाणे द्वयसज्दघ्नञ् मात्रचः ।५।२।३७।

प्रमाण अर्थात् नाप तोल अर्थ में द्वयस्, दघ्नञ् और मात्रच् प्रत्यय लगते हैं, यथा—(जाँघ तक) ऊरुद्वयसम् (ऊरू प्रमाणमस्य), ऊरुदघ्नम्, ऊरुमात्रम्, हस्तमात्रम्, कटिमात्रम् ।

(वतुप् प्रत्यय) यत्तदेतेभ्यः परिमाणे वतुप् ।५।२।३९।

यत् आदि से परिमाण अर्थ में वतुप् (वत्) प्रत्यय लगता है, यथा—यावान् (यत्परिमाणमस्य), तावान्, एतावान् ।

क्रिया विशेषण तद्धित

[तसिल् (तः) प्रत्यय] पञ्चम्यास्तसिल् ।५।३।७। पर्यभिभ्यां च ।५।३।८। सर्वोभयाभ्यामेव ।वा०।

संज्ञा, सर्वनाम तथा विशेषण के बाद पञ्चमी विभक्ति के अर्थ में तथा परि (वर्जनार्थक) और अभि (अभिमुखार्थक) उपसर्गों के बाद तसिल् (तस्) प्रत्यय लगता है । इस प्रत्यय के पूर्व सर्वनाम शब्दों में कुछ परिवर्तन होता है, यथा—

युष्मत्, अस्मत्, त्यत्, यत्, तत्, एतत्, सर्वत्, इतर्, अमुत्, उभयत्, परित्, अभित् ।

कुतिहोः ।७।२।१०४। किम् को कु हो जाता है—कुतः (कस्मात्) ।

(सप् प्रत्यय) सप्तम्यास्त्रल् ।५।३।१०। इदमो हः ।५।३।११।

सर्वनाम तथा विशेषण के बाद सप्तमी विभक्ति के अर्थ में त्रल् प्रत्यय लगता है, यथा—यत्र, तत्र, कुत्र, बहुत्र, एकत्र, सर्वत्र ।

इदम् शब्द में 'ह' प्रत्यय लगता है (यह त्रल् का अपवाद है), यथा—इह।

किमोऽत् ।५।३।१२। क्वाति । ७।२।१०५।

किम् को क आदेश भी होता है, यथा—क, कुत्र ।

इतराभ्योऽपि दृश्यन्ते ।५।३।१४।

पञ्चमी और सप्तमी विभक्तियों के अतिरिक्त स्थलों पर भी तः और त्र प्रत्यय लगते हैं, यथा—स भवान्, ततो भवान्, तत्र भवान्। तं भवन्तम्, ततो भवन्तम्, तत्र भवन्तम्। इसी प्रकार—दीर्घायुः, देवानांप्रियः, आयुष्मान्।

(दा प्रत्यय) सर्वैकान्यकियत्तदः काले दा ।५।३।१५। दानीं च ।५।३।१२। तदो दा च ।५।३।१६।

सर्व, एक, अन्य, किं, यत्, तद्, शब्दों के बाद जब, तब, कब आदि अर्थ प्रकट करने के लिए दा प्रत्यय लगता है, यथा—सर्वदा, एकदा, अन्यदा, कदा, यदा, तदा।

इसी अर्थ में 'दानीम्' प्रत्यय भी लगता है, यथा—कदानीम्, यदानीम्, इदानीम्। तदा—तदानीम्।

अधुना ।५।३।१७।

इदम् को अधुना हो जाता है।

इदमोर्हिल् ।५।३।१६।

सप्तम्यन्त से काल में हिल् प्रत्यय होता है, यथा—एतर्हि (अस्मिन्काले)।

(थाल् प्रत्यय) प्रकारवचने थाल् ।५।३।२३। इदमस्थमुः ।५।३।२४। किमश्च ।५।३।२५।

प्रकार अर्थ में थाल् (था) प्रत्यय लगता है, यथा—यथा, तथा, सर्वथा आदि।

इदम्, एतत्, किम् में 'थमु' प्रत्यय लगता है, यथा—कथम्, इत्थम्।

अनद्यतने हिलन्यतरस्याम् ।५।३।२१।

अनद्यतन में हिल् विकल्प से होता है (पक्षे काले दा), यथा—कर्हि, कदा। यर्हि, यदा। तर्हि, तदा। एतस्मिन्काले एतर्हि।

(अस्ताति) दिक्शब्देभ्यः सप्तमीपञ्चमीप्रथमाभ्यो दिग्देशकालेष्वस्तातिः ।५।३।२७।

आगे-पीछे आदि शब्दों के अर्थसूचक पूर्व आदि दिशावाची शब्दों में प्रथमा, पञ्चमी तथा सप्तमी के अर्थ में अस्ताति (अस्तात्) प्रत्यय लगता है, यथा—

पूर्व + अस्ताति = पूर्वस्तात्। अधस्तात्, उपरिष्टात्, अवस्तात्, अवरस्तात्।

(एनप् और आति) एनबन्यतरस्यामदूरेऽपञ्चम्याः ।५।३।३५। पश्चात् ।५।३।३२। उत्तराधरदक्षिणादातिः ।५।३।३४।

प्रथमा और सप्तमी का अर्थ बतलाने के लिए 'एनप्' लगाया जाता है, यथा—दक्षिणेन, उत्तरेण, पूर्वेण, अधरेण, पश्चिमेन।

दक्षिणादि शब्दों पर आति प्रत्यय भी लगता है, यथा—पश्चात्, उत्तरात्, अधरात्, दक्षिणात् आदि।

(धा प्रत्यय) संख्याया विधार्थे धा ।५।३।४२।

संख्यावाची शब्दों से प्रकार अर्थ में धा प्रत्यय होता है, यथा—एकधा, द्विधा, त्रिधा, चतुर्धा, पञ्चधा, शतधा, सहस्रधा, बहुधा ।

[कृत्वसुच् (कृत्वस्)] संख्यायाः क्रियाभ्यावृत्तिगणने कृत्वसुच् ।५।४।१७।

दो बार, तीन बार आदि की भाँति 'बार' शब्द का अर्थ प्रकट करने के लिए संख्यावाची शब्दों में कृत्वसुच् (कृत्वस्) प्रत्यय लगता है, यथा—

पञ्चकृत्वः (पाँच बार) भुङ्क्ते ।इसी प्रकार—षट्कृत्वः, सप्तकृत्वः आदि ।

[सुच् (स्) प्रत्यय] द्वित्रिचतुर्भ्यः सुच् ।५।४।१८।

द्वि, त्रि, चतुर् शब्दों मे सुच् प्रत्यय लगता है, यथा—

द्विः (दोबार), त्रिः (तीन बार), चतुः (चार बार) ।

(सुच्) एकस्य सकृच्च ।५।४।१९।

इसी अर्थ में एक शब्द से सुच् लगता है और एकके स्थान में सकृत् हो जाता है, यथा—एक+सुच् = सकृत्+सुच् = सकृत् ।

(धा) विभाषाबहोर्धाऽविप्रकृष्टकाले ।५।४।२०।

बहु शब्द में कृत्वसुच् और धा दोनों प्रत्यय लगते हैं, यथा—बहुकृत्वः, बहुधा ।

शैषिक

शेषे ।४।२।९२।

जिन अर्थों का ज्ञान अपत्यार्थक, समूहार्थक आदि प्रत्ययों से नहीं होता, वे तद्धित-अर्थ पाणिनीय व्याकरण में शेष शब्द से बतलाये गये हैं। 'शेष' तद्धित अर्थों के लिए अण् आदि प्रत्यय लगाये जाते हैं, यथा—

श्रवण+अण् = श्रावणः (श्रवणेन श्रूयते—शब्दः) ।
चक्षुष्+अण् = चाक्षुषम् (चक्षुषा गृह्यते—रूपम्) ।
अश्व+अण् = आश्वः (अश्वैरुह्यते—रथः) ।
चतुर्दशी+अण् = चातुर्दशम् (चतुर्दश्या दृश्यते—रक्षः) ।
चतुर्+अण् = चातुरम् (चतुर्भिरुह्यते—शकटम्) ।

(य, खञ्) ग्रामाद्यखञौ ।४।२।९४।

ग्राम शब्द में शैषिक प्रत्यय य और खञ् (ईन) होते हैं, यथा—ग्राम+य = ग्राम्यः, ग्राम+खञ् (ईन) = ग्रामीणः ।

(त्यक्) दक्षिणापश्चात्पुरसस्त्यक् ।४।२।९८।

दक्षिणा आदि से त्यक् (त्य) प्रत्यय होता है, यथा—दाक्षिणात्यः, पाश्चात्यः, पुरस्—पौरस्त्यः ।

(ढक्) नद्यादिभ्यो ढक् ।४।२।९७। नादेयम्, माहेयम्, वाराणसेयम् ।

[घ (इय्), ख (ईन)] राष्ट्रावारपाराद्घखौ ।४।२।९३।

राष्ट्र शब्द से घ (इय्) तथा अवारपार से ख (ईन) प्रत्यय होता है, यथा—राष्ट्रे जातः = राष्ट्रियः, अवारपारीणः ।

(यत् प्रत्यय) द्यु प्राग्पागुदक्प्रतीचो यत् ।४।२।१०१।

द्यु, प्राच्, अपाच्, उदच्, प्रतीच् शब्दों से यत् प्रत्यय होता है, यथा—द्यु + यत् = दिव्यम्, प्राच्यम्, अपाच्यम्, उदीच्यम्, प्रतीच्यम् ।

[ठञ् (इक)] कालाट्ठञ् ।४।३।११।

कालवाची शब्दों से शैषिक ठञ् (इक) प्रत्यय होता है, यथा—मास + ठञ् (इक) = मासिकम् । इसी प्रकार—सांवत्सरिकम्, सायंप्रातिकः, पौनः पुनिकः ।

(अण् प्रत्यय) सन्धिवेलाद्यृतुनक्षत्रेभ्योऽण् ।४।३।१६।

सन्धिवेला, सन्ध्या, अमावस्या, त्रयोदशी, चतुर्दशी, पौर्णमासी, प्रतिपद् तथा ऋतुवाची (शरद् आदि) और नक्षत्रवाची शब्दों से अण् प्रत्यय होता है, यथा—

सन्धिवेला + अण् = सान्धिवेलम्, (सन्धिवेलायां भवम्) सान्ध्यम्, आमावास्यम्, त्रायोदशम्, चातुर्दशम्, पौर्णमासम्, प्रातिपदम् । प्रैष्मम्, तैषम्, शारदम्, हैमन्तम्, शैशिरम्, वासन्तम्, पौषम्, वार्षिकम् (वर्षा + ठक्), प्राहपेरणम् (प्राहप + एरण) ।

(ट्युट्युल्) सायंचिरंप्राह्णे प्रगेऽव्ययेभ्यष्ट्युट्युलौ तुट् च ।४।३।२३।

सायं, चिरं, प्राह्णे, प्रगे शब्दों के तथा अव्ययों के बाद शैषिक ट्युट्युल् (अन) प्रत्यय लगते हैं तथा शब्द और प्रत्यय के बीच में त् आ जाता है, यथा—

सायं + त् + ट्युल् (अन) = सायन्तनम् । इसी तरह—चिरंतनम्, प्राह्णेतनम्, प्रगेतनम्, दोषातनम्, दिवातनम्, इदानीन्तनम्, तदानीन्तनम् आदि ।

(ट्युट्युल्, तुट्, ठञ्) विभाषापूर्वाह्णापराह्णाभ्याम् ।४।३।२४।

पूर्वाह्ण और अपराह्ण से ट्युट्युल्, तुट् और ठञ् प्रत्यय होते हैं, यथा—पूर्वाह्णेतनम्, पूर्वाह्णतनम्, पौर्वाह्णिकम् । अपराह्णेतनम्, अपराह्णतनम्, आपराह्णिकम् ।

[त्यप् (त्य) प्रत्यय] अव्ययात्त्यप् ।४।२।१०७। अमेहकतसिभ्यः एव । वा० । त्यब्नेषु व इति वक्तव्यम् । वा० ।

अमा, इह, क तथा नी के बाद और तसि तथा त्रल् प्रत्यान्त शब्दों के बाद त्यप् (त्य) प्रत्यय लगता है, यथा—अमा + त्यप् (त्य) = आमात्यः, इहत्यः, कुत्यः, अत्रत्यः, ततस्त्यः, यतस्त्यः, कुत्रत्यः, तत्रत्यः, नित्यः आदि ।

[छ (ईय) प्रत्यय] वृद्धियस्त्राचामादिस्तद् वृद्धम् ।१।१।७३। त्यदादीनि च ।१।१।७४। वृद्धाच्छः ।४।२।११४।

'इदं' के बाद शैषिक छ (ईय) प्रत्यय लगता है, यथा—शाला + छ (ईय) = शालीयः, मालीयः, तदीयः, यदीयः, एतदीयः, युष्मदीयः, अस्मदीयः, भवदीयः आदि ।

[वृद्ध—जिन शब्दों के स्वरों में प्रथम स्वर वृद्धिवाला (आ, ऐ, औ) हो, वे शब्द तथा त्यद् आदि शब्द (त्यद्, तद्, यद्, एतद्, इदम्, अदस्, एक, द्वि, युष्मद्, अस्मद्, भवत्, किम्) पाणिनीय व्याकरण में वृद्ध कहलाते हैं।)

(छ, अण्, खञ्,) युष्मदस्मदोरन्यतरस्यां खञ्च ।४।३।१। तस्मिन्नणि च युष्माकास्माकौ ।४।३।२। तवकममकावेकवचने ।४।३।३। भवतष्ठक् छसौ ।

युष्मद्—(छ) = युष्मदीयः, युष्माक + अण् = यौष्माकः,
युष्माक + खञ् = यौष्माकीणः (तुम्हारा)।
तवक + अण् = तावकः, खञ्—तावकीनः, छ = त्वदीयः (तेरा)।
अस्मद्—(छ) = अस्मदीयः, अस्माक + अण् = आस्माकः, खञ् = आस्माकीनः।
मम + अण् = मामकः, + खञ् = मामकीनः, (छ) मदीयः (मेरा)।
भवत्—भवत् + ठक् = भावत्कः, + छ = भवदीयः।

तरप्—(तर) ईयसुन् (ईयस्) तथा तमप् और इष्ठन्

द्विवचनविभज्योपपदे तरबीयसुनौ ।५।३।५७। अविशायने तमबिष्ठनौ ।५।३।५५।

दो में से एक का अतिशय दिखलाने के लिए तरप् और ईयसुन् तथा दो से अधिक में से एक का अतिशय दिखलाने के लिए तरप् और इष्ठन् लगते हैं, यथा—

लघु से { लघीयः, लघुतरः (दो में से एक की विशेषता के लिए)।
लघिष्ठः, लघुतमः (दो से अधिक में से एक की विशेषता के लिए)।

किमेत्तिङव्ययघादाम्वद्रव्यप्रकर्षे ।५।४।११।

किम् के बाद एत प्रत्ययान्त (प्राहे प्रगे आदि) शब्दों के बाद, अव्ययों के बाद तथा तिङन्त के बाद तमप् + आम् = तमाम् प्रत्यय लगाया जाता है, यथा—

किन्तमाम्, प्राहेतमाम्, उच्चैस्तमाम् (बहुत ऊँचा), पचतितमाम् (बहुत अच्छी तरह पकाता है), नीचैस्तमाम्, गच्छतितमाम्, दहतितमाम् आदि।

द्रव्य सम्बन्धी प्रकर्ष सूचित होने पर आम् नहीं लगता, यथा—उच्चैस्तमः वृक्षः।

ईषदसमाप्तौ कल्पब्देश्यदेशीयरः ।५।३।६७।

कुछ कमी दिखाने के लिए कल्पप् (कल्प), देश्य, और देशीयर् (देशीय) प्रत्यय जोड़े जाते हैं, यथा—

विद्वत्कल्पः, (ईषदूनो विद्वान्), विद्वद्देश्यः, विद्वद्देशीयः (कुछ कम विद्वान्)।
पञ्चवर्षकल्पः, पञ्चवर्षदेश्यः, पञ्चवर्षदेशीयः (पाँच बरस से कुछ कम)।
पचतिकल्पम्, हसतिकल्पम् (कुछ कम हँसता है)।

अजादी गुणवचनादेव ।५।३।५८।

ईयस् और इष्ठ प्रत्यय गुण वाचकों से ही लगते हैं, किन्तु तर और तम प्रत्यय सब के आगे लगते हैं। ईयस् और इष्ठ के कुछ उदाहरण—

अन्तिक (नेद्) नेदीयान् नेदिष्ठः	लघु (लघ्) लघीयान् लघिष्ठः
उरु (वर्) वरीयान् वरिष्ठः	बलिन् (बल्) बलीयान् बलिष्ठः
गुरु (गर्) गरीयान् गरिष्ठः	बाढ (साध्) साधीयान् साधिष्ठः
दीर्घ (द्राघ्) द्राघीयान् द्राघिष्ठः	महत् (मह्) महीयान् महिष्ठः
दूर (दू) दवीयान् दविष्ठः	मृदु (म्रद्) म्रदीयान् म्रदिष्ठः
पटु (पट्) पटीयान् पटिष्ठः	युवन् (कन्) कनीयान् कनिष्ठः
प्रशस्य (श्र) श्रेयान् श्रेष्ठः	वृद्ध, प्रशस्य (ज्य) ज्यायान् ज्येष्ठः
प्रिय (प्र) प्रेयान् प्रेष्ठः	स्थिर (स्थ) स्थेयान् स्थेष्ठः
बहु (भू) भूयान् भूयिष्ठः	स्थूल (स्थू) स्थवीयान् स्थविष्ठः

उपरि लिखित शब्दों में इन नियमों से परिवर्तन होता है—

(क) टेः—ईयस् या इष्ठ के बाद में रहने पर टि (अन्तिम स्वर सहित अंश) का लोप होता है।

(ख) र ऋतोहलादेर्लं०—शब्द के ऋ को र् हो जाता है।

(ग) प्रियस्थिरस्फिरोरुबहुलगुरु०-प्रिय स्थिर आदि को प्रस्थ आदि होते हैं।

(घ) स्थूलदूरयुवह्रस्वक्षिप्रक्षुद्राणां० —ईयस् और इष्ठ के बाद में रहने पर स्थूल दूर के अन्तिम र ल या व का लोप होता है।

[कन् (क) प्रत्यय] अनुकम्पायाम् ।५।३।७६।

अनुकम्पा का बोध कराने के लिए कन् (क) प्रत्यय लगाते हैं, यथा—

भिक्षुकः (बेचारा भिखारी), पुत्रकः (बेचारा लड़का)।

(च्वि प्रत्यय) कृभ्वस्तियोगे सम्पद्यकर्तरि च्विः ।५।४।५०।

अभूततद्भाव इति वक्तव्यम् (वा) अस्य च्वौ । जब कोई वस्तु इतनी बदल जाय कि जो पहले न थी वह हो जाय तो च्वि प्रत्यय लगाकर इस अर्थ का बोध कराते हैं, च्वि प्रत्यय केवल भू, कृ और अस् धातुओं के योग में लगता है। च्वि का लोप हो जाता है और पूर्व पद का अकार अथवा आकार ईकार में बदल जाता है और कोई अन्य स्वर पूर्व में आवे तो वह दीर्घ हो जाता है, यथा—

कृष्णः + च्वि + क्रियते = कृष्णः + ई + क्रियते = कृष्णी क्रियते अर्थात् अकृष्णः कृष्णः क्रियते।

इसी भाँति—ब्रह्मीभवति (अब्रह्मा ब्रह्मा भवति)।

अगङ्गा गङ्गास्यात् = गङ्गीस्यात्। शुची भवति, पटूकरोति।

(च्वि तथा साति) विभाषा साति कात्स्न्र्ये ।५।४।५२। सात्पदाद्योः ।८।३।१११।

जब किसी वस्तु का किसी दूसरी वस्तु में बदल जाना दिखाना हो तब च्वि के अतिरिक्त साति (सात्) प्रत्यय भी जोड़ते हैं, और साति के स को ष नहीं होता, यथा—

कृत्स्नं शस्त्रमग्निः संपद्यते अग्निसात् भवति = अग्नी भवति (समस्त शस्त्र आग हो रहे हैं)।

अग्निः भस्मसात् भवति = अग्निः भस्मीभवति (आग भस्म हो जाती है)।

विभिन्नार्थक तद्धित प्रत्यय

(अण् प्रत्यय) तद्गच्छति पथि दूतयोः ।४।३।८५।

रास्ता या दूत के अर्थ में अण् (अ) प्रत्यय होता है, यथा—

सुघ्न + अण् = सौघ्नः (सुघ्नं गच्छति) पन्था दूतो वा (सुघ्न को जाता हुआ दूत)।

(अण् प्रत्यय) सोऽस्य निवासः ।४।३।८६। अभिजनश्च ।४।३।९०।

निवास अर्थ में तथा अभिजन अर्थ मे अण् प्रत्यय होता है, अभिजन पूर्वबान्धवों को कहते हैं (अभिजनाः पूर्वबान्धवाः—इति वृत्तिः)।

सुघ्न + अण् = सौघ्नः (सुघ्नो निवासो अस्य) सुघ्न मे जिसका घर हो।

,, ,, (सुघ्नोऽभिजनोऽस्य) सुघ्न जिसके पूर्वज हों।

(अण् प्रत्यय) अधिकृत्य कृते ग्रन्थे ।४।३।८७।

जिस विषय को लेकर कोई ग्रन्थ बनाया जाय, उससे अण् प्रत्यय होता है, यथा—शकुन्तलाम् अधिकृत्य कृत नाटक शाकुन्तलम्, शारीरकम् भाष्यम्, वासवदत्तम्।

(अण् प्रत्यय) तत्र भवः ।४।३।५३।

यदि किसी वस्तु में कोई दूसरी वस्तु वर्तमान हो तो उससे अण् प्रत्यय होता है, यथा—सुघ्न + अण् = सौघ्नः (सुघ्ने भवः) सुघ्न मे है।

(अण्) विषयो देशे ।४।२।५२। तस्य निवासः ।४।२।६९।

यदि किसी देश के जन विशेष के निवास अथवा किसी सम्बन्ध से उसे बतलाना हो तो जनवाची शब्द से अण् प्रत्यय होता है, यथा—

शिव + अण् = शैवः (शिवीना विषयो देशः) (शिवि लोगों के रहने का देश)।

(अण् प्रत्यय) तत आगतः ।४।३।७४।

यदि किसी स्थान से कोई आवे तो स्थान वाचक शब्द से अण् प्रत्यय होता है, यथा—सुघ्न + अण् = सौघ्नः (सुघ्नादागतः)।

[छ (ईय)] तेन प्रोक्तम् ।४।३।१०१।

कृति अर्थ में छ (ईय) प्रत्यय होता है, यथा—पाणिनिना प्रोक्तं पाणिनीयम्।

[ठक् (इक)] ठगाय स्थानेभ्यः ।४।३।७५।

आय के स्थान (दूकान, कारखाना) आदि के बाद ठक् (इक) प्रत्यय होता है, यथा—शौल्कशालिकः (शुल्कशालायाः आगतः)।

[वुञ् (अक)] विद्यायोनिसम्बन्धेभ्यो वुञ् ।४।३।७७।

जिनसे विद्या अथवा जन्म का सम्बन्ध हो उनमें वुञ् (इक) प्रत्यय लगता है, यथा—

उपाध्यायात् आगता = औपाध्यायिका (विद्या) ।
पितामहात् आगतं = पैतामहकं धनम् ।

(ठञ्) ऋतष्ठञ् ।४।३।७८। पितुर्यच्च ।४।३।७९।

ऋकारान्त शब्दों से सम्बन्ध अर्थ में ठञ् प्रत्यय लगता है, यथा—भ्रातृकम्, हौतृकम् । पितृ शब्द से यत् और वुञ् दोनों होते हैं, यथा—पित्र्यम्, पैतृकम् ।

(यत्) दिगादिभ्यो यत् । शरीरावयवाच्च ४।३।५४–५५।

किसी वस्तु में किसी दूसरी वस्तु का वर्तमान होना अर्थ में शरीर के अवयव से तथा दिक् आदि (पिशु, वर्ग, पूग, पक्ष, रहस्, उखा, खाद्यिन्, आदि अन्त, मेघ, यूथ, न्याय, वश, काल, मुख, जघन) शब्दों में यत् (य) प्रत्य लगता है, यथा—

दन्त्यम्, मुख्यम्, रहस्यम् (मन्त्रः), उख्यम्, खाद्यम्, आद्यः (पुरुषः) अन्त्यः, मेघ्यम्, यूथ्यम्, न्याय्यम्, वश्यम्, काल्यम्, मुख्यम् (सेना का अंग, जघन्यम् (नीच) ।

[ञ्य (य)] अव्ययीभावाच्च ।४।३।५६। गम्भीराद्ञ्यः ।४।३।५८।

उसी अर्थ में अव्ययीभाव समास के बाद ञ्य (य) प्रत्यय लगता है, यथा—परिमुखं भवं पारिमुख्यम् । गम्भीरे भव गाम्भीर्यम् ।

(ठक् प्रत्यय) तेन दीव्यतिखनतिजयतिजितम् ।४।४।२। चरति ।४।४।८।

यदि कोई किसी वस्तु से जुआ खेले, कुछ खोदे, कुछ जीते, तैरे, चले तो उस वस्तु के बाद ठक् प्रत्यय लगाकर उस व्यक्ति का बोध होता है, यथा—

अक्षैः दीव्यति = आक्षिकः (अक्ष + ठक्) पैसे से जुआ खेलने वाला ।
अभ्रया खनति = आभ्रिकः (अभ्र + ठक्) फावड़े से खोदने वाला ।
अक्षैर्जयति = आक्षिकः (अक्ष + ठक्) पासों से जीतने वाला ।
अक्षैर्जितम् = आक्षिकम् (अक्ष + ठक्) ,, ।
उडुपेन तरति = औडुपिकः (उडुप् + ठक्—डोंगी से तैरने वाला) ।
हस्तिना चरति = हास्तिकः (हस्तिन् + ठक्—हाथी से चलने वाला) ।

(ठक् प्रत्यय) अस्ति नास्ति दिष्टं मतिः ।४।४।६०।

मति के अर्थ में अस्ति, नास्ति और दिष्ट इन शब्दों के बाद ठक् प्रत्यय होता है, यथा—

अस्ति + ठक् = आस्तिकः (अस्ति परलोकः इत्येव मतिर्यस्य सः)।
नास्ति + ठक् = नास्तिकः (नास्तीति मतिर्यस्य सः)।
दिष्ट + ठक् = दैष्टिकः (दिष्टमिति मतिर्यस्य सः) भाग्यवादी।

(ठक् प्रत्यय) शीलम् ।४।४।६१। तत्र नियुक्तः ।४।४।६६।

जिस बात करने का स्वभाव हो, उसमें तथा जिस काम पर नियुक्त किया गया हो, उसमें ठक् प्रत्यय होता है, यथा—

अपूप + ठक् = आपूपिकः (अपूपभक्षण शीलमस्य सः) (पूआ खाने की आदत वाला।)
आकर + ठक् = आकरिकः (आकरे नियुक्तः) खजाची।

(यत् प्रत्यय) वशंगतः ।४।४।८६। धर्मपथ्यर्थन्यायादनपेते ।४।४।६२।

'वश में आया हुआ' के अर्थ में तथा धर्म, पथ, अर्थ और न्याय के अर्थ में यत् प्रत्यय होता है, यथा—

वश + यत् = वश्यः (वश गतः), धर्म + यत् = धर्म्यम् (धर्मादनपेतम्) धर्मानुकूल। इसी भाँति पथ्यम्, अर्थ्यम्, न्याय्यम्।

(यत्) हृदयस्य प्रियः ।४।४।६५। तत्र साधुः ।४।४।६८।

प्रिय के अर्थ में हृद् के बाद तथा यदि किसी वस्तु के लिए कोई योग्य हो तो उससे यत् प्रत्यय होता है, यथा—

हृदयस्य प्रियः हृद्यः (प्रिय), शरणे साधुः शरण्यः (शरण लेने के योग्य), कर्मणि साधुः कर्मण्यः (काम के लिए उपयुक्त)।

(ठञ् प्रत्यय) तदर्हति ।५।१।६३।

जिस वस्तु के जो मनुष्य योग्य होता है उसका बोध कराने के लिए उस वस्तु से ठञ् प्रत्यय होता है, यथा—

प्रस्थ + ठञ् = प्रास्थिकः (प्रस्थमर्हति) असौ याचकः।
द्रोण + ठञ् = द्रौणिकः (द्रोणमर्हति) असौ सेवकः।
श्वेतच्छत्र + ठञ् = श्वेतच्छत्रिकः।

(यत्) दण्डादिभ्यः ।५।१।६६।

जिस वस्तुके जो मनुष्य योग्य होता है उसके बोध कराने के लिए दण्डादि (दण्ड, मुसल, मधुपर्क, कशा, अर्घ मेघ, मेधा, सुवर्ण, उदक, वध, युग, गुहा, भाग, इभ, भग) शब्दों के बाद यत् प्रत्यय लगता है, यथा—

दण्ड + यत् = दण्ड्यः (दण्डमर्हति) असौ चोरः। इसी भाँति मुसल्यः, मधुपर्क्यः, अर्घ्यः, मेघ्यः, वध्यः, युग्य, गुह्य, भाग्य, भग्य आदि।

(ठञ्) प्रयोजनम् ।५।१।१०६।

प्रयोजन के अर्थ में ठञ् प्रत्यय लगता है, यथा इन्द्रमह + ठञ् = ऐन्द्रमाहिकः (इन्द्रमहः प्रयोजनमस्य) पदार्थः (इन्द्र के उत्सव के लिए), प्रयोजन का अर्थ फल तथा कारण दोनों हैं।

(अण् प्रत्यय) संस्कृतं भक्षाः ।४।२।१६।

जिस चीज में कोई खाने-पीने की चीज तैयार की जाय उसके बोध के लिए उस चीज से अण् प्रत्यय जोड़ा जाता है, यथा—

भ्राष्टे संस्कृताः भ्राष्ट्राः (यवाः) भाड़ में भूने हुए जौ।
अष्टसु कपालेषु संस्कृतोऽष्टकपालः (पुरोडाशः)
पयसि संस्कृतं पायसम् (भक्तम्) दूध में बना हुआ भात।
पयसा संस्कृतं पायसम् (दूध से बनी हुई चीज)।

(ठक् प्रत्यय) दध्नष्ठक् ।४।२।१८। संस्कृतम् ।४।४।३।

दही से बनी हुई चीज पर तथा किसी वस्तु (घी, मिर्च आदि) से बनी हुई चीज पर ठक् प्रत्यय लगता है, यथा—

दधि संस्कृतं दाधिकम् (दही में बनी हुई चीज)।
दध्ना संस्कृत दाधिकम् (दही से बनी हुई चीज)।
तैलेन संस्कृतम् तैलिकम (तेल से बनी हुई वस्तु)।
घृतेन संस्कृतम् घार्तिकम् (घी से बनी हुई वस्तु)।
मरीचेन संस्कृतम् मारिचिकम् (मिर्च से छौंकी हुई वस्तु)।

[ण (अ) प्रत्यय] तदस्यां प्रहरणमिति क्रीडायां णः ।४।२।५७।

यदि किसी खेल में कोई प्रहरण प्रयोग में लाया जाय तो उस खेल का बोध कराने के लिए प्रहरणवाची शब्द से ण (अ) प्रत्यय होता है, यथा—

दण्डः प्रहरणमस्यां क्रीडायां सा दाण्डा (डंडेबाजी)।
मुष्टिः प्रहरणमस्यां क्रीडायां सा मौष्टा (मुक्केबाजी)।

(अण् प्रत्यय) तदस्मिन्नस्तीति देशे तन्नाम्नि ।४।२।६७। तेन निर्वृत्तम् ।४।२।६८। तस्य निवासः ।४।२।६९। अदूरभवश्च ।४।२।७०।

'यह वस्तु इसमें है', 'यह उससे बनी है', 'उनका इसमें निवास है', यह उससे दूर नहीं है' इन अर्थों का बोध कराने के लिए अण् प्रत्यय लगाते हैं, यथा—

उदुम्बराः सन्त्यस्मिन्देशे इति औदुम्बरो देशः।
कुशाम्बेन निर्वृत्ता इति कौशाम्बी नगरी।
शिबीनां निवासो देशः इति शैबो देशः।
विदिशाया अदूरभवं नगरम् इति वैदिशम् नगरम्।

इन चार अर्थों के बोधक प्रत्ययों को चातुरर्थिक तद्धित कहते हैं।

(अण् प्रत्यय का लोप) जनपदे लुप् ।४।२।८१।

जनपद के अर्थ बतलाने में चातुरर्थिक प्रत्ययों का लोप हो जाता है, यथा—

पञ्चालानां निवासो जनपदः = पञ्चालाः।

इसी प्रकार—कुरवः, अङ्गाः, वङ्गाः, कलिङ्गाः। जनपदवाची शब्द बहुवचनान्त ही होते हैं।

(मतुप् प्रत्यय) नद्यां मतुप् ।४।२।८५।

ऐसे शब्दों में, जिनमें इ ई उ ऊ अन्त में हों, मतुप् प्रत्यय लगता है, यथा—इक्षुमती, इन्दुमती।

(अ प्रत्यय) तदधीते तद्वेद ।४।२।५९।

किसी चीज के जानने या पढने का ज्ञान कराने के लिए अ (अ) प्रत्यय लगता है, यथा—व्याकरण + अ = वैयाकरण. (व्याकरणमधीते वेद वा)

संस्कृत में अनुवाद करो—

१—हमें समाज की बुराइयों को दूर करने का यत्न करना चाहिए। २—अर्जुन ने जयद्रथ को मारने के लिए कठोर प्रतिज्ञा की। ३—जब दशरथ जी के पुत्र श्री राम बन जाने लगे तो सुमित्रा के पुत्र व्याकुल हुए कि मुझे वे घर ही न छोड़ जायँ। ४—दिति और अदिति के पुत्रों में घोर संग्राम हुआ। ५—पाणिनि के व्याकरण जानने वाले को पाणिनीय कहते हैं। ६—आप कहाँ से आ रहे हैं और कहाँ जा रहे हैं? ७—लव और कुश दशरथ जी के पुत्र के पुत्र थे। ८—घुटने तक पानी में जाकर स्नान करो, गहरे पानी में न जाओ। ९—ज्ञानवाले और धनवाले लोगों में बहुत अन्तर है। १०—पुराने जमाने में लोग सदाचारी और सत्यवादी होते थे। ११—मथुरा में उत्पन्न हुए लोगों को माथुर कहते हैं। १२—पुराण की कथाओं पर आजकल लोग विश्वास नहीं करते। १३—वेद सम्बन्धी शास्त्रों का अध्ययन करना चाहिए। १४—लोक की बातों में लिप्त न होना चाहिए। १५—वह स्त्री धनवाली और ज्ञानवाली भी है। १६—पौरस्त्य और पाश्चात्य संस्कृतियों में भेद होते हुए भी समानता है। १७—पाणिनि की अष्टाध्यायी समस्त व्याकरणों का सार तथा पाण्डित्य की चरम सीमा है। १८—संस्कृत में महीनों के नाम नक्षत्रों के नामों पर पड़े हैं। १९—काक समूह, बक समूह और कपोत समूह अपने समूह के साथ ही उड़ते, बैठते और रहते हैं। २०—सुमित्रा के पुत्र लक्ष्मण ने कभी राम का साथ नहीं छोड़ा। २१—वासुदेव ने कुन्ती के पुत्र अर्जुन का सारथी होना स्वीकार किया। २२—माद्री के पुत्र नकुल और सहदेव युधिष्ठिर के साथ ही वन में गये। २३—प्राचीन समय में बहुत ही अद्भुत गुणों वाले अस्त्र—आग्नेय, वारुण, वायव्य और पाशुपत थे। २४—तीर्थ का जल और अग्नि अन्य चीजों से शुद्धि के योग्य नहीं हैं। २५—जननी और जन्मभूमि स्वर्ग से भी बढ़ कर हैं।

लिङ्गज्ञान

हिन्दी में लिङ्ग दो होते हैं—पुँल्लिङ्ग और स्त्रीलिङ्ग। समस्त शब्द चेतन-अचेतन इन्हीं दो लिङ्गों में विभक्त होते हैं। संस्कृत में इन दो के अतिरिक्त एक और लिङ्ग है—नपुंसक लिङ्ग। समस्त संज्ञाएँ इन्हीं तीन लिङ्गों में विभक्त हैं। संस्कृत में लिङ्गज्ञान बहुत कठिन है, क्योंकि लिङ्ग प्रकृति के अनुसार नहीं है। उसमें संस्कृत व्याकरण का ज्ञान अधिक सहायक नहीं हो सकता। केवल कोषों की सहायता, पाणिनीय के लिङ्गानुशासन तथा संस्कृत साहित्य के अध्ययन से लिङ्गज्ञान हो सकता है। संस्कृत मे एक ही वस्तु या व्यक्ति के वाचक शब्द भिन्न-भिन्न लिङ्गों के हैं, यथा—"तटः-तटी-तटम्" इन तीनों का अर्थ किनारा है। इसी प्रकार "सङ्गरः युद्धम्-आजिः" इन तीनों का अर्थ युद्ध है। इसी प्रकार—"दाराः, भार्या और कलत्राणि" इन तीनों का अर्थ विभिन्न लिङ्ग और विभिन्न वचनान्त होने पर भी स्त्री है। कुछ ऐसे भी शब्द हैं जिनका अर्थ-भेद से लिङ्गभेद होता है, जैसे—मित्र शब्द 'सखा' का बोधक होने से नपुंसकलिङ्ग और 'सूर्य' का बोधक होने से पुँल्लिङ्ग होता है। इस प्रकार संस्कृत के प्रत्येक शब्द का लिङ्ग निश्चित है। संस्कृत में लिङ्ग तीन हैं—पुँल्लिङ्ग, स्त्रीलिङ्ग और नपुंसकलिङ्ग।

संस्कृत शब्दों के लिङ्गनिर्णय के कुछ नियम नीचे दिये जाते हैं—

पुँल्लिङ्ग

१—घञ्, अप्, घ और अच् प्रत्ययान्त शब्द पुँल्लिङ्ग होते हैं, यथा—पाकः, त्यागः, भावः, गरः, विस्तरः, गोचरः, सञ्चयः, विजयः, विनयः इत्यादि, परन्तु भय, मुख, वय, पद, लिङ्ग आदि शब्द नपुंसकलिङ्ग होते हैं।

२—नकारान्त शब्द पुल्लिङ्ग होते हैं, यथा राजन्—राजा, आत्मन्-आत्मा, किन्तु मन् प्रत्ययान्त कर्मन् और चर्मन् आदि शब्द नपुंसकलिङ्ग हैं।

३—साधारण और विशेष सुर (देवता) और असुर (राक्षस) और इनके अनुचर वाचक शब्द पुँल्लिङ्ग होते हैं, यथा—देवः, विष्णुः, शिवः, दानवः, दैत्यः आदि।

४—कि प्रत्ययान्त शब्द पुंल्लिङ्ग होते हैं, यथा—विधिः, निधिः, वारिधिः इत्यादि, परन्तु कि प्रत्ययान्त इषुधि शब्द स्त्रीलिङ्ग और पुंल्लिग दोनों में होता है।

५—नङ् प्रत्ययान्त शब्द पुल्लिङ्ग होते हैं, यथा—यत्नः, प्रश्नः, स्वप्नः, परन्तु याच्ञा शब्द स्त्रीलिङ्ग होता है।

६—इमन् प्रत्ययान्त शब्द पुंल्लिङ्ग होते हैं, यथा—महिमा, गरिमा, लघिमा इत्यादि, परन्तु प्रेमन् शब्द पुल्लिङ्ग और नपुंसकलिङ्ग दोनों होता है।

७—करः (किरण, हाथ) और बलिः, गण्डः (कपोल) ओष्ठः (ओठ), दोः (बाहु), दन्तः (दांत), कण्ठः, केशः, नखः (नाखून) और स्तनः—ये सब शब्द और इनके पर्यायवाचक शब्द पुंल्लिङ्ग होते हैं, परन्तु दीधितिः (किरण) शब्द स्त्रीलिङ्ग है और मरीचिः शब्द स्त्रीलिङ्ग और पुंल्लिङ्ग दोनों है।

८—दार-दाराः, अक्षत-अक्षताः, लाज—लाजाः, असु (प्राण)—असवः शब्द पुंल्लिङ्ग और बहुवचनान्त होते हैं।

९—स्वर्गः, यागः (यज्ञ), अद्रिः (पर्वत), मेघः, अब्धिः (समुद्र), द्रुः (वृक्ष), कालः (समय), असिः (तलवार), शरः (बाण) और शत्रुः ये शब्द और इनके पर्यायवाचक शब्द पुंल्लिग होते हैं, किन्तु त्रिविष्टपम् (स्वर्ग), अभ्रम् (मेघ) ये शब्द नपुंसकलिंग हैं। द्यौः और दिव् (स्वर्ग) ये शब्द स्त्रीलिंग हैं। इषुः (बाण) शब्द पुंल्लिग और स्त्रीलिग दोनों है। स्वर् (स्वर्ग) अव्यय है।

१०—मास वाचक (वैशाखः, ज्येष्ठः आदि) ऋतु (वसन्तः, ग्रीष्मः आदि), रस (कटुः, तिक्तः आदि), वर्ण (शुक्लः, कृष्णः आदि रंग), अग्निः, शब्दः, वायुः (हवा), नरः (आदमी), अहिः (साँप) ये शब्द तथा इनके पर्यायवाचक शब्द पुंल्लङ्ग होते हैं, किन्तु ऋतुवाचक शरत् और वर्षा शब्द स्त्रीलिङ्ग हैं।

११—समास-युक्त अह्न और अह—भागान्त शब्द पुंल्लिङ्ग होते हैं, यथा—पूर्वाह्णः, पराह्णः, मध्याह्नः, एकाहः, द्व्यहः, त्र्यहः इत्यादि, किन्तु पुण्याहम् शब्द नपुंसकलिङ्ग है।

१२—समासोत्पन्न रात्रभागान्त शब्द पुंल्लिङ्ग होते हैं, यथा—सर्वरात्रः, मध्यरात्रः आदि, किन्तु संख्यावाचक शब्द के आगे रात्र शब्द रहने से नपुंसकलिङ्ग होता है, यथा—द्विरात्रम्, पञ्चरात्रम् इत्यादि।

१३—खर्वः, निखर्वः, शङ्खः, पद्मः, और सागरः शब्द पुंल्लिङ्ग हैं।

स्त्रीलिङ्ग

१—क्तिन् (ति) प्रत्ययान्त शब्द स्त्रीलिङ्ग होते हैं, यथा—मतिः, गतिः, सम्पत्तिः इत्यादि, परन्तु ज्ञातिः शब्द पुंल्लिङ्ग होता है।

२—तिथिवाचक शब्द स्त्रीलिङ्ग होते हैं, यथा—प्रतिपत्, द्वितीया, तृतीया, चतुर्थी, पूर्णिमा आदि।

३—एकाक्षर ईकारान्त और ऊकारान्त शब्द स्त्रीलिङ्ग होते हैं, यथा—श्रीः, ह्रीः, भूः, भ्रूः, आदि।

४—ईकारान्त शब्द स्त्रीलिङ्ग होते हैं, यथा—नदी, लक्ष्मीः, गौरी, देवी।

५—तल् प्रत्ययान्त शब्द स्त्रीलिङ्ग होते हैं, यथा—लघुता, सुन्दरता, ब्राह्मणता आदि।

६—ऋकारान्त मातृ (माता), दुहितृ (कन्या), स्वसृ (बहिन), यातृ (पति के भाइयों की स्त्रियां) और ननान्द (ननद) शब्द स्त्रीलिङ्ग होते हैं।

७—ऊङ् और आप् प्रत्ययान्त शब्द स्त्रीलिङ्ग होते हैं, यथा—कुरुः, विद्या, शोभा।

८—विद्युत् (बिजली), निशा (रात), वल्ली (लता), वीणा (बीन), दिक् (दिशा), भूः (पृथ्वी), नदी, ह्रीः (लाज) वाचक शब्द स्त्रीलिङ्ग होते हैं।

९—समाहार द्विगु समासयुक्त अकारान्त शब्द (जिनके आगे ङीप् होता है) स्त्रीलिङ्ग होते हैं, यथा—त्रिलोकी, पञ्चवटी, द्विपुरी आदि, किन्तु पात्र, युग और भुवन शब्द परे रहने से नपुंसकलिङ्ग होता है, यथा—पञ्चपात्रम् चतुर्युगम्, त्रिभुवनम्।

१०—विंशति से नवति पर्यन्त संख्यावाचक शब्द स्त्रीलिङ्ग होते हैं, यथा—विंशतिः, त्रिंशत् आदि।

नपुंसकलिङ्ग

१—भाववाच्य में ल्युट् (अन) प्रत्यय लगाने से जो शब्द बनते हैं, वे नपुंसकलिंग होते हैं, यथा—गमनम्, शयनम्, भोजनम् इत्यादि।

२—भाव में क्त (त) प्रत्यय लगाने से बने हुए शब्द नपुंसकलिङ्ग होते हैं, यथा—हसितम्, गीतम्, जीवितम् इत्यादि।

३—भाववाच्य में कृत्य (तव्य, अनीय, एयत्, यत्) तथा क्यप् प्रत्ययान्त शब्द नपुंसकलिङ्ग होते हैं, यथा—भवितव्यम्, भवनीयम्, भाव्यम् आदि।

४—तद्धित के त्व और ष्यञ् प्रत्ययान्त शब्द नपुंसकलिङ्ग होते हैं, यथा—शुक्लत्वं—शौक्ल्यम्, सुन्दरत्वम्—सौन्दर्यम्, राजत्वम्—राज्यम्, मधुरत्वम्—माधुर्यम् इत्यादि।

५—यत्, य, ढक्, यक्, अञ्, अण्, घुञ् तथा छ प्रत्ययान्त शब्द नपुंसकलिङ्ग होते हैं- यथा—स्तेयम्, सख्यम्, कापेयम्, आधिपत्यम्, औष्ट्रम्, द्वैहायनम्, पितापुत्रकम्, किरातार्जुनीयम् आदि।

६—"उसका भाव या कर्म" इस अर्थ में ष्यञ् (अ) प्रत्ययान्त जो शब्द हैं वे नपुंसकलिङ्ग होते हैं, यथा—शैशवम्, गौरवम्, लाघवम् आदि।

७—शत आदि संख्यावाचक शब्द नपुंसकलिङ्ग होते हैं, यथा—शतम्, सहस्रम् आदि, पर कोटिः शब्द स्त्रीलिङ्ग होता है। शत, अयुत, प्रयुत, शब्द पुंलिंग और नपुंसकलिंग दोनों होते हैं, यथा—अयं शतः, इदं शतम् इत्यादि।

८—दयट् और तयट् प्रत्ययान्त शब्द नपुंसकलिङ्ग होते हैं, यथा—द्वयम्, त्रयम्, द्वितयम्, त्रितयम् इत्यादि। ये शब्द स्त्रीलिङ्ग भी (द्वयी, त्रयी, द्वितयी, त्रितयी) होते हैं।

९—'त्र' जिनके अन्त मे हो ऐसे शब्द नपुसकलिङ्ग होते हैं, यथा—छत्रम्, पत्रम्, चरित्रम् इत्यादि, परन्तु अमित्रः, छात्र', पुत्र', मन्त्रः, वृत्रः, मेढ्रः और उष्ट्रः शब्द पुल्लिङ्ग हैं और पत्र, पात्र, पवित्र सूत्र और छत्र पुल्लिङ्ग तथा नपुसकलिङ्ग दोनों होते हैं। यात्रा, मात्रा, भक्षा और द्रष्ट्रा ये शब्द स्त्रीलिङ्ग हैं। मित्र शब्द सूर्य के अर्थ में पुल्लिङ्ग और सखा के अर्थ मे नपुसकलिङ्ग होता है।

१०—क्रिया विशेषण और अव्यय विशेषण स्त्रीलिङ्ग होते हैं, यथा—साधु वदति (अच्छा कहता है), मनोहर प्रातः (सुन्दर सवेरा)।

११—समाहारद्वन्द्व और अव्ययीभावसमासोत्पन्न शब्द नपुसकलिङ्ग होते हैं, यथा—पाणिपादम्, हस्त्यश्वम्, प्रतिदिनम्, यथाशक्ति आदि।

१२—सख्यावाचक और अव्यय शब्द के परवर्ती समासोत्पन्न 'पथ' शब्द नपुसकलिङ्ग होता है, यथा—त्रिपथम्, चतुष्पथम्, विपथम् आदि।

१३—यदि सख्यावाचक शब्द आदि में हो और अन्त मे रात्र शब्द हो तो नपुसकलिङ्ग होता है, यथा—द्विरात्रम्, पञ्चरात्रम् आदि।

१४—दो स्वर वाले अस्, इस्, उस् और अन् भागान्त शब्द नपुसकलिङ्ग होते हैं, यथा—अस् भागान्त—यशस्, तेजस् आदि, इस् भागान्त—सर्पिस्, हविस् आदि, उस् भागान्त—चक्षुस्, धनुस् आदि, अन् भागान्त—नामन्, चर्मन् इत्यादि, किन्तु अग्निस् शब्द स्त्रीलिङ्ग और वपस् शब्द पुल्लिङ्ग है।

दो से अधिक स्वर होने के कारण अणिमा, महिमा, चन्द्रमा आदि शब्द पुल्लिङ्ग हैं और अप्सरस् शब्द स्त्रीलिङ्ग है। ब्रह्मन् शब्द पुल्लिङ्ग और नपुसकलिङ्ग दोनों है।

१५—जो शब्द स्त्रीलिङ्ग या पुल्लिङ्ग नहीं है, वे भी नपुसकलिङ्ग होते हैं, यथा—वृन्दम् (समूह), खम् (आकाश), अरण्यम् (वन), पर्णम् (पत्ता), श्वभ्रम् (बिल), हिमम् (पाला), उदकम् (जल), शीतम् (ठण्ढा), उष्णम् (गर्म) मासम् (मास), रुधिरम् (रक्त), मुखम् (मुँह), अक्षि (आँख), द्रविणम् (धन), बलम् (बल), हलम् (हल), हेम (सोना), शुल्बम् (ताम्बा), लोहम् (लोहा), सुखम् (सुख), दुःखम् (दुःख), शुभम् (कुशल), अशुभम् (अमगल), जलपुष्पम् (पानी में उत्पन्न होनेवाला फूल), लवणम् (नमक), व्यञ्जनम् (दूध, दही आदि), अनुलेपनम् (चन्दन आदि) ये ऊपर लिखे हुए तथा इन शब्दों के अर्थ बोध करने वाले अन्यान्य शब्द नपुसकलिङ्ग होते हैं, किन्तु अर्थः और विभवः (धन) अवश्यायः, नीहारः और तुषारः (पाला) तथा छद (पत्ता) पुल्लिङ्ग हैं। अप् (जल), अटवी (वन) मुद् और प्रीतिः (हर्ष) वपा और शुषि (बिल), दृश् और दृष्टिः (आँख) तथा मिहिका (पाला) स्त्रीलिङ्ग है। आकाशः, विहायस् (आकाश) तथा क्षमः ये पुल्लिङ्ग और नपुसकलिङ्ग दोनों होते हैं।

स्त्रीप्रत्यय-प्रकरण

कुछ संज्ञाएँ ऐसी हैं जिनके जोड़े बन जाते हैं—पुरुष और स्त्री। इस प्रकार के शब्दों के पुंल्लिङ्ग और स्त्रीलिङ्ग बनाने के लिए जो प्रत्यय जोड़े जाते हैं, उन्हें स्त्री प्रत्यय कहते हैं, यथा—अज से अजा, कुमार से कुमारी।

स्त्री प्रत्यय ये हैं—टाप् (आ), ङीप् (ई) और ङीष् (ई)।

टाप (आ)

अजाद्यतष्टाप् ।४।१।४।

अकारान्त शब्दों के आगे स्त्रीलिङ्ग बनाने के लिए उनके आगे टाप् (आ) जोड़ दिया जाता है, यथा—अचल + टाप् (आ) = अचला, कृष्ण-कृष्णा, सरल-सरला, प्रथम-प्रथमा, अनुकूल-अनुकूला, पूर्व-पूर्वा, निपुण-निपुणा, अज-अजा (बकरी), कोकिला, अश्वा, चटका, बाला, वत्सा, ज्येष्ठा, पुत्रिका, वैश्या, क्षत्रिया, शूद्रा आदि।

प्रत्ययस्थात्कात्पूर्वस्यात इदाप्यसुपः ।७।३।४४। मामकनरकयोरुपसंख्यानम्। त्यक्तयपोश्च। वा०।

टाप् (आ) प्रत्यय जोड़ने के पूर्व यदि शब्द ककारान्त हो और उसके पहले 'अ' हो तो 'अ' के स्थान में 'इ' हो जाता है, किन्तु यह नियम तभी लगता है जब 'क' किसी प्रत्यय का हो और टाप् के पूर्व सुप् प्रत्ययों में से कोई न लगा हो, यथा—मूषक + टाप् (आ) = मूषिक + आ = मूषिका, पाचक + टाप् (आ) = पाचिक + आ = पाचिका, सर्वक + टाप् (आ) = सर्विक + आ = सर्विका, मामक + टाप् = मामिक + आ = मामिका। इसी भाँति पाश्चात्यिका, दाक्षिणात्यिका।

यदि 'क' किसी प्रत्यय का न हो तो यह नियम नहीं लगेगा, यथा—शङ्क + आ = शङ्का (यहाँ पर 'क' धातु का है)।

ङीप् (ई)

ऋन्नेभ्यो ङीप् ।४।१।५।

ऋकारान्त और नकारान्त पुंल्लिङ्ग शब्दों में स्त्रीलिङ्ग बनाने के लिए ङीप् (ई) प्रत्यय जोड़ दिया जाता है, यथा—(ऋकारान्त)—कर्तृ—ङीप् = कर्त्री, दातृ + ङीप् = दात्री, जनयित्री, शिक्षयित्री आदि।

विशेष—स्वसृ, मातृ आदि शब्दों में ङीप् (ई) प्रत्यय नहीं जोड़ा जाता, यथा—स्वसा, माता, दुहिता, ननान्दा, तिस्रः, चतस्रः।

(नकारान्त) मालिन् + ङीप् (ई) मालिनी, दण्डिनी, श्वन्-शुनी, मानिनी, कामिनी, गुणिनी, मनोहारिणी, तपस्विनी आदि ।

विशेष—व्यञ्जनान्त शब्द के तृतीया के एक वचन के रूप का अन्तिम स्वर हटा दिया जाता है और शतृ एव स्यतृ प्रत्ययों के बने हुए शब्दों में त् के पूर्व 'न्' जोड़ दिया जाता है, यथा—श्वन् का तृतीया का एक वचन शुना हुआ, इसका आकार हटा दिया तो शुन् शेष रहा, उसमें ई जोड़कर शुनी बना, इसी भाँति राज्ञा से राज्ञी, पचता से पचन्ती । स्वरान्त शब्दों का अन्तिम स्वर हटा दिया जाता है, यथा—सुमङ्गल—सुमङ्गल् + ई = सुमङ्गली ।

टिड् ढाणञ्द्वयसज् दघ्नञ्मात्रच्तयपठक्ठञ्कञ्करपः ।४।१।१५।

निम्नलिखित शब्दों के अनन्तर स्त्रीलिङ्ग बनाने के लिए ङीप् (ई) प्रत्यय जोड दिया जाता है, कर में अन्त होने वाले—यथा—भोगकरः—भोगकरी ।

नद, चोर, देव, ग्राह, गर, प्लव—नदी, चोरी, देवी, ग्राही, गरी, प्लवी ।

ढक्, अण्, अञ्, द्वयसच्, दघ्नञ्, मात्रच्, तयप्, ठक्, ठञ्, कञ् तथा करप् प्रत्ययान्त शब्द, यथा—

सुपर्ण—सौपर्णेयी, इन्द्र—ऐन्द्री, उत्स—औत्सी, उरु—द्वयसी, उरुदघ्नी, उरुमात्री, पञ्चतयी, आढिकी, लावणकी, यादृशी, इत्वरी ।

वयसि प्रथमे ।४।१।२०। वयस्य चरम् इति वाच्यम् ।

प्रथम वयस् (अन्तिम अवस्था को छोड़कर) ज्ञान कराने वाले शब्दो के अनन्तर स्त्रीलिङ्ग मे ङीप् (ई) प्रत्यय जोड़ दिया जाता है, यथा—कुमार—कुमारी, किशोर—किशोरी, वधूट—वधूटी । अन्तिम अवस्था में नहीं होगा, यथा—वृद्धा, स्थाविरा ।

ङीप् (ई)

पिद्गौरादिभ्यश्च ।४।१।४१।

पित् (नर्तक, खनक, पथिक आदि) शब्दों तथा गौरादि गण (गौर, मत्स्य, मनुष्य, हरिण, आमलक, बदर, उभय, भृङ्ग, अनड्वह, नट, मङ्गल, मण्डल, बृहत् आदि) के अनन्तर स्त्रीलिङ्ग बनाने के लिए ङीप् (ई) जोड़ दिया जाता है, यथा—

नर्तक—नर्तकी, गौरी, पथिकी, रजकी, सुन्दरी, मातामही, पितामही, नदी, नटी, स्थली, तटी, कदली ।

पुँयोगादाख्यायाम् ।४।१।४८। पालकान्तान्न । वा० ।

पुंल्लिङ्ग शब्द जो पुरुष का द्योतक हो उससे स्त्रीलिङ्ग बनाने के लिए ङीप् (ई) जोड़ा जाता है, किन्तु जिन शब्दों के अन्त में पालक हो उनसे नहीं, यथा—गोपः—गोपी, शूद्रः—शूद्री, परन्तु गोपालकः—गोपालिका (गोपालिकी नहीं बनेगा) ।

जातेरस्त्रीविषयादयोपधात् ।४।१।६३।

ऐसे अकारान्त जातिवाचक शब्दों के जिनकी उपधा में 'य्' न हो, स्त्रीलिंग बनाने में ङीप् (ई) लगता है, यथा—ब्राह्मण-ब्राह्मणी, गोप-गोपी, मानुष-मानुषी। सिंह-सिंही, मृग-मृगी, व्याघ्री, भल्लूकी, महिषी, शूकरी, गर्धवी आदि।

वोतोगुणवचनात् ।४।१।४४।

उकारान्त गुणवाची शब्दों के अनन्तर स्त्रीलिंग बनाने के लिए विकल्प से ङीप् जोड़ते हैं, यथा मृदु-मृद्वी, मृदुः। पटु-पट्वी, पटुः। साधु-साध्वी-साधुः। गुरु-गुर्वी, गुरुः आदि।

ऊङिनश्च ।४। १६।

ऐसे प्रातिपादिकों से जिनमें उकार और ऋकार का लोप होता है (मतुप्, वतुप्, इयसु, तवतु, शतृ से बने हुए शब्दों से) स्त्रीलिंग बनाने में ङीप् (ई) प्रत्यय जोड़ दिया जाता है, यथा—

(उकार लोप)—भवत्-भवती, श्रीमत्-श्रीमती, बुद्धिमती, लज्जावती आदि।
(ऋकार लोप)—रुदत्-रुदती, जानत्-जानती, यच्छती आदि।

भ्वादि, दिवादि, और चुरादिगणीय धातुओं से तथा णिजन्त से शतृ प्रत्यय करने से जो शब्द बनते हैं, उन शब्दों से ङीप् (ई) प्रत्यय जोड़ने पर 'त्' के पूर्व 'न्' लग जाता है, यथा—

(गच्छत्) गच्छन्ती, (वदत्) वदन्ती, (दीव्यत्) दीव्यन्ती, (नृत्यत्) नृत्यन्ती, (चिन्तयत्) चिन्तयन्ती, (भक्षयत्) भक्षयन्ती। (दर्शयत्) दर्शयन्ती, (कारयत्) कारयन्ती।

तुदादिगणीय तथा अदादिगणीय आकारान्त धातुओं से शतृ प्रत्यय जोड़ने पर जो शब्द बनते हैं, स्त्रीलिंग बनाने में जब उनके आगे ङीप् (ई) प्रत्यय जोड़ा जाता है तो 'त्' के पूर्व 'न्' विकल्प से लगता है, यथा—

(इच्छत्) इच्छन्ती, इच्छती। (पृच्छत्) पृच्छन्ती, पृच्छती। (स्पृशत्) स्पृशन्ती, स्पृशती। (यात्) यान्ती, याती। (भात्) भान्ती, भाती आदि।

स्वाङ्गाच्चोपसर्जनादसंयोगोपधात् ।४।१।५४।

बहुव्रीहि समास में अवयव वाचक अकारान्त शब्दों के अनन्तर स्त्रीलिंग बनाने के लिए विकल्प से ङीप् (ई) प्रत्यय लगता है, यथा—केशानतिक्रान्ता अतिकेशी, अतिकेशा। चन्द्रमुखी, चन्द्रमुखा, सुकेशी, सुकेशा। कुशांगी, कुशांगा। बिम्बोष्ठी, बिम्बोष्ठा आदि।

वह्रादिभ्यश्च ।४।१।५५।

वह्रादिगण (वहु, पचति, अश्नति....अहि, कपि, यष्टि, मुनि आदि) के शब्दों से विकल्प से स्त्रीलिंग में ङीप् (ई) होता है, यथा—वहु-वही, वहुः। रात्रिः,

रात्री। श्रेणिः-श्रेणी। राजिः, राजी। भूमिः, भूमी। क्तिन् प्रत्ययान्त में नहीं होता, यथा—मतिः, गतिः, स्थितिः आदि।

इन्द्रवरुणभवशर्वरुद्रमृडहिमारण्ययवयवनमातुलाचार्याणामानुक् ।४।१।४६।
हिमारण्ययोर्महत्त्वे। वा०। यवादोषे। वा०। यवनाल्लिप्याम्। वा०। मातुलोपाध्याययोरानुग्वा। आचार्यादण्-वं च। अर्यक्षत्रियाभ्यां वा स्वार्थे।

जाया अर्थ में इन्द्र, वरुण, भव, शर्व, रुद्र, मृड, आचार्य और ब्रह्मन् शब्दों में ङीप् लगने से पूर्व आनुक् (आन्) जोड़ दिया जाता है, यथा—इन्द्रस्य जाया इन्द्राणी, वरुणानी, भवानी, शर्वाणी, रुद्राणी, मृडानी, आचार्याणी और ब्रह्माणी (ब्रह्मन् शब्द के न् का लोप हो जाता है)।

महद् हिमं हिमानी। महद् अरण्यम् अरण्यानी, दुष्टो यवो यवानी। यवनाना लिपिर्यवनानी। मातुलानी, मातुली। उपाध्यायानी, उपाध्यायी। आचार्यस्य स्त्री आचार्यानी, आचार्या स्वयं व्याख्यात्री। अर्याणी, अर्या। स्वामिनी वैश्या वेत्यर्थः। क्षत्रियाणी, क्षत्रिया। पुंयोगे तु अर्यी, क्षत्रियी। ब्राह्मणीत्यत्र ब्राह्मणमानयति जीवयति इति कर्मण्यण्।

कुछ ज्ञातव्य स्त्रीप्रत्ययान्त शब्द

पुँल्लिङ्ग	स्त्रीलिङ्ग	पुँल्लिङ्ग	स्त्रीलिङ्ग
गवय	गवयी	अवाच् (दक्षिण)	अवाची
हय	हयी	तस्थिवस्	तस्थुषी
मत्स्य	मत्सी	विद्वस्	विदुषी
मनुष्य	मनुषी	सूर्य	सूया (देवता)
शूद्र (जाति)	शूद्रा	सूर्य	सूरी (कुन्ती)
,, (पत्नी)	शूद्री	चातुर्य	चातुरी
राजन्	राज्ञी	मातुल	मातुलानी मातुली
युवन्	युवती	यव (खराब जौ)	यवानी
,,	युवतिः	यवन (लिपि)	यवनानी
,,	यूनी	यवन (स्त्री)	यवनी, यवनिका
श्वन्	शुनी	क्षत्रिय (जाति)	क्षत्रिया क्षत्रियाणी
		,, (पत्नी)	क्षत्रियी
मघवन्	मघोनी	उपाध्याय (पत्नी)	उपाध्यायानी
,,	मघवती		उपध्यायी
प्राच् (पूर्व)	प्राची	,, (अध्यापिका)	उपाध्याया
प्रत्यच् (पश्चिम)	प्रतीची	आचार्य (पाठिका)	आचार्या

आचार्या (पत्नी)	आचार्याणी	श्वशुरः	श्वश्रूः
हिमम्(विस्तार अर्थमें)	हिमानी	अर्य (वैश्य)	अर्याणी
		,, (जाति)	अर्या
अरण्यम्	अरण्यानी	अर्य (पत्नी)	अर्यी
सखि	सखी	पतिः	पत्नी
कुरुः	कुरूः		

संस्कृत में अनुवाद करो—

१—एक छोटी उम्र वाली बालिका खेल रही है। २—इतनी पतली कमर वाली स्त्री मेरे देखने में पहले नहीं आयी। ३—पति के वियोग में विलाप करती हुई दमयन्ती ने एक अजगर देखा। ४—वह कुम्हार की स्त्री घड़े बेच रही है। ५—गार्गी पढ़ी लिखी स्त्री थी। ६—मामा की स्त्री ने मेरा प्यार दुलार किया। ७—उस पुरुष की स्त्री अच्छे लक्षणों वाली है। ८—आचार्य जी की स्त्री छात्राओं को पढ़ा रही हैं। ९—उस तप करती हुई पार्वती ने घोर तप करके शिव जी को प्रसन्न किया। १०—उपाध्याय की स्त्री माता के सदृश होती है। ११—श्रीराम का विवाह चन्द्र के समान मुखवाली सीता जी से हुआ। १२—उस नाचने वाली ने अपने कौशल से देखनेवालों को प्रसन्न कर दिया।

लेखोपयोगी चिह्न

हम "प्राक्कथन" में बतला चुके हैं कि संस्कृत भाषा की वाक्यरचना में शब्दों का विकारी होने के कारण कोई क्रम निश्चित नहीं है। कर्त्ता, कर्म, क्रिया वाक्य के आदि, मध्य और अन्त में भी रखे जा सकते हैं। इसी कारण संस्कृत में आधुनिक लेखोपयोगी चिह्नों का यद्यपि विशेष महत्त्व नहीं है, तथापि "अत्र तुनोक्तम् तत्रापि नोक्तम्" इस प्रसिद्ध संस्कृत वाक्य का सीधा यही अर्थ होता है—"इस स्थल पर नहीं कहा गया है (और) उस स्थल पर भी नहीं कहा गया है।" लेखक को यह अर्थ अभिप्रेत नहीं। वह तो चाहता है—"अत्र तुना उक्तम्" अर्थात् "जो बात इस स्थल पर "तु" शब्द से प्रकट की गयी है वही बात उस स्थल पर "अपि" शब्द द्वारा व्यक्त की गयी है। अतः मानना पड़ेगा कि शोभन शब्द-विन्यास से लेख में अवश्य चारुता आ जाती है और जटिलता भी जाती रहती है। इसी ध्येय को दृष्टि में रखकर हमने यहाँ कुछ लेखोपयोगी चिह्न दिये हैं—

अल्प-विराम चिह्नम्	, (Comma)
अर्धविरामचिह्नम्	; (Semi-Colon)
पूर्णविराम-चिह्नम्	। (Full Stop)
प्रकरणसमाप्तिचिह्नम्	॥
प्रश्नबोधकचिह्नम् (काकुचिह्नम्)	? (Sign of Interrogation)

विस्मयादिबोधकचिह्नम् सम्बोधनाऽऽश्चर्यखेदचिह्नम्	!	(Sign of admiration, Surprise etc.)
उद्धरणचिह्नम्	" "	(Inverted Gommas)
निर्देशचिह्नम्	:—	
योजकचिह्नम्	—	(Hyphen)
कोष्ठक (पाठान्तर) चिह्नम्	[( )	(Parenthesis)
सन्धिच्छेदचिह्नम्	+	
पर्याय चिह्नम्	=	
त्रुटिनिर्देशचिह्नम्	ʌ	

लेखोपयोगी चिह्नों पर ध्यान दो और हिन्दि भाषा मे अनुवाद करो

१—अपि क्रियार्थं सुलभ समित्कुशम् ! (कुमारसम्भवे)

२—तारापीडो देवीमवदत्—"अफलमिवाखिल पश्यामि जीवित राज्य च अप्रतिविधेये (निष्प्रतीकारे) धातरि किं करोमि ! तन्मुच्यता देवि ! शोकानुबन्धः आधीयता धैर्ये च धीः ।" (कादम्बर्याम्)

३—अहो प्रभावो महात्मनाम् ! अत्र शाश्वत विरोधमपहायोपशान्तान्तरात्मानस्तिर्यञ्चोऽपि तपोवनवसतिसुखमनुभवन्ति । (कादम्बर्याम्)

४—हा कथ सीतादेव्या ईदृश जनापवाद देवस्य कथयिष्यामि ! अथवा नियोगः खल्वीदृशो मन्दभाग्यस्य । (उत्तररामचरिते)

५—आसीच्च मे मनसि, "शान्तात्मन्यस्मिञ्जने मा निक्षिपता, किमिदमनार्येणासदृशमारब्ध मनसिजेन !" (कादम्बर्याम्)

सस्कृत मे अनुवाद करो—

१—जेठ महीने की पूर्णमासी तिथि को पतिव्रता स्त्रियाँ वट वृक्ष की पूजा और उपवास करती हैं। इस तिथि को प्राचीनकाल में सत्यवान् की भार्य्या सावित्री ने यम द्वारा लिये जाते हुए अपने पति सत्यवान् को छुड़ाया। तभी से इस व्रत का आरम्भ हुआ है। स्त्रियाँ यह मानती हैं कि इस व्रत के करने से उनके पति की आयु दीर्घ होती है। सब सौभागिन स्त्रियाँ इस व्रत को करती हैं। (काशी प्रथमा परीक्षा १९३१)

२—हे मित्र ! अब आप आदि से मेरा वृत्तान्त सुनिए। मेरा जन्म पद्मपुर में हुआ था। मेरे पिता के पाँच भाई थे, जो मृत्यु को प्राप्त हुए। आप ही के देश से आये हुए एक ब्राह्मण से मेरा विवाह हुआ। उनको मरे आज सात वर्ष हो गये। मैं अनाथ अब क्या करूँ ! मन्दभागिनी मैं कहा जाऊँ ! इस अवस्था में आप ही मेरी शरण हैं। (काशी प्रथमा परीक्षा १९३१)

पत्रलेखन-प्रणाली

(१) अवकाशाय आवेदनपत्रम्

श्रीमन्तः प्रधानाचार्यमहोदयाः,

दयानन्द-ऐंग्लो-वैदिक-महाविद्यालयः, लवपुरम् ।

श्रीमन् !

सेवायां सविनयमिदमावेद्यते यन्मम ज्येष्ठभ्रातुः श्रीजगदीशस्य वैशाखमासे शुक्लाष्टम्यां तिथौ विवाहः निश्चितोऽस्ति । वरयात्रा च देवप्रयागं गमिष्यति । ममापि गमनं तत्रावश्यकं प्रतीयते । अतोऽहमष्टाना दिवसानामवकाशं याचे । आशासे ममावेदनमवश्यमेव स्वीकृतं भविष्यतीति—

प्रार्थयते—

विद्यादत्तः सप्तमकक्षास्थः ।

(२) अनुपस्थितिविषयकं आवेदनपत्रम्

श्रीमन्तः नवमकक्षाध्यापकमहोदयाः,

क्वीन्स-इण्टरकालेज, लक्ष्मणपुरम् ।

भगवन् !

अहं गतदिवसात् ज्वरपीडितः शय्याग्रस्तोऽस्मि, बलवती शिरः पीडा च मां व्यथयति । अतोऽद्यविद्यालयमागन्तुमसमर्थोऽस्मि । मम अद्यानुपस्थितिं मर्षयिष्यन्ति कक्षाचार्यमहोदया इति प्रार्थयते—

आज्ञाकारी शिष्यः—प्यारेलालः ।

(३) पित्रे पत्रम्

श्रीमत्पितृचरणेषु प्रणतयः सन्तुतराम् ।

कुशलमत्र तत्रास्तु । बहुदिनादारभ्य नाद्यावधि मया प्राप्तं भवत्कं कृपापत्रम् वृत्तं च । अतो मे चेतश्चिन्ताकुलं वर्तते । अस्माकं परीक्षा नातिदूरं विद्यते, अतोऽध्ययने नितरां व्यापृतोऽस्मि । गतार्धवार्षिकपरीक्षायां मया प्रायः समस्तेषु गणितेतरविषयेषु उच्चाङ्काः प्राप्ताः । इदानीं गणितविषये नितरां परिश्रमं करोमि । आशासे वार्षिकपरीक्षायां प्रथमश्रेण्यामुत्तीर्णो भविष्यामि । मातुश्चरणयोः प्रणतिर्मे वाच्या । झटिति गृहस्थं वृत्तं लेख्यम् ।

भवतामाज्ञाकारी तनूजः,

विनोदचन्द्रः ।

(४) भ्रात्रे पत्रम् :

प्रयाग-विश्वविद्यालय-बनर्जीछात्रावासतः,
दिनाकः १०-११-६१ ।

प्रिय रमेश !

नमस्ते । अत्र कुशल तत्रास्तु । त्वं षाण्मासिकपरीक्षाया सर्वप्रथम-स्थानमाप्नोरितिविज्ञाय परमप्रीतोऽस्मि । वार्षिकपरीक्षायामपि भवानेतत्स्थान प्राप्स्यतीति दृढो मे निश्चयः । अहमधीदानीं राजनीतिविषये एम० ए० परीक्षा दातुकामः । विधानचन्द्रोऽपि भवन्तमनुस्मरति ।

भवत्कः प्रियबन्धुः—प्रकाशचन्द्रः ।

(५) मित्राय भ्रमणविषयकं पत्रम्

नरही-लक्ष्मणपुरतः,
दिनाकः १८-२-६१

प्रियवर सोम ! सप्रेम नमस्ते ।

अह परेशस्य कृपया सकुशलोऽस्मि, तत्रापि कुशल वाञ्छामि । अस्माकं त्रैमासिकपरीक्षाऽभवत् । उत्तरपत्राणि चाह सुन्दरमलिखम् । अधुना उष्ण-कालावकाशेषु भवान् क्व गन्तुमिच्छति । अपि रोचते भवते काश्मीरगमनम् ? तत्र खलु गिरिभ्यो जलप्रवाहाः, निर्झराश्च निःसरन्ति । एलजम्बीर-सेव-द्राक्षा-नारङ्ग-अखोटफलानाञ्च तत्र बाहुल्य वर्तते । तस्योदीच्या दिशि पर्वतराजः तिष्ठति, यस्य शिखराणि हिमाच्छादितानि विद्यन्ते । शैलोऽयम् उत्तरप्रदेशालङ्कारभूतः सन् भारतवर्षस्य मेखलेव पूर्वापरजलनिध्योर्वेलापर्य्यन्त विस्तीर्णः तिष्ठति । तत्रौषधयः, प्रस्तराः, उत्तमकाष्ठादीनि च बहून्युपयोगीनि वस्तून्युपलभ्यन्ते । किं बहुना । ततोऽस्माक महाँल्लाभो भविष्यति । स्वास्थ्य च तत्रोषित्वा शोभन भविष्यति । स्वपरीक्षा-विषये तथा भ्रमणविषये च त्वारतमुत्तरं देयम् ।

अभिन्नहृदयः,
रामप्रसादः दशमकक्षास्थः ।

(६) निमन्त्रण-पत्रम्

श्रीमन्महोदय !

भवन्त एतदवगत्यावश्य हर्षमनुभविष्यन्ति यत् परमात्मनः महत्यानु-कम्पया मम ज्येष्ठपुत्रस्य पी एच्० डी० इत्युपाधिविभूषितस्य श्रीमोहनचन्द्रस्य परिणयनसस्कारः प्रयागवास्तव्यस्य श्रीमतः श्रीप्रसादगौडस्य ज्येष्ठपुत्र्या बी० ए० इत्युपाधिविभूषितया मनोरमादेव्या सह दिनाके १६-४-१९६१, रात्रौ अष्टवादन-समये प्रयागे भविष्यति । अतः भवन्तः सादर प्रार्थ्यन्ते यत्सपरिवारमस्मिन् मङ्गल-

कार्ये समागत्य शुभाशीर्वादप्रदानेन वरवधूयुगलमनुगृह्णन्ताम्। भवतां वरयात्रागमनमप्यपेक्ष्यते।

१८ श्रमीनाबादः,
लक्ष्मणपुरम्।
दिनाकः २-४-१९६१

भवतां दर्शनाभिलाषी—
गोपालचन्द्रगौडः।

(स्वनयाऽनुग्राह्योऽयंजनः)

(७) दर्शनाय समय-याचना

श्रीमन्त उपराष्ट्रपतिमहोदया डा० राधाकृष्णन् महाभागाः,
देहली।

श्रीमन्तः परमसंमाननीयाः

अहं शारदाविद्यापीठ-वार्षिकसमारोहविषयमाश्रित्य भवद्भिः सह किञ्चिद् आलपितुमिच्छामि। भवन्निर्दिष्टकाले भवद्दर्शनमभिलाष्य भवत्परामर्शलाभेन कृतार्थमात्मानं मंस्ये।

दर्शनाभिलाषी—
परशुरामः,
मन्त्री।

शारदाविद्यापीठम्,
श्रीनगरम् (काश्मीरम्)।
दिनोकः ३-५-१९५८

(८) शारदाविद्यापीठ एकादशवार्षिकसमारोहः

एतदवगत्य भवता परमहर्षो भविष्यति यत् शारदाविद्यापीठस्य वार्षिकोत्सवः आगामिनि अगस्तमासस्य पञ्चदशतारकाया उपस्थास्यते। उत्सवे सर्वेषामपि संस्कृतज्ञानां संस्कृतप्रेमिणां चोपस्थितिः प्रार्थ्यते। उत्सवे मङ्गलगानानन्तरं स्वनामधन्याः प्रख्याताः विद्वांसः संस्कृतभाषोन्नतिविषयकानि भाषणानि, आचारविषयकानुपदेशान् च दास्यन्ति। पीठस्य बालिकाः स्वरचितानि हृद्यानि पद्यानि श्रावयिष्यन्ति तथा च शाकुन्तलस्य चामिनयं करिष्यन्ति। आशासे यत् सर्वे यथाऽत्रयं समागत्य स्वान्तःसुखमनुभविष्यन्ति।

दिनाकः २०-७-१९६१

परशुरामः,
समारोह-संयोजकः।

(९) पुस्तकप्रेषणाय आदेशः

श्री ग्रन्थकमहोदयाः,
मोतीलाल बनारसीदास महोदयाः
जवाहरनगरम्, देहली—६

महोदयाः,

भवत्प्रकाशिता 'नवीनानुवादचन्द्रिका' नाम पुस्तिका मयावलोकिता। अस्या

उपयोगिता समीक्ष्य नितरां प्रसन्नोऽस्मि। कृपया पुस्तकद्वयमधोल्लिखितस्थाने वी० वी० पी० द्वारा शीघ्रं प्रेषणीयम्।

भवत्कृते:—
आचार्यजितेन्द्रभारतीयः एम० ए०,
व्याकरणाचार्यः, साहित्यरत्नम्,
संस्कृत प्राध्यापकः।

विश्वनारायण इंटरकालिजः,
लक्ष्मणपुरम् (लखनऊ)।

(१०) अभिनन्दनपत्रम्

महामान्याया श्रीमता डा० बी० रामकृष्णरावमहाभागाना करकमलयोरुल्लासादरं समर्पितम्

शशिशत विशदस्मिताऽस्मिता या, शमयति मानसपङ्कचाधिवासा।
दिशतु सुरसरस्वती शिवं सा, क्वणनगुणा वरवल्लकीं दधाना॥

परमावदातचरिताः शिक्षापक्षपातिनः!

पूनास्थे हि फरगुसनकालेजेऽनवरतपरिश्रमसदाचारसहरीमुचामुचावचपरिचायिका वावदाप्य शिक्षा वाक्कीलनदक्षा हैदराबादन्यायालये तत्प्रयोगं कुर्वद्भिर्भवद्भिर्यदर्जितं यशश्शशिधवलम्, मन्यामहे तत्सर्वथाऽलङ्कारस्यानन्वयस्यैवोदाहरणमित्यत्र न स्यात् कस्यापि सचेतसो विप्रतिपत्तिः।

सफला राज्यपालाः!

प्रथमं केरले तदनु चास्मिन्नुत्तरप्रदेशे श्रेष्ठतमं राज्यपालपदं समलङ्कुर्वद्भिरनवद्यैर्यदुपदर्श्यते राज्यपालनप्रक्रियावैभवम् सर्वथा तत्सुदुर्लभमेव मन्यामहेऽन्यत्रकुत्राऽपि।

संस्कृतसंस्कृतिरक्षादक्षाः!

तावत्तामिलेतरद्रविडहिन्दीपारस्याङ्ग्लीभाषाः स्वायत्ता कुर्वद्भिरपि संस्कृता वाचं सबहुमानमाश्रयद्भिः, संस्वरस्वाध्यायाध्ययनपरैः, प्रतिदिनं ब्राह्म एव हि मुहूर्ते समुत्थाय वाल्मीकीयरामायणपारायणपरायणैर्वेदान्तैर्भवद्भिस्समुपस्थापिता हि सर्वदा सदाचारनिष्ठा नूनं समुपदिशति तद्विमुखानधीदानीन्तनान् शिक्षितम्मन्यानन्यान् बहून् सत्यं सर्वदेति।

अस्माकं कुलपतयः!

भवदीयस्य लखनऊविश्वविद्यालयस्यास्य संस्कृतविभागीयाना छात्राणां समेयं ज्ञानवर्धिनी महामहिम्ना स्वकुलपतीना भवता सान्निध्येनाद्य महद्गौरवमनुभवन्ती सत्यं सभा समवलोक्यते सर्वैरस्माभिः।

श्रीमतामागमेनाद्य धन्येयं ज्ञानवर्धिनी।
अभिनन्दनसत्पत्रमर्पयति सादरम्॥ इति

२३ सितम्बर, १९६१

अभिनन्दका भवदीयाः
लखनऊविश्व० संस्कृतविभागीयज्ञानवर्धिनीसभासदस्याः।

(११) भाषणम्

(संस्कृतविभागाध्यक्षस्य श्रीसत्यव्रतसिंहस्य स्वागतार्थं भाषणम्)

मान्याः उपकुलपतिमहोदयाः, तत्तद्विद्या-कलादिविभागाध्यक्षैः तत्तद्विद्या-कलादिविभागाचार्यैः सर्वैश्चास्मद्विभागवर्तिभिः मुहृद्भिस्सयूथ्यैस्सतीर्थ्यैश्च संगताः संस्कृतविभागीया अन्तेवसन्तः अन्तेवसन्त्यश्च,

समस्तास्मत्स्नेहश्रद्धाभिनिवेशपात्राणां समस्तास्मदाचार्यमूर्धन्यानां मनोवाक्-कायकर्मभिर्नाम्ना च सुब्रह्मण्यार्यवर्याणां सुरभारतीमयेन सदाशयेन संरोपिता संवर्द्धिता चेयं ज्ञानवर्द्धिनी सभा या—

सेयं सभा यत्र हि सन्ति सभ्याः
सभ्याश्च ते ये हि वदन्ति शास्त्रम् ।
शास्त्रं च तद् यत् खलु संस्कृतेद्धं
तत्संस्कृतं यत्खलुभारतस्वम् ॥

अद्यास्मिन् शुभे सायंकाले, महामहिम्नामत्रभवतामधुना समलङ्कृतास्मत्प्रदेश-राज्यपालपदप्रतिष्ठाना पुराऽपि समलंकृतकेरलप्रान्तराज्यपालपदाना, पूर्वपश्चिम-देश-प्रदेश-तत्तद्भाषासाहित्यरसज्ञानामपि गीर्वाणवाणीनिबद्ध-भावाना, समधिगततत्तद्वाङ्मयवैभवानामपि बहुमानितवाल्मीकिरामायणमहिम्नां तत्तद्राज्यपालनकर्मव्यजात-रतानामपि प्रत्यहं वाल्मीकिरामायणपारायणानुष्ठितब्रह्मयज्ञसस्थानां सस्वरयजुर्वेदविदुषां समस्तास्मत्प्रदेशस्थविश्वविद्यालयकुलपतिपदस्थाना श्रीमता श्री डॉक्टर रामकृष्ण-रावेत्यभिख्याविभ्राजिताना शुभागमने कमपि शुभोदर्कं कृतज्ञतासंतोषं सर्वाङ्गेषु नितरामावहति ।

× × × ×

(तदनन्तरं भाषणस्य प्रारम्भः)

मान्याः महामहिमानः ! भवत्स्वागते यदपि स्खालित्यं तद्भवतामत्रभवता विद्या-वयस्तपः परिपूतमनसा क्षान्तिदानैर्लालित्यमुपयाचितमिति प्रार्थयामहे वयं ज्ञान-वर्द्धिनीकुलवासिनः भगवतीं शारदां शाङ्करीं वैष्णवीं वा श्रियं सर्वेश्वरीमितिशम् । इति भाषणस्य समाप्तिः ।

(क) अनुवादार्थ गद्य-पद्य संग्रह

१—एकस्मिञ्जीर्णकोटरे जायया सह निवसत. पश्चिमे वयसि वर्तमानस्य कथमपि पितुरहमेवैको विधिवशात्सूनुरभवम्। (कादम्बर्याम् २६)

२—देव काचिच्चाण्डालकन्या शुकमादाय देव विज्ञापयति—"सकलभुवनतल-सर्वरत्नानामुदधिरेवैकभाजन देव । विहङ्गमश्चायमाश्चर्यभूतो निखिलभुवनतल-रत्नमितिकृत्वा देवपादमूलमागताहमिच्छामि देवदर्शनसुखमनुभवितुमिति ।" (कादम्बरी ८)

३—अय शिशुर्न शक्नोति शिरोधरा धारयितुम्। तदेहि गृहाणेममवतारय सलिलसमीपमित्यभिधाय तेनपिकुमारेण मा सरस्तीरमनाययत्। उपसृत्य च जलसमीप स्वय मामादाय मुक्तप्रयत्नमुत्तानितमुखमगुल्या कतिचित्सलिलबिन्दूनपाययत्। (कादम्बर्याम् ३८)

४—अयि पञ्चालतनये! अल विषादेन। किं बहुना। यत्करिष्ये, तच्छ्रूयताम्—अचिरेरैव कालेन सुयोधनशोणितशोणपाणिस्तव कचान् भीम उत्तसयिष्यति। (वेणीसंहारे १)

५—एषा मे मनोरथप्रियतमा सकुनुमास्तरणं शिलापट्टमधिशयाना सखीभ्यामन्वास्यते। सागर वर्जयित्वा कुत्र वा महानद्यवतरति। क इदानीं सहकारमन्तरेणातिमुक्तलता पल्लविता सहते। (शाकुन्तले ३)

६—त क्रमेण जन्मभूमिं जातिं विद्या च कलत्रमपत्यानि विभव वयः प्रमाणं प्रव्रज्याकारण स्वमनेव पप्रच्छ चन्द्रापीड.। (कादम्बरी)

७—तौ कुशलवौ भगवता वाल्मीकिना पाणीकर्म वस्तुतः परिगृह्य पोषितौ परिरक्षितौ च वृतचूडौ च त्रयीवर्जमितरा विद्याः सावधानेन परिपाठितौ। समनन्तरञ्च गर्भादेकादशे वर्षे क्षात्रेण कल्पेनोपनीय गुरुणा नयीं विद्यामध्यापितौ। (उत्तर० २)

८—प्रवातशयने निषण्णा देवी परिजनहस्तगृहीतेन चरणेन परिव्राजिकया कथाभिर्विनोद्यमाना तिष्ठति। (मालविकाग्निमित्रे ४)

१—जीर्णकोटरे = पुराने खोखले या गड्ढे में। जाया = स्त्री। २—उदधि = समुद्र। विहङ्गम = पक्षी। ३—शिरोधरा = गर्दन। उत्तानित = खुला हुआ। ४—शोणित = खून। शोणपाणि = रक्तहस्त। कच = बाल। उत्तसय = अलङ्कृत करना। ५—अनु + आस् = सेवा करना। सहकार = आम। अतिमुक्तलता = माधवीलता। पल्लव = पत्र। ६—कलत्र = स्त्री। प्रवज्या = सन्यास। ७—कल्प = बड़े सवेरे। ८—प्रवात = हवा वाला। परिव्राजिका—सन्यासिनी।

९—तेषु तेषु रम्यतरेषु स्थानेषु तया सह तानि तान्यपरिसमाप्तान्यपुनरुक्तानि न केवलं चन्द्रमाः कादम्बर्या सह, कादम्बरी महाश्वेतया सह, महाश्वेता तु पुण्डरीकेण सह, पुण्डरीकोऽपि चन्द्रमसा सह सर्व एव सर्वकालं सर्वसुखान्यनुभवन्तः परां कोटिमानन्दस्याध्यगच्छन्। (कादम्बर्याम्)

१०—मूर्ख, नैष तव दोषः। साधोः शिक्षा गुणाय सम्पद्यते, नासाधोः। (पञ्चतन्त्रे १—१८)

११—प्रसीद भगवति वसुन्धरे! शरीरमसि संसारस्य। तत्किमसंविदानेव जामात्रे कुप्यसि। (उत्तररामचरिते ७)

१२—सखि वासन्ति! दुःखायेदानीं रामस्य दर्शनं सुहृदाम्। तत्किय्चिरं त्वा रोदयिष्यामि। तदनुजानीहि मा गमनाय। (उत्तररामचरिते २)

१३—न जानामि केनापि कारणेनापहस्ततसकलसखीजनं त्वयि विश्वसिति मे हृदयम्। (कादम्बर्याम् २३३)

१४—धिङ्मा दुष्कृतकारिणीं यस्याः कृते तवेयमीदृशी दशा वर्तते। (कादं०)

१५—हा दयित माधव! परलोकगतोऽपि स्मर्तव्यो युष्माभिरयं जनः। न खलु स उपरतो यस्य वल्लभो जनः स्मरति। (मालतीमाधवे)

१६—अत्रान्तरे शक्तिखण्डनामर्षितेन गाण्डीविनैवं भणितम्—"अरे दुर्योधनप्रमुखाः कुरुबलसेनाप्रभवः! अरे अविनयनदीकर्णधार कर्ण! युष्माभिर्मम परोक्ष एकाकी पुत्रकोऽभिमन्यु र्व्यापादितः। अहं पुनर्युष्माक प्रेक्षमाणानामेन कुमारवृषसेन स्मर्तव्यशेषं नयामि।" (वेणीसंसारे ४)

१७—तदेव पञ्चवटीवनम्। सैव प्रियसखी वासन्ती। त एव जातनिर्विशेषा पादपाः। मम पुनर्मन्दभाग्यायाः सर्वमेवैतद् दृश्यमानमपि नास्ति। (उत्तर० ३)

१८—तस्य तरुषण्डस्य मध्ये मणिदर्पणमिव त्रैलोक्यलक्ष्म्याः क्वचित् त्र्यम्बकवृषभविषाणकोटिखण्डिततटशिलाखण्डं क्वचिदैरावतदशनमुसलखण्डितकुमुदखण्डमच्छोदं नाम सरो दृष्टवान्। (कादम्बर्याम् १२३)

१९—अलमनया कथया। सह्यतामियम्। अहमप्यसमर्थः श्रोतुम्। अतिक्रान्तान्यपि संकीर्त्यमानान्यनुभवसमा वेदनामुपजनयन्ति सुहृज्जनस्य दुःखानि। तन्नार्हसि कथं कथमपि विधृतानिमानसुलभानसून् पुनः पुनः स्मरणशोकानलेन्धनतामुपनेतुम्। (कादम्बर्याम्)

जब ह्रस्व स्वर के बाद अनुस्वार अथवा विसर्ग अथवा संयुक्ताक्षर आता है तब उस ह्रस्व स्वर को छन्दःशास्त्र में दीर्घ माना जाता है, यथा—"मन्द" में "म" दीर्घ है क्योंकि "म" के उपरान्त संयुक्ताक्षर "न्द" आता है, इसी भाँति "संचय" में "सं" दीर्घ है, क्योंकि "स" अनुस्वार-सहित है, "देवः" में "वः" दीर्घ है, क्योंकि "वः" विसर्ग सहित है।

वृत्तशास्त्र की ऐसी परिपाटी है कि यदि पद्य में पाद के अन्त वाला अक्षर गुरु अपेक्षित है, किन्तु वह लघु है तो उसे उस स्थान पर गुरु ही मान लेते हैं। इसी प्रकार यदि किसी पद्य में पाद के अन्त वाला अक्षर ह्रस्व अपेक्षित है किन्तु वह गुरु है तो वह भी आवश्यकतानुसार लघु मान लिया जाता है।

---

*इस वृत्त-परिचय में छन्दों के उदाहरणों के रूप में जो पद्य या पद्यांश दिये गये हैं वे आगरा विश्वविद्यालय की एम० ए० की परीक्षा के प्रश्न-पत्रों से उद्धृत हैं और वर्ष का संकेत कोष्ठों के भीतर अंकों द्वारा किया गया है।

यति—किसी पद्य का उच्चारण करते समय जहाँ साँस लेने के लिए क्षण भर रुकना पड़ता है, वहाँ पद्य की 'यति' होती है। यतियाँ नियमित हैं। यति शब्द के अन्त में होती है मध्य में नहीं।

वृत्त—वृत्त में पद्य की रचना अक्षरों के हिसाब से होती है और वृत्त रचना में सुविधा के लिए तीन-तीन अक्षरों के समूह को गण कहा गया है। यथा—

"नमोऽस्तु तस्मै पुरुषोत्तमाय" इस पदांश में "नमोस्तु" (१), तस्मैपु (२), रुषोत्त (३), माय दो गुरु तीन गण और दो गुरु अक्षर हैं। 'नमोऽस्तु' में "न-मोऽ-स्तु" तीन अक्षर का गण है। इस प्रकार तीन गणों में नौ अक्षर और दो गुरु अक्षर कुल ११ अक्षर हैं।

गण आठ हैं—

आदिमध्यावसानेषु भजसा यान्ति गौरवम्।
यरता लाघव यान्ति मनौ तु गुरुलाघवम्॥

(१) भगण (२) जगण (३) सगण (४) यगण
(५) रगण (६) तगण (७) मगण (८) नगण

(१) भगण में पहला अक्षर गुरु तथा द्वितीय और तृतीय लघु हैं।
(२) जगण में मध्य अक्षर गुरु है, और पहला तथा तीसरा लघु।
(३) सगण में तीसरा अक्षर गुरु है और पहिला तथा दूसरा लघु।
(४) यगण में पहला अक्षर लघु है और शेष दो गुरु।
(५) रगण में दूसरा अक्षर लघु है और शेष दो गुरु।
(६) तगण में तीसरा अक्षर लघु है और शेष दो गुरु।
(७) मगण में तीनों अक्षर गुरु हैं।
(८) नगण में तीनों अक्षर लघु हैं।

लघु का चिह्न। है।
गुरु का चिह्न ऽ है।

आठों गण चिह्नों द्वारा नीचे दिखाये जाते हैं—

(१) भगण	ऽ।।
(२) जगण	।ऽ।
(३) सगण	।।ऽ
(४) यगण	।ऽऽ
(५) रगण	ऽ।ऽ
(६) तगण	ऽऽ।
(७) मगण	ऽऽऽ
(८) नगण	।।।

जाति—जब पद्य की रचना मात्राओं के हिसाब से की जाती है तब उसे जाति कहते हैं। कभी-कभी मात्राओं का भी गणों में विभाजन करते हैं। ऐसी दशा में प्रत्येक गण चार मात्राओं का होता है। जैसे—

"यदयं शशिशेखरो हरो हरिरप्येष यदीशिता श्रियः" इस पद्य में "यदयं" "शशिशे" "खरोह" गण हैं; क्योंकि "यद" में दो मात्राएँ हैं और "ये" में दो मात्राएँ हैं, इस प्रकार चार मात्राएं हुईं; इसलिए इन चार मात्राओं का एक गण (यदयं) हो गया। यदि यह पद्य वृत्त होता तो भी 'शशिशे" एक ही गण माना जाता, क्योंकि उसमें तीन अक्षरों का एक गण होता है।

मात्रागण पाँच होते हैं—

(१) मगण	ऽऽ
(२) सगण	।।ऽ
(३) जगण	।ऽ।
(४) भगण	ऽ।।
(५) नगण	।।।

वृत्त के भेद

(१) समवृत्त—वह है, जिसके चारों पाद (या चरण) एक से होते हैं अर्थात् उसमें अक्षर एवं मात्राएँ समान होती हैं।

(२) अर्धसमवृत्त—वह है, जिसके प्रथम तथा तृतीय पाद एक तरह के और द्वितीय तथा चतुर्थ पाद दूसरी तरह के होते हैं।

(३) विषमवृत्त—वह है, जिसके चारों चरण एक दूसरे से भिन्न होते हैं।

संस्कृत काव्य में प्रायः समवृत्त छन्दों का प्रयोग हुआ है।

समवृत्त

समवृत्त अनेक प्रकार के हैं। प्रत्येक चरण में १ अक्षर से २६ अक्षर तक रहते हैं। यहाँ पर कुछ ऐसे प्रचलित समवृत्त दिये गये हैं जो बहुधा साहित्यिक रचनाओं में आते हैं।

८ अक्षरों वाला—अनुष्टुप् (श्लोक)

श्लोके षष्ठं गुरु ज्ञेयं सर्वत्र लघु पञ्चमम्।
द्विचतुष्पादयोर्ह्रस्वं सप्तमं दीर्घमन्ययोः॥

अनुष्टुप् या श्लोक के सभी पादों में छठा अक्षर गुरु तथा पाँचवाँ लघु होता है। सातवाँ अक्षर दूसरे तथा चौथे चरण में ह्रस्व होता है और पहिले और तीसरे में दीर्घ होता है। उदाहरण—

(१) न सा विद्या न सा रीतिर्न तच्छास्त्रं न सा कला।
जायते यन्न काव्याङ्गमहो भारी महाकवेः।
(२) वागर्थाविव संपृक्तौ वागर्थप्रतिपत्तये। (१६५५, ५७)
(३) सुभगाविभ्रमोद्भ्रान्तभ्रूविलासचलाःश्रियः (१३६०)

११ अक्षरोंवाला—इन्द्रवज्रा

स्यादिन्द्रवज्रा यदि तौ जगौ गः।

इन्द्रवज्रा के प्रत्येक चरण मे दो तगण, एक जगण, और अन्त में दो गुरु अक्षर होते हैं। उदाहरणार्थ—

तगण	तगण	जगण	ग	ग	
।।ऽ	ऽऽ।	।ऽऽ	ऽ	ऽ	
(क) लोकोत्त	रंधैर्य	महोप्र	भा	वः	(१६५२, १६५०)
(ख) ये दुष्टदैत्या इह मर्त्यलोके					(१६५५)

११ अक्षरों वाला—उपेन्द्रवज्रा

उपेन्द्रवज्रा जतजास्ततो गौ।

उपेन्द्रवज्रा के प्रत्येक चरण में जगण, तगण, जगण तथा दो गुरु होते हैं।

जगण	तगण	जगण	ग ग
।ऽ।	ऽऽ।	।ऽ।	ऽऽ
नमोऽस्तु	तस्मैपु	रुषोत्त	माय—(१६५३, १६५७)

उपजाति (मिश्रित—इन्द्रवज्रा-उपेन्द्रवज्रा)

अनन्तरोदीरितलक्ष्मभाजौ
पादौ यदीयावुपजातयस्ताः।

उपजाति वृत्त वह वृत्त है जो इन्द्रवज्रा तथा उपेन्द्रवज्रा के मेल से बनता है। उदाहरणार्थ—

।ऽ। ऽऽ। ।ऽ। ऽऽ, ऽऽ। ऽऽ। ।ऽ। ऽऽ

(१) अथप्र जानाम धियःप्र माते, जायाप्र तियाहि तगन्ध म ल्गम् (१६५५)
(२) गोष्ठे गिरिं सव्यकरेण धृत्वा रुष्टेन्द्रवज्राहतिमुक्तवृष्टौ। (१६५८ ६०)
(३) यो गोकुलं गोपकुलं च चक्रे सुस्थ स मे रक्षतु चक्रपाणिः। (१६६०)

१२ अक्षरों वाला-वंशस्थ

जतौ तु वंशस्थमुदीरितं जरौ।

वंशस्थ के प्रत्येक पाद में जगण, तगण, जगण, रगण रहते हैं।

जगण	तगण	जगण	रगण
।ऽ।	ऽऽ।	।ऽ।	ऽ।ऽ

(१) नृपःस राकान्ति मुजाम हीमुजाम्।

(२) निमीलिताक्षीव भियामरावती (१६५०, ५७)
(३) प्रिये स कीटक भविता तव क्षणः (१६६०)
(४) नमो नमो वाङ् मनसातिमूर्तये (१६५३)
(५) नमोस्त्वनन्ताय सहस्रमूर्तये (१६७५)
(६) कमादमु नारद इत्यबोधि स. (१६५८)
(७) प्रियेषु सौभाग्यफला हि चारुता (१६६०)
(८) हित मनोहारि च दुर्लभं वचः (१६५७)

१२ अक्षर वाला-द्रुतविलम्बित

द्रुतविलम्बितमाह नभौ भरौ ।

द्रुतविलम्बित के प्रत्येक चरण में नगण, भगण, भगण और रगण होते हैं, जैसे—

नगण	भगण	भगण	रगण	
।।।	ऽ।।	ऽ।।	ऽ।ऽ	
(१) जनप	दैनग	दःपद	मादधौ	(१६५४)
(२) उपकृतं बहु तत्र किमुच्यते				(१६५३)
(३) किमुदधौ बडवा बडवानलात्				(१६५३)

१२ अक्षर वाला-भुजङ्गप्रयात

भुजङ्गप्रयातं भवेद् यैश्चतुर्भिः ।

भुजङ्गप्रयात के प्रत्येक चरण में चार यगण होते हैं; जैसे—

यगण	यगण	यगण	यगण	
।ऽऽ	।ऽऽ	।ऽऽ	।ऽऽ	
(१) अलती	र्धपानैः	फलकि	वितानैः	(१६५३)
(२) त्यजेत्तादृशं दुर्विनीतं कुमित्रम्				(१६५२)
(३) पुरः साधुवद् भाति मिथ्याविनीतः				(१६५५)
(४) धनान्यर्जयध्वं धनान्यर्जयध्वम्				(१६६०)

१३ अक्षर—महर्षिणी

म्नौ भ्नौ गश्चिदश्ययतिः महर्षिणीयम् ।

महर्षिणी के प्रत्येक चरण में मगण, नगण, जगण, रगण और अन्त में एक गुरु अक्षर रहता है। तीसरे और दसवें अक्षर पर यति होती है, यथा—

मगण	नगण	जगण	रगण	गुरु	
ऽऽऽ	।।।	।ऽ।	ऽ।ऽ	ऽ	
(१) सम्राज	अरण	युगंप्र	सादल	म्यम्	(१६६०)

(२) इशान स्मरहर चन्द्रचूड शम्भो। (१६५३)

पहले उदाहरण में तीसरे अक्षर "जः" में तथा उसके बाद दसवें अक्षर "म्यम्" में यति है।

१४ अक्षर वाला--वसन्ततिलका

उक्ता वसन्ततिलका तभजा जगौ गः।

वसन्ततिलका के प्रत्येक चरण में तगण, भगण, जगण, जगण और अन्त में दो गुरु होते हैं; जैसे--

तगण	भगण	जगण	जगण	ग ग
ऽ ऽ ।	ऽ । ।	। ऽ ।	। ऽ ।	ऽ ऽ

(१) कृष्णात्य रंकिम पितत्त्व महन जाने --(१६५२)

(२) न्याय्यात्पथः प्रविचलन्ति पदं न धीराः (१६५३)

(३) श्रीरत्नसृष्टिरपरा प्रतिभाति मे (१६६०)

(४) दानाम्बुसेकसुभगः सततं करोऽभूत् (१६५६)

(५) सोऽयं न पुत्रकृतकः पदवीं मृगस्ते (१६५८)

१५ अक्षर--मालिनी

ननमयययुतेयं मालिनी भोगिलोकैः।

मालिनी के प्रत्येक चरण में नगण, नगण, मगण, यगण तथा यगण होते हैं और आठवें तथा सातवें अक्षर के बाद यति होती है; जैसे--

(१) नगण	नगण	मगण	यगण	यगण
। । ।	। । ।	ऽ ऽ ऽ	। ऽ ऽ	। ऽ ऽ
कलय	तिचहि	माशोर्नि	ष्कलंक	स्यलक्ष्मीम्

(२) धवलबहुलमुग्धा दुग्धकुल्येव दृष्टिः (१६५३)

(३) न खलु न खलु बाणः सन्निपात्योऽयमस्मिन् (१६५३)

(४) मलिनमपि हिमांशोर्लक्ष्म लक्ष्मीं तनोति (१६६०)

१७ अक्षर--मन्दाक्रान्ता

मन्दाक्रान्ताम्बुधिरसनगैर्मो भनौ तौ गयुग्मम्।

मन्दाक्रान्ता के प्रत्येक चरण मे मगण, भगण, नगण, तगण, तगण और अन्त में दो गुरु अक्षर होते हैं।

चार अक्षों के बाद फिर छः अक्षों के बाद और फिर सात अक्षों के बाद यति होती है; जैसे--

मगण	भगण	नगण	तगण
ऽ ऽ ऽ	ऽ । ।	। । ।	ऽ ऽ ।
केयानै	पाकथ	यकवि	ताकौमु

तगण	ग	ग	
ऽ ऽ ।	ऽ	ऽ	
दीकौतु	का	य	(१६५७, ५८)

यहाँ पर पहिली यति "पा" के उपरान्त, दूसरी "ता" के उपरान्त तीसरी अन्त में "य" के उपरान्त है। इसी प्रकार चारों चरणों में यति होगी।

(२) क्रूरस्तस्मिन्नपि न सहते संगमं नौ कृतान्तः (१६५०)
(३) याच्ञा मोघा वरमधिगुणे नाधमे लब्धकामा (१६५२, १६५३, १६५७)
(४) उद्देशोऽयं सरसकदली श्रेणशोभातिशायी (१६५६)
(५) नीचैर्गच्छत्युपरि च दशा चक्रनेमिक्रमेण (१६५६)

१७ अक्षर—शिखरिणी

रसैःरुद्रैश्छिन्ना यमनसभलागः शिखरिणी।

शिखरिणी के प्रत्येक चरण में यगण, मगण, नगण, सगण, भगण, और अन्त में एक लघु और एक गुरु होता है। छः अक्षरों के बाद फिर ग्यारह अक्षरों के बाद यति रहती है; जैसे—

। ऽ ऽ	ऽ ऽ ऽ	। । ।		
यगण	मगण	नगण		
(१) वृणेवा	स्त्रीणेवा	मनस		
सगण	भगण	ल	ग	
। । ऽ	ऽ । ।	।	ऽ	
मदशो	यान्तिदि	य	साः	(१६५०, ५२, ५५)

(२) न मे दूरे किञ्चित् क्षणमपि न पार्श्वे रथजवात् (१६५३)
(३) मरुन्मन्दंमन्दं दलितमरविन्दं तरलयन् (१६५१, ५८, ६०)

महाकवि कालिदास ने शकुन्तला का सौन्दर्य-वर्णन "शिखरिणी" छन्द में कितना सुन्दर किया है!

(४) अनाघ्रातं पुष्पं किसलयमलूनं कररुहै—
रनाविद्धं रत्नं मधु नवमनास्वादितरसम्।
अखण्डं पुण्यानां फलमिव च तद्रूपमनघम्
न जाने भोक्तारं कमिह समुपस्थास्यति विधिः॥

१७ अक्षर-हरिणी

रसयुगहयैर्न्सौम्रौ स्लौ गो यदा हरिणी तदा।

हरिणी छन्द के चारों पादों में नगण, सगण, मगण, रगण तथा सगण और अन्त में एक लघु और एक गुरु रहता है। छ अक्षरों पर चार अक्षरों पर तथा सात अक्षरों पर यति होती है, यथा—

नगण	सगण	मगण	रगण	सगण	लघु गुरु
।।।	।।ऽ	ऽऽऽ	ऽ।ऽ	।।ऽ	। ऽ

(१) कनक निकष स्निग्धाविद्युल्लया नममो वंशी (१६५०)

प्रथम यति छठे अक्षर "ष" पर दूसरी चौथे अक्षर "द्युत्" पर तथा तीसरी यति सातवें अक्षर "शी" पर है।

(२) अयमहमरुड् मेदीमासैः करोमि दिशा बलिम् (१६५२)
(३) कृतमनुमतं दृष्ट्वा वा यैरिदं गुरुपातकम् (१६५५)
(४) स्फुटितकमलामोदप्रायाः प्रयान्तु वनानिलाः (१६६०)
(५) प्रबलतमसामेवं प्रायाः शुभेषु हि वृत्तयः (१६६०)

१९ अक्षर-शार्दूलविक्रीडितम्

सूर्याश्वैर्यदि मः सजौ सततगाः शार्दूलविक्रीडितम्।

शार्दूलविक्रीडित के प्रत्येक चरण में मगण, सगण, जगण, सगण, तगण, तगण और अन्त में एक गुरु अक्षर होता है। बारहवें अक्षर के बाद पहिली यति, फिर सातवें अक्षर के बाद दूसरी यति होती है; जैसे—

मगण	सगण	जगण	सगण		
ऽऽऽ	।।ऽ	।ऽ।	।।ऽ		
(१) यस्यान्तं	नविदुः	सुराश्च	रगणा		
तगण	तगण	ग			
ऽऽ।	ऽऽ।	ऽ			
देवाय	तस्मै	नमः	(१६५२)		

(२) यः कौमारहरः स एव हि वरस्ता एव चैत्रक्षपाः (१६५०, ५८)
(३) आकृष्टा परिकल्पितास्त्वपि भवत्यानन्दसान्द्रोलयः (१६५६)
(४) वन्दे त्वां रसभारतीं सुरनुतां श्रीराजराजेश्वरीम् (१६६६)

पहले उदाहरण में पहिली यति बारहवें अक्षर "णा" के बाद तथा दूसरी यति फिर सातवें अक्षर "मः" के बाद है। कालिदास ने शकुन्तला की विदाई का शार्दूलविक्रीडित में क्या सुन्दर चित्रण किया है—

पातुं न प्रथमं व्यवस्यति जलं युष्मास्वपीतेषु या,
नादत्ते प्रियमण्डनापि भवता स्नेहेन या पल्लवम्।
आद्ये वः कुसुमप्रसूतिसमये यस्या भवत्युत्सवः,
सेयं याति शकुन्तला पतिगृहं सर्वैरनुज्ञायताम्॥

२१ अक्षर-स्रग्धरा

म्रभ्नैर्यानां त्रयेण, त्रिमुनियतियुता स्रग्धरा कीर्तितेयम्।

स्रग्धरा के प्रत्येक चरण में मगण, रगण, भगण, नगण, यगण, यगण, यगण होते हैं और सात-सात अक्षरों पर यति होती है; जैसे—

मगण	रगण	भगण	नगण
ऽऽऽ	ऽ।ऽ	ऽ।।	।।।
(१) प्रत्यक्षा	मिःप्रप	क्षस्तनु	मिरव

यगण	यगण	यगण	
।ऽऽ	।ऽऽ	।ऽऽ	
तुक्षस्ता	मिरष्टा	मिरीशः	(१६०)

यहाँ पर पहिली यति सातवें अक्षर "क्षः" के बाद, फिर दूसरी यति सातवें अक्षर "क्षस्" के बाद, फिर तीसरी यति सातवें अक्षर "शः" के बाद है।

(२) येषां श्रीमद्यशोदासुतपदकमले नास्ति भक्तिर्नराणाम् (१६१५)
(३) किञ्चिद्भ्रूभङ्गलीलानियमितजलधि राममन्वेषयामि। (१६५०, १६५५)
(४) ग्रीवाभङ्गाभिरामं मुहुरनुपतति स्यन्दने दत्तदृष्टिः,
पश्चार्द्धेनप्रविष्टः शरपतनभयाद् भूयसा पूर्वकायम्।
दर्भैरर्द्धावलीढैः श्रमविवृतमुखभ्रंशिभिः कीर्णवर्त्मा
पश्योदग्रप्लुतत्वाद्वियति बहुतरं स्तोकमुर्व्यां प्रयाति॥ १६५१॥

स्वभावोक्ति अलङ्कार का कितना सुन्दर चित्रण इस श्लोक में कालिदास ने किया है।

अर्धसमवृत्त

पुष्पिताग्रा

अयुजि नयुगरेफतो यकारो
युजि च नजौ जरगाश्च पुष्पिताग्रा।

पुष्पिताग्रा के प्रथम तथा तृतीय चरण में नगण, नगण, रगण यगण (१२ अक्षर), और द्वितीय तथा चतुर्थ में नगण, जगण, जगण, रगण और एक गुरु (१३ अक्षर) होते हैं।

नगण	नगण	रगण	यगण	प्रथम तथा
।।।	।।।	।ऽऽ	।ऽऽ	तृतीय पाद
नगण	जगण	जगण	रगण	द्वितीय तथा
।।।	।।।	ऽ।ऽ	।ऽऽ	चतुर्थ पाद

जैसे—

।।।	।।।	ऽ।ऽ	।ऽऽ	
करत	लगत	मध्यम्	ल्यचिन्ता	
।।।	।ऽ।	।ऽ।	ऽ।ऽ	ऽ
मणिम	वधीर	यतीङ्गि	तेनम्	खं:

पूरा श्लोक इस प्रकार है—

करतलगतमप्यमूल्यचिन्तामणिमवधीरयतीङ्गितेन मूर्खः ।
कथमहमपहाय युद्धरत्नं जयति धनीगुणवाञ्च पण्डिश्च ॥

विषमवृत्त

विषमवृत्तों का साहित्य में बहुत कम प्रयोग हुआ है। उदाहरणार्थ उद्गता का ही लक्षण दे रहे हैं—

सजमादिमे सलघुकौ च नसजगुरुकेष्वथोद्गता ।
स्यद्घ्रिगतमनजलागयुताः सजसा जगौ चरम एकतः पठेत् ॥

सगण	जगण	सगण	ल	
।।ऽ	।ऽ।	।।ऽ	।	
तडितो	ज्वलंज	लदरा	शि-	
नगण	सगण	जगण	गु	
।।।	।।ऽ	।ऽ।	ऽ	
मनिश	मुदहा	रबन्धु	रम्	
भगण	नगण	जगण	ल	ग
ऽ।।	।।।	।ऽ।	।	ऽ
घोरघ	नरसि	तमीश	ध	नुः
सगण	जगण	सगण	जगण	गु
।।ऽ	।ऽ।	।।ऽ	।ऽ।	ऽ
कृपया	कयापि	वहती	यमुद्ग	ता

जाति

"जाति" या 'आर्या' छन्द उसे कहते हैं जिसके गण मात्रा के हिसाब से नियमित किये जाते हैं। "जाति" का साधारण भेद "आर्या" है। आर्या नौ प्रकार की होती है—

पथ्या विपुला चपला मुखचपला जघनचपला च।
गीत्युपगीत्युद्गीतय आर्यागीतिश्च नवधार्या॥

आर्या

यस्याः पादे प्रथमे, द्वादशमात्रास्तथा तृतीयेऽपि।
अष्टादश द्वितीये, चतुर्थके पञ्चदश साऽर्या॥

आर्या के प्रथम तथा तृतीय पाद में १२ मात्राएँ होती हैं; द्वितीय में १८ और चतुर्थ में १५ मात्राएँ होती हैं। उदाहरणार्थ—

अधरः किसलयरागः कोमलविटपानुकारिणौ बाहू।
कुसुममिव लोभनीयं यौवनमङ्गेषु सन्नद्धम्॥ (शाकुन्तले)

नोट—विशेष अध्ययन के लिए वृत्तरत्नाकर, श्रुतबोध या पिङ्गलमुनि-रचित छन्दःसूत्र शास्त्र पढ़ना चाहिए।

हिन्दी-संस्कृत-अनुवाद के उदाहरण

(१) हिन्दी

१—अपने बड़ों के उपदेश की अवहेलना न करो। २—जल्दी न करो रेलगाड़ी पर पहुँचने के लिए काफी समय है। ३—किस के साथ मैं अपने दुःख को बाँटा सकता हूँ ? ४—चपलता न करो इससे तुम्हारा स्वभाव बिगड़ जायगा। ५—तुम इधर उधर की क्यों हाँकते हो, प्रस्तुत विषय पर आओ।

(२) हिन्दी

१—उसने मुझसे एक हजार रुपये ठग लिये, पुलस उसका पीछा कर रही है। २—एक स्त्री जल के घड़े को लेकर पानी लेने जाती है। ३—सूर्य की प्रखर किरणों से वृक्ष लता सब सूख जाते हैं। ४—मैं घर जाकर अपने मित्रों से पूछ कर आऊँगा। ५—माता-पिता और गुरुजनों का सम्मान करना उचित है। ६—देशाटन करने से शरीर बलवान् हो जाता है। ७—मैं तुम्हारी जरा भी परवाह नहीं करता, तुम यों ही बड़े बनते हो।

(१) संस्कृतानुवादः

१—गुरूणामुपदेशान् माऽवमंस्थाः। २—मा त्वरिष्ठा कालात् प्रयास्यसि रेलयानम्। ३—केन साधारणीकरोमि दुःखम्। ४—मा चापलाय, विकरिष्यते ते शीलम्। ५—किमित्यप्रस्तुत मालपसि प्रस्तुत-मनुसन्धीयताम्।

(२) संस्कृतानुवादः

१—स मा रुप्यकसहस्रादवञ्चयत,* रक्षिवर्गस्तमनुसरति। २—एका स्त्री जलकुम्भमादाय जलमानेतु गच्छति। ३—सूर्य्यस्य तीक्ष्णकिरणैः वृक्षलताः शुष्का भवन्ति। ४—अहं गृहं गत्वा मित्राणि पृष्ट्वा आगमिष्यामि। ५—पितरौ गुरुजनश्च सम्माननीयाः। ६—देशपर्य्यटनेन शरीरं बलवद् भवति। ७—अहं त्वां †तृणाय मन्ये अकारण गुरुता धत्से।

---

*—यहाँ ठगे जाने के अर्थ में पञ्चमी हुई और 'अवञ्चयत' यह प्रयोग वञ्चि (चुरादिगणीय) आत्मनेपदी का है।

†—'मन्ये' के साथ चतुर्थी का प्रयोग हुआ है।

(३) हिन्दी

१—मेरा भाई और मैं मैच देखने को जा रहे हैं, पता नहीं कब तक लौटेंगे। २—डूबते को तिनके का सहारा। ३—इस समय मेरी घड़ी में पौने चार बजे हैं। ४—वह सदैव मेरे उन्नति-मार्ग में रोड़े अटकाता रहा है। ५—न्यूयार्क में मनुष्यों की चहल-पहल देखने योग्य है। ६—गोपाल ने इस जोर से गेंद मारी कि शीशा टूट कर चूर चूर हो गया। ७—दमयन्ती सुन्दरता में अन्त पुर की दूसरी स्त्रियों से बाजी ले गई है।

(४) हिन्दी

१—जो होना है सो होवे, मैं उसके सामने नहीं झुकूंगा। २—राम ने वन में लाखों राक्षसों को मारा। ३—वह बानर वृक्ष से उतर कर नीचे बैठा है। ४—विद्याहीन मनुष्य और पशुओं में कोई भेद नहीं है। ५—एक पागल लड़का दौड़ता हुआ आया। ६—ईश्वर की कृपा से उसका शरीर आरोग्य हो गया। ७—उसने रमेश को खूब उल्लू बनाया।

(५) हिन्दी

१—उसकी मुट्ठी गरम करो, फिर तुम्हारा काम हो जायगा। २—मैंने आज पढ़ा नहीं, इसलिए मेरे पिता मुझ पर नाराज थे। ३—मैं खेलकर समय नष्ट नहीं करूंगा। ४—तुम घर जाओ, तुम्हारे साथ मैं नहीं खेलूंगा। ५—देवदत्त आज मेरे घर आवेगा। ६—

(३) संस्कृतानुवादः

१—मम सोदर्योऽहं च विजयोत्सवं प्रेक्षितुं गच्छावः न विद्मः कदा परावर्तावहे। २—मज्जनो हि कुशं वा काशं वाऽवलम्बनम्। ३—अधुना मम कालमापनी (घटिकायन्त्रम्) पादोन-चतुर्थीं होरां दिशति। ४—स मे समुन्नतिपथं सदैव प्रतिबध्नाति। ५—न्यूयार्कनगरे प्रचुरो जनसञ्चारः दर्शनीयः। ६—गोपालस्तथा वेगेन कंदुकं प्राहरत् यथाऽऽदर्शः परिस्फुट्य खण्डशोऽभूत्। ७—दमयन्ती लावण्येन सर्वान्तःपुर-वनिताः अतिक्रामति (अत्यादिशति वा)।

(४) संस्कृतानुवादः

१—यद्भावि तद्भवतु, नाहं तस्य पुरः शिरोऽवनमयिष्यामि। २—रामः वने लक्षशः राक्षसान् जघान। ३—स वानरः वृक्षात् अवतीर्य्य नीचैः उप-विष्टोऽस्ति। ४—विद्याहीनानां नराणां पशूनाञ्च कोऽपि भेदो नास्ति। ५—कश्चित् (एकः) उन्मत्तो बालक इतो धावन्नागतः। ६—ईश्वरस्य कृपया तस्य शरीरं नीरोगमभवत्। ७—स रमेशं मातृमुखमुपदर्श्य व्याडम्बयत्।

(५) संस्कृतानुवादः

१—उत्कोचं तस्मै देहि तेन तव कार्यं सेत्स्यति। २—अहमद्य नापठम्, अतः मम पिता मयि अप्रसन्न आसीत्। ३—अहं क्रीडित्वा समयं न नक्षयामि। ४—त्वं गृहं गच्छ, त्वया सह अहं न क्रीडिष्यामि। ५—देवदत्तः अद्य मम गृहमागमिष्यति। ६—गतवर्षे स परी-

गत वर्ष परीक्षा में वह उत्तीर्ण नहीं हुआ, इस कारण वह परिश्रम से पढ़ता है। ७—चार दिन की चाँदनी फिर अँधेरी रात।

छायामुत्तीर्णो नाभवत्, अत परिश्रमेण पठति। ७—अहः कतिपयानि सम्पदस्ततो व्यापदः।

(६) हिन्दी

१—आपको अपने काम से मतलब औरों की बातों में क्यों टाँग अड़ाते हो। २—उसका दाँव नहीं चला, नहीं तो तुम इस समय अपना सिर धुनते होते। ३—चिर प्रवासी तथा रोगी रहन से वह ऐसा बदल गया है कि पहचाना नहीं जाता। ४—उसकी ऐसी दशा देखकर मेरा जी भर आया। ५—मेरी सब आशाओं पर पानी फिर गया। ६—तुम तो दूसरे के घर में आग लगा कर तमाशा देखना चाहते हो। ७—तुम सदा मन के लड्डू खाते हो।

(६) संस्कृतानुवादः

१—भवान् पराधिकारचर्चां किमिति करोति। २—न स प्रभावशाठ्यस्य अन्यथा सम्प्रति स्वानि भाग्यानि निन्दयिष्यसि। २—चिरविप्रोषितो रुग्णश्चासौ तथा परिवृत्तो यथा परिचेतु न शक्य। ४—तस्य तथावस्थामवलोक्य करुणार्द्रचेता अभवम्। ५—सर्वा ममाशा मोघा. सञ्जाता.। ६—त्व तु परगृहेषु विसवादमुद्भाव्य कौतुक मार्गयसि। ७—मनोरथमोदकप्रायानिष्टानर्थानित्थ मुड्डे।

(७) हिन्दी

१—दिल के बहलाने को गालिब खयाल अच्छा है। २—ईश्वर जब देता है तब छप्पर फाड़कर देता है। ३—मैंने सारी रात आँसों में काटी। ४—आजकल प्रत्येक मनुष्य अपना उल्लू सीधा करना चाहता है, दूसरों के हित की उसे चिन्ता नहीं। ५—आज सवेरे ही सवेरे बीस रुपयों पर पानी फिर गया। ६—मुझे इस बात के सिर पैर का पता नहीं लगता। ७—व्यायाम सौ दवा की एक दवा है, फिर हींग लगे न फिटकिरी।

(७) संस्कृतानुवादः

१—आत्मनो विनोदाय कल्पतेऽयं विचार.। २—भाग्यानां द्वाराणि भवन्ति सर्वत्र। ३—पर्यङ्के निपण्णस्य मर्माहणा प्रभातमासीत्। ४—अद्यत्वे सर्व. स्वार्थमेव समीहते परहित तु नैव चिन्तयति। ५—अद्य प्रातरेव विंशते रूप्यकाणा हानिर्मे जाता। ६—अस्या वार्तायां अन्तादी (आद्यन्तौ वा) नावगच्छामि। ७—व्यायामो हि भेषजाना भेषजम्, एतदर्थे कश्चिद्व्ययोऽपि नानुभवितव्यो भवति।

(८) हिन्दी

पुराणों में कथा है कि एक बार धर्म और सत्य में विवाद हुआ। धर्म ने कहा—"मैं बड़ा हूँ", सत्य ने कहा "मैं"। अंत में फैसला कराने के लिए वे दोनों शेषजी के पास गये। उन्होंने कहा कि "जो पृथ्वी धारण करे वही बड़ा"। इस प्रतिज्ञा पर धर्म को पृथ्वी दी, तो वे व्याकुल हो गये, फिर सत्य को दी, उन्होंने कई युग तक पृथ्वी को उठा रखा।

(८) संस्कृतानुवादः

पुराणेषु कथास्ति यत् एकदा धर्म-सत्ययोः परस्परं विवादोऽभवत्। धर्मोऽब्रवीत्—"अहं बलवान्" सत्योऽवदत् "अहम्" इति। अन्ते निर्णायितुं तौ सर्पराजस्य समीपे गतौ। तेनोक्तं यत् "यः पृथ्वीं धारयेत् स एव बलवान् भवेदिति।" अस्या प्रतिज्ञायां धर्माय पृथ्वीं ददौ। स हि धर्मो व्याकुलोऽभवत्। पुनः सत्याय ददौ। स कतिपययुगानि यावत् पृथ्वीमुदस्थापयत्।

(९) हिन्दी

१—उसके मुँह न लगना वह बहुत चलता पुरजा है। २—सवेरे उठकर पढ़ने बैठ जाओ। ३—परीक्षा के बाद छुट्टियों में दूसरी जगह जाना अच्छा है। ४—अच्छी तरह पास करोगे तो एक किताब मिलेगी। ५—हस्तलिपि को साफ एवं शुद्ध बनाओ। ६—पढ़ने के समय दूसरी ओर ध्यान मत दो। ७—मेरे पाँव में काँटा चुभ गया है, उसे सूई से निकाल दो।

(९) संस्कृतानुवादः

१—तेन साकं नातिपरिचयः कार्यः, कितवोऽसौ। २—प्रातरुत्थाय अध्येतुमुपविश। ३—परीक्षानन्तरम् अवकाशेषु अन्यत्र गमनं वरम्। ४—सम्यगुत्तीर्णो भवेस्तर्हि पुस्तकमेकं लभेथाः। ५—हस्तलिपिं स्पष्टां शुद्धां च कुरु। ६—अध्ययनसमये अन्यत्र मा ध्यानं देहि। ७—मम पादे कण्टको लग्नः, तं सूच्या समुद्धर।

(१०) हिन्दी

१—एक ही बात अलापते जाते हो दूसरे की सुनते ही नहीं। २—पति वियोग से वह सूखकर काँटा हो गयी है। ३—फोड़े में पीप भर गया है और उसका मुँह भी बन गया है, अब उसे चीर दिया जायगा। ४—जिसका काम उसी को साजे और करे तो ठेंगा बाजे। ५—इस दुर्घटना से घर बाल-बाल बच गया। ६—पहले उसने अपनी

(१०) संस्कृतानुवादः

१—एकमेवार्थमनुलपसि, नेतरन्यं शृणोषि। २—पतिविप्रयोगेण सा तनुता गता (कङ्कालशेषा समजनि।) ३—व्रणः पूयक्लिन्नो वदनमुखञ्च जातः, इदानीमस्य शालाक्यं करिष्यते। ४—यद् यस्योचितं तत् तस्मात्तत् स एव शोभते। इतरस्तु प्रवृत्तो लोकस्य हास्यो भवति। ५—अस्मिन् दुर्योगे दैवात् तस्याश्वो रक्षितः। ६—पूर्वं स स्वां

जायदाद बंधक रखी थी, अब वह दिवाला दे रहा है। ७—विष वृक्ष को भी पाल करके स्वयं काटना ठीक नहीं है।

सम्पत्तिं बन्धकेऽददात् साम्प्रतम् ऋण-शोधनेऽक्षमतामुद्घोषयति। ७—विष-वृक्षोऽपि संवर्ध्य स्वयं छेत्तुमसाम्प्रतम्।

(११) हिन्दी

रात्रि समाप्त हुई; प्रभात का रमणीक दृश्य दृष्टिगोचर होने लगा। तारागण जो रात के अँधेरे में चमक दमक दिखा रहे थे, अपने प्रकाश को फीका देखकर धीरे-धीरे लोप हो गये। जैसे चोर प्रभात का प्रकाश होते ही अपने अपने ठिकाने को भागते हैं, ऐसे ही रात्रि की स्याही का रंग उड़ा। पूर्व दिशा में सफेदी प्रकट हुई मानो प्रेमी सुबह ने प्रेमिका रात्रि के स्याह बिखरे बालों को मुख से समेट लिया और उसका उज्ज्वल मस्तक दीखने लगा। प्रातः कालीन वायु, युवकों की तरह अटखेलियाँ करती हुई चली। पक्षियों ने चहचहाना आरम्भ किया। उद्यान मे कलिकाएँ खिलने लगीं, जैसे नींद से कोई नेत्र खोले।

(११) संस्कृतानुवादः

रात्रिर्गता, प्रातः सुरम्यं दृश्यं दृष्टिपथमवाप। नक्तं तमसि रोचिष्णून्युडूनि सम्प्रति मन्दरुचीनि सन्ति,शनैः शनैस्तिरोहितानि। यथा तस्कराः प्रातरालोके स्वावासं प्रति विद्रवन्ति तथैव रात्रि-श्यामिकापि। पूर्वस्या दिशि प्रकाशः प्राकट्यमगात्, मन्ये प्रियं प्रातः प्रियायाः निशाया असितान् प्रर्याकुलान् मूर्धजान् मुखात्प्रतिसमहार्षीत् समुज्ज्वलं च तन्मस्तकं दृष्टिपथमवातरत्। वैभातिको वायुर्युवजनवत् सविभ्रममवात्। पक्षिणः कलरवं कर्तुमारभन्त। उद्याने कलिका विकासोन्मुखाः सञ्जाताः, यथा सुप्तोत्थितः कश्चिन्निमीलिते लोचने समुन्मीलयेत्।

(१२, १३ वाक्य खण्डों में सोपसर्ग धातुओं का प्रयोग किया गया है)।

(१२) हिन्दी

१—हिमालय से गंगा निकलती है। २—चन्द्रमा के निकलने पर अंधकार दूर हो गया। ३—यह पहलवान

*(१२) संस्कृतानुवादः

१—हिमवतो गङ्गा उद्गच्छति (प्रभवति वा)। २—आविर्भूते शशिनि अन्धकारस्तिरोऽभूत्। ३—अयं मल्लः

---

*इस वाक्य-खण्ड में तथा आगे के वाक्य-खण्ड में, भिन्न-भिन्न उपसर्गों के साथ क्रियाओं का प्रयोग किया गया है। याद रखो, सोपसर्ग धातुओं के प्रयोग से वाक्यों में सौष्ठव तथा एक विशेष चमत्कार आ जाता है।

दूसरे पहलवान से टक्कर ले सकता है। ४—वह शीघ्र ही वियोग की पीड़ा का अनुभव करेगा। ५—तुम ठीक कह रहे हो, तुम्हारी दलील में मुझे कोई दोष दिखाई नहीं देता है। ६—जो शारीरिक शत्रुओं को वश में कर लेते हैं वे ही सच्चे विजयी हैं। ७—जो रामायण की कथा कहता है वह जनता की सेवा करता है। ८—गौओं को इकट्ठा करो, आओ घर को ले चलें। ९—जब मैं तुम्हारे भाषण पर विचार करता हूँ तब उसमें मुझे अधिक गुण नहीं दिखाई देते। १०—चन्द्रमा चाण्डाल के घर से चाँदनी को नहीं हटाता।

(१३) हिन्दी

१—सूर्य निकल रहा है और अंधेरा दूर हो रहा है। २—लंका से लौटते हुए राम को लाने के लिए भरत आगे बढ़ा। ३—हमारे घर आज एक मेहमान आया है उसका आतिथ्य सत्कार करना है। ४—जो शिष्टाचार की सीमा लांघते हैं वे निन्दित हो जाते हैं। ५—बहुत से लोग इस सड़क से आते जाते हैं। ६—मोटर पास में लाओ जिससे मैं चढ़ सकूँ। ७—निःसन्देह तुम इस उज्ज्वल चरित्र से वंश को ऊँचा उठा दोगे। ८—इस युक्ति का हम इस

अन्यस्मै मल्लाय प्रभवति। ४—अचिरमेव स वियोगव्यथाम् अनुभविष्यति। ५—युक्तमेव कथयति भवान् नाहं भवत्स्तर्के दोषं विभावयामि। ६—ये शरीरस्थान् रिपूनविकुर्वते ते नाम जयिनः। ७—यो रामायणं प्रकुरुते स खलु सर्वमेवोपकरोति लोकस्य। ८—गावः संहियन्तां गृहं प्रति निवर्तामहे। ९—यदाहं तव भाषितं परिभावयामि तदा नात्र बहुगुणं विभावयामि। १०—न हि संहरते ज्योत्स्नां चन्द्रश्चाण्डालवेश्मनः।

(१३) संस्कृतानुवाद

१—भानुरुद्गच्छति तिमिरञ्चापगच्छति। २—लङ्कातो निवर्तमानं रामं भरतः प्रत्युज्जगाम। ३—अद्यास्मद् गृहानेकोऽभ्यागतोऽभ्यागमत् स आतिथ्येन सत्करणीयः। ४—ये समुदाचारमुल्लङ्घन्ते तेऽवगीयन्ते। ५—भूयांसो जना मार्गेणानेन संचरन्ते। ६—उपानय मोटरयानं यावदारोहयामि। ७—अवदातेनानेन चरितेन कुलमुन्नेष्यसि नात्र सन्देहः। ८—इत्युक्तेरेवं प्रत्यवतिष्ठामहे। ९—प्रत्यहं शतं रूपका उत्तिष्ठन्त्यस्माद् ग्रामात्। १०—योगी लोकं समाधिविधिमुपदिशन् भुवं विचचार।

११—उस राज्य में पुत्र पिता के विरुद्ध आचरण करते थे और नारियाँ पति के विरुद्ध। १२—जब तक पृथ्वी पर पर्वत स्थिर रहेंगे और नदियाँ बहती रहेंगी तब तक लोगों में रामायण की कथा प्रचलित रहेगी।

(१४) हिन्दी

१—स्कूल जाने का यही वक्त है। किताबें और कलम लेकर मेरे साथ आओ। २—पिता के घर में वह होनहार बालक बढने लगा और ब्राह्मणों ने उसके अनुरूप ही उसका नाम देवसोम रखा। ३—बडे भाई की प्रतिकूल आज्ञा भी छोटे भाई को माननी चाहिए। ४—राजा महीपाल हाथी पर चढ कर बहुत सारे वनों में घूमता हुआ अपने राज्य में लौट रहा था। ५—दुश्मन की सारी फौज इस तरह से हरा दी गयी, उनके दो हजार सिपाही मार दिये गये और सात सौ से भी अधिक पकड लिये गये। ६—यह सुन कर वह झटपट गाड़ी पर सवार हुआ और पहाड़ की तलहटी में पहुँचा। ७—उस राजकुमार ने उस गाँव के चारों ओर चाण्डालों को देखा जो मोर के पंखों से सजे हुए थे, जिन्होंने बाघ की खाल ओढ़ी हुई थी और जो पशुओं का मांस खानेवाले थे। ८—ऊपर एक डाल पर उसने एक शहद के छत्ते को देखा। वृक्ष पर चढ़कर छत्ते तक पहुँचा और शहद पिया। इसी समय कीड़े उस वृक्ष की जड़ को काट रहे थे। वह आदमी, वृक्ष और सब कुछ एक अँधियारे गढे में गिर पड़े।

११—तस्मिन् राज्ये पुत्राः पितृनत्यचरन् नार्यश्चात्यचरन् पतीन्।

१२—यावत्स्थास्यन्ति गिरयः
सरितश्च महीतले।
तावद्रामायणकथा
लोकेषु प्रचरिष्यते॥

(१४) संस्कृतानुवादः

१—विद्यालय गन्तुमयमेव समयः। पुस्तकानि लेखनीं च गृहीत्वा मया सार्धमागम्यताम्। २—उदीयमानो बालकोऽसौ पितृभवने वर्धते स्म। विप्रा देवसोम इति तस्य यथार्थं नाम कृतवन्तः। ३—अनभिप्रेतेऽपि ज्यायस. आदेशे कनीयसा अवज्ञा न कार्या। ४—राजा महीपालः हस्तिनमारुह्य बहूनि वनानि भ्रमित्वा स्वमेव द्वीपं प्रतिगच्छति स्म। ५—सर्वाणि किल शत्रुसैन्यानि सर्वथैव पराजितानि तेषां सहस्रद्वयं निहत सप्तशत्या अपि अधिकानि आवद्धानि। ६—स हि एतदाकर्ण्य झटिति शकटमारुह्य उपगिरिं (उपगिर) गतः। ७—राजपुत्रोऽसौ तं ग्रामं सर्वतः मयूरपिच्छैः शोभितान्, व्याघ्रचर्मपरिधायिनः मृगमांसभोजिनः चण्डालान् ददर्श। ८—ऊर्ध्वमवलोक्य स शाखास्थितं किमपि मधुचक्रं ददर्श। वृक्षमारुह्य समासाद्य च मधुचक्रं तस्मात् मधु पपौ। कीटाः समयेऽस्मिन् वृक्षमूलं कृन्तन्ति स्म, स मानवः सहितरुः अन्यत् सर्वं च अन्धकारावृते गर्ते पपात।

(१५) हिन्दी

१—कितनी देर तक यह उत्सव रहेगा ? तुम्हें इसकी कहानी का पता है ? २—पशुपक्षियों की दिल दहलाने-वाली आवाज ने उसको चौंका दिया। ३—क्षण भर में मूसलाधार वर्षा हो पड़ी और आसमान बादलों से घिर गया। ४—एक दिन महर्षि ने ध्यान के समय दूर जङ्गल में धधकती हुई आग को देखा। ५—गाँव में एक त्यौहार मनाया जा रहा है। यह कब आरम्भ हुआ ? ६—राजा एक साथ बहुत से शत्रुओं से न लड़े, क्योंकि बहुत सारी चींटियों से साँप भी मारा जाता है। ७—बुद्धिमान् अपने स्वार्थ के लिए शत्रुओं को भी अपने कन्धे पर ले जाय। मनुष्य जलाने के लिए ही सिर पर लकड़ियों को उठाते हैं। ८—राजकुमार ने और वजीरों ने पोखर के किनारे एक बहुत बड़े पेड़ को देखा, जिसकी डालें बाहों की तरह मालूम पड़ती थीं।

(१६) हिन्दी

१—बुरों का साथ छोड़ और भलों की संगति कर। २—पढ़ाई में आलस न कर अवश्यमेव परीक्षा में पास होगा। ३—गरीबों पर दया कर भगवान् मदद करेंगे। ४—उस भीषण दृश्य को देख कर उसके हाथ-पैर काँपने लगे। ५—उनका कोई दोष न होने पर भी उनपर सन्देह बना ही रहा। ६—राम ! बाजार जाओ, मटर [illegible] (पचपन) आम खरीद कर लौट आओ। ७—यदि वह

(१५) संस्कृतानुवादः

१—कियत्कालम् उत्सवोऽयं स्थास्यति ? अपि जानासि अत्र का किंवदन्ती ? २—पशूनां पक्षिणां च आर्तनादस्तं प्रबोधितवान्। ३—मुहूर्तेन धारासारैर्महती वृष्टिर्बभूव। नभश्च जलधरपटलैरावृतम्। ४—एकदा ध्यानमग्नोऽसौ ऋषिः दूरवर्तिनि वनप्रदेशे जाज्वल्यमानं दावानलं ददर्श। ५—ग्रामे उत्सवः कश्चित् सम्पद्यते। कदासौ प्रारब्धः ? ६—राजा युगपत् बहुभिरिभिर्न युध्येत, यतः समवेताभिर्बहीभिः पिपीलिकाभिः बलवानपि सर्पः विनाश्यते। ७—प्राज्ञो हि स्वकार्यसम्पादनाय रिपूनपि स्वस्कन्धेन वहेत्। मानवाः दहनार्थमेव शिरसा काष्ठानि वहन्ति। ८—ससचिवो राजपुत्रः सरस्तीरे विशालं महीरुहमपश्यत्, अगणिता यस्य शाखा भुजवत् प्रतिभान्ति स्म।

(१६) संस्कृतानुवादः

१—त्यज दुर्जनसंसर्गं भज साधुसमागमम्। २—पाठे च अयत्नं मा कुरु नूनमेव त्वं परीक्षामुत्तरिष्यसि। ३—दरिद्रान् प्रति दयां कुरु। भगवांस्ते साहाय्यं विधास्यति। ४—तद् भीषणं दृश्यमवलोक्य तस्याः पाणिपादं कम्पितुमारेभे। ५—तेषां काश्चिद् दोषानन्तरेणापि ते सन्देहास्पदं बभूवुः। ६—राम ! हट्टं गत्वा पञ्चपञ्चाशतं आम्रफलानि परिक्रीय झटिति प्रत्यागच्छ। ७—यदसौ

तैरना जानता तो पानी से न डरता। ८—उसने पेड़ पर चढ़ कर खुशबूदार फूलों से लदी हुई एक छोटी सी टहनी को तोड़ दिया। ९—दुश्मन की सारी फौज इस तरह से हरा दी गयी, उनके दो हजार सिपाही मार दिये गये और सात सौ से भी अधिक पकड़ लिये गये। १०—उस रात को बड़ा घना अँधेरा था और मूसलाधार बारिस हो रही थी। उसका रास्ता बनैले सूअर और शेरों से भरे हुए भयङ्कर वन मे से हो कर जाता था। ११—निडर बटोही अपने रास्ते पर चला जा रहा था। पौ फटने से पहले उसने घर पहुँचने की प्रतिज्ञा की। उसे इसको पूरा करना ही था।

संतरणकौशलम् अज्ञास्यत् तर्हि जलात् नामेष्यत्। ८—वृक्षमारुह्यासौ सुगन्धि-पुष्पसंभारां क्षुद्रशाखां बभञ्ज। ९—सर्वाणि किल शत्रुसैन्यानि सर्वथैव पराजितानि, तेषां सहस्रद्वयं निहतं सप्त-शत्या अपि अधिकानि आवद्धानि। १०—घनतमसावृता हि रजनी आसीत्, आसीच्च तदा भीषणो झटिकाप्रपातः। वन्य-शूकर-शार्दूल-समाकुले निविडे वने तस्य गन्तव्यपथश्च आसीत्। ११—निर्भीकोऽसौ पथिकः पन्थानमतिचक्राम। प्रागेव सूर्योदयात् स गृहं प्राप्स्यतीति प्रतिज्ञातवान्। अतः अवश्यमेव पालयितव्यम् तत्।

(१७) हिन्दी

एक समय राजा दिलीप ने अश्वमेध यज्ञ करने के लिए एक घोड़ा छोड़ा। उस की रक्षा का भार रघु पर पड़ा। वह घोड़े के पीछे-पीछे चला। इन्द्र ने इस डर से कि 'सौ यज्ञ करके दिलीप मेरा पद लेगा' छिप कर उस घोड़े को चुरा लिया। नन्दिनी की कृपा से रघु को यह बात विदित हुई और पहले उसने साम-नीति के अनुसार देवेन्द्र से वह घोड़ा मांगा। घोड़ा न मिलने पर रघु ने देवेन्द्र के साथ युद्ध आरम्भ किया। उनके बीच युद्ध होने पर रघु ने ही पहले देवेन्द्र के हृदय पर बाण मारा। प्रहार से क्रुद्ध हो कर उसने भी रघु पर बाण मारा। दानवों के रक्त को निरन्तर पीते रहने के कारण और मनुष्य के खून का

(१७) संस्कृतानुवादः

एकदा राजा दिलीपोऽश्वमेधयज्ञं कर्तुमश्वमेकं मुमोच। तस्य रक्षितृत्वेन नियुक्तो रघुस्तमनुययौ। "दिलीपः शतं यज्ञान् विधाय पदवीं मे ग्रहीष्यति" इति भयेन प्रच्छन्नरूपो देवेन्द्रस्तं वाजिन-मपजहार। नन्दिनीप्रसादाद् विदितवृत्तो रघुः प्रथमं साम्ना देवेन्द्रमश्वं ययाचे। अनुपलब्धेऽश्वे तेन सह योद्धुं प्रववृते। तयोर्मिथं युद्धे संप्रवृत्ते रघुरेव पूर्वं देवेन्द्रं बाणेन हृदि बिभेद। तत्प्रहारेण संक्रुद्धो देवेन्द्रोऽपि रघुं बाणेन प्रत्यविध्यत्। सायकः खलु यः सततमसुराणां रक्तपाने-

स्वाद न जानते हुए, मानो वह रघु का खून पीने लगा। इसके बाद सुकुमार रघु ने भी अपने नाम वाले बाण को देवेन्द्र की बाह पर मारा और बाण से देवेन्द्र की ध्वजा काट डाली। इस प्रकार उनका घोर युद्ध हुआ। इन्द्र के पास जो सिद्ध लोग स्थित थे और रघु के पास जो सैनिक थे वे युद्ध को देखते रहे। इन्द्र के आकाश में और रघु के भूमि पर होने के कारण उनके बाणों के मुख भी ऊपर नीचे थे। समय पाकर रघु ने देवेन्द्र के धनुष की डोर काट डाली। इससे अति क्रुद्ध होकर देवेन्द्र ने पहाड़ों के पंखों के काटने वाले वज्र से सुकुमार रघु के ऊपर प्रहार किया। उससे चोट खाकर रघु पृथ्वी पर गिर पड़ा, किन्तु क्षण भर में पीड़ा को भुला कर फिर युद्ध करने के लिए तैयार हो गया। इस प्रकार रघु की अलौकिक वीरता को देखकर देवेन्द्र बहुत प्रसन्न हुआ और उसने युद्ध बन्द कर दिया।

(१८) हिन्दी

राजा रघु ने विश्वजित् नामक यज्ञ में अपना समस्त खजाना यज्ञ करनेवालों और भिक्षुकों को दान किया और अपना समस्त स्नानादि कार्य मिट्टी के बर्तन से करने लगा। कुछ ही समय के बाद महर्षि वरतन्तु का शिष्य कौत्स ऋषि गुरुदक्षिणा प्राप्त करने के उद्देश्य से रघु के पास आया, क्योंकि चौदह विद्याएँ सीखकर वह गुरु को दक्षिणा

नाज्ञात-नररुधिरास्वादः, कुतूहलेनेव तच्छोणितं पपौ। कुमारो रघुरपि स्वनामाङ्कितं सायकं देवेन्द्रस्य भुजे निचखान द्रुतेन च तस्य पताकां चिच्छेद। तयोरेवं तुमुलं युद्धमजनि। इन्द्रपार्श्वे सिद्धाद्याः, रघोः समीपे च तस्य सैनिका युद्धप्रेक्षका बभूवुः। इन्द्ररघ्वोराकाश-भूमिस्थायित्वेन तयोः सायका अप्यधोमुखाश्च ऊर्ध्वमुखाश्च प्रासरन्। अवसरमुपलभ्य रघुर्देवेन्द्रस्य धनुर्ज्यामच्छिनत्। तेनातिक्रुद्धो मघवा पर्वतपक्षच्छेदनोचितं वज्रं सुकुमारे रघौ प्राहिणोत्। तेन ताडितो रघुर्भूम्यां पपात। तद्व्यथां च क्षणेनैवावधूय स पुनर्योद्धं सज्जोऽभवत्। रघोस्तादृशमलौकिकं वीर्यं निरीक्ष्य भृशं तुतोष देवेन्द्रो युद्धाद् व्यरमच्च।

(१८) संस्कृतानुवादः

विश्वजिन्नाम्नि यज्ञे सर्वमात्मीयं कोषजातमृत्विग्भ्यो याचकेभ्यश्च दत्त्वा मृण्मयपात्रेणैव रघुः सर्वमात्मीयं स्नानादिकं देहकृत्यं चकार।

तत्पश्चात्समभवत्तरं महर्षेर्वरतन्तोः शिष्यः कौत्सनामा ऋषिश्चतुर्दश विद्या अधिगत्य स्वगुरवे दक्षिणाम्

देना चाहता था। रघु ने अपने घर पर आये हुए अतिथि कौत्स की अर्घ्यादि से यथाविधि पूजा की। रघु ने कुशल पूछी तो कौत्स ने कहा—"राजन् आप के समान धर्मात्मा प्रजापालक राजा के होते हुए प्रजा क्यों सुखी न हो? इस समय मैं आपके पास स्वार्थवश आया हूँ, किन्तु आपकी वर्तमान स्थिति को देखकर यही कल्पना करता हूँ कि अच्छा होता यदि मैं आपके पास पहले ही आ गया होता। इसलिए अब मैं गुरुदक्षिणा को प्राप्त करने के लिए किसी और राजा के पास जाऊँगा।" यह कहकर कौत्स जाना ही चाहता था कि रघु ने उसे रोक कर कहा—"विद्वन्, आपको कितने धन की आवश्यकता है?" तब कौत्स ने अपने गुरु महर्षि वरतन्तु के साथ हुई पहले की अपनी बातचीत सुनाई कि उन्हें देने के लिए चौदह करोड़ गुरुदक्षिणा की आवश्यकता है। यह सुनकर रघु ने कहा—"आज तक कभी भी कोई अतिथि रघु के पास से विफलमनोरथ नहीं गया। अतः आप दो तीन दिन मेरे अग्निगृह में निवास करके प्रतीक्षा करें, मैं प्रयत्न करता हूँ।" कौत्स ने रघु की बात मान ली।

तब रघु ने कुबेर पर चढाई करने का निश्चय किया। सुबह वह रथ पर चढ़ कर जाना ही चाहता था कि भण्डारियों ने आकर निवेदन किया—"राजन्, रात को खजाने में सोने की वर्षा हुई।" रघु ने जाकर उसे देखा। रघु ने उस सुमेरु पहाड़ के समान सुवर्ण के ढेर को दातुकाम रघोः समीपमाययौ। रघुः स्वगृहमागतमतिथिं कौत्सं विलोक्य यथाविध्यर्घ्यादिभिस्तमपूजयत्। कुशलप्रश्नानन्तरं कौत्सस्तममाषत "राजन् मयादृशे धर्मात्मनि प्रजापालके भूपतौ सति कथं न प्रजाः सुखिताः स्युः? साम्प्रतमहं तु भवत्सन्निधौ स्वार्थं साधयितुमेवागतोऽस्मि, परं भवतो वर्तमानस्थितिमवलोक्य मया कल्प्यते यद्भवत्सन्निधौ ममागमनमतः प्रागेव समुचितमासीदिति। अतः सम्प्रत्यहं गुरुदक्षिणार्थमन्यस्यैव कस्यचिन्नरपतेः सन्निधिं यामि"। इत्युक्त्वा यावत्कौत्सोऽन्यत्र गन्तुमैच्छत् तावद्रघुस्तं प्रत्यागत्यापृच्छत्—"विद्वन्! किियद्धनमपेक्ष्यते भवता?" ततः कौत्सो गुरुणा सह कृतां सर्वां स्वां वार्तामुक्त्वा रघुं विज्ञापितवान्—"यदहं चतुर्दशकोटिपरिमितं द्रव्यं याचिष्यामीति।" तदाकर्ण्य रघुरपि 'मत्सकाशान्नाद्यावधि कश्चिदतिथिर्विफलीभूतमनोरथोऽन्यत्र गत इयतो भवान् मदीय आवासे दिनानि दिनान्यतिवाहयन्प्रतीक्षतामहं तावद्भवदर्थं साधनानि प्रयते" इत्यवदत्। कौत्सोऽपि तदङ्गीचकार।

रघुरपि प्रातः कुबेरं प्रत्यभियातुं निश्चिक्राय। ततो यावत् प्रातरेव रथमारुरुक्षुः स उदतिष्ठत् तावदेव भाण्डागारिकैरागत्य विनयावनतैः निवेदितम्—यन्महाराज! रात्रौ कोशागारे हेमवृष्टिरभवदिति। ततो रघुरपि तामद्राक्षीत्। ततश्च सुमेरुपर्वतमिव स्थितं सुवर्णराशिं

विद्वान् कौत्स को दान दे दिया। कौत्स भी उसे पुत्रप्राप्ति का आशीर्वाद देकर गुरु के आश्रम की ओर चल दिया। कुछ समय के बाद रघु की रानी के एक पुत्ररत्न उत्पन्न हुआ, जिसका नाम "अज" पड़ा।

इस प्रकार शनैः शनैः उचित समय पर शिक्षा आदि प्राप्त करके अज जवान हुआ। पिता की आज्ञा से उसने इन्दुमती के स्वयंवर की ओर प्रस्थान किया। मार्ग में उसने हाथी के रूप धारण किये हुए उस प्रियंवद नामक गन्धर्व को मारकर योनि-मुक्त किया, जिसको मातङ्ग महर्षि का शाप था। उसने प्रसन्न होकर अज को सम्मोहन नामक अस्त्र दिया। इस प्रकार अज विदर्भ के राजा भोज की नगरी में पहुँचा। भोज ने उसका स्वागत किया और खूब सजाये हुए अपने महल में उसे ठहराया। अज ने समस्त स्नानादि क्रियाएँ समाप्त कीं और विश्राम किया। दूसरे दिन प्रातःकाल वह वर के योग्य वेशभूषा बनाकर स्वयंवर की ओर चला, जहाँ राजा लोग एकत्र थे।

रघुः विदुषे कौत्साय अददात्। कौत्सोऽपि सुतप्राप्त्याशिषस्तस्मै दत्त्वा गुरोराश्रममाजगाम। ततोऽचिरादेव रघोर्महिष्याः सुतरत्नमेकमजायत यः खलु "अज" इति नाम्ना प्रसिद्धिमगात्।

एवं क्रमेण स यथाकालं शिक्षादिकं प्राप्य किशोरावस्थामत्यवाहयत्। ततः स पितुराज्ञयेन्दुमत्याः स्वयंवरे प्रातिष्ठत। मार्गे च मातङ्गमहर्षिशापवशाद् गजत्वं प्राप्तं प्रियंवदं बाणेनाहत्य गजयोनितस्तं मोचयामास। प्रसन्नो भूत्वा स च तस्मै सम्मोहननामकास्त्रं समर्पयत्। स चेत्थं विदर्भराजभोजस्य नगरीं प्रापः। भोजोऽपि तस्य स्वागतं विधायैकस्मिन् सर्वालङ्कारभूषिते शोभने राजप्रासादे तं न्यवासयत्। ततोऽजः सकलाः स्नानादिकाः क्रियाः समाप्य विश्राममलभत। अन्येद्युः प्रातरेव वरोचितवेशभूषां विधाय राजाधिष्ठितं स्वयंवरं प्रति जगाम।

अनुवादार्थ हिन्दी-गद्य-संग्रह

(क)

१—वह गुरु पर श्रद्धा रखता है।
२—वह खेल मे मन लगाता है।
३—राजाओं के पास चुगलखोर रहते हैं।
४—अपना पेट कौन नहीं पालता?
५—पटवारी ने जञ्जीर से खेत नापा।
६—गौतम तपस्या के लिए वन मे गया।
७—परोपकारियों का स्वभाव ही ऐसा होता है।
८—हाथी के मित्र गीदड़ नहीं होते।
९—पूर्व दिशा में चन्द्रमा निकल रहा है।
१०—सुनार देखते-देखते सोना चुरा लेता है।
११—बलवान् शत्रु से सन्धि कर लेनी चाहिए।
१२—राजाहीन देश मे शान्ति नहीं रहती।
१३—वह गोपाल नाम से पुकारा जाता है।
१४—झूठ बोलने से मनुष्य गिर जाता है।
१५—अच्छा जाने दो, ठीक बात पर आओ।
१६—बड़ा आदमी बडे पर ही पराक्रम दिखाता है।
१७—वह मुझ पर विश्वास नहीं करता है।
१८—पुराने कर्मफलों को कौन उलट सकता है।

(क) १—श्रद्धा रखता है—श्रद्दधाति। २—मन लगाता है—मनो ददाति। ३—राजाओं....रहते हैं—पिशुनजन खलु बिभ्रति क्षितीन्द्राः। ४—पेट—उदरम्। ५—लेखपाल... नापा—लेखपालः शृङ्खलाभिः क्षेत्रममास्त। ६—वन में गया—वनं जगाम। ७—परोपकारियों का—परोपकारिणाम्। ८—हाथी....होते—नहि गोमायुसखा भवन्ति दन्तिनः। ९—पूर्व दिशा में—प्राच्यां दिशि। १०—सुनार—पश्यतोहरः, चुरा लेता है—मुष्णाति। ११—बलीयसा शत्रुणा संदध्यात्। १२—राजा हीन देश में—अराजके जनपदे। १३—पुकारा जाता है—आहूयते। १४—गिर जाता है—लघुता याति। १५—यातु, प्रकृतमनुसन्धीयताम्। १६—महान् महत्स्वेव करोति विक्रमम्। १७—स मयि न प्रत्येति। १८—पुरातनानि कर्मफलानि केन शक्यन्तेऽन्यथाकर्तुम्।

१६—कारण के होने पर भी जिनके चित्त विकृत नहीं होते, वे धीर हैं।
२०—काँच सुवर्ण के संग से मरकत की कान्ति को धारण करता है।

(ख)

१—ब्रह्मा जगत् का कर्ता, धर्ता और संहर्ता है।
२—शुकनास के मनोरमा से एक पुत्र पैदा हुआ।
३—आपका शुभागमन कहाँ से हुआ? मिथिला से।
४—इन दो फलों में से एक ले लो।
५—वह गंगा को पार करके काशी को गया।
६—उस विधवा के दो बच्चे है एक लड़का और एक लड़की।
७—किसान हल से खेत को जोतता है।
८—आगन्तुक ने कहा कि मेरी यहाँ बहुत दिन रहने की इच्छा है।
९—पुत्र के बिना इतना वैभव मुझे सुख नहीं देता।
१०—बहुत शीघ्र मैं तुम्हारे घमड को दूर कर दूँगा।
११—यह लड़की आवाज मे अपनी माता से मिलती जुलती है।
१२—जो हित की बात नहीं सुनता वह नीच स्वामी है।
१३—मित्र, हँसी की बात को सत्य न समझ लेना।
१४—सज्जन कार्य से अपनी उपयोगिता बताते हैं, न कि मुँह से।
१५—बनियों का पैसा ही धर्म और पैसा ही कर्म है।
१६—भरत भाई के पैर पकड़ कर चीख-चीख कर बहुत देर तक रोया।

१६—विकारहेतौ सति विक्रियन्ते येषां न चेतांसि त एव धीराः। २०—मरकत की.....करता है—धत्ते मारकतीं द्युतिम्।

(ख) १—कर्ता...=ब्रह्मा कर्तृ, धर्तृ, संहर्तृ च। २—शुकनासस्य मनोरमायां तनयो जातः। ३—कुतो भवान्? मिथिलायाः। ४—गृह्यताम् अनयोरन्यतरत्। ५—पार करके—उत्तीर्य। ६—दो बच्चे हैं—अपत्यद्वयम्। ७—खेत को जोतता है—क्षेत्रं कर्षति। ८—बहुत दिन रहने की—भूयांसि दिनानि स्थातुमभिलषति ये मनः। ९—इतना वैभव—एतावान् विभवः न मे सुखमावहति। १०—दूर कर दूँगा—व्यपनेष्यामि ते गर्वम्। ११—आवाज में—स्वरेण मातरमनुहरति। १२—हितान् न यः संशृणुते स किं प्रभुः। १३—परिहासविजल्पितं सखे, परमार्थेन न गृह्यता वचः। १४—ब्रुवते हि फलेन साधवो न हि कण्ठेन निजोपयोगिताम्। १५—वणिजो वित्तधर्माणो वित्तकर्माणश्च भवन्ति। १६—चरणौ आश्लिष्य मुक्तकण्ठमतिचिरं प्ररोद।

१७—पैर में एक छोटी सी नुकीली चीज चुभ जाती है तो यह कितनी पीड़ा देती है।

१८—तेजस्वियों की आयु नहीं देखी जाती है।

१९—यौवन के आरम्भ में बहुधा युवकों की दृष्टि कलुषित हो जाती है।

२०—मानी लोग सहर्ष अपने प्राण और सुख छोड़ देते हैं, किन्तु अपने न माँगने के व्रत को नहीं छोड़ते।

(ग)

१—क्या मेरी आज्ञा टाली जा सकती है?

२—पहले फूल आता है, फिर फल आता है।

३—दरिद्रता से मनुष्य लज्जा को प्राप्त होता है।

४—हे बालक, तू मृत्यु से क्यों डरता है, वह डरे हुए को छोड़ती नहीं।

५—आपके साथ गुरुओं के समीप जाने में मैं लज्जा का अनुभव करती हूँ।

६—पुत्रस्नेह कितना प्रबल होगा जब कि भ्रातृस्नेह इतना प्रबल है।

७—यह अपने कुल को बदनाम करता है।

८—शत्रु भी जिसके नाम की प्रशंसा करते हैं वही पुरुष पुरुष है।

९—किसके सिर दोष मढ़ूँ?

१०—बन्दर बगीचे का ताड़ फोड़ रहे हैं।

११—गुप्त बात छः कानों में पड़ते ही गुप्त नहीं रहती।

१२—सुन्दर भाषण वक्ता की वाग्मिता को प्रकट करता है।

१३—पत्नी के वियोग में समस्त संसार जंगल बन जाता है।

१४—सज्जन पुरुषों की संगति क्या मंगल नहीं करती?

१५—साँप को दूध पिलाना केवल विष बढ़ाना है।

१७—निमिषतो यदि शूक शिरोपदे सहते सा कियतीमिव न व्यथाम्। १८—तेजसा न हि वयः समीक्ष्यते। १९—कलुषित हो जाती है—कालुष्यमुपयाति। २०—त्यजन्त्यसून् शर्म च मानिनो वरं त्यजन्ति न त्वेकमयाचितव्रतम्।

(ग) १—टाली जा सकती है—विकल्प्यते। २—उद्गत पूर्वं कुसुमं ततः फलम्। ३—दारिद्र्याद् ह्रियमेति मानवः। ४—मृत्योर्बिभेषि किं बाल, न स भीतं विमुञ्चति। ५—जिह्रेमि आर्यपुत्रेण सह गुरुसमीपं गन्तुम्। ६—कीदृक् तत्पुत्रस्नेहः यदा भ्रातृस्नेहः ईदृक्। ७—बदनाम करता है—मलिनयति। ८—द्विषोऽपि यस्य नामाभिनन्दन्ति स एव पुमान्। ९—कं दोषपत्रे स्थापयामि। १०—तोड़ फोड़ रहे हैं—भञ्जन्ति। ११—षट्कर्णो भिद्यते मन्त्रः। १२—प्रकट करता है—व्यनक्ति। १३—जगज्जीर्णारण्यं भवति च कलत्रे ह्युपरते। १४—संगः सतां किमु न मंगलमातनोति। १५—पयः पानं भुजगानां केवलं विषवर्धनम्।

१६—पण्डितों को भी अपने ऊपर पूरा भरोसा नहीं होता।
१७—सोने की शुद्धता और खराबी आग की परीक्षा से मालूम देती है।
१८—आज उसे मरे हुए आठ महीने हो गये।
१९—तिनके से भी हलकी रूई होती है और उससे भी हलका माँगने वाला।
२०—सूर्य जिस दिशा से निकलता है, वही पूर्व दिशा है, सूर्य दिशा के अधीन होकर नहीं निकलता।

(घ)

१—साधारिक सज्जनों की वाणी अर्थ के पीछे चलती है।
२—प्राचीन महर्षियों की वाणी के पीछे अर्थ दौड़ते थे।
३—दो चित्तों के एक होने पर संसार में क्या असाध्य है?
४—शेष चार महीने भी आँख बन्द करके बिताओ।
५—आप आगे चलिए, मैं पीछे-पीछे आता ही हूँ।
६—मैं अभी तक अपने आप को नहीं सभाल पाया।
७—तुम्हारी दुष्टता की शिकायत मैंने गुरु जी से कर दी है।
८—विद्वानों ने सेवा को श्ववृत्ति माना है।
९—सज्जन को ठग कर मुझे क्या मिलेगा।
१०—अत्यधिक पाप पुण्यों का यही फल मिलता है।
११—मध्याह्न का समय है, अब तुम विश्राम करो।
१२—विश्वामित्र ने जनक से कहा कि राम धनुष को देखना चाहते हैं।
१३—नवोढा ने मुँह में घूँघट काढ़ लिया।

१६—आत्मन्यप्रत्ययं चेतः। १७—हेम्नः संलक्ष्यते ह्यग्नौ विशुद्धिः श्यामिकापि वा। १८—अद्य नवमो मासस्तस्योपरतस्य। १९—तृणादपि लघुस्तूल स्तूलादपि च याचकः। २०—उदयति दिशि यस्यां भानुमान् सैव पूर्वा। न हि तरणिरदेति दिक् पराधीनवृत्तिः।

(घ) १—लौकिकाना हि साधूनामर्थं वागनुधावति। २—ऋषीणां पुनराद्यानां वाचमर्थोऽनुधावति। ३—एकचित्ते द्वयोरेव किमसाध्यं भवेदिह। ४—शेषान् मासान् गमय चतुरान् लोचने मीलयित्वा। ५—गच्छतु पुरो भवान् अहमनुपदमागत एव। ६—नाहमद्यापि पर्यवस्थापयामि आत्मानम्। ७—तवाविनयमन्तरेण परिहासार्थः कृत आचार्यः। ८—श्ववृत्तिं मानां हे—श्ववृत्तिं विदुः। ९—सज्जनमभिसन्धाय किं लभ्यते मया। १०—अत्युत्कटैः पापपुण्यैरिहैव फलमश्नुते। ११—मध्याह्न का समय—मध्याह्नकालः, विश्रम्यताम्। १२—जनक से कहा—मैथिलाय कथयाम्बभूव। १३—मुँह में घूँघट—मुखमवागुण्ठयत्।

१४—अपराधी ने राजा के पैर छू कर क्षमा मांगी।

१५—अहिंसा के सिद्धान्त से ही संसार का कल्याण संभव है।

१६—दृढ निश्चय वाले मन को और नीचे बहते हुए पानी को कौन रोक सकता है।

१७—रे धूर्त, क्यों इस प्रकार अपमान कर रहा है।

१८—हाथी का छूना भी मार डालता है।

१९—सम्पत्तियाँ सदाचारियों को भी विचलित कर देती हैं।

२०—विद्वानों के मुँह से कभी बात बाहर नहीं निकलती और यदि निकलती है तो फिर लौटती नहीं है।

(ङ)

१—गाय ने बछड़े को चाटा, ग्वाले ने गाय को दुहा।

२—प्रातः चिड़ीमारों के कोलाहल ने मुझे जगा दिया।

३—अतिस्नेह में अनिष्ट की शङ्का बनी रहती है।

४—यह बात आपके कानों तक पहुँची ही होगी।

५—अत्युन्नति के बाद बड़ों का भी पतन होता है।

६—लज्जा ही वस्तुतः स्त्रियों की शोभा है।

७—जूता पैर में हो तो समस्त पृथ्वी चमड़े से ढँकी दीखती है।

८—उसने धरोहर की भाँति राज्य का पालन किया।

९—संसार में मानव के अपने कर्म ही उच्च और नीच स्थान देते हैं।

१०—तीर्थ के जल और अग्नि ये अन्य से शुद्धि की अपेक्षा नहीं रखतीं।

११—ऐसी वाणी न कहे जिससे दूसरे के हृदय को ठेस पहुँचे।

१४—पैर छू कर क्षमा मांगी—पादयोर्निपत्य क्षमामयाचत। १५—संसार का कल्याण—विश्वजनीनः। १६—क ईप्सितार्थस्थिरनिश्चयं मनः पयश्च निम्नाभिमुखं प्रतीपयेत् (कुमारसं०)। १७—अपमान कर रहा है—आक्षिपसि। १८—स्पृशन्नपि गजो हन्ति। १९—संपदः साधुवृत्तानपि विक्षिपन्ति। २०—मुँह से बात—वदनाद् वाचः, लौटती नहीं है—याताश्चेन्न परावृत्ति।

(ङ) १—बछड़े को चाटा—वत्समलिक्षत्, गाय को दुहा—गां दुदोह। २—महति प्रत्यूषे शाकुनिककोलाहलेन प्रतिबोधितोऽस्मि। ३—सानुशंकी अति-स्नेहः। ४—इदं भवतः श्रुतिविषयमापतितमेवमविष्यति। ५—अत्यारूढिर्भवति महतामप्यपभ्रंशनिष्ठा। ६—स्फुटमभिभूषयति स्त्रियस्त्रपैव। ७—उपानद् गूढपादस्य सर्वा चर्मावृतेव भूः। ८—धरोहर की भाँति—परिक्षतन्यासमिवाभुनक्। ९—लोके गुरुत्वं विपरीततां वा स्वचेष्टितान्येव नरं नयन्ति। १०—अन्य से शुद्धि—नान्यतः शुद्धिमर्हतः। ११—न कहे—नोदीरयेत्।

१२—घोड़े पिता की चाल से चलते हैं और गाय माँ की चाल से।

१३—ऐसे पुत्र से क्या लाभ जो पिता को दुःख दे।

१४—जलाशय तक प्रिय व्यक्ति को पहुँचाने जाना चाहिए।

१५—मेरी बुद्धि कुछ निश्चय नहीं कर पा रही है।

१६—चन्द्रमा के राहुग्रस्त होने पर भी रोहिणी उसके पीछे चलती है।

१७—गुरुओं की आज्ञा पर तर्क-वितर्क नहीं करना चाहिए।

१८—ऊँट क्रीडोद्यान में जाकर भी काँटे ही ढूँढ़ता है।

१९—शेर बादल की आवाज पर हुंकार करता है, गीदड़ों की आवाज पर नहीं।

२०—वे विद्वानों में सभ्यतम गिने जाते हैं जो मन की बात को वाणी से प्रकट कर सकते हैं।

(च)

१—इसके बाद मुनि, गन्धवती नाम की नदी पर पहुँच कर नहाये और थकावट दूर होने पर अपने साथियों के साथ महाकाल के मन्दिर में चले गये।

२—पिता के गुजर जाने के बाद मैं पढ़ने के लिए पटना जयदत्त नाम के उपाध्याय के पास गया। पर वहाँ कुछ भी न सीख सकने के कारण तीर्थ यात्रा के लिए दुर्गा के मन्दिर की तरफ चल दिया।

३—जीवन पर्यन्त उसका पिता उसे अपने काम में लगाने की कोशिश करता रहा पर सफल न हुआ। उसकी मौत के बाद से वह गली-गली में फिरकर समय बिताया करता है।

४—इस समय तक गडरिये की मा बूढ़ी होने के कारण कमजोर हो गयी और कुछ भी करने में असमर्थ थी। सवेरे गडरिये ने उन में से एक को कहा कि मेरे पीछे मां की सेवा टहल करते रहना।

१२—पैतृकमश्वा अनुहरन्ते, मातृक गावः। १३—पुत्रेण किम्, यः पितृदुःखाय जायते। १४—ओदकान्त स्निग्धोजनोऽनुगन्तव्यः। १५—न मे बुद्धिर्निश्चयमधिगच्छति। १६—अनुचरति शशाङ्कं राहुदोषेऽपि तारा। १७—आज्ञा गुरूणा ह्यविचारणीया। १८—निरीक्षते केलिवनं प्रविष्टः कण्टकं जालमेव। १९—अनुहुङ्कुरुते घनध्वनिं नहि गोमायुरुतानि केसरी। २०—भवन्ति ते सभ्यतमा विपश्चिता मनोगतं वाचि निवेशयन्ति ये।

(च) १—नदी पर पहुँच कर—नदीं प्राप्य। थकावट दूर होने पर—विगतश्रमः। साथियों के साथ—सङ्गिभिः सह। २—पिता के गुजर जाने के बाद—स्वर्गं गतवति मदीये पितरि। मन्दिर की तरफ—मन्दिराभिमुखः। ३—स्वकीयव्यवसाये सं संप्रयोजयितुं आमरणात् चेष्टमानस्तस्य पिता स्वमनोरथोऽभवत्। तस्य मरणात् पथि-पथि खेलया कालं निनायसः। ४—गडरिये की—मेषपालस्य। बूढ़ी होने....असमर्थ थी—स्थविरत्वात् हतबलाकार्यक्षमा। मा की सेवा टहल....मातुर्मे परिचर्यां कुरु।

५—उसके दीन वचनों से उस अपराधी का हृदय पसीज गया। उसने अपना अपराध स्वीकार करके छुरी नीचे फेंक दी और उसकी आँखों में आँसू भर आये। अब उसने अपना दोष जानकर पूछा कि क्या मुझ से पापी को भी पुण्य मिल सकता है।

(छ)

१—तड़के सोकर उठने के बाद हम सब को अपने मुँह की सफाई करनी चाहिए और अपना मुँह धोना चाहिए। खाना खाने से पहले ही हाथ मुँह धो लेना चाहिए। मैले बच्चों को कोई भी प्रेम नहीं करता—यह बात हमको भूलनी न चाहिए। जो बच्चे मैले रहते हैं उनके साथ घूमना, बैठना या बोलना कोई भी पसन्द नहीं करता।

२—आप मालिक हैं, जो कुछ मेरे इस शरीर से बन सकता है, वही करने के लिए आप मुझे आज्ञा दे सकते हैं। पर मेरी आत्मा स्वतन्त्र है। मेरी आत्मा के ऊपर आपका कुछ भी अधिकार नहीं। आत्मा तो केवल एक ही मालिक को मानती है और वह मालिक ईश्वर है। मेरी आत्मा दूसरे किसी की भी आज्ञा नहीं मान सकती।

३—प्रबल चिन्ताओं के बोझ से दबा हुआ वह अभागा युवक घूमने की इच्छा से नदी तट की ओर निकल गया। रात बहुत अन्धेरी थी। पक्षी चुप थे, भौंरे भी गुंजार नहीं कर रहे थे, सभी प्राणी आराम कर रहे थे, किन्तु दिल की शान्ति के बिना उस बेचारे युवक को आराम कहाँ!

५—दीन वचनों से—सकरुणवचनजातेन। हृदय पसीज गया—हृदयमार्द्रीकृतम्। छुरी नीचे फेंक दी—छुरिकामधः निक्षिप्य आखों में आसू—विगलिताश्रुः। क्या मुझ से पापी..... अपि नाम अहमिव पापीयान् निष्कृतिलाभाय अलम्।

(छ) १—तड़के सो कर उठने के बाद.. प्रत्यूषसि सुप्तोत्थितानामस्माकं मुखस्य मलिनता दूरीकरणीया। हाथ मुँह धो लेना चाहिए—हस्तमुखं प्रक्षालयितव्यम्। जो बच्चे मैले....ये हि बालकाः बालिकाश्च मलिनाः तैः सह न कोऽपि भ्रमितुम्, उपवेष्टुमालपितु वा इच्छति। २—आप मालिक हैं—भवान् मे प्रभुः। जो कुछ मेरे इस शरीर... धन्मे देहस्य साध्यं, भवान् तत्साधनार्थमेव माम् आदेष्टुं समर्थः, परम् आत्मने स्वाधीन एव मम आत्मन उपरि नहि किञ्चिदपि भवतः प्रभुत्वम् अस्ति। आत्मा खलु एकमेव प्रभुं स्वीकरोति। ३—प्रबल चिन्ताओं—प्रबलचिन्ताभारपीडितः। घूमने की इच्छा से....भ्रमितुकामः निरगच्छत्। बहुत अंधेरी—भीषणतमसावृता। पक्षी चुप....पक्षिणो नाकूजन् भ्रमरा अपि नागुञ्जन्। सभी प्राणी....सर्वे हि प्राणिनः विश्रान्तिसुखं लभन्तेस्म। आराम कहाँ—कुतः विश्रान्तिसुखम्!

४—एक गधा कई सालों तक अपने मालिक के लिए भार ढोने के बाद अपने आपको कमजोर समझने लगा और अब जीवन निर्वाह के लिए कुछ भी न कर सकता था। उसके मालिक ने इस प्रकार सोचा कि मैं अपने इस पुराने सेवक को मार कर इसका चमड़ा निकाल लूँगा। गधे को मालिक की मर्जी मालूम हो गयी और उसने (बचकर) दौड़ जाना चाहा। कुछ दूरी पर बसे हुए नगर को जाने वाले रास्ते से वह चल पड़ा। कुछ फासला तै करने के बाद उसकी नजर रास्ते में सोये हुए एक कुत्ते पर पड़ी। वह कुत्ता भी बहुत लंबे रास्ते को तय करने के बाद लंबी-लंबी साँस ले रहा था। गधे ने उससे पूछा कि क्या बात है कि जो तुम इस प्रकार थकान को अनुभव कर रहे हो।

(ज)

१—आचार्य शिष्य को वेद पढ़ा कर अन्त में उपदेश देते हैं—सच बोलना, धर्म पर चलना प्रमादवश स्वाध्याय मत छोड़ना। आचार्य को प्रिय-धन लाते रहना, जिससे सन्तान परम्परा बनी रहे। सत्य में, मङ्गल कार्य में, ऐश्वर्यप्रद कार्य में तथा पढ़ने-पढ़ाने में प्रमाद मत करना।

देव कार्य एवं माता-पिता के कार्य में प्रमाद मत करना। माता-पिता, आचार्य और अतिथि इन सबको देवता समझना। श्रेष्ठ कार्य ही करना श्रेष्ठेतर नहीं। अपने आचार्यों के सुचरितों का अनुसरण करना दूसरों का नहीं।

अच्छे ब्राह्मणों के आसन में न बैठना। श्रद्धा से ही दान देना बिना श्रद्धा के नहीं। अपने ऐश्वर्य के भीतर ही दान देना और दान देते हुए लज्जा तथा सहानुभूति के भाव रखना।

जब कभी किसी विषय में या आचार के सम्बन्ध में शङ्का हो तो वहाँ के ब्राह्मणों का, जो विचार शील, धर्मपरायण, साधु तथा कर्मवीर हों, अनुसरण करना। यदि किसी के ऊपर कोई दोष लगाया गया हो तो उसके साथ वैसा ही व्यवहार करना जैसा कि वहाँ के विचार शील, धर्मपरायण, साधु एवं कर्मवीर ब्राह्मण करें। यह हमारी आज्ञा है, उपदेश है और यही वेद का रहस्य है, यही शिक्षा है। इस पर आचरण करना।

४—कई सालों तक—बहून् वर्षान्। मार कर इसका चमड़ा निकाल लूँगा—चर्मणि हनिष्यामि। मालिक की मर्जी जान कर ..विदितप्रभुमानसः बभूव। कुछ फासला तै करने के बाद—कियन्तं मार्गम् अतीत्यैव पथि शयानं कमपि सारमेयम-पश्यत्। लंबी साँस ले रहा था—दीर्घमुच्छ्वसितिस्म।

(ज) १—वेद पढ़ा कर—वेदमनूच्य। शिष्य को उपदेश देते हैं—अन्तेवासिनमनुशास्ति। सच बोलना आदि—सत्यं वद, धर्मं चर, स्वाध्यायान्मामप्रदः। आचार्य को....परम्परा बनी रहे—आचार्याय प्रियं धनमाहृत्य प्रजातन्तुं मा व्यवच्छेत्सीः। ऐश्वर्य प्रद कार्य में....प्रमाद मत करना—भूत्यै न प्रमदितव्यम्। अपने

२—मैत्रेयी और कात्यायनी नाम की याज्ञवल्क्य की दो पत्नियाँ थीं। मैत्रेयी को ब्रह्म का ज्ञान था, किन्तु कात्यायनी सामान्य ज्ञान वाली स्त्री थी। याज्ञवल्क्य ने मैत्रेयी से कहा—मैं सन्यास लेना चाहता हूँ और तुम्हें कुछ देना चाहता हूँ। मागो। मैत्रेयी ने कहा—यदि यह समस्त पृथ्वी धन से भर जाय तो क्या मैं अमर हो जाऊँगी? याज्ञवल्क्य ने उत्तर दिया—नहीं, धन से अमरत्व की कोई आशा नहीं। तब मैत्रेयी ने कहा—जिसको लेकर मैं अमर नहीं हो सकती उसका मैं क्या करूँगी, जिससे अमरत्व प्राप्त हो ऐसा ज्ञान मुझे दीजिए। याज्ञवल्क्य ने कहा—पति, स्त्री, पुत्र, धन, पशु, ब्राह्मण, क्षत्रिय, जनता, देवता, वेद और प्राणियों के हित के लिए ये वस्तुएँ प्रिय नहीं होती हैं, वरन अपनी आत्मा की भलाई के लिए ये वस्तुएँ प्रिय होती हैं। इस लिए आत्मा का देखो, सुनो, मनन और चिन्तन करो। आत्मा के देखने, सुनने, मनन और चिन्तन से सब कुछ ज्ञात हो जाता है।

(बृहदारण्यक उपनिषद्)

× × ×

३—दूध दही के रूप में परिणत होता है और पानी बर्फ के रूप में। उसी प्रकार ब्रह्म जगत् के रूप मे बदल जाता है। उष्णता आदि दूध से दही बनने में सहायक मात्र होते हैं। दूध से ही दही बनेगी, पानी से ही बर्फ, अन्य वस्तु से नहीं।

आचार्यों के सुचरितों का अनुसरण करना दूसरों का नहीं—यान्यनवद्यानि कर्माणि तानि सेवितव्यानि। नो इतराणि। यान्यस्माकं सुचरितानि तानि त्वयोपास्यानि। अच्छे ब्राह्मणों के आसन पे के चास्मच्छ्रेयांसो ब्राह्मणाः तेषां त्वयासने न प्रश्वसितव्यम्। जो ब्राह्मण विचारशील आदि—ये तत्र ब्राह्मणाः समर्शिनः, युक्ताः, आयुक्ताः अलूक्षाः (जो रूखे न हों) धर्मकामाः स्युः यथा ते वर्तेरन् तथा तत्र वर्तेथाः। अथाभ्याख्यातेषु (जिन पर दोष या जुर्म लगाया गया हो), ये तत्र ब्राह्मणाः समर्शिनः युक्ता, आयुक्ताः अलूक्षा धर्मकामाः स्युः। यथा ते तेषु वर्तेरन् तथा तेषु वर्तेथाः, एष उपदेशः।

२—सन्यास लेना चाहता हूँ—प्रव्रजिष्यन् अस्मि। तो क्या मैं अमर हो जाऊँगी—स्या त्वहं तेनामृता। धन से अमरत्व की कोई आशा नहीं—अमृतत्वस्य तु नाशास्ति वित्तेन। हित के लिए—कामाय। अपनी आत्मा की भलाई के लिए—आत्मनस्तु कामाय। आत्मा को देखो आत्मा वा अरे द्रष्टव्यः श्रोतव्यो मन्तव्यो निदिध्यासितव्यः। आत्मा के देखने आत्मनि दृष्टे श्रुते मते विज्ञाते इदं सर्वं विदितम्।

३—दही के रूप में बदल जाता है—दधिरूपेण परिणमते। बर्फ के रूप मे—हिमरूपेण। मेल से—योगात्। उत्पन्न होता है—उत्पद्यते।

इससे विदित होता है कि वस्तु विशेष से ही वस्तु विशेष बनती है, अन्य वस्तुएं उसमें सहायक का काम करती हैं। ब्रह्म सर्व साधन सम्पूर्ण है, इस लिए विचित्र शक्तियों के मेल से एक ब्रह्म से ही विचित्र परिणाम-युक्त यह जगत् उत्पन्न होता है।
(ब्रह्मसूत्र-शांकरभाष्य)

(४) शब्द उसे कहते हैं, जिसके उच्चारण से तत्तद्गुणादिविशिष्ट वस्तु का ज्ञान हो। व्याकरणाध्ययन के प्रयोजन हैं—रक्षा, ऊह (तर्क) आगम, लघुत्व और असन्देह। वेदों की रक्षा के लिए व्याकरण पढ़ना चाहिए। वेद के मन्त्रों में उचित स्थान पर विभक्ति आदि के परिवर्तन के लिए व्याकरण पढ़ना चाहिए। यह आदेश भी है कि ब्राह्मण को निःस्वार्थ भाव से धर्म-स्वरूप षडङ्ग वेद पढ़ना और जानना चाहिए। व्याकरण के द्वारा ही अत्यन्त लघु उपाय से शब्द ज्ञान हो सकता है। व्याकरण के द्वारा शब्दार्थ ज्ञान में संशय नहीं रहता कि इस शब्द का वास्तविक अर्थ क्या है। (महाभाष्य—नवाह्निक)

\+ \+ \+

(५) शब्द ज्ञान के बिना संसार में कोई ज्ञान नहीं हो सकता। समस्त ज्ञान शब्द से मिश्रित होकर ही प्रकाशित होता है। शब्द और अर्थ ये दोनों एक ही आत्मा के अपृथक् भेद हैं। अनेकार्थ शब्दों के अर्थों का निर्णय इन साधनों से होता है—संयोग, वियोग, साहचर्य, विरोध, प्रयोजन, कारण, लिङ्ग विशेष, अन्य शब्दों का सन्निध्य, सामर्थ्य, औचित्य, देश, काल, लिङ्ग विशेष, स्वर आदि।
(वाक्यपदीय)

---

(४) व्याकरणाध्ययन के प्रयोजन—रक्षोहागमलघ्वसन्देहाः प्रयोजनम्। आदेश भी है—आगमः सत्वपि ब्राह्मणेन निष्कारणो धर्मः षडङ्गो वेदोऽध्येयो ज्ञेयश्च।

(५) शब्द ज्ञान के बिना...

न सोऽस्ति प्रत्ययो लोके यः शब्दानुगमादृते।
अनुविद्धमिव ज्ञानं सर्वं शब्देन भासते॥

शब्द और अर्थ ये दोनों....

एकस्यैवात्मनो भेदौ शब्दार्थावपृथक् स्थितौ।

अनेकार्थ शब्दों के अर्थों का निर्णय....

संयोगो विप्रयोगश्च साहचर्यं विरोधिता।
अर्थः प्रकरणं लिंगं शब्दस्यान्यस्य संनिधिः॥
सामर्थ्यमौचिती देशः कालो व्यक्तिः स्वरादयः।
शब्दार्थस्यानवच्छेदे विशेषस्मृतिहेतवः॥

६—कालमृत्यु और अकालमृत्यु के सम्बन्ध में भगवान् आत्रेय ने अग्निवेश से कहा—जैसे रथ की धुरी अपनी विशेषताओं से युक्त होती है और वह उत्तम तथा शक्तिसम्पन्न होने पर भी चलते-चलते समय बीतने पर शक्ति के क्षीण हो जाने से नष्ट हो जाती है, वैसे ही बलवान् मनुष्य के शरीर में आयु स्वभावतः शनैः-शनैः उपयोग में आने पर अपनी शक्ति के क्षीण होने पर नष्ट हो जाती है। वही धुरी बहुत बोझ लदने से ऊँचे-नीचे मार्ग पर चलने से पहिए के टूटने से, कील निकल जाने से, तेल न देने से बीच में ही टूट जाती है, उसी भाँति शक्ति से अधिक काम करने से, उचित रूप से भोजन न करने से, क्षतिकारक भोजन खाने से और अनशन आदि से बीच में ही आयु समाप्त हो जाती है। यही अकालमृत्यु है। इसी भाँति रोगों की उचित चिकित्सा न होने से भी अकालमृत्यु होती है।

(चरकसंहिता)

× × ×

७—महामन्त्री शुकनास ने युवराज चन्द्रापीड को उपदेश देना आरम्भ किया—जन्मजात प्रभुत्व, नवयौवन, अनुपम सौन्दर्य और अप्राधारण शक्ति ये चारों महान् अनर्थ के कारण हैं। इनमें से एक एक सभी अनर्थों के कारण हैं, ये सभी एकत्र हों तो कहना ही क्या। यौवनारम्भ में बहुधा शास्त्ररूपी जल से धुली हुई निर्मल बुद्धि भी कलुषित हो जाती है। विषयभोगरूपी मृगतृष्णा इन्द्रियरूपी मृगों को हरनेवाली है और इसका कोई अन्त नहीं है और उसमें लिप्त हुए पुरुष का नाश कर देती है। निर्मल मन में उपदेश की बातें उसी प्रकार सरलता से प्रविष्ट हो जाती हैं जिस प्रकार स्फटिक मणि में चन्द्रमा की किरणें। गुरुजनोपदेश मनुष्यों के समस्त मलों को धोनेवाला बिना जल का स्नान है, बालों की सफेदी आदि विरूपता को न करनेवाला वृद्धत्व है, चरबी आदि को न बढ़ानेवाला

---

(६) रथ की धुरी—अक्ष.। समय बीतने पर—यथाकामम्। अपनी शक्ति के क्षीण हो जाने से—स्वशक्ति क्षयात्। बहुत बोझ लदने से—अतिभाराधिष्ठितत्वात्। ऊँचे नीचे मार्ग पर चलने से—विषमपथात्। पहिए के टूटने से—चक्रभङ्गात्। कील निकल जाने से—कीलमोक्षात्। तेल न देने से—तैलादानात्। बीच में ही टूट जाती है—अन्तरा व्यसनमापद्यते। शक्ति से अधिक काम करने से—अयथाबल-मारम्भात्। उचित चिकित्सा न होने से—मिथ्योपचारात्।

(७) ये सभी एकत्र हों तो कहना ही क्या—किमुत समवायः। इन्द्रियरूपी मृगों को हरने वाली—इन्द्रियहरिणहारिणी। इसका कोई अन्त नहीं है—अतिदुरन्ता। उपदेश की बातें—उपदेशगुणाः। सरलता से प्रविष्ट हो जाती हैं—सुख विशन्ति। समस्त मलों को धोने वाला—अखिलमलप्रक्षालनक्षमम्। बिना जल का स्नान है—अजलस्नानम्। बालों की सफेदी आदि विरूपता को न करने वाला—अनुपनीतपलितादिवैरूप्यम्। चर्बी आदि को न बढ़ाने वाला—अनारोपितमेदोदोषम्।

गौरव है, असाधारण तेजवाला प्रकाश है। लक्ष्मी को ही देखिए, यह मिलने पर भी बहुत कष्ट से सुरक्षित रहती है। गुणरूपी पाशों के बन्धन से निश्चेष्ट बनाने पर भी नष्ट हो जाती है। यह न परिचय का खयाल करती है, न कुलीनता को देखती है, न सौन्दर्य को देखती है, न कुल परम्परा को मानती है, न शील देखती है, न चतुरता को कुछ गिनती है, न त्याग का आदर करती है, न विशेषज्ञता का विचार करती है, न सत्य को कुछ समझती है, न आचार का ही पालन करती है। इसको पाकर लोग सभी अविनयों के स्थान बन जाते हैं। वे न देवताओं को प्रणाम करते हैं, न ब्राह्मणों का सम्मान करते हैं, न पूज्यों की पूजा करते हैं, न माननीयों का मान करते हैं और न गुरुओं का सत्कार करते हैं।
(कादम्बरी)

(८) दूसरे दिन नन्दिनी (मुनिवसिष्ठ की गाय) के साथ घूमता हुआ राजा दिलीप पर्वत की शोभा को देखने लगा। अचानक उसने गाय की चीख सुनी। ज्योंही उसने दृष्टि हटाई तो देखता क्या है कि एक सिंह ने गाय पकड़ी हुई है। आश्चर्य और खेद के साथ राजा ने उस असहाय अवस्था में नन्दिनी को देख कर सिंह को मारने के लिए तरकश से बाण निकाला, परन्तु उसका हाथ बाण के पंख पर ही चित्र लिखित-सा ज्यों का त्यों रह गया। इस प्रकार अपराधी को दण्ड देने में असमर्थ राजा अपने ही तेज से जलने लगा। आश्चर्यचकित राजा के आश्चर्य को और भी बढ़ाते हुए सिंह ने मनुष्य की वाणी में कहना आरम्भ किया—"राजन्, बस, हो गया। यदि आप बाण छोड़ते भी तो व्यर्थ ही जाता। मुझे शिवजी का सेवक समझिए। यह सामने जो देवदारु का वृक्ष है, उसकी रक्षा के लिए भगवान् शंकर ने मुझे नियुक्त किया है। मेरी भूख को दूर करने के लिए ही भगवान् ने यह गाय यहाँ भेजी है। आपका शस्त्र इसकी रक्षा नहीं कर सकता। अतः आप लज्जा छोड़ कर लौट जाइए। दिलीप ने उत्तर दिया—हे सिंहराज, यद्यपि भगवान् की आज्ञा मुझे शिरोधार्य है तथापि मैं गुरु जी की धेनु

असाधारण तेज वाला प्रकाश है—अतीतज्योतिरालोकः। मिलने पर भी—लब्धापि। गुणरूपीपाशों के बन्धन से निश्चेष्ट बनाने पर भी—गुणपाशबन्धन-निष्पन्दीकृताऽपि। मानती है—गणयति। आदर करता है—आद्रियते। समझती है—अनुबुध्यते। गुरुओं का सत्कार करते हैं—न अभ्युत्तिष्ठन्ति गुरून्।

(८) दूसरे दिन—अन्येद्युः। अचानक—सहसा। चीख—आक्रन्दनम्। पकड़ा हुआ—आक्रान्तः। बाण के पंख पर—बाणपत्रे। रह गया—अवतस्थे। तेज से जलने लगा—स्वतेजोभिरदह्यत। मनुष्य की वाणी में—मनुष्यवाचा। अपनी भूख को दूर करने के लिए—क्षुधानिवारणाय। गुरुजी की धेनु का नाश नहीं

का नाश नहीं देख सकता। अतः आप मेरे शरीर से अपनी भूख को शान्त करें और महर्षि की इस गाय को छोड़ दीजिए। इस पर सिंह ने हँस कर कहा—आप मुझे मूर्ख से प्रतीत होते हैं, क्योंकि कहाँ आपका नवयौवन और एकछत्र राज्य और कहाँ यह तुच्छ वस्तु गाय! आप करोड़ों गाय देकर भी गुरु की अप्रसन्नता को दूर कर सकते हैं। फिर राजा ने कहा—मैं क्षत्रिय हूँ और क्षत शब्द का अर्थ है—नाश से बचाना, उसके विपरीत यदि मैं अपने सामने नाश होती हुई गाय को नहीं बचा सकता तो इन तुच्छ प्राणों और राज्य से क्या लाभ! अतः इस गाय की मुझे अपने प्राणों से भी रक्षा करनी चाहिए। आप दया करके मेरे यश रूप शरीर की रक्षा करें। सिंह ने राजा की बात मान ली। दिलीप ने शस्त्र से हाथ हटाया और अपने शरीर को मांस के पिण्ड की भाँति सिंह के समक्ष समर्पित किया। जब उसका मुँह नीचे की तरफ था तो देखता क्या है कि ऊपर से फूलों की वर्षा हो रही है। 'बेटा! उठ' ऐसे अमृत के समान वचन को सुन कर राजा उठा तो देखता क्या है कि माता की भाँति गौ खड़ी है और सिंह का कहीं पता भी नहीं। (रघुवंश सार)

९—मनुष्य और मनुष्य के बीच, वस्तुओं के विषय में अपनी इच्छा और मति का आदान प्रदान करने के लिए व्यक्त ध्वनि संकेतों का जो व्यवहार होता है उसे भाषा कहते हैं। भाषा विचारों को व्यक्त करती है, पर विचारों से अधिक सम्बन्ध उसके वक्ता के भाव, इच्छा, प्रश्न आदि मनोभावों से रहता है। भाषा सदा किसी न किसी वस्तु के विषय में कुछ कहती है वह वस्तु चाहे बाह्य भौतिक जगत् की हो अथवा सर्वथा आध्यात्मिक और मानसिक। यह कभी नहीं भूलना चाहिए कि भाषा एक सामाजिक वस्तु है। भाषा का शरीर प्रधानतः उन व्यक्त ध्वनियों से बना है, जिन्हें वर्ण कहते हैं। इसके अतिरिक्त संकेत, मुख विकृति और स्वर-विकार भी भाषा के अङ्ग माने जाते हैं। स्वर, बल प्रयोग और उच्चारण का वेग या प्रवाह भी भाषा के विशेष अङ्ग हैं। 'बोली' से अभिप्राय स्थानीय और घरेलू बोली से है, जो तनिक भी साहित्यिक नहीं होती और बोलने वालों के मुख में ही रहती है। (बा० श्यामसुन्दरदास—भाषा विज्ञान)

देख सकता—गुरोर्धेनोर्नाशं द्रष्टुं न पारयामि। भूख को शान्त करें—शरीरवृत्तिं निर्वर्तयितुं प्रसीद। करोड़ों गाय—कोटशो गाः। अप्रसन्नता दूर कर लीजिए—गुरोर्मन्युं शान्तय। उसके विपरीत इन प्राणों और राज्य का क्या—तद्विपरीतवृत्तेः किं राज्येन प्राणैर्वा। यश के शरीर की दया करके रक्षा करें—मम यशः शरीरे दयालुर्भव। अपने शरीर को मांस के पिण्ड की भाँति—स्वदेह मांसस्य पिण्डमिव। माता की भाँति गौ—जननीमिव गाम्।

९—व्यक्त ध्वनियों से बना—व्यक्तध्वनिभिर्निर्मीयते। घरेलू बोली से—परिवारेषु उपयुज्यमानया वाण्या। तनिक भी—नाममात्रमपि।

१०—जिस प्रकार आत्मा की मुक्तावस्था ज्ञान दशा कहलाती है, उसी प्रकार हृदय की यह मुक्तावस्था रस दशा कहलाती है। हृदय की इसी मुक्ति की साधना के लिए मनुष्य की वाणी जो शब्द विधान करती आई है उसे कविता कहते हैं। इस साधना को हम भाव योग कहते हैं और कर्मयोग और ज्ञानयोग को समकक्ष मानते हैं। कविता ही मनुष्य के हृदय को स्वार्थ सम्बन्धों के संकुचित मंडल से ऊपर उठा कर लोक-सामान्य भावभूमि पर ले जाती है, जहाँ जगत् की नाना गतियों के मार्मिक स्वरूप का साक्षात्कार और शुद्ध अनुभूतियों का संचार होता है। इस भूमि पर पहुंचे हुए मनुष्य को कुछ काल के लिए अपना पता नहीं रहता। वह अपनी सत्ता को लोक सत्ता में लीन किये रहता है। उसकी अनुभूति सब की अनुभूति होती है या हो सकती है। इस अनुभूतियोग के अभ्यास से हमारे मनोविकारों का परिष्कार तथा शोर सृष्टि के साथ हमारे रागात्मक सम्बन्ध की रक्षा और निर्वाह होता है। (पण्डित रामचन्द्रशुक्ल—चिन्तामणि)

१०—समकक्ष मानते हैं—समकक्षत्वेन जानीमहे। ऊपर उठाकर—उन्नीय। इस भूमि पर पता नहीं रहता—भूमिमेतामारूढस्य जनस्य आत्मज्ञानमपि न भवति। लीन किये रहता है—विलापयति।

परीक्षा-प्रश्नपत्र

यू० पी० हाईस्कूल परीक्षा

(१९५७)

संस्कृत मे अनुवाद कीजिए—

(क) विद्या की शोभा धर्म से होती है ।
(ख) विद्वान् होकर भी जो आचारवान् नहीं होता उसकी विद्या व्यर्थ है ।
(ग) उस विद्या का मूल्य नहीं होता जो आचरण में नहीं आती ।
(घ) केवल विद्या से तो उसका ज्ञान बढ़ता है ।
(ङ) हृदय की महत्ता तो उसके आचरण से ही होती है ।
(च) इसी लिए हम लोग महात्मा की पूजा करते हैं ।
(छ) चित की महत्ता से ही मनुष्य महात्मा होता है ।
(ज) आचरण के बिना ज्ञान भी व्यर्थ होता है ।
(झ) आचारहीन को तो वेद भी पवित्र नहीं करते हैं ।
(ञ) इसी लिए जीवन मे आचरण का महत्त्व है ।

(१९५८)

(क) आज के छात्र कठिन परिश्रम करना नहीं चाहते हैं ।
(ख) इससे केवल छात्रों को ही नहीं, सम्पूर्ण देश की हानि है ।
(ग) यह सरोवर जल से पूर्ण है ।
(घ) इसी के जल से हम अपने खेत भी सींचते हैं ।
(ङ) राजा को पिता की तरह प्रजा का पालन करना चाहिए ।
(च) तपस्वियों का काम क्षमा से ही सिद्ध होता है ।
(छ) क्रोध से चिरकाल सचित तप का तत्क्षण नाश होता है ।
(ज) अतः क्रोध ही हमारा प्रधान वैरी है ।
(झ) सुख चाहने वाले को विद्या छोड़ देती है ।
(ञ) सत्य से ही धर्म की रक्षा होती है ।

(१९५९)

(क) जब मृत्यु निश्चित है तब तुम रणभूमि से क्यों भागते हो ?
(ख) पाण्डवों ने हस्तिनापुर छोड़ कर वन के लिए प्रस्थान किया ।

(ग) वन में जाते हुए राम ने भरद्वाज मुनि को प्रणाम किया।
(घ) वह सदा सत्य बोलता है और कदापि किसी को कष्ट नहीं देता।
(ङ) मैं दुष्टों का नाश करने के लिए पृथ्वी पर आया हूँ।
(च) योग्य पुरुष का सर्वदा आदर होता है, भले ही वह निर्धन हो।
(छ) जिसके घर में मैं ठहरा था वह मनुष्य बड़ा धार्मिक था।
(ज) नीच पुरुष से भी उत्तम विद्या लेनी चाहिए।
(झ) गुरुजनों की आज्ञा पालन करना छात्र का प्रधान धर्म है।
(ञ) अपने धर्म की रक्षा करके मनुष्य अक्षय सुख प्राप्त करता है।

(१६६०)

(१) पाटलीपुत्र नगर में एक ब्राह्मण रहता था उसकी स्त्री कर्कशा थी।
(२) अधिक मात्रा में धन पाकर सोमदत्त सुख से रहने लगा।
(३) जो लोग धनी हैं उनका धर्म है कि दूसरों का उपकार करें।
(४) छोटा बालक कहानी सुनने के लिए अपनी माता के पास गया।
(५) शास्त्र सबकी आँख है जो शास्त्र नहीं जानता वह अंधा है।
(६) मेघों की गर्जन सुनकर जंगल में मोर नाचता है।
(७) अच्छे विद्यार्थी आपत्ति के समय एक दूसरे की सहायता करते हैं।
(८) मेरी बाईं आँख में दर्द है इससे आज मैं पाठशाला न जाऊँगा।
(९) मैं कभी भी दुष्टों के साथ झगड़ा करना नहीं चाहता।
(१०) यदि आप मुझसे नाराज न हों तो मैं उसे कल लाऊँगा।
(११) परीक्षा का समय पास आ गया है इससे तुम्हें पढ़ने में बहुत श्रम करना चाहिए।
(१२) तीनों शक्तियों वाला राजा ही राज्य का शासन कर सकता है।
(१३) महाराज राम ने निर्दोष सीता को अपवाद के भय से छोड़ दिया।
(१४) सच बोलने वालों की सदा जीत होती है और झूठ बोलने वालों की हार।
(१५) जब हाथी नहाने के लिए तालाब में घुसा, एक मगर ने उसका पैर पकड़ लिया।

(१६६१)

(१) ईश्वर तुम्हें अच्छी बुद्धि दें और तुम्हारा मंगल करें।
(२) सज्जन लोगों की रक्षा और दुष्टों के नाश के लिए मैं जन्म लेता हूँ।

(१६६०) (२) धन पाकर—धन प्राप्य। रहने लगा—निवस्तुमारभत। (३) उपकार करें—उपकुर्वन्तु। (४) सुनने के लिए—श्रोतुम्। (७) एक दूसरे की—परस्परम्।
(१६६१) (१) दें—ददात्, करें—कुर्यात्। (२) जन्म लेता हूँ—सम्भवामि।

(३) हे कृष्ण ! आप पतित लोगों के उद्धार करने वाले हैं।
(४) धर्महीन मनुष्य की अपेक्षा पशु ही अच्छा है।
(५) मालव देश में पद्मगर्भ नाम का एक तालाब था।
(६) माता को प्रणाम करके राम के साथ लक्ष्मण वन में गये।
(७) परिश्रम के बिना मनुष्य पण्डित नहीं हो सकता।
(८) वह सदा सत्य बोलता है, स्वप्न में भी झूठ नहीं बोलता।
(९) मैं ज्ञान प्राप्त करने तथा अच्छे गुण सीखने के लिए पाठशाला जाता हूँ।
(१०) सत्य और प्रिय बोलो, परन्तु अप्रिय सत्य बात न कहो।
(११) एक समय गर्मी की ऋतु में सब तालाब और कुएँ सूख गये।
(१२) ईश्वर की भक्ति करने से पापी पुरुष भी संसार से तर जाता है।
(१३) एक हाथी पानी पीने के लिये तालाब में घुसा।
(१४) मारीच को मारकर रामचन्द्रजी आश्रम में लौट आये।
(१५) सीता का रोना सुनकर वाल्मीकि मुनि उनके पास गये।

ऐडमिशन परीक्षा (बनारस हिन्दू यूनिवर्सिटी)

(1933)

Translate into Sanskrit—

(a) For men may come and men may go, but I go on for ever. (b) Great men remain the same whether in prosperity or in adversity. (c) A coward dies many times but a brave man dies only once. (d) Oh! mother tell me where is the great God Hari that I may go and find him. (e) 'Child' the mother answered He is within your own heart. (f) Long Long ago there lived in this land of ours a holy and merciful king by the name of Asoka.

(१९६१) (१०) सत्य और प्रिय—सत्यं ब्रूयात्प्रियं ब्रूयात् न ब्रूयात् सत्यमप्रियम् (११) सूख गये—अशुष्यन्। (१३) घुसा—प्राविशत्। (१४) लौट आये—प्रत्यागच्छत्। (१५) पास गये—उपागच्छत्।

1936 (a) for ever—सततम्। (b) in prosperity or in adversity—सम्पत्तौ अथवा विपत्तौ। (c) coward—भीरुः, (e) within your own heart—स्वदीयमानसाभ्यन्तर एव। (f) holy and merciful king—धार्मिकः दयालुश्च राजा।

(1953)

1. (a) Do not stand in front of me. मेरे सामने खड़े मत होओ।
(b) I have a bad headache. मेरे सिर में बहुत दर्द है।
(c) How far is your home from here? तुम्हारा घर यहाँ से कितनी दूर है?
(d) She was thirsty all the day. वह दिन भर प्यासी रही।
(e) Learning is a priceless wealth. विद्या अनमोल धन है।
(f) He will not go to Kashi. वह काशी नहीं जायगा।
(g) You will reap the fruit of this sin. तुमको इस पाप का फल मिलेगा।
(h) The robber struck the traveller with a stick. डाकू ने पथिक को लाठी मारी।
(i) I acquire knowledge from Ramayana's study. रामायण के पढ़ने से मैं ज्ञान प्राप्त करता हूँ।
(j) It is not proper to go again and again. बार-बार जाना उचित नहीं है।
(k) I had three Books here. मेरे पास यहाँ तीन पुस्तकें थीं।
(l) An ascetic is known by his matted hair. जटा से साधु मालूम पड़ता है।

वाराणसेय संस्कृत विश्वविद्यालय

प्रथमपरीक्षायाम्

(१९५३)

१—अधोलिखितवाक्यानां हिन्दीभाषयाऽनुवादः कार्यः—

(क) सदाचारसम्पन्नो जनः केनापि प्रलोभनेन प्रभावितो न जायते, किन्तु महत उद्देश्यस्य पूर्त्यै सदा प्रयतते।

(ख) एतदनन्तरं राजा शोकसन्ततोऽभवत् सोरस्ताडयन् स्वशिरो धूर्णंश्च स आक्रन्दितुमारेभे।

1953 (a) in front of me—मम सम्मुखे। (b) bad headache—अतीव शिरः पीड़ा। (c) from here—इतः। (d) thisty—तृषार्ता।

१९५३—१ (ख) सोरस्ताडयन्—छाती पीटता हुआ।

(ग) ततो निखिलमपि नगरं विलोक्य कमपि मूर्खममात्यो नापश्यत्, यं निरस्य विदुषे गृह दीयते। तत सर्वत्र भ्रमन् कस्यचित् कुविन्दस्य गृह वीक्ष्य कुविन्द प्राह।

(घ) आधुनिकशिक्षाया भारतीयादर्शाः समावेष्टव्याः येनाद्यतनो भारतीय-श्छात्रो भवेदनुकरणीय आदर्शनागरिक.।

(ङ) पर त्रियमाण. कपातो मासेनात्यरिच्यत। सदा कपोतेन सम धृत मास न विद्यते, तदोत्कृत्तमासोऽसौ स्वय तुलामारुरोह।

(च) भारतीयराज्याना भारतीयसघे यदि विलयन नाभवत्, तर्हि भारतमेकं शक्तिशालि राष्ट्र कथमपि भवितु नाशक्नोत्।

(छ) *भारतीयप्रशासनेनाविलम्ब तथा प्रयतनीय यथा देशस्य प्रत्येकनागरिकः* सस्कृतज्ञ. स्यात् सस्कृत च राष्ट्र भाषा-पद लभेत।

२—अधोलिखित वाक्याना सस्कृतभाषयाऽनुवादः कार्यः—

(क) वसन्त ऋतु में नियम से भ्रमण करना स्वास्थ्य के लिए लाभदायक होता है।

(ख) एक ही समय में खेलना तथा पढ़ना उचित नहीं है।

(ग) इस धर्मशाला में शरणार्थी चार वर्ष से रह रहे हैं।

(घ) वे लोग, जो भारतीय सस्कृति मे विश्वास रखते हैं, विदेशी वातावरण *से कभी प्रभावित नहीं होते।*

(ङ) यह चर्चा थी कि मेरे गाँव में चोरी हो गयी।

(च) जब तक सस्कृत भाषा की उन्नति न होगी, तब तक देश का उत्थान न होगा।

(छ) पानी पीकर मैं मित्रों के साथ घूमने गया।

(ज) बच्चे कक्षा में शोर मचा रहे हैं।

(१९५७)

१—अधोलिखितवाक्याना हिन्दीभाषायाम् अनुवादः कार्यः

(क) मनुष्याणा सुखाय समुन्नतये च यानि यानि कार्याणि आवश्यकानि सन्ति तेषु सर्वतोऽधिक आवश्यक कार्य स्वास्थ्यरक्षा अस्ति।

(ख) अस्माकं पुराणेषु इतिहासग्रन्थेषु च सत्यवादिनाम् अनेकविधानि चरित्तानि मिलन्ति यानि पठित्वा महती शिक्षा प्राप्ता भवति।

(१९५३) (ग) निरस्य—निकालकर। कुविन्दस्य—कुम्हार का। (घ) समावेष्टव्या—रहने चाहिएँ। (ङ) त्रियमाण.—(तराजू पर) रखा हुआ। अत्यरिच्यत—बढ़ गया,। उत्कृत्तमासः—जिसका मास नोचा गया था।

(ग) यस्य यत्कर्म शास्त्रेषु निर्दिष्टं वर्तते तस्य यथावत् पालनमपि ईश्वरस्य आराधनायाः प्रसन्नतायाश्च परम साधनमस्ति।

(घ) रामो मारीच राक्षसं हत्वा स्वाश्रमं प्रति निवृतः। स दूरादेव आयान्तं लक्ष्मणं निरीक्ष्य चिन्ता प्राप्तवान्।

(ङ) गंगाया उत्तरे तीरे कपिलवस्तु नाम महनीयम् एकं नगरमासीत्। तत्र शुद्धोदनः नयेन बहुकालपर्यन्तं राज्यं कृतवान्।

(च) वाराणसी नगरी गङ्गायाः पवित्रे तटे विराजमाना अस्ति। अत्र गंगायां स्नानाय श्रीविश्वनाथस्य दर्शनाय च सदैव भिन्न-भिन्नप्रदेशेभ्यः जना आगच्छन्ति।

(छ) यदा विद्यार्थिना परीक्षा भवति तदा एव तेषा बुद्धेः प्रतिभायाः स्मरण-शक्तेः परिश्रमस्य विद्यानुरागस्य तथा लेखनशक्तेः सम्यक् परिज्ञानं भवति।

२—अधोलिखितानां वाक्यानां संस्कृतभाषयाऽनुवादः क्रियताम्—

(क) वे लड़के दौड़ते हुए घर जा रहे हैं।

(ख) तुम दोनों भोजन करके यहाँ कब आओगे?

(ग) सीता और लक्ष्मण के साथ राम वनको गये।

(घ) श्री रामचन्द्र ने शकर की पूजा करके लंका में प्रवेश किया।

(ङ) प्राचीन काल मे सब लोग संस्कृत पढ़ते थे।

(च) आज हम लोग सायंकाल सभोजन मे भाषण सुनेंगे।

(१६५८)

हिन्दी भाषयानुवादः कार्यः

(क) यथा अपवित्रस्थानपतित सुवर्णं न कोऽपि परित्यजति तथैव स्वस्मात् नीचादपि विद्या अवश्य ग्राह्या।

(ख) ऐतिहासिकग्रन्थाना पठनेन सम्यग् ज्ञानं भवति यत् सत्संगप्रभावात् कीदृशाः कीदृशाः निन्दिताचरणा अपि जनाः महापुरुषाणा पदं प्रापुः।

(ग) प्राचीनकाले एतादृशा बहवो गुरुभक्ता बभूवुः येषामुपाख्यानं श्रुत्वा पाठित्वा च महदाश्चर्यं जायते। यथा एकलव्यः गुरोः मृत्तिकामयीं मूर्तिमग्रे निधाय शस्त्रचालने महतीं कुशलता प्राप।

(घ) विद्यासदृशमेव स्वाध्यमपि परमं श्रेष्ठ धनमस्ति, यस्य समीपे इदं धनं नास्ति स सर्वधनसम्पन्नोऽपि सुखं भोक्तुं नार्हति।

(१६५७) १—(ङ) महनीयम्—प्रतिष्ठा-स्थान। २—(क) दौड़ते हुए—धावन्तः। (घ) प्रवेश किया—प्राविशत्। (च) सुनेंगे—श्रोष्यामः।

(ङ) चरित्रनिर्माणे ससर्गस्यापि महान् प्रभावो भवति, ससर्गात् सज्जना अपि बालकाः दुर्जना भवन्ति दुर्जनाश्च सज्जना ।

(च) गवामेव सेवया लौकिक पारलौकिक च श्रेयः मानवाः लब्धवन्तः । को न जानाति यद् दिलीप गोसेवया पुत्ररत्न लेभे ।

(छ) भारतीयप्रशासनेन अविलम्ब तथा प्रयतनीय यथा देशस्य प्रत्येकनागरिकः, सस्कृतज्ञ स्यात् , सस्कृतश्च राष्ट्रभाषापद लभेत ।

संस्कृतभाषया अनुवादः क्रियताम्

(क) यज्ञदत्त प्रतिदिन अपने मित्रों के साथ स्नान करने जाता है ।

(ख) तुम दोनों पढ़कर मेरे घर आओ ।

(ग) आज प्रात काल हम लोग वहाँ आयेंगे ।

(घ) श्रीरामचन्द्र ने रावण का मार कर विभीषण की रक्षा की ।

(ङ) परशुराम ने जनकपुर में लक्ष्मण से कठोर वचन कहा ।

(च) वे लड़के दिलीप का चरित्र सुनते हैं ।

(छ) वृक्ष से कामन कामल पत्ते गिरते हैं ।

(१९५९)

१—निम्ननिर्दिष्गद्यभागाना हिन्दीभाषयाऽनुवादः कार्यः—

(क) पुराभारते कनकपुरं नाम नगरमासीत् । तत्र सुशासकनामा राजा बभूव । स विद्यावान् गुणज्ञ. भक्तिमाश्चासीत् । याचके दृष्टे तस्य महती प्रीतिः । तस्य सज्जन नाम मित्रमभवत् । नाम्ना स सज्जनः परन्तु कर्म्मणा दुर्जनः ।

(ख) एकदा कस्मिंश्चिद्वने भ्रमन् एक सिंह श्रान्तो भूत्वा निद्रा गत । अस्मिन्नवसरे कश्चिद् क्षुद्रा मूषिकस्तन्मुखे पतित्वा तस्य निद्राभङ्ग चकार । अत. स सिंहः कोपेन त मूषिक व्यापादयितुमैच्छत् । भयाकुलो मूषिकः प्राणरक्षार्थं त बहुधा याचितवान् । सिंहेनापि दया प्रदर्शिता तस्मिन् मूषिके ।

(ग) एव निश्चित्य राजापि खड्गमादाय तदनुसरणक्रमेण नगराद् बहिर्निर्जगाम । गत्वा च तेन काचि रुदती रमणी दृष्ट्वा पृष्ट च । का त्वम् ? किमर्थं रोदिषि ? स्त्रियोक्तम्—अहं राज्ञ. शूद्रकस्य राजलक्ष्मी । कारणवशादिदानीमन्यत्र गमिष्यामि ।

२—अधोलिखित हिन्दीवाक्याना सस्कृतभाषया अनुवाद. क्रियताम्—

पूर्व जन्म का तप विद्या है । विद्वान् की पूजा सब जगह होती है । अच्छे बालक सदा सत्सङ्ग में रहते हैं । मोहन कल पिता के साथ

१—(ख) व्यापादयितुम्—मारने के लिए । २—पूजा सब जगह होती है—सर्वत्र पूज्यते । नीचे आती हैं—अवतरन्ति ।

काशी जावेगा। राजा दशरथ के चार पुत्र थे। सोहन सदा सायं प्रातः गौ का दूध पीता है। वह मुझको पत्र देता है। पर्वत से बकरियां नीचे आती हैं।

(१६६०)

१—अधोनिर्दिष्टगद्यभागानां हिन्दीभाषया अनुवादः कार्यः—

(क) परमात्मना विचारशक्तिर्जगति केवलं मानवायैव दत्ता, तयैव विचार-शक्तिशाली मनुष्यः कठिनात्कठिनतरमपि कार्यं कुर्वन् स्वस्य स्वदेशस्य च कीर्तिं तनोति, सुखं च लभते। दृश्यता तावत् बुद्धिप्रभावेणैव मनुजोऽद्य व्योम्नि चानायासेन पक्षी इव उड्डीयते, स्वराकेटाख्यमपि चन्द्रलोकं प्रेषयति। अहो अद्य मानवमस्तिष्कमपि विज्ञानमयं जातम्। अतः सर्वैर्विज्ञानयुगमिदं कथ्यते।

(ख) संस्कृतभाषा देवभाषा, प्रायः सर्वासां भारतीयभाषाणां जननी, प्रादेशिकभाषाणाञ्च प्राणभूता इति। यथा प्राणी अन्नेन जीवति, परन्तु वायुं विना अन्नमपि जीवन रक्षितुं न शक्नोति, तथैव अस्मद्देशस्य कापि भाषा संस्कृतभाषावलम्बं विना जीवितुमक्षमेति निःसंशयम्। अस्यामेव अस्माकं धर्मः, अस्माकमितिहासः, अस्माकं भूतं भविष्यच्च सर्वं सुसन्निहितमस्ति।

(ग) पञ्चविंशतिः शतानि वत्सराणां व्यतीतानि, यदा गौतमकुलोत्पन्नः सिद्धार्थः इमां भारतभुवम्-अलञ्चकार स्वजन्मना। भागीरथ्या उत्तरे तीरे कपिलवस्तुनाम महनीयं नगरमेकमासीत्। शाक्यवंशोत्पन्नः शुद्धोदनस्तत्र राज्यमकरोत्। तस्य माया देवी नाम सतीभार्याऽभवत्। तस्याश्च सिद्धार्थो नाम सूनुर्जन्म लेभे। स शैशवादेव सुदृक्षो विवेकी चाभूत्।

२—निम्ननिर्दिष्टवाक्यानां संस्कृतभाषया अनुवादो विधेयः—

बालकों प्रातःकाल हो गया, उठो और गङ्गास्नान को जाओ।
अच्छे बालक प्रातः उठकर नित्य गङ्गास्नान करते हैं।
गङ्गास्नान से बुद्धि निर्मल और स्वास्थ्य लाभ होता है।
गङ्गा का उद्गम भी भारत के हिमालय प्रदेश में ही है।
प्राचीन आर्यों की उत्पत्ति इसी देश में हुई थी।
कुरुक्षेत्र में भगवान् कृष्ण ने अर्जुन को आत्मतत्त्व का उपदेश दिया था।
यदि मैं झूठ बोलूँ तो आप मुझे दण्ड दें।
काशी विद्या की भूमि है।
मैं विद्या पढ़ने को काशी जाऊँगा।
ज्ञानी मनुष्य पाप से सदा डरते हैं। (बिभ्यति)

वाराणसेय-संस्कृत-विश्वविद्यालये

पूर्वमध्यमपरीक्षायाम्

(१९५७)

सरल संस्कृतभाषयाऽनूद्यतामधोऽङ्कितो हिन्दी निबन्धः—

१—धर्म कुछ है ही नहीं, ऐसा माननेवालों की संख्या भगवान् की कृपा से भारत में अभी नगण्य ही है, परन्तु धार्मिक शिक्षा की ओर वह सर्वथा उदासीन है। यदि ऐसा न होता तो वह आधुनिक शिक्षा को, जिसका धर्म से कोई नाता ही नहीं है, एक दिन भी सहन न करती। साधारण जनता की तो बात ही क्या, बड़े-बड़े पण्डितों को, जो धर्म के संरक्षक माने जाते हैं, अपने बच्चों को अंग्रेजी शिक्षा देने की ही चिन्ता रहती है।

निम्ननिर्दिष्टः संस्कृतसदर्भो हिन्दीभाषयाऽनूद्यताम्—

२—क्षपिता क्षपा, स्मयते सविता सम्प्रति, प्रफुल्ला प्रसूनकलिका, चकम्पिरे लतिकाः, प्रससार मानरिश्मा, चुकूजुर्विहगमकुलानि, रेजे मेदिनी, शिशुरेकः समुत्पन्नः, प्रसन्नवदनाः परिचारिकाः, सन्तुष्टमनसो द्विजाः, प्रमुदित याचकवृन्दम्, स्मयमानमालोक्य विदशन बालमेन स्मराननना जननी, उल्फुल्ललोचना जनकः।

३—एष भगवान् मणिराकाशमण्डलस्य, चक्रवर्ती खेचरचक्रस्य, कुण्डलमासमण्डलदिशः, दीपको ब्रह्माण्डभाण्डस्य, प्रेयान् पुण्डरीकपट्टनस्य, शोक वमोकः कोकलोकस्य, अवलम्बो रोलम्बकदम्बस्य, सूत्रधारः सर्वव्यवहारस्य, इनश्च दिनस्य। अयमेव अहोरात्र जनयति, अयमेव वत्सर द्वादशसु भागेषु विभनक्ति, अयमेव कारण षण्णामृतूनाम्, एष एवाङ्गीकरोति उत्तर दक्षिण चायनम्, एनेनैव सम्पादिता युगभेदाः।

४—सञ्जीवकोऽप्यायुःशेषतया यमुनासलिलमिश्रैः शिशिरतरवातैराप्यायितशरीरः कथञ्चिदप्युत्थाय यमुनातटमुपपेदे। तत्र मरकतसदृशानि बालतृणाग्राणि भक्षयन् कतिपयैरहोभिर्हरवृष इव पीन. ककुद्मान्बलवांश्च सञ्जातः। प्रत्यह वल्मीकशिखराणि शृङ्गाभ्या विदारयन् गर्जमान आस्ते।

(१९५८)

सरलसंस्कृतभाषयाऽनूद्यताम् अधोऽङ्कितो हिन्दीनिबन्धः—

बालक का मन कच्ची मिट्टी के समान होता है। कुम्हार अपने चाक के सहारे कच्ची मिट्टी का मनोवाञ्छित रूप देता है। इसी प्रकार शिक्षक शिक्षा के द्वारा बालक के भविष्य का निर्माण करता है। बालक के मन में यह

(१९५८) कच्चे घड़े के समान—आममृत्तिकावत्। चाक के सहारे—चक्रेण।

भावना भर देनी चाहिए कि मैं महान् हूँ और अवसर प्राप्त होने पर अपनी शक्तियों का पूरा-पूरा विकास कर सकता हूँ।

निम्ननिर्दिष्टः संस्कृतसंदर्भो हिन्दीभाषयाऽनूद्यताम्—

(क) किं फलं शिक्षायाः, किमर्थं चेयं सस्नेहमुपादीयते, पुरा भारतीयानामभ्यर्चपूर्वजानां यादृशी दृष्टिरासीत्, किमधुनापि तादृशी दृष्टिरस्ति। पुरा सुवर्णरजताऽऽकरे भारते शुल्करहिता शिक्षा वितीर्यते स्म। पुरा या प्रणाली भारते शिक्षायाः सा: तिरोहिता दौर्भाग्यादस्माकम्। इदानीं यत्नः ता प्रणालीं प्रवर्तयितुं बद्धपरिकरा विलोक्यन्ते।

(ख) यावदेव ब्रह्मचारी बहुलिपुञ्जदूषूप कुसुमकोरकानवचिनोति, तावत् सतीर्थ्योऽपरस्तत्समानवयाः कस्तूरिकारेणुरूषित इव श्यामः चन्दनचर्चितभालः, कर्पूरायुरुचोदच्छुरतबलोबाहुदण्डः, मृगन्धाटलैकनिद्रयन्निव निद्रामन्थराणि कौरकनिकरसकाशरालसुनानि मिलिन्दवृन्दानि, झटिति समुन्मूल्य निवारयन् गौरदुमेवमवादीत्—अलं भो अलम्, मयैव पूर्वमवचितानि कुसुमानि, त्वं तु चर रात्रावजागरीरिति क्षिप्रं नोत्थापितः।

४—(क) भो दमनक शृणोषि शब्दं दूरान्महान्तम् सोऽब्रवीत्—स्वामिन् शृणोमि। ततः किम्? पिङ्गलक आह—भद्रमहमस्मात् वनात् गन्तुमिच्छामि। दमनक आह—कस्मात्? पिङ्गलक आह यतोऽस्मद्वने किमप्यपूर्वं सत्वं प्रविष्टं यस्यायं महाञ्छब्दः श्रूयते, तस्मात् च शब्दस्यानुरूपेण सत्वेन भाव्यम् सत्वानुरूपेण च पराक्रमेण भाव्यम् इति।

उत्तरमध्यमपरीक्षायाम्

(१९५७)

अधोलिखितो हिन्दीगद्यांशः संस्कृतभाषयाऽनूद्यताम्—

गांधी जी पहले पहल साबरमती आश्रम में रहते थे। वे तो युगद्रष्टा थे। उनका प्रत्येक कार्य महान् होता था। वे जो निश्चय करते थे उसके पीछे उनकी शक्ति होती थी और उस शक्ति से लोगों को स्फूर्ति व प्रेरणा प्राप्त होती थी। *बारह मार्च उन्नीस सौ तीस ईस्वी को गांधीजी ने यह प्रतिज्ञा की थी कि जब तक स्वराज न मिल जाय तब तक साबरमती आश्रम में आकर न रहूँगा। गांधी जी ने वहाँ ही से दाढ़ी †कृत्त किया था। उसे उनके निजी सचिव श्री महादेव देसाई ने महाभिनिष्क्रमण कहा था।

---

*बारह मार्च उन्नीस सौ तीस ईस्वी को—त्रिसप्तदुनाब्दशतोत्तरसहस्रतमे क्रिस्ताब्दे मार्चमासस्य द्वादश्यां तिथौ। †कृत्त किया—प्रतस्थे।

अधोलिखितः संस्कृतगद्यांशो हिन्दीभाषयाऽनूद्यताम्—

संस्कृतसंसारे कात्यायननामानः बहवो विद्वांसः श्रूयन्ते। श्रौतसूत्रकारः कात्यायनो महर्षिस्तु प्राचीनतरः। पाणिनेरनन्तरं वार्तिककारः कात्यायनापरनामा वररुचिरासीत्। स एव प्राकृतव्याकरणस्य प्रणेता भवेदिति प्रतीमः। कस्य चन महाकाव्यस्य निर्माता कश्चनापर एव कात्यायनः श्रूयते। नन्दराजस्य मन्त्रिमण्डले कश्चन कात्यायनो वररुचि पुरोहित आसीत्। अयमेव राजनीतिज्ञो भवेदिति प्रतीयते। कौटिल्यात् किञ्चिदेव प्राचीनस्तत्समकालीनो वा भवेदिति सुव्यक्तमेव।

(१६५८)

संस्कृतभाषयाऽनुवादो विधेयः—

राजा दशरथ धनुर्विद्या में बहुत प्रवीण थे। उन्हें चल तथा स्थिर लक्ष्य को बींधने का बड़ा अभ्यास था। वे शब्द सुनकर भी प्राणियों को सरलता से लक्ष्य बना लेते थे। एक बार श्रवणकुमार अपने अन्धे माता पिता के लिए जल लाने गये। जब श्रवण कुमार घड़े को भर रहे थे, हाथी के भ्रम से राजा दशरथ ने तीर चला दिया। श्रवणकुमार का उसी क्षण देहान्त हो गया। श्रवण कुमार के माता पिता भी पुत्र शोक से दिवंगत हो गये। उन्हीं के शाप से राजा दशरथ का मृत्यु भी पुत्र वियोग से हुई।

हिन्दीभाषयाऽनुवादो विधेयः—

(क) चिरप्रतीक्षितं वाराणसेयसंस्कृतविश्वविद्यालयविधेयकम् उत्तरप्रदेशीयविधानमण्डलेन पारितम्। महामान्येन राज्यपालेन स्वीकृत्याधिनियमपदवीमारोपितं च। तदनु भाविनः संस्कृतविश्वविद्यालस्य कार्यप्रणाली निर्धारयितुं विशेषाधिकारिणां नियुक्तिरपि कृता प्रशासनेन। इत्थं संस्कृतविश्वविद्यालयप्रतिष्ठापूर्वार्द्धं समभवत्।

(ख) धन्या महाराज य एव प्राणानप्यवगणयन् करुणया आत्मीयानां कुशलं चिन्तयन्ति। एवमेव धर्मा राज्ञा यत् स्वीयानां प्रतिपालनं सम्माननं सदा कुशलचिन्तनं च। भूत्वा हि रोदं रोदं वक्षोघ्नन्तीं मातरं, विलुलिते केशैर्भूमिं मलिनयन्तीं मनिलुण्ठनैश्च रोदसीं रोदयन्तीं पत्नीं, तातं तातेति कलरवैर्मूर्च्छयन्तं पटान्तमाकर्षन्तं पृथुकांश्च तृणवत् विहाय स्वामिकार्यं साधयितुं स्वदेहमर्पयन्ति। तत् कृतज्ञतास्वीकारो हि राज्ञः प्रथमो धर्मः।

(१६६०)

१—अधोलिखितं संस्कृतगद्यांशो हिन्दीं भाषयाऽनूद्यताम्—

संस्कृतशिक्षायाः प्रथमा बाधा तावदियं, यत् अस्यां शिक्षार्थिनां प्रायेणाऽभाव एव वर्तते। संस्कृतशिक्षाक्षेत्रे वर्तमानस्य शिक्षार्थिनामभावस्य यदा कारण-

मन्विष्यते, तदाऽस्माभिरेष एव निष्कर्षः प्राप्यते, यत् सम्प्रति शिक्षाया उद्देश्य-मेव लोकैरेतत् स्वीकृतं यत् विविधोपभोगसाधनानामभिवृद्धये धनार्जनस्य सामर्थ्यं प्राप्येत। तच्च संस्कृतशिक्षापेक्षया इतरशिक्षाभिरिदानीमनायासेन स्वल्पायासेन वा भवितुं शक्नोति।

५—अधोलिखितहिन्दीगद्यांशः स्वसंस्कृतेनानूद्यताम्—

इस नाटक ने जिस आदर्श का मुझ पर प्रभाव डाला वह यही आदर्श था कि सत्य का अनुसरण करना और कठोर परीक्षाओं में होकर निकलना, जिसमें से हरिश्चन्द्र निकले। मैं हरिश्चन्द्र की कहानी में पूर्णतया विश्वास करता था। अब मेरी सामान्य बुद्धि कहती है कि हरिश्चन्द्र ऐतिहासिक व्यक्ति नहीं हो सकते थे। फिर भी दोनों हरिश्चन्द्र और श्रवण मेरे लिये जीवित सत्य हैं और मुझे पूर्ण निश्चय है कि यदि मैं उन नाटकों को आज फिर से पढ़ूं तो पूर्व की भांति प्रभावित हो जाऊंगा।

पटना की मैट्रिकयूलेशन परीक्षा

1937 (Compulsory)

संस्कृत में अनुवाद कीजिए—

(१) राजा इन्द्रद्युम्न अपने हाथी पर चढ़ा और कई एक देशों में भ्रमण करता हुआ अन्त में जगन्नाथ धाम पहुँचा।

(२) मगध में बहुत दिन पूर्व जरासन्ध नाम का राजा रहता था और एक समय कृष्ण के साथ भीमसेन वहाँ आये और उसको मार दिया।

(३) उसके दूसरे दिन गुरु अपने शिष्यों के साथ योगी के आश्रम में गये और वहाँ गोदावरी नदी के किनारे ध्यान में बैठ गये।

(४) जो धर्म के अनुकूल काम करते और दूसरों की भलाई करने में लगे रहते हैं केवल वे ही ईश्वर के कृपा पात्र होते हैं।

(५) उसकी सेना के शत्रु द्वारा पूरी तरह हराये जाने पर कुछ सिपाही पहाड़ों पर चढ़ गये, कुछ समुद्रों से उतर गये और दूसरे एकान्त कन्दराओं में घुस गये।

1937 (Additional)

(१) सब प्रजाओं को खबर दी कि अब चन्द्रगुप्त अपने ही राजकार्यों को देखेंगे।

१६३७ C (५) हराये जाने पर—पराजिते सति।

(२) अपने मा बाप की आज्ञा मानो, विद्वानों का आदर करो; दूसरों की निन्दा का एक शब्द भी कभी मत बोलो, और अपनी अवस्था से सन्तुष्ट रहो।

(३) व्याध को अपनी ओर आते देख सब जानवर डर कर भिन्न-भिन्न दिशाओं में भाग गये।

(४) मुझे आशा है कि आप को उस आदमी का स्मरण होगा जिसके बारे में एक महीना पहले आप से मैंने कहा था।

(५) पुराने समय में असित नाम का एक मुनि था, जिसने अपने धर्माचरण के लिए देवों के देव से देवल की पदवी प्राप्त की।

1938 (Compulsory)

(१) धन से अच्छे और बुरे दोनों काम होते हैं। इसका जैसा व्यवहार करोगे वैसा ही फल मिलेगा।

(२) तुमको उत्तम पुरुष होना चाहिए। इसके लिए सबकी भलाई करो।

(३) अपने बड़े भाई रामचन्द्र की आज्ञा से लक्ष्मण ने सीता को वन में ले जाकर अकेली छोड़ दिया।

(४) जब कोई तुम्हारे घर पर आ जाय तो उसका आदर करो, उसे बैठने के लिए आसन और पैर धोने के लिए जल दो।

(५) धर्म को छोड़ कर सुख पाने का दूसरा कोई उपाय नहीं है। इसलिए कुछ लोग धर्म के लिए प्राण तक दे देते हैं।

1938 (Additional)

(१) मन में अत्यन्त उद्विग्न होकर युवा सन्यासी नदी के किनारे टहलने के लिए निकला।

(२) रात बहुत अन्धेरी थी; मधुमक्खियाँ ही गूँज रही थीं; सब विश्राम कर रहे थे।

(३) जो हो युवा सन्यासी को विश्राम न था। उसने मानसिक शान्ति खो दी थी।

(४) राजा अपनी प्रजाओं को पालता है। यदि कोई कुरास्ते जाय तो राजा को चाहिए कि उसे दण्ड दे।

१९३७ A (३) भाग गये—पलायिताः।

१९३८ C (१) इसका जैसा व्यवहार करोगे वैसा फल पाओगे—अनेन यथा व्यवहरिष्यथ तथैव फल प्राप्स्यथ, (३) अकेली—एकाकिनीम्, (५) प्राण तक दे देते हैं—प्राणानुत्सृजन्ति।

(५) यदि बदमाशों को दण्ड नहीं दिया जाय तो सम्पूर्ण समाज विशृंखल हो जायगा।

1947 (Annual)

(१) मनुष्य किसी के साथ शत्रुता न करे।
(२) आचार्य लोग धर्म का उपदेश देते हैं।
(३) कवि सज्जनों की प्रशंसा करता है।
(४) बालिका वृक्ष को देखकर बैठ गयी।
(५) मैंने अति दुर्बल बालक को देखा।
(६) मैंने गोदोहन काल में कृष्ण को देखा।

1947 (Supplementary)

(a) विष्णु ने क्षीर समुद्र को मथा।
(b) ईश्वर की कृपा का फल सर्वत्र देखा जाता है।
(c) हरिण वन में पानी पीने की इच्छा करता है।
(d) उसने शत्रु से एक सौ गायें जीत लीं।
(e) गुरु छात्रों को पढ़ाते हैं।
(f) तुम कहाँ रहते हो, यह मैं जानना चाहता हूँ।

1948 (Annual)

(a पिता की आज्ञा से रामचन्द्र वन गये।
(b कृपया मुझे फल दीजिए।
(c) परमपिता परमेश्वर सर्वत्र है।
(d) श्याम पुत्र के लिए पुस्तक लाता है।
(e) तुम्हारा भाई कहाँ पढ़ता है?
(f) कब काशी जाओगे?

1948 (Supplementary)

(a) कृपया ग्राम चलिए।
(b) तुम्हारा घर कहाँ है?
(c) पिता आज आवेंगे।
(d) कवियों में कालिदास श्रेष्ठ थे।

१९३८ A (५) बदमाशों को—धूर्तान्। १९४७ A (२) धर्म का उपदेश देते हैं—धर्मम् उपदिशन्ति। (४) बैठ गयी—उपाविशत्। १९४७ S (c) पीने की इच्छा करता है—पिपासति। (d) उसने शत्रु से एक सौ गायें जीत लीं—स शतं गा अजयत्।

(e) रामचन्द्र ने रावण को मारा।
(f) मैं स्वयं कार्य करूँगा।

पंजाब की ऐंट्रेंस परीक्षा

(१९४९)

संस्कृत में अनुवाद कीजिए—

(क) (१) सदा धर्म पर चलो।
(२) धर्म जीवन है।
(३) सत्य धर्म का अङ्ग है।
(४) सत्य से बड़ा कोई दूसरा धर्म नहीं।
(५) तप धर्म का अङ्ग है।
(६) आज कल के विद्यार्थी तपरहित हैं।
(७) तप में बड़ा सुख है।
(८) सिनेमा मत देखो।
(९) यह चरित्र को भ्रष्ट करता है।
(१०) अध्यापक भी तपस्वी हो।

(ख) अब भारत स्वतन्त्र है। अङ्गरेज यहाँ से चले गये हैं। हिन्दी राष्ट्रभाषा बन रही है। संस्कृत का उत्थान समीप ही दिखाई देता है। अङ्गरेजों की प्रधानता नष्ट हो जायगी। पुराने साहित्य का मूल्य अब बढ़ेगा। हिन्दी संस्कृत न जानना घृणा का स्थान होगा। राम राज्य का आरम्भ होने वाला है।

(१९५०)

(क) (१) ईश्वर पाप और पुण्य को देखता है।
(२) सत्य बोलने से मन शुद्ध होता है।
(३) प्राचीन काल में धर्म का राज्य था।
(४) सब लोग आपस में प्रेम करते थे।
(५) बलवान् निर्बलों को नहीं सताते थे।
(६) स्त्रियाँ भी विद्या ग्रहण करती थीं।
(७) कृपा करके इस पत्र को पढ़ दो।
(८) हे भाई! मुझे क्षमा करो।
(९) अविद्या का अँधेरा दूर हो जायगा।
(१०) ईश्वर हम सब की रक्षा करें।

१९४९ (८) सिनेमा मत देखो—छायाचित्राणि न पश्यत। १९५० (२) मन शुद्ध होता है—मनः शुद्ध्यति। (८) मुझे क्षमा कर दो—क्षमस्व माम्।

(ख) रामायण हमारी पवित्र पुस्तक है। इसमें रामचन्द्र जी की कथा है। भारतवर्ष मे इसका बहुत आदर है। छोटे बड़े सब इसको पढ़ते हैं। वाल्मीकि ऋषि ने इसे संस्कृत श्लोकों में लिखा था। वाल्मीकि आदि कवि माने जाते हैं। रामायण से इनका नाम अमर हो गया है। हमें भी रामायण पढ़नी चाहिए।

(१६५१)

(क) (१) इस पाठशाला में केवल तीन कन्याएँ पढ़ती हैं।
(२) वह अपना काम मुझसे करवाता है।
(३) मेरे चारों भाई सेना में भर्ती हो गये।
(४) गंगा का जल यमुना की अपेक्षा निर्मल है।
(५) यह पुस्तक सब पुस्तकों में सरल है।
(६) मुझसे अब पढ़ा नहीं जाता।
(७) हे भगवन्! मुझे वर दो।
(८) बच्चा आज नहीं रोएगा।
(९) और कपड़े चुरा कर भाग गए।
(१०) मैं सब कुछ कर सकता हूँ।

(ख) नदी के किनारे भरद्वाज ऋषि का आश्रम है। कहते हैं एक बार रामचन्द्र जी यहाँ आये थे। आजकल भी यहाँ अनेक ऋषि निवास करते हैं। इनके दर्शन के लिये बहुत लोग यहाँ आते हैं। आश्रम को देखकर प्रत्येक मनुष्य का मन प्रसन्न होता है। जो यहाँ आते हैं, वे पवित्र विचार लेकर लौटते हैं। सच है, आश्रम का जीवन भाग्य से मिलता है।

(१६५२)

(a) 1. आज और हम रविवार को अमृतसर जाएँगे।
2. गोपाल वा तुम यह काम करो।
3. इस पाठशाला में बीस लड़कियाँ और सौ लड़के थे।
4. गोविन्द जन्म से ब्राह्मण है।
5. सब कोई धन की इच्छा करता है।
6. तुम्हारा चित्र इस चित्र से अधिक सुन्दर है।
7. भिखारी ने सेठ से सौ रुपये माँगे।
8. सूर्य के निकलने पर हम बाहर गये।

१६५१—(क) (१) तीन कन्याएँ—तिस्रः कन्याः। (२) करवाता है—कारयति। (३) भर्ती हो गये—प्रविष्टाः। (५) सब में सरल है—सरलतमम्।
१६५२(a) (२) बीस लड़कियाँ सौ लड़के—विंशतिः बालिकाः शतं छात्राः।

(b) पचपुर नगर में एक ब्राह्मण रहता था। उसका पुत्र देवशर्मा था। वह पढ़कर किसी और देश को चला गया और वहाँ भागीरथी के किनारे वप करने लगा। एक दिन वह तपस्वी गंगा के किनारे जप के लिए बैठा था। उस समय किसी उड़ती हुई बलाका ने उसके शरीर पर बीट कर दी। इससे वह क्रुद्ध हो गया और उसने ऊपर देखा। उसके क्रोध की आग से जल कर बलाका भूमि पर जा गिरी, यह देख कर उसे अपने तप पर गर्व हो गया।

(१६५३)

(क) (१) हम और गोपाल कल पाठशाला नहीं गये।
(२) तुम या हम आज नाटक देखेंगे।
(३) वह गाँव से काना और पाँव से लँगड़ा है।
(४) गुरु को नमस्कार कर, वे हमें विद्या देते हैं।
(५) मनुष्यों में ब्राह्मण सब से अच्छा है।
(६) मैं अभी लाहौर से आया हूँ।
(७) उसने गर्म पानी से हाथ-पाँव धोये।
(८) इस डेरा में २५ लड़के हैं और राकेश उनमें चौथा है।

(ख) राम ने रावण का जीता और लंका का प्रांत किया। उसने लंका का राज्य विभीषण को दे दिया। वह सीता और लक्ष्मण के साथ पुष्पक विमान से अयोध्या को लौटा, जहाँ भरत उसकी प्रतीक्षा कर रहा था। अयोध्या पहुँच कर राम ने अपनी माताओं और गुरुओं को अभिवादन किया। यह समाचार पाकर अयोध्यावासी बहुत प्रसन्न हुए। सारे नगर में दीप जलाये गये। फिर बड़े समारोह से राम का राज्याभिषेक किया गया।

पञ्जाब की प्राज्ञपरीक्षा

(१६४८)

संस्कृत में अनुवाद कीजिए—

(क) किसी वन में मदोत्कट नामवाला सिंह रहता था। चीता, कौआ और गीदड़ उसके नौकर थे। एक बार सिंह ने इधर-उधर घूमते हुए शिकारी के बाण से बिंधे हुए एक ऊँट को देखा। वह चीता, "आश्चर्य है यह एक अद्भुत प्राणी है। पता करो, यह वन का है अथवा गाँव का है।' यह सुनकर कौआ बोला— 'हे स्वामी! ऊँट नामवाला यह गाँव का प्राणि विशेष आपके खाने योग्य है, अतः इसे मारिए।' सिंह बोला, 'मैं घर में आये को नहीं मारूँगा। इसे अभय का दान देकर मेरे पास ले आओ, जिससे इसके इधर आने का कारण पूछूँ।"

१६५३ (क) (८) २५ लड़के हैं—पञ्चविंशति. छात्राः, उनमें राकेश चौथा है—तेषु राकेशश्चतुर्थः।

(ख) जेठ महीने की पूर्णिमा को पतिव्रता स्त्रियाँ वट वृक्ष की पूजा और उपवास करती हैं। इस तिथि को प्राचीन काल में सत्यवान् की भार्या सावित्री ने यम से लिए जाते हुए अपने पति सत्यवान् को छुड़ाया था। तभी से इस व्रत का आरम्भ हुआ है। स्त्रियाँ यह मानती हैं कि इस व्रत के करने से उनके पति की आयु दीर्घ होती है। सब सोहागिन स्त्रियाँ इस व्रत को करती हैं।

(ग) (१) धोबी मैले कपड़ों को गाड़ी में नदी पर ले जायगा?
(२) तू क्या चाहता है, स्पष्ट क्यों नहीं कहता?
(३) बारह वर्षों में चारों वेद छः अङ्गों सहित पढ़े जाते हैं।
(४) खेलने के समय खेलना और पढ़ने के समय पढ़ना चाहिये।
(५) ब्रह्मचारी भोग-विलास से सदा डरे और पाप से बचे।
(६) यदि तुम परिश्रम करते तो परीक्षा में अवश्य सफल हो जाते।
(७) प्राचीन काल में राजा लोग विद्वानों की सेवा करना अपना कर्तव्य समझते थे।
(८) संवत् २००३ में इस मकान में एक पुरुष, दो स्त्रियाँ, तीन बालक और चार कन्याएँ रहती थीं।

(१६४६)

(क) कुछ सोचकर वसिष्ठ ने दिलीप से कहा कि महाराज! अब चिन्ता छोड़ो और एक काम करो। मेरे आश्रम में एक गाय है जिसका नाम नन्दिनी है और यह कामधेनु है। अब इसकी सेवा करो। यह तुम्हारे मनोरथ को पूरा करेगी। जहाँ वह जाए जाने दो। जैसा वह करे वैसा ही तुम भी करो।

राजा ने अपने गुरु की बात मान ली और उसकी सेवा बड़े प्रेम और श्रद्धा के साथ की, जिससे वह बहुत प्रसन्न हो गयी।

(ख) नन्दिनी ने मीठे स्वर से कहा—"बेटा! उठ बैठो। यह सब मेरी ही माया थी। ऋषि की तपस्या के बल से यमराज भी मेरी ओर आँख नहीं उठा सकता। साधारण पशुओं की तो बात ही क्या है! मुझे निरे दूध देनेवाली गाय मत समझो। मैं दूध भी देती हूँ और वरदान भी।"

१६४८ (ख) छुड़ाया था—विमोचितः, सोहागिन स्त्रियाँ—सधवाः। (ग) १—धोबी—रजकः। ४—भोगविलास से—विलासमयजीवनात्। ८—संवत् २००३ में—त्र्युत्तरद्विसहस्रसंवत्सरे। १६४६ (क) बात मान ली—कथनं स्वीचकार। (ख) बेटा उठो—उत्तिष्ठ वत्स, आँख नहीं उठा सकता—किमपि कर्तुमसमर्थः।

राजा ने कहा कि मैं अपने राज्य का एक उत्तराधिकारी चाहता हूँ, तो नन्दिनी ने कहा कि तुम मेरा दूध पी लो। देखो, तुम्हारी इच्छा पूर्ण होगी।

राजा ने उत्तर दिया कि आपके दूध में सबसे पहले बछड़े का भाग है, फिर गुरु जी का और तब मेरा। क्षमा करना मैं गुरु की आज्ञा के बिना दूध नहीं पा सकता। इस बात को सुनकर नन्दिनी बहुत ही प्रसन्न हुई और उसे असीस दी।

सायङ्काल को आश्रम में पहुँचकर महाराज दलीप ने वसिष्ठ को सारा सवाद सुनाया और गुरु की आज्ञा से दूध पिया। नन्दिनी की कृपा से रानी सुदक्षिणा से रघु उत्पन्न हुए, रघु से अज और अज से महाराज दशरथ उत्पन्न हुए। महाकवि कालिदास ने रघुवंश में इसका वर्णन किया है।

(ग) (१) भले आदमी सदा भला ही काम करते हैं।
(२) सूर्य की गर्मी से जल सूख जाता है।
(३) लोग सभा में चुपचाप बैठें और भाषण सुनें।
(४) पिताजी ! आप जाइये, मैं भी आ जाऊँगा।
(५) यदि वह बात सुननी है तो बैठ जाइए।
(६) विद्या को परिश्रम से पढ़ो, सुख पाओगे।
(७) सन् उन्नीस सौ सैंतालीस में भारत स्वतन्त्र हुआ।
(८) मूर्ख पुत्र को धिक्कार है ! वह पढ़ता क्यों नहीं ?
(९) माता बच्चे को चाँद दिखाती है।
(१०) हम सदा सत्य बोलना चाहिए।
(११) इस समय के भारत के प्रधान मन्त्री का नाम प० जवाहरलाल है।
(१२) क्या तुमसे यहाँ ठहरा नहीं जाता।

(१९५०)

(क) एक समय राजा उशीनर ने यज्ञ करना आरम्भ किया। यज्ञ के लिए सारी सामग्री एकत्र की। जहाँ पर राजा यज्ञ कर रहे थे वहाँ पर इन्द्र, राजा की परीक्षा लेने गये। राजा की जाँघ पर एक कबूतर आकर बैठ गया। इन्द्र ने कहा, राजन् ! यह कबूतर मुझे दे दो। मैं इस कबूतर को खाऊँगा। यह

१९४९ (ग) १—भले आदमी—सत्पुरुषाः। २—गर्मी से—आतपेन। ७—सन् उन्नीस सौ सैंतालीस में—सप्तचत्वारिंशदधिकैकोनविंशतिखिस्ताब्दे। ८—धिक्कार है—धिक्! १२—ठहरा नहीं जाता है—स्थातुं न शक्यते। १९५० (क) यज्ञ करना आरम्भ किया—यज्ञं कर्तुमारेभे। जाँघ पर—जघायाम्, कबूतर—कपोतः।

मेरा भोजन है। मैं भूख से व्याकुल हूँ। अतएव तुम धर्म के लोभ से इसकी रक्षा मत करो। तुम्हारा धर्म नष्ट हो चुका। राजा ने कहा, तुम्हारे भय से व्याकुल होकर प्राण बचाने की इच्छा से यह कबूतर हमारे पास आया है। हम इसकी रक्षा क्यों न करें? इसकी प्राणरक्षा करने में क्या तुमको धर्म नहीं दिखाई पड़ता? यह कबूतर तड़पता हुआ मेरे पास आया है। शरणागत की रक्षा करना मनुष्य का धर्म है। जो पुरुष शरणागत की रक्षा नहीं करते वे महापापी हैं।

इन्द्र ने कहा, राजन्! आहार से जगत् के सब जीव-जन्तु उत्पन्न होते हैं, आहार से बढ़ते हैं और आहार से जीते हैं। अन्य वस्तुओं के त्याग से मनुष्य कई दिन तक जी सकता है, परन्तु भोजन छोड़कर जीना असम्भव है। इसलिए भोजन न पाने से मेरे प्राण शरीर से निकल जायँगे। मेरे मरने से मेरे स्त्री और पुत्र सब मर जायँगे। आप एक कबूतर की रक्षा करके सब प्राणियों को मारते हैं। जिस धर्म से धर्म का नाश हो, वह धर्म नहीं, अधर्म है।

राजा ने कहा, तुम ठीक कहते हो। परन्तु हम शरणागत को नहीं छोड़ सकते। जिससे तुम इस पक्षी के प्राण छोड़ो, मैं वही करूँगा।

(ख) (१) गंगा हिमालय से निकलती है।
(२) गोपाल गौ का दूध दोहता है।
(३) विद्या सीखने के लिए गुरु की आज्ञा मानना परम आवश्यक है।
(४) विद्यार्थी को सुख कहाँ और सुखार्थी को विद्या कहाँ?
(५) विदुर की कथा शिक्षा से पूर्ण है।
(६) झूठ बोलना सब पापों का मूल है।
(७) विदुर के कहे उपदेश अनमोल हैं।
(८) जुआ खेलना अच्छा काम नहीं है।
(९) कोई न कोई कला सबको सीखनी चाहिए।
(१०) मित्र वही है जो संकट में साथ देता है।
(११) दुर्जन सदा दूसरों के छिद्र ढूँढता रहता है।
(१२) राजमार्ग के दोनों तरफ हरे-हरे वृक्ष हैं।

(१६५१)

(क) एक दिन सुदामा की स्त्री ने पति से विनयपूर्वक कहा—"स्वामिन्! आप कहा करते हैं कि श्रीकृष्ण जी आपके सखा हैं। आप इस समय दीन

१६५० (क) तड़पता हुआ—विह्वलः। (ख) (८) जुआ खेलना—द्यूतक्रीडनम्। (११) छिद्र ढूँढता रहता है—छिद्राणि अन्विष्यति।

अवस्था में हैं। घर मे खाने को कुछ नहीं। अतः आप उनके पास जाएँ और कुछ ले आएँ। सुना है कि वे दीनों पर दया करते हैं। वे अवश्य आप की सहायता करेंगे। आपको ऐसी अवस्था में मित्र के पास जाते हुए लज्जा नहीं करनी चाहिए। कहते हैं कि विपत्ति में मित्र ही मित्र के काम आता है। आप उनसे सहायता प्राप्त करें, जिससे हमारा निर्वाह भली भाँति हो सके। आशा है कि आप मेरी प्रार्थना पर ध्यान देंगे और वहाँ जायँगे।

सुदामा अब कुछ न बोल सका और अपनी पत्नी के कथन को युक्तियुक्त जानकर श्रीकृष्ण के पास जाने को प्रस्तुत हो गया। उसके मन में विचार उठा कि मैं मित्र से कई वर्षों के पश्चात् मिलने जा रहा हूँ। भेंट मे क्या ले जाऊँ? वहाँ था ही क्या जो सुदामा साथ ले जाता?

पर सुदामा की स्त्री ने झट पुराने कपडे में थोडे से चावल बाध कर पति को दिये और वह उन्हें लेकर अपने सखा के पास द्वारिका को चल पड़ा।

(ख) (१) वह क्यों व्यर्थ दुःख सहता है?
(२) मैं तो देश की रक्षा के लिए कष्ट सहूँगा।
(३) हम से गर्म दूध नहीं पिया जाता।
(४) हे प्रभु! मेरी विपदा हरो।
(५) तू गुणियों के साथ रह।
(६) विद्वानों का सर्वत्र आदर होता है।
(७) हमें गुरुओं की आज्ञा माननी चाहिए।
(८) जो दान देना चाहता है दे।
(९) वर्षा होती तो सुभिक्ष होता।
(१०) तुम शीघ्र जल जाओ।

(१९५३)

(क) धर्म में लगा हुआ अशोक दिन प्रतिदिन अधिकाधिक दान करता रहता था। एक बार जब वह पुनः दान करने लगा तब मन्त्री मण्डल ने उसे रोक दिया। खिन्न अशोक ने मन्त्रियों से पूछा—अब पृथ्वी का स्वामी कौन है? मन्त्री बोले—देव भूमि के अधिपति हैं। अश्रुपूर्ण नेत्रों से अशोक ने फिर

१९५१ (क) कहते हैं—कथयन्ति। भेंट—उपहारः, झट—सपदि, पुराने कपड़े मे—जीर्णवस्त्रे, चावल—तण्डुलान्, चल पडा—प्रस्थितः। (ख) (९) वर्षा होती तो सुभिक्ष होता—यदि वर्षणमभविष्यत्तदा सुभिक्षमभविष्यत्।

१९५३ (क) धर्म मे लगा हुआ—धर्मनिरतः, रोक दिया—रुद्धः।

कहा—क्यों आप असत्य कहते हैं ? हम राज्य से भ्रष्ट हो चुके हैं। मंत्रि-मंडल जानता था कि यदि कोप समाप्त हो गया तो इतना बड़ा साम्राज्य क्षण भर में नष्ट हो जायगा। राजा और मन्त्री दोनों एक दूसरे को समझते थे। राजा ने राज त्यागने का निश्चय कर लिया और मन्त्रियों की निर्भयता कितनी विस्मयोत्पादक है। भला संसार के कितने विश्वविजयी राजा इतने महान् हुए हैं ? और कितनों के मन्त्री इतने निर्भीक थे ?

(ख) (१) यह आपका अपना ही घर है।
(२) श्याम खेल रहा होगा।
(३) कथा तो होती है, पर कोई सुने भी।
(४) क्या बाबू जी यहाँ आये थे ?
(५) चलो, मैं अभी आता हूँ।
(६) मुझ में इतनी अक्ल कहाँ ?
(७) क्षमा कीजिए, फिर ऐसा नहीं करूँगा।
(८) तुम्हारे जैसे बहुतेरे देखे हैं।
(९) वह इधर से आया और उधर चला गया।
(१०) आपके बिना यह काम नहीं बनेगा।

यू० पी० शिक्षा-बोर्ड की इण्टरमीडिएट-परीक्षा

(१९५५)

Translate into Sanskrit—

The wife of Pandu was known as Pritha or Kunti, and became the mother of five Pandavas. They were Yudhishthira, Bhima Arjuna and the twins Nakula and Sahadeva. Every one loved these boys, for they were full of great qualities. The heart of Bhima was glad, for he saw that *Yudhishthira the eldest of all* the princes had in him the making of a perfect king. Prince Pandu, the father, died suddenly in the forest, and Dhritarashtra declared that the young Yudhishthira should be regarded henceforth as the heir to both the kingdoms.

---

(३) कथा तो होती है पर कोई सुने भी—कथा तु भवति परं कश्चित् शृणोत्यपि। (४) क्या बाबूजी यहाँ आये थे ?—अपि 'बाबूजी' अत्र आगतः ? (६) अक्ल—बुद्धिः। (७) क्षमा कीजिए, फिर ऐसा नहीं करूँगा—क्षम्यताम्, पुनरेवं न करिष्यामि। (८) तुम्हारे जैसे बहुतेरे देखे हैं—मदादृशाः बहवो दृष्टाः। (९) वह इधर से आया और उधर चला गया—स इत आगतस्ततश्च गतः।

अथवा

पाण्डु की स्त्री पृथा अथवा कुन्ती के नाम से प्रसिद्ध थी और वह पाँच पाण्डवों की माँ हुई। ये युधिष्ठिर, भीम, अर्जुन अथवा जुड़वाँ नकुल और सहदेव थे। सब लोग उनसे स्नेह करते थे, क्योंकि वे महान् गुणों से पूर्ण थे। भीम का हृदय प्रसन्न था, क्योंकि उन्होंने देखा कि सब राजकुमारों में ज्येष्ठ युधिष्ठिर में उत्तम राजा बनने के गुण विद्यमान हैं। उनके पिता महाराज पाण्डु की वन में अकस्मात् मृत्यु हो गयी और धृतराष्ट्र ने घोषित किया कि आज से राजकुमार युधिष्ठिर को दोनों राज्यों का उत्तराधिकारी समझना चाहिए।

(१९५६)

To follow truth and to go through all the ordeals Harish Chandra went through, was the one ideal this play inspired in me I literally believed in the story of Harish Chandra. The thought of it all often made me weep My common sense tells me today that Harish Chandra could not have been a historical character. Still both Harish Chandra and Shravana are living realities for me and I am sure I should be moved as before if I were to read those plays again today

अथवा

इस नाटक ने जिस आदर्श का मुझ पर प्रभाव डाला वह यही आदर्श था कि सत्य का अनुसरण करना और कठोर परीक्षाओं में होकर निकलना, जिसमें से हरिश्चन्द्र निकले। मैं हरिश्चन्द्र की कहानी में पूर्णतया विश्वास करता था। इस सब का विचार आज मुझे रुला देता था। अब मेरी सामान्य बुद्धि कहती है कि हरिश्चन्द्र ऐतिहासिक व्यक्ति नहीं हो सकते थे। फिर भी दोनों हरिश्चन्द्र और श्रवण मेरे लिए जीवित सत्य हैं और मुझे पूर्ण निश्चय है कि यदि मैं उन नाटकों को आज फिर से पढ़ूँ तो पूर्व की भाँति प्रभावित हो जाऊँगा।

(१९५७)

Gokhale was a real patriot. He loved India. His great desire was to help it to become a great country. His life was very simple and unselfish. He cared neither for money nor for fame. The height of his ambition was to

do his duty. As a speaker he won fame in his day. But above all, he was a man of action. He did not believe in words alone. He wanted to do things. Whatever he undertook, he carried out in a spirit of unselfishness and that was an example to all his countrymen.

गोखले सच्चे देश भक्त थे। वे भारतवर्ष से प्रेम करते थे। उनकी प्रबल इच्छा थी कि वे उसे एक महान् देश बनाने में सहायक हों। उनका जीवन अनिसरल और स्वार्थरहित था। वे न तो धन की परवाह करते थे और न ख्याति की। उनकी सबसे बड़ी महत्त्वाकाङ्क्षा थी कि वे अपने कर्त्तव्य का पालन करें। अपने समय में उन्होंने वक्ता के रूप में ख्याति प्राप्त की, किन्तु सर्वोपरि वे क्रियाशील मनुष्य थे। वे केवल शब्दों में विश्वास नहीं करते थे। वे कार्यों को करना चाहते थे। जो काम उन्होंने अपने ऊपर लिया उसे निःस्वार्थ भावना से कार्यान्वित किया और वे अपने देशवासियों के लिए एक उदाहरण बन गये।

(१६६०)

चार ब्राह्मणों ने ज्ञान प्राप्त करने के लिए दूसरे देश को जाने का निश्चय किया। तदनुसार वे सब कन्नौज को गये और वहाँ बारह वर्ष तक अध्ययन किया। उन सबों ने सभी शास्त्रों को पढ़ा और अपने घर को लौटने का निश्चय किया। अपने आचार्य से अनुमति लेकर कन्नौज से वे चल पड़े। रास्ते में उन्हें दो यात्री मिले, उन में से एक ने कहा—"हे भद्रलोगो, हम लोग अयोध्या जा रहे हैं, किस रास्ते से हम सब जायँ?" उन चारों ब्राह्मणों में से एक ने झट से अपनी पुस्तक को खोला और उत्तर दिया "आप लोगों को आज अयोध्या न जाना चाहिए। आप सबों को या तो यहीं पाँच दिन ठहरना चाहिए या लौट कर अपने घर को चला जाना चाहिए, क्योंकि आप सबों के ग्रहों की स्थिति आज अच्छी नहीं है।"

(१६६१)

राजा जीमूतवाहन नर्मदा नदी के किनारे पर धर्मपुर में राज्य करता था। एक दिन उसने एक स्त्री का विलाप सुना। जाँच करने पर ज्ञात हुआ कि वह स्त्री सर्पों की माता है। उसके आठ बच्चों को पक्षियों के राजा गरुड़ ने खा लिया है। वह इसलिए रो रही है कि गरुड़ उसके आखरी बच्चे को भी खाना चाहता है।

(१६६०) चार ब्राह्मण—चत्वारो ब्राह्मणाः। लौटने का—परावर्तयितुम्। किस रास्ते से—केन पथा। खोला—उदघाटयत्। उत्तर दिया—प्रत्यवदत्। न जाना चाहिए—न गन्तव्यम्। लौट कर—परावर्त्य। अच्छी नहीं है—न शुभा।

१६६१—राज्य करता था—शशास। आठ बच्चों को—अष्टौ शिशून्।

राजा ने उसके बच्चे को वचन दिया और बच्चे के बदले अपना शरीर गरुड़ को दे दिया। जब गरुड ने उसके शरीर का वाम भाग खा लिया तो राजा ने दाहिना हिस्सा भी उसके सम्मुख कर दिया। यह देख गरुड़ ने अत्यन्त पश्चात्ताप किया और राजा के शरीर को पुनः सर्वाङ्गपूर्ण करने के विचार से अमृत लाने के लिए पाताल लोक गया और अमृत ले आया। ज्योंही गरुड़ राजा के शरीर पर अमृत छिड़कने वाला था कि राजा ने गरुड से सर्पों के आठों बच्चों को भी पुनः जीवित करने के लिए कहा जिनको वह पहले ही मार चुका था।

